
(Wasaaile Bakhshish-Hindi)

वसाइले बख़्शिश



मुहम्मद इल्यास अत्तार क़ादिरी रज़वी

مکتبۃ المدینہ

(वसाइले बख़्शाश)

येह किताब (**वसाइले बख़्शाश**)

शैख़े त़रीक़त, अमीरे अहले सुन्नत, बानिये दा'वते इस्लामी ह़ज़रत अ़ल्लामा मौलाना अबू बिलाल **मुह़म्मद इल्यास अ़त्त़ार क़ादिरी** र-ज़वी دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه ने **उर्दू** ज़बान में तह़रीर फ़रमाई है।

मजलिसे तराजिम (दा'वते इस्लामी) ने इस किताब को **हिन्दी** रस्मुल ख़त़ में तरतीब दे कर पेश किया है और मक-त-बतुल मदीना से शाएअ़ करवाया है। इस में अगर किसी जगह कमी बेशी पाएं तो मजलिसे तराजिम को (ब ज़रीअ़ए मक्तूब, ई-मेइल या SMS) मुत्त़लअ़ फ़रमा कर सवाब कमाइये।

राबित़ा : मजलिसे तराजिम (दा'वते इस्लामी)

मक-त-बतुल मदीना

सिलेक्टेड हाउस, अलिफ़ की मस्जिद के सामने, तीन दरवाज़ा, अह़मदआबाद-1, गुजरात

MO. 9374031409

E-mail : tarajimhind@gmail.com

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ وَالصَّلٰوةُ وَالسَّلَامُ عَلٰى سَيِّدِ الْمُرْسَلِيْنَ اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

किताब पढ़ने की दुआ

अज़ : शैख़े त़रीक़त, अमीरे अहले सुन्नत, बानिये दा'वते इस्लामी, ह़ज़रते अ़ल्लामा मौलाना अबू बिलाल **मुह़म्मद इल्यास अ़त्तार क़ादिरी** र-ज़वी دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه

दीनी किताब या इस्लामी सबक़ पढ़ने से पहले ज़ैल में दी हुई दुआ पढ़ लीजिये اِنْ شَآءَاللّٰه عَزَّوَجَلَّ जो कुछ पढ़ेंगे याद रहेगा। दुआ येह है :

اَللّٰهُمَّ افْتَحْ عَلَيْنَا حِكْمَتَكَ وَانْشُرْ
عَلَيْنَا رَحْمَتَكَ يَا ذَا الْجَلَالِ وَالْاِكْرَام

तरजमा : ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! हम पर इ़ल्म व ह़िक्मत के दरवाज़े खोल दे और हम पर अपनी रह़मत नाज़िल फ़रमा ! ऐ अ़-ज़मत और बुज़ुर्गी वाले।

(المُستطرَف ج ١ ص ٤٠ دارالفكر بيروت)

नोट : अव्वल आख़िर एक एक बार दुरूद शरीफ़ पढ़ लीजिये।

त़ालिबे ग़मे मदीना
व बक़ीअ़
व मग़्फ़िरत



13 शव्वालुल मुकर्रम 1428 हि.

याद दाश्त

दौराने मुत़ा–लआ़ ज़रूरतन अन्डर लाइन कीजिये, इशारात लिख कर सफ़ह़ा नम्बर नोट फ़रमा लीजिये । اِنْ شَآءَاللّٰہ عَزَّوَجَلَّ इल्म में तरक़्क़ी होगी ।

उ़न्वान	सफ़ह़ा	उ़न्वान	सफ़ह़ा

वसाइले बख़्शिश

उ़न्वान	सफ़ह़ा	उ़न्वान	सफ़ह़ा

उ़न्वान	सफ़हा	उ़न्वान	सफ़हा

उ़न्वान	सफ़ह़ा	उ़न्वान	सफ़ह़ा

उ़न्वान	सफ़ह़ा	उ़न्वान	सफ़ह़ा

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ وَالصَّلٰوةُ وَالسَّلَامُ عَلٰى سَيِّدِ الْمُرْسَلِيْنَ اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ ؕ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ؕ

फ़रमाने मुस्त़फ़ा صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : نِيَّةُ الْمُؤْمِنِ خَيْرٌ مِّنْ عَمَلِهٖ मुसल्मान की निय्यत उस के अ़मल से बेहतर है।

(اَلْمُعْجَمُ الْكَبِير لِطَّبَرَانِي ج ٦ ص ١٨٥ حديث ٥٩٤٢)

दो म-दनी फूल : ﴾1﴿ बिग़ैर अच्छी निय्यत के किसी भी अ़-मले ख़ैर का सवाब नहीं मिलता। ﴾2﴿ जितनी अच्छी निय्यतें ज़ियादा, उतना सवाब भी ज़ियादा।

"कलामे रज़ा" के 7 हुरूफ़ की निस्बत से किताब पढ़ने की सात निय्यतें

❁ हर बार ह़म्द व ❁ सलात और ❁ तअ़व्वुज़ व ❁ तस्मिया से किताब का आग़ाज़ करूंगा (इसी सफ़ह़े पर ऊपर दी हुई अ़-रबी इबारत पढ़ लेने से चारों निय्यतों पर अ़मल हो जाएगा) ❁ **अल्ला व रसूल** عَزَّوَجَلَّ وصَلَّى اللّٰه تعالٰى عليه واٰله وسلَّم की रिज़ा के लिये ❁ इस किताब का मुकम्मल बिल ख़ुसूस "ना'त ख़्वां और नज़राना" (सफ़ह़ा 8 ता 43) का मुत़ा-लआ़ करूंगा ❁ दूसरों को येह किताब ख़रीदने की तरग़ीब दूंगा।

''तसव्वुरे मदीना कीजिये'' के 14 हुरूफ़ की निस्बत से ना'त पढ़ने की चौदह निय्यतें

❁ **अल्लाह व रसूल** عَزَّوَجَلَّ وصَلَّی اللہ تعالٰی علیہ واٰلہٖ وسلَّم की रिज़ा के लिये ❁ ह़त्तल वस्अ़ बा वुज़ू ❁ क़िब्ला रू ❁ आंखें बन्द किये ❁ सर झुकाए ❁ गुम्बदे ख़ज़रा ❁ बल्कि मकीने गुम्बदे ख़ज़रा صَلَّی اللہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم का तसव्वुर बांध कर ना'त शरीफ़ पढ़ूं ❁ सुनूंगा ❁ मौक़अ़ की मुना-सबत से ''वसाइले बख़्शिश'' सफ़ह़ा 11 पर मौजूद ना'त ख़्वां के लिये दिया गया ए'लान करने की सआ़दत ह़ासिल करूंगा ❁ किसी की आवाज़ भली न लगी तो उस को ह़क़ीर जानने से बचूंगा ❁ मज़ाक़न किसी कम सुरीली आवाज़ वाले की नक़्ल नहीं उतारूंगा ❁ ना'त ख़्वां ज़ियादा और वक़्त कम हुवा तो मुख़्तसर कलाम पढ़ूंगा ❁ दूसरा सलातो सलाम पढ़ रहा होगा तो बीच में पढ़ने की जल्दी मचा कर ख़ुद शुरूअ़ न कर के उस की ईज़ा रसानी से बचूंगा ❁ इन्फ़िरादी कोशिश या माईक के ज़रीए़ दा'वते इस्लामी के सुन्नतों भरे इज्तिमाआ़त, म-दनी क़ाफ़िले, म-दनी इन्आ़मात वग़ैरा की तरग़ीब दूंगा।

''ना'ते रसूले पाक'' के 10 हुरूफ़ की निस्बत से ना'त सुनने की दस निय्यतें

❁ **अल्लाह व रसूल** عَزَّوَجَلَّ وصَلَّی اللہ تعالٰی علیہ واٰلہٖ وسلَّم की रिज़ा के लिये ❁ ह़त्तल वस्अ़ बा वुज़ू ❁ क़िब्ला रू ❁ आंखें बन्द किये ❁ सर झुकाए ❁ दो[2] ज़ानू बैठ कर ❁ गुम्बदे ख़ज़रा ❁ बल्कि मकीने गुम्बदे ख़ज़रा صَلَّی اللہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم का तसव्वुर बांध कर ना'त शरीफ़ सुनूंगा ❁ रोना आया और रियाकारी का ख़दशा महसूस हुवा तो रोना बन्द करने के बजाए रियाकारी से बचने की कोशिश करूंगा ❁ किसी को रोता तड़पता देख कर बद गुमानी नहीं करूंगा।

शिक्वा की ता'रीफ़

मुसीबत के वक़्त वावेला करने और ''**सब्र**'' का दामन हाथ से छोड़ देने को शिक्वा कहते हैं।

(حدیقہ ندیہ شرح طریقہ محمدیہ ج۲ص۹۸)

ग़ुस्से की ता'रीफ़


नफ़्स के उस जोश का नाम है जो दूसरे से बदला लेने या उसे दफ़्अ़ (दूर) करने पर उभारे।

(मिरआतुल मनाजीह़, जि. 8, स. 655)

A-11

मुनाजातों, ना'तों और मन्क़बतों का मुअ़त्तर मुअ़त्तर म-दनी गुलदस्ता

वसाइले बख़्शिश



इस किताब में मुश्किल अल्फ़ाज़ के मआ़नी, रिसाला "ना'त ख़्वां और नज़राना" (तरमीम शुदा) और ना'त ख़्वां की ग़ीबत की मिसालें हैं नीज़ जगह ब जगह "ता'रीफ़ात" और "म-दनी फूल" अपनी ख़ुश्बूएं लुटा रहे हैं ।

मुअल्लिफ़

शैख़े त़रीक़त, अमीरे अहले सुन्नत, बानिये दा'वते इस्लामी ह़ज़रत अ़ल्लामा मौलाना

अबू बिलाल मुह़म्मद इल्यास अ़त्तार क़ादिरी र-ज़वी دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه

नाशिर

मक-त-बतुल मदीना अह़मदआबाद

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ وَالصَّلٰوةُ وَالسَّلَامُ عَلٰى سَيِّدِ الْمُرْسَلِيْنَ
اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ ؕ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ؕ

नाम किताब : **वसाइले बख़्शिश**

मुअल्लिफ़ : शैख़े त़रीक़त अमीरे अहले सुन्नत बानिये दा'वते इस्लामी
ह़ज़रते अ़ल्लामा मौलाना **अबू बिलाल**
मुह़म्मद इल्यास अ़त्तार क़ादिरी र-ज़वी دامت برکاتہم العالیہ

साले इशाअ़त : **() 1433 सि.हि.**

नाशिर : **मक-त-बतुल मदीना, अह़मद आबाद**

मक-त-बतुल मदीना की मुख़्तलिफ़ शाख़ें

मुम्बई : 19,20, मुह़म्मदअली रोड, मांडवी पोस्ट ओफ़िस के सामने,
मुम्बई फ़ोन : 022-23454429

देहली : 421, मटिया महेल, उर्दू बाज़ार, जामेअ़ मस्जिद, देहली
फ़ोन : 011-23284560

नागपुर : मुह़म्मद अ़ली सराय रोड (C/0) जामिअ़तुल मदीना,कमाल शाह बाबा
दरगाह के पास मोमिनपुरा नागपुर फ़ोन : 0712 -2737290

अजमेर शरीफ : 19 / 216 फलाहे दारैन मस्जिद. नाला बाज़ार, स्टेशन रोड, दरगाह,

E-mail: maktaba@dawateislami.net

Ph : 09327168200

Email : tarajimhind@gmail.com

www.dawateislami.net

म-दनी इल्तिजा : किसी और को येह किताब छापने की इजाज़त नहीं है ।

اَلْحَمْدُ لِلّٰہِ رَبِّ الْعٰلَمِیْنَ وَالصَّلٰوۃُ وَالسَّلَامُ عَلٰی سَیِّدِ الْمُرْسَلِیْنَ اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰہِ مِنَ الشَّیْطٰنِ الرَّجِیْمِ بِسْمِ اللّٰہِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِیْمِ

इन्तिसाब

ह़स्सानुल हिन्द इमाम अह़मद रज़ा ख़ान عَلَیْہِ رَحْمَۃُ الرَّحْمٰن

और

हर उस ना 'त गो और ना 'त ख़्वान इस्लामी भाई और इस्लामी बहन के नाम जो ह़ुब्बे जाहो माल से बे नियाज़ हो कर मह़्ज़ ख़ुदा व मुस्त़फ़ा عَزَّوَجَلَّ وصَلَّی اللہ تعالٰی علیہ واٰلہٖ وسلَّم की रिज़ा के लिये सना ख़्वानी करे ।

सनाए सरकार है वज़ीफ़ा क़बूले सरकार है तमन्ना

न शाइ़री की हवस न परवा रदी थी क्या कैसे क़ाफ़िये थे

(ह़दाइक़े बख़्शिश)

त़ालिबे ग़मे मदीना व
बक़ीअ़ व मग़्फ़िरत व
बे ह़िसाब जन्नतुल फ़िरदौस
में आक़ा का पड़ोस



29 स-फ़रुल मुज़फ़्फ़र 1431 हि.

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ وَالصَّلٰوةُ وَالسَّلَامُ عَلٰى سَيِّدِ الْمُرْسَلِيْنَ اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔

कुछ वसाइले बख़्शाश के बारे में....

मेरे आक़ा आ'ला ह़ज़रत, इमामे अहले सुन्नत, आ़शिक़े माहे नुबुव्वत, वलिय्ये ने'मत, अ़ज़ीमुल ब-र-कत, अ़ज़ीमुल मर्तबत, परवानए शम्ए़ रिसालत, इमामे इ़श्क़ो महब्बत, मुजद्दिदे दीनो मिल्लत, ह़ामिये सुन्नत, माह़िये बिदअ़त, पैकरे फ़ुनूनो ह़िक्मत, आ़लिमे शरीअ़त, पीरे त़रीक़त, बाइ़से ख़ैरो ब-र-कत, ह़स्सानुल हिन्द, ह़ज़रते अ़ल्लामा मौलाना मुफ़्ती अलह़ाज अल ह़ाफ़िज़ अल क़ारी शाह इमाम अह़मद रज़ाख़ान عَلَيْهِ رَحْمَةُ الرَّحْمٰن जिन्हें 55 से ज़ाइद उ़लूम व फ़ुनून पर उ़बूर ह़ासिल था, बहुत बड़े मुफ़्ती, मुह़द्दिस, मुफ़स्सिर और फ़क़ीह होने के साथ साथ ना'तिया शाइ़री में भी कमाल की महारत रखते थे। اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ عَزَّوَجَلَّ ब फ़ैज़े रज़ा सगे मदीना عُفِيَ عَنْهُ के क़लम से भी गाहे ब गाहे अश्आ़र का सुदूर होता रहा है मगर अपने आक़ा आ'ला ह़ज़रत رَحْمَةُ اللّٰهِ تَعَالٰى عَلَيْه की निगाहे इ़नायत से फ़क़त **ह़म्द व मुनाजात**, और **ना'त व इस्तिग़ासात** नीज़ नेकी की दा'वत पर मुश्तमिल कलाम लिखने ही की सआ़दत मिली है, इस का अक्सर ह़िस्सा दा'वते इस्लामी के इशाअ़ती इदारे मक-त-बतुल मदीना

से शाएअ़ हो चुका है। जो जो कलाम मुयस्सर आ सके उन का नज़रे सानी और तरमीम व इज़ाफ़ा शुदा **दीवान** आप के हाथों में है। मेरे आक़ा आ'ला ह़ज़रत رَحْمَةُاللهِ تَعَالٰی عَلَيْه फ़रमाते हैं : ''ह़क़ीक़तन **ना'त शरीफ़** लिखना निहायत मुश्किल है जिस को लोग आसान समझते हैं, इस में तलवार की धार पर चलना है, अगर बढ़ता है तो उलूहिय्यत में पहुंचा जाता है और कमी करता है तो तन्क़ीस (या'नी शान में कमी या गुस्ताख़ी) होती है, अलबत्ता ''**ह़म्द**'' आसान है कि इस में रास्ता साफ़ है जितना चाहे बढ़ सकता है। ग़रज़ ''**ह़म्द**'' में एक जानिब अस्ल ह़द नहीं और ''**ना'त शरीफ़**'' में दोनों जानिब सख़्त ह़द बन्दी है।'' (मल्फ़ूज़ाते आ'ला ह़ज़रत, स. 227, मक-त-बतुल मदीना) आ'ला ह़ज़रत رَحْمَةُاللهِ تَعَالٰی عَلَيْه की ता'लीमात की ब-रकात हैं कि मैं ने अपना सारा **दीवान** उ़-लमाए किराम (كَثَّرَهُمُ اللهُ تعالٰی) की ख़िदमात में पेश कर के शर-ई तफ़्तीश करवाने की सआ़दत ह़ासिल कर ली है। ताहम अब भी कोई इस्लामी भाई या इस्लामी बहन मेरे किसी शे'र में शर-ई या फ़न्नी ग़-लती पाएं तो अपने नाम व पते के साथ मुदल्लल तह़रीरी त़ौर पर मुझे मुत्त़लअ़ फ़रमाएं और ढेरों सवाब कमाएं।

चूंकि कुछ तब्दीलियां भी वाक़ेअ़ हुई हैं लिहाज़ा ना'त ख़्वानों से म-दनी इल्तिजा है कि साबिक़ा मत़्बूआ़ कलाम पढ़ने के बजाए इस **दीवान** से पढ़ें। اَلْحَمْدُ لِلّٰہِ عَزَّوَجَلَّ इस "दीवान" की ख़ुसूसिय्यत बल्कि इन्फ़िरादिय्यत में से येह भी है कि पढ़ने वालों को सहूलत फ़राहम कर के सवाब कमाने की निय्यत से अल्फ़ाज़ पर जा बजा ए'राब लगाए गए हैं नीज़ किताब के इब्तिदाई सफ़्हात पर मौजूद "ह़ल्ले लुग़ात" में मुश्किल अल्फ़ाज़ के वोह मआ़नी पेश करने की सअ़्य की गई है जो कि अश्आ़र में मुराद लिये गए हैं इ़लावा अज़ीं बा'ज़ कलामों का पस मन्ज़र भी और बा'ज़ जगह वज़ाह़ती ह़वाशी भी शामिल किये गए हैं। एक अ़जीब बात का बारहा मुशा-हदा हुवा है कि ना'तिया अश्आ़र बिल ख़ुसूस मक़्त़अ़ (या'नी आख़िरी शे'र जिस में शाइ़र अपना तख़ल्लुस शामिल करता है उसे) पढ़ते वक़्त बा'ज़ ना'त ख़्वान अपनी मरज़ी से तरमीम व इज़ाफ़ा कर लेते हैं अगर शाइ़र कभी अपने कलाम में किसी को तसर्रुफ़ करता हुवा पाता है तो इस से उस की दिल आज़ारी होती है लिहाज़ा ऐसों की ख़िदमतों में म-दनी इल्तिजा है कि अगर तरमीम करना ज़रूरी ही हो तो पहले शाइ़र का अपना लिखा हुवा पढ़िये फिर तरमीम कर के पढ़ लीजिये जब कि वोह तरमीम शर-ई और फ़न्नी दोनों त़रह़ से दुरुस्त भी हो अगर किसी

के कलाम में यक़ीनी तौ़र पर शर-ई ग़-लती हो तो दुरुस्त कर के ही पढ़िये कि गै़र शर-ई अल्फ़ाज़ वाला कलाम बिला मस्लह़ते शर-ई पढ़ना सुनना **ना जाइज़** है । मेरे आक़ा आ'ला ह़ज़रत رَحْمَةُاللّٰهِ تَعَالٰى عَلَيْه के ना'तिया दीवान ''ह़दाइक़े बख़्शिश'' की मुना-सबत से हुसूले ब-र-कत की ख़ातिर अपने ना'तिया दीवान का नाम **''वसाइले बख़्शिश''** रखा है ।

दुआए अ़त्तार : या रब्बे मुस्त़फ़ा ! ''वसाइले बख़्शिश'' को क़बूलिय्यत की सआ़दत इ़नायत करते हुए इस में से कलाम पढ़ने सुनने वाले और वाली नीज़ मुझ गुनहगारों के सरदार के वासिते़ भी इ़श्क़े रसूल का ख़ज़ाना पाने और बे ह़िसाब बख़्शे जाने का वसीला बना । या अल्लाह ! عَزَّوَجَلَّ मेरी और सारी उम्मत की मग़्फ़िरत फ़रमा ।

इम्तिह़ां के कहां क़ाबिल हूं मैं प्यारे ***अल्लाह***
बे सबब बख़्श दे मौला तेरा क्या जाता है

म-दनी फूल

ऐ काश ! रोज़ी में कसरत की **मह़ब्बत** से ज़ियादा हम नेकियों में ब-र-कत की ह़सरत करते और इस के लिये भी कोई विर्द करते ।

اٰمِیْن بِجَاہِ النَّبِیِّ الْاَمِیْن صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَسَلَّم

त़ालिबे ग़मे मदीना व
बक़ीअ़ व मग़्फ़िरत व
बे ह़िसाब जन्नतुल फ़िरदौस
में आक़ा का पड़ोस



29 स-फ़रुल मुज़फ़्फ़र 1431 हि.

اَلْحَمْدُ لِلّٰہِ رَبِّ الْعٰلَمِیْنَ وَالصَّلٰوۃُ وَالسَّلَامُ عَلٰی سَیِّدِ الْمُرْسَلِیْنَ اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰہِ مِنَ الشَّیْطٰنِ الرَّجِیْمِ بِسْمِ اللّٰہِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِیْمِ

फ़ेहरिस्त

उ़न्वान	सफ़ह़ा नम्बर	उ़न्वान	सफ़ह़ा नम्बर
ना'त ख़्वां और नज़राना	8	शरफ़ दे ह़ज का मुझे बहरे मुस्त़फ़ा या रब	94
ना'त ख़्वानों के बारे में की जाने		हमारे दिल से ज़माने के ग़म मिटा या रब	96
वाली ग़ीबतों की 25 मिसालें	36	मुआ़फ़ फ़ज़्लो करम से हो हर ख़त़ा या रब	98
ना'त ख़्वानों के माबैन होने		या रब्बे मुह़म्मद मेरी तक़्दीर जगा दे	100
वाली ग़ीबतों की 40 मिसालें	39	अल्लाह ! मुझे ह़ाफ़िज़े कुरआन बना दे	101
मुश्किल अल्फ़ाज़ के मआ़नी	44	अल्लाह ! मुझे आ़लिमए दीन बना दे	104
तू ही मालिके बह़रो बर है या अल्लाहु या अल्लाह	75	या अल्लाह मेरी झोली भर दे	107
या इलाही ! मग़्फ़िरत कर बे कसो मजबूर की	76	अल्लाह ! कोई ह़ज का सबब अब तो बना दे	110
मैं मक्के में फिर आ गया या इलाही	77	इलाही दिखा दे जमाले मदीना	112
मह़ब्बत में अपनी गुमा या इलाही	78	या खुदा मेरी मग़्फ़िरत फ़रमा	113
गुनाहों से मुझ को बचा या इलाही !	79	अल्लाह हमें कर दे अ़त़ा कुफ़्ले मदीना	114
मिटा मेरे रन्जो अलम या इलाही	81	या रब ! फिर औज पर येह हमारा नसीब हो	117
अ़मल का हो जज़्बा अ़त़ा या इलाही	84	या खुदा ह़ज पे बुला आ के मैं का'बा देखूं	120
हुब्बे दुन्या से तू बचा या रब !	87	आज गुस्ले का'बा है	12
कब गुनाहों से कनारा मैं करूंगा या रब	90	ठन्डी ठन्डी हवा ह़रम की है	124
मिटा दे सारी ख़त़ाएं मेरी मिटा या रब	93	सिल्सिला आह ! गुनाहों का बढ़ा जाता है	126

उ़न्वान	सफ़ह़ा नम्बर	उ़न्वान	
आह! हर लम्ह़ा गुनह की कस्रतो भरमार है	128	अ़त्तार ने दरबार में दामन है पसारा	170
या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है	131	काश! फिर मुझे ह़ज का, इ़ज़्न मिल गया होता	172
ऐ काश ! शबे तन्हाई में	137	मीठा मदीना दूर है जाना ज़रूर है	174
अ़ज़ीज़ों की त़रफ़ से जब मेरा दिल टूट जाता है	139	फिर अ़त़ा कर दीजिये ह़ज की सआ़दत या रसूल	177
हो बयां किस से तुम्हारी शानो अ़-ज़मत या रसूल	141	फिर से बुलाओ जल्द मदीने में या रसूल	178
जो मदीने के तसव्वुर में जिया करते हैं	143	मुझे हर साल तुम ह़ज पर बुलाना या रसूलल्लाह	180
सुनाओ हमें बस मदीने की बातें	146	मुझ को आक़ा मदीने बुलाना	182
करूं हर आन मैं तेरी इत़ाअ़त या रसूलल्लाह	147	अ़त़ा कर कर दो मदीने की इजाज़त या रसूलल्लाह	184
सारे नबियों का सरवर मदीने में है	149	मदीने की त़रफ़ फिर कब रवाना क़ाफ़िला होगा	187
करूं दम बदम मैं सनाए मदीना	151	इक बार फिर करम शहे ख़ैरुल अनाम हो	189
आप आक़ाओं के आक़ा आप हैं शाहे अनाम	153	मुझे मदीने की दो इजाज़त, नबिय्ये रह़मत शफ़ीए उम्मत	190
मीठा मदीना मरह़बा	155	ऐ काश! तसव्वुर में मदीने की गली हो	192
फिर गुम्बदे ख़ज़रा की फ़ज़ाओं में बुला लो	158	या मुस्त़फ़ा अ़त़ा हो अब इ़ज़्न ह़ाज़िरी का	194
अब करम या मुस्त़फ़ा फ़रमाइये	160	ऐ काश कि आ जाए अ़त्तार मदीन में	196
इ़ज़्ने त़यबा अ़त़ा कीजिये	162	ऐसा लगता है मदीने जल्द वोह बुलवाएंगे	199
सआ़दत अब मदीने की अ़त़ा हो	164	अफ़्सोस ! बहुत दूर हूं गुलज़ारे नबी से	201
बयां क्यूंकर सनाए मुस्त़फ़ा हो	165	मरह़बा ! मुक़द्दर फिर आज मुस्कराया है	204
आप की निस्बत ऐ नानाए हुसैन	166	फिर मदीने की इजाज़त मिल गई	206
हो गया ह़ाजियों का शुरूअ़ अब शुमार	169	जल्द हम आ़ज़िमे गुलज़ारे मदीना होंगे	211

उ़न्वान	सफ़्हा नम्बर	उ़न्वान	
क़ाफ़िला आज मदीने को रवाना होगा	212	काश ! कि मैं दुन्या में पैदा न हुवा होता	256
मदीना आने वाला है	214	हैं सफ़ आरा सब हूरो मलक	259
सब्ज़ गुम्बद की ज़ियारत कीजिये	217	तराने मुस्त़फ़ा के झूम कर पढ़ता हुवा निकले	261
सरकार फिर मदीने में अ़त्तार आ गया	220	पहुंचूं मदीने काश ! मैं इस बेखुदी के साथ	263
या रसूलल्लाह ! मुजरिम हाज़िरे दरबार है	222	मुस्त़फ़ा का करम हो गया है	266
या रसूलल्लाह मुजरिम आ गया	223	मरह़बा आज चलेंगे शहे अबरार के पास	268
दिल पे ग़म छा गया, या रसूले खुदा	226	सुब्ह़ होती है शाम होती है	270
गो ज़लीलो ख़्वार हूं कर दो करम	228	हम पे नज़रे करम, ताजदारे ह़रम	271
या शहन्शाहे उमम चश्मे करम	229	मैं सरापा हूं ग़म, ताजदारे ह़रम	273
मुझ पे चश्मे करम कीजिये	231	सर हो चौखट पे ख़म, ताजदारे ह़रम	274
मुझ पे चश्मे शिफ़ा कीजिये	232	हो अ़ता अपना ग़म, ताजदारे ह़रम	276
दिल हाए गुनाहों से बेज़ार नहीं होता	234	मेरे तुम ख़्वाब में आओ मेरे घर रोशनी होगी	278
मेरा दिल पाक हो सरकार दुन्या की महब्बत से	237	बुलावा दोबारा फिर इक बार आए	281
बहुत रन्जीदा व ग़मगीन है दिल या रसूलल्लाह	240	म-दनी मदीने वाले	283
दिल से मेरे दुन्या की महब्बत नहीं जाती	243	सब्ज़ गुम्बद के साए में घर चाहिये	289
अचानक दुश्मनों ने की चढ़ाई या रसूलल्लाह	245	सोज़े बिलाल बस मेरी झोली में डाल दो	290
हुवा जाता है दुश्मन सब ज़माना या रसूलल्लाह	248	घटाएं ग़म की छाई दिल परेशां या रसूलल्लाह	291
गुनाहों की नहीं जाती है आदत या रसूलल्लाह	250	ग़मे फ़ुरक़त रुलाए काश हर दम या रसूलल्लाह	293
शदाइद नज़्अ़ के कैसे सहूंगा या रसूलल्लाह	252	ह़ाजियों के बन रहे हैं क़ाफ़िले फिर या नबी	295

उ़न्वान	सफ़्हा नम्बर	उ़न्वान	सफ़्हा नम्बर
अ़र्शे उ़ला से आ'ला मीठे नबी का रौज़ा	298	मुझे उस की क़िस्मत पे रश्क आ रहा है	331
है शहद से भी मीठा सरकार का मदीना	300	ए आ़ज़िमे त़यबा मैं त़लब गारे दुआ़ हूं	333
फिर मुझे आक़ा मदीने में बुलाया शुक्रिया	303	जिस त़रफ़ देखिये गुलशन में बहार आई है	339
शुक्रिया आप का सुल्त़ान मदीने वाले	305	अल्लाह की रह़मत से फिर अ़ज़्मे मदीना है	340
मैं जो यूं मदीने जाता तो कुछ और बात होती	307	मुझ को दरपेश है फिर मुबारक सफ़र	343
मुझे बुला लो शहे मदीना	309	जो भी सरकार का आ़शिक़े ज़ार है	345
ग़मे फ़ुरक़त दिले उ़श्शाक़ को बेह़द रुलाता है	311	ऐ ख़ाके मदीना तेरा कहना क्या है	347
इज़्न मिल जाए गर मदीने का	313	या रसूलल्लाह तेरे चाहने वालों की ख़ैर	348
क़िस्मत मेरी चमकाइये चमकाइये आक़ा	314	आज त़यबा का है सफ़र आक़ा	350
आया है बुलावा फिर इक बार मदीने का	315	मेरे आक़ा का सख़ी दरबार है	352
मीठा मदीना आ गया	317	तेरा शुक्रिया ताजदारे मदीना	354
नज़्दीक आ रहा है र-मज़ान का महीना	319	फिर करम या मुस्त़फ़ा फ़रमाइये	355
अब बुला लीजिये ना मदीना	321	क़ल्ब में इ़श्क़े आल रख्खा है	356
ख़ुशा झूमता जा रहा है सफ़ीना	323	साहिबे इ़ज़्ज़तो जलाल आक़ा	358
अल्लाह अल्लाह तेरा दरबार रसूले अ़-रबी	325	मेरे मीठे मदीने की क्या बात है	360
मदीना मदीना हमारा मदीना	327	वाह ! क्या बात है मदीने की	362
मुद्दत से मेरे दिल में है अरमाने मदीना	328	ठन्डी ठन्डी हवा मदीने की	365
हर दम हो मेरा विर्द मदीना ही मदीना	329	क्या सब्ज़ सब्ज़ गुम्बद का ख़ूब है नज़ारा	367
यादे शहे बत़्हा में जो अश्क बहाते हैं	330		

उ़न्वान	सफ़्हा नम्बर	उ़न्वान	सफ़्हा नम्बर
इज़्ने त़यबा मुझे सरकारे मदीना दे दो	370	ह़सरत भरे दिलों से हम आए हैं लौट कर	415
लिख रहा हूं ना'ते सरवर सब्ज़ गुम्बद देख कर	371	अल वदाअ़ आह शाहे मदीना	417
अपना ग़म या शहे अम्बिया दीजिये	374	ह़स्रता वा ह़स्रता शाहे मदीना अल वदाअ़	419
या नबी बस मदीने का ग़म चाहिये	375	मैं मदीना छोड़ आया	422
इक बार फिर मदीने अ़त्तार जा रहे हैं	377	मदीने में कैसा सुरूर आ रहा था	426
जो सीने को मदीना उन की यादों से बनाते हैं	382	मदीने की जानिब चला क़ाफ़िला है	428
है कभी दुरूदो सलाम तो, कभी ना'त लब पे सजी रही	385	मैं मदीन में हूं	429
जिस को चाहा मीठे मदीने का उस को मेहमान किया	387	बचा लो जान को है सख़्त ख़त़रा या रसूलल्लाह	433
ऐ काश ! फिर मदीने में अ़त्तार जा सके	389	मीठा मदीना मुझ को दिखा दीजिये हुज़ूर	435
जिधर देखूं मदीने का ह़रम हो	390	अल्लाह अ़त़ा हो मुझे दीदारे मदीना	437
ग़म के मारों पर करम ऐ दो जहां के ताजदार	393	मह़बूबे रब्बे अक्बर तशरीफ़ ला रहे हैं	440
फिर मदीने की गलियों में ऐ किर्दिगार	395	मुबारक हो ह़बीबे रब्बे अक्बर आने वाला है	444
या नबी मुझ को मदीने में बुलाना बार बार	397	मरह़बा सद मरह़बा सल्ले अ़ला ख़ुश आ-मदीद	447
रू सियाहों पर करम ऐ दो जहां के ताजदार !	399	आ गए हैं मुस्त़फ़ा सल्ले अ़ला ख़ुश आ-मदीद	450
मिटते हैं जहां भर के आलाम मदीने में	401	ताजदारे अम्बिया, अह्लंव व सह्लन मरह़बा	452
बुला लो फिर मुझे ऐ शाहे बह़रो बर मदीने में	403	ऐ अ़रब के ताजदार ! अह्लंव व सह्ल मरह़बा	456
या मुस्त़फ़ा बुलाइये अपने दियार में	407	आमदे मुस्त़फ़ा मरह़बा मरह़बा	459
दिल को सुकूं चमन में है न लालाज़ार में	409	हो मुबारक अहले ईमां ईदे मीलादुन्नबी	462
काश ! दश्ते त़यबा में मैं भटक के मर जाता	410	ख़ुशियां मनाओ भाइयो ! सरकार आ गए	465
अफ़्सोस वक़्ते रुख़्सत नज़्दीक आ रहा है	413	झूम कर सारे पुकारो मरह़बा या मुस्त़फ़ा	467

उ़न्वान	सफ़्हा नम्बर	उ़न्वान	सफ़्हा नम्बर
आज है जश्ने विलादत मरह़बा या मुस्त़फ़ा	370	मेरे ख़्वाब में आ भी जा ग़ौसे आ'ज़म	524
क्यूं बारहवीं पे है सभी को प्यार आ गया	371	नज़ारा हो दरबार का ग़ौसे आ'ज़म	526
ईदे मीलादुन्नबी है दिल बड़ा मसरूर है	374	मुझे अपना जल्वा दिखा ग़ौसे आ'ज़म	527
न क्यूं आज झूमें कि सरकार आए	375	शहन्शाहे बग़्दाद या ग़ौसे आ'ज़म	529
है आज जश्ने विलादत नबी की आमद है	377	तेरे दर से है मंगतों का गुज़ारा या शहे बग़्दाद	531
जब तलक येह चांद तारे झिलमिलाते जाएंगे	382	अजमेर बुलाया मुझे अजमेर बुलाया	534
मनाना जश्ने मीलादुन्नबी हरगिज़ न छोड़ेंगे	385	या ख़्वाजा मेरी झोली भर दो	535
आ़शिक़ाने रसूल	387	तूने बात़िल को मिटाया ऐ इमाम अह़मद रज़ा	536
जश्ने विलादत के.....मक़्बूल ना'रे	389	वाह क्या बात आ'ला ह़ज़रत की	537
मन्क़बते सय्यिदुना सिद्दीक़े अक्बर	390	मन्क़बते मुफ़्तिये आ'ज़मे हिन्द	539
मन्क़बते उ़स्माने ग़नी	393	आ़शिक़े मुस्त़फ़ा ज़ियाउद्दीन	541
फिर बुला करबला, या शहे करबला	395	"ज़िया पीरो मुर्शिद"	543
या शहीदे करबला फ़रियाद है	397	मन्क़बते मुह़म्मद शाह दूल्हा सब्ज़ वारी	544
मन्क़बते इमामे आ'ज़म अबू ह़नीफ़ा	399	मन्क़बत दर शाने वक़ारुल मिल्लत	546
हो मदीने का टिकट मुझ को अ़ता दाता पिया	401	मेरे मुश्ताक़ को कोई दवा दो या रसूलल्लाह	550
या ग़ौस ! बुलाओ	403	फिर आमदे र-मज़ान है	553
शुक्रिया आप का बग़्दाद बुलाया या ग़ौस	407	ह़स्ता वा ह़स्ता अब चल दिया र-मज़ान है	555
वाह क्या बात ग़ौसे आ'ज़म की	409	क़ल्बे आ़शिक़ है अब पारा पारा....	558
हो बग़्दाद का फिर सफ़र ग़ौसे आ'ज़म	410	हाए तड़पा के र-मज़ां चला है	561
मज़्हरे अ़-ज़-मते ग़फ़्फ़ार हैं ग़ौसे आ'ज़म	413	हुवा जाता है रुख़्सत माहे र-मज़ां	562
रौनक़े कुल औलिया या ग़ौसे आ'ज़म दस्त गीर			

उ़न्वान	सफ़्हा नम्बर	उ़न्वान	
मज़ा ख़ूब र-मज़ान में आ रहा था	564	आह ! म-दनी क़ाफ़िला अब जा रहा है लौट कर	618
ईद मुबारक	571	म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़	621
(.....)	572	ऐ मेरे भाइयो सब सुनो धर के कां	628
आमिना के दिलबरो दिलदार पर लाखों सलाम	579	सुन्नत की बहार आई फ़ैज़ाने मदीना में	632
ऐ बियाबाने अ़रब तेरी बहारों को सलाम	581	तीन रोज़ा इज्तिमाए़ पाक है मुलतान में	635
ऐ मदीने के ताजदार तुझे अहले ईमां सलाम कहते हैं	584	फ़ज्र में जगाने के लिये	639
तुम पे हर दम करोड़ों दुरूदो सलाम	586	सदाए मदीना का त़रीक़ा	639
तू सलाम मेरा रो रो के कहना	588	फ़ज्र का वक़्त हो गया उठ्ठो !	640
करबला के जां निसारों को सलाम	595	सदाए मदीना बराए स-ह़री	641
सुल्त़ाने औलिया को हमारा सलाम हो	598	"दर्से निज़ामी" से फ़ारिग़ होने वालों के लिये 25 अश्आ़र	643
हो गया फ़ज़्ले ख़ुदा मूए मुबारक आ गए	599	दुआ़इया नज़्म	647
हम को अल्लाह और नबी से प्यार है	600	मो'तमिर के लिये दुआ़ओं और नसीह़तों का गुलदस्ता	649
तेरा शुक्र मौला दिया म-दनी माहोल	602	ह़ाजी के लिये दुआ़ओं और नसीह़तों का गुलदस्ता	652
अ़त़ाए ह़बीबे ख़ुदा म-दनी माहोल	604	ह़ज्जन के लिये दुआ़ओं और नसीह़तों का गुलदस्ता	656
म-दनी चेनल सुन्नतों की लाएगा घर घर बहार	605	इस्लामी भाई का म-दनी सेहरा	659
आओ म-दनी क़ाफ़िले में हम करें मिल कर सफ़र	608	इस्लामी बहन का म-दनी सेहरा	661
सीखने सुन्नतें क़ाफ़िले में चलो	609	मस्नविये अ़त्त़ार (1)	664
पाओगे बख़्शिशें क़ाफ़िले में चलो	611	मस्नविये अ़त्त़ार (2)	666
दिल की कलियां खिलें क़ाफ़िले में चलो	614	मस्नविये अ़त्त़ार (3)	668
ग़म के बादल छटें क़ाफ़िले में चलो	616	मस्नविये अ़त्त़ार (4)	670

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ وَالصَّلٰوةُ وَالسَّلَامُ عَلٰى سَيِّدِ الْمُرْسَلِيْنَ اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ ؕ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ؕ

ना'त ख़्वां और नज़राना

ना'ते मुस्त़फ़ा पढ़ना सुनना यक़ीनन निहायत उ़म्दा इबादत है मगर क़बूलिय्यत की कुन्जी इख़्लास है, ना'त शरीफ़ पढ़ने पर उजरत लेना देना ह़राम और जहन्नम में ले जाने वाला काम है। बराए करम ! सगे मदीना عُفِیَ عَنْہ के मक्तूब के सिर्फ़ (35 सफ़ह़ात) मुकम्मल पढ़ लीजिये اِنْ شَآءَ اللّٰه عزوجل क़ल्ब में इख़्लास का चश्मा मोजज़न होगा।

दुरूद शरीफ़ की फ़ज़ीलत

अल्लाह के मह़बूब, दानाए ग़ुयूब, मुनज़्ज़हुन अ़निल उ़यूब صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم का फ़रमाने अ़-ज़मत निशान है : जिस ने दिन और रात में मेरी त़रफ़ शौक़ व मह़ब्बत की वजह से तीन तीन मर्तबा दुरूदे पाक पढ़ा **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ पर ह़क़ है कि वोह उस के उस दिन और रात के गुनाह बख़्श दे।

(الترغیب و الترھیب ج۲ص ۳۲۸ حدیث۲۳ دارالکتب العلمیة بیروت)

صَلُّوا عَلَى الْحَبِيْب! صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلٰى مُحَمَّد

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡم मुह़म्मद इल्यास अ़त्तार क़ादिरी र-ज़वी की जानिब से बुलबुले मदीना, **मेरे मीठे मीठे म-दनी बेटे.....** سَلَّمَهُ الْبَارِیْ की ख़िदमत में ह़ज़रते सय्यिदुना ह़स्सान رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ की मुअ़म्बरीं जबीं को चूमता हुवा, झूमता हुवा मुश्कबार व पुर बहार सलाम

اَلسَّلَامُ عَلَیۡکُمۡ وَرَحۡمَۃُاللّٰہِ وَبَرَکَاتُہ اَلۡحَمۡدُ لِلّٰہِ رَبِّ الۡعٰلَمِیۡنَ عَلٰی کُلِّ حَال

रज़ा जो दिल को बनाना था जल्वा गाहे ह़बीब
तो प्यारे क़ैदे ख़ुदी से रहीदा होना था

21 **स-फ़रुल मुज़फ़्फ़र** 1425 को निगराने शूरा ने बाबुल मदीना कराची के ना'त ख़्वां इस्लामी भाइयों से ''म-दनी मश्वरा'' फ़रमाया। उन्हों ने जब ह़िर्सो त़मअ़ की मज़म्मत बयान कर के इस बात पर उभारा कि इज्तिमाए़ ज़िक्रो ना'त में हर ना'त ख़्वान अपनी बारी आने पर ए'लान कर दे : ''मुझे किसी क़िस्म का नज़राना न दिया जाए मैं उस को क़बूल नहीं करूंगा।'' इस पर आप ने हाथ उठा कर इस अ़ज़्म का इज़्हार फ़रमाया कि मैं اِنۡ شَآءَ اللّٰہ عَزَّوَجَلَّ

ए'लान कर दिया करूंगा । **येह ख़बरे फ़रह़त असर सुन कर मेरा दिल ख़ुशी से बाग़ बाग़ बल्कि बागे़ मदीना बन गया । अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ आप को इस अ़ज़ीम म-दनी निय्यत पर इस्तिक़ामत बख़्शे । मेरे दिल से येह दुआ़एं निकल रही हैं कि मुझे और आप को और जिस जिस ने येह म-दनी निय्यत की है उस को **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ दोनों जहां में ख़ुश रखे, ईमान की ह़िफ़ाज़त और ह़त्मी मग़्फ़िरत से नवाज़े, मदीने के सदा बहार फूलों की त़रह़ हमेशा मुस्कराता रखे, हुब्बे जाह व माल की अंधेरियों से निकल कर, इ़श्क़े रसूल صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم की रोशनियों में डूब कर, ख़ूब ना'तें पढ़ने सुनने की सआ़दत बख़्शे । काश ! ख़ुद भी रोते रहें और सामिई़न को भी रुलाते और तड़पाते रहें । रियाकारी से ह़िफ़ाज़त हो और इख़्लास की ला ज़वाल दौलत मिले । اٰمِيْن بِجَاهِ النَّبِيِّ الْاَمِيْن صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم

ना'त पढ़ता रहूं, ना'त सुनता रहूं, आंख पुरनम रहे दिल मचलता रहे
उन की यादों में हर दम मैं खोया रहूं, काश ! सीना महब्बत में जलता रहे

ना'त शरीफ़ शुरूअ़ करने से क़ब्ल या दौराने ना'त लोग जब नज़राना ले कर आना शुरूअ़ हों उस वक़्त मुनासिब ख़याल फ़रमाएं तो इस त़रह़ ए'लान फ़रमा दीजिये :

मीठे मीठे इस्लामी भाइयो ! दा'वते इस्लामी के ना'त ख़्वान के लिये "म-दनी मर्कज़" की त़रफ़ से हिदायत है कि वोह किसी क़िस्म का नज़राना, लिफ़ाफ़ा या तोह़फ़ा ख़्वाह वोह पहले या आख़िर में या दौराने ना'त मिले क़बूल न करे । हम अल्लाह तआ़ला के आ़जिज़ व ना तुवां बन्दे हैं । बराए करम ! नज़राना दे कर ना'त ख़्वान को इम्तिह़ान में मत डालिये, रक़म आती देख कर अपने दिल को क़ाबू में रखना मुश्किल होता है । ना'त ख़्वान को इख़्लास के साथ सिर्फ़ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ और उस के प्यारे रसूल صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم की रिज़ा की त़लब में ना'त शरीफ़ पढ़ने दें लिहाज़ा नोटों

की बरसात में नहीं बल्कि बारिशे अन्वारो तजल्लियात में नहाते हुए ना'त शरीफ़ पढ़ने दें और आप भी अदब के साथ बैठ कर ना'ते पाक सुनें.....

मुझ को दुन्या की दौलत न ज़र चाहिये
शाहे कौसर की मीठी नज़र चाहिये

(ना'त ख़्वान येह ए'लान अपनी डायरी में महफ़ूज़ फ़रमा लें तो सहूलत रहेगी। اِنْ شَآءَ اللّٰه عزوجل)

प्यारे ना'त ख़्वां ! ना'त ख़्वानी में मिलने वाला नज़राना जाइज़ भी होता है और ना जाइज़ भी। आइन्दा सुतूर बग़ौर पढ़ लीजिये, तीन बार पढ़ने के बा वुजूद समझ में न आए तो उ-लमाए अहले सुन्नत से रुजूअ़ कीजिये।

प्रोफ़ेश्नल ना'त ख़्वां

मेरे आक़ाए ने'मत, आ'ला ह़ज़रत, इमामे अहले सुन्नत, अ़ज़ीमुल ब-र-कत, अ़ज़ीमुल मर्तबत, परवानए शम्ए़ रिसालत, इमामे इ़श्क़ो महब्बत, मुजद्दिदे

दीनो मिल्लत, पीरे त़रीक़त, आ़लिमे शरीअ़त, ह़ामिये सुन्नत, माह़िये बिदअ़त, बाइ़से ख़ैरो ब-र-कत, मौलाना शाह अह़मद रज़ा ख़ान عَلَيْهِ رَحْمَةُالرَّحْمٰن की ख़िदमत में सुवाल हुवा : ज़ैद ने अपने पांच रुपै फ़ीस मौलूद शरीफ़ की पढ़वाई के मुक़र्रर कर रखे हैं, बिग़ैर पांच रुपिया फ़ीस के किसी के यहां जाता नहीं।

मेरे आक़ा **आ'ला ह़ज़रत** رَحْمَةُاللهِ تَعَالٰى عَلَيْه ने जवाबन इर्शाद फ़रमाया : ज़ैद ने जो अपनी मजलिस ख़्वानी ख़ुसूसन राग से पढ़ने की उजरत मुक़र्रर कर रखी है ना जाइज़ व ह़राम है इस का लेना उसे हरगिज़ जाइज़ नहीं, इस का खाना सरा-ह़तन ह़राम खाना है। उस पर वाजिब है कि जिन जिन से फ़ीस ली है याद कर के सब को वापस दे, वोह न रहे हों तो उन के वारिसों को फैरे, पता न चले तो इतना माल फ़क़ीरों पर तसद्दुक़ करे और आइन्दा इस ह़राम ख़ोरी से तौबा करे तो गुनाह से पाक हो। अव्वल तो सय्यिदे आ़लम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم का ज़िक्रे पाक ख़ुद उ़म्दा

ता़आ़त व अजल्ल इ़बादात से है और ता़अ़त व इ़बादत पर फ़ीस लेनी **ह़राम**[1]..... सानियन बयाने साइल से ज़ाहिर कि वोह अपनी शे'र ख़्वानी व ज़म्ज़मा सन्जी (या'नी राग और तरन्नुम से पढ़ने) की फ़ीस लेता है येह भी महज़ **ह़राम**। फ़तावा आ़लमगीरी में है : गाना और अश्आ़र पढ़ना ऐसे आ'माल हैं कि इन में किसी पर उजरत लेना जाइज़ नहीं। (फ़तावा र-ज़विय्या, जि. 23, स. 724, 725, रज़ा फ़ाउन्डेशन मर्कज़ुल औलिया लाहोर)

जो ना'त ख़्वां इस्लामी भाई T.V. या मह़फ़िले ना'त में ना'त शरीफ़ पढ़ने की फ़ीस वुसूल करते हैं उन के लिये लम्ह़ए फ़िक्रिय्या है। मैं ने अपनी त़रफ़ से नहीं कहा, अहले सुन्नत के इमाम, वलिय्ये कामिल और सरकारे मदीना صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم के आ़शिक़े सादिक़ का फ़तवा जो कि यक़ीनन हुक्मे शरीअ़त पर मब्नी है वोह आप तक पहुंचाने की जसारत की है, हुब्बे जाह व माल के बाइ़स

1 : इमाम, मुअज़्ज़िन, मुअ़ल्लिमे दीनियात और वाइ़ज़ वग़ैरा इस से मुस्तस्ना हैं। (माख़ूज़ अज़ फ़तावा र-ज़विय्या, जि. 19, स. 486)

तै़श में आ कर तियूरी चढ़ा कर, बल खा कर उलटी सीधी ज़बान चला कर उ़-लमाए अहले सुन्नत की मुख़ा-लफ़त करने से जो ह़राम है वोह ह़लाल होने से रहा, बल्कि येह तो आख़िरत की तबाही का मज़ीद सामान है।

तै़ न किया हो तो.....

हो सकता है कि किसी के ज़ेह्न में येह बात आए कि येह फ़तवा तो उन के लिये है जो पहले से तै़ कर लेते हैं, हम तो तै़ नहीं करते, जो कुछ मिलता है वोह तबर्रुकन ले लेते हैं, इस लिये हमारे लिये जाइज़ है। उन की ख़िदमत में सरकारे **आ'ला ह़ज़रत** رَحْمَةُاللهِ تَعَالٰی عَلَيْه का एक और फ़तवा ह़ाज़िर है, समझ में न आए तो तीन बार पढ़ लीजिये :

तिलावते क़ुरआने अ़ज़ीम ब ग़रज़े ईसाले सवाब व ज़िक्र शरीफ़ **मीलादे पाक** हुज़ूर सय्यिदे आ़लम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ज़रूर मिन जुम्ला इ़बादात व त़ाअ़त हैं तो इन पर इजारा भी ज़रूर ह़राम व मख़्ज़ूर (या'नी ना जाइज़)। और इजारा जिस त़रह़ सरीह़ अ़क़्दे ज़बान (या'नी वाज़ेह़ क़ौल व क़रार) से होता है, उ़र्फ़न शर्ते़ मा'रूफ़ुंव व मा'हूद

(या'नी राइज शुदा अन्दाज़) से भी हो जाता है म-सलन पढ़ने पढ़वाने वालों ने ज़बान से कुछ न कहा मगर जानते हैं कि देना होगा (और) वोह (पढ़ने वाले भी) समझ रहे हैं कि ''कुछ'' मिलेगा, उन्हों ने इस तौर पर पढ़ा, इन्हों ने इस निय्यत से पढ़वाया, इजारा हो गया, और अब **दो वजह से हराम** हुवा, (1) तो ताअ़त (या'नी इ़बादत) पर इजारा येह खुद ह़राम, (2) दूसरे उजरत अगर उ़र्फ़न मुअ़य्यन नहीं तो उस की जहालत से इजारा फ़ासिद, येह दूसरा ह़राम। (मुलख़्ख़स अज़ : फ़तावा र-ज़विय्या, जि. 19, स. 486, 487) लेने वाला और देने वाला दोनों गुनहगार होंगे। (ऐज़न, 495)

इस मुबारक फ़तवे से रोज़े रोशन की त़रह़ ज़ाहिर हो गया कि साफ़ लफ़्ज़ों में तै न भी हो तब भी जहां UNDERSTOOD हो कि चल कर महफ़िल में कुरआने पाक, आयते करीमा, दुरूद शरीफ़ या ना'त शरीफ़ पढ़ते हैं, कुछ न कुछ मिलेगा रक़म न सही ''सूट पीस'' वग़ैरा का तोह़फ़ा ही मिल जाएगा और बानिये महफ़िल भी जानता है कि पढ़ने वाले को कुछ न कुछ देना ही है। बस

ना जाइज़ व ह़राम होने के लिये इतना काफ़ी है कि येह ''उजरत'' ही है और फ़रीक़ैन (या'नी देने और लेने वाले) दोनों गुनहगार।

क़ाफ़िलए मदीना और ना'त ख़्वां

सफ़र और खाने पीने के अख़राजात पेश कर के ना'तें सुनने की ग़रज़ से ना'त ख़्वान को साथ ले जाना जाइज़ नहीं क्यूं कि येह भी उजरत ही की सूरत है। लुत्फ़ तो इसी में है कि ना'त ख़्वां अपने अख़राजात ख़ुद बरदाश्त करे। ब सूरते दीगर क़ाफ़िले वाले मख़्सूस मुद्दत के लिये मत्लूबा ना'त ख़्वान को अपने यहां तन-ख़्वाह पर मुलाज़िम रख लें। म-सलन **ज़ी क़ा'दतुल ह़राम, ज़ुल ह़िज्जतिल ह़राम** और **मुह़र्रमुल ह़राम** इन तीन महीनों का इस त़रह़ इजारा (AGREEMENT) करें कि सारा वक़्त और उस का एक एक सेकन्ड आप का। अब इस दौरान चाहें तो उस से कोई सा भी जाइज़ काम ले लें या जितना वक़्त चाहें छुट्टी दे दें, ह़ज पर साथ ले चलें और अख़राजात भी आप ही बरदाश्त करें और ख़ूब ना'तें भी पढ़वाएं। याद रहे!

एक ही वक़्त के अन्दर दो जगह नोकरी करना या'नी इजारे पर इजारा करना **ना जाइज़** है। अलबत्ता अगर वोह पहले ही से कहीं नोकरी पर लगा हुवा है तो अब सेठ की इजाज़त से दूसरी जगह काम कर सकता है।

दौराने ना'त नोटें चलाना

सामिईन की त़रफ़ से ना'त शरीफ़ पढ़ने के दौरान नोटें पेश करना और ना'त ख़्वां का क़बूल करना दुरुस्त है, अगर फ़रीक़ैन में त़ै कर लिया गया कि नोट लिफ़ाफ़े में डाल कर देने के बजाए दौराने ना'त पेश किये जाएं या त़ै तो न किया मगर दला-लतन साबित (या'नी UNDERSTOOD) हो कि मह़फ़िल में बुलाने वाला नोट लुटाएगा तो अब उजरत ही कहलाएगी और **ना जाइज़**। बानिये मह़फ़िल जानता है कि नोटें नहीं चलाएंगे तो आइन्दा ना'त ख़्वां नहीं आएंगे और ना'त ख़्वां भी इसी लिये दिल चस्पी से आते हैं कि यहां नोटें चलती हैं तो कई सूरतों में येह लैन दैन भी उजरत बन जाएगा और सवाब की बजाए गुनाह व ह़राम का वबाल सर आएगा लिहाज़ा ना'त ख़्वां ग़ौर कर ले कि रिज़ाए इलाही मक़्सूद है या

महज़ रुपै कमाना ? काश ! ऐ काश ! सद करोड़ काश ! इख़्लास का दौर दौरा हो जाए, और ना'त ख़्वानी जैसी अ़ज़ीम सआ़दत को चन्द ह़क़ीर सिक्कों की ख़ातिर बरबाद करने वाली ह़िर्स की आफ़त ख़त्म हो जाए।

उन के सिवा किसी की दिल में न आरज़ू हो
दुन्या की हर त़लब से बेगाना बन के जाऊं

नोटें लुटाने वालों को दा'वते फ़िक्र

सब के सामने उठ उठ कर नोट पेश करने वाला अपने ज़मीर पर लाज़िमी ग़ौर कर ले, कि अगर उस से कहा जाए : सब के सामने बार बार देने के बजाए ना'त ख़्वां को चुपके से इकठ्ठी रक़म दे दीजिये कि ह़दीसे पाक में है : **"पोशीदा अ़मल, ज़ाहिरी अ़मल से सत्तर गुना अफ़्ज़ल है ।"** (ج١٦ ص٢٨١ رقم ٤٦٢٦٤ دار الكتب العلمية بيروت) (كَنْزُ الْعُمّال) तो वोह चुपचाप देने के लिये राज़ी होता है या नहीं ? अगर नहीं तो क्यूं ? क्या इस लिये कि "वाह वाह" नहीं होगी ! अगर वाह वाह की ख़्वाहिश है तो **रियाकारी** है और रियाकारी की तबाह कारी का आ़लम येह है कि सरकारे नामदार صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इर्शाद फ़रमाया : **जुब्बुल**

ह़ज़न से पनाह मांगो। अ़र्ज़ किया गया : वोह क्या है ? फ़रमाया : जहन्नम में एक वादी है कि जहन्नम भी हर रोज़ चार सो मर्तबा उस से पनाह मांगता है उस में क़ारी दाख़िल होंगे जो अपने आ'माल में रिया करते हैं। (سُنَنِ ابن ماجه ج۱ ص ۱٦٦ حديث ۲٥٦ دار المعرفة بيروت) बहर ह़ाल देने में रियाकारी पैदा होती हो तो रक़म ज़ाएअ़ न करे और आख़िरत भी दाव पर न लगाए, नीज़ अगर नोट चलाने से "महफ़िल गर्म" होती हो या'नी ना'त ख़्वां को जोश आता हो म-सलन नोट आने के सबब शे'र की बार बार तक्रार, उस के साथ इज़ाफ़ए अश्आ़र, आवाज़ भी पहले से ज़ोरदार पाएं तो बारह बार सोच लें कि कहीं इख़्लास रुख़्सत न हो गया हो, पैसों के शौक़ में पढ़ने वाले को देना सवाब के बजाए उस की ह़िर्स की तस्कीन का ज़रीआ़ बन सकता है इस लिये देने वालों को भी इस में एह़तियात़ करनी चाहिये और ना'त ख़्वां के इख़्लास का ख़ून करने की कोशिश नहीं करनी चाहिये। हां येह याद रहे कि देखने सुनने वाले को किसी मुअ़य्यन ना'त ख़्वां पर बद गुमानी की इजाज़त नहीं।

ना'त ख़्वानी और दुन्यवी कशिश

जहां ख़ूब नोट निछावर होते हों वहां ना'त ख़्वान का एहतिमाम के साथ जाना, इख़्तिताम तक रुकना मगर ग़रीबों के यहां जाने से कतराना, हीले बहाने बनाना, या गए भी तो दुन्यवी कशिश न होने के सबब जल्द लौट जाना सख़्त महरूमी है और ज़ाहिर है कि इख़्लास न रहा। अगर पैसे, खाना या अच्छी शीरीनी मिलने की वजह से मालदार के यहां जाता है तो सवाब से महरूम है और येही खाना और शीरीनी उस का सवाब है। यूंही ग़रीबों से कतराना और मालदारों के सामने बिछे बिछे जाना भी दीन की तबाही का सबब है मन्क़ूल है : "जो किसी ग़नी (या'नी मालदार) की उस के ग़िना (या'नी मालदारी) के सबब तवाज़ोअ़ करे उस का दो तिहाई दीन जाता रहा।" (دار الكتب العلمية بيروت ٢١٥) अ़-दमे शिर्कत (या'नी शरीक न होने) के लिये झूटे हीले बहाने बनाना म-सलन थकन व मरज़ वग़ैरा न होने के बा वुजूद, मैं थका हुवा हूं, त़बीअ़त ठीक नहीं, गला ख़राब हो गया है वग़ैरा ज़बान या इशारे से (كشف الخفاء ج ٢ ص

कहना मम्नूअ़ व ना जाइज़ और ह़राम है।

ना जाइज़ नज़राना दीनी काम में सर्फ़ करना कैसा ?

अगर कोई ना'त ख़्वां सरा-ह़तन या दला-लतन मिलने वाली उजरत या रक़म का लिफ़ाफ़ा ले कर मस्जिद, मद्रसे या किसी दीनी काम में सर्फ़ कर दे तब भी उजरत लेने का गुनाह दूर न होगा। वाजिब है कि ऐसा लिफ़ाफ़ा या तोह़फ़ा वग़ैरा क़बूल ही न करे। अगर ज़िन्दगी में कभी क़बूल कर के ख़ुद इस्ति'माल किया या किसी नेक काम म-सलन मद्रसे वग़ैरा में दे दिया है तो ज़रूरी है कि तौबा करे और जिस जिस से जो लिया है उस को वापस लौटाए, वोह न रहे हों तो उन के वारिसों को दे वोह भी न रहे हों या याद नहीं तो फ़क़ीर पर तसद्दुक़ (या'नी ख़ैरात) करे। हां चाहे तो पेश करने वाले को सिर्फ़ मश्वरा दे दे, कि आप अगर चाहें तो येह रक़म ख़ुद ही फुलां नेक काम में ख़र्च कर दीजिये।

सरकार صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم ने चादर अ़ता फ़रमाई

सरकारे मदीना صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم ने अपनी ना'त

शरीफ़ सुन कर सय्यिदुना इमाम श-रफ़ुद्दीन बूसैरी عَلَیۡہِ رَحۡمَۃُ اللّٰہِ الۡقَوِی को ख़्वाब में "बुर्दे यमानी" या'नी "य-मनी चादर" इनायत फ़रमाई और बेदार होने पर वोह चादर मुबारक उन के पास मौजूद थी। इसी वजह से इस ना'त शरीफ़ का नाम **क़सीदए बुर्दा** शरीफ़ मश्हूर हुवा। अगर इस वाक़िए़ को दलील बना कर **कोई कहे कि ना'त ख़्वां को नज़राना देना सुन्नत और क़बूल करना तबर्रुक है तो इस का जवाब येह है** कि बेशक सरकारे दो आ़लम, नूरे मुजस्सम, शाहे बनी आदम صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیۡہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم का अ़त़ा फ़रमाना सर आंखों पर। यक़ीनन सरकारे आ़ली वक़ार, मदीने के ताजदार صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیۡہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم के अक़्वाल व अफ़्आ़ले मुबा-रका ऐ़न शरीअ़त हैं। मगर याद रहे ! सरकारे आ़लम मदार, शहन्शाहे अबरार صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیۡہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم ने **बुर्दे यमानी** अ़त़ा करने का त़ै नहीं फ़रमाया था न ही مَعَاذَاللّٰہ इमाम बूसैरी عَلَیۡہِ رَحۡمَۃُ اللّٰہِ الۡقَوِی ने शर्त़ रखी थी कि चादर मिले तो पढ़ूंगा बल्कि उन के तो वह्मो गुमान में भी नहीं था कि **बुर्दे यमानी** इनायत होगी। आज भी इस की

तो इजाज़त ही है कि न उजरत तै़ हो और न ही दला-लतन साबित (या'नी UNDERSTOOD) हो और ना'त ख़्वां के वह्मो गुमान में भी न हो और अगर कोई करोड़ों रुपै दे दे तो येह लेना देना यक़ीनन जाइज़ है। और जिस ख़ुश नसीब को सरदारे मक्कए मुकर्रमा, सरकारे मदीनए मुनव्वरह صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم कुछ अ़त़ा फ़रमा दें, ख़ुदा की क़सम ! उस की सआ़दतों की मे'राज है। और रहा सरकारे नामदार صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم से मांगना, तो इस में भी कोई मुज़ा-यक़ा नहीं। और अपने आक़ा صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم से मांगने में ना'त ख़्वां व ग़ैर ना'त ख़्वां की कोई क़ैद भी नहीं। हम तो उन्हीं के टुकड़ों पे पल रहे हैं। सरकारे वाला तबार صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم का फ़रमाने इनायत निशान है : اِنَّمَا اَنَا قَاسِمٌ وَّ اللّٰهُ يُعْطِىْ या'नी अल्लाह عَزَّوَجَلَّ अ़त़ा करता है और मैं तक़्सीम करता हूं।

(صَحیح بُخاری ج ۱ ص ۴۳ حدیث ۷۱ دارالکتب العلمیة بیروت)

रब है मुअ़त़ी येह हैं क़ासिम रिज़्क़ उस का है खिलाते येह हैं
ठन्डा ठन्डा मीठा मीठा पीते हम हैं पिलाते येह हैं

ना'त ख़्वां और खाना

क़ारी व ना'त ख़्वां को खाना पेश करने के सिल्सिले में **मेरे आक़ा आ'ला ह़ज़रत** رَحْمَةُ اللهِ تَعَالٰى عَلَيْه ने इर्शाद फ़रमाया : पढ़ने के इ़वज़ खाना खिलाता है तो येह खाना न खिलाना चाहिये, न खाना चाहिये और अगर खाएगा तो येही खाना इस का सवाब हो गया और (या'नी मज़ीद) सवाब क्या चाहता है बल्कि जाहिलों में जो येह दस्तूर है कि पढ़ने वालों को आ़म ह़िस्सों से दूना (या'नी डबल) देते हैं और बा'ज़ अह़मक़ पढ़ने वाले अगर उन को औरों से दूना न दिया जाए तो इस पर झगड़ते हैं। येह ज़ियादा लेना देना भी मन्अ़ है और येही उस का सवाब हो गया قَالَ اللّٰهُ تَعَالٰى (या'नी अल्लाह तआ़ला फ़रमाता है) :

لَا تَشْتَرُوْا بِاٰيٰتِیْ ثَمَنًا قَلِیْلًا (پ۱ البقرة ٤١)

तर-ज-मए कन्ज़ुल ईमान : मेरी आयतों के बदले थोड़े दाम न लो।

(फ़तावा र-ज़विय्या, जि. 21, स. 663)

सब के लिये खाना

इसी सफ़्हे पर एक दूसरे फ़तवे में इर्शाद फ़रमाया : जब किसी के यहां शादी में आ़म दा'वत है जैसे सब को खिलाया जाएगा, पढ़ने वालों को भी खिलाया जाएगा उस में कोई ज़ियादत व तख़्सीस न होगी (या'नी दूसरों के मुक़ाबले में न ज़ियादा मिलेगा न ही कोई स्पेश्यल डिश होगी) तो येह खाना पढ़ने का मुआ़-वज़ा नहीं, खाना भी जाइज़ और खिलाना भी जाइज़। (ऐज़न)

आ'ला ह़ज़रत के फ़तवे का ख़ुलासा

क़ारी और ना'त ख़्वां की दा'वत से मु-तअ़ल्लिक़ इमामे अहले सुन्नत رَحْمَةُاللهِ تَعَالٰی عَلَيْه के फ़तावा से जो उमूर वाज़ेह़ हुए वोह येह हैं : ﴾1﴿ खाना खिलाने वाले के लिये जाइज़ नहीं कि वोह इन नेक कामों की उजरत के त़ौर पर मज़्कूरा अफ़्राद को खाना खिलाए ﴾2﴿ क़ारी और ना'त ख़्वां के लिये ना जाइज़ है कि वोह बत़ौरे उजरत दा'वत खाएं ﴾3﴿ उजरत की सूरतें पीछे बयान कर दी गईं

लिहाज़ा ''उजरत के खाने'' को नफ़्स की हिर्स की वजह से ''नियाज़'' कह कर मन को मना लेना इस खाने को ह़लाल नहीं कर देगा लिहाज़ा मज़्कूरा अफ़्राद में से कोई क़िराअत या ना'त शरीफ़ पढ़ने के बा'द ''सरा-ह़तन या दला-लतन तै़ शुदा ख़ुसूसी दा'वत'' क़बूल करते हुए खाएगा तो सवाबे उख़्वी से महरूम रहेगा बल्कि येही खाना चाय बिस्किट वग़ैरा इस का अज्र हो जाएगा ﴾4﴿ अगर आ़म दा'वत हो (या'नी वोह ना'त ख़्वां ग़ैर ह़ाज़िर होता जब भी येह दा'वत होती) तो अब ज़िम्नन मज़्कूरा अफ़्राद को खिलाने और इन अफ़्राद के खाने में कोई मुज़ा-यक़ा नहीं ﴾5﴿ अगर दा'वत तो आ़म हो मगर क़ारी या ना'त ख़्वां के लिये ख़ुसूसी खाने का एहतिमाम हो म-सलन लोगों के लिये सिर्फ़ बिरयानी और इन के लिये सलाद, राइते और चाय का भी एहतिमाम हो या दीगर लोगों को एक एक ह़िस्सा और इन को ज़ियादा दिया जाए तो वोह ख़ुसूसिय्यत व ज़ियादत (या'नी मख़्सूस ग़िज़ा और इज़ाफ़ा) उजरत होने के बाइस फ़रीक़ैन के लिये **ना जाइज़ व ह़राम** और

जहन्नम में ले जाने वाला काम है। लेकिन येह याद रहे कि इस में भी वोही शर्त़ है कि पहले से सरा–ह़तन या दला–लतन तै़ हो तब ह़राम है वरना अगर तै़ न था और इस के बिग़ैर ही एहतिमाम हुवा तो फिर जाइज़ है।

क्या हर ह़ाल में दा'वत क़बूल करना सुन्नत है ?

अगर ना'त ख़्वां और क़ारी साहिबान येह कहें कि हम ने न तो इस ख़ुसूसी दा'वत के लिये कहा था और न ही उजरत के त़ौर पर खाते हैं बल्कि दा'वत क़बूल करना सुन्नत है इस लिये तबर्रुक समझ कर नियाज़ खा लेते हैं, ऐसा कहने वालों को ग़ौर करना चाहिये कि अगर किसी इज्तिमाए़ ज़िक्रो ना'त के मौक़अ़ पर नियाज़ के नाम पर[1] "ख़ुसूसी दा'वत" न की जाए तो क्या अपनी दिली कैफ़िय्यात में तब्दीली नहीं पाते ? क्या उन्हें इस बात का एह़सास नहीं होता कि कैसे अ़जीब (बल्कि مَعاذَاللّٰه)

مدینہ

1 : अहलुल्लाह के ईसाले सवाब के लिये नियाज़ करना बड़ी नेकी है, मगर उजरत के हुक्म में आने वाली ख़ुसूसी दा'वत को नियाज़ का नाम नहीं दिया जा सकता।

कन्जूस लोग हैं कि पानी तक का नहीं पूछा ? क्या आइन्दा उस जगह पर ना'त ख़्वानी के लिये आने में बे रग़बती नहीं होगी ? अगर मज़्कूरा अफ़्राद अपनी दिली कैफ़िय्यात तब्दील नहीं पाते और आने वाले वसाविस को नफ़्सो शैत़ान की शरारत क़रार देते हुए ज़ियाफ़त न करने वाले की किसी के सामने न शिकायत करते हैं न ही आइन्दा ऐसी जगह जाने से कतराते हैं, नीज़ दीगर ग़रीब इस्लामी भाइयों की दा'वत क़बूल करने में भी पसोपेश से काम नहीं लेते तो उन पर आफ़रीन है, ऐसे ना'त ख़्वान क़ाबिले सताइश हैं मगर दिलों की ह़ालत ऐसी होती है..... या नहीं ? येह क़ारी व ना'त ख़्वां ह़ज़रात ख़ूब जानते हैं, अपने दिल की गहराई में झांक कर इस का फ़ैसला ख़ुद ही कर लें।

अल्लाह करे दिल में उतर जाए मेरी बात

वस्वसों में मत आइये

मोह़तरम ना'त ख़्वां ! मुम्किन है शैत़ान आप को त़रह़ त़रह़ के वस्वसे डाले, बहकाए और येह बावर करवाने

की कोशिश करे कि तू तो मुख़्लिस है, तेरा कोई क़ुसूर नहीं, लोग तुझे मजबूर करते हैं, और येह भी बेचारे महब्बत की वजह से बख़ुशी ऐसा करते हैं, किसी का दिल नहीं तोड़ना चाहिये, तू सब कुछ क़बूल कर लिया कर और यूं भी येह तेरे लिये तबर्रुक है। नीज़ अगर कोई ना'त ख़्वां नाबीना या मा'ज़ूर हो तो उस को वस्वसे के ज़रीए मात करना शैत़ान के लिये मज़ीद आसान होता है। देखिये ! **नाबीना** हो या बीना (या'नी देखता) हुक्मे शरीअ़त हर एक के लिये वोही है जो मेरे **आक़ा आ'ला ह़ज़रत** رَحْمَةُاللهِ تَعَالٰی عَلَيْه के फ़तावा की रोशनी में बयान किया गया। हम सब का इसी में भला है कि **ह़राम** खाने खिलाने से बचें। नफ़्स की चाल में आ कर शर-ई फ़तावा के मुक़ाबले में अपनी मन्तिक़ बघार कर सादा लौह़ अ़वाम को झांसा दिया जा सकता है मगर **ह़राम** फिर भी ह़राम ही रहेगा। **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ हम सब को ह़राम खाने पहनने से बचाए।

اٰمِیْن بِجَاہِ النَّبِیِّ الْاَمِیْن صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَسَلَّم

ह़राम लुक़्मे की तबाह कारियां

मन्क़ूल है : आदमी के पेट में जब **ह़राम का लुक़्मा** पड़ा, तो ज़मीन व आस्मान का हर फ़िरिश्ता उस पर ला'नत करेगा, जब तक कि वोह **लुक़्मा** उस के पेट में रहेगा और अगर इसी ह़ालत में मरेगा तो उस का ठिकाना **जहन्नम** होगा। (مُکَاشَفَۃُالْقُلُوْب ص ۱۰)

ना'त ख़्वानी ए'ज़ाज़ है

प्यारे बुलबुले मदीना ! जो ना'त ख़्वानी की सआ़दत के ए'ज़ाज़ को समझने से मह़रूम हो उसे हुब्बे मालो जाह वग़ैरा की आफ़तें सरमाया दारों, वज़ीरों और अफ़्सरों वग़ैरा के यहां होने वाली मह़फ़िलों में तो (ख़ुदा न ख़्वास्ता नुमाइशी हुई तब भी) ख़ुशदिली से ले जाएंगी मगर ग़रीब इस्लामी भाई जो न ईको साउन्ड की तरकीब बना सके न आव भगत कर सके न ही ग़ुरबत के सबब बेचारा कसीर अफ़राद जम्अ़ कर सके वहां जाने में उस का दिल घबराएगा, जी उक्ताएगा और गला भी "बैठ" जाएगा ! जिन के दिल में वाक़ेई इ़श्क़ो मह़ब्बत और ना'त ख़्वानी

की ह़क़ीक़ी अ़-ज़मत है ऐसे आ़शिक़ाने रसूल को ग़रीबों के यहां त़ालिबे सवाब हो कर ह़ाज़िरी देने में कौन सी रुकावट आ सकती है ? अमीर हो या ग़रीब जो भी शर-ई तक़ाज़ों के मुत़ाबिक़ इख़्लास के साथ **इज्तिमाए़ ज़िक्रो ना'त** का एहतिमाम करेगा उस का और उस में शरीक होने वाले हर मुसल्मान का اِنْ شَآءَ اللّٰه عزوجل बेड़ा पार होगा।

मुस्त़फ़ा की ना'त ख़्वानी से हमें तो प्यार है

اِنْ شَآءَ اللّٰه दो जहां में अपना बेड़ा पार है

ना'त ख़्वानी ईमान की ह़िफ़ाज़त का ज़रीआ है

ना'त ख़्वानी हुज़ूरे पुरनूर, शाफ़ेए़ यौमुन्नुशूर صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم की सना ख़्वानी और मह़ब्बत की निशानी है और हुज़ूरे पुरनूर صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم की सना ख़्वानी और मह़ब्बत आ'ला द-रजे की इ़बादत और ईमान की ह़िफ़ाज़त का बेहतरीन ज़रीआ़ है लिहाज़ा जब भी इज्तिमाए़ ज़िक्रो ना'त में ह़ाज़िरी हो तो बा अदब रहना चाहिये और मक़्सूद रिज़ाए इलाही हो। जहां इख़्तिताम पर लंगर वग़ैरा का एहतिमाम होता हो ऐसी जगह ताख़ीर से पहुंचना सख़्त

मा'यूब और अपने लिये ग़ीबत, तोहमत और बद गुमानी का दरवाज़ा खोलने का सबब है ऐसों के बारे में बसा अवक़ात इस त़रह़ की गुनाहों भरी बातें की जाती हैं, खाने का लालची है, खाने के वक़्त ही पहुंचता है वग़ैरा। हां जो मजबूर है वोह मा'ज़ूर है।

ना'त ख़्वां की ह़िकायत

अब मुख़्लिस ना'त ख़्वां की फ़ज़ीलत और मा'मूली सी बे एह़तियात़ी की शामत पर मुश्तमिल निहायत ही इ़ब्रत आमोज़ **ह़िकायत** मुला-ह़ज़ा फ़रमाइये, चुनान्चे ह़ज़रते सय्यिदुना मुह़म्मद बिन तरीन "मद्दाह़े रसूल" (या'नी ना'त ख़्वां) के मु-तअ़ल्लिक़ मश्हूर है कि उन्हें जागते में हुज़ूर صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم की आमने सामने ज़ियारत होती थी। जब वोह सुब्ह़ के वक़्त रौज़ए अत़्हर ह़ाज़िर हुए तो हुज़ूरे अन्वर صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم ने उन से अपनी क़ब्रे अन्वर में से कलाम फ़रमाया। येह ना'त ख़्वां अपने इसी मक़ाम पर फ़ाइज़ रहे ह़त्ता कि एक शख़्स ने उन से दर-ख़्वास्त की,

कि शहर के ह़ाकिम के पास उस की सिफ़ारिश करें आप رَحْمَةُاللّٰهِ تَعَالٰی عَلَيْه ह़ाकिम के पास पहुंचे और सिफ़ारिश की। उस ह़ाकिम ने आप رَحْمَةُاللّٰهِ تَعَالٰی عَلَيْه को अपनी मस्नद पर बिठाया। तब से आप رَحْمَةُاللّٰهِ تَعَالٰی عَلَيْه की ज़ियारत का सिल्सिला ख़त्म हो गया फिर येह हमेशा हुज़ूरे अक़्दस صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم की बारगाह में ज़ियारत की तमन्ना पेश करते रहे मगर ज़ियारत न हुई। एक मर्तबा एक शे'र अ़र्ज़ किया तो दूर से ज़ियारत हुई, हुज़ूरे अकरम صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इर्शाद फ़रमाया : "ज़ालिमों की मस्नद पर बैठने के साथ मेरी ज़ियारत चाहता है इस का कोई रास्ता नहीं।" ह़ज़रते सय्यिदुना अ़ली ख़व्वास رَحْمَةُاللّٰهِ تَعَالٰی عَلَيْه फ़रमाते हैं कि फिर हमें उन बुज़ुर्ग (ना'त ख़्वां) के मु-तअ़ल्लिक़ ख़बर न मिली कि उन को सरकार صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم की ज़ियारत हुई या नहीं ह़त्ता कि उन का विसाल हो गया। (میزان الشریعة الکبریٰ ص ٤٨) **अल्लाह عَزَّوَجَلَّ की उन पर रह़मत हो और उन के सदक़े हमारी मग़्फ़िरत हो।** اٰمِيْن بِجَاهِ النَّبِيِّ الْاَمِيْن صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم

जो लोग ज़ाती मफ़ाद की ख़ातिर अरबाबे इक़्तिदार के आगे पीछे फिरते, कभी किसी वज़ीर या सद्र वग़ैरा के यहां मौक़अ़ मिले तो उड़ते हुए ह़ाज़िर हो जाते, सद्र तमग़ा पहना दे या हाथ मिला ले तो उस की तस्वीर आवेज़ां करते दूसरों को दिखाते और इस को बहुत बड़ा ए'ज़ाज़ तसव्वुर करते हैं उन के लिये गुज़श्ता ह़िकायत में बहुत कुछ दर्से इ़ब्रत है

اَلْعَاقِلُ تَكْفِيْهِ الْاِ شَارَةُ या'नी अ़क़्ल मन्द के लिये इशारा काफ़ी है।

प्यारे ना'त ख़्वां ! अगर आप रूह़ानिय्यत चाहते हैं, तो सामिई़न की कसरत व क़िल्लत को मत देखिये, चाहे हज़ारों का इज्तिमाअ़ हो या फ़क़त एक ही फ़र्द, उसी लगन और धुन के साथ आक़ा صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم के तसव्वुर में डूब कर ना'त शरीफ़ पढ़िये, बल्कि तन्हाई में भी सना ख़्वानी की आ़दत बनाइये। ह़ज़रत मौलाना ह़सन रज़ा ख़ान عَلَيْهِ رَحْمَةُ الرَّحْمٰن के इस शे'र को सिर्फ़ रस्मी तौ़र पर पढ़ने के

बजाए इस की ह़क़ीक़त की त़रफ़ भी मु-तवज्जेह रहिये ।

दिल में हो याद तेरी गोशए तन्हाई हो

फिर तो ख़ल्वत में अ़जब अन्जुमन आराई हो

اِنْ شَآءَ اللّٰه عزوجل फिर तो.....

जल्वे ख़ुद आएं त़ालिबे दीदार की त़रफ़

अगर कोई बात ग़लत़ पाएं तो मेरी इस्लाह़ फ़रमा दीजिये । दुआ़ए मग़्फ़िरत का भिकारी हूं ।

त़ालिबे ग़मे मदीना व
बक़ीअ़ व मग़्फ़िरत व
बे ह़िसाब जन्नतुल फ़िरदौस
में आक़ा का पड़ोस



29 स-फ़रुल मुज़फ़्फ़र 1431 हि.

"ग़ीबत कर के नेकियां बरबाद न करें" के पच्चीस ह़ुरूफ़ की निस्बत से ना'त ख़्वां के बारे में ग़ीबत के अल्फ़ाज़ की 25 मिसालें

❁ मीरासी है ❁ इस को **ना'त** पढ़ने का ढंग नहीं आता ❁ इस की आवाज़ बस ऐसी ही है ❁ इस की

आवाज़ बे सुरी है ❁ फटे हुए ढोल जैसी आवाज़ है ❁ दूसरे **ना'त ख़्वानों** की तर्ज़ें चुराता है ❁ दूसरों के शे'र चुरा कर खुद शाइर बन बैठा है ❁ **पैसों के लिये ना'त पढ़ता है** ❁ येह तो **प्रोफ़ेश्नल** ना'त ख़्वां है ❁ सिर्फ़ **बड़ी पार्टियों** की महफ़िलों में जाता है ❁ इस में इख़्लास नहीं है ❁ ज़ियादा लोग हों या ❁ ईको साउन्ड हो जभी पढ़ता है ❁ जब आता है माईक नहीं छोड़ता ❁ दूसरों की बारी ही नहीं आने देता ❁ जान बूझ कर **रोने** जैसी आवाज़ निकालता है ❁ आहा ! बड़ा महंगा सूट पहन रखा है ज़रूर ना'त ख़्वानी करवाने वालों ने ले कर दिया होगा ❁ इस की अदाएं देखो ! लगता है गाना गा रहा है ❁ इस की आंखें नींद से भरी पड़ी हैं फिर भी पैसों के लालच में ना'त पढ़ने आ गया है ❁ जिस शे'र पर नोटें आना शुरूअ़ हो जाएं बार बार उसी शे'र को पढ़ता रहता है ❁ बस किसी जगह महफ़िल का पता चल जाए, येह वहां पैसों के लालच में बिन बुलाए भी पहुंच जाता है ❁ रात गए तक ना'तें पढ़ता है, फ़ज्र मस्जिद में जमाअ़त से नहीं पढ़ता ❁ अब इस के पास टाइम कहां होगा इस के तो सीज़न के दिन हैं, बड़े नोट

दिखाओ तो आएगा ❁ पिछली बार शायद पैसे कम मिले थे तभी इस बार नहीं आया ❁ अपना केसिट निकलवाने के लिये कम्पनी वालों की बड़ी चापलूसी करता है।

"ग़ीबत से हम को बचा या इलाही" के उन्नीस हुरूफ़ की निस्बत से ना'त ख़्वानी/जल्से या इज्तिमाअ़ में होने वाली ग़ीबत की 19 मिसालें

❁ येह मुबल्लिग़ (या मौलाना या ना'त ख़्वां) कहां खड़ा हो गया अब तो येह माईक नहीं छोड़ेगा ❁ उस की आवाज़ अच्छी है इस लिये क़िराअत सुन कर लोग दाद देते हैं वैसे तज्वीद की काफ़ी ग़-लतियां करता है ❁ उस के तलफ़्फ़ुज़ ग़लत होते हैं ❁ इस को तक़रीर करनी ❁ या ना'त पढ़नी ही कहां आती है ❁ चलो ! चलो ! अब येह लम्बी करेगा ❁ नोटें चलती हैं तो इस की आवाज़ खुल जाती है ❁ हमारे शहर में आने के लिये तो इस ने हवाई जहाज़ का रीटर्न टिकट मांगा था ❁ इस ना'त ख़्वां का मिज़ाज तो आस्मान पर रहता है ❁ इस को तो बस एक ही तर्ज़ आती है ❁ येह तो दूसरे ना'त ख़्वानों की तर्ज़ें चुराता है ❁ इस ने बयान की तय्यारी नहीं

की इधर उधर की बातें कर के वक़्त गुज़ार रहा है ❁ आयतें तो पढ़ता नहीं बस क़िस्से कहानियां सुनाता है ❁ उस मुक़र्रिर की आवाज़ अच्छी है मगर उस की तक़रीर में ख़ास मवाद नहीं होता ❁ ख़िताब बड़ा जोशीला था मगर दलाइल में दम नहीं था ❁ हमारे ख़तीब साहिब अपने बयान में सुन्नत एक नहीं बताते बस लठ ले कर बद मज़्हबों के पीछे पड़े रहते हैं ❁ आज ख़तीब साहिब के बयान में मज़ा नहीं आया ❁ वोह मौलाना साहिब जल्से में देर से आने के आदी हैं ❁ फुलां की तक़रीर में बस जोश ही जोश होता है अपने पल्ले कुछ भी नहीं पड़ता।

"ग़ीबतें करने वाले क़ियामत में कुत्ते की शक्ल में उठेंगे" के चालीस हुरूफ़ की निस्बत से ना'त ख़्वानों के माबैन होने वाली ग़ीबतों की 40 मिसालें

दा'वते इस्लामी के इशाअ़ती इदारे मक-त-बतुल मदीना की मत़्बूआ़ 505 स-फ़ह़ात पर मुश्तमिल किताब, "**ग़ीबत की तबाह कारियां**" सफ़ह़ा 410 ता 411 पर है : "ना'त ख़्वानी" निहायत उ़म्दा इ़बादत है, सुरीली आवाज़ बेशक रब्बुल इ़ज़्ज़त की عَزَّوَجَلَّ इनायत है मगर इस

में इम्तिहान बहुत सख़्त है, जिसे इख़्लास मिल गया वोही काम्याब है। बा'ज़ ना'त ख़्वां مَاشَآءَاللّٰه عَزَّوَجَلَّ ज़बर दस्त आ़शिक़े रसूल होते हैं जो कि बिग़ैर किसी दुन्यवी लालच के आंखें बन्द किये इ़श्क़े रसूल में डूब कर ना'त शरीफ़ पढ़ते हैं और सामिईन के दिलों को तड़पा कर रख देते हैं जब कि बा'ज़ ला उबाली चन्चल और इन्तिहाई ग़ैर सन्जीदा होते हैं इस त़रह़ के ना'त ख़्वानों में जिन बद नसीबों का दिल ख़ौफ़े ख़ुदा عَزَّوَجَلَّ से ख़ाली होता है, वोह पीछे से एक दूसरे पर जी भर कर तन्क़ीदें करते, ख़ूब ख़ूब **ग़ीबतें** करते, आवाज़ों की नक़्लें उतार कर ठीक ठाक मज़ाक़ उड़ाते और ऊपर से ज़ोरदार क़ह्क़हे लगाते हैं। **अल्लाहु रह़मान** عَزَّوَجَلَّ ह़क़ीक़ी म-दनी ना'त ख़्वां ह़ज़रते सय्यिदुना ह़स्सान رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ के सदक़े इन्हें भी इ़श्क़े रसूल में रोने रुलाने वाला मुख़्लिस ना'त ख़्वां बनाए। اٰمِیْن بِجَاہِ النَّبِیِّ الْاَمِیْن صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم ऐसे ना'त ख़्वानों की इस्लाह़ के जज़्बे के तह़्त इन के दरमियान होने वाली मु-तवक़्क़अ़ **ग़ीबतों** की 40 मिसालें अ़र्ज़ करता हूं : ❁ पता नहीं येह मौलवी **माईक** पर कहां से आ गया कि इतनी लम्बी तक़रीर शुरूअ़ कर दी है !

❁ लोग उक्ता कर उठ उठ कर जा रहे हैं मगर येह है कि माईक ही नहीं छोड़ता ❁ बानिये महफ़िल ने लाइट का इन्तिज़ाम ठीक नहीं करवाया ❁ मन्च (स्टेज) पर डेकोरेशन कम थी ❁ इस ने ना'त ख़्वानों को गरमी में मार दिया एक पेड स्टिल फ़ेन ही रख दिया होता ❁ यार ! येह साउन्ड वाला भी बिल्कुल बेकार साउन्ड लाया है ❁ कॉर्डलेस (Cordless) माईक की तरकीब भी ठीक नहीं थी ❁ उस ना'त ख़्वां ने सारा वक़्त ले लिया हमारी बारी ही नहीं आने दी मुझे ताख़ीर से मौक़अ़ दिया ❁ मुझे कम वक़्त दिया ❁ यार ! येह ना'त ख़्वां माईक पर नहीं आना चाहिये था, इस ने रुलाने वाली ना'त पढ़ कर महफ़िल का रुख़ ही बदल डाला, लोग तो झूमाने वाली त़र्ज़ पर नोटें लुटाया करते हैं ! ❁ यार ! इस ना'त ख़्वां ने नया कलाम सुना कर बड़ी चालाकी से जेबें ख़ाली करवा ली हैं हमारे लिये कुछ नहीं बचा ! ❁ अरे ! इस को माईक कहां दे दिया ! एक तो आवाज़ बे सुरी है और ऊपर से लम्बी करता है लोग उठ जाते हैं, हम किस के सामने ना'त पढ़ेंगे ? ❁ आ'ला ह़ज़रत का कलाम पढ़ना नहीं आता ❁ पुरानी त़र्ज़ में

पढ़ता है ❁ पुरसोज़ त़र्ज़ें ठीक से नहीं पढ़ पाता ❁ इस को झूमाने वाले कलाम पढ़ने नहीं आते ❁ अ़-रबी कलाम नहीं पढ़ पाता ❁ येह ना'त ख़्वां त़र्ज़ें बिगाड़ कर पढ़ता है ❁ फुलां ना'त ख़्वां जहां माल ज़ियादा हो वहीं जाता और वहां के ह़िसाब से कलाम पढ़ता है ❁ वोह जब ना'त पढ़ता है तो उस का मुंह कैसा बन जाता है ! ❁ अरे उस के ना'त पढ़ने का अन्दाज़ देखा है ऐसा टेढ़ा मुंह कर के गला फाड़ कर सुर बनाता है कि हंसी रोकना मुश्किल हो जाता है ❁ बानिये मह़फ़िल बड़ा कन्जूस है, जेब में हाथ ही नहीं डालता था ❁ फुलां की आवाज़ ज़रा अच्छी है तो मग़रूर हो गया है ❁ वोह तो भई बहुत बड़ा ना'त ख़्वां है, हम जैसे छोटे ना'त ख़्वानों को तो लिफ़्ट भी नहीं करवाता ❁ मन्च (स्टेज) पर मालदारों को बिठा रखा था ❁ इस के नख़रे बहुत हो गए हैं ❁ त़र्ज़ कलाम के मुत़ाबिक़ नहीं थी ❁ ईको साउन्ड पर इस का गला ज़ियादा काम करता है ❁ इस को नज़राने मिलने पर कैसा जोश चढ़ता है ❁ ज़ियादा लोगों में ज़ियादा खुलता है ❁ फुलां ना'त ख़्वां चूंकि फ़ारिग़ है, इस लिये नई नई

त़र्ज़ें बनाता रहता है ❁ भई ! वोह तो जैसे बहुत बड़ा ना'त ख़्वां हो मह़फ़िल में अपनी बारी के वक़्त ही आता और कलाम पढ़ कर चला जाता है ❁ इस और उस ना'त ख़्वां की जोड़ी है येह दोनों किसी को घास नहीं डालते ❁ बार बार एक ही कलाम पढ़ता है ❁ फुलां ना'त ख़्वां की नक़्क़ाली करता है ❁ न जाने किस शाइ़र का कलाम उठा लाया था ❁ बानिये मह़फ़िल ने सना ख़्वानों की कोई ख़िदमत ही नहीं की ❁ बानिये मह़फ़िल ने मुझे टेक्सी का किराया तक नहीं दिया, बहुत कन्जूस निकला ❁ गला फाड़ फाड़ कर खाना सारा हज़्म हो गया, बा'द को मा'लूम हुवा कि बानिये मह़फ़िल ने सना ख़्वानों के लिये खाने का कोई इन्तिज़ाम ही नहीं किया था ❁ कल जिस के यहां मह़फ़िल थी वोह बड़ा दलेर था, कवर खोला तो 1200 रुपै थे ! मगर आज वाला बानिये मह़फ़िल कन्जूस है 100 रुपल्ली थमा दी !

(इन के इ़लावा ग़ीबत की बे शुमार मिसालों की मा'लूमात के लिये मक-त-बतुल मदीना की म़त़्बूआ़ 505 स-फ़ह़ात की किताब ''ग़ीबत की तबाह कारियां'' का मुत़ा-लआ़ कीजिये)

الف

अल्फ़ाज़	मआ़नी
अ–बदी	हमेशा के लिये
अब्र	बादल
अब्रे बारां	बरसने वाला बादल
अब्रे रह़मत	रह़मत का बादल
अत्क़िया	तक़ी की जम्अ़, परहेज़ गार लोग
इत्माम	ख़त्म होना
असासा	सरमाया, जम्अ़ किया हुवा माल
इजाबत	क़बूलिय्यत
अजल	मौत
एह़तिसाब	ह़िसाब किताब
एह़क़ाक़े ह़क़	ह़क़ का सुबूत देना
इख़्तिताम	ख़त्म होना
उख़ुव्वत	भाईचारा
अख़्यार	नेक लोग
इदराक	समझ
इज़्न	इजाज़त
इरम	जन्नत
अ–ज़ली	दवामी, जिस की कोई इब्तिदा न हो
इस्तिग़ासा	फ़रियाद
उस्तुवार	मज़्बूत़, पाएदार
असरार	सिर की जम्अ़, राज़
अस्फ़ार	सफ़र की जम्अ़

असीराने क़फ़स	पिंजरे के क़ैदी
अश्जार	शजर की जम्अ़, बहुत से दरख़्त
अश्रार	शरीर की जम्अ़
अश्के ख़ूनीं बहाना	कसरत से रोना
अस्फ़िया	सफ़ी की जम्अ़, बरगुज़ीदा लोग
अत्वार	त़ौर की जम्अ़, त़ौर त़रीक़े
आ'दा	अ़दू की जम्अ़, दुश्मन
आ'दाए दीन	दुश्मनाने दीन
आ'ला इ़ल्लिय्यीन	"जन्नत के निहायत ही बुलन्दो बाला मकानात" येह अहले ईमान की रूह़ के रहने का सब से आ'ला मक़ाम है

अग़िस्नी या रसूलल्लाह	ऐ अल्लाह के रसूल मेरी फ़रियाद को पहुंचिये
अग़्निया	ग़नी की जम्अ़, मालदार लोग
उफ़्ताद	ह़ादिसा, आफ़त
अफ़्सुर्दा	ग़मज़दा
अफ़्गार	ज़ख़्मी
अल ग़ियास	फ़रियाद, फ़रियाद है
अल फ़िराक़	जुदाई के वक़्त बोला जाने वाला ह़सरत व अफ़्सोस का लफ़्ज़
अलम	ग़म
अल वदाअ़	रुख़्सत, आख़िरी सलाम, जुदाई
इमामुल अस्ख़िया	सख़ियों का पेशवा
अम्वाज	मौज की जम्अ़, लहरें

अम्बार	ढेर
अन्दौह गीं	ग़मगीन
औज	बुलन्दी
ऊजड़	वीरान

आस	उम्मीद
आशकार	ज़ाहिर
आ–गही	वाक़िफ़िय्यत
आलाम	अलम की जम्अ़, बहुत सारे ग़म
आंगन	घर के अन्दर का सेहून, अंगनाई

आ

अल्फ़ाज़	मआ़नी
आबाओ अज्दाद	अब और जद की जम्अ़, बाप दादा
आबशार	ऊंची जगह से गिरने वाला पानी
आबगीनए दिल	कांच या शीशे की त़रह़ नाज़ुक दिल
आठ पहर	रात दिन, हर वक़्त
आज़ार	तक्लीफ़, दुख

ब

अल्फ़ाज़	मआ़नी
बादे सबा	सुब्ह़ की हवा, वोह हवा जो मशरिक़ से चले
बादे मुख़ालिफ़	आगे बढ़ने से रोकने वाली हवा, आंधी, तूफ़ान
बा दीदए नम	रोती हुई आंख से

बारे दीगर	दोबारा
बारे गुनह	गुनाह का बोझ
बा शुऊ़र	समझदार
बा सफ़ा	पाकीज़ा, खरा
बाला	बुलन्द
बामे का'बा	का'बा शरीफ़ की छत के ऊपर का हिस्सा
बबूल	कांटों का दरख़्त
बजरा	एक क़िस्म की गोल ख़ूब सूरत किश्ती
पुचकार	प्यार, दिलासा
बहरो बर	समुन्दर और खुश्की

बख़्त बेदार	क़िस्मत वाला
बख़्त वर	खुश नसीब
बख़्ते ख़्वाबीदा	सोया हुवा नसीब
बद अत्वार	बुरे ढंगों का
बदरुद्दुजा	अंधेरी रात को रोशन करने वाला चांद
बद गुफ़्तार	बुरा बोलने वाला
बराअत	नजात
बुर्दे यमानी	यमन की चादर
बरज़ख़	मौत और क़ियामत का दरमियानी वक़्फ़ा
बर्क़	बिजली

बरखा	बारिश
बरह्ना पा	नंगे पाउं
ब सूए मन	मेरी जानिब
बिशारत	खुश ख़बरी
बशाशत	ताज़गी
बसारत	आंखों की नज़र
बसीरत	दिल की नज़र
बत्ने मादर	मां का पेट
बई़द	दूर
बक़ीए ग़रक़द	जन्नतुल बक़ीअ़ का नाम
बक्की	बक्वासी, फ़ुज़ूल गो

बिला रैब	बेशक
बलिय्यात	बलाएं
बन	जंगल
बोरिया	चटाई
भंवर	गिर्दाब, पानी का चक्कर
बियाबान	जंगल
बे बदल	बे मिसाल
बेखुद	अपने आप से बे ख़बर, मस्त
बेर	दुश्मनी
बीर	कूंआं
बेड़ा	किश्ती
बे अ़दद	ला ता'दाद

बेगाना	पराया
बे गुमान	बेशक
बे नवा	बेकस, मजबूर



अल्फ़ाज़	मआ़नी
पारसा	परहेज़ गार
पारह पारह	टुकड़े टुकड़े
पट	किवाड़, दरवाज़ा
पज़ीराई	मन्ज़ूरी, इस्तिक़्बाल, क़बूलिय्यत
परचार	तब्लीग़
पुर अन्वार	रोशन
परतौ	परछाईं, रोशनी

पुर ज़िया	रोशन
पज़ मुर्दा	मुरझाया हुवा, कुमलाया हुवा
पिसर	फ़रज़न्द
पसे मर्ग	मरने के बा'द
पशेमानी	शरमिन्दगी, नदामत
पन्छी	परिन्दा
पिन्हां	छुपा हुवा, पोशीदा
पौ फटना	सुब्हे सादिक़ होना
फूहार	फुवार, हलकी हलकी बूंदें
फैर	धोकाबाज़ी, मक्रो फ़रेब
फैरा	गश्त, दौरा
पिया	प्यारा, महबूब

पियादा	पैदल चलने वाला
पेचो ख़म	चक्कर, बल, फैर
पेचीदा, गुथ्थी	उलझी हुई मुश्किल
पैराहन	लिबास
पैज़ार	जूती
पैके अजल	म-लकुल मौत
पैमाना	जाम, पियाला, तराज़ू
पैहम	लगातार



अल्फ़ाज़	मआ़नी
ताबिश	चमक, रोशनी
ता ब-के	कब तक

तार	धागा, तारीक
तारीक	अंधेरी
तबह़्हुरे इ़ल्मी	निहायत वुस्अ़ते इ़ल्मी
तबस्सुम रैज़	मुस्कराने वाला
तजल्ली	चमक, जल्वा
तज्हील	नादान कहना, जाहिल कहना
तुरबत	क़ब्र
तड़का	अ़लस्सबाह़, सुब्ह़ सवेरा
तसल्सुल	सिल्सिला
तिश्नगाने दीद	दीदार के प्यासे
तिश्ना लबी	प्यास
तिश्नगी	प्यास

तसद्दुक़	क़ुरबानी, ख़ैरात
तसर्रुफ़	इख़्तियार, इस्ति'माल, ता़क़त
तक्सीर	कसरत
तकना	देखना
तलातुम ख़ैज़	तूफ़ानी
तल्ख़ियों	बद मज़ा ह़ालतों
तमाम	सब, मुकम्मल
तमस्खुर	मज़ाक़ मस्ख़री
तम्हीद	इब्तिदा
तन्दही	कोशिश, जां फ़िशानी
तनज़्ज़ुल	कमी, ज़वाल
तन्वीर	रोशनी, चमक

तवंगर	मालदार
तहनिय्यत	मुबारक बाद
थूहर	एक कांटेदार ज़हरीला पौदा जो दोज़ख़ियों की ग़िज़ा होगा, ज़क़्क़ूम
ती–रगी	सियाही, अंधेरा
तीरा	अंधेरा
तैगे़ बकफ़	हाथ में तलवार लिये

ज

अल्फ़ाज़	मआ़नी
जा	जगह
जामए नूर	नूर का लिबास
जामे हस्ती	ज़िन्दगी का जाम, पैदा होना

जानां	महबूब
जां बलब	मरने के क़रीब
जां फ़िज़ा	दिल ख़ुश करने वाला, मुसर्रत अंगेज़
जां कनी	नज़्अ़, जां कुन्दनी, सकरात, दम टूटने का वक़्त
जां गुज़ा	जान को तक्लीफ़ देने वाली
जाने मुज़्तर	बे क़रार
जिबाल	जबल की जम्अ़ या'नी पहाड़
जबीने नियाज़	अ़क़ीदत भरी पेशानी
जहीम	जहन्नम के एक त़बक़े का नाम

जिगर	कलेजा
जिला	सफ़ाई, रोशनी
जल्वए ज़ैबा	हसीन जल्वा
जमाल	हुस्न, ख़ूब सूरती
जन्जाल	वबाल, हैरानी परेशानी, आफ़त बखेड़ा
जुनून	दीवानगी
जवार	पड़ोस
जौहर	क़ीमती पथ्थर, कमाल
झाला	मक़ामी बारिश
झिल-मिलाते	जग-मगाते

च

अल्फ़ाज़	मआ़नी
चारा	इ़लाज
चारागर	त़बीब
चाक	चिरा हुवा
चांदना	उजाला, रोशनी
चाहत	मह़ब्बत
चढ़ाई	ह़म्ला, बुलन्दी
चश्मे बीना	देखने वाली आंख
चश्मे तर	रोने वाली आंख
चश्मे गिरयां	रोने वाली आंख
चकाचौंद	जगमग जगमग
चौबदार	ख़बर देने वाला, तश्हीर करने वाला
चौ त़रफ़	चारों त़रफ़
चोकस	होशियार, चोकन्ना
चौखट	दरवाज़ा
चौ गिर्द	चारों त़रफ़

ह

अल्फ़ाज़	मआ़नी
ह़ावी	ग़ालिब
हुब्बे जाह	इ़ज़्ज़त व शोहरत और मरतबे की मह़ब्बत
हुज्जाज	ह़ाजी की जम्अ़
ह़जर	पथ्थर

ह़–जरे अस्वद	काला पथ्थर (जो का'बे में नस्ब है)
हुस्साद	ह़ासिद की जम्अ़
ह़स्रता	अफ़्सोस का कलिमा
ह़–सनैन	सय्यिदुना इमामे ह़सन और सय्यिदुना इमामे हुसैन رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا
ह़श्र	(क़ियामत में) उठाया जाना
ह़श्मत	शानो शौकत
हुज़ूरी	ह़ाज़िरी, क़ुर्ब, नज़्दीकी
ह़क़ आशना	ख़ुदा परस्त, ह़क़ बात कहने वाला

ह़याते जाविदानी	हमेशा की ज़िन्दगी

ख़

अल्फ़ाज़	मआ़नी
ख़ार	कांटा
ख़ारज़ार	कांटों भरा जंगल
ख़ाशिआ़ना	आ़जिज़ाना
ख़ावर	सूरज
ख़ुदाई	दुन्या, जहां
ख़र	गधा
ख़िरद	समझ,दानाई,अ़क़्ल
ख़ज़ीना	ख़ज़ाना, गोदाम
ख़स्ता जिगर	इ़श्क़ में ज़ख़्मी कलेजा, रन्जीदा

ख़स व ख़ाशाक	सूखी घास और कांटे, कूड़ा करकट
ख़सीस	ना लाइक़, कमीना
ख़स्लते बद	बुरी आ़दत
ख़ल्लाक़	अल्लाह عَزَّوَجَلَّ का सिफ़ाती नाम, ख़ालिक़ के मुबा-लग़े का सीग़ा या'नी बहुत पैदा करने वाला
ख़ुल्द	जन्नत
ख़ुल्क़	अख़्लाक़
ख़ुल्क़े अ़ज़ीम	आ'ला अख़्लाक़
ख़म	तिरछा पन, झुकाव
ख़ुमार	नशा
ख़न्दए बे जा	फ़ुज़ूल हंसी

ख़्वान (ख़ान)	थाल, त़श्त
ख़्वाहां (ख़ाहां)	आरज़ू मन्द
ख़ुद रफ़्तगी	बेख़ुदी, मस्ती
ख़ुशा	कलिमए तह़सीन, मरह़बा, वाह वाह
ख़ुश ख़िसाल	अच्छी आ़दतों वाला
ख़ून रोना	बहुत ज़ियादा रोना
ख़ैर ख़्वाह	भलाई चाहने वाला

अल्फ़ाज़	मआ़नी
दाग़े मुफ़ा-रक़त	जुदाई का सदमा
दामाने तर	गुनह आलूद दामन
दर	दरवाज़ा, में, बीच

दरख़्शां	रोशन
दर्दे पिन्हां	छुपा हुवा दर्द
दरगह	दरगाह का मुख़फ़्फ़फ़
दर मांदगी	बे चा–रगी, आ़जिज़ी
दस्तार	इ़मामा, पगड़ी
दस्त बस्ता	हाथ बांध कर
दस्त गीर	हाथ थामने वाला, मददगार
दश्त	जंगल, रेगिस्तान
दिलदार	तसल्ली देने वाला, महबूब, प्यारा
दिलबर	दिल ले लेने वाला, प्यारा

दिल फ़िगार	ज़ख़्मी दिल वाला
दिलकश	दिल पसन्द
दिलकुशा	दिल को खुश करने वाला, रोशन, फ़राख़
दम बदम	पै दर पै, हर घड़ी
दम लबों पर आना	मरने के क़रीब होना
दना	क़रीब होना
दिवाना	दीवाना का मुख़फ़्फ़फ़
दो गाम	दो क़दम, बहुत ही नज़्दीक
दुहाई	फ़रियाद, मदद त़लब करना
देहलीज़	दरवाज़ा
दहन	मुंह

धड़का	ख़ौफ़
धूल	मिट्टी, ख़ाक
दिया जलाना	चराग़ रोशन करना
दियार	शहर, मुल्क, अ़लाक़ा
दीदए तर	रोती आंख

ڈ

अल्फ़ाज़	मआ़नी
डगर	रास्ता, रविश, अन्दाज़

ذ

अल्फ़ाज़	मआ़नी
ज़म	मज़म्मत, बुराई

ر

अल्फ़ाज़	मआ़नी
राएगां	ज़ाएअ़
रिह़लत	मौत
रुख़	चेहरा
रसाई	पहुंच, दख़्ल, गुज़र
रिज़ा	ख़ुशनूदी
रफ़ाक़त	साथ, हमराही
रिफ़्अ़त	बुलन्दी, बुज़ुर्गी
रन्ज़ूर	ग़मगीन
रंगीं	रंग किया हुवा, दिल पसन्द
रू सियाह	काला चेहरा

रूदाद	ह़ालात, रपोर्ट, दुख, अचानक होने वाला
रोशन ज़मीर	दिल के ह़ालात से आगाह
रिहा	आज़ाद
रिहाई	छुटकारा
रूए अन्वर	नूरानी चेहरा
रूए पुर अन्वार	रोशन चेहरा
रूए ताबां	रोशन चेहरा
रेगज़ार	रेगिस्तान

ز

अल्फ़ाज़	मआ़नी
ज़ार	ज़लीलो रुस्वा, कमज़ोर

ज़ाहिद	दुन्या से बे रग़बत
ज़ाइर	ज़ियारत करने वाला
ज़र	सोना, रुपिया पैसा
ज़मन	ज़माना
ज़ुव्वार	ज़ाइर की जम्अ, ज़ियारत करने वाले लोग
ज़ूर	धोका, फ़रेब
ज़ियादत	ज़ियादा होना
ज़ेरे नगीं	मा तहूत
ज़ीस्त	ज़िन्दगी

س

अल्फ़ाज़	मआ़नी
साह़िल	समुन्दर या दरिया का कनारा

साग़र	जाम, पियाला
साक़िया	ऐ साक़ी, ऐ पिलाने वाले
सागर	समुन्दर
साले रफ़्ता	गया हुवा साल
सानिह़ा	सदमा पहुंचाने वाला वाक़िआ़, ह़ादिसा
साइले बे पर	आ़जिज़ भिकारी
साया गुस्तर	मेहरबान, मददगार, ह़ामी
सिब्त़ैन	इमामे ह़सन व इमामे हुसैन رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا
सह़र	सुब्ह़
सुख़न	बात, क़ौल, शे'र,कलाम

सदा	हमेशा
सिदरा (सिद-रतुल मुन्तहा)	बैरी का दरख़्त, सातवें आस्मान पर मौजूद वोह बैरी का दरख़्त जिस से आगे कोई नहीं जा सकता यहां तक कि ह़ज़रते जिब्रील عَلَیْہِ السَّلَام भी नहीं जा सकते।
सरे बालीं	सिरहाने
सर बसर	सरासर, तमाम, यक्सां
सरफ़राज़	काम्याब, सुर्ख़-रू
सिरहाना	तकिया
सोख़्ता	जला हुवा
सफ़ीना	पानी का जहाज़
सक़र	जहन्नम के एक त़ब्क़े का नाम

सकरात	नज़्अ़, जान निकलने का वक़्त
सग	कुत्ता
सलामे शौक़	महब्बत भरा सलाम
सल्बे ईमां	ईमान छिन जाना
संगम	इकठ्ठा होना
संगे दर	दरवाज़े का पथ्थर
संगरेज़ा	पथ्थर का टुकड़ा, कंकर, रोड़ा
सोज़	जलन, तपिश
सवेर	जल्दी, देर की ज़िद
सियाह़त	सैर
सीना तपां	जलता सीना
सीना सिपर	ख़त़रनाक ह़ालात में डट कर मुक़ाबला करने वाला
सैले अश्क	आंसूओं का बहाव

ش

शाख़सार	दरख़्तों का झुन्ड
शाद	खुश
शादां	खुश
शादकाम	काम्याब, खुशह़ाल
शादमां	खुश
शादी	खुशी, बियाह
शाक़	दुश्वार

शाइक़	शौक़ीन
शदाइद	शिद्दत की जम्अ़, तक्लीफ़ें
शर	बुराई
शो'लाबार	जिस से शो'ले उठते हों
शक़ होना	फटना, चिरना, दराड़ पड़ना
शिक्वा	शिकायत
शिकैबाई	सब्र, तह़म्मुल
शम्स	सूरज
शुमूल	शामिल होना
शनासाई	जान पहचान, वाक़िफ़िय्यत
शनावर	तैरने वाला
शोरीदा सर	दीवाना

शह सुवार	माहिर घोड़े सुवार
शही	बादशाही
शैख़ैन	ह़ज़रते सिद्दीक़े अक्बर और फ़ारूक़े आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا
शीर ख़्वार	दूध पीता बच्चा

ص

अल्फ़ाज़	मआ़नी
साइम	रोज़ादार
सबा	हवा, मशरिक़ी हवा
सदा	आवाज़, पुकार
स-दक़ा	ख़ैरात
सदक़ा	वसीला

सुऊ़बत	मुश्किल
सग़ाइर	छोटे गुनाह
सनम	बुत

ض

अल्फ़ाज़	मआ़नी
ज़ईफ़	बूढ़ा, कमज़ोर
ज़लालत	गुमराही
ज़म	शामिल करना, मिलाना
ज़िया	रोशनी

ط

अल्फ़ाज़	मआ़नी
त़रावत	नमी, ठन्डक, ताज़गी

तुग़्यानी	सरकशी, सैलाब
त़ीनत	त़बीअ़त, आ़दत

ظ

अल्फ़ाज़	मआ़नी
ज़ुल्मत	अंधेरा

ع

अल्फ़ाज़	मआ़नी
आ़र	शर्म, ऐ़ब
आ़रिज़ी	वक़्ती, थोड़े वक़्त के लिये
आ़सी	ना फ़रमान, बदकार
आ़लमे ना पाएदार	फ़ानी दुन्या
अ़दू	दुश्मन
अ़र्सए ह़श्र	ह़श्र का मैदान

इ़स्यां	गुनाह
इ़स्यां शिआ़र	गुनहगार
अ़फ़ू	मुआ़फ़ करने वाला
अ़फ़्व	मुआ़फ़ी
उ़क़्बा	आख़िरत
उ़लूए शान	बुलन्दिये शान
अ़न्दलीब	बुलबुल
इ़न्दिया	राय
ग़	
अल्फ़ाज़	**मआ़नी**
गुबार	ख़ाक
ग़स्साल	गुस्ल देने वाला

ग़श खाना	बेहोश होना
गुसीले	गुस्से वाले
गुलगुला	शोरो गुल, चरचा
ग़िल्मान	जन्नत के ख़ादिम
ग़मे रोज़गार	दुन्या का ग़म
ग़म ग़लत़ होना	ग़म दूर होना
ग़मनाक	ग़मगीन
गुन्चा	फूल की कली
ग़मे हिज्र (ग़मे फुरक़त)	जुदाई का सदमा
ग़ौसे आ'ज़म	बहुत बड़ा फ़रियाद सुनने वाला

ف

अल्फ़ाज़	मआ़नी
फ़ितन	फ़ितना की जम्अ़
फ़ुतूर	कमज़ोरी, ख़राबी, फ़साद
फ़िदाई	शैदाई
फ़िराक़	जुदाई
फ़िरावानी	कसरत
फ़रह़त	ख़ुशी
फ़ुरक़त	जुदाई
फ़ज़ूं तर	बहुत ज़ियादा
फ़साना	सर गुज़श्त, माजरा, अह़वाल
फ़लाह़	काम्याबी
फ़िन्नार	जहन्नमी,आग में
फ़ैज़ान	बड़ा फ़ैज़, बड़ा नफ़्अ़, बड़ा फ़ाएदा

ق

अल्फ़ाज़	मआ़नी
क़ासिम	तक़्सीम करने वाला
क़ासिर	मजबूर,लाचार
क़ुरबत	नज़्दीकी, क़ुर्ब
क़रीना	ढंग, अन्दाज़
क़सावत	सख़्ती
क़िस्मत का धनी	मुक़द्दर वाला, ख़ुश क़िस्मत
क़ज़ा	मौत, तक़्दीर

क़ज़िय्या	झगड़ा
क़ल्बे मुज़्तर	बे क़रार दिल
क़ल्बे फ़िगार	ज़ख़्मी दिल
कुमरी	फ़ाख़िता की क़िस्म का एक तौक़दार परिन्दा

ک

अल्फ़ाज़	मआ़नी
कातिबे तक़्दीर	तक़्दीर लिखने वाला (किना- यतन अल्लाह तआ़ला)
कासा	भीक का ठेकरा, पियाला, कटोरा
कासए दिल	दिल को भीक मांगने का पियाला बना लेना

काफ़ूर	ग़ाइब, दूर
काली घटा	काले बादल
कामदार	कारकुन, ओ़हदे दार
कामगार	खुश नसीब
कान	सुनने वाला उ़ज़्व, वोह जगह जहां से खोद कर धात या जवाहिरात वग़ैरा निकालते हैं, मम्बअ़।
काहिल	सुस्त
कबाइर	बड़े गुनाह
कुटिया	झोंपड़ी
कश्कोल	भीक मांगने वालों का कासा
कुल्फ़त	बे क़रारी

किल्क	क़लम
कंगूरा	इ़मारत या मस्जिद वग़ैरा में ख़ूब सूरती के लिये लगाए जाने वाले त़ाक़्चे
कूचा	गली
कोशां	कोशिश करने वाला
कौनो मकां	दुन्या, जहान
कौनैन	दीन व दुन्या दोनों जहां
कोहे अलम	ग़म का पहाड़
कूए यार	महबूब की गली
कहार	पालकी उठाने वाला
कोहसार	पहाड़ों की क़ित़ार

گ

अल्फ़ाज़	मआ़नी
गाम	क़दम
गामज़न	चलने वाला
गदा	भिकारी, मंगता
गिरां	भारी
गुरेज़	परहेज़, अ़लाहिदगी
गिर्या	रोना
गिर्या कुनां	रोने वाला
गुफ़्तार	बातचीत
गुल अ़ज़ार	फूल जैसे गाल वाला बच्चा, ख़ूब सूरत बच्चा

गुम्बदे ख़ज़रा	सब्ज़ गुम्बद
गोरे तीरा	अंधेरी क़ब्र
गोरे ग़रीबां	क़ब्रिस्तान
गोहर	मोती
घाइल	ज़ख़्मी
गेसूए ख़मदार	बल खाई हुई ज़ुल्फ़ें

ل

अल्फ़ाज़	मआ़नी
ला उबाली पन	ला परवाही
ला जरम	बेशक, यक़ीनन
ला रैब	बिला शुबा
लालाज़ार	गुलज़ार, बाग़
लब	ज़बान
लहूद	क़ब्र
लहूज़ा	लम्हा
लुआ़ब	थूक
लइ़ब	खेलकूद, सैर तमाशा
ला'ल	सुर्ख़ हीरा
लिल्लाह	अल्लाह के लिये
लिवाए ह़म्द	ह़म्द का झन्डा
लहक	शो'ला, चमक, खुश्बू जो हवा के साथ फैले
लैलो नहार	रात और दिन

م

अल्फ़ाज़	मआ़नी
मा सिवा	इ़लावा
माहे लिक़ा	चांद जैसी सूरत वाला

मुह़ीत़ होना	ह़ावी होना
मुख़्तार	बा इख़्तियार, पसन्द किया गया
मख़्ज़न	ख़ज़ाना, ज़ख़ीरा, गोदाम
मख़्मूर	नशे में मस्त
मुदाम	हमेशा
मुदावा	इ़लाज
मुदा–वमत	हमेशगी
मद्ह़	ता'रीफ़
मिदह़त	ता'रीफ़
मद्ह़ सरा	ता'रीफ़ करने वाला
मुद्दआ़	मक़्सद, ख़्वाहिश
मदफ़न	दफ़्न की जगह
मरह़ला	सफ़र, कूच

मुर्दार	अपनी मौत से मरा हुवा, मुर्दा
मुर्दन	मौत
मुर्शद	हिदायत किया गया।
मुर्शिद	हिदायत करने वाला, पीर
मुर्शिदी	मेरा पीर
मर्ग़ ज़ार	मर्ग़ या'नी हरी घास मत़लब कि जहां हरी घास फैली हुई हो।
मरग़ूब	पसन्दीदा
मुरीद	ख़्वाहिश मन्द, फ़रमां बरदार
मरीद	सख़्त सरकश, बड़ा शरीर

मुज़य्यन	आरास्ता, सजा हुवा
मुज़्दा	ख़ुश ख़बरी
मसरूर	ख़ुश
मस्कन	ठिकाना
मसीहा़	ह़ज़रते सय्यिदुना ईसा रूहुल्लाह عَلٰى نَبِيِّنَا وَعَلَيْهِ الصَّلٰوةُ وَالسَّلَام का लक़ब
मुश्त	मुठ्ठी
मशरूब	पीने की चीज़
मशिय्यत	मरज़ी
मुस्ह़फ़	क़ुरआने पाक
मुज़्त़रिब	बे क़रार

मुत़ीअ़	फ़रमां बरदार
मज़्हर	ज़ाहिर होने वाला
मुज़्हिर	मुख़्बिर, गवाह, बयान करने वाला
मुआ़–वनत	इमदाद, तआ़वुन
मुअ़त्त़र	ख़ुश्बूदार
मुअ़म्बर	अ़म्बर की ख़ुश्बू में बसा हुवा
मुअ़ूत़ी	अ़त़ा करने वाला
मुग़ीलान	एक कांटेदार दरख़्त, बबूल, कीकर
मफ़्क़ूद	ग़ाइब, गुम
मुफ़्लिस	ग़रीब

मुक़ाबिल	सामने वाला, रू बरू
मक़्हूर	क़हर किया गया
मक्रे शैत़ान	शैत़ान का धोका
मिल्लत	क़ौम
मुल्तजी	अ़र्ज़ गुज़ार, इल्तिजा करने वाला
मल्जा	जाए पनाह, पनाह मिलने की जगह
मल्हूज़	लिह़ाज़ किया गया, ख़याल रखा गया
मलूल	ग़मगीन
मुमासिल	मानिन्द, मिस्ल

मम्लू	पुर, लबरेज़, भरा हुवा
मम्नून	एह़सान मन्द
मनाल	जाएदाद, धन, दौलत
मम्बअ़	जारी होने या निकलने का मक़ाम
मंजधार	दरिया के बीच की धार
मन्क़बत	सह़ाबा व औलिया की शान में ता'रीफ़ी अश्आ़र
मुन्कर	इन्कार किया गया
मुन्किर	इन्कार करने वाला
मौजज़न	ठाठें मारने वाला
मए उल्फ़त	उल्फ़त की शराब
मह	चांद, महीना

महे गुफ़्रान	मग़्फ़िरत का महीना
मैट कर	मिटा कर
मै	शराब
मीज़ां	तराज़ू
मयका	औ़रत के वालिदैन का घर
मीना	सुराह़ी

ن

अल्फ़ाज़	मआ़नी
नाब	ख़ालिस
ना–बकार	निकम्मा
ना तमाम	ना मुकम्मल
नाखुदा	मल्लाह़, जहाज़ का कपतान, रहनुमा
नादार	ग़रीब

नार	आग
ना रवा	ना जाइज़
नातिक़	बोलने वाला
नाता़	रिश्ता
नाक़ा सुवार	ऊंटनी सुवार
नामदार	आ़ली जनाब
नामा	रजिस्टर, आ'माल नामा
नाव	किश्ती
नायाब	वोह चीज़ जो मिल न सके। बेश क़ीमत
नित नया	ताज़ा ब ताज़ा
नख़्ल	खजूर का दरख़्त
नख़्वत	गुरूर

नज़ार	कमज़ोर
नज़्अ़	सकरात, रूह़ क़ब्ज़ होने का वक़्त
नुज़ूल	नाज़िल होना
नुज़्हत	तरो ताज़गी
नसीमे सह़र	सुब्ह़ की हवा
नसीमे त़यबा	हवाए मदीना
ना'त	सरकारे मदीना की शान में ता'रीफ़ी कलाम या अश्आ़र
ना'श	लाश
नग़्मा बार	नग़्मा सुनाने वाला

नफ़्स	सांस
नफ़्से अम्मारा	बुराई पर उभारने वाला नफ़्स
नफ़्सी नफ़्सी (नफ़्सा नफ़्सी)	अपनी अपनी करना और दूसरे की परवाह न करना
नक़्शे कफ़े पा	पाउं के तल्वे का निशान
नकीरों	मुन्कर व नकीर
नकीरैन	मुन्कर व नकीर
नग्हत (नक्हत)	फूलों की खुश्बू
नगीं	नगीना
नगीना	जवाहिर, क़ीमती पथ्थर
नम	तर, भीगी हुई

नमनाक आंख	रोती आंख
नवासन्ज	नग़्मा गाने वाला
नवाल	एह़सान, बख़्शिश
नौबत बजना	नक़्क़ारा बजना, ख़ुशी होना
नौ निहाल	बहुत छोटा बच्चा
नवीद	ख़ुश ख़बरी
निहां	पोशीदा
निहायत	ब कसरत, बेह़द, ह़द
नय्या	किश्ती, नाव
नीम जां	अधमुवा, कमज़ोर

अल्फ़ाज़	मआ़नी
वा	खुला हुवा, कुशादा

वारफ़्तगी	दीवानगी, इ़श्क़ो मस्ती
वासिफ़	ता'रीफ़ करने वाला
वां	वहां का मुख़फ़्फ़फ़
वा होना	खुलना
वह़्शत	हैबत, घबराहट, ख़ौफ़
वरअ़	परहेज़ गारी
विसाल	मिलना, मिलाप
वस्फ़	ख़ूबी, ता'रीफ़
वस्ल	मुलाक़ात, मिलाप
वई़द	धमकी
विला	मह़ब्बत

अल्फ़ाज़	मआ़नी
हिज्र	जुदाई

हज़्दा हज़ार	अठ्ठारह हज़ार
आ़लम	त़रह़ की मख़्लूक़
हमदम	रफ़ीक़, यार, दोस्त
हम साएगी	पड़ोस
हम शबीह	हम शक्ल
हवस	ह़िर्स, लालच
हूक उठना	दर्द होना

ے، ی

अल्फ़ाज़	मआ़नी
यावर	ह़िमायती, मददगार
यावह गोई	फ़ुज़ूल बातें
यलग़ार	ह़म्ला

एह़तियाती तज्दीदे ईमान कब कब करें

म-दनी मश्वरा है रोज़ाना कम अज़ कम एक बार म-सलन सोने से क़ब्ल (या जब चाहें) **एह़तियाती तौबा व तज्दीदे ईमान** कर लीजिये और अगर **ब आसानी** गवाह दस्त-याब हों तो मियां बीवी तौबा कर के घर के अन्दर ही कभी कभी एह़तियात़न **तज्दीदे निकाह़** की तरकीब भी कर लिया करें। मां, बाप, बहन, भाई और औलाद वग़ैरा आ़क़िल व बालिग़ मुसल्मान मर्द व औ़रत **निकाह़** के गवाह बन सकते हैं। (या'नी दो मर्द या एक मर्द और दो औ़रतें गवाह हो सकती हैं) **एह़तियाती तज्दीदे निकाह़** बिल्कुल मुफ़्त है इस के लिये महर की भी ज़रूरत नहीं।

ह़म्द व ना'त और मन्क़बत किसे कहते हैं ?

सुवाल : ह़म्द व ना'त और मन्क़बत के मा'ना बता दीजिये।

जवाब : तीनों के लफ़्ज़ी मा'ना क़रीब करीब एक ही हैं या'नी ता'रीफ़ व तौसीफ़ मगर मजाज़ी मा'ना जुदा जुदा हैं। लिहाज़ा ''**ह़म्द**'' का लफ़्ज़ ख़ुदा की ता'रीफ़ के लिये बोला जाता है। सरवरे काएनात صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم की ता'रीफ़ की **ना'त** और सह़ाबए किराम व औलियाए उ़ज़्ज़ाम عَلَيْهِمُ الرِّضْوَان की ख़ूबियों के बयान को **मन्क़बत** कहते हैं। आज कल आ़म शु-अ़रा ''ना'त'' कम ही लिखते हैं। उ़मूमन इन के कलाम हिज्रो फ़िराक़, मदीनए मुनव्वरह की ह़ाज़िरी की तड़प या ''इस्तिग़ासा'' या'नी फ़रियाद पर मुश्तमिल होते हैं। बारगाहे रिसालत صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم में फ़रियाद करना और इमदाद त़लब करना बेशक जाइज़ है। मु-तज़क्करा तमाम कलाम उ़र्फ़े आ़म में ना'त ही कहलाते हैं और इस में ह़रज भी नहीं। **ना'त** के मा'नवी ए'तिबार से ना'तिया अश्आ़र लिखना बहुत दुश्वार होता है।

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ وَالصَّلٰوةُ وَالسَّلَامُ عَلٰى سَيِّدِ الْمُرْسَلِيْنَ
اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ ؕ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ؕ

तू ही मालिको बह़रो बर है या अल्लाहु या अल्लाह

तू ही मालिको बह़रो बर है या अल्लाहु या अल्लाह
तू ही ख़ालिक़े जिन्नो बशर है या अल्लाहु या अल्लाह

तू अ-बदी है तू अ-ज़ली है तेरा नाम अ़लीमो अ़ली है
ज़ात तेरी सब से बरतर है या अल्लाहु या अल्लाह

वस्फ़ बयां करते हैं सारे संगो शजर और चांद सितारे
तस्बीह़े हर ख़ुश्को तर है या अल्लाहु या अल्लाह

तेरा चरचा गली गली है डाली डाली कली कली है
वासिफ़ हर इक फूलो समर है या अल्लाहु या अल्लाह

ख़ल्क़त जब पानी को तरसे रिमझिम रिमझिम बरखा बरसे
हर इक पर रह़मत की नज़र है या अल्लाहु या अल्लाह

रात ने जब सर अपना छुपाया चिड़ियों ने येह ज़िक्र सुनाया
नग़मा बार नसीमे सह़र है या अल्लाहु या अल्लाह

बख़्श दे तू अ़त्तार को मौला वासिता तुझ को उस प्यारे का
जो सब नबियों का सरवर है या अल्लाहु या अल्लाह

या इलाही ! मग़्फ़िरत कर बे कसो मजबूर की

हर ख़ता तू दर गुज़र कर बे कसो मजबूर की
या इलाही ! मग़्फ़िरत कर बे कसो मजबूर की

या इलाही ! कर दे पूरी अज़ पए ग़ौसो रज़ा
आरज़ूए दीदे सरवर बे कसो मजबूर की

ज़िन्दगी और मौत की है या इलाही कश्मकश
जां चले तेरी रिज़ा पर बे कसो मजबूर की

आ'ला इल्लिय्यीन में या रब ! इसे देना जगह
रूह चल दे जब निकल कर बे कसो मजबूर की

या खुदा ! पूरी तमन्ना हो बक़ीए पाक की
अज़ पए ह़-सनैनो हैदर बे कसो मजबूर की

वासिता नूरे मुह़म्मद का तुझे प्यारे खुदा
गोरे तीरह कर मुनव्वर बे कसो मजबूर की

आप के मीठे मदीने में पए ग़ौसो रज़ा
ह़ाज़िरी हो या नबी ! हर बे कसो मजबूर की

आमिना के लाल ! सदक़ा फ़ातिमा के लाल का
दूर शामे रन्जो ग़म कर बे कसो मजबूर की

नफ़्सो शैतां ग़ालिब आए लो ख़बर अब जल्द तर
या रसूलल्लाह ! आ कर बे कसो मजबूर की

कहते रहते हैं दुआ के वासिते बन्दे तेरे
कर दे पूरी आरज़ू हर बे कसो मजबूर की

बहरे शाहे करबला हों दूर आफ़ातो बला
ऐ ह़बीबे रब्बे दावर ! बे कसो मजबूर की

आप खुद तशरीफ़ लाए अपने बेकस की त़रफ़
"आह" जब निकली तड़प कर बे कसो मजबूर की

ऐ मदीने के मुसाफ़िर ! तू कहानी दर्द की
उन से कहना खूबे रो कर बे कसो मजबूर की

हूक उठी, रूह तड़पी, जब मदीना छुट गया
जान थी ग़मगीनो मुज़्त़र बे कसो मजबूर की

आप के क़दमों में गिर कर मौत की या मुस्त़फ़
आरज़ू कब आएगी बर, बे कसो मजबूर की

नामए अ़त्तार में हुस्ने अ़मल कोई नहीं
लाज रखना रोज़े महशर बे कसो मजबूर की

मैं मक्के में फिर आ गया या इलाही

येह अश्आ़र और इस के बा'द वाले तमाम वोह कलाम जिन में रदीफ़ "या इलाही" है, सफ़रे मदीना सि. 1421 में अ़र्ज़ करने की सआ़दत ह़ासिल हुई।

मैं मक्के में फिर आ गया या इलाही करम का तेरे शुक्रिया या इलाही
न कर रद कोई इल्तिजा या इलाही हो मक़्बूल हर इक दुआ़ या इलाही
रहे ज़िक्र आठों पहर मेरे लब पर तेरा या इलाही तेरा या इलाही
मेरी ज़िन्दगी बस तेरी बन्दगी में ही ऐ काश गुज़रे सदा या इलाही
न हों अश्क बरबाद दुन्या के ग़म में मुह़म्मद के ग़म में रुला या इलाही
अ़त़ा कर दे इख़्लास की मुझ को ने'मत न नज़्दीक आए रिया या इलाही
मुझे औलिया की मह़ब्बत अ़त़ा कर तू दीवाना कर ग़ौस का या इलाही
मैं यादे नबी में रहूं गुम हमेशा मुझे उन के ग़म में घुला या इलाही
मेरे बाल बच्चों पे सारे क़बीले पे रह़मत हो तेरी सदा या इलाही
दे अ़त्तारियों बल्कि सब सुन्नियों को मदीने का ग़म या ख़ुदा या इलाही
ख़ुदाया अजल[1] आ के सर पर खड़ी है दिखा जल्वए मुस्त़फ़ा या इलाही
मेरी लाश से सांप बिच्छू न लिपटें करम बहरे अह़मद रज़ा या इलाही

तू अ़त्तार को सब्ज़ गुम्बद के साए
में कर दे शहादत अ़त़ा या इलाही

1 : मौत

महब्बत में अपनी गुमा या इलाही

महब्बत में अपनी गुमा या इलाही न पाऊं मैं अपना पता या इलाही
रहूं मस्तो बेख़ुद मैं तेरी विला में पिला जाम ऐसा पिला या इलाही
मैं बेकार बातों से बच कर हमेशा करूं तेरी हम्दो सना या इलाही
मेरे अश्क बहते रहें काश हर दम तेरे ख़ौफ़ से या ख़ुदा या इलाही
तेरे ख़ौफ़ से तेरे डर से हमेशा मैं थरथर रहूं कांपता या इलाही
मेरे दिल से दुन्या की चाहत मिटा कर कर उल्फ़त में अपनी फ़ना या इलाही
तू अपनी विलायत की ख़ैरात दे दे मेरे ग़ौस का वासिता या इलाही
गुनाहों ने मेरी कमर तोड़ डाली मेरा हश्र में होगा क्या या इलाही
गुनाहों के अमराज़ से नीम जां हूं पए मुर्शिदी दे शिफ़ा या इलाही
बना दे मुझे नेक नेकों का सदक़ा गुनाहों से हर दम बचा या इलाही
मेरा हर अमल बस तेरे वासिते हो कर इख़्लास ऐसा अता या इलाही
इबादत में गुज़रे मेरी ज़िन्दगानी करम हो करम या ख़ुदा या इलाही

मुसल्मां है अत्तार तेरी अता से
हो ईमान पर ख़ातिमा या इलाही

गुनाहों से मुझ को बचा या इलाही !

गुनाहों से मुझ को बचा या इलाही बुरी आ़दतें भी छुड़ा या इलाही
ख़ता़ओं को मेरी मिटा या इलाही मुझे नेक ख़स्लत बना या इलाही
मुती़अ़[1] अपना मुझ को बना या इलाही सदा सुन्नतों पर चला या इलाही
तुझे वासिता़ सारे नबियों का मौला मेरी बख़्श दे हर ख़ता़ या इलाही
ग़मे मुस्त़फ़ा दे ग़मे मुस्त़फ़ा दे हो दर्दे मदीना अ़ता़ या इलाही
मैं इ़श्क़े नबी में रहूं गुम हमेशा तू दीवाना ऐसा बना या इलाही
मदीने की मस्ती रहे मुझ पे छाई सदा या इलाही सदा या इलाही
दिखा हर बरस तू ह़रम की बहारें तू मक्का मदीना दिखा या इलाही
शरफ़ हर बरस ह़ज का पाऊं ख़ुदाया चले त़यबा फिर क़ाफ़िला या इलाही
जो रोते हैं हिज्रे मदीना में उन को मदीने की गलियां दिखा या इलाही
ज़बान और आंखों का कुफ़्ले मदीना अ़ता़ हो पए मुस्त़फ़ा या इलाही
तू दीवाना मुझ को बना बहरे मुर्शिद शहन्शाहे बग़दाद का या इलाही

مدینہ

1 : फ़रमां बरदार

मुझे सुन्नियत पर तू दे इस्तिक़ामत पए शाहे अह़मद रज़ा या इलाही
तू इंग्रेज़ी फ़ेशन से हर दम बचा कर मुझे सुन्नतों पर चला या इलाही
मुत़ीअ़ अपने मुर्शिद का मुझ को बना दे मैं हो जाऊं इन पर फ़िदा या इलाही
मुत़ीअ़ अपने मां बाप का कर मैं उन का हर इक हुक्म लाऊं बजा या इलाही
सदा पीरो मुर्शिद रहें मुझ से राज़ी कभी भी न हों येह ख़फ़ा या इलाही
बना दे मुझे एक दर का बना दे मैं हर दम रहूं बा वफ़ा या इलाही
तुझे वासित़ा सय्यिदह आमिना का बना आ़शिक़े मुस्त़फ़ा या इलाही
मुझे मालो दौलत की आफ़त ने घेरा बचा या इलाही बचा या इलाही
न दे जाहो ह़श्मत न दौलत की कसरत गदाए मदीना बना या इलाही
मुझे ग़ीबतो चुग़्लियो बद गुमानी की आफ़ात से तू बचा या इलाही
येह दिल गोरे तीरह से घबरा रहा है पए मुस्त़फ़ा जगमगा या इलाही
बक़ीए़ मुबारक में तदफ़ीन मेरी हो बहरे शहे करबला या इलाही

तू अ़त्त़ार को चश्मे नम दे के हर दम
मदीने के ग़म में रुला या इलाही

मिटा मेरे रन्जो अलम या इलाही

मिटा मेरे रन्जो अलम या इलाही अ़ता कर मुझे अपना ग़म या इलाही
शराबे महब्बत कुछ ऐसी पिला दे कभी भी नशा हो न कम या इलाही
मुझे अपना आ़शिक़ बना कर बना दे तू सर ता पा तस्वीरे ग़म या इलाही
फ़क़्त तेरा त़ालिब हूं हरगिज़ नहीं हूं त़लब गारे जाहो ह़शम या इलाही
न दे ताजे शाही न दे बादशाही बना दे गदाए ह़रम या इलाही
जो इ़श्क़े मुह़म्मद में आंसू बहाए अ़ता कर दे वोह चश्मे नम या इलाही
शरफ़ ह़ज का दे दे चले क़ाफ़िला फिर मेरा काश ! सूए ह़रम या इलाही
दिखा दे मदीने की गलियां दिखा दे दिखा दे नबी का ह़रम या इलाही
चले जान इस शान से काश येह सर दरे मुस्त़फ़ा पे हो ख़म या इलाही
मेरा सब्ज़ गुम्बद के साए में निकले मुह़म्मद के क़दमों में दम या इलाही
इ़बादत में लगता नहीं दिल हमारा हैं इ़स्यां में बद मस्त हम या इलाही

मुझे दे दे ईमान पर इस्तिक़ामत पए सय्यिदे मुहूतशम या इलाही
मेरे सर पे इ़स्यां का बार आह मौला ! बढ़ा जाता है दम बदम या इलाही
ज़मीं बोझ से मेरे फटती नहीं है येह तेरा ही तो है करम या इलाही
हुकूकुल इबाद ! आह ! होगा मेरा क्या ! करम मुझ पे कर दे करम या इलाही
बड़ी कोशिशें की गुनह छोड़ने की रहे आह ! नाकाम हम या इलाही
मुझे सच्ची तौबा की तौफ़ीक़ दे दे पए ताजदारे ह़रम या इलाही
जो नाराज़ तू हो गया तो कहीं का रहूंगा न तेरी क़सम या इलाही
मुझे नारे दोज़ख़ से डर लग रहा है हो मुझ ना तुवां पर करम या इलाही
सदा के लिये हो जा राज़ी खुदाया हमेशा हो लुत़्फ़ो करम या इलाही
खुदाया बुरे ख़ातिमे से बचाना पढ़ूं कलिमा जब निकले दम या इलाही
गुनाहों से भरपूर नामा है मेरा मुझे बख़्श दे कर करम या इलाही
तुलें मेरे आ'माल मीज़ां पे जिस दम पड़े इक भी नेकी न कम या इलाही
मैं था लाइक़े नारे दोज़ख़ खुदाया दी जन्नत है कितना करम या इलाही

बरोज़े क़ियामत हो ऐसी इनायत रहूं पुल पे साबित क़दम या इलाही
जला दे न मुझ को कहीं नारे दोज़ख़ करम बहरे शाहे उमम या इलाही
गुनाहों की आ़दत बढ़ी जा रही है करम या इलाही करम या इलाही
गुनाहों की तारीकियां छा गई हैं करम या इलाही करम या इलाही
चले क़ब्र में सब अकेला लिटा कर करम या इलाही करम या इलाही
नकीरैन भी क़ब्र में आ चुके हैं करम या इलाही करम या इलाही
क़ियामत की गर्मी मैं कैसे सहूंगा करम या इलाही करम या इलाही
यहूदो नसारा को मग़्लूब कर दे हो ख़त्म इन का जोरो सितम या इलाही
मुझे दोनों[2] आ़लम की ख़ुशियां अ़त़ा हों मिटा दे ज़माने के ग़म या इलाही
जो बीमार आए शिफ़ा पा के जाए सिखा दे मुझे ऐसा दम या इलाही
मैं तह़रीर से दीं का डंका बजा दूं अ़त़ा कर दे ऐसा क़लम या इलाही

तू अ़त्त़ार को बे सबब बख़्श मौला
करम कर करम कर करम या इलाही

अ़मल का हो जज़्बा अ़ता या इलाही

अ़मल का हो जज़्बा अ़ता या इलाही
गुनाहों से मुझ को बचा या इलाही

मैं पांचों नमाज़ें पढ़ूं बा जमाअ़त
हो तौफ़ीक़ ऐसी अ़ता या इलाही

मैं पढ़ता रहूं सुन्नते़ वक़्त ही पर
हों सारे नवाफ़िल अदा या इलाही

दे शौक़े तिलावत दे ज़ौक़े इ़बादत
रहूं बा वुज़ू मैं सदा या इलाही

हमेशा निगाहों को अपनी झुका कर
करूं ख़ाशिआ़ना दुआ़ या इलाही

न ''नेकी की दा'वत'' में सुस्ती हो मुझ से
बना शाइक़े क़ाफ़िला या इलाही
सआ़दत मिले दर्से ''फ़ैज़ाने सुन्नत''
की रोज़ाना दो[2] मर्तबा या इलाही
मैं मिट्टी के सादा से बरतन में खाऊं
चटाई का हो बिस्तरा या इलाही
है आ़लिम की ख़िदमत यक़ीनन सआ़दत
हो तौफ़ीक़ इस की अ़ता या इलाही
''सदाए मदीना'' दूं रोज़ाना सदक़ा
अबू बक्रो फ़ारूक़ का या इलाही
मैं नीची निगाहें रखूं काश अक्सर
अ़ता कर दे शर्मो हया या इलाही

हमेशा करूं काश पर्दे में पर्दा
तू पैकर ह़या का बना या इलाही
लिबास सुन्नतों से हो आरास्ता और
इ़मामा हो सर पर सजा या इलाही
सभी मुश्त दाढ़ी व गेसू सजाएं
बनें आ़शिक़े मुस्त़फ़ा या इलाही
हर इक "म-दनी इन्आ़म" ऐ काश ! पाऊं
करम कर पए मुस्त़फ़ा या इलाही
हो अख़्लाक़ अच्छा हो किरदार सुथरा
मुझे मुत्तक़ी तू बना या इलाही
गुसीले मिज़ाज और तमस्खुर की ख़स्लत
से अ़त्त़ार को तू बचा या इलाही

हुब्बे दुन्या से तू बचा या रब !

हुब्बे दुन्या से तू बचा या रब आ़शिक़े मुस्त़फ़ा बना या रब
कर दे ह़ज का शरफ़ अ़त़ा या रब सब्ज़ गुम्बद भी दे दिखा या रब
येह तेरी ही तो है इ़नायत कि मुझ को मक्के बुला लिया या रब
आज है रू बरू मेरे का'बा सिल्सिला है त़वाफ़ का या रब
अब्र बरसा दे नूर का कि लूं बारिशे नूर में नहा या रब
काश लब पर मेरे रहे जारी ज़िक्र आठों पहर तेरा या रब
चश्मे तर और क़ल्बे मुज़्त़र दे अपनी उल्फ़त की मै पिला या रब
आह ! तुग़्यानियां गुनाहों की पार नय्या मेरी लगा या रब
नफ़्सो शैत़ान हो गए ग़ालिब इन के चुंगल से तू छुड़ा या रब
कर के तौबा मैं फिर गुनाहों में हो ही जाता हूं मुब्तला या रब
नीम जां कर दिया गुनाहों ने मरज़े इ़स्यां से दे शिफ़ा या रब

किस के दर पर मैं जाऊंगा मौला गर तू नाराज़ हो गया या रब
वक़्ते रिह़लत अब आ गया मौला जल्वए मुस्त़फ़ा दिखा या रब
क़ब्र में आह ! घुप अंधेरा है रोशनी हो पए रज़ा या रब
सांप लिपटें न मेरे लाशे से क़ब्र में कुछ न दे सज़ा या रब
नूरे अह़मद से क़ब्र रोशन हो वहूशते क़ब्र से बचा या रब
हाए ! हुस्ने अ़मल नहीं पल्ले ह़श्र में मेरा होगा क्या या रब
गर्मिये ह़श्र, प्यास की शिद्दत जामे कौसर मुझे पिला या रब
ख़ौफ़ आता है नारे दोज़ख़ से हो करम बहरे मुस्त़फ़ा या रब
मेरा नाज़ुक बदन जहन्नम से बहरे ग़ौसो रज़ा बचा या रब
त़ालिबे मग़्फ़िरत हूं या अल्लाह बख़्श दे बहरे मुर्तज़ा या रब
सब ने ठुकरा दिया तो क्या परवा मुझ को तेरा है आसरा या रब
ज़ुल्फ़े महबूब का बना क़ैदी और हरगिज़ न फिर छुड़ा या रब
मुश्किलों में दे सब्र की तौफ़ीक़ अपने ग़म में फ़क़त़ घुला या रब
दे दे सोज़े बिलाल या अल्लाह अश्कबार आंख हो अ़त़ा या रब
आह! आ'दा हैं ख़ून के प्यासे दुश्मनों से मुझे बचा या रब

दे शहादत मुझे मदीने में अज़ पए शाहे करबला या रब
सब्ज़ गुम्बद के ज़ेरे साया हो जां मेरी जिस्म से जुदा या रब
क़ब्र मेरी बने मदीने में तुझ से है येह मेरी दुआ़ या रब
हि़र्से दुन्या निकाल दे दिल से बस रहूं त़ालिबे रिज़ा या रब
दे दे "कुफ़्ले मदीना" आंखों का बहरे उ़स्माने बा ह़या या रब
दे दे "कुफ़्ले मदीना" लब का भी बहरे सिद्दीक़े बा सफ़ा या रब
काश ! आ़दत फ़ुज़ूल बातों की दूर हो अज़ पए रज़ा या रब
वासित़ा मेरे पीरो मुर्शिद का मुझ को तू मुत्तक़ी बना या रब
दिल का उजड़ा चमन हो फिर आबाद कोई ऐसी हवा चला या रब
हर बरस काश ! आ के मक्के में लुत़्फ़ उठाऊं त़वाफ़ का या रब
जिस किसी ने कहा, "दुआ़ करना" उस का पूरा हो मुद्दआ़ या रब

कर दे जन्नत में तू जवार उन का
अपने अ़त्त़ार को अ़त़ा या रब

कब गुनाहों से कनारा मैं करूंगा या रब

कब गुनाहों से कनारा मैं करूंगा या रब !
नेक कब ऐ मेरे **अल्लाह** ! बनूंगा या रब !

कब गुनाहों के मरज़ से मैं शिफ़ा पाऊंगा
कब मैं बीमार, मदीने का बनूंगा या रब !

गर तेरे प्यारे का जल्वा न रहा पेशे नज़र
सख़्तियां नज़्अ़ की क्यूंकर मैं सहूंगा या रब !

नज़्अ़ के वक़्त मुझे जल्वए महबूब दिखा
तेरा क्या जाएगा मैं शाद मरूंगा या रब !

क़ब्र में गर न मुहम्मद के नज़ारे होंगे
ह़श्र तक कैसे मैं फिर तन्हा रहूंगा या रब !

डंक मच्छर का भी मुझ से तो सहा जाता नहीं
क़ब्र में बिच्छू के डंक कैसे सहूंगा या रब !

घुप अंधेरा ही क्या वह़शत का बसेरा होगा
क़ब्र में कैसे अकेला मैं रहूंगा या रब !

गर कफ़न फाड़ के सांपों ने जमाया क़ब्ज़ा
हाए बरबादी ! कहां जा के छुपूंगा या रब !

हाए ! मा'मूली सी गर्मी भी सही जाती नहीं
गर्मिये ह़श्र मैं फिर कैसे सहूंगा या रब !

आज बनता हूं मुअ़ज़्ज़ज़ जो खुले ह़श्र में ऐब
आह ! रुस्वाई की आफ़त में फंसूंगा या रब !

पुल सिरात़ आह ! है तलवार की भी धार से तेज़
किस त़रह़ से मैं इसे पार करूंगा या रब !

क़ब्र महबूब के जल्वों से बसा दे मालिक
येह करम कर दे तो मैं शाद रहूंगा या रब !

गर तू नाराज़ हुवा मेरी हलाकत होगी
हाए ! मैं नारे जहन्नम में जलूंगा या रब !

दर्दे सर हो या बुख़ार आए तड़प जाता हूं
मैं जहन्नम की सज़ा कैसे सहूंगा या रब !

अ़फ़्व[1] कर और सदा के लिये राज़ी हो जा
गर करम कर दे तो जन्नत में रहूंगा या रब !

तू है मुअ़त़ी[2] वोह हैं क़ासिम[3] क्या जहां की परवा
तेरे महबूब के टुकड़ों पे पलूंगा या रब !

مدینہ

1 : दर गुज़र 2 : अ़त़ा करने वाला 3 : तक़्सीम करने वाला

चश्मे नम दे ग़मे सुल्ताने उमम दे मौला !

उन का कब आ़शिक़े सादिक़ मैं बनूंगा या रब !

दे दे मरने की मदीने में सआ़दत दे दे

किस त़रह़ सिन्ध के जंगल में मरूंगा या रब !

मुझ गुनहगार पे गर ख़ास करम हो जाए !

जाम, त़यबा में शहादत का पियूंगा या रब !

ह़ज का हर साल शरफ़ दे दे तो मक्के आ कर

झूम कर का'बे के चौगिर्द[1] फिरूंगा या रब !

काश ! हर साल मदीने की बहारें देखूं

सब्ज़ गुम्बद का भी दीदार करूंगा या रब !

इ़ज़्न से तेरे सरे ह़श्र कहें काश ! हुज़ूर

साथ अ़त्तार को जन्नत में रखूंगा या रब !

1 : चारों त़रफ़

मिटा दे सारी ख़ताएं मेरी मिटा या रब

मिटा दे सारी ख़ताएं मेरी मिटा या रब बना दे नेक बना नेक दे बना या रब
बना दे मुझ को इलाही ख़ुलूस का पैकर क़रीब आए न मेरे कभी रिया या रब
अंधेरी क़ब्र का दिल से नहीं निकलता डर करूंगा क्या जो तू नाराज़ हो गया या रब
गुनाहगार हूं मैं लाइक़े जहन्नम हूं करम से बख़्श दे मुझ को न दे सज़ा या रब
बुराइयों पे पशेमां हूं रहूम फ़रमा दे है तेरे क़हर पे ह़ावी तेरी अ़ता या रब
मुह़ीत़ दिल पे हुवा हाए नफ़्से अम्मारा दिमाग़ पर मेरे इब्लीस छा गया या रब
रिहाई मुझ को मिले काश ! नफ़्सो शैत़ां से तेरे ह़बीब का देता हूं वासित़ा या रब
गुनाह बे अ़दद और जुर्म भी हैं ला ता'दाद कर अ़फ़्व सह न सकूंगा कोई सज़ा या रब
मैं कर के तौबा पलट कर गुनाह करता हूं ह़क़ीक़ी तौबा का कर दे शरफ़ अ़ता या रब
सुनूं न फ़ोहूश कलामी न ग़ीबतो चुग़ली तेरी पसन्द की बातें फ़क़त़ सुना या रब
करें न तंग ख़यालाते बद कभी, कर दे शुऊ़रो फ़िक्र को पाकीज़गी अ़ता या रब

नहीं है नामए अ़त्त़ार में कोई नेकी
फ़क़त़ है तेरी ही रह़मत का आसरा या रब

शरफ़ दे ह़ज का मुझे बहरे मुस्त़फ़ा या रब

शरफ़ दे ह़ज का मुझे बहरे मुस्त़फ़ा या रब
रवाना सूए मदीना हो क़ाफ़िला या रब

दिखा दे एक झलक सब्ज़ सब्ज़ गुम्बद की
बस उन के जल्वों में आ जाए फिर क़ज़ा या रब

मदीने जाएं फिर आएं दोबारा फिर जाएं
इसी में उ़म्र गुज़र जाए या ख़ुदा या रब

मेरा हो गुम्बदे ख़ज़रा की ठन्डी छाउं में
रसूले पाक के क़दमों में ख़ातिमा या रब

ब वक़्ते नज़्अ़ सलामत रहे मेरा ईमां
मुझे नसीब हो तौबा है इल्तिजा या रब

जो "दीं का काम" करें दिल लगा के या अल्लाह
उन्हें हो ख़्वाब में दीदारे मुस्त़फ़ा या रब

तेरी महब्बत उतर जाए मेरी नस नस में
पए रज़ा हो अ़ता इश्क़े मुस्त़फ़ा या रब !

ज़माने भर में मचा देंगे धूम सुन्नत की
अगर करम ने तेरे साथ दे दिया या रब

नमाज़ो रोज़ा व ह़ज्जो ज़कात की तौफ़ीक़
अ़ता हो उम्मते महबूब को सदा या रब

जवाब क़ब्र में मुन्कर नकीर को दूंगा
तेरे करम से अगर ह़ौसला मिला या रब

बरोज़े ह़श्र छलकता सा जाम कौसर का
ब दस्ते साक़िये कौसर हमें पिला या रब

बक़ीए़ पाक में अ़त्त़ार दफ़्न हो जाए
बराए ग़ौसो रज़ा अज़ पए ज़िया या रब

हमारे दिल से ज़माने के ग़म मिटा या रब

हमारे दिल से ज़माने के ग़म मिटा या रब
हो मीठे मीठे मदीने का ग़म अ़ता या रब

ग़मे ह़यात अभी राह़तों में ढल जाएं
तेरी अ़ता का इशारा जो हो गया या रब

पए हुसैनो ह़सन फ़ातिमा अ़ली ह़ैदर
हमारे बिगड़े हुए काम दे बना या रब

हमारी बिगड़ी हुई आ़दतें निकल जाएं
मिले गुनाहों के अमराज़ से शिफ़ा या रब

मुझे दे ख़ुद को भी और सारी दुन्या वालों को
सुधारने की तड़प और ह़ौसला या रब

हमेशा हाथ भलाई के वासिते उठ्ठें
बचाना ज़ुल्मो सितम से मुझे सदा या रब

रहें भलाई की राहों में गामज़न हर दम
करें न रुख़ मेरे पाउं गुनाह का या रब

गुनहगार त़लब गारे अ़फ़्वो रह़मत है
अ़ज़ाब सहने का किस में है ह़ौसला या रब

अ़त़ा हो "नेकी की दा'वत" का ख़ूब जज़्बा कि
दूं धूम सुन्नते मह़बूब की मचा या रब

अ़त़ा हो दा'वते इस्लामी को क़बूले आ़म
इसे शुरूरो फ़ितन से सदा बचा या रब

मैं पुल सिरात़ बिला ख़ौफ़ पार कर लूंगा
तेरे करम का सहारा जो मिल गया या रब

कहीं का आह ! गुनाहों ने अब नहीं छोड़ा
अ़ज़ाबे नार से अ़त्तार को बचा या रब

मुआ़फ़ फ़ज़्लो करम से हो हर ख़ता या रब

मुआ़फ़ फ़ज़्लो करम से हो हर ख़ता या रब
हो मग़्फ़िरत पए सुल्ताने अम्बिया या रब
बिला ह़िसाब हो जन्नत में दाख़िला या रब
पड़ोस ख़ुल्द में सरवर का हो अ़ता या रब
नबी का सदक़ा सदा के लिये तू राज़ी हो
कभी भी होना न नाराज़ या ख़ुदा या रब
तेरे ह़बीब अगर मुस्कराते आ जाएं
तो बिल यक़ीन उठे क़ब्र जगमगा या रब
ख़ज़ां फटक न सके पास, दे बहार ऐसी
रहे ह़यात का गुलशन हरा भरा या रब !
हमारे दिल से निकल जाए उल्फ़ते दुन्या
पए रज़ा हो अ़ता इ़श्के़ मुस्त़फ़ा या रब

नबी की दीद हमारी है ईद या अल्लाह !
अ़ता हो ख़्वाब में दीदारे मुस्त़फ़ा या रब !
तेरे ह़बीब की सुन्नत की धूम मच जाए
गली गली में फिरे "म-दनी क़ाफ़िला" या रब !
मेरी ज़बान पे "क़ुफ़्ले मदीना" लग जाए
फ़ुज़ूल गोई से बचता रहूं सदा या रब
उठे न आंख कभी भी गुनाह की जानिब
अ़ता करम से हो ऐसी मुझे ह़या या रब
किसी की ख़ामियां देखें न मेरी आंखें और
सुनें न कान भी ऐ़बों का तज़्किरा या रब
तुलें न ह़श्र में अ़त्तार के अ़मल मौला
बिला ह़िसाब ही तू इस को बख़्शना या रब

या रब्बे मुह़म्मद मेरी तक़्दीर जगा दे

या रब्बे मुह़म्मद मेरी तक़्दीर जगा दे सह़राए मदीना मुझे आंखों से दिखा दे

पीछा मेरा दुन्या की मह़ब्बत से छुड़ा दे या रब मुझे दीवाना मदीने का बना दे

रोता हुवा जिस दम मैं दरे यार पे पहुंचूं उस वक़्त मुझे जल्वए मह़बूब दिखा दे

दिल इ़श्क़े मुह़म्मद में तड़पता रहे हर दम सीने को मदीना मेरे अल्लाह बना दे

बहती रहे अक्सर शहे अबरार के ग़म में रोती हुई वोह आंख मुझे मेरे ख़ुदा दे

ईमान पे दे मौत मदीने की गली में मदफ़न मेरा मह़बूब के क़दमों में बना दे

अल्लाह करम बहरे ज़िया मुझ पे कर ऐसा जन्नत में पड़ोसी मेरे आक़ा का बना दे

देता हूं तुझे वासित़ा मैं प्यारे नबी का उम्मत को ख़ुदाया रहे सुन्नत पे चला दे

अल्लाह मिले ह़ज की इसी साल सआ़दत बदकार को फिर रौज़ए मह़बूब दिखा दे

अ़त्तार से मह़बूब की सुन्नत की ले ख़िदमत

डंका येह तेरे दीन का दुन्या में बजा दे

अल्लाह ! मुझे ह़ाफ़िज़े क़ुरआन बना दे

(ह़िफ़्ज़ व नाज़िरा के त़-लबा की मुनाजात)

अल्लाह ! मुझे ह़ाफ़िज़े क़ुरआन बना दे
क़ुरआन के अह़काम पे भी मुझ को चला दे

हो जाया करे याद सबक़ जल्द इलाही !
मौला तू मेरा ह़ाफ़िज़ा मज़बूत़ बना दे

सुस्ती हो मेरी दूर उठूं जल्द सवेरे
तू मद्रसे में दिल मेरा अल्लाह ! लगा दे

हो मद्रसे का मुझ से न नुक़्सान कभी भी
अल्लाह ! यहां के मुझे आदाब सिखा दे

छुट्टी न करूं भूल के भी मद्रसे की मैं
अवक़ात का भी मुझ को तू पाबन्द बना दे

उस्ताद हों मौजूद या बाहर कहीं मसरूफ़
आ़दत तू मेरी शोर मचाने की मिटा दे

ख़स्लत हो मेरी दूर शरारत की इलाही !
सन्जीदा बना दे मुझे सन्जीदा बना दे

उस्ताद की करता रहूं हर दम मैं इताअ़त
मां बाप की इ़ज़्ज़त की भी तौफ़ीक़ ख़ुदा दे

कपड़े मैं रखूं साफ़ तू दिल को मेरे कर साफ़
मौला तू मदीना मेरे सीने को बना दे

फ़िल्मों से डिरामों से दे नफ़रत तू इलाही
बस शौक़ मुझे ना'तो तिलावत का ख़ुदा दे

मैं साथ जमाअ़त के पढ़ूं सारी नमाज़ें
अल्लाह ! इबादत में मेरे दिल को लगा दे

पढ़ता रहूं कसरत से दुरूद उन पे सदा मैं
और ज़िक्र का भी शौक़ पए ग़ौसो रज़ा दे

हर काम शरीअ़त के मुत़ाबिक़ मैं करूं काश !
या रब तू मुबल्लिग़ मुझे सुन्नत का बना दे

मैं झूट न बोलूं कभी गाली न निकालूं
अल्लाह मरज़ से तू गुनाहों के शिफ़ा दे

मैं फ़ालतू बातों से रहूं दूर हमेशा
चुप रहने का अल्लाह ! सलीक़ा तू सिखा दे

अख़्लाक़ हों अच्छे मेरा किरदार हो सुथरा
महबूब का सदक़ा तू मुझे नेक बना दे

उस्ताद हों, मां बाप हों, अ़त्तार भी हो साथ
यूं ह़ज को चलें और मदीना भी दिखा दे

फ़रमाने मुस्त़फ़ा صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم है : जिस ने मुझ पर रोज़े जुमुआ़ दो सो बार दुरूदे पाक पढ़ा उस के दो सो साल के गुनाह मुआ़फ़ होंगे । (کنزالعمال)

अल्लाह ! मुझे आ़लिमए दीन बना दे

(दा'वते इस्लामी के कई मद्र-सतुल मदीना (लिल बनात) और जामिअ़तुल मदीना (लिल बनात) हैं, ख़ुसूसन उन की त़ालिबात और उ़मूमन तमाम दीनी त़ालिबात के लिये नज़्म)

अल्लाह ! मुझे आ़लिमए दीन बना दे[1]
कुरआन के अह़काम पे भी मुझ को चला दे

हो जाया करे काश मुझे जल्द सबक़ याद
मौला तू मेरा ह़ाफ़िज़ा मज़बूत़ बना दे

सुस्ती हो मेरी दूर मैं उठ जाऊं सवेरे
तू दिल मेरा ता'लीम में अल्लाह ! लगा दे

हो जामिआ़ का मुझ से न नुक़्सान कभी भी
अल्लाह ! यहां के मुझे आदाब सिखा दे

छुट्टी न करूं भूल के पढ़ने की कभी भी
मौला मुझे अवक़ात की पाबन्द बना दे

1 : ह़िफ़्ज़ करने वाली त़ालिबात येह मिस्रअ़ यूं भी पढ़ सकती हैं "अल्लाह ! मुझे ह़ाफ़िज़ा कुरआं की बना दे"

उस्तानी हों मौजूद या बाहर कहीं मसरूफ़
आ़दत तू मेरी शोर मचाने की मिटा दे
ख़स्लत हो शरारत की मेरी दूर इलाही !
सन्जीदा बना दे मुझे सन्जीदा बना दे
उस्तानी की करती रहूं हर दम मैं इत़ाअ़त
मां बाप की इ़ज़्ज़त की भी तौफ़ीक़ ख़ुदा दे
कपड़े मैं रखूं साफ़ तू दिल को मेरे कर साफ़
अल्लाह ! मदीना मेरे सीने को बना दे
फ़िल्मों से डिरामों से अ़त़ा कर दे तू नफ़रत
बस शौक़ मुझे ना'तो तिलावत का ख़ुदा दे
अवक़ात के अन्दर ही पढ़ूं सारी नमाज़ें
अल्लाह ! इ़बादत में मेरे दिल को लगा दे
पढ़ती रहूं कसरत से दुरूद उन पे सदा मैं
और ज़िक्र का भी शौक़ पए ग़ौसो रज़ा दे

सुन्नत के मुत़ाबिक़ मैं हर इक काम करूं काश !

तू पैकरे सुन्नत मुझे अल्लाह ! बना दे

मैं झूट न बोलूं कभी गाली न निकालूं !

अल्लाह मरज़ से तू गुनाहों के शिफ़ा दे

मैं फ़ालतू बातों से रहूं दूर हमेशा

चुप रहने का अल्लाह ! सलीक़ा तू सिखा दे

अख़्लाक़ हों अच्छे मेरा किरदार हो सुथरा

महबूब का सदक़ा तू मुझे नेक बना दे

उस्तानी हों, मां बाप हों, अ़त्त़ार भी हो साथ

यूं ह़ज को चलें और मदीना भी दिखा दे

या अल्लाह मेरी झोली भर दे

तूने मुझ को ह़ज पे बुलाया या अल्लाह मेरी झोली भर दे
गिर्दे का'बा ख़ूब फिराया या अल्लाह मेरी झोली भर दे
मैदाने अ़-रफ़ात दिखाया या अल्लाह मेरी झोली भर दे
बख़्श दे हर ह़ाजी को ख़ुदाया या अल्लाह मेरी झोली भर दे
बहरे कौसरो बीरे ज़मज़म कर दे करम ऐ रब्बे अकरम
ह़श्र की प्यास से मुझ को बचाना या अल्लाह मेरी झोली भर दे
मौला मुझ को नेक बना दे अपनी उल्फ़त दिल में बसा दे
बहरे सफ़ा और बहरे मर्वा या अल्लाह मेरी झोली भर दे
या अल्लाहु या रह़मानु या ह़न्नानु या मन्नानु
बख़्श दे बख़्शे हुओं का सदक़ा या अल्लाह मेरी झोली भर दे
वासित़ा नबियों के सरवर का वासित़ा सिद्दीक़ और उ़मर का
वासित़ा उ़स्मानो ह़ैदर का या अल्लाह मेरी झोली भर दे
नारे जहन्नम से तू बचाना ख़ुल्दे बरीं में मुझ को बसाना
या रब अज़ पए अबू ह़नीफ़ा या अल्लाह मेरी झोली भर दे
साइल हूं मैं तेरी विला[1] का फेर दे रुख़ हर रन्जो बला का

مدینہ

1 : महब्बत

वासिता शाहे कर्बो बला का या अल्लाह मेरी झोली भर दे
जिस दम सूए त़यबा सफ़र हो आंखें तर हों फटता जिगर हो
और अ़त़ा हो सोज़िशे सीना या अल्लाह मेरी झोली भर दे
सामने जब हो गुम्बदे ख़ज़रा क़ल्बो जिगर हों पारा पारा
बह निकले अश्कों का धारा या अल्लाह मेरी झोली भर दे
शाहे मदीना की उल्फ़त दे सोज़ दे और दर्दो रिक़्क़त दे
इ़श्क़े नबी में ख़ूब रुलाना या अल्लाह मेरी झोली भर दे
मैं हूं बन्दा तू है मौला तू है क़ादिर मैं नाकारा
मैं मंगता तू देने वाला या अल्लाह मेरी झोली भर दे
सोज़े उवैसो बिलाल खुदा दे ग़ौस का सदक़ा मुझ को बना दे
शाहे मदीना का दीवाना या अल्लाह मेरी झोली भर दे
ह़ाज़िरे दर हूं मैं दुखियारा या रब ! तेरा ही है सहारा
रन्जो अलम ने मुझ को मारा या अल्लाह मेरी झोली भर दे
है तेरा फ़रमां اُدْعُوْنِیْ[1] है येह दुआ हो क़ब्र न सूनी
जल्वए यार से इस को बसाना या अल्लाह मेरी झोली भर दे

مدینہ

1 : इस आयते करीमा की त़रफ़ इशारा : وَقَالَ رَبُّكُمُ ادْعُوْنِیْٓ اَسْتَجِبْ لَكُمْ (پ۲۴ المؤمن:۶۰)
तर-ज-मए कन्ज़ुल ईमान : "और तुम्हारे रब ने फ़रमाया मुझ से दुआ करो मैं क़बूल करूंगा।"

दे हुस्ने अख़्लाक़ की दौलत कर दे अ़त़ा इख़्लास की ने'मत
मुझ को ख़ज़ाना दे तक़्वा का या अल्लाह मेरी झोली भर दे

बख़्श दे मेरी सारी ख़त़ाएं खोल दे मुझ पर अपनी अ़त़ाएं
बरसा दे रह़मत की बरखा[1] या अल्लाह मेरी झोली भर दे

दा'वते इस्लामी की क़य्यूम सारे जहां में मच जाए धूम
इस पे फ़िदा हो बच्चा बच्चा या अल्लाह मेरी झोली भर दे

यूं मेरा दुन्या से सफ़र हो उन की चौखट[2] मेरा सर हो
पेशे नज़र हो उन का जल्वा या अल्लाह मेरी झोली भर दे

ताजो तख़्तो हुकूमत मत दे कस्रते मालो दौलत मत दे
अपनी रिज़ा[3] का दे दे मुज़्दा[4] या अल्लाह मेरी झोली भर दे

जन्नत में आक़ा का पड़ोसी
बन जाए अ़त्त़ार इलाही
बहरे रज़ा व कुत़्बे मदीना
या अल्लाह मेरी झोली भर दे

مدینہ

1 : बारिश 2 : दरवाज़ा 3 : राज़ी होना 4 : ख़ुश ख़बरी

अल्लाह ! कोई ह़ज का सबब अब तो बना दे

अल्लाह ! कोई ह़ज का सबब अब तो बना दे
जल्वा मुझे फिर गुम्बदे ख़ज़रा का दिखा दे

ग़म ऐसा मदीने का अ़त़ा कर दे इलाही
जो कि मेरी ख़ुशियों[1] के गुलिस्तां को जला दे

या रब ! मैं तेरे ख़ौफ़ से रोता रहूं हर दम
दीवाना शहन्शाहे मदीना का बना दे

जब ना'त सुनूं झूम उठूं इ़श्क़े नबी में
ऐसा मुझे मस्ताना मुह़म्मद का बना दे

सदक़े में मेरे ग़ौस के तू ख़्वाब में या रब
जल्वा मुझे सुल्त़ाने मदीना का दिखा दे

1 : यहां अल्लाह व रसूल عَزَّوَجَلَّ وصَلَّی اللہ تعالٰی علیہ واٰلہٖ وسلَّم से दूरी का सबब बनने वाली ग़फ़्लत भरी "ख़ुशियां" मुराद हैं।

सक्रात में गर रूए मुह़म्मद पे नज़र हो
हर मौत का झटका भी मुझे फिर तो मज़ा दे

जब ह़श्र के मैदान में आक़ा नज़र आएं
शौक़ क़दमों में तड़पा के मुझे काश ! गिरा दे

उफ़ ह़श्र की गर्मी भी है और प्यास बला की
ऐ साक़िये कौसर मुझे इक जाम पिला दे

हर वक़्त जहां से कि उन्हें देख सकूं मैं
जन्नत में मुझे ऐसी जगह प्यारे ख़ुदा दे

अल्लाह ! मुझे सोज़ो गुदाज़ ऐसा अ़त़ा कर
तड़पा दे बयां, ना'ते नबी मुझ को रुला दे

तू पीछे न हटना कभी ऐ प्यारे मुबल्लिग़ !
शैत़ान के हर वार को नाकाम बना दे

अ़त्त़ार हूं मैं उन का गदा अब तो तवज्जोह
बस जानिबे शाहाने जहां मेरी बला दे

इलाही दिखा दे जमाले मदीना

इलाही दिखा दे जमाले मदीना करम से हो पूरा सुवाले मदीना
जुदाई की हों दूर जां सोज़ घड़ियां मिटे हिज्रे रन्जो मलाले मदीना
दिखा दे मुझे सब्ज़ गुम्बद के जल्वे दिखा मुझ को दश्तो जिबाले[1] मदीना
मदीने पहुंच कर के हो जाए मौला मेरी जां फ़िदाए जमाले मदीना
मुझे "चल मदीना" का मुज़्दा सुना दो करम या शहे खुश ख़िसाले मदीना
हों बहरे रज़ा ख़त्म लम्हाते फ़ुरक़त मुयस्सर हो मुझ को विसाले मदीना
ग़मे इश्क़े सरवर खुदाया अ़ता कर मुझे अज़ तुफ़ैले बिलाले मदीना
खुदाए मुहम्मद हमारे दिलों से न निकले कभी भी ख़याले मदीना
सदा रहमतों की बरसती झड़ी है मदीने में येह है कमाले मदीना
मुअ़त्तर मुअ़त्तर है सब से मुनव्वर नहीं दो जहां में मिसाले मदीना
सभी पा रहे हैं इसी दर से मैं भी हूं उम्मीद वारे नवाले[2] मदीना

क़दम चूम कर सर पे रख लेना अ़त्तार
नज़र आए गर नौ निहाले[3] मदीना

مدینہ

1 : जिबाल जबल की जम्अ़ है, जबल या'नी पहाड़ ।
2 : एहसान, बख़्शिश । 3 : बहुत छोटा बच्चा

या ख़ुदा मेरी मग़्फ़िरत फ़रमा

या ख़ुदा मेरी मग़्फ़िरत फ़रमा बागे़ फ़िरदौस मर्हमत फ़रमा
दीने इस्लाम पर मुझे या रब इस्तिक़ामत तू मर्हमत फ़रमा
तू गुनाहों को कर मुआ़फ़ अल्लाह ! मेरी मक़्बूल मा'ज़िरत फ़रमा
मुस्त़फ़ा का वसीला तौबा पर तू इ़नायत मुदा-वमत फ़रमा
मौत ईमां पे दे मदीने में और महमूद आ़क़िबत फ़रमा
तू शरफ़ ज़ेरे गुम्बदे ख़ज़रा मुझ को मरने का मर्हमत फ़रमा
सरफ़राज़ और सुख़-रू मौला मुझ को तू रोज़े आख़िरत फ़रमा
मुश्किलों में मेरे ख़ुदा मेरी हर क़दम पर मुआ़-वनत फ़रमा
मुझ को "क़ुफ़्ले मदीना" पर या रब तू इ़नायत मुदा-वमत फ़रमा
या ख़ुदा म-दनी क़ाफ़िलों पर भी तू इ़नायत मुदा-वमत फ़रमा
काश ! छोड़ूं न "म-दनी इन्आ़मात" तू इ़नायत मुदा-वमत फ़रमा

हो न अ़त्त़ार ह़श्र में रुस्वा
बे ह़िसाब इस की मग़्फ़िरत फ़रमा

अल्लाह हमें कर दे अ़ता कुफ़्ले मदीना[1]

अल्लाह हमें कर दे अ़ता कुफ़्ले मदीना
हर एक मुसल्मां ले लगा कुफ़्ले मदीना
या रब न ज़रूरत के सिवा कुछ कभी बोलूं !
अल्लाह ज़बां का हो अ़ता कुफ़्ले मदीना
बक बक की येह आ़दत न सरे ह़श्र फंसा दे
अल्लाह ज़बां का हो अ़ता कुफ़्ले मदीना
हर लफ़्ज़ का किस त़रह़ ह़िसाब आह ! मैं दूंगा
अल्लाह ज़बां का हो अ़ता कुफ़्ले मदीना
अक्सर मेरे होंटों पे रहे ज़िक्रे मदीना
अल्लाह ज़बां का हो अ़ता कुफ़्ले मदीना
बढ़ता है ख़मोशी से वक़ार ऐ मेरे प्यारे
ऐ भाई ! ज़बां पर तू लगा कुफ़्ले मदीना

مدینہ

1 : "कुफ़्ले मदीना" दा'वते इस्लामी के म-दनी माह़ोल में बोली जाने वाली एक इस्ति़लाह़ है किसी भी उ़ज़्व को गुनाह और फ़ुज़ूलियात से बचाने को **कुफ़्ले मदीना** लगाना कहते हैं। म-सलन फ़ुज़ूल गोई से जो परहेज़ करता है और ख़ामोशी की आ़दत डालने के लिये ह़स्बे ज़रूरत इशारों से या लिख कर गुफ़्त-गू करता है उस के बारे में कहा जाएगा कि "इस ने ज़बान का कुफ़्ले मदीना लगाया है।"

है दबदबा ख़ामोशी में हैबत भी है पिन्हां
ऐ भाई ! ज़बां पर तू लगा क़ुफ़्ले मदीना

रख लेते थे पथ्थर सुन अबू बक्र दहन में[1]
ऐ भाई ! ज़बां पर तू लगा क़ुफ़्ले मदीना

चुप रहने में सो[100] सुख हैं तू येह तजरिबा कर ले
ऐ भाई ! ज़बां पर तू लगा क़ुफ़्ले मदीना

आक़ा की ह़या से झुकी रहती नज़र अक्सर[2]
आंखों पे मेरे भाई लगा क़ुफ़्ले मदीना

1 : ग़ैर ज़रूरी गुफ़्त-गू से बचने के लिये सय्यिदुना अबू बक्र सिद्दीक़ رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ मुंह में पथ्थर रख लेते थे। (احیاء العلوم ج۳ص۱۳۷)

2: जब सरकारे दो आ़लम, नूरे मुजस्सम صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم किसी त़रफ़ तवज्जोह फ़रमाते तो पूरे मु-तवज्जेह होते, मुबारक नज़रें नीची रहती थीं, नज़र शरीफ़ आस्मान के बजाए ज़ियादा तर ज़मीन की त़रफ़ होती थी, अक्सर आंख मुबारक के कनारे से देखा करते थे। (الشمائل للترمذی ص ۲۳ حدیث ۷) मज़ीद मा'लूमात के लिये दा'वते इस्लामी के इशाअ़ती इदारे मक-त-बतुल मदीना की मत़्बूआ़ किताब **"पर्दे के बारे में सुवाल जवाब"** सफ़ह़ा 312 ता 314 का मुत़ा-लआ़ फ़रमाइये।

या इलाही रंग लाएं जब मेरी बे बाकियां उन की नीची नीची नज़रों की ह़या का साथ हो

गर देखेगा फ़िल्में तो क़ियामत में फंसेगा
आंखों पे मेरे भाई लगा कुफ़्ले मदीना

आंखों में सरे ह़श्र न भर जाए कहीं आग
आंखों पे मेरे भाई लगा कुफ़्ले मदीना

बोलूं न फ़ुज़ूल और रहें नीची निगाहें
आंखों का ज़बां का दे ख़ुदा कुफ़्ले मदीना

न वस्वसे आएं न मुझे गन्दे ख़यालात
दे ज़ेह्न का और दिल का ख़ुदा कुफ़्ले मदीना

रफ़्तार का गुफ़्तार का किरदार का दे दे
हर उ़ज़्व का दे मुझ को ख़ुदा कुफ़्ले मदीना

दोज़ख़ की कहां ताब है कमज़ोर बदन में
हर उ़ज़्व का अ़त्तार लगा कुफ़्ले मदीना

या रब ! फिर औज पर येह हमारा नसीब हो

(ह़-रमैने शरीफ़ैन की जुदाई के चन्द रोज़ बा'द 8 मुह़र्रमुल ह़राम सि. 1415 हि. को येह कलाम तह़रीर किया)

या रब फिर औज पर येह हमारा नसीब हो
सूए मदीना फिर हमें जाना नसीब हो

मक्का भी हो नसीब मदीना नसीब हो
दश्ते अ़रब नसीब हो सह़रा नसीब हो

ह़ज का सफ़र फिर ऐ मेरे मौला नसीब हो
अ़-रफ़ात का मिना का नज़ारा नसीब हो

अल्लाह ! दीदे गुम्बदे ख़ज़रा नसीब हो
या रब ! रसूले पाक का जल्वा नसीब हो

चूमूं अ़रब की वादियां ऐ काश ! जा के फिर
सह़रा में उन के घूमना फिरना नसीब हो

का'बे के जल्वों से दिले मुज़्त़र हो काश ! शाद
लुत़्फ़े त़वाफ़े ख़ानए का'बा नसीब हो

मक्के में उन की जाए विलादत पे या ख़ुदा
फिर चश्मे अश्कबार जमाना नसीब हो

किस त़रह़ शौक़ से वहां करते थे हम त़वाफ़
फिर गिर्दे का'बा झूम के फिरना नसीब हो

जा कर के ख़ूब लोटें मदीने की ख़ाक पर
आंखों में ख़ाके त़यबा लगाना नसीब हो

सद आफ़रीन ! गुम्बदे ख़ज़रा की ताबिशें[1]
जल्वों में उस के ख़ुद को गुमाना नसीब हो

वां चिलचिलाती धूप का भी इक सुरूर है
जूते उतार कर वहां चलना नसीब हो

नमनाक आंख गुम्बदे ख़ज़रा को चूम ले
झुक जाए फिर अदब से वोह लम्ह़ा नसीब हो

कर दूं मैं काश ! जालियों पर अपनी जां फ़िदा
रौज़े का उन के जिस घड़ी जल्वा नसीब हो

1 : चमक, रोशनियां, नूर

मेह़राबो मिम्बर और वोह हरियाली जालियां
और मस्जिदे ह़बीब का जल्वा नसीब हो

जन्नत की प्यारी क्यारी की थीं ख़ूब रौनक़ें
फिर बैठना वहां पे ख़ुदाया नसीब हो

छुप छुप के देखूं मिम्बरे अक़्दस की फिर बहार
शायद कभी तो शाह का जल्वा नसीब हो

देते थे जिस जगह पे अज़ां ह़ज़रते बिलाल
उस जा को दूर दूर से तकना नसीब हो

हिज्रे रसूल में हमें या रब्बे मुस्त़फ़ा
ऐ काश ! फूट फूट के रोना नसीब हो

अ़त्त़ार की हो ह़ाज़िरी हर साल या ख़ुदा
आख़िर को त़यबा में इसे मरना नसीब हो

या ख़ुदा ह़ज पे बुला आ के मैं का'बा देखूं

या ख़ुदा ह़ज पे बुला आ के मैं का'बा देखूं
काश ! इक बार मैं फिर मीठा मदीना देखूं

फिर मुयस्सर हो मुझे काश ! वुक़ूफ़े अ़-रफ़ात
जल्वा मैं मुज़्दलिफ़ा और मिना का देखूं

झूम कर ख़ूब करूं ख़ानए का'बा का त़वाफ़
फिर मदीने को चलूं गुम्बदे ख़ज़रा देखूं

सब्ज़ गुम्बद का ह़सीं जल्वा दिखा दे या रब !
मस्जिदे न-बवी का पुरनूर मनारा देखूं

रौज़ए पाक के साए में बुला कर आक़ा
आंख दे दीजिये मैं आप का जल्वा देखूं

चूम लूं काश ! निगाहों से सुनहरी जाली
अश्कबार आंख से मिम्बर का भी जल्वा देखूं

काश ! वोह आंख मिले कि मैं मदीने आ कर
जिस त़रफ़ जाऊं उधर नूर बरसता देखूं

जामे इ़श्क़ ऐसा पिला दीजिये जाने आ़लम
हर घड़ी आहें भरूं ख़ुद को तड़पता देखूं

चश्मे तर सोज़े जिगर दीजिये क़ल्बे मुज़्त़र
इ़श्क़ में रोता रहूं जब भी मैं रौज़ा देखूं

सोज़िशे इ़श्क़ में जलता ही रहूं मैं हर दम
आंख से ग़म में तेरे ख़ून बरसता देखूं

उस पे रश्क आता है और प्यार बहुत आता है
इ़श्क़ में तेरे जिसे रोता बिलकता देखूं

काश ! मैं रोने लगूं क़ल्ब भी हो मेरा उदास
जब मदीने की त़रफ़ क़ाफ़िला जाता देखूं

ज़ाइरो ! कहना येह रो रो के शहा ! इक मिस्कीन
कह रहा था येह तड़प कर, ''मैं मदीना देखूं''

तू जो चाहे तो मेरी आंख से पर्दे उठ्ठें
मैं वत़न से भी मदीने का नज़ारा देखूं

वोह खिलाते हैं पिलाते हैं निभाते भी हैं
क्यूं कहीं जाऊं किसी और त़रफ़ क्या देखूं

अपनी रह़मत से मुझे कर दो अ़त़ा ऐसी बहार
मुंह कभी भी न ख़ज़ां का मेरे आक़ा देखूं

तेरे एह़सान करोड़ों हैं हो येह भी एह़सां
या ख़ुदा नज़्अ़ में जल्वा मैं नबी का देखूं

बाग़े जन्नत में जवार[1] अपना अ़त़ा फ़रमा दो
ख़ुल्द में हर घड़ी जल्वा मैं तुम्हारा देखूं

दौड़ कर क़दमों में अ़त्तार गिरूं मैं उस दम
ह़श्र में जिस घड़ी सरकार को आता देखूं

1 : पड़ोस

आज ग़ुस्ले का'बा है

(اَلْحَمْدُ لِلّٰہِ عَزَّوَجَلَّ येह अश्आ़र 30 जुल हि़ज्जतिल ह़राम सि. 1416 हि. को मस्जिदुल ह़राम में ग़ुस्ले का'बा के वक़्त लिखे गए)

क्यूं हैं शाद दीवाने ! आज ग़ुस्ले का'बा है
झूमते हैं मस्ताने आज ग़ुस्ले का'बा है

ग़ुस्ल हो रहा है पर हैं त़वाफ़ में मश्ग़ूल
गिर्दे शम्अ़ परवाने आज ग़ुस्ले का'बा है

"चल मदीना" वालों पर साक़िया करम कर दो !
दो छलकते पैमाने आज ग़ुस्ले का'बा है

अपने रब की उल्फ़त में पेश कीजिये मिल कर
आंसूओं के नज़राने आज ग़ुस्ले का'बा है

जाने रह़मत आ जाओ कि हों ख़ैर से आबाद
सब दिलों के वीराने आज ग़ुस्ले का'बा है

जान को मुसर्रत है रूह़ को भी फ़रह़त है
इस ख़ुशी को दिल जाने आज ग़ुस्ले का'बा है

लुत़्फ़ जो मिला मुझ को क्या बताऊं मैं अ़त्त़ार
इस का राज़ दिल जाने आज ग़ुस्ले का'बा है

ठन्डी ठन्डी हवा ह़रम की है

ठन्डी ठन्डी हवा ह़रम की है बारिश अल्लाह के करम की है
आमिना के मकां पे रोज़ो शब बारिश अल्लाह के करम की है
जो ह़रम का अदब करें उन पर बारिश अल्लाह के करम की है
नूरी चादर तनी है का'बे पर बारिश अल्लाह के करम की है
मुल्तज़म और बीरे ज़मज़म पर बारिश अल्लाह के करम की है
बाबो मीज़ाबो ह़-जरे अस्वद पर बारिश अल्लाह के करम की है
मुस्तजार और रुक्ने शामी पर बारिश अल्लाह के करम की है
कैसा रुक्ने इ़राक़ी है निखरा बारिश अल्लाह के करम की है
मुस्तजाबो ह़तीम पर बेशक बारिश अल्लाह के करम की है
रह़मतें हैं मत़ाफ़ पर भी और बारिश अल्लाह के करम की है
पाक घर के त़वाफ़ वालों पर बारिश अल्लाह के करम की है
मक्कए पाक पर मदीने पर बारिश अल्लाह के करम की है
सब्ज़ गुम्बद पे रह़मतें हैं और बारिश अल्लाह के करम की है
का'बए पाक पर मनारों पर बारिश अल्लाह के करम की है
उन के मेह़राब और मिम्बर पर बारिश अल्लाह के करम की है
या इलाही ! ग़मे मदीना दे इल्तिजा मुस्त़फ़ा के ग़म की है

क़ल्बे मुज़्तर की लाज रख मौला येह सदा मेरी चश्मे नम की है
जो नज़र आ रही है हर जानिब सब बहार उन के दम क़दम की है
मेरे मौला ग़मे मदीना ही आबरू मेरी चश्मे नम की है
सोज़िशे सीना व जिगर दे दे आरज़ू मुझ को चश्मे नम की है
ख़ूं रुलाए सदा तेरी उल्फ़त आरज़ू ऐसी चश्मे नम की है
आफ़तों से बचा ले या अल्लाह मुझ पे यलग़ार[1] रन्जो ग़म की है
बिगड़ी तक़्दीर अभी संवर जाए देर इक जुम्बिशे क़लम की है
"क़ाफ़िलों" में सफ़र करो यारो ! बिल यक़ीं राह येह इरम की है
सारे अपनाओ "म-दनी इन्आ़मात" गर तुम्हें आरज़ू इरम की है
लाइक़े नार हैं मेरे आ'माल इल्तिजा या ख़ुदा करम की है
अपनी उम्मत की मग़्फ़िरत हो जाए आरज़ू शाफ़ेए़ उमम की है
बख़्श दे अब तो मुझ को या अल्लाह येह दुआ़ तुझ से चश्मे नम की है
दे दे "क़ुफ़्ले मदीना" या अल्लाह हो करम इल्तिजा करम की है

काश ! हर साल ह़ज करे अ़त्तार
अ़र्ज़ बदकार पर करम की है

مدینہ

1 : ह़म्ला

सिल्सिला आह ! गुनाहों का बढ़ा जाता है

सिल्सिला आह ! गुनाहों का बढ़ा जाता है
नित नया जुर्म हर इक आन हुवा जाता है

क़ल्ब पथ्थर से भी सख़्ती में बढ़ा जाता है
ख़ौल पर ख़ौल सियाही का चढ़ा जाता है

नफ़्सो शैत़ान की हर आन इत़ाअ़त पर दिल
आह ! माइल मेरे अल्लाह हुवा जाता है

लाऊं वोह अश्क कहां से जो सियाही धोएं
गन्दगी में मेरा दिल ह़द से बढ़ा जाता है

आ़रिज़ी आफ़्ते दुन्या से तो दिल डरता है
हाए बे ख़ौफ़ अ़ज़ाबों से हुवा जाता है

येह तेरा जिस्म जो बीमार है तशवीश न कर
येह मरज़ तेरे गुनाहों को मिटा जाता है

अस्ल बरबाद कुन अमराज़ गुनाहों के हैं
भाई क्यूं इस को फ़रामोश किया जाता है

अस्ल आफ़्त तो है नाराज़िये रब्बे अक्बर
इस को क्यूं भूल के बरबाद हुवा जाता है

अल मदद या शहे अबरार मदीने वाले
क़ल्ब से ख़ौफ़े खुदा दूर हुवा जाता है

आह ! दौलत की हिफ़ाज़त में तो सब हैं कोशां
हिफ़्ज़े ईमां का तसव्वुर ही मिटा जाता है

याद रखखो ! वोही बे अ़क़्ल है अह़मक़ है जो
कस्रते माल की चाहत में मरा जाता है

अपनी उल्फ़्त का मुझे जाम पिला दो साक़ी
क़ल्ब दुन्या की मह़ब्बत में फंसा जाता है

इम्तिह़ां के कहां क़ाबिल हूं मैं प्यारे अल्लाह
बे सबब बख़्श दे मौला तेरा क्या जाता है

आह ! जाती नहीं है आ़दते यावह गोई वक़्ते अनमोल यूं बरबाद हुवा जाता है
आह ! आंसू ग़मे दुन्या में बहे जाते हैं दिल भी दुन्या के ग़मों ही में जला जाता है
अपना ग़म ऐसा अ़ता कर कि कलेजा फट जाए देख के सब कहें दीवाना चला जाता है
वल्वला सुन्नते महबूब का दे दे मालिक आह! फ़ेशन पे मुसल्मान मरा जाता है
तेरे दीवाने मदीने के लिये हैं बेताब जाने कब इज़्न, मदीने का दिया जाता है
आख़िरी वक़्त है आ जा मेरे म-दनी आ जा आह ! मुजरिम तेरा दुन्या से शहा जाता है
जल्वए पाक दिखा जा मेरे म-दनी आ जा आह! मुजरिम तेरा दुन्या से शहा जाता है
मुझ को अब कलिमा पढ़ा जा मेरे म-दनी आ जा आह! मुजरिम तेरा दुन्या से शहा जाता है
मुझ को क़दमों से लगा जा मेरे म-दनी आ जा आह ! मुजरिम तेरा दुन्या से शहा जाता है
मेरे इ़स्यां को मिटा जा मेरे म-दनी आ जा आह ! मुजरिम तेरा दुन्या से शहा जाता है
मेरे आक़ा सरे महशर मेरा पर्दा रखना राज़ ऐबों का मेरे फ़ाश हुवा जाता है
आओ अब बहरे शफ़ाअ़त मेरे शाफ़ेअ़ आओ आह! बदकार अ़ज़ाबों में घिरा जाता है
मुस्करा कर मेरी सरकार मुझे कह दो ना आ तुझे दामने रहमत में लिया जाता है

काश ! अ़त्तार से फ़रमाएं क़ियामत में हुज़ूर
ले मुबारक कि तुझे बख़्श दिया जाता है

आह ! हर लम्हा गुनह की कस्रतो भरमार है

आह ! हर लम्हा गुनह की कस्रतो भरमार है
ग़-ल-बए शैत़ान है और नफ़्से बद अत़्वार है
मुजरिमों के वासिते़ दोज़ख़ भी शो'लाबार है
हर गुनह क़स्दन किया है इस का भी इक़्रार है
हाए ! ना फ़रमानियां बदकारियां बे बाकियां
आह ! नामे में गुनाहों की बड़ी भरमार है
छुप के लोगों से गुनाहों का रहा है सिल्सिला
तेरे आगे या खुदा हर जुर्म का इज़्हार है
ज़िन्दगी की शाम ढलती जा रही है हाए नफ़्स !
गर्म रोज़ो शब गुनाहों का ही बस बाज़ार है
या खुदा ! रह़मत तेरी ह़ावी है तेरे क़ह्र पर
फ़ज़्लो रह़मत के सहारे जी रहा बदकार है

बन्दए बदकार हूं बेहद ज़लीलो ख़्वार हूं
मग़्फ़िरत फ़रमा इलाही ! तू बड़ा ग़फ़्फ़ार है

मौत के झटकों पे झटके आ रहे हैं अल मदद
सख़्त बेचैनी के आ़लम में घिरा बीमार है

अब सरे बालीं खुदारा मुस्कराते आइये
जां बलब शाहे मदीना त़ालिबे दीदार है

गुस्ल देने के लिये ग़स्साल भी अब आ चुका
गुस्ले मय्यित हो रहा है और कफ़न तय्यार है

या नबी ! पानी से सारा जिस्म मेरा धुल गया
नामए आ'माल को भी गुस्ल अब दरकार है

लाद कर कन्धों पे अह़बाब आह ! क़ब्रिस्तां चले
वासित़े तदफ़ीन के गहरा गढ़ा तय्यार है

क़ब्र में मुझ को लिटा कर और मिट्टी डाल कर
चल दिये साथी न पास अब कोई रिश्तेदार है

ख़्वाब में भी ऐसा अन्धेरा कभी देखा न था
जैसा अन्धेरा हमारी क़ब्र में सरकार है
या रसूलल्लाह ! आ कर क़ब्र रोशन कीजिये
ज़ात बेशक आप की तो मम्बए अन्वार है
क़ब्र में शाहे मदीना आ चुके मुन्कर नकीर
हो करम ! लिल्लाह बन्दा बे कसो लाचार है
या नबी ! जन्नत की खिड़की क़ब्र में खुलवाइये
फिर तो फ़ज़्ले रब से अपनी क़ब्र भी गुलज़ार है
तूने दुन्या में भी ऐबों को छुपाया या खुदा
ह़श्र में भी लाज रख लेना कि तू सत्तार है
नेकियां पल्ले नहीं आक़ा शफ़ाअ़त कीजिये
आप की नज़रे करम होगी तो बेड़ा पार है
या नबी ! अ़त्तार को जन्नत में दे अपना जवार
वासित़ा सिद्दीक़ का जो तेरा यारे ग़ार है
काश ! हो ऐसी मदीने में कभी तो ह़ाज़िरी
येह ख़बर आए वत़न में मर गया अ़त्तार है

या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है

(येह कलाम 8 शव्वालुल मुकर्रम 1431 हि. को कम्पोज़ किया गया)

सर है ख़म हाथ मेरा उठा है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
फ़ज़्ल की रह़्म की इल्तिजा है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
क़ल्ब में याद लब पर सना है मेरे हर दर्द की येह दवा है
कौन दुखियों का तेरे सिवा है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
क़ल्ब सख़्ती में ह़द से बढ़ा है बन्दा त़ालिब तेरे ख़ौफ़ का है
इल्तिजाए ग़मे मुस्त़फ़ा है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
हुब्बे दुन्या में दिल फंस गया है नफ़्से बदकार ह़ावी हुवा है
हाए शैत़ां भी पीछे पड़ा है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
आह ! बन्दा दुखों में घिरा है इस को तेरा ही बस आसरा है
इल्तिजाए करम या ख़ुदा है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
तेरा इन्आ़म है या इलाही कैसा इक्राम है या इलाही
हाथ में दामने मुस्त़फ़ा है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
इ़श्क़ दे सोज़ दे चश्मे नम दे मुझ को मीठे मदीने का ग़म दे

वासित़ा गुम्बदे सब्ज़ का है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
हर गुनह से बचा मुझ को मौला नेक ख़स्लत बना मुझ को मौला
तुझ को र-मज़ान का वासित़ा है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
फ़ज़्ल कर रह़्म कर तू अ़त़ा कर और मुआ़फ़ ऐ ख़ुदा हर ख़त़ा कर
वासित़ा पन्जतन पाक का है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
अ़फ़्वो रह़मत का बख़्शिश का साइल हूं निहायत गुनहगारो ग़ाफ़िल
मेरा सब ह़ाल तुझ पर खुला है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
हूं ब ज़ाहिर बड़ा नेक सूरत कर भी दे मुझ को अब नेक सीरत
ज़ाहिर अच्छा है बात़िन बुरा है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
बे सबब ऐ ख़ुदा कर दे बख़्शिश ह़श्र में मुझ से करना न पुरसिश
नाम ग़फ़्फ़ार मौला तेरा है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
मुझ ख़त़ाकार पर भी अ़त़ा कर बे ह़िसाब बख़्श दे रब्बे अक्बर
मुझ को दोज़ख़ से डर लग रहा है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
नज़्अ़ में रब्बे ग़फ़्फ़ार तुझ से मौत से क़ब्ल बीमार तुझ से
त़ालिबे जल्वए मुस्त़फ़ा है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है

क़ब्र में मुझ को तन्हा लिटा कर चल दिये हाए सारे बरादर
दिल अंधेरे में घबरा रहा है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
मग़्फ़िरत का हूं तुझ से सुवाली फेरना अपने दर से न ख़ाली
मुझ गुनहगार की इल्तिजा है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
मेरे मुर्शिद जो ग़ौसुल वरा हैं शाह अह़मद रज़ा रहनुमा हैं
येह तेरा लुत़्फ़ तेरी अ़त़ा है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
नारे दोज़ख़ से मुझ को अमां दे बहरे ह़-सनैन बाग़े जिनां दे
कर दे रह़मत मेरी इल्तिजा है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
वासित़ा तुझ को प्यारे नबी का और अस्ह़ाबो आले नबी का
बख़्श दे मुझ को येह इल्तिजा है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
या ख़ुदा माहे र-मज़ां के सदक़े सच्ची तौबा की तौफ़ीक़ दे दे
नेक बन जाऊं जी चाहता है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
दर्दे इ़स्यां मिटा या इलाही दे दे कामिल शिफ़ा या इलाही
तुझ से बीमार की इल्तिजा है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
जो हैं बीमार सिह़्ह़त के त़ालिब उन पे फ़रमा करम रब्बे ग़ालिब

तुझ से रह़मो करम की दुआ़ है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
मैं ने माना कि सब से बुरा हूं किस का हूं ? तेरा हूं मैं तेरा हूं
नाज़ रह़मत पे मुझ को बड़ा है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
ऐ़ब दुन्या में तूने छुपाए ह़श्र में भी न अब आंच आए
आह ! नामा मेरा खुल रहा है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
उ़म्र बदियों में सारी गुज़ारी हाए ! फिर भी नहीं शर्मसारी
बख़्श मह़बूब का वासित़ा है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
विर्दे लब कलिमए त़य्यिबा हो और ईमान पर ख़ातिमा हो
आ गया हाए ! वक़्ते क़ज़ा है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
या ख़ुदा ऐसे अस्बाब पाऊं काश मक्के मदीने में जाऊं
मुझ को अरमान ह़ज का बड़ा है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
आह ! रन्जो अलम ने है मारा या इलाही मुझे दे सहारा
एक ग़मगीन दिल की सदा है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
मेरी जान आफ़तों से छुड़ाना मूज़ी अमराज़ से भी बचाना
तुझ को सिद्दीक़ का वासित़ा है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है

तू अ़ता हि़ल्म की भीक कर दे मेरे अख़्लाक़ भी ठीक कर दे
तुझ को फ़ारूक़ का वासिता है या खुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
गो येह बन्दा निकम्मा है बेकार इस से ले फ़ज़्ल से रब्बे ग़फ़्फ़ार
काम वोह जिस में तेरी रिज़ा है या खुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
तेरे प्यारे की दुखियारी उम्मत पर है सैलाब[1] की आई आफ़त
रहूम कर बस तेरा आसरा है या खुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
हर त़रफ़ से बलाओं ने घेरा आफ़तों ने लगाया है डेरा
तू ही अब मेरा ह़ाजत रवा है या खुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
उस की झोली मुरादों से भर दे उस के ह़क़ में जो बेहतर हो कर दे
जिस ने मुझ से दुआ़ का कहा है या खुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
इ़श्क़े अह़मद में आंसू बहाऊं हुब्बे दुन्या से खुद को बचाऊं
ऐसी तौफ़ीक़ दे इल्तिजा है या खुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
मेरी दुश्मन से फ़रमा ह़िफ़ाज़त दीनो ईमां भी रखना सलामत

مدینہ

1: यहां "सैलाब" की जगह ह़स्बे ह़ाल "महंगाई" भी पढ़ सकते हैं।

दस्त बस्ता मेरी इल्तिजा है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
मेह्रबां तू ही, तू ही मददगार उस दुखी दिल का तू ह़ामिये कार
जिस को दुन्या ने ठुकरा दिया है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
सख़्त गोई की मिट जाए ख़स्लत नर्म गोई की पड़ जाए आ़दत
वासित़ा ख़ुल्क़े मह़बूब का है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
सुन्नतों की करूं ख़ूब ख़िदमत हर किसी को दूं नेकी की दा'वत
नेक मैं भी बनूं इल्तिजा है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
क़ाफ़िलों में सफ़र की हो कसरत हम से यूं दीन की ले ले ख़िदमत
आ़जिज़ाना इलाही दुआ़ है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है
मेरी बकबक की आ़दत मिटा दे और आंखें ह़या से झुका दे
सदक़ा उ़स्मां का जो बा ह़या है या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है

या इलाही कर ऐसी इ़नायत
दे दे ईमान पर इस्तिक़ामत
तुझ से अ़त्त़ार की इल्तिजा है
या ख़ुदा तुझ से मेरी दुआ़ है

ऐ काश ! शबे तन्हाई में

ऐ काश ! शबे तन्हाई में, फ़ुरक़त का अलम तड़पाता रहे
लम्हा लम्हा उल्फ़त की आग को और भी तू भड़काता रहे

बेताब जिगर, क़ल्बे मुज़्तर, दे दीजिये सरवर ! चश्मे तर
हर वक़्त भरूं ठन्डी आहें, ग़म तेरा ख़ून रुलाता रहे

बेचैन रहूं बेताब रहूं, मैं हिचकियां बांध के रोता रहूं
येह ज़ौक़े जुनूं बढ़ता ही रहे, हर दम येह मुझ को रुलाता रहे

मैं इश्क़ में यूं गुम हो जाऊं, हरगिज़ न पता अपना पाऊं
जब जब मैं तड़प कर गिर जाऊं, तेरा दस्ते इनायत उठाता रहे

जब आऊं मदीने रोता हुवा, हो सामने जब रौज़ा तेरा
उठ जाए निक़ाबे रुख़, साक़ी ! तू जामे दीद पिलाता रहे

बेकस हूं शहा ! मैं दुखियारा, लोगों ने मुझे है धुत्कारा
तू हमदम है फिर क्या ग़म है, गो सारा जहां ठुकराता रहे

सद शुक्र खुदाया तूने दिया, है रह़मत वाला वोह आक़ा
जो उम्मत के रन्जो ग़म में, रातों को अश्क बहाता रहे

जब गर्मिये ह़श्र हो ज़ोरों पर, उस वक़्त तमन्ना है सरवर !
हम प्यास के मारों को कौसर, के जाम पे जाम पिलाता रहे

है मेरी तमन्ना रब्बे जहां, हर खुर्दो कलां[1] हर एक जवां
हर "दा'वते इस्लामी" वाला, सुन्नत का अलम लहराता रहे

है तुझ से दुआ रब्बे अक्बर ! मक़्बूल हो "फ़ैज़ाने सुन्नत"
मस्जिद मस्जिद घर घर पढ़ कर, इस्लामी भाई सुनाता रहे

जब मेरा यावर है सरवर, फिर डर महशर का हो क्यूंकर !
वोह ह़श्र में रुस्वा कैसे करे, जो ऐब यहां पे छुपाता रहे

जब तन से जुदा हो जां मुज़्त़र, उस वक़्त हो जल्वा पेशे नज़र
हो क़ब्र में भी साया गुस्तर[2], तू मीठी नींद सुलाता रहे

या रब ! येह दुआ अ़त्त़ार की है, जब तक ज़िन्दा दुन्या में रहे
महबूब की सुन्नत आ़म करे, येह डंका दीं का बजाता रहे

1 : बच्चा और बूढ़ा 2 : साया करने वाला

अ़ज़ीज़ों की त़रफ़ से जब मेरा दिल टूट जाता है

(इस कलाम में मुख़लिफ़ इस्लामी भाइयों के जज़्बात व एह़सासात की अ़क्कासी की गई है)

अ़ज़ीज़ों की त़रफ़ से जब मेरा दिल टूट जाता है
तेरा लुत़्फ़ो करम बढ़ कर मेरी ढारस बंधाता है

कलेजा मुंह को आता है, मेरा दिल थरथराता है
करम ! या रब ! अंधेरा क़ब्र का जब याद आता है

मुसल्सल मौत नज़्दीक आ रही है, हाए ! बरबादी
करम ! मौला ! गुनाहों का मरज़ बढ़ता ही जाता है

इलाही ! वासित़ा प्यारे का, मेरी मग़्फ़िरत फ़रमा
अ़ज़ाबे नार से मुझ को ख़ुदाया ख़ौफ़ आता है

तेरी सुन्नत पे चलता हूं, तो त़ा'ने लोग देते हैं
शहन्शाहे मदीना ! नफ़्स भी बेह़द सताता है

मुबारक बाद देते हो मुझे तुम भाइयो ह़ज की
मदीना छोड़ने का ग़म मुझे तो खाए जाता है
मसाइब में कभी ह़र्फ़े शिकायत लब पे मत लाना
वोह कर के मुब्तला बन्दों को अपने आज़माता[1] है
नई उम्मीद मिलती है, दिले मायूस को फिर से
मुझे शाहे मदीना ! जब मदीना याद आता है
मुझे लगता है वोह मीठा, मुझे लगता है वोह प्यारा
इ़मामा सर पे, ज़ुल्फ़ें और दाढ़ी जो सजाता है
ख़ुदा ठन्डी करेगा उस की आंखें ह़श्र में अ़त्तार
यहां जो सोज़े उल्फ़त में जिगर अपना जलाता है

1 : अल्लाह عَزَّوَجَلَّ इर्शाद फ़रमाता है : وَلَنَبْلُوَنَّكُمْ بِشَیْءٍ مِّنَ الْخَوْفِ وَالْجُوْعِ وَ نَقْصٍ مِّنَ الْاَمْوَالِ وَالْاَنْفُسِ وَالثَّمَرٰتِؕ (پ۲، البقرہ:۱۵۵) **तर-ज-मए कन्ज़ुल ईमान :** और ज़रूर हम तुम्हें आज़माएंगे कुछ डर और भूक से और कुछ मालों और जानों और फलों की कमी से।

हो बयां किस से तुम्हारी शानो अ़-ज़मत या रसूल

हो बयां किस से तुम्हारी शानो अ़-ज़मत या रसूल
जब तुम्हारी ख़ुद ख़ुदा करता है मिदह़त या रसूल

जब भी आता है तेरा यौमे विलादत या रसूल
ख़ूब होती है मुयस्सर दिल को राह़त या रसूल

अ़र्श पर भी सल्त़नत है फ़र्श पर भी सल्त़नत
दोनों[2] आ़लम पर तुम्हारी है हुकूमत या रसूल

दौलते दुन्या के पीछे मारा मारा क्यूं फिरूं !
आप ही हैं मेरी दौलत और सरवत या रसूल

जो तड़पते हैं मदीने के लिये आक़ा उन्हें
काश ! हो जाए मदीने की ज़ियारत या रसूल

लम्ह़ा लम्ह़ा बढ़ रही हैं हाए ! ना फ़रमानियां
और गुनाहों की नहीं जाती है आ़दत या रसूल

काश ! हंसने बे बजाए मुझ को रोना हो नसीब
आंख से बहते रहें अश्के महब्बत या रसूल

नेकियों में या रसूलल्लाह दिल लग जाए काश !
और गुनाहों से मुझे हो जाए नफ़रत या रसूल

या नबी ! बेकार बातों की हो आ़दत मुझ से दूर
बस दुरूदे पाक की हो ख़ूब कसरत या रसूल

आमिना के लाल ! मुझ को दीजिये सोज़े बिलाल
माले दुन्या से मुझे हो जाए नफ़रत या रसूल

रह़मते आ़लम सिरहाने मुस्कराते आइये
जां बलब हूं आ गया अब वक़्ते रिह़लत या रसूल

आप के क़दमों में गिर जाऊंगा फ़र्ते शौक़ से
क़ब्र में होगी मुझे जिस दम ज़ियारत या रसूल

नारे दोज़ख़ में गिरा ही चाहता था मैं निसार
अपनी रह़मत से अ़त़ा फ़रमाई जन्नत या रसूल

या शहे अबरार ! दे दो ख़ुल्द में अपना जवार[1]
अज़ पए ग़ौसुल वरा हो चश्मे रह़मत या रसूल

नेकियां बिल्कुल नहीं हैं नामए आ'माल में
कीजिये अ़त्त़ार की आ कर शफ़ाअ़त या रसूल

مدینہ

1 : पड़ोस

जो मदीने के तसव्वुर में जिया करते हैं

जो मदीने के तसव्वुर में जिया करते हैं
हर जगह लुत्फ़ मदीने का लिया करते हैं

इश्क़े सरवर में जो हस्ती को फ़ना करते हैं
भेद उल्फ़त के फ़क़त उन पे खुला करते हैं

मालो दौलत की दुआ हम न खुदा करते हैं
हम तो मरने की मदीने में दुआ करते हैं

आग दोज़ख़ की जला ही नहीं सकती उन को
इश्क़ की आग में दिल जिन के जला करते हैं

दुर्रे नायाब बिलाशक हैं वोह हीरे अनमोल
अश्क आक़ा की जो यादों में बहा करते हैं

दर्दो आलाम में तस्कीन उन्हें मिलती हैं
नाम उन का जो मुसीबत में लिया करते हैं

तू सलाम मेरा दरे यार पे जा कर कहना
इल्तिजा तुझ से हम ऐ बादे सबा करते हैं

जुस्त-जू में क्यूं फिरें माल की मारे मारे
हम तो सरकार के टुकड़ों पे पला करते हैं

सुन्नतों की वोह बने रहते हैं हर दम तस्वीर
जाम जो उन की महब्बत का पिया करते हैं

सुन्नतों के ऐ मुबल्लिग़ ! हो मुबारक तुझ को
तुझ से सरकार बड़ा प्यार किया करते हैं

आप की गलियों के कुत्तों के तसद्दुक़ जाऊं
कि मदीने के वोह कूचों में फिरा करते हैं

सुन लो ! नुक़्सान ही होता है बिल आख़िर उन को
नफ़्स के वासिते गुस्सा जो किया करते हैं

बिल यक़ीं ऐसे मुसल्मान हैं बेहद नादान
जो कि रंगीनिये दुन्या पे मरा करते हैं

चांद सूरज का मुक़द्दर भी तो देखो अक्सर
गुम्बदे ख़ज़रा के नज़्ज़ारे किया करते हैं

झिलमिलाते हुए तारों की भी क़िस्मत है ख़ूब
गुम्बदे ख़ज़रा के नज़्ज़ारे किया करते हैं

मस्जिदे न-बवी के पुरनूर मनारे हर दम
गुम्बदे ख़ज़रा के नज़्ज़ारे किया करते हैं

झूम कर आते हैं बारिश लिये बादल जब भी
गुम्बदे ख़ज़रा के नज़्ज़ारे किया करते हैं

बा मुक़द्दर हैं मदीने के कबूतर बेशक
गुम्बदे ख़ज़रा के नज़्ज़ारे किया करते हैं

रश्क अ़त्तार को उन ज़र्रों पर आता है जो
उन की ना'लैन के तल्वों से लगा करते हैं

क़ाबिले रश्क हैं अ़त्तार वोह क़िस्मत वाले
दफ़्न जो मीठे मदीने में हुवा करते हैं

सुनाओ हमें बस मदीने की बातें

न दौलत न मालो ख़ज़ीने की बातें
सुनाओ हमें बस मदीने की बातें

मदीने की बातें सुनाओ कि हैं येह
मरीज़े महब्बत के जीने की बातें

मुक़द्दस हैं दीगर महीने भी लेकिन
निराली हैं ह़ज के महीने की बातें

सुनाओ न पेरिस के क़िस्से, सुनाओ
मदीने के म-दनी सफ़ीने की बातें

न कर मुश्को अ़म्बर की बातें, बयां कर
नबी के मुअ़त्तर पसीने की बातें

मेरी यावह गोई की आ़दत निकालो
करूं मैं हमेशा क़रीने की बातें

फ़ुज़ूल और बेकार बातों के बदले
करूं काश ! हर दम मदीने की बातें

गो गर्मी में मशरूब ठन्डा है मरग़ूब
करो जाम आक़ा से पीने की बातें

शहा ! मेरा सीना मदीना बना दो
ख़यालों में हों बस मदीने की बातें

बने काश ! अ़त्तार ऐसा मुबल्लिग़
मुअस्सिर हों आक़ा कमीने की बातें

करूं हर आन मैं तेरी इत़ाअ़त या रसूलल्लाह

करूं हर आन मैं तेरी इत़ाअ़त या रसूलल्लाह
पए मुर्शिद बना दे नेक सीरत या रसूलल्लाह

अंधेरी क़ब्र है और हाए ! मैं बिल्कुल अकेला हूं
अब आ भी जाओ ऐ महरे रिसालत ! या रसूलल्लाह

बक़ीए़ पाक में सो जाऊं मैं आराम से ऐ काश !
मुयस्सर आएगी यूं तेरी क़ुरबत या रसूलल्लाह

अ़ज़ाबे क़ब्रो महशर से बचा लो नारे दोज़ख़ से
ख़ुदारा साथ ले के जाओ जन्नत या रसूलल्लाह

जो ग़ुस्सा नफ़्स की ख़ातिर मुझे आक़ा कभी आए
मिले सब्रो शिकेबाई की दौलत या रसूलल्लाह

मुझे रन्जो अलम ने हर त़रफ़ से घेर रख्खा है
दुखी दिल को करम से दे दो राह़त या रसूलल्लाह

अ़त़ा कर दो मुझे इस्लाम की तब्लीग़ का जज़्बा
मैं बस देता फिरूं नेकी की दा'वत या रसूलल्लाह

यक़ीनन येह तेरा इन्आ़म है कि मिल गए मुझ को
शहन्शाहे बरेली आ'ला ह़ज़रत या रसूलल्लाह

मुझे तुम मस्लके अह़मद रज़ा पर इस्तिक़ामत दो
बनूं ख़िदमत गुज़ारे अहले सुन्नत या रसूलल्लाह

तुम्हारा ही तो येह लुत्फ़ो करम है जाने आ़लम कि
ज़ियाउद्दीन म-दनी से है निस्बत या रसूलल्लाह

मदीने की जुदाई में जो बेचारे तड़पते हैं
उन्हें दे दो मदीने की इजाज़त या रसूलल्लाह

मुसल्मां बाज़ आ जाएं शहा ! फ़ेशन परस्ती से
करम कर दो बनें पाबन्दे सुन्नत या रसूलल्लाह

मेरे वाबस्तगां की और मेरे सारे क़बीले की
तुम्हीं ! इब्लीस से करना हिफ़ाज़त या रसूलल्लाह

उ़मर का वासिता आ'दाए दीं बरबाद हो जाएं
मिले हर एक ह़ासिद को हिदायत या रसूलल्लाह

शहा ! इस इज्तिमाए़ पाक में जितने मुसल्मां हैं
हो सब की मग़्फ़िरत हो सब पे रह़मत या रसूलल्लाह

तेरा अ़त्तार आना चाहता है तेरे रौज़े पर
अ़त़ा हो ह़ाज़िरी की फिर सआ़दत या रसूलल्लाह

सारे नबियों का सरवर मदीने में है

सारे नबियों का सरवर मदीने में है
सब रसूलों का अफ़्सर मदीने में है

लुत्फ़ जन्नत से बढ़ कर मदीने में है
मीठे महबूब का घर मदीने में है

क्या हवा भी मुअ़त्तर मदीने में है
सब फ़ज़ा भी मुनव्वर मदीने में है

कर के हिजरत यहां आ गए मुस्त़फ़ा
रोशनी आज घर घर मदीने में है

जानते हो मदीना है क्यूं दिल पसन्द
दोनों[2] आ़लम का दिलबर मदीने में है

सारे दीवाने बेताब हैं इस लिये
शाह की क़ब्रे अन्वर मदीने में है

नूर की देखो बरसात है चार सू
क्या समां कैफ़ आवर मदीने में है

हिज्रो फ़ुरक़त के बीमार को ले चलो
राह़ते जाने मुज़्त़र मदीने में है

दूर रह कर के वीरान है ज़िन्दगी
मौत भी कैफ़ आवर मदीने में है

है मदीने का रुत्बा बड़ा ख़ुल्द से
क्यूं कि महबूबे दावर मदीने में है

मालदारो ! न इतराओ तुम माल पर
उन का मंगता तवंगर मदीने में है

अपनी मन्ज़िल को पा लोगे आ जाओ तुम भूले भटकों का रहबर मदीने में है

भूल जाओगे पेरिस की सब रौनकें वोह समां रूह़ परवर मदीने में है

दुश्मनो ! मत अकेला समझना मुझे मेरा ह़ामी व यावर मदीने में है

आओ इ़स्यां शिआ़रो नहा लो यहां रह़मतों का समुन्दर मदीने में है

ह़श्र में जामे कौसर की है गर त़लब आओ साक़िये कौसर मदीने में है

आओ आओ गुनहगारो ! आ जाओ तुम शाफ़ेए़ रोज़े मह़शर मदीने में है

ऐ शफ़ाअ़त के उम्मीद वारो ! चलो ! शाफ़ेए़ रोज़े मह़शर मदीने में है

तुम शफ़ाअ़त में शक मत करो ज़ाइरो ! शाफ़ेए़ रोज़े मह़शर मदीने में है

"चल मदीना" वोही हो सके जिस का दिल घर में रह कर भी अक्सर मदीने में है

"चल मदीना" का दीवानो ! मुज़्दा सुनो जल्द हर बा मुक़द्दर मदीने में है

सब्ज़ गुम्बद का अ़त्तार मन्ज़र तो देख

किस क़दर कैफ़ आवर मदीने में है

करूं दम बदम मैं सनाए मदीना

(اَلْحَمْدُ لِلّٰہ عزوجل येह कलाम 7 जुल हिज्जतिल ह़राम सि. 1416 हि. को मक्कतुल मुकर्रमा زَادَھَا اللّٰہُ شَرَفًاوَّتَعْظِیْمًا में तह़रीर करने की सआ़दत ह़ासिल हुई)

करूं दम बदम मैं सनाए मदीना
लगाता रहे दिल सदाए मदीना

ख़ुदा की क़सम ! प्यारी प्यारी है जन्नत
मगर आ़शिक़ों को रुलाए मदीना

जहां के नज़ारे हों आंखों से ओझल
नज़र में मेरी बस समाए मदीना

खिला दे कली मेरे मुरझाए दिल की
ख़ुदारा तू आ कर हवाए मदीना

जिसे चाहिये दोनों[2] आ़लम की दौलत
वोह कश्कोल ले कर के आए मदीना

इ़नायत से अल्लाह की रह़मतों का
शबो रोज़ दरिया बहाए मदीना

पए पीरो मुर्शिद तू फ़रमा दे रोशन
मेरा क़ल्बे तीरह ज़ियाए मदीना

शफ़ाअ़त की ख़ैरात का जो है त़ालिब
बराए ज़ियारत वोह आए मदीना

न दे या इलाही ! मुझे तख़्ते शाही
बना दे मुझे बस गदाए मदीना

शबो रोज़ जल्वे हैं माहे अ़रब के
न क्यूं रात दिन जगमगाए मदीना

तुझे वासित़ा ग़ौसो अह़मद रज़ा का
अ़त़ा कर इलाही क़ज़ाए मदीना

ब़क़ीए मुबारक में मदफ़न अ़त़ा हो
करम कर ख़ुदाया बराए मदीना

मेरी ख़ाक जिस दम उड़े या इलाही इसे काश ! उड़ाए हवाए मदीना
पड़ोसी बना मुझ को जन्नत में उन का ख़ुदाए मुहम्मद बराए मदीना
लगा फ़ज्र में भाई घर घर में जा कर ज़रा दिल लगा कर "सदाए मदीना"[1]
जो दे रोज़ दो "दर्से फ़ैज़ाने सुन्नत" मैं देता हूं उस को दुआ़ए मदीना
सफ़र जो करे क़ाफ़िलों में मुसल्सल मैं देता हूं उस को दुआ़ए मदीना
जो पाबन्द है इज्तिमाआ़त का भी मैं देता हूं उस को दुआ़ए मदीना
जो नेकी की दा'वत की धूमें मचाए मैं देता हूं उस को दुआ़ए मदीना
ज़बां पर जो "कुफ़्ले मदीना" लगाए मैं देता हूं उस को दुआ़ए मदीना
लगाए जो आंखों पे कुफ़्ले मदीना मैं देता हूं उस को दुआ़ए मदीना
जो दीवाने फ़ुरक़त में रोते हैं आक़ा दिखा दो उन्हें अब फ़ज़ाए मदीना
दे सोज़े जिगर चश्मे तर क़ल्बे मुज़्तर मुझे या इलाही बराए मदीना

येह अ़त्तार मक्के से ज़िन्दा सलामत
तड़पता हुवा काश आए मदीना

مدینہ

1 : फ़ज्र की नमाज़ के लिये जगाना दा'वते इस्लामी के म-दनी माहोल में "सदाए मदीना" लगाना कहलाता है।

आप आक़ाओं के आक़ा आप हैं शाहे अनाम

(ह़-रमैने त़य्यिबैन زَادَهَا اللّٰهُ شَرَفًاوَّتَعْظِيْمًا की ह़ाज़िरी सि. 1415 हि. में येह कलाम तह़रीर करने की सआ़दत नसीब हुई)

आप आक़ाओं के आक़ा आप हैं शाहे अनाम
या रसूलल्लाह मैं हूं आप का अदना गुलाम

बात की हिम्मत नहीं कि येह अदब का है मक़ाम
दिल इजाज़त ही नहीं देता करूं कैसे कलाम

सोज़े सरकार ऐ ख़ुदा कर दे अ़त़ा बहरे बिलाल
इ़श्क़े सरवर में तड़पता ही रहूं मौला मुदाम

या इलाही ! मुझ को दीवाना मदीने का बना
काश ! हो ज़िक्रे मदीना लब पे मेरे सुब्हो शाम

तल्ख़ियों में ख़ुश रहूं और लज़्ज़तों से बे नियाज़
काश ! क़ाबू में रहे येह मेरा नफ़्से बद लगाम

जो तड़पते हैं मदीने की जुदाई में शहा !
उन ग़रीबों का भी कर दो या नबी कुछ इन्तिज़ाम

अब तो दे दो तुम मदीने में शहादत का शरफ़
या नबी ! कर दो येह पूरी आरज़ूए ना तमाम

हश्र की गर्मी बला की प्यास से हूं नीम जां
साक़िया ! लिल्लाह कौसर का छलकता एक जाम

या इलाही ! फ़ालतू बातों की आ़दत दूर हो
काश ! लब पे कोई भी जारी न हो बे जा कलाम

ख़्वाह म ख़्वाह क्यूं भाई ! देखे जा रहे हो हर त़रफ़ !
सुन लो येह हरगिज़ नहीं है सुन्नते ख़ैरुल अनाम

हर घड़ी शर्मो ह़या से बस रहे नीची नज़र
पैकरे शर्मो ह़या बन कर रहूं आक़ा मुदाम

या ख़ुदा बहरे रज़ा अ़त्त़ार को वोह आंख दे
हो ग़मे महबूब में आंसू बहाना जिस का काम

मीठा मदीना मरह़बा

(اَلْحَمْدُ لِلّٰہِ عَزَّوَجَلَّ सि. 1414 ही. की ह़ाज़िरी में ब तारीख़ 27 जुल ह़िज्जा मस्जिदे न-बवी शरीफ़ عَلٰی صَاحِبِہَا الصَّلٰوۃُ وَالسَّلَام में बैठ कर येह कलाम क़लम बन्द किया)

सब पुकारो झूम कर मीठा मदीना मरह़बा
झूम कर लब चूम कर मीठा मदीना मरह़बा

डूबा रहता है मदीना रोशनी में हर घड़ी
शाम हो या हो **सह़र**[1] मीठा मदीना मरह़बा

नूर बरसाते मनारे सब्ज़ गुम्बद की बहार
दिल हो रोशन देख कर मीठा मदीना मरह़बा

जानते हो सब्ज़ गुम्बद क्यूं ह़सीं है इस क़दर
इस में है आक़ा का घर मीठा मदीना मरह़बा

फूल महके, धूल चमके, ख़ूब सूरत हर बबूल
पुर कशिश हर इक **ह़जर**[2] मीठा मदीना मरह़बा

पौ फटी तड़का हुवा और चहचहाईं बुलबुलें
है समां रंगीन तर मीठा मदीना मरह़बा

1 : सुब्ह़ 2 : पथ्थर

जब कि चलती है सबा आक़ा का रौज़ा चूम कर
झूम उठते हैं शजर मीठा मदीना मरहबा

बर्क़[1] चमकी, लहर उभरी, अब्र[2] बरसा और गया
गुम्बदे ख़ज़रा निखर मीठा मदीना मरहबा

अ़-ज़-मतें हैं रिफ़्अ़तें हैं ने'मतें हैं ब-र-कतें
रह़मतें हैं हर डगर मीठा मदीना मरहबा

फूल तो फिर फूल हैं कांटे भी इस के हुस्न में
ख़ूब से हैं ख़ूब तर मीठा मदीना मरहबा

संगरेज़ों[3] की चमक के सामने सब हीच हैं
दुन्यवी ला'लो गुहर मीठा मदीना मरहबा

हैं फ़ज़ाएं ख़ुश गवार इस की हवाएं मुश्कबार
है मुअ़त्तर किस क़दर मीठा मदीना मरहबा

हम को प्यारा है मदीना इस लिये कि रहते हैं
इस में शाहे बह़रो बर मीठा मदीना मरहबा

ख़ुल्द की रंगीनियां शादाबियां तस्लीम हैं
येह सब अपनी जा मगर मीठा मदीना मरहबा

مدینہ

1 : बिजली 2 : बादल 3 : पथ्थर के टुकड़ों

नूर की बरसे फुवार इस में रहे हर दम बहार
ख़ूब सूरत है नगर मीठा मदीना मरह़बा

हुस्ने पेरिस का फ़िदाई भी यहां पर झूम उठे
सब्ज़ गुम्बद देख कर मीठा मदीना मरह़बा

बकरियां तो बकरियां, चिड़ियां भी इस की मोह़तरम
और कबूतर बख़्त वर[1] मीठा मदीना मरह़बा

हिज्रे त़यबा में जो रोते हैं ख़ुदाया हो नसीब
उन को त़यबा का सफ़र मीठा मदीना मरह़बा

या रसूलल्लाह कहते ही टलेंगी मुश्किलें
ग़मज़दो आओ इधर मीठा मदीना मरह़बा

रात रोशन दिन मुनव्वर सब समां पुरनूर है
देख लो अहले नज़र मीठा मदीना मरह़बा

झूम कर तारे करें दीदारे त़यबा रोज़ और
हों फ़िदा शम्सो क़मर मीठा मदीना मरह़बा

जो मदीने आ गया अ़त्त़ार आ कर मर गया
वोह बड़ा है बख़्त वर मीठा मदीना मरह़बा

مدینہ

1 : नसीब दार

फिर गुम्बदे ख़ज़रा की फ़ज़ाओं में बुला लो

फिर गुम्बदे ख़ज़रा की फ़ज़ाओं में बुला लो
सरकार बुला कर मुझे क़दमों से लगा लो
क़दमों से लगा कर मुझे दीवाना बना लो
दुन्या की महब्बत को मेरे दिल से निकालो
गो ख़्वारो गुनहगार हूं जैसा हूं तुम्हारा
सरकार ! निभा लो मुझे सरकार निभा लो
सदक़ा मुझे सरकार नवासों का अ़ता हो
अग़्यार के टुकड़ों से शहन्शाह बचा लो
या शाहे मदीना मेरी इमदाद को आओ
आफ़ातो बलिय्यात के पन्जों से निकालो
तूफ़ान की मौजों में जहाज़ अपना घिरा है
सरकार ! बचा लो इसे सरकार ! बचा लो
सरकार ! मेरे ख़ून का प्यासा हुवा दुश्मन
शहज़ादों का सदक़ा मुझे दुश्मन से बचा लो

ऊजड़ हुई जाती है मेरी ज़ीस्त की बस्ती
हो जाएगी आबाद नज़र लुत्फ़ की डालो
वीरान हुवा जाता है ख़ुशियों का गुलिस्तां
इस उजड़े चमन पर भी निगह लुत्फ़ की डालो
दम तोड़ने वाला है गुनाहों का मरीज़ अब
ऐ जाने मसीहा ! इसे तुम आ के बचा लो
मरने का शरफ़ अब तो मदीने में अ़ता हो
दर दर की मुझे ठोकरों से शाह बचा लो
मदफ़न हो अ़ता मीठे मदीने की गली में
लिल्लाह पड़ोसी मुझे जन्नत में बना लो
खींचे लिये जाते हैं जहन्नम को मलाइक
ऐ शाफ़ेए महशर पए शैख़ैन बचा लो
फ़ुरक़त में तड़पते हैं जो मिस्कीन बिचारे
अस्बाब अ़ता कर के उन्हें दर पे बुला लो
महबूबे ख़ुदा ! सर पे अजल आ के खड़ी है
शैतान से अ़त्तार का ईमान बचा लो

अब करम या मुस्त़फ़ा फ़रमाइये

अब करम या मुस्त़फ़ा फ़रमाइये इज़्न, त़यबा का अ़त़ा फ़रमाइये

या ह़बीबे किब्रिया ह़ज का शरफ़ अब अ़त़ा इक मर्तबा फ़रमाइये

ह़ाज़िरी की अब सआ़दत पाऊं मैं कुछ करम ऐसा शहा फ़रमाइये

ख़्वाब में आ कर के कुछ शीरीं कलाम मीठे मीठे मुस्त़फ़ा फ़रमाइये

जिन पे सदक़े जाएं सब जन्नत के फूल उन लबों को अब तो वा फ़रमाइये

या रसूलल्लाह मेरी मग़्फ़िरत हो ख़ुदा से येह दुआ फ़रमाइये

इस्तिक़ामत दीन पर हम को अ़त़ा अज़ पए ग़ौसो रज़ा फ़रमाइये

आप की उल्फ़त में हो रोना नसीब मुझ को चश्मे नम अ़त़ा फ़रमाइये

दूर प्यारे मुस्त़फ़ा रन्जो बला बहरे शाहे करबला फ़रमाइये

आप के क़दमों में हो जाऊं शहीद कुछ सबब ऐसा शहा फ़रमाइये

मुझ को लिल्लाह इक छलकता साक़िया जाम, कौसर का अ़त़ा फ़रमाइये

अपने आ़सी की शफ़ाअ़त ह़श्र में शाफ़ेए़ रोज़े जज़ा फ़रमाइये
म-दनी बुरक़अ़ पहनें सब बहनें, करम फ़ातिमा का वासिता फ़रमाइये
झूम कर सारे ख़ुशी से बार बार "मरह़बा या मुस्त़फ़ा" फ़रमाइये
गुम्बदे ख़ज़रा के जल्वे हों नसीब येह करम या मुस्त़फ़ा फ़रमाइये
ने'मते अख़्लाक़ कर दीजे अ़त़ा येह करम या मुस्त़फ़ा फ़रमाइये
ग़ीबतो चुग़ली की आफ़त से बचें येह करम या मुस्त़फ़ा फ़रमाइये
हम रियाकारी से बचते ही रहें येह करम या मुस्त़फ़ा फ़रमाइये
नफ़्सो शैत़ां की शरारत दूर हो येह करम या मुस्त़फ़ा फ़रमाइये

दम लबों पर आ गया अ़त्त़ार का
अब क़दम रन्जा शहा ! फ़रमाइये

इज़्ने त़यबा अ़त़ा कीजिये

इज़्ने त़यबा अ़त़ा कीजिये फिर करम मुस्त़फ़ा कीजिये
फिर मदीने में आ जाएं हम ऐसा एह़सां शहा कीजिये
लो मदीना क़रीब आ गया ज़ाइरो ! आंख वा कीजिये
सब्ज़ गुम्बद पर ऐ ज़ाइरो ! जान अपनी फ़िदा कीजिये
दे के ग़म अपना दुन्या के हर रन्जो ग़म की दवा कीजिये
रात दिन काश ! रोया करूं ऐसी रिक़्क़त अ़त़ा कीजिये
इक नज़र ही की तो बात है मस्तो बेख़ुद शहा कीजिये
कोई फेरा ग़रीबों के घर ख़ैर से दिलरुबा कीजिये
ज़ोरे त़ूफ़ान है नाख़ुदा पार बेड़ा मेरा कीजिये
माहे मीलाद फिर आ गया ज़िक्र, मीलाद का कीजिये
छेड़ना हो जो शैत़ान को उन का चरचा किया कीजिये
अज़ पए शाहे कर्बो बला दूर रन्जो बला कीजिये
अपने क़दमों में मदफ़न अ़त़ा या रसूले ख़ुदा कीजिये
क़ब्र में घुप अंधेरा है आप आ कर अब चांदना कीजिये

बहरे मुर्शिद ख़ज़ाना मुझे आंसूओं का अ़ता कीजिये
ह़ासिदों से ह़सद का मरज़ दूर या मुस्त़फ़ा कीजिये
सारे आ'दा का ख़ाना ख़राब या अ़ली मुर्तज़ा कीजिये
दुश्मनों से कभी न डरूं ह़ौसला वोह अ़त़ा कीजिये
मेरे सारे मुह़िब्बीन को जामे उल्फ़त अ़त़ा कीजिये
जिस क़दर मेरे अह़बाब हैं शाह ! सब का भला कीजिये
आह ! मुजरिम है मीज़ान पर पल्ला भारी मेरा कीजिये
पास हुस्ने अ़मल है कहां ! लुत़्फ़ शाहे दना कीजिये
आह ! तारीकिये पुल सिरात़ ! रह़ूम शम्सुद्दुह़ा कीजिये
फ़र्दे जुर्म आह ! आ़इद हुई अब शफ़ाअ़त शहा कीजिये
ले के दोज़ख़ मलाइक चले आप आ कर रिहा कीजिये
खा न जाए कहीं मुझ को आग रह़ूम बहरे ख़ुदा कीजिये
अब शफ़ाअ़त पए अहले बैत या शफ़ीअ़ल वरा कीजिये
चार यारों का सदक़ा शहा ख़ुल्द में जा अ़त़ा कीजिये

इज़्न, अ़त्त़ार को अब ह़ुज़ूर
ह़ाज़िरी का अ़त़ा कीजिये

सआ़दत अब मदीने की अ़त़ा हो

सआ़दत अब मदीने की अ़त़ा हो
करम चश्मे करम या मुस्त़फ़ा हो

मदीने की बहारें देखने की
इजाज़त मर्ह़मत अब तो शहा हो

वोह लम्ह़ाते मुसर्रत आएं फिर से
मेरे पेशे नज़र गुम्बद हरा हो

सदा दिल इ़श्क़ में तड़पा करे और
येह तार अश्कों का आंखों से बंधा हो

सुनहरी जालियों के रू बरू काश !
मेरा जल्वों में उन के ख़ातिमा हो

शहन्शाहे मदीना बहरे मुर्शिद
बक़ीए़ पाक में मदफ़न अ़त़ा हो

जब आक़ा क़ब्र में जल्वा नुमा हों
तो लब पर "मरह़बा या मुस्त़फ़ा" हो

मह़ब्बत माल की छुटती नहीं है
करम ! दुन्या से मेरा दिल बुरा हो

मैं ऐसा आ़शिक़े सादिक़ बनूं काश !
हंसी लब पर रहे दिल रो रहा हो

गुनाहों के सभी अमराज़ हों दूर
अ़त़ा मेरे त़बीब ऐसी दवा हो

कलेजे से लगाते हैं उसे भी
जिसे हर एक ने ठुकरा दिया हो

पड़ोसी ख़ुल्द में अपना बना लो
करम या मुस्त़फ़ा बहरे रज़ा हो

जगह जन्नत में क़दमों में वोह देना
जहां पर मुर्शिदी अह़मद रज़ा हो

मेरी क़िस्मत की जितनी गुथ्थियां हैं
सुलझ सकती हैं आक़ा तुम जो चाहो

अ़दू उस का बिगाड़ेगा भला क्या !
मुह़म्मद मुस्त़फ़ा का जो गदा हो

इ़नायत, दीन पर हो इस्तिक़ामत
मेरी मक़्बूल या रब येह दुआ़ हो

ख़ुदाया वासित़ा मीठे नबी का
शरफ़ अ़त्त़ार को ह़ज का अ़त़ा हो

बयां क्यूंकर सनाए मुस्त़फ़ा हो

बयां क्यूंकर सनाए मुस्त़फ़ा हो
खुदा जब उन का खुद मद्ह़ सरा हो

करूं बे लौस ख़िदमत सुन्नतों की
शहा गर लुत़्फ़ मुझ पर आप का हो

दे जज़्बा "म-दनी इन्आ़मात" का तू
करम बहरे शहे कर्बो बला हो

मदीने की महब्बत में जो रोए
अ़त़ा वोह आंख मीठे मुस्त़फ़ा हो

करम हो दा'वते इस्लामी पर येह
शरीक इस में हर इक छोटा बड़ा हो

गुनाहों ने कहीं का भी न छोड़ा
करम मुझ पर ह़बीबे किब्रिया हो

गुनाहों की छुटे हर एक आ़दत
सुधर जाऊं करम या मुस्त़फ़ा हो

अ़त़ा कर दो मुझे वोह भीक दाता
मेरे सारे क़बीले का भला हो

तड़प कर या रसूलल्लाह पुकारो
नहीं मुम्किन उन्हों ने न सुना हो

सलामे शौक़ कह देना अदब से
गुज़र सूए मदीना जब सबा हो

कटी है ग़फ़्लतों में ज़िन्दगानी
न जाने ह़श्र में क्या फ़ैसला हो

मैं सब दौलत रहे ह़क़ में लुटा दूं
खुदा ऐसा मुझे जज़्बा अ़त़ा हो

करम हो वासित़ा कुल औलिया का
मेरा ईमां पे मौला ख़ातिमा हो

इलाही हूं बहुत कमज़ोर बन्दा
न दुन्या में न उ़क़्बा में सज़ा हो

मैं म-दनी क़ाफ़िलों ही का मुसाफ़िर
रहूं अक्सर करम ऐसा शहा हो

मेरे आ'माल तोले जा रहे हैं
शफ़ाअ़त शाफ़ेए़ रोज़े जज़ा हो

बरोज़े ह़श्र आक़ा काश ! कह दें
तुम ऐ अ़त्त़ार दोज़ख़ से रिहा हो

आप की निस्बत ऐ नानाए हुसैन

आप की निस्बत ऐ नानाए हुसैन है बड़ी दौलत ऐ नानाए हुसैन
दूर कर फ़ुरक़त ऐ नानाए हुसैन अपनी दे क़ुरबत ऐ नानाए हुसैन
मर के भी निकले न मेरे क़ल्ब से आप की उल्फ़त ऐ नानाए हुसैन
घर छुटे या सर कटे पर न लुटे दीन की दौलत ऐ नानाए हुसैन
हूं गुनाहों का मरीज़े दाइमी दूर हो शामत ऐ नानाए हुसैन
वासिता ग़ौसो रज़ा का दूर हो हर बुरी ख़स्लत ऐ नानाए हुसैन
ग़म तुम्हारा चैन लेने ही न दे दे दो येह राह़त ऐ नानाए हुसैन
अब मदीने में बुला कर दूर कर येह ग़मे फ़ुरक़त ऐ नानाए हुसैन
सब्ज़ गुम्बद की बहारें देख लूं आए वोह साअ़त ऐ नानाए हुसैन
मौत सर पर आ गई कर दो अ़ता दीद का शरबत ऐ नानाए हुसैन
अपने जल्वों से अ़ता फ़रमाइये नज़्अ़ में राह़त ऐ नानाए हुसैन
दो बक़ीए़ पाक में दो गज़ ज़मीं तुम पए तुरबत ऐ नानाए हुसैन
अज़ तुफ़ैले ग़ौसे आ'ज़म दूर हो क़ब्र की वह़शत ऐ नानाए हुसैन
नारे दोज़ख़ से बचा कर या नबी ! दीजिये जन्नत ऐ नानाए हुसैन
ह़ज़रते शब्बीरो शब्बर के तुफ़ैल टाल दो आफ़त ऐ नानाए हुसैन
आल से अस्ह़ाब से क़ाइम रहे ता अबद निस्बत ऐ नानाए हुसैन

पीरो मुर्शिद पर मेरे मां बाप पर हो सदा रह़मत ऐ नानाए हुसैन
हर त़रफ़ ''नेकी की दा'वत'' आ़म हो नेक हो उम्मत ऐ नानाए हुसैन
सुन्नतों की हर त़रफ़ आए बहार नेक हो उम्मत ऐ नानाए हुसैन
ख़ूब म-दनी क़ाफ़िलों की धूम मचे नेक हो उम्मत ऐ नानाए हुसैन
''म-दनी इन्आ़मात'' की हो रेलपेल नेक हो उम्मत ऐ नानाए हुसैन
नेकियों में दिल लगे हर दम, बना आ़मिले सुन्नत ऐ नानाए हुसैन
मैं गुनाहों से सदा बचता रहूं कीजिये रह़मत ऐ नानाए हुसैन
झूट से बुग़्ज़ो ह़सद से हम बचें कीजिये रह़मत ऐ नानाए हुसैन
बद गुमानी, बद निगाही से बचें कीजिये रह़मत ऐ नानाए हुसैन
दीजिये कुफ़्ले मदीना दीजिये कीजिये रह़मत ऐ नानाए हुसैन
दौलते इख़्लास हम को दीजिये कीजिये रह़मत ऐ नानाए हुसैन
कीजिये ह़ज का शरफ़ मुझ को अ़त़ा कीजिये रह़मत ऐ नानाए हुसैन
फिर त़वाफ़े ख़ानए का'बा करूं कीजिये रह़मत ऐ नानाए हुसैन
मैं मदीने का मुसाफ़िर अब बनूं कीजिये रह़मत ऐ नानाए हुसैन
''चल मदीना'' की बिशारत दीजिये कीजिये रह़मत ऐ नानाए हुसैन
अपना ग़म और चश्मे नम दे दीजिये कीजिये रह़मत ऐ नानाए हुसैन
इ़श्क़ में आहें भरूं, रोता रहूं कीजिये रह़मत ऐ नानाए हुसैन

یـارسـولَ اللّٰـهِ اُنْظُر حالَنا कीजिये रह़मत ऐ नानाए हुसैन

یـاحبیـبَ اللّٰـهِ اِسْـمَعْ قالَنا कीजिये रह़मत ऐ नानाए हुसैन

اِنَّـنِی فِیْ بَحْـرِ هَمٍّ مِّن مُّغرَقٌ कीजिये रह़मत ऐ नानाए हुसैन

خُذْ یَدِی سَهِّل لَّنَا اَشْکَال لَّنا कीजिये रह़मत ऐ नानाए हुसैन

इस्तिक़ामत दीजिये इस्लाम पर कीजिये रह़मत ऐ नानाए हुसैन

दिल से दुन्या की हवस सब दूर हो कीजिये रह़मत ऐ नानाए हुसैन

नज़्अ़, क़ब्रो ह़श्र, मीज़ां हर जगह कीजिये रह़मत ऐ नानाए हुसैन

ऐ़ब खुल जाएं न मह़शर में कहीं कीजिये रह़मत ऐ नानाए हुसैन

बहरे सिद्दीक़ो उ़मर उ़स्मां अ़ली कीजिये रह़मत ऐ नानाए हुसैन

सदक़ा शहज़ादों का आक़ा कीजिये कीजिये रह़मत ऐ नानाए हुसैन

सब सह़ाबा का वसीला सय्यिदा कीजिये रह़मत ऐ नानाए हुसैन

ग़ौसो ख़्वाजा और रज़ा का वासित़ा कीजिये रह़मत ऐ नानाए हुसैन

मुर्शिदी क़ुत़्बे मदीना के तुफ़ैल कीजिये रह़मत ऐ नानाए हुसैन

"दा'वते इस्लामी" वालों पर सदा कीजिये रह़मत ऐ नानाए हुसैन

हर वली का वासित़ा अ़त़्त़ार पर

कीजिये रह़मत ऐ नानाए हुसैन

हो गया ह़ाजियों का शुरूअ़ अब शुमार

हो गया ह़ाजियों का शुरूअ़ अब शुमार
इज़्न मुझ को भी दे दो शहे ज़ी वक़ार

तेरी नज़रे करम का हूं उम्मीद वार
गो मेरे जुर्म सरकार हैं बे शुमार

फिर मदीने की जानिब चले क़ाफ़िले
हो गए आ़शिक़ाने नबी बे क़रार

बहरे ग़ौसुल वरा या शहे दो सरा
फिर दिखा दो मदीने के लैलो नहार

मेरे मीठे मदीने की क्या बात है
है फ़ज़ा महकी महकी हवा ख़ुश गवार

जिस क़दर भी हैं इस्लामी भाई बहन
सब को बुलवाओ महबूबे परवर्द गार

अ़र्श पर फ़र्श पर खुल्द पर ख़ल्क़ पर
इज़्ने रब से है नाफ़िज़ तेरा इक़्तिदार

कीजिये दूर दुन्या के रन्जो अलम
आप पर मेरे ह़ालात हैं आशकार

मेरे नज़्दीक आए ख़ज़ां न कभी
ताजदारे मदीना दो ऐसी बहार

फंस गई नाउ इस्यां के तूफ़ान में
अब लगा दो मेरे नाख़ुदा जल्द पार

मेरे दामाने तर की शफ़ीउ़ल वरा
लाज रखना ख़ुदारा बरोज़े शुमार

सुन्नतों का मैं चरचा करूं रात दिन
हो अ़त़ा ऐसा जज़्बा पए चार यार

ऐ मदीने के ज़ाइर दरे पाक पर
अ़र्ज़ करना मेरा भी सलाम अश्कबार

पीरो मुर्शिद के सदक़े हो ऐसी अ़त़ा
आए अ़त्तार दरबार में बार बार

अ़त्तार ने दरबार में दामन है पसारा

अ़त्तार ने दरबार में दामन है पसारा
है इ़ज़्ने मदीना का त़लब गार बिचारा

चमका दो शहा ! मेरे मुक़द्दर का सितारा
फिर ह़ज का शरफ़ मुझ को अ़त़ा कर दो ख़ुदारा

मैं साले गुज़श्ता भी तो आया था मदीने
इस साल भी हो जाए मदीने का नज़ारा

मक्के की ह़सीं शाम की देखूं मैं बहारें
फिर देखूं मदीने की शहा सुब्ह़े दिल आरा

"सामाने मदीना" तो शहा ! ला के रखा है
अब दे दो सफ़र का भी हमें इ़ज़्न ख़ुदारा

मायूस नहीं तुम से येह दीवाने तुम्हारे
अब कर दो करम तुम न करो देर ख़ुदारा

ताख़ीर हुई जाती है क्यूं कूच में आख़िर ?
तश्वीश में त़यबा का मुसाफ़िर है बिचारा

बिगड़ा हुवा हर काम संवर जाएगा मेरा
कर देंगे शहा ! आप जो अब्रू का इशारा

सरकार ! मदीने में इसी साल बुला लो
ऐ शाह ! बड़ी आस से है तुम को पुकारा

या रब हमें मक्के की फ़ज़ाओं में बुला ले
और ख़ानए का'बा का करें जम के नज़ारा

हो जाए मेरी ह़ाज़िरी अ़-रफ़ातो मिना में
और मुज़्दलिफ़ा का भी करूं ख़ूब नज़ारा

जो हिज्रे मदीना में तड़पते हैं शबो रोज़
कर लें कभी त़यबा का शहा ! वोह भी नज़ारा

किस त़रह़ मदीने में मेरा दाख़िला होगा
आलूदा वुजूद आह ! गुनाहों से है सारा

ऐ काश ! मेरी आंख हो दीदार के क़ाबिल
जी भर के करूं गुम्बदे ख़ज़रा का नज़ारा

मरने दो मदीने में मुझे क़ाफ़िले वालो
ऐ चारा गरो ! तुम भी न करना कोई चारा

हम जाएं कहां और शहा किस को पुकारें
हमदर्द नहीं तेरे सिवा कोई हमारा

दुखियों का नहीं तेरे सिवा कोई भी हमदम
है किस को ग़रज़ दूर करे दर्द हमारा

गो बद हूं गुनहगार हूं बदकारो बुरा हूं
जैसा भी हूं सरकार तुम्हारा हूं तुम्हारा

हम क्यूं करें हुक्काम की उ-मरा की खुशामद
जब आप के टुकड़ों पे हमारा है गुज़ारा

शैत़ान ने बहका के गुनाहों में फंसाया
और नफ़्से बद अत़्वार ने इ़स्यां पे उभारा

इ़स्यां के समुन्दर में फंसी नाउ हमारी
तुम आ के संभालो है बहुत दूर कनारा

अफ़्सोस ! गुनाहों से है पुर नामए आ'माल
रखियेगा मेरी लाज क़ियामत में खुदारा

अत़्त़ार का बस आप के हाथों में भरम है
कह दीजिये अत़्त़ार हमारा है हमारा

फ़रमाने मुस्त़फ़ा صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : जो किसी मुसल्मान को भूक में खाना खिला कर सैर करे तो अल्लाह तआ़ला उसे जन्नत में उस दरवाज़े से दाख़िल फ़रमाएगा जिस में से उस जैसे लोग ही दाख़िल होंगे।

(اَلْمُعْجَمُ الْكَبِير لِلطَّبَرانی ج ٢٠ ص ٨٥ حدیث ١٦٢)

काश ! फिर मुझे ह़ज का, इज़्न मिल गया होता

काश ! फिर मुझे ह़ज का, इज़्न मिल गया होता
और रोते रोते मैं, काश ! चल पड़ा होता

हाए ! फूटी क़िस्मत ने, ह़ाज़िरी से रोका है
काश ! मैं मदीने में, फिर पहुंच गया होता

इस सफ़र की तय्यारी, कर चुका था मैं सारी
काश ! मेरी क़िस्मत ने साथ दे दिया होता

मेरे क़ल्बे मुज़्त़र को भी क़रार आ जाता
ह़ज का मुज़्दा कोई काश ! आ के दे गया होता

मुझ को छोड़ कर तन्हा क़ाफ़िला चला त़यबा
काश ! साथ में ले कर मुझ को भी गया होता

काश ! इन की राहों को फूल और कांटों को
चूमता गया होता झूमता गया होता

मिस्ले साले रफ़्ता फिर काश ! चश्मे तर ले कर
सब्ज़ सब्ज़ गुम्बद के रू बरू खड़ा होता
मुझ को फिर मदीने में इस बरस भी बुलवाते
आप का बड़ा एह़सां मुझ पे येह शहा होता
ज़ेरे गुम्बदे ख़ज़रा अश्कबार आंखों ने
काश ! मेरी फ़ुरक़त का दाग़ धो दिया होता
काश ! गुम्बदे ख़ज़रा के ह़सीन जल्वों में
मेरा रोते रोते ही दम निकल गया होता
दम निकल गया होता मेरा उन क़दमों में
साथ गर मुक़द्दर ने मेरा दे दिया होता
जिन दिनों मदीने में ह़ाज़िरी हुई थी काश !
मर के उन के कूचे में दफ़्न हो गया होता
काश ! ऐसा हो जाता गोरे गोरे क़दमों में
गिर कर आप का अ़त्तार आप पर फ़िदा होता

मीठा मदीना दूर है जाना ज़रूर है

मीठा मदीना दूर है जाना ज़रूर है
जाना हमें ज़रूर है जाना ज़रूर है

राहे मदीना का तो हर कांटा भी फूल है
दीवाना बा शुऊ़र है जाना ज़रूर है

होता है सख़्त इम्तिहां उल्फ़त की राह में
आता मगर सुरूर है जाना ज़रूर है

इ़श्क़े रसूल देखिये ह़बशी बिलाल का
ज़ख़्मों से चूर चूर है जाना ज़रूर है

पुरख़ार राह पाउं में छाले भी पड़ गए
इस में भी इक सुरूर है जाना ज़रूर है

हिम्मत जवाब दे गई सरकार अल मदद !
ज़ाइर थकन से चूर है जाना ज़रूर है

क्यूं थक गए पलट गए हिम्मत गए क्यूं हार !

येह आप का क़ुसूर है जाना ज़रूर है

तुझ को डराती हैं सफ़र की जो सुऊ़बतें

येह नफ़्स का फ़ुतूर है जाना ज़रूर है

उ़श्शाक़ को तो मिलती है ग़म में भी राह़त और

आता बड़ा सुरूर है जाना ज़रूर है

सरकार का मदीना यक़ीनन बिला शुबा

क़ल्बो नज़र का नूर है जाना ज़रूर है

मन्ज़र ह़सीनो दिलरुबा उन के दियार का

हां देखना ज़रूर है जाना ज़रूर है

देखूंगा जा के गुम्बदे ख़ज़रा की मैं बहार

रौज़ा वत़न से दूर है जाना ज़रूर है

मेह़राबो मिम्बर आप के डूबे हैं नूर में
जाली भी नूर नूर है जाना ज़रूर है

चादर तनी है गुम्बदे ख़ज़रा पे नूर की
मीनार नूर नूर है जाना ज़रूर है

पुरनूर हर पहाड़ तो त़यबा की ख़ाक का
हर ज़र्रा रश्के त़ूर है जाना ज़रूर है

शाहो गदा फ़क़ीरो ग़नी हर किसी का सर
ख़म आप के हुज़ूर है जाना ज़रूर है

बेहतर इसी बरस हो तो जल्दी बुलाइये
येह इल्तिजा हुज़ूर है जाना ज़रूर है

मरज़ी तुम्हारी तुम सुनो या मत सुनो मगर
अपनी तो रट हुज़ूर है जाना ज़रूर है

अ़त्त़ार क़ाफ़िला तो गया तुम भी उठ चलो
मन्ज़िल अगर्चे दूर है जाना ज़रूर है

फिर अ़ता कर दीजिये ह़ज की सआ़दत या रसूल

फिर अ़ता कर दीजिये ह़ज की सआ़दत या रसूल
हो मदीने की इजाज़त भी इ़नायत या रसूल

ह़ज का मौसिम आ गया हुज्जाज ने बांधी कमर
मेरे ह़ज की भी कोई हो जाए सूरत या रसूल

चल पड़े हैं क़ाफ़िलों पर क़ाफ़िले सूए ह़िजाज़
मैं रहा जाता हूं हाए ! जाने रह़मत या रसूल

या रसूलल्लाह ! सदक़ा फ़ातिमा के लाल का
दीजिये मुझ को मदीने की इजाज़त या रसूल

सब्ज़ गुम्बद की फ़ज़ाओं में बुला लो अब मुझे
हो करम बहरे इमामे अहले सुन्नत या रसूल

गर मेरी तक़्दीर में दूरी लिखी है या नबी
हर घड़ी मुझ को रुलाए तेरी फ़ुरक़त या रसूल

सदक़ा सिद्दीक़ो उ़मर उ़स्मानो ह़ैदर का हुज़ूर
ग़म मदीने का मुझे कर दो इ़नायत या रसूल

दिल से दुन्या की मह़ब्बत दूर कर के दीजिये
अपनी उल्फ़त अपनी चाहत दर्दो रिक़्क़त या रसूल

ताजे सुल्त़ानी है मेरी ठोकरों पर या नबी
तेरी ना'ले पाक मेरा ताजे इ़ज़्ज़त या रसूल

टूट जाए दम मदीने में शहा ! अ़त्त़ार का
और बक़ीए़ पाक में बन जाए तुरबत या रसूल

फिर से बुलाओ जल्द मदीने में या रसूल

फिर से बुलाओ जल्द मदीने में या रसूल
बहरे ह़सन, हुसैन पए फ़ातिमा बतूल

दुन्या परस्त ज़र पे मरे गुल पे अ़न्दलीब
अपना तो इन्तिख़ाब मदीने का है बबूल

बीमारे हिज्र का अभी हो जाएगा इलाज
जाओ उठा के लाओ मदीने की थोड़ी धूल

दुन्या की लज़्ज़तों से मेरी जान छूट जाए
मुझ को बना दे या ख़ुदा तू आ़शिक़े रसूल

मेरी ज़बान तर रहे ज़िक्रो दुरूद से
बे जा हंसूं कभी न करूं गुफ़्त-गू फ़ुज़ूल

मेरी पसन्द ख़ारे मदीना है बुलबुलो
ले कर मैं क्या करूंगा तुम्हारे यहां के फूल

ख़ुश बख़्त बे शुमार मदीने में दफ़्न हैं
हो जाए उन में काश ! मेरा भी कभी शुमूल

परचार सुन्नतों का जो करता है रात दिन
हर दम हो उस पे रह़मतों का या ख़ुदा नुज़ूल

देता हूं तुझ को वासित़ा या रब हुज़ूर का
कर दे मुआ़फ़ तू मेरी हर इक ख़त़ा व भूल

ग़ौसो रज़ा का वासित़ा या शाफ़ेए़ उमम
रखना न मुझ को ह़श्र में रन्जीदा व मलूल

गर लम्ह़ा भर भी ह़ाज़िरी त़यबा की हो नसीब
ह़ासिल येही है ज़ीस्त का मेह़नत हुई वुसूल

सरकार ! चार यार के सदक़े में हो करम
अ़त्त़ार को सदा के लिये कर लो तुम क़बूल

मुझे हर साल तुम ह़ज पर बुलाना या रसूलल्लाह

मुझे हर साल तुम ह़ज पर बुलाना या रसूलल्लाह
बुलाना और मदीना भी दिखाना या रसूलल्लाह

रहे हर साल मेरा आना जाना या रसूलल्लाह
बक़ीए़ पाक हो आख़िर ठिकाना या रसूलल्लाह

मेरी आंखों में तुम हर दम समाना या रसूलल्लाह
दिले वीरां को जल्वों से बसाना या रसूलल्लाह

न दौलत दो न दो कोई ख़ज़ाना या रसूलल्लाह
सिखा दो इ़श्क़ में रोना रुलाना या रसूलल्लाह

नज़र भर कर शहा ! मैं देख लूं फिर गुम्बदे ख़ज़रा
खुदारा फिर सबब कोई बनाना या रसूलल्लाह

दवा के वासिते़ बीमारे इ़स्यां दर पे ह़ाज़िर है
न तुम मायूस इसे दर से फिराना या रसूलल्लाह

नुकूशे उल्फ़ते दुन्या मेरे दिल से मिटा देना
मुझे अपना ही दीवाना बनाना या रसूलल्लाह

सलीक़ा आप की यादों में रोने का तड़पने का
पए ग़ौसो रज़ा मुझ को सिखाना या रसूलल्लाह

पए ग़ौसुल वरा, अह़मद रज़ा ख़ां और ज़ियाउद्दीन
अ़त़ा हो इ़श्क़ो मस्ती का ख़ज़ाना या रसूलल्लाह

फ़िरिश्ता मौत का अब आ चुका है रूह़ लेने को
सरे बालीं ज़रा जल्दी से आना या रसूलल्लाह

खुले हैं दफ़्तरे आ'माल ! हाए ! मेरा क्या होगा !
बचाना शाफ़ेए़ मह़शर बचाना या रसूलल्लाह

येह गन्दा है निकम्मा है येह जैसा है तुम्हारा है
तुम्हीं अ़त्तारे आ़सी को निभाना या रसूलल्लाह

मुझ को आक़ा मदीने बुलाना

मुझ को आक़ा मदीने बुलाना, सब्ज़ गुम्बद का जल्वा दिखाना
तुम निक़ाब अपने रुख़ से उठाना, अपने क़दमों से मुझ को लगाना

आना आना मेरे दिलबर आना, आ कर आंखों में मेरी समाना
मुझ को उल्फ़त का साग़र पिलाना, मेरा सीना मदीना बनाना

अब घड़ी हाए ! रुख़्सत की आई, माहे र-मज़ां से होगी जुदाई
दे दो अब ग़म मदीने का दे दो मुझ को ईदी में शाहे ज़माना

वासिता लाडली फ़ातिमा का, वासिता ग़ौसो अहमद रज़ा का
वासिता मेरे मुर्शिद पिया का मुझ को दीवाना अपना बनाना

गो गुनहगार भी हूं तो तेरा गर्चे बदकार भी हूं तो तेरा
मैं सियह कार भी हूं तो तेरा बहरे ख़ाके मदीना निभाना

रुख़्सत अब माहे र-मज़ान की है ईद या मुस्तफ़ा आ गई है
ग़म मदीने का ईदी में दे दो अज़ पए ग़ौस शाहे ज़माना

अ़ज़्म दाढ़ी का जब से किया है जब से सर पर इ़मामा सजा है
सब क़बीला मुख़ालिफ़ हुवा है या नबी इस पे तुम रह़्म खाना
हो गया जुर्म सुन्नत पे चलना और उल्फ़त में तेरी मचलना
मीठी सुन्नत से लोगों का हटना आ गया हाए कैसा ज़माना
तू ठहर जा ज़रा रूहे मुज़्त़र आने वाला है मीठा मदीना
जब कि आए नज़र सब्ज़ गुम्बद तन से हो जाना उस दम रवाना
जल्द दफ़्नाओ मय्यित ख़ुदारा खुल न जाए कहीं भेद सारा
मेरे चेहरे से मेरे अ़ज़ीज़ो ! तुम कफ़न को न हरगिज़ हटाना
हिज्र में जो तड़पते हैं आक़ा यादे त़यबा में रोते हैं आक़ा
देख लें वोह भी शाहे मदीना सब्ज़ गुम्बद का मन्ज़र सुहाना
दुश्मने दीं अकड़ कर खड़ा है ह़ासिदों का ह़सद बढ़ चला है
ज़ुल्म हर सम्त से हो रहा है जल्द अ़त्त़ार को तुम बचाना

अ़ता कर कर दो मदीने की इजाज़त या रसूलल्लाह

(म-दनी मुन्नों और त़-लबा के लिये कलाम)

अ़ता कर कर दो मदीने की इजाज़त या रसूलल्लाह
करूं मैं सब्ज़ गुम्बद की ज़ियारत या रसूलल्लाह

कुछ ऐसा हो करम माहे रिसालत या रसूलल्लाह
करूं अल्लाह की दिल से इ़बादत या रसूलल्लाह

सह़ाबा का गदा हूं और अहले बैत का ख़ादिम
येह सब है आप ही की तो इ़नायत या रसूलल्लाह

तुम्हारा फ़ज़्ल है कि मैं गुलामे ग़ौसो ख़्वाजा हूं
न हो कम औलिया की दिल से उल्फ़त या रसूलल्लाह

उसी अह़मद रज़ा का वासित़ा जो मेरे मुर्शिद हैं
अ़ता कर दो मुझे अपनी मह़ब्बत या रसूलल्लाह

मदीना मीठा मीठा है मदीना प्यारा प्यारा है
मदीने से मुझे बेह़द है उल्फ़त या रसूलल्लाह

मैं हूं सुन्नी रहूं सुन्नी मरूं सुन्नी मदीने में
बक़ीए़ पाक में बन जाए तुरबत या रसूलल्लाह

नमाज़ों में मुझे हरगिज़ न हो सुस्ती कभी आक़ा
पढ़ूं पांचों नमाज़ें बा जमाअ़त या रसूलल्लाह

बड़े भाई बहन का मैं कहा माना करूं हर दम
करूं मां बाप की दिन रात ख़िदमत या रसूलल्लाह

बड़े जितने भी हैं घर में अदब करता रहूं सब का
करूं छोटे बहन भाई पे शफ़्क़त या रसूलल्लाह

मैं सब से ''आप'' कह कर प्यार से बातें करूं आक़ा
झिड़कने की हो मेरी दूर आ़दत या रसूलल्लाह

अदब उस्तादे दीनी का मुझे आक़ा अ़ता कर दो
दिलो जां से करूं उन की इ़ताअ़त या रसूलल्लाह

करम कर दो कि मेरा ह़ाफ़िज़ा मज़बूत़ हो जाए
न हो उस्ताद को मुझ से शिकायत या रसूलल्लाह

मैं गाने बाजों और फ़िल्मों डिरामों के गुनह छोड़ूं
पढ़ूं ना'तें करूं अक्सर तिलावत या रसूलल्लाह

ह़सद, वा'दा ख़िलाफ़ी, झूट, चुग़ली, ग़ीबतो गाली
मुझे इन सब गुनाहों से हो नफ़रत या रसूलल्लाह

मेरे अख़्लाक़ अच्छे हों मेरे सब काम अच्छे हों
बना दो मुझ को तुम पाबन्दे सुन्नत या रसूलल्लाह

ज़रूरत से ज़ियादा मालो दौलत का नहीं त़ालिब
रहे बस आप की नज़रे इ़नायत या रसूलल्लाह

रहें सब शाद घर वाले शहा थोड़ी सी रोज़ी पर
अ़त़ा हो दौलते सब्रो क़नाअ़त या रसूलल्लाह

सब अहले ह़श्र महशर में उन्हीं को ढूंडते होंगे
पुकारेंगे सभी रोज़े क़ियामत या रसूलल्लाह

बहुत कमज़ोर हूं क़ाबिल नहीं हरगिज़ अ़ज़ाबों के
ख़ुदारा साथ लेते जाना जन्नत या रसूलल्लाह

मुझे तुम या रसूलल्लाह दे दो जज़्बए तब्लीग़
शहा ! देता फिरूं नेकी की दा'वत या रसूलल्लाह

शहा ! अ़त्त़ार पर हर आन रह़मत की नज़र रखना
करे दिन रात येह सुन्नत की ख़िदमत या रसूलल्लाह

मदीने की त़रफ़ फिर कब रवाना क़ाफ़िला होगा

मदीने की त़रफ़ फिर कब रवाना क़ाफ़िला होगा
मुझे इज़्ने मदीना कब मेरे आक़ा अ़त़ा होगा

यक़ीनन रोज़े महशर सिर्फ़ उसी से खुश खुदा होगा
यहां दुन्या में जिस ने मुस्त़फ़ा को खुश किया होगा

वोही सर, बर सरे महशर बुलन्दी पाएगा जो सर
यहां दुन्या में उन के आस्ताने पर झुका होगा

कोई हफ़्ता न कोई दिन कोई घन्टा मेरा बल्कि
कोई लम्हा भी इस्यां से नहीं ख़ाली गया होगा

नहीं जाती गुनाहों की शहा ! आ़दत नहीं जाती
करम मौला पसे मुर्दन न जाने मेरा क्या होगा

फ़क़त़ नेकों पे होगा गर करम ऐ सरवरे आ़लम !
कहां जाएगा वोह बन्दा जो बदकारो बुरा होगा

तेरे रह़मो करम पर आस मैं ने बांध रख्खी है
बड़ी उम्मीद है आक़ा ! करम रोज़े जज़ा होगा

नबी के आ़शिक़ों को मौत तो अनमोल तोह़फ़ा है
कि इन को क़ब्र में दीदारे शाहे अम्बिया होगा

अंधेरी गोर है तन्हा हूं मुझ पर ख़ौफ़ त़ारी है
तुम आओगे तो आक़ा दूर अंधेरा क़ब्र का होगा

फ़िरिश्ते क़ब्र में पूछेंगे जब मुझ से सुवाल आ कर
मेरे लब पर तराना اِنْ شَآءَاللّٰه ना'त का होगा

नबी के आ़शिक़ों की ईद होगी ईद महशर में
कोई क़दमों में होगा कोई सीने से लगा होगा

तेरे दामाने रह़मत की खुलेगी ह़श्र में वुस्अ़त
वोह आ आ कर छुपेगा जो गुनहगारो बुरा होगा

तसल्ली रख तसल्ली रख न घबरा ह़श्र से अ़त्त़ार
तेरा ह़ामी वहां पर आमिना का लाडला होगा

न घबरा मौत से अ़त्त़ार बरज़ख़ में तू मिल लेना
वहां ग़ौसुल वरा होंगे वहां अह़मद रज़ा होगा

इक बार फिर करम शहे ख़ैरुल अनाम हो

इक बार फिर करम शहे ख़ैरुल अनाम हो फिर जानिबे मदीना रवाना गुलाम हो
फिर झूमता हुवा मैं चलूं जानिबे हिजाज़ मक्के में सुब्ह हो तो मदीने में शाम हो
पेशे नज़र हो गुम्बदे ख़ज़रा की फिर बहार ऐ काश! फिर मदीने में मेरा क़ियाम हो
हो आना जाना मेरा मदीने में उम्र भर आख़िर में ज़िन्दगी का वहीं इख़्तिताम हो
यूं मुझ को मौत आए तुम्हारे दियार में चौखट पे सर हो लब पे दुरूदो सलाम हो
या रब बचा ले तू मुझे नारे जहीम से औलाद पे भी बल्कि जहन्नम हराम हो
दीवाने रो रहे हैं मदीने के वासिते इन की भी हाज़िरी का कोई इन्तिज़ाम हो
दिल की मुराद पा गया जो दर पे आ गया कोई वजह नहीं कि न मंगता का काम हो
दुश्मन का ज़ोर बढ़ चला है या अ़ली मदद अब जुल फ़िक़ारे हैदरी फिर बे नियाम हो
बेकार गुफ़्त-गू से मेरी जान छूट जाए हर वक़्त काश! लब पे दुरूदो सलाम हो
हो जाएं ख़त्म काश ! गुनाहों की आ़दतें ऐसा करम ऐ सय्यिदे ख़ैरुल अनाम हो
अहमद रज़ा का सदक़ा मुसल्मान नेक हों नेकी की दा'वत आक़ा जहां भर में आ़म हो
आक़ा ! ग़मे मदीना में रोना नसीब हो ज़िक्रे मदीना लब पे मेरे सुब्हो शाम हो

हो रूह तेरे क़दमों पे अ़त्तार की निसार
जिस वक़्त इस की उम्र का लबरेज़ जाम हो

मुझे मदीने की दो इजाज़त, नबिय्ये रह़मत शफ़ीए़ उम्मत

मुझे मदीने की दो इजाज़त, नबिय्ये रह़मत शफ़ीए़ उम्मत
पिलाओ बुलवा के जामे उल्फ़त, नबिय्ये रह़मत शफ़ीए़ उम्मत
अगर नहीं मेरी ऐसी क़िस्मत, सदा हुज़ूरी की पाऊं लज़्ज़त
रुलाए मुझ को तुम्हारी फ़ुरक़त, नबिय्ये रह़मत शफ़ीए़ उम्मत
अ़त़ा हो मुझ को ग़मे मदीना, तपां जिगर चाक चाक सीना
बढ़े महब्बत की ख़ूब शिद्दत, नबिय्ये रह़मत शफ़ीए़ उम्मत
लगाओ सीने में आग ऐसी, क़रार पाए न दिल कभी भी
रुलाए दिन रात तेरी उल्फ़त, नबिय्ये रह़मत शफ़ीए़ उम्मत
मैं नाम पर तेरे वारी जाऊं, मैं इ़श्क़ में तेरे सर कटाऊं
दो ऐसा जज़्बा दो ऐसी हिम्मत, नबिय्ये रह़मत शफ़ीए़ उम्मत
हुसैन इब्ने अ़ली का सदक़ा, हमारे ग़ौसे जली का सदक़ा
अ़त़ा मदीने में हो शहादत, नबिय्ये रह़मत शफ़ीए़ उम्मत
हर इक नबी हर वली का सदक़ा, तुझे तेरी हर गली का सदक़ा
दे त़यबा में मरने की सआ़दत, नबिय्ये रह़मत शफ़ीए़ उम्मत
इमाम अह़मद रज़ा का सदक़ा, हमारे मुर्शिद ज़िया का सदक़ा

बक़ीए ग़रक़द करो इ़नायत, नबिय्ये रह़मत शफ़ीए उम्मत
वसीला ख़ुलफ़ाए राशिदीं का, तमाम अस्ह़ाबो ताबिईं का
जवार जन्नत में हो इ़नायत, नबिय्ये रह़मत शफ़ीए उम्मत
मुझे तुम ऐसी दो हिम्मत आक़ा, दूं सब को नेकी की दा'वत आक़ा
बना दो मुझ को भी नेक ख़स्लत, नबिय्ये रह़मत शफ़ीए उम्मत
क़लील रोज़ी पे दो क़नाअ़त, फ़ुज़ूल गोई से दे दो नफ़रत
दुरूद पढ़ता रहूं ब कसरत, नबिय्ये रह़मत शफ़ीए उम्मत
गुनह के दलदल से अब निकालो, मुझे संभालो मुझे बचा लो
कहीं न हो जाऊं शाह! ग़ारत, नबिय्ये रह़मत शफ़ीए उम्मत
बना दो सब्रो रिज़ा का पैकर, बनूं ख़ुश अख़्लाक़ ऐसा सरवर
रहे सदा नर्म ही त़बीअ़त, नबिय्ये रह़मत शफ़ीए उम्मत

करे क्या अ़त्तार मालो दौलत
इसे नहीं चाहिये हुकूमत
येह तेरा त़ालिब है जाने रह़मत
नबिय्ये रह़मत शफ़ीए उम्मत

ऐ काश ! तसव्वुर में मदीने की गली हो

ऐ काश ! तसव्वुर में मदीने की गली हो
और यादे मुहम्मद भी मेरे दिल में बसी हो
दो सोज़े बिलाल आक़ा मिले दर्द रज़ा सा
सरकार अ़ता इ़श्क़े उवैसे क़-रनी हो

ऐ काश ! मैं बन जाऊं मदीने का मुसाफ़िर
फिर रोती हुई त़यबा को बारात चली हो
फिर रहमते बारी से चलूं सूए मदीना
ऐ काश ! मुक़द्दर से मुयस्सर वोह घड़ी हो

जब आऊं मदीने में तो हो चाक गरीबां
आंखों से बरसती हुई अश्कों की झड़ी हो
ऐ काश ! मदीने में मुझे मौत यूं आए
चौखट पे तेरी सर हो मेरी रूह चली हो

जब ले के चलो गोरे ग़रीबां को जनाज़ा
कुछ ख़ाक मदीने की मेरे मुंह पे सजी हो
जिस वक़्त नकीरैन मेरी क़ब्र में आएं
उस वक़्त मेरे लब पे सजी ना'ते नबी हो
अल्लाह करम ऐसा करे तुझ पे जहां में
ऐ दा'वते इस्लामी तेरी धूम मची हो
सदक़ा मेरे मुर्शिद का करो दूर बलाएं
हो बेहतरी उस में जो भी अरमाने दिली हो
अल्लाह की रह़मत से तो जन्नत ही मिलेगी
ऐ काश ! महल्ले में जगह उन के मिली हो
महफ़ूज़ सदा रखना शहा ! बे अ-दबों से
और मुझ से भी सरज़द न कभी बे अ-दबी हो
अ़त्तार हमारा है सरे ह़श्र इसे काश !
दस्ते शहे बत़्ह़ा से येही चिठ्ठी मिली हो

या मुस्त़फ़ा अ़त़ा हो अब इज़्न ह़ाज़िरी का

(اَلْحَمْدُ لِلّٰہ 20 शा'बानुल मुअ़ज़्ज़म सि. 1414 हि. को येह कलाम क़लम बन्द किया और चन्द ही रोज़ के बा'द सफ़रे मदीना दरपेश आ गया और **र-मज़ाने मदीना** देखना नसीब हो गया)

या मुस्त़फ़ा अ़त़ा हो अब इज़्न, ह़ाज़िरी का
कर लूं नज़ारा आ कर मैं आप की गली का
इक बार तो दिखा दो र-मज़ान में मदीना
बेशक बना लो आक़ा मेहमान दो[2] घड़ी का
रोता हुवा मैं आऊं दाग़े जिगर दिखाऊं
अफ़्साना भी सुनाऊं मैं अपनी बे कसी का
मैं सब्ज़ सब्ज़ गुम्बद की देख लूं बहारें
अब इज़्न दे दो आक़ा तुम मुझ को ह़ाज़िरी का
मौला ग़मे मदीना दे दे ग़मे मदीना
दीवाना तू बना दे मुझ को तेरे नबी का
ख़ूने जिगर से सींचा है बाग़ सुन्नियत का
कर दो करम वसीला उस म-दनी मुर्शिदी का
या सय्यिदे मदीना ! बस आप ही निभाना
गो हूं बड़ा कमीना पर हूं तो आप ही का
या मुस्त़फ़ा ! गुनाहों की आ़दतें निकालो
जज़्बा मुझे अ़त़ा हो सुन्नत की पैरवी का
हों दूर अब बलाएं देता हूं वासित़ा मैं
मज़्लूमे करबला की सरकार ! बे कसी का

अल्लाह ! हुब्बे दुन्या से तू मुझे बचाना
साइल हूं या ख़ुदा मैं इ़श्क़े मुह़म्मदी का
फ़ख़्रो गुरूर से तू मौला मुझे बचाना
या रब ! मुझे बना दे पैकर तू आ़जिज़ी का
ईमां पर रब्बे रह़मत दे दे तू इस्तिक़ामत
देता हूं वासिता़ मैं तुझ को तेरे नबी का
हो हर न-फ़स[1] मदीना धड़कन में हो मदीना
जब तक न सांस टूटे सरकार ज़िन्दगी का
दुन्या के ताजदारो ! तुम से मुझे ग़रज़ क्या
मंगता हूं मैं तो मंगता सरकार की गली का
अल्लाह ! इस से पहले ईमां पे मौत दे दे
नुक़्सां मेरे सबब से हो सुन्नते नबी का
उल्फ़त की भीक दे दो देता हूं वासिता़ मैं
सिद्दीक़ का उ़मर का उ़स्मान का अ़ली का
कुछ नेकियां कमा ले जल्द आख़िरत बना ले
कोई नहीं भरोसा ऐ भाई ! ज़िन्दगी का
मीज़ां[2] पे सब खड़े हैं आ'माल तुल रहे हैं
रख लो भरम ख़ुदारा ! अ़त्तार क़ादिरी का

مدینہ

1 : सांस 2 : तराज़ू

ऐ काश कि आ जाए अ़त्तार मदीने में

(اَلْحَمْدُ لِلّٰہ عزوجل 25 शा'बानुल मुअ़ज़्ज़म सि. 1414 हि. को येह मा'रूज़ा पेश किया और चन्द ही रोज़ के बा'द सफ़रे मदीना नसीब हो गया)

ऐ काश कि आ जाए अ़त्तार मदीने में
बुलवा लो ख़ुदारा ! अब सरकार मदीने में

कब तक मैं फिरूं दर दर मरने भी दो अब दिलबर
देहलीज़ पे सर रख कर सरकार मदीने में

रौज़े के क़रीब आ कर गिर जाऊं मैं ग़श खा कर
हो जाए तुम्हारा फिर दीदार मदीने में

रोती हुई आंखों से बेताब निगाहों से
हो गुम्बदे ख़ज़रा का दीदार मदीने में

दुन्या के ग़मों की तुम लिल्लाह दवा दे दो
बुलवा के ग़म अपना दो सरकार मदीने में

मिल जाए शिफ़ा उस को दरबारे मुह़म्मद से
आ जाए जो कोई भी बीमार मदीने में

हो "दा'वते इस्लामी", की धूम जहां भर में
क़ाइम हो अ़ज़ीम मर्कज़ सरकार मदीने में
ठहरोगे शफ़ाअ़त के ह़क़दार क़ियामत में
आ जाओ गुनहगारो ! इक बार मदीने में
इख़्लास अ़त़ा कर दो और ख़ुल्क़ भला कर दो !
बुलवा के शहन्शाहे अबरार मदीने में
बे जा न हंसी आए सन्जीदा बना दीजे
बुलवा के शहन्शाहे अबरार मदीने में
अल्लाह की उल्फ़त दो और अपनी मह़ब्बत दो
बुलवा के शहन्शाहे अबरार मदीने में
बेताब जिगर दे दो और आंख भी तर दे दो
बुलवा के शहन्शाहे अबरार मदीने में
इ़स्यां की दवा दे दो सरकार शिफ़ा दे दो
बुलवा के शहन्शाहे अबरार मदीने में
इस नफ़्से सितम गर को क़ाबू में मेरे कर दो !
बुलवा के शहन्शाहे अबरार मदीने में

दुन्या की महब्बत से दिल पाक मेरा कर दो
बुलवा के शहन्शाहे अबरार मदीने में
रोना भी सिखा दो और सिखला दो तड़पना भी
बुलवा के शहन्शाहे अबरार मदीने में
आंखों में समा जाओ सीने में उतर आओ
बुलवा के शहन्शाहे अबरार मदीने में
जल्वों से दिले वीरां आबाद करो जानां
बुलवा के शहन्शाहे अबरार मदीने में
सग अपना मुझे कह दो क़दमों में मुझे रख लो
बुलवा के शहन्शाहे अबरार मदीने में
क़दमों से लगा लो तुम दीवाना बना लो तुम
बुलवा के शहन्शाहे अबरार मदीने में
क़िस्मत मेरी चमका दो तुरबत मेरी बनवा दो
बुलवा के शहन्शाहे अबरार मदीने में
र-मज़ां की बहारें हों त़यबा की फ़ज़ाएं हो
और झूमता फिरता हो अ़त्तार मदीने में

ऐसा लगता है मदीने जल्द वोह बुलवाएंगे

ऐसा लगता है मदीने जल्द वोह बुलवाएंगे
जाएंगे जा कर उन्हें ज़ख़्मे जिगर दिखलाएंगे
वोह अगर चाहेंगे तो ऐसी नज़र फ़रमाएंगे
ख़ूब रोएंगे पछाड़ों पर पछाड़ें खाएंगे
ख़ुश्क अश्के इ़श्क़ से आंखें हैं दिल भी सख़्त है
आप ही चाहेंगे तो आक़ा हमें तड़पाएंगे
मौत अब तो गुम्बदे ख़ज़रा के साए में मिले
कब तक आक़ा दर बदर की ठोकरें हम खाएंगे
ऐ ख़ुशा ! तक़्दीर से गर हम को मन्ज़ूरी मिली
रख के सर देहलीज़ पर सरकार की मर जाएंगे

रोते रोते गिर पड़ेंगे उन के क़दमों में वहां
रोज़े महशर शाफ़ेए महशर नज़र जब आएंगे
खुल्द में होगा हमारा दाख़िला इस शान से
या रसूलल्लाह का ना'रा लगाते जाएंगे
हश्र में कैसे संभालूंगा मैं अपने आप को
आ मेरे अत्तार ! आ वोह जब वहां फ़रमाएंगे
हाए अब की बार भी अत्तार जो ज़िन्दा बचे
फिर मदीने से कराची रोते रोते आएंगे

तवक्कुल की ता'रीफ़

मेरे आक़ा आ'ला हज़रत, इमामे अहले सुन्नत, मौलाना शाह **इमाम अहमद रज़ा ख़ान** عَلَيْهِ رَحْمَةُ الرَّحْمٰن फ़रमाते हैं : **तवक्कुल तर्के अस्बाब का नाम नहीं बल्कि ए'तिमाद अलल अस्बाब का तर्क है।** (फ़तावा र-ज़विय्या, जि. 24, स. 379) या'नी अस्बाब को छोड़ देना तवक्कुल नहीं है तवक्कुल तो येह है कि सिर्फ़ अस्बाब पर भरोसा न करे।

अफ़्सोस ! बहुत दूर हूं गुलज़ारे नबी से

अफ़्सोस ! बहुत दूर हूं गुलज़ारे नबी से
काश आए बुलावा मुझे दरबारे नबी से

उल्फ़त है मुझे गेसूए ख़मदारे नबी से
अब्रू व पलक आंख से रुख़्सारे नबी से

पैराहनो[1] चादर से असा से है महब्बत
ना'लैने शरीफ़ैन से दस्तारे[2] नबी से

बूसैरी ! मुबारक हो तुम्हें बुर्दे यमानी
सौग़ात मिली ख़ूब है दरबारे नबी से

बीमार ! क्यूं मायूस है तू हुस्ने यक़ीं से
दम जा के करा ले किसी बीमारे नबी से

तू बहरे शहे कर्बो बला ख़्वाब में या रब
फ़रमा दे मुशर्रफ़ मुझे दीदारे नबी से

1 : लिबास 2 : इमामा

अल्लाह को माने जो मुह़म्मद को न माने
ला रैब[1] वोह नारी हुवा इन्कारे नबी से
वोह नारे जहन्नम का है ह़क़दार यक़ीनन
है जिस को अ़दावत किसी भी यारे नबी से

ऐ ज़ाइरे त़यबा ! येह दुआ़ कर मेरे ह़क़ में
मुझ को भी बुलावा मिले दरबारे नबी से
दुन्या के नज़ारों से भला क्या हो सरोकार
उ़श्शाक़ को बस इ़श्क़ है गुलज़ारे नबी से

दीवानों के आंसू नहीं थमते दमे रुख़्सत
जब सूए वत़न जाते हैं दरबारे नबी से
जल्वों से ख़ुदाया मेरा सीना हो मदीना
आंखें भी हों ठन्डी मेरी दीदारे नबी से

1 : बेशक

सुन्नत है सफ़र दीन की तब्लीग़ की ख़ातिर
मिलता है हमें दर्स येह अस्फ़ारे[1] नबी से

मस्ताना मदीने में ख़ुदा ऐसा बना दे
टकरा के मैं दम तोड़ दूं दीवारे नबी से

सदक़े में मेरे ग़ौस के हो दूर अंधेरा
तुरबत हो मुनव्वर मेरी अन्वारे नबी से

जब क़ब्र में आएंगे तो क़दमों में गिरूंगा
ख़ूब आंखें मलूंगा मैं तो पैज़ारे[2] नबी से

अ़त्तार है ईमां की हिफ़ाज़त का सुवाली
ख़ाली नहीं जाएगा येह दरबारे नबी से

म-दनी फूल

फ़रमाने मुस्त़फ़ा صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : اَلْمُسْلِمُ مَنْ سَلِمَ الْمُسْلِمُوْنَ مِنْ لِّسَانِهٖ وَيَدِهٖ या'नी मुसल्मान वोह है कि उस के हाथ और ज़बान से दूसरे मुसल्मान महफ़ूज़ रहें। (بُخاری ج۱ ص۱۵ حدیث۱۰)

مدینہ

1 : सफ़र की जम्अ़ 2 : जूती मुबारक

मरह़बा ! मुक़द्दर फिर आज मुस्कराया है

मरह़बा ! मुक़द्दर फिर आज मुस्कराया है
फिर मुझे मदीने में शाह ने बुलाया है

ख़ूब मस्जिदे न-बवी का ह़सीन है मन्ज़र
सब्ज़ सब्ज़ गुम्बद पर कैसा नूर छाया है

मेरी गन्दी आंखों को इन नजिस निगाहों को
शुक्रिया मदीने का बाग़ फिर दिखाया है

मुझ सा पापी व बदकार और आप का दरबार !
बिल यक़ीन मुझ पर भी रह़मतों का साया है

या नबी ! शिफ़ा दे दो बहरे मुर्तज़ा दे दो
ख़ूब ज़ोर इ़स्यां के रोग[1] ने दिखाया है

जिस को सब ने ठुकराया और दिल को तड़पाया
सदक़े जाऊं उस को भी आप ने निभाया है

1.बीमारी

नफ़्रतों के दलदल में दुश्मनों के चुंगल में
जब कभी फंसा हूं मैं आप ने बचाया है

आ़दतें गुनाहों की हाए ! कम नहीं होतीं
आह ! नफ़्सो शैत़ां ने ज़ोर से दबाया है

वारी जाऊं मैं तुम पर आ भी जाओ अब दिलबर
कोई दम का हूं मेहमां दम लबों पर आया है

दे दिये ख़ुदा ने हैं तुम को सब ख़ज़ाने हैं
तुम ने ही खिलाया है तुम ने ही पिलाया है

क्यूं फ़िदा न हो अ़त्त़ार आप पर शहे अबरार
इस को अपने दामन में आप ने छुपाया है

आप के करम से येह धूम मची है महशर में
झूमता हुवा अ़त्त़ार देखो ख़ुश ख़ुश आया है

फिर मदीने की इजाज़त मिल गई

मिल गई कैसी सआ़दत मिल गई
मुझ को अब ह़ज की इजाज़त मिल गई
फिर मदीने का सफ़र दरपेश है
फिर मदीने की इजाज़त मिल गई

मेरे म-दनी पीरो मुर्शिद के तुफ़ैल
फिर मदीने की इजाज़त मिल गई
क्यूं न झूमूं क्यूं न लोटूं कि मुझे
फिर मदीने की इजाज़त मिल गई

मैं ख़ुशी से मर न जाऊं अब कहीं
फिर मदीने की इजाज़त मिल गई
दे दे या रब ! मुझ को तौफ़ीक़े अदब
फिर मदीने की इजाज़त मिल गई

रोने वाली आंख दे दे या ख़ुदा!
फिर मदीने की इजाज़त मिल गई

या इलाही क़ल्बे मुज़्तर हो अ़ता
फिर मदीने की इजाज़त मिल गई

अब तो दे दे या ख़ुदा ज़ौक़े जुनूं
फिर मदीने की इजाज़त मिल गई

या ख़ुदा दे दे तड़पने की अदा
फिर मदीने की इजाज़त मिल गई

आ-तशे शौक़ और कर दे तेज़ तर
फिर मदीने की इजाज़त मिल गई

हो अ़ता सोज़े बिलाल ऐ जुल जलाल
फिर मदीने की इजाज़त मिल गई

उन के जल्वे देख ले वोह आंख दे
फिर मदीने की इजाज़त मिल गई

या इलाही ! तू अ़ता कर दे बक़ीअ़
फिर मदीने की इजाज़त मिल गई
मिल गया जिस को बक़ीए़ पाक
उसे क़ुर्बते माहे रिसालत मिल गई
झूमो झूमो ख़ूब झूमो ज़ाइरो !
क्या मिला दर उन का जन्नत मिल गई
क़ब्रे अन्वर की ज़ियारत जिस ने की
उस को आक़ा की शफ़ाअ़त मिल गई
अर्श पर तो गुम्बदे ख़ज़रा कहां !
फ़र्श तुझ को येह सआ़दत मिल गई
ग़म के मारे रो रहे हैं फूट कर
आह ! त़यबा की न रुख़्सत मिल गई
ग़म मदीने का जिसे भी मिल गया
दो[2] जहां की उस को ने'मत मिल गई

ताजे शाही उस के आगे हीच है
मुस्त़फ़ा की जिस को उल्फ़त मिल गई
हम को फ़ैज़ाने मदीना मिल गया
कैसी आ'ला हम को ने'मत मिल गई
मैं मदीने में मरूं इस ह़ाल में
सब कहें इस को शहादत मिल गई
"अल मदीना चल मदीना" झूम कर
जब पुकारा दिल को राह़त मिल गई
जब तड़प कर या रसूलल्लाह कहा
फ़ौरन आक़ा की ह़िमायत मिल गई
अम्बिया सारे खड़ें हैं सफ़ ब सफ़
मेरे आक़ा को इमामत मिल गई
ख़ाके त़यबा से किया जिस ने इ़लाज
हर मरज़ से उस को राह़त मिल गई

मेरी क़िस्मत की येही मे'राज है
कि सगाने दर से निस्बत मिल गई

दोनों[2] आ़लम में हुवा वोह सुर्ख़-रू
जिस को उन की चश्मे रह़मत मिल गई

मैं इमाम अह़मद रज़ा का हूं ग़ुलाम
कितनी आ'ला मुझ को निस्बत मिल गई

राहे सुन्नत में हुवा जो भी ज़लील
उस को उन के दर से इ़ज़्ज़त मिल गई

थे गुनह ह़द से सिवा अ़त्तार के
उन के सदक़े फिर भी जन्नत मिल गई

क्यूं न रश्क आए हमें अ़त्तार पर
इस को त़यबा की इजाज़त मिल गई

जल्द हम आ़ज़िमे गुलज़ारे मदीना होंगे

जल्द हम आ़ज़िमे गुलज़ारे मदीना होंगे ह़ाज़िरे दरगहे सरदारे मदीना होंगे
अब तो नूरानी चमन ज़ारे मदीना होंगे सामने अब मेरे कोहसारे मदीना होंगे
सब्ज़ गुम्बद की वहां ख़ूब बहारें होंगी रू बरू फिर मेरे मीनारे मदीना होंगे
वज्द आ जाएगा क़िस्मत को भी उस दम वल्लाह सामने जब मेरे सरकारे मदीना होंगे
उन की रह़मत से जो मिल जाए बक़ीए ग़रक़द बिल यक़ीं क़ब्र में अन्वारे मदीना होंगे
क़ाफ़िले की यूं मदीने से जुदाई होगी मुज़्त़रो ग़मज़दा जुव्वारे मदीना होंगे
नज़्अ़ में क़ब्र में महशर में सलामत होंगे दारे फ़ानी में जो बीमारे मदीना होंगे
ह़श्र से क्यूं हो परेशान गुनहगारो तुम अपने ह़ामी वहां सरकारे मदीना होंगे
उन को ह़ासिल मेरे आक़ा की शफ़ाअ़त होगी जो कोई ह़ाज़िरे दरबारे मदीना होंगे
मेरी सरकार का आएगा बुलावा उन को जो कोई दिल से त़लब गारे मदीना होंगे
नज़्अ़ में आ़शिक़ों की ईद ही हो जाएगी उन के सिरहाने तो सरकारे मदीना होंगे

ह़श्र में जाएंगे अ़त्त़ार यूं اِنْ شَآءَ الله
अपनी दाढ़ी में सजे ख़ारे मदीना होंगे

क़ाफ़िला आज मदीने को रवाना होगा

(اَلْحَمْدُ لِلّٰہِ عزوجل **ज़ुल ह़िज्जतिल ह़राम** शरीफ़ सि. 1416 हि. को रवानगिये मदीनए मुनव्वरह زَادَهَا اللّٰهُ شَرَفًاوَّتَعْظِيْمًا से क़ब्ल मक्कए मुकर्रमा زَادَهَا اللّٰهُ شَرَفًاوَّتَعْظِيْمًا में येह कलाम तह़रीर करने की सआ़दत ह़ासिल हुई)

क़ाफ़िला आज मदीने को रवाना होगा
अ़न्क़रीब अपना मदीने में ठिकाना होगा
लब पे नग़्माते मुह़म्मद का तराना होगा
झूमते झूमते दीवाना रवाना होगा
किस क़दर ज़ाइरो ! वोह वक़्त सुहाना होगा
रू बरू जब दरे सुल्त़ाने ज़माना होगा
दर्दो आलाम का जब लब पे फ़साना होगा
अब्रे रह़मत के बरसने का बहाना होगा
नेकियां पल्ले मदीने के मुसाफ़िर के कहां !
आंसूओं का मेरी झोली में ख़ज़ाना होगा
इतनी बेताब न हो आने दे त़यबा की गली
रूह़े मुज़्त़र तुझे कुछ वक़्त बढ़ाना होगा

गुम्बदे ख़ज़रा की जिस वक़्त मैं देखूंगा बहार
मुझ गुनहगार की बख़्शिश का बहाना होगा

जब सुवालात, नकीरैन करेंगे मुझ से
लब पे सरकार की ना'तों का तराना होगा

ह़श्र में जब हमें सरकार नज़र आएंगे
कैसा मन्ज़र वोह ह़सीन और सुहाना होगा

तुझ को गर रुत्बए आ़ली की त़लब है भाई !
ग़ौर से सुन तुझे हस्ती को मिटाना होगा

उन की देहलीज़ पे सर अपना झुका दे भाई !
देखना सब तेरे क़दमों में ज़माना होगा

भाइयो ! चाहिये गर रब्बे मुह़म्मद की रिज़ा
खुद को मह़बूब की सुन्नत पे चलाना होगा

मेरी सरकार के क़दमों में ही اِنْ شَآءَ الله
मेरा फ़िरदौस में अ़त्तार ठिकाना होगा

इस बरस भी न मदीने में अगर आई मौत
घर को रोते हुए अ़त्तार रवाना होगा

मदीना आने वाला है

हुई उम्मीदें बार आवर मदीना आने वाला है
झुका लो अब अदब से सर मदीना आने वाला है

पिला दे साक़िया साग़र मदीना आने वाला है
अ़ता अब कैफ़े मस्ती कर मदीना आने वाला है

अ़ता हो मुझ को चश्मे तर मुझे दे दो दिले मुज़्तर
ज़रा जल्दी मेरे दिलबर मदीना आने वाला है

तड़पने का क़रीना दो मुझे दो चाक सीना दो
पए शब्बीर और शब्बर मदीना आने वाला है

मुबारक हो गुनहगारो ! ख़ताकारो ! सियह कारो
तुम्हें अब आ़सियो ! क्या डर मदीना आने वाला है

मदीने के मुसाफ़िर पर छमाछम रह़मतों की अब
है बारिश ख़ूब ज़ोरों पर मदीना आने वाला है

पढ़ो ऐ ज़ाइरो ! मिल कर दुरूद उन पर सलाम उन पर
लुटाओ अश्क के गौहर मदीना आने वाला है

ठहर जा रूहे मुज़्तर तू निकल जाना मदीने में
खुदारा अब न जल्दी कर मदीना आने वाला है

दुरूदे पाक के गजरे सलामो ना'त के तोहफ़े
बढ़ो ऐ ज़ाइरो ! ले कर मदीना आने वाला है

खुशी से ज़ाइरो ! झूमो फ़ज़ाएं झूम कर चूमो
बस आया रौज़ए अन्वर मदीना आने वाला है

निकाल अब पाउं से जूता क़रीबे त़यबा तू पहुंचा
ऐ ज़ाइर ! होश अब तो कर मदीना आने वाला है

वोह बरसा नूर का झाला समां है खूब उजियाला
है कैसा दिलकुशा मन्ज़र मदीना आने वाला है

मुबारक! ग़म के मारों को मुबारक! बे सहारों को
खुले हैं रह़मतों के दर मदीना आने वाला है

फ़ज़ा सारी मुनव्वर है हवा कैसी मुअ़त्त़र है
समां रंगीनो कैफ़ आवर मदीना आने वाला है

मेरी हो आरज़ू पूरी मुझे मिल जाए मन्ज़ूरी
बक़ीए़ पाक की सरवर मदीना आने वाला है

वसीला चार यारों का उहुद के जां निसारों का
दिखा दो इक झलक दिलबर मदीना आने वाला है

निकालो, मुस्त़फ़ा प्यारे ! ख़याले ग़ैर अब सारे
हमारे क़ल्ब से बाहर मदीना आने वाला है

उठो ता'ज़ीम की ख़ात़िर पढ़ो तक्रीम की ख़ात़िर
सलाम ऐ ज़ाइरो ! मिल कर मदीना आने वाला है

उठो अ़त्त़ार अब उठ्ठो ! ज़रा वोह ग़ौर से देखो
है छाया नूर हर शै पर मदीना आने वाला है

सब्ज़ गुम्बद की ज़ियारत कीजिये

सब्ज़ गुम्बद की ज़ियारत कीजिये ज़ाइरो ! सामाने राह़त कीजिये
गुम्बदे ख़ज़रा के जल्वे देख कर ख़ूब रोशन अपनी क़िस्मत कीजिये
आ गया मीठा मदीना आ गया झूम कर ख़ूब उन की मिदह़त कीजिये
मस्जिदे न-बवी में हर दम भाइयो ! दिल लगा कर अब इ़बादत कीजिये
ज़ाइरो ! रो रो कर उन के सामने पेश अपनी अपनी ह़ाजत कीजिये
क़ल्बे मुज़्त़र चश्मे तर सोज़े जिगर या नबी ! मुझ को इ़नायत कीजिये
अज़ पए अह़मद रज़ा मुझ को अ़त़ा सुन्नियत पर इस्तिक़ामत कीजिये
अज़ पए ग़ौसुल वरा या मुस्त़फ़ा मेरे ईमां की ह़िफ़ाज़त कीजिये
बहरे मुर्शिद या नबी ! दिल से मेरे दूर दुन्या की मह़ब्बत कीजिये
फ़ात़िमा ज़हरा का सदक़ा मुझ से दूर नफ़्सो शैत़ां की शरारत कीजिये
दूर ग़म दुन्या के फ़रमा दीजिये ग़म मदीने का इ़नायत कीजिये

अपने अख़्लाक़े करीमा से मुझे एक ज़र्रा ही इ़नायत कीजिये
दर्दे इ़स्यां की दवा कीजे अ़ता आ़सियों पर चश्मे रह़मत कीजिये
आ़दते इ़स्यां नहीं जाती हुज़ूर आप ही कुछ जाने रह़मत कीजिये
मुझ को तौफ़ीक़े इ़बादत हो अ़ता मुझ को पाबन्दे शरीअ़त कीजिये
सुन्नतों की हर त़रफ़ आए बहार दूर फ़ेशन की नुहूसत कीजिये
या नबी ! मुझ को बक़ीए़ पाक में बहरे मदफ़न जा इ़नायत कीजिये
हूं निहायत ही ज़ईफ़ो ना तुवां मेरी दुश्मन से ह़िफ़ाज़त कीजिये
हो अ़ता सोज़े बिलाल आक़ा मुझे और अपना ग़म इ़नायत कीजिये
घुप अंधेरे में हूं तन्हा अल मदद क़ब्र रोशन नूरे इ़ज़्ज़त कीजिये
ऐ़ब मह़शर में न खुल जाएं कहीं सायए दामाने रह़मत कीजिये
गर्मिये मह़शर से जां है मुज़्त़रिब जामे कौसर अब इ़नायत कीजिये
मुजरिमों की सफ़ में हूं आक़ा खड़ा या नबी ! आ कर शफ़ाअ़त कीजिये

बहरे शाहे करबला या मुस्त़फ़ा मुझ से दूर रन्जो मुसीबत कीजिये
मुख़्तसर सी ज़िन्दगी है भाइयो! नेकियां कीजे न ग़फ़्लत कीजिये
गर रिज़ाए मुस्त़फ़ा दरकार है सुन्नतों की ख़ूब ख़िदमत कीजिये
सुन्नतें अपना के ह़ासिल भाइयो! रह़मते मौला से जन्नत कीजिये
ईदे मीलादुन्नबी पर भाइयो! ख़ूब इज़्हारे मुसर्रत कीजिये
हिज्र के मारों पे भी चश्मे करम! इज़्न, त़यबा का इनायत कीजिये
मेरे चेहरे पर कफ़न ढक दीजिये साथियो रुस्वा मुझे मत कीजिये
अब निक़ाबे रुख़ उलट दीजे हुज़ूर जां बलब पर चश्मे रह़मत कीजिये
ह़ाज़िरे दरबार फिर बदकार है चश्मे रह़मत जाने रह़मत कीजिये
बढ़ते जाते हैं गुनह अ़त्त़ार आह! कुछ तो इज़्हारे नदामत कीजिये

सब्ज़ गुम्बद पर फ़िदा हो जाइये
कीजिये अ़त्त़ार हिम्मत कीजिये

सरकार फिर मदीने में अ़त्तार आ गया

(اَلْحَمْدُ لِلّٰه 2 र–मज़ानुल मुबारक सि. 1414 हि.को मदीनए मुनव्वरह زَادَهَا اللّٰهُ شَرَفًاوَّتَعْظِيْمًا की महकी महकी फ़ज़ाओं में पहले ही दिन येह मा'रूज़ा पेश करने का शरफ़ हासिल हुवा)

सरकार फिर मदीने में अ़त्तार आ गया
भागा हुवा मुजरिम शहे अबरार आ गया

तुम बख़्शवा दो हर ख़ता सदक़ा हुसैन का
उम्मीदे मग़्फ़िरत पे गुनहगार आ गया

राज़ी हमेशा के लिये हो जाइये शहा!
येह दाइमी रिज़ा का त़लब गार आ गया

होती हैं रात दिन यहां रह़मत की बारिशें
बख़्शा गया जो त़यबा में बदकार आ गया

दौलत की ताजो तख़्त की आक़ा नहीं त़लब
तुम से फ़क़त़ तुम्हारा त़लब गार आ गया

ग़म उस के दूर हो गए हंसता हुवा गया
जो कोई दर पे बे कसो लाचार आ गया

आक़ा ग़मे मदीना में बे ह़ाल कीजिये
हर देखने वाला कहे बीमार आ गया
दिल बे क़रार दो मुझे आंख अश्कबार दो
येह भीक लेने दर पे मैं सरकार आ गया

सोज़े जिगर अ़त़ा करो सीना फ़िगार दो
येह भीक लेने दर पे मैं सरकार आ गया
ऐ काश ! याद में तेरी रोना नसीब हो
येह भीक लेने दर पे मैं सरकार आ गया

म-रज़े गुनाह से मुझे दे दीजिये शिफ़ा
येह भीक लेने दर पे मैं सरकार आ गया
मुझ को बक़ीए़ पाक में दो गज़ ज़मीन दो
येह भीक लेने दर पे मैं सरकार आ गया

है ज़ाइरे मदीना शफ़ाअ़त का मुस्तह़िक़
येह भीक लेने दर पे मैं सरकार आ गया
आ़सी पे कीजिये करम ऐ शाफ़ेए़ उमम
अ़त्त़ार मग़्फ़िरत का त़लब गार आ गया

या रसूलल्लाह ! मुजरिम ह़ाज़िरे दरबार है

या रसूलल्लाह ! मुजरिम ह़ाज़िरे दरबार है नेकियां पल्ले नहीं सर पर गुनह का बार है

नामए आ'माल में कोई नहीं हुस्ने अ़मल पास दौलत नेकियों की कुछ नहीं नादार है

तुम शहे अबरार येह सब से बड़ा इ़स्यां शिआ़र यूं शफ़ाअ़त का येही सब से बड़ा ह़क़दार है

कर दो मालामाल आक़ा दौलते अख़्लाक़ से ख़ुल्क़ की दौलत से येह महरूमो बद गुफ़्तार है

इस की आंखें पाक कर के जल्वए ज़ैबा दिखा एक मुद्दत से येह तेरा त़ालिबे दीदार है

गुम्बदे ख़ज़रा पे आक़ा जां मेरी क़ुरबान हो मेरी देरीना येही ह़सरत शहे अबरार है

मुस्कराते आओ आक़ा आ के कलिमा भी पढ़ाओ हो करम शाहे मदीना ! जां बलब बीमार है

आफ़तों ने घेर रख्खा है शहा हर सम्त से मुल्तजी चश्मे करम का बे कसो लाचार है

जो तेरे दर पे झुका वोह सर बुलन्दी पा गया जो अकड़ कर रह गया बेशक ज़लीलो ख़्वार है

दुश्मनों के ज़ुल्म ह़द से भी तजावुज़ कर गए आप से फ़रियाद मौला ह़ैदरे कर्रार है

क़ल्बे मुज़्त़र चश्मे तर सोज़े जिगर सीना तपां त़ालिबे आहो फ़ुग़ां जाने जहां अ़त्त़ार है

सब गुनहगार इक त़रफ़ अ़त्त़ार अकेला इक त़रफ़
मुजरिमों में मुन्तख़ब मुजरिम येही अ़त्त़ार है

या रसूलल्लाह मुजरिम आ गया

(اَلْحَمْدُ لِلّٰه मदीनए मुनव्वरह زَادَهَا اللّٰهُ شَرَفًاوَّتَعْظِيْمًا की रंगीन फ़ज़ाओं में 28 ज़ुल हिज्जतिल ह़राम सि. 1416 हि. को येह कलाम क़लम बन्द करने की सआ़दत नसीब हुई)

फिर मदीने की फ़ज़ाएं पा गया या रसूलल्लाह मुजरिम आ गया
अपने सर पर लाद कर बारे गुनाह या रसूलल्लाह मुजरिम आ गया
आह ! पल्ले नेकियां कुछ भी नहीं या रसूलल्लाह मुजरिम आ गया
इस के नामे की सियाही दूर हो या रसूलल्लाह मुजरिम आ गया
नेकियों से दो बदल इस के गुनाह या रसूलल्लाह मुजरिम आ गया
बहरे मुर्शिद दो शफ़ाअ़त की सनद या रसूलल्लाह मुजरिम आ गया
अज़ पए ग़ौसो रज़ा हो मग़्फ़िरत या रसूलल्लाह मुजरिम आ गया
सदक़ा शहज़ादों का हो चश्मे करम या रसूलल्लाह मुजरिम आ गया
ले कर उम्मीदे करम जाने करम या रसूलल्लाह मुजरिम आ गया
बहरे ज़हरा दीजिये खुल्दे बरीं या रसूलल्लाह मुजरिम आ गया
उस को भी तुम तो लगाते हो गले जिस को हर दरवाज़े से टाला गया
ऐ मेरे सरवर अ़त़ा हो चश्मे तर भीक लेने दर पे मंगता आ गया

क़ल्बे मुज़्तर का सुवाली हूं शहा भीक लेने दर पे मंगता आ गया
दीजिये सोज़े जिगर बहरे बिलाल भीक लेने दर पे मंगता आ गया
मेरा सीना ही मदीना दो बना भीक लेने दर पे मंगता आ गया
या नबी कुफ़्ले मदीना दीजिये भीक लेने दर पे मंगता आ गया
सय्यिदी ! अख़्लाक़ अच्छे कीजिये भीक लेने दर पे मंगता आ गया
ले के कश्कोल आप के दरबार में भीक लेने दर पे मंगता आ गया
दूर हो जाए गुनाहों का मरज़ भीक लेने दर पे मंगता आ गया
दो बना मुझ को पसन्दीदा गुलाम भीक लेने दर पे मंगता आ गया
दौलते इख़्लास हो आक़ा अ़ता भीक लेने दर पे मंगता आ गया
आप की नज़रे करम जूं ही पड़ी अब्रे रह़मत मेरे सर पर छा गया
अल मदद ऐ आमिना के लाडले हाए ! मुझ पर नफ़्स ग़ालिब आ गया
बद्रे कामिल देख कर तल्वा तेरा फ़क़ हुवा फीका पड़ा शरमा गया
अल्लाह अल्लाह ! आप का हुस्नो जमाल दोस्त क्या दुश्मन के दिल को भा गया
दुश्मने महबूब बू जहले लईं बद्र में रुस्वा हुवा मारा गया

गुलशने आ़लम की क्या देखूं बहार मेरे दिल को दश्ते त़यबा भा गया
नाख़ुने पा की ज़ियाएं मरह़बा ! येह हिलाले ई़द भी शरमा गया
सब्ज़ गुम्बद की बहारें देख लो ! आंख खोलो देखो रौज़ा आ गया
ले के पलटा उन से मुंह मांगी मुराद जो कोई दरबार में मंगता गया
क़ाफ़िला सूए मदीना जब चला लब पे ना'तों का तराना आ गया
चांद दो टुकड़े हुवा सदक़े गया जब इशारा मुस्त़फ़ा का पा गया
पा के मरज़ी सरवरे कौनैन की डूबा सूरज फिर पलट कर आ गया
मरह़बा सल्ले अ़ला का शोर उठा ह़श्र में जब उन का दीवाना गया
नाज़ उठाए थे जहां में जिस के वोह ह़श्र में नाज़ों का पाला आ गया
ह़श्र में उन के गदा को देख कर ख़ुद जहन्नम को पसीना आ गया
आंख ठन्डी हो तेरे दीदार से त़ालिबे दीदार दर पर आ गया

शोर उठा मह़शर में येह चारों त़रफ़
आ गया अ़त्त़ार उन का आ गया

दिल पे ग़म छा गया या रसूले ख़ुदा

दिल पे ग़म छा गया, या रसूले ख़ुदा क्या बनेगा मेरा, या रसूले ख़ुदा
ज़ोरे तूफ़ान है, फंस गई जान है अल मदद नाख़ुदा, या रसूले ख़ुदा
आह ! ना कामियां, हाए बरबादियां होगा अब मेरा क्या, या रसूले ख़ुदा
छाईं तारीकियां, उफ़! येह अंधियारियां कीजिये चांदना[1], या रसूले ख़ुदा
नाउ मंजधार[2] में, डूबा सरकार मैं आह ! ऐ नाख़ुदा, या रसूले ख़ुदा
धंस गया धंस गया, फंस गया फंस गया तुम निकालो शहा, या रसूले ख़ुदा
क़ल्ब ग़िरबाल[3] है, ह़ाल बे ह़ाल है तेरे बीमार का, या रसूले ख़ुदा
क़ल्ब नाशाद[4] है, चैन बरबाद है हो करम सय्यिदा, या रसूले ख़ुदा
दे दो दिल को क़रार, ऐ शहे ज़ी वक़ार सदक़ा सिद्दीक़ का, या रसूले ख़ुदा
बिगड़ी क़िस्मत संवार, ऐ मेरे ताजदार सदक़ा फ़ारूक़ का, या रसूले ख़ुदा

مدینہ

1 : रोशनी 2 : दरिया के बीच की धार 3 : ज़ख़्मों से छलनी 4 : रन्जीदा

दूर आफ़ात हों, ठीक ह़ालात हों सदक़ा उ़स्मान का, या रसूले ख़ुदा
हम सभी एक हों, एक हों नेक हों अज़् पए मुर्तज़ा, या रसूले ख़ुदा
ऐसे बरबाद हों, फिर न आबाद हों दुश्मनाने ख़ुदा, या रसूले ख़ुदा
जिस क़दर ह़ासिदीं, हैं मेरे शाहे दीं सब का दिल हो सफ़ा[1], या रसूले ख़ुदा
हो निगाहे करम, ताजदारे ह़रम बहरे ग़ौसुल वरा, या रसूले ख़ुदा
मैं सरापा गुनाह, हूं बड़ा रू सियाह ह़श्र में होगा क्या, या रसूले ख़ुदा
या शफ़ीए़ उमम तुम ही रखना भरम रोज़े मह़शर मेरा, या रसूले ख़ुदा
सरवरे काएनात, अपनी जन्नत में साथ ले के चलना शहा, या रसूले ख़ुदा
शाहे दुन्या व दीं, काम करता नहीं ज़ेह्न अ़त्तार का, या रसूले ख़ुदा

हो करम या नबी, पार बेड़ा अभी
होगा अ़त्तार का, या रसूले ख़ुदा

1 : पाक

गो ज़लीलो ख़्वार हूं कर दो करम

(اَلْحَمْدُ لِلّٰہِ عزوجل येह कलाम सि. 1414 हि. की ह़ाज़िरी में 29 जुल ह़िज्जतिल ह़राम को मस्जिदे न–बवी علی صاحبہا الصلوٰۃ والسلام में बैठ कर क़लम बन्द किया)

गो ज़लीलो ख़्वार हूं कर दो करम
पर सगे दरबार हूं कर दो करम

या रसूलल्लाह! रह़मत की नज़र
ह़ाज़िरे दरबार हूं कर दो करम

रह़मतों की भीक लेने के लिये
ह़ाज़िरे दरबार हूं कर दो करम

दर्दे इ़स्यां की दवा के वासिते़
ह़ाज़िरे दरबार हूं कर दो करम

अपना ग़म दो चश्मे नम दो दर्दे दिल
ह़ाज़िरे दरबार हूं कर दो करम

आह! पल्ले कुछ नहीं हुस्ने अ़मल!
मुफ़्लिसो नादार हूं कर दो करम

इ़ल्म है न जज़्बए हुस्ने अ़मल!
नाक़िसो बेकार हूं कर दो करम

आ़सियों में कोई हम पल्ला न हो!
हाए वोह बदकार हूं कर दो करम

है तरक़्क़ी पर गुनाहों का मरज़
आह! वोह बीमार हूं कर दो करम

तुम गुनहगारों के हो आक़ा शफ़ीअ़
मैं भी तो ह़क़दार हूं कर दो करम

दौलते अख़्लाक़ से मह़रूम हूं
हाए! बद गुफ़्तार हूं कर दो करम

आंख दे कर मुद्दआ़ पूरा करो
त़ालिबे दीदार हूं कर दो करम

दोस्त, दुश्मन हो गए या मुस्त़फ़ा
बे कसो लाचार हूं कर दो करम

कर के तौबा फिर गुनह करता है जो
मैं वोही अ़त्त़ार हूं कर दो करम

या शहन्शाहे उमम चश्मे करम

(اَلْحَمْدُ لِلّٰہ عزوجل येह कलाम सि. 1414 हि. की ह़ाज़िरी के दौरान 29 जुल ह़िज्जतिल ह़राम को मस्जिदे न-बवी शरीफ़ عَلٰی صَاحِبِہَا الصَّلٰوۃُ وَالسَّلَام में बैठ कर तह़रीर किया)

या शहन्शाहे उमम ! चश्मे करम
कीजिये आक़ा ! करम चश्मे करम

आ गया अब तो मदीना हो अ़ता
क़ल्बे मुज़्त़र आंख नम चश्मे करम

ठोकरें दर दर की खाएं कब तलक
या रसूलल्लाह ! हम चश्मे करम

चांद से चेहरे को चमकाते हुए
ख़्वाब में कर दो करम चश्मे करम

फ़ालतू बातों की आ़दत दूर हो
या नबिय्ये मोह़तरम ! चश्मे करम

नफ़्स का ज़ुन्नार तोड़ो जिस त़रह़
तोड़े का'बे के सनम चश्मे करम

करबला वालों का सदक़ा या नबी !
दूर हों रन्जो अलम चश्मे करम

विर्दे लब हर दम दुरूदे पाक हो
या शहे अ़-रबो अ़जम ! चश्मे करम

वासित़ा आक़ा ज़ियाउद्दीन का
अपना ग़म दो अपना ग़म चश्मे करम

या नबी ! ज़िक्रे मदीना ही रहे लब पे मेरे दम बदम चश्मे करम

मेरा सीना हो मदीना या नबी ! काश ! हो ऐसा करम चश्मे करम

गुम्बदे ख़ज़रा के जल्वे आंख में जाएं बस शाहे ह़रम चश्मे करम

या नबी ! "नेकी की दा'वत" की तड़प हो किसी सूरत न कम चश्मे करम

सारे दीवानों को त़यबा लो बुला ! या रसूले मुह़तरम ! चश्मे करम

मौत आए काश ! त़यबा में मुझे अज़ पए ख़ाके ह़रम चश्मे करम

दो बक़ीअ़ आक़ा बक़ीअ़ अब तो बक़ीअ़ हो करम आक़ा ! करम चश्मे करम

अब सिरहाने आओ बहरे मुर्तज़ा टूटने वाला है दम चश्मे करम

ह़श्र है नामा गुनाहों से है पुर तुम ही अब रख लो भरम चश्मे करम

लिख सके अ़त्त़ार ना'तें आप की

दीजिये ! ऐसा क़लम चश्मे करम

मुझ पे चश्मे करम कीजिये

मुझ पे चश्मे करम कीजिये लुत्फ़ शाहे उमम कीजिये
बहरे अह़मद रज़ा व बिलाल अब तो नज़रे करम कीजिये
बहरे सिब्तैन या मुस्त़फ़ा दूर रन्जो अलम कीजिये
काश ! त़यबा की हो ह़ाज़िरी या नबी ! अब करम कीजिये
अब बक़ीए़ मुबारक अ़त़ा ताजदारे ह़रम कीजिये
सब्ज़ गुम्बद का चमका वोह नूर ज़ाइरो ! सर को ख़म कीजिये
ज़िक्र सरकार का भाइयो ! हर घड़ी दम बदम कीजिये
दूर कर के ज़माने के ग़म मर्ह़मत अपना ग़म कीजिये
मेरा सीना मदीना बने मुझ पे ऐसा करम कीजिये
अब शफ़ाअ़त मेरी बहरे ह़क़ या शफ़ीए़ उमम कीजिये
अज़ पए पीरो मुर्शिद अ़त़ा अपना ग़म चश्मे नम कीजिये

आह ! अ़त्त़ार बदकार है
लिल्लाह इस पर करम कीजिये

मुझ पे चश्मे शिफ़ा कीजिये

मुझ पे चश्मे शिफ़ा कीजिये दूर बारे गुनह कीजिये
आह ! इ़स्यां की तुग़्यानियां अब मदद नाख़ुदा कीजिये
हो गया क़ल्ब हाए सियाह लुत़्फ़ नूरे ख़ुदा कीजिये
कोशिशों से भी छुटते नहीं इन गुनाहों का क्या कीजिये
हाए ! इ़स्यां ने तोड़ी कमर कुछ मेरा, मुस्त़फ़ा कीजिये
माल के जाल में फंस गया मुझ को आक़ा रिहा कीजिये
बारे इ़स्यां तले दब गया आप आ कर खड़ा कीजिये
दर्दे इ़स्यां से मुझ को शिफ़ा ऐ मसीहा ! अ़त़ा कीजिये
क़ल्ब पथ्थर से भी सख़्त है इस को नरमी अ़त़ा कीजिये
चारागर[1] छोड़ कर चल दिये चारए ला दवा कीजिये
जगमगा दीजे क़ल्बे सियाह लुत़्फ़ बदरुद्दुजा कीजिये
अब गुनाहों की आ़दत छुटे चश्मे रह़मत शहा ! कीजिये
अब करम सूए ख़स्ता जिगर शाहे अर्ज़ो समा कीजिये
चांद चीरा था जूं, सूए दिल इक इशारा ज़रा कीजिये

1 : डॉक्टर, त़बीब

हुब्बे दुन्या की मस्ती सुवार हो गई कुछ मेरा कीजिये
चश्मे रह़मत ह़बीबे ख़ुदा सूए बे दस्तो पा कीजिये
या नबी ! आप ही कुछ इ़लाज नफ़्सो शैत़ान का कीजिये
राह भूला छुटा कारवां रहबरी रहनुमा कीजिये
दीन पर इस्तिक़ामत अ़त़ा बहरे अह़मद रज़ा कीजिये
मिस्ले बिस्मिल तड़पता रहूं दर्द ऐसा अ़त़ा कीजिये
सुन्नतों की बहारें अ़त़ा या ह़बीबे ख़ुदा कीजिये
भाइयो ! गर सुकूं चाहिये सुन्नतों पर चला कीजिये
दीं के वासित़े दे के वक़्त आख़िरत का भला कीजिये
सुन्नतें सीखने के लिये क़ाफ़िलों में चला कीजिये
चाहते हो कि राज़ी हो रब मुस्त़फ़ा का कहा कीजिये
उन की यादों में खो जाइये मुस्त़फ़ा मुस्त़फ़ा कीजिये
मुझ को आक़ा अ़त़ा अपना इ़श्क़ और ख़ौफ़े ख़ुदा कीजिये
अहले ईमां को फ़ेशन से पाक कीजिये मुस्त़फ़ा कीजिये
हो ख़ज़ां दूर आए बहार दिल का गुलशन हरा कीजिये

काश ! अ़त्त़ार की मग़्फ़िरत
हो करम सरवरा कीजिये

दिल हाए गुनाहों से बेज़ार नहीं होता

दिल हाए गुनाहों से बेज़ार नहीं होता
मग़्लूब शहा ! नफ़्से बदकार नहीं होता

शैत़ान मुसल्लत़ है अफ़्सोस ! किसी सूरत
अब सब्र गुनाहों पर सरकार नहीं होता

ऐ रब के ह़बीब आओ ! ऐ मेरे त़बीब आओ
अच्छा येह गुनाहों का बीमार नहीं होता

गो लाख करूं कोशिश इस्लाह़ नहीं होती
पाकीज़ा गुनाहों से किरदार नहीं होता

येह सांस की माला अब बस टूटने वाली है
ऐ दिल क्यूं मगर अब भी बेदार नहीं होता

सुन्नत की त़रफ़ लोगो तुम क्यूं नहीं आ जाते
क्यूं सर्द गुनाहों का बाज़ार नहीं होता

सरकार का आ़शिक़ भी क्या दाढ़ी मुंडाता है !
क्यूं इ़श्क़ का चेहरे से इ़ज़्हार नहीं होता

आक़ा की इत़ाअ़त से जी अपना चुराते हैं
जो, ऐसों से ख़ुश रब्बे ग़फ़्फ़ार नहीं होता
जीने का मज़ा उस को मिलता ही नहीं जिस का
दिल इ़श्क़े मुह़म्मद से सरशार नहीं होता
जो यादे मदीना में दिन रात तड़पते हैं
दूर उन से मदीने का दरबार नहीं होता
मग़्मूम है ग़म जिस को आक़ा का नहीं मिलता
बीमार है जो उन का बीमार नहीं होता
ख़ुशियों में मुसर्रत में आसाइशो राह़त में
असरारे मह़ब्बत का इ़ज़्हार नहीं होता
वोह इ़श्क़े ह़क़ीक़ी की लज़्ज़त नहीं पा सकता
जो रन्जो मुसीबत से दोचार नहीं होता
ऐ ज़ाइरे त़यबा ! तू दम तोड़ दे चौखट पर
दीदार, मदीने का हर बार नहीं होता
कौन ऐसी करे जुरअत कह सकता नहीं आ़क़िल
सरकार का दीवाना हुशियार नहीं होता

आ जाए मदीने में ले जाए ज़रा सी ख़ाक
जो ठीक किसी सूरत बीमार नहीं होता
ऐ साइलो ! आ जाओ और झोलियां फैलाओ
दरबारे रिसालत से इन्कार नहीं होता
वोह बह्रे सख़ावत हैं वोह क़ासिमे ने'मत हैं
त़यबा का गदा हरगिज़ नादार नहीं होता
दुन्या में भी ठन्डा है उ़क़्बा में भी ठन्डा है
जो उन का है दीवाना वोह ख़्वार नहीं होता
दुन्या में भी जलता है उ़क़्बा में भी जलता है
मैं कैसे कहूं मुन्किर फ़िन्नार नहीं होता
छोड़ो ऐ फ़िरिश्तो वोह, आते हैं शफ़ाअ़त को
वोह जिस के भी ह़ामी हैं फ़िन्नार नहीं होता
अफ़्सोस नदामत भी इ़स्यां पे नहीं होती
नेकी की त़रफ़ माइल अ़त्त़ार नहीं होता
आक़ा का गदा हो कर अ़त्त़ार तू घबराए
घबराए वोही जिस का ग़म ख़्वार नहीं होता

मेरा दिल पाक हो सरकार दुन्या की महब्बत से

मेरा दिल पाक हो सरकार ! दुन्या की महब्बत से
मुझे हो जाए नफ़रत काश ! आक़ा मालो दौलत से
मदीने से अगर्चे दूर हूं तेरी मशिय्यत[1] से
तड़पने की सआदत दे इलाही हिज्रो फुरक़त से
न लन्दन की न अमरीका न पेरिस की सियाहत[2] से
सुकूने क़ल्ब मिलता है मदीने की ज़ियारत से
ख़ुदा हाफ़िज़ मदीने के मुसाफ़िर जा ख़ुदा हाफ़िज़
चलेंगे सूए तयबा हम भी इक दिन उन की रहमत से
ख़ुदा की तुझ पे लाखों रहमतें हों ज़ाइरे तयबा !
सलामे शौक़ कह देना मेरा माहे रिसालत से
मुहम्मद मुस्तफ़ा उस को भी सीने से लगाते हैं
जिसे सब लोग ठुकराते हैं नफ़रत से हक़ारत से

1 : मरज़ी 2 : सैर, सफ़र

तुम्हारी ना'ले अक़्दस ही हमारा ताजे इ़ज़्ज़त है
हमारा वासिता़ क्या ताजे शाही से हुकूमत से

जिगर प्यासा ज़बां सूखी ख़ज़ां छाई बहार आए
दिले पज़मुर्दा[1] खिल उठ्ठे तेरे जल्वों की नुज़हत[2] से

गुनाहों की मैं चादर तान कर दिन रात सोता हूं
जगा दो या रसूलल्लाह ! मुझे अब ख़्वाबे ग़फ़्लत से

मेरा सारा वुजूद अफ़्सोस ! लिथड़ा है गुनाहों से
मुझे अब पाक कर दीजे गुनाहों की नुहूसत से

नदामत से गुनाहों का इज़ाला कुछ तो हो जाता
मुझे रोना भी तो आता नहीं हाए नदामत से

करम ऐ शाफ़ेए़ महशर खुले आ'माल के दफ़्तर
गो बदकारो कमीना हूं मगर हूं तेरी उम्मत से

1 : मुरझाया हुवा 2 : तरो ताज़गी, पाकीज़गी

न नामे में इ़बादत है न पल्ले कुछ रियाज़त है
इलाही ! मग़्फ़िरत फ़रमा हमारी अपनी रह़मत से

इलाही ! वासित़ा देता हूं मैं मीठे मदीने का
बचा दुन्या की आफ़त से बचा उ़क़्बा की आफ़त से

मुसल्मां ईदे मीलादुन्नबी पर शाद होता है
फ़क़त़ इब्लीस का चेला चिड़े जश्ने विलादत से

बटेगी रह़मतों की जिस घड़ी ख़ैरात महशर में
शहा ! महरूम मत करना मुझे अपनी शफ़ाअ़त से

तुम्हें मा'लूम क्या भाई ! ख़ुदा का कौन है मक़्बूल
किसी मोमिन को मत देखो कभी भी तुम ह़क़ारत से

उजाला ही उजाला होगा उस की क़ब्र के अन्दर
हो जिस का दिल मुनव्वर उल्फ़ते महरे रिसालत से

करम से ख़ुल्द में अ़त्त़ार जिस दम जा रहा होगा
शयात़ीं देखते होंगे सभी मुड़ मुड़ के ह़सरत से

बहुत रन्जीदा व ग़मगीन है दिल या रसूलल्लाह

बहुत रन्जीदा व ग़मगीन है दिल या रसूलल्लाह
करम कर दो कली दिल की उठे खिल या रसूलल्लाह

बलाओं ने मुझे हर सम्त से कुछ ऐसा घेरा है
मेरे बढ़ते ही जाते हैं मसाइल या रसूलल्लाह

पए इमदाद ह़म्ज़ा को शहा तैगे़ बकफ़ भेजो
मेरे पीछे पड़ा है हाए ! क़ातिल या रसूलल्लाह

दिले मग़्मूम का सब ह़ाल आक़ा तुम पे ज़ाहिर है
शहा ! हूं मरहमे तस्कीं का साइल या रसूलल्लाह

ग़मो आलाम का मारा हूं आक़ा बे सहारा हूं
मेरी आसान हो हर एक मुश्किल या रसूलल्लाह

तुम्हें देता हूं मौला वासित़ा मैं चार यारों का
मेरे हो जाएं त़ै मुश्किल मराह़िल या रसूलल्लाह

जो तू चाहे तो मेरे ग़म की बेड़ी गिर पड़े कट कर
नहीं तेरे लिये येह कोई मुश्किल या रसूलल्लाह
मुसल्मां आह ! ग़ाफ़िल हो गए नेकी की दा'वत से
बढ़ा जाता है हाए ! ज़ोरे बातिल या रसूलल्लाह
शहा मंडला रही है मौत सर पर फिर भी मेरा नफ़्स
गुनाहों की त़रफ़ हर दम है माइल या रसूलल्लाह
बढ़ा जाता है हर दम आह ! ग़-लबा नफ़्सो शैत़ां का
येह हर नेकी में हो जाते हैं ह़ाइल या रसूलल्लाह
गुनाहों के सभी अमराज़ आक़ा दूर फ़रमा दो
संवर जाएं मेरे सब बद ख़साइल या रसूलल्लाह
न लन्दन की न पेरिस की न अमरीका की है ख़्वाहिश
मदीना ही हमारी तो है मन्ज़िल या रसूलल्लाह
शफ़ाअ़त ह़श्र में फ़रमाओगे जब ख़ुश नसीबों की
मुझे कर लेना आक़ा उन में शामिल या रसूलल्लाह

करम कर दो बजुज़ इ़स्यां नहीं है कुछ भी नामे में
इ़बादत है न पल्ले हैं नवाफ़िल या रसूलल्लाह
हमारे ज़ख़्महाए ग़म रसूले पाक भर जाएं
जिगर हो तेरे ग़म में काश ! घाइल या रसूलल्लाह
कुछ ऐसी आग उल्फ़त की लगा दो मेरे सीने में
मैं तड़पूं ख़ूब तड़पूं मिस्ले बिस्मिल या रसूलल्लाह
तेरे अख़्लाक़ पर क़ुरबां तेरे औसाफ़ पर वारी
मुसल्मां क्या अ़दू भी तेरा क़ाइल या रसूलल्लाह
शहा ! जब ख़ुल्द में आप आगे आगे जाएं उस दम काश
मैं भी हो जाऊं पीछे पीछे दाख़िल या रसूलल्लाह
अभी बन जाए बिगड़ी तेरे इक अदना इशारे से
तेरे अ़त्तार के ह़ल हों मसाइल या रसूलल्लाह

दिल से मेरे दुन्या की महब्बत नहीं जाती

दिल से मेरे दुन्या की महब्बत नहीं जाती
सरकार ! गुनाहों की भी आ़दत नहीं जाती

दिन रात मुसल्सल है गुनाहों का तसल्सुल
कुछ तुम ही करो ना येह नुहूसत नहीं जाती

खाने की ज़ियादत है तो सोने की भी कसरत
और ख़न्दए बे जा[1] की भी ख़स्लत नहीं जाती

गो पेशे नज़र क़ब्र का पुरहौल गढ़ा है
अफ़्सोस ! मगर फिर भी येह ग़फ़्लत नहीं जाती

ऐ रहमते कौनैन ! कमीने पे करम हो
हाए ! नहीं जाती बुरी ख़स्लत नहीं जाती

जी चाहता है फूट के रोऊं तेरे ग़म में
सरकार ! मगर दिल की क़सावत[2] नहीं जाती

1 : फ़ुज़ूल हंसी 2 : सख़्ती

क्या हो गया सरकार ! ख़यालों को हमारे
अग़्यार के फ़ेशन की नुहूसत नहीं जाती
गो लाख बुरा ही सही मायूस नहीं हूं
सद शुक्र कि उम्मीदे शफ़ाअ़त नहीं जाती
आ़दत मुझे मा'लूम है आक़ा की किसी का
दिल तोड़ के जाती नहीं रह़मत नहीं जाती
"अपनों" को तो सरकार ! तबाही से बचा लो
बेचारों के सीनों से अ़दावत नहीं जाती
अल्लाहु ग़नी ! शाने वली ! राज दिलों पर
दुन्या से चले जाएं हुकूमत नहीं जाती
कुछ ऐसी कशिश तुझ में है ऐ शहरे मदीना !
गो ह़ाज़िरी सो[100] बार हो ह़सरत नहीं जाती
नैरंगिये[1] दुन्या के तमाशों की ख़बर है
अ़त्तार मगर दिल से क्यूं उल्फ़त नहीं जाती

مدینہ

1 : फ़रेब, धोका, जादूगरी

अचानक दुश्मनों ने की चढ़ाई या रसूलल्लाह

(तब्लीग़े कुरआनो सुन्नत की आ़लमगीर ग़ैर सियासी तह़रीक, ''दा'वते इस्लामी'' की बढ़ती हुई शानो शौकत से बोखला कर बा'ज़ दुश्मनों ने 25 र-जबुल मुरज्जब सि. 1416 हि. शबे पीर तक़रीबन 12 बजे मर्कज़ुल औलिया (लाहोर) में फ़क़ीरे अहले सुन्नत की जान लेने की नाकाम कोशिश की जिस के नतीजे में दो[2] जवां साल मुबल्लिग़ीन अलह़ाज उहुद रज़ा अ़त्तारी क़ादिरी र-ज़वी और मुह़म्मद सज्जाद अ़त्तारी क़ादिरी र-ज़वी शहीद हो गए, इस पर सगे मदीना عُفِیَ عَنْہُ ने बारगाहे रिसालत में इस्तिग़ासा पेश किया)

अचानक दुश्मनों ने की चढ़ाई या रसूलल्लाह
शहीद दो[2] हो गए इस्लामी भाई या रसूलल्लाह

मेरा दुश्मन तो मुझ को ख़त्म करने आ ही पहुंचा था
मैं कुरबां तुम ने मेरी जां बचाई या रसूलल्लाह

शहीदे दा'वते इस्लामी सज्जादो उहुद आक़ा
रहें जन्नत में यकजा दोनों भाई या रसूलल्लाह

अ़दू झक मारता है ख़ाक उड़ाता है तेरे कुरबां
मुझे अब तक न कोई आंच आई या रसूलल्लाह

नहीं सरकार ! ज़ाती दुश्मनी मेरी किसी से भी
मेरी है नफ़्सो शैतां से लड़ाई या रसूलल्लाह
शहा ! दुश्मन हुवा हाए ! हमारे ख़ून का प्यासा
दुहाई या रसूलल्लाह ! दुहाई या रसूलल्लाह
हिफ़ाज़त दुश्मनों से आप ही फ़रमाइये आक़ा
कि मुझ कमज़ोर पर की है चढ़ाई या रसूलल्लाह
मुक़ाबिल दुश्मने इस्लाम के ऐसा बना गोया
कोई दीवार हो सीसा पिलाई या रसूलल्लाह
येही है जुर्म मेरा सुन्नतों का अदना ख़ादिम हूं
है मैं ने सुन्नतों से लौ लगाई या रसूलल्लाह
अगर्चे लाख दुश्मन धम्कियां दे जान लेने की
किसी से क्यूं डरे तेरा फ़िदाई या रसूलल्लाह
अगर्चे जान जाए ख़िदमते सुन्नत न छोड़ूंगा
शहा ! करते रहें मुश्किल कुशाई या रसूलल्लाह
किसी सूरत भटक सकता नहीं मैं राहे सुन्नत से
मुझे हासिल है तेरी रहनुमाई या रसूलल्लाह

हिदायत दुश्मनों को या नबी ! ऐसी अ़ता कर दो
येह बन जाएं मेरे इस्लामी भाई या रसूलल्लाह

तमन्ना है मेरे दुश्मन करें तौबा अ़ता कर दो
उन्हें दोनों[2] जहां की तुम भलाई या रसूलल्लाह
बचा लो ! नारे दोज़ख़ से बिचारे ह़ासिदों को भी
मैं क्यूं चाहूं किसी की भी बुराई या रसूलल्लाह

हुक़ूक़ अपने किये हैं दर गुज़र[1] दुश्मन को भी सारे
अगर्चे मुझ पे हो गोली चलाई या रसूलल्लाह
बहर सूरत मुझे मरना पड़ेगा पर सआ़दत है
शहादत राहे सुन्नत में जो पाई या रसूलल्लाह

अंधेरी क़ब्र से शाहे मदीना ख़ौफ़ आता है
नज़र मैं ने है रह़मत पर जमाई या रसूलल्लाह
तमन्ना है तेरे अ़त्तार की यूं धूम मच जाए
मदीने में शहादत इस ने पाई या रसूलल्लाह

مدینہ

1 : बन्दे का अपने हुक़ूक़ पेशगी मुआ़फ़ कर देना कारे सवाब है। ताहम ह़क़ त-लफ़ी करने वाला गुनहगार है।

हुवा जाता है दुश्मन सब ज़माना या रसूलल्लाह

हुवा जाता है दुश्मन सब ज़माना या रसूलल्लाह
सुनाऊं अब किसे ग़म का फ़साना या रसूलल्लाह

मुझे चारों त़रफ़ से दुश्मनों ने घेर रख्खा है
बचाना या रसूलल्लाह बचाना या रसूलल्लाह

जो अपने थे वोही बेगाने हो कर अब सताते हैं
करम लिल्लाह ! या शाहे ज़माना ! या रसूलल्लाह

भंवर में फंस चुकी है नाउ आक़ा हाए क्या होगा !
शहा ! जल्दी से पार आ कर लगाना या रसूलल्लाह

ग़मो आलाम ने हर सम्त से आक़ा जकड़ डाला
पए ग़ौसो रज़ा आ कर छुड़ाना या रसूलल्लाह

शहा ! गुलज़ारे सुन्नत पर ख़ज़ां ने कर दिया ह़म्ला
बहारें सुन्नतों की फिर दिखाना या रसूलल्लाह
ग़मे दुन्या में क्यूं रोएं हमें कर दो नसीब आक़ा
तुम्हारे ग़म में ही आंसू बहाना या रसूलल्लाह
डराया बल्कि मारा भी मुझे या मुस्त़फ़ा जिस ने
उसे भी अपने सीने से लगाना या रसूलल्लाह
नहीं अ़त्तार क़ाबिल इम्तिह़ां के सरवरे आ़लम
बहर सूरत तुम्हीं इस को निभाना या रसूलल्लाह

ह़सद की ता'रीफ़

किसी की ने'मत छिन जाने की आरज़ू करना । (फ़तावा र-ज़विय्या, जि. 24, स. 428) म-सलन किसी शख़्स की शोहरत या इ़ज़्ज़त है अब येह आरज़ू करना कि उस की इ़ज़्ज़त या शोहरत ख़त्म हो जाए । अलबत्ता दूसरे की ने'मत का ज़वाल (या'नी ज़ाएअ़ हो जाना) न चाहना बल्कि वैसी ही ने'मत की अपने लिये तमन्ना करना येह **ग़िब्ता** (या'नी रश्क) कहलाता है और येह शरअ़न जाइज़ है । (طریقہ محمدیہ ج۱ص۶۱۰)

गुनाहों की नहीं जाती है आ़दत या रसूलल्लाह

गुनाहों की नहीं जाती है आ़दत या रसूलल्लाह
तुम्हीं अब कुछ करो माहे रिसालत या रसूलल्लाह

गुनाहों से मुझे हो जाए नफ़रत या रसूलल्लाह
निकल जाए बुरी हर एक ख़स्लत या रसूलल्लाह

गुनह लम्हा ब लम्हा हाए ! अब बढ़ते ही जाते हैं
नहीं पर इस पे हाए कुछ नदामत या रसूलल्लाह

गुनह कर कर के हाए ! हो गया दिल सख़्त पथ्थर से
करूं किस से कहां जा कर शिकायत या रसूलल्लाह

मैं बचना चाहता हूं हाए ! फिर भी बच नहीं पाता
गुनाहों की पड़ी है ऐसी आ़दत या रसूलल्लाह

कमर आ'माले बद ने हाए ! मेरी तोड़ कर रख दी
तबाही से बचा लो जाने रह़मत या रसूलल्लाह

मेरे मुंह की सियाही से अंधेरी रात शरमाए
मेरा चेहरा हो ताबां नूरे इ़ज़्ज़त या रसूलल्लाह

ब वक़्ते नज़्अ़ आक़ा हो न जाऊं मैं कहीं बरबाद
मेरा ईमान रख लेना सलामत या रसूलल्लाह

तेरे रब की क़सम मैं लाइक़े नारे जहन्नम हूं
बचा सकती है बस तेरी शफ़ाअ़त या रसूलल्लाह
यहां जैसे हमारी ऐ़ब पोशी आप करते हैं
वहां भी आप रख लीजेगा इ़ज़्ज़त या रसूलल्लाह
फ़सादे नफ़्से ज़ालिम से बचा लो अज़ पए शैख़ैन
करो शैत़ान से मेरी ह़िफ़ाज़त या रसूलल्लाह
सही जाती नहीं हैं सख़्तियां सक्रात की सरकार!
सरे बालीं अब आओ जाने रह़मत या रसूलल्लाह
मेरा येह ख़्वाब हो जाए शहा शरमिन्दए ता'बीर
मदीने में पियूं जामे शहादत या रसूलल्लाह
मेरे दिल से हवस दुन्या की दौलत की निकल जाए
अ़त़ा कर दो मुझे बस अपनी उल्फ़त या रसूलल्लाह
मेरे आंसू न हों बरबाद दुन्या की मह़ब्बत में
रुलाए बस मुझे तेरी मह़ब्बत या रसूलल्लाह
फंसा जाता है दुन्या की मह़ब्बत में दिले अ़त्त़ार
करो अ़त्त़ार से येह दूर आफ़त या रसूलल्लाह

शदाइद नज़्अ़ के कैसे सहूंगा या रसूलल्लाह

शदाइद नज़्अ़ के कैसे सहूंगा या रसूलल्लाह
अंधेरी क़ब्र में कैसे रहूंगा या रसूलल्लाह

मुझे मरना है आक़ा गुम्बदे ख़ज़रा के साए में
वत़न में मर गया तो क्या करूंगा या रसूलल्लाह

न छोड़े जुर्म छुटते हैं न मारे नफ़्स मरता है
न जाने नेक आख़िर कब बनूंगा या रसूलल्लाह

सदा मीठी नज़र रखना अगर तुम हो गए नाराज़
क़सम रब की कहीं का न रहूंगा या रसूलल्लाह

अंधेरा काट खाता है अकेले ख़ौफ़ आता है
तो तन्हा क़ब्र में क्यूंकर रहूंगा या रसूलल्लाह

नकीरैन इम्तिहां लेने को जब आएंगे तुरबत[1] में
जवाबात उन को आक़ा कैसे दूंगा या रसूलल्लाह

बराए नाम दर्दे सर सहा जाता नहीं मुझ से
अ़ज़ाबे क़ब्र कैसे सह सकूंगा या रसूलल्लाह

مدینہ

1 : क़ब्र

यहां च्यूंटी भी तड़पा दे मुझे तो क़ब्र के अन्दर
शहा बिच्छू के डंक कैसे सहूंगा या रसूलल्लाह
यहां मा'मूली गरमी भी सही जाती नहीं मुझ से
तो गरमी ह़श्र की कैसे सहूंगा या रसूलल्लाह
ज़मीं तपती हुई आग आफ़्ताब बरसा रहा होगा
बरह्ना पा खड़ा कैसे रहूंगा या रसूलल्लाह
सरे महशर बला की धूप है आक़ा करम कर दो
मैं क्या महरूम कौसर से रहूंगा या रसूलल्लाह
गुनाहों के खुले दफ़्तर खड़ा हूं आह ! मीज़ां पर
नहीं हैं नेकियां अब क्या करूंगा या रसूलल्लाह
है सर पे बारे इ़स्यां पुल सिरात़ अब पार हो कैसे !
संभालो वरना दोज़ख़ में गिरूंगा या रसूलल्लाह
बरोज़े ह़श्र गर चश्मे करम मुझ पर न की तुम ने
मैं जा कर किस के दामन में छुपूंगा या रसूलल्लाह

काश ! कि मैं दुन्या में पैदा न हुवा होता

(नज़्अ़ की सख़्तियों, क़ब्र की होल नाकियों, महशर की दुश्वारियों और जहन्नम की ख़ौफ़नाक वादियों का तसव्वुर बांध कर ख़ौफ़े ख़ुदा عَزَّوَجَلَّ से लरज़ते हुए अश्कबार आंखों से इस कलाम को पढ़िये)

काश ! कि मैं दुन्या में पैदा न हुवा होता
क़ब्रो हश्र का हर ग़म ख़त्म हो गया होता
आह ! सल्बे ईमां का ख़ौफ़ खाए जाता है
काश ! मेरी मां ने ही मुझ को न जना होता
आ के न फंसा होता मैं बतौरे इन्सां काश !
काश ! मैं मदीने का ऊंट बन गया होता
ऊंट बन गया होता और ईदे कुरबां में
काश ! दस्ते आक़ा से नहर हो गया होता

काश ! मैं मदीने का कोई दुम्बा होता या
सींग वाला चितक ब्रा मेंढा बन गया होता
तार बन गया होता मुर्शिदी के कुरते का
मुर्शिदी के सीने का बाल बन गया होता
दो[2] जहां की फ़िक्रों से यूं नजात मिल जाती
मैं मदीने का सचमुच कुत्ता बन गया होता
काश ! ऐसा हो जाता ख़ाक बन के त़यबा की
मुस्त़फ़ा के क़दमों से मैं लिपट गया होता
फूल बन गया होता गुलशने मदीना का
काश ! उन के सह़रा का ख़ार बन गया होता
मैं बजाए इन्सां के कोई पौदा होता या
नख़्ल बन के त़यबा के बाग़ में खड़ा होता

मैं मुजरिम हूं जहन्नम में अगर फेंका गया मुझ को
हलाकत होगी हाए ! क्या करूंगा या रसूलल्लाह
लपक कर आग के शो'ले लिपटते होंगे बरबादी
करम कर दो येह सब कैसे सहूंगा या रसूलल्लाह
अंधेरी आग होगी रोशनी न नाम को होगी
करम कर दो येह सब कैसे सहूंगा या रसूलल्लाह
वहां कानों में, आंखों में, दहन में, पेट में भी आग !
करम कर दो येह सब कैसे सहूंगा या रसूलल्लाह
पहाड़ आगों के होंगे वादियां भी आग की होंगी
करम कर दो येह सब कैसे सहूंगा या रसूलल्लाह
फ़िरिश्ते डांटते होंगे हथोड़े मारते होंगे
करम कर दो येह सब कैसे सहूंगा या रसूलल्लाह
वहां सांप और बिच्छू भी मुसल्सल डस रहे होंगे
करम कर दो येह सब कैसे सहूंगा या रसूलल्लाह
ग़िज़ा दोज़ख़ की थूहर और ऊपर खौलता पानी
करम कर दो येह सब कैसे सहूंगा या रसूलल्लाह

न मांगे मौत आएगी न बेहोशी ही जाएगी
करम कर दो येह सब कैसे सहूंगा या रसूलल्लाह
जो तुम चाहोगे तो होंगी मेरी सब मुश्किलें आसां
वगर्ना नार में, मैं जा पड़ूंगा या रसूलल्लाह
तुम्हारा हूं ग़ुलाम और है ग़ुलामी पर मुझे तो नाज़
करम से साथ जन्नत में चलूंगा या रसूलल्लाह
ज़बां पर होगा उस दम या रसूलल्लाह ना'रा
बरोज़े ह़श्र जिस दम मैं उठूंगा या रसूलल्लाह
ग़मे उम्मत में रोता देख कर तुम को सरे महशर
शहा ! क़ाबू में कैसे दिल रखूंगा या रसूलल्लाह
सुनो या मत सुनो मैं तो पुकारे जाऊंगा तुम को
जहां में जब तलक आक़ा जियूंगा या रसूलल्लाह
करम फ़रमा कि हो अ़त्तार भी इस क़ौल का मिस्दाक़
"तेरी ख़ातिर जियूंगा और मरूंगा" या रसूलल्लाह

गुलशने मदीना का काश ! होता मैं सब्ज़ा
या बत़ौरे तिन्का ही मैं वहां पड़ा होता
मर्ग़ ज़ारे त़यबा का काश ! होता परवाना
गिर्दे शम्अ़ फिर फिर कर काश ! जल गया होता
काश ! ख़र या ख़च्चर या घोड़ा बन कर आता और
आप ने भी खूंटे से बांध कर रखा होता
जां कनी की तक्लीफ़ें ज़ब्ह़ से हैं बढ़ कर काश !
मुर्ग़ बन के त़यबा में ज़ब्ह़ हो गया होता
आह ! कस्रते इ़स्यां हाए ! ख़ौफ़ दोज़ख़ का
काश ! इस जहां का मैं न बशर बना होता
शोर उठा येह महशर में खुल्द में गया अ़त्त़ार
गर न वोह बचाते तो नार में गया होता

हैं सफ़ आरा सब हूरो मलक

हैं सफ़ आरा सब हूरो मलक और ग़िल्मां खुल्द सजाते हैं
इक धूम है अ़र्शे आ'ज़म पर मेहमान खुदा के आते हैं

है आज फ़लक रोशन रोशन, हैं तारे भी जगमग जगमग
महबूब खुदा के आते हैं महबूब खुदा के आते हैं

कुरबान मैं शानो अ़-ज़मत पर सोए हैं चैन से बिस्तर पर
जिब्रीले अमीं हाज़िर हो कर मे'राज का मुज़्दा सुनाते हैं

जिब्रील बुराक़ सजा कर के फ़िरदौसे बरीं से ले आए
बारात फ़िरिश्तों की आई मे'राज को दूल्हा जाते हैं

है खुल्द का जोड़ा जैबे बदन रहमत का सजा सेहरा सर पर
क्या ख़ूब सुहाना है मन्ज़र मे'राज को दूल्हा जाते हैं

है ख़ूब फ़ज़ा महकी महकी चलती है हवा ठन्डी ठन्डी
हर सम्त समां है नूरानी मे'राज को दूल्हा जाते हैं

येह इ़ज़्ज़ो जलाल अल्लाह ! अल्लाह ! येह औजो कमाल अल्लाह ! अल्लाह !
येह हुस्नो जमाल अल्लाह ! अल्लाह ! मे'राज को दूल्हा जाते हैं

दीवानो ! तसव्वुर में देखो ! असरा के दूल्हा का जल्वा
झुरमट में मलाइक ले कर उन्हें मे'राज का दूल्हा बनाते हैं

अक़्सा में सुवारी जब पहुंची जिब्रील ने बढ़ के कही तक्बीर
नबियों की इमामत अब बढ़ कर सुल्ताने जहां फ़रमाते हैं

वोह कैसा हसीं मन्ज़र होगा जब दूल्हा बना सरवर होगा
उ़श्शाक़ तसव्वुर कर कर के बस रोते ही रह जाते हैं

येह शाह ने पाई सआ़दत है ख़ालिक़ ने अ़ता की ज़ियारत है
जब एक तजल्ली पड़ती है मूसा तो ग़श खा जाते हैं

जिब्रील ठहर कर सिदरा पर बोले जो बढ़े हम एक क़दम
जल जाएंगे सारे बालो पर अब हम तो यहीं रह जाते हैं

अल्लाह की रह़मत से दिलबर जा पहुंचे दना की मन्ज़िल पर
अल्लाह का जल्वा भी देखा दीदार की लज़्ज़त पाते हैं

मे'राज की शब तो याद रखा फिर ह़श्र में कैसे भूलेंगे
अ़त्तार इसी उम्मीद पे हम दिन अपने गुज़ारे जाते हैं

तराने मुस्त़फ़ा के झूम कर पढ़ता हुवा निकले

तराने मुस्त़फ़ा के झूम कर पढ़ता हुवा निकले
यूं ह़ज को "चल मदीना" का वत़न से क़ाफ़िला निकले

नज़र जब सब्ज़ गुम्बद पर पड़े ग़श खा के गिर जाऊं
तेरे क़दमों में जाने मुज़्त़रिब या मुस्त़फ़ा निकले

अगर मीज़ां पे पेशी हो गई तो हाए ! बरबादी !
गुनाहों के सिवा क्या मेरे नामे में भला निकले

करम से उस घड़ी सरकार ! पर्दा आप रख लेना
सरे मह़शर मेरे ऐबों का जिस दम तज़्किरा निकले

नज़र आएं जूं ही सरकार मह़शर में मेरे लब से
येह ना'रा या रसूलल्लाह का बे साख़्ता निकले

अगर्चे दौलते दुन्या मेरी सब छीन ली जाए
मेरे दिल से न हरगिज़ या नबी तेरी विला[1] निकले

1 : मह़ब्बत

पड़ोसी ख़ुल्द में या रब बना दे अपने प्यारे का
येही है आरज़ू मेरी येही दिल से दुआ निकले

तुझे हरगिज़ गवारा हो नहीं सकता कि महशर में
जहन्नम की त़रफ़ रोता हुवा तेरा गदा निकले

रसूले पाक से मेरा सलामे शौक़ कह देना
क़रीबे गुम्बदे ख़ज़रा तू जब बादे सबा निकले

तलातुम ख़ैज़ मौजें हैं थपेड़ों पर थपेड़े हैं
मेरी नय्या भंवर से अब सलामत नाख़ुदा निकले

इलाही मौत आए गुम्बदे ख़ज़रा के साए में
मदीने में जनाज़ा धूम से अ़त्तार का निकले

मुआ़फ़ करो मुआ़फ़ी पाओ

फ़रमाने मुस्त़फ़ा صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : रहूम किया करो तुम पर रहूम किया जाएगा और मुआ़फ़ करना इख़्तियार करो **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ तुम्हें मुआ़फ़ फ़रमाएगा। (مُسنَدِ اِمام اَحمد ج ۲ ص ۶۸۲ حدیث ۷۰۶۲)

पहुंचूं मदीने काश ! मैं इस बेख़ुदी के साथ

पहुंचूं मदीने काश ! मैं इस बेख़ुदी के साथ
रोता फिरूं गली गली दीवानगी के साथ

आते हैं मुझ को याद वोह लम्हाते ख़ुश गवार
गुज़रे थे त़यबा में जो कभी मुर्शिदी के साथ

जूं ही निगाह गुम्बदे ख़ज़रा को चूम ले
कुरबान मेरी जान हो ख़ुद रफ़्तगी[1] के साथ

मुझ को बक़ीए पाक में दो[2] गज़ ज़मीं मिले
या रब ! दुआ़ है तुझ से मेरी आ़जिज़ी के साथ

अल्लाह ! मेरा ह़श्र हो बू बक्र और उ़मर
उ़स्मां ग़नी व ह़ज़रते मौला अ़ली के साथ

पलटेगा पाक हो के दरे मुस्त़फ़ा से वोह
पहुंचेगा जो गुनाहों की आलू-दगी के साथ

مدینہ

1 : बे खुदी, मदहोशी

हर इक गुनहगार पुकारेगा ह़श्र में
आक़ा को अश्कबार बड़ी बे बसी के साथ
महशर में मुझ को जूं ही नज़र आएंगे हुज़ूर
क़दमों में लोट जाऊंगा वारफ़्तगी[1] के साथ
या रब! तेरे करम से जगह ख़ुल्द[2] में मिले
मुझ को रसूले पाक की हम सा-यगी के साथ
वोह यारे ग़ार भी हैं तो यारे मज़ार भी
बू बक्र आज भी तो हैं हर दम नबी के साथ
रोटी भी जव की और बिछोना चटाई का
करते गुज़र बसर वोह बड़ी सादगी के साथ
फ़ैज़ाने ग़ौसे पाक बिला रैब[3] सब के सब
अ़त्तारियों के साथ है हर क़ादिरी के साथ
ऐसा करम हो नेकियों में दिल लगा करे
पढ़ता हूं गर नमाज़ भी तो बे दिली के साथ

مدینہ

1 : दीवानगी 2 : जन्नत 3 : बेशक

ऐ जुल जलाल तुझ से मेरे दो सुवाल हैं
त़यबा में मौत, ज़िन्दगी गुज़रे ख़ुशी के साथ
इक बार मुस्करा के मुझे देख लीजिये
दम तोड़ दूंगा क़दमों में वारफ़्तगी के साथ
मायूस क्यूं हो आ़सियो ! तुम हौ़सला रखो
रब की अ़त़ा से उन का करम है सभी के साथ
ख़ुत़्बा, अज़ां, नमाज़, इ़बादत कोई सी हो
ज़िक्रे नबी ज़रूर है हर बन्दगी के साथ
तुम म-दनी क़ाफ़िलों में ऐ इस्लामी भाइयो !
करते रहो हमेशा सफ़र ख़ुशदिली के साथ
अपनाए जो सदा के लिये "म-दनी इन्आ़मात"
मेरी दुआ़ है ख़ुल्द में जाए नबी के साथ
इस्लामी भाई, "दा'वते इस्लामी" का सदा
तुम म-दनी काम करते रहो तन्दही के साथ
सरकार ह़ाज़िरी हो मदीने की बार बार
अ़त़्तार की है अ़र्ज़ बड़ी आ़जिज़ी के साथ

मुस्त़फ़ा का करम हो गया है

मुस्त़फ़ा का करम हो गया है, दिल ख़ुशी से मेरा झूमता है
इज़्न फिर ह़ाज़िरी का मिला है, क़ाफ़िला सूए त़यबा चला है

कूच का वक़्त अब आ चुका है, क़ाफ़िला फिर मदीने चला है
मुंह दिखाऊंगा किस त़रह़ उन को, पास हुस्ने अ़मल मेरे क्या है !

मैं मदीने के क़ाबिल नहीं हूं, बस नबी ने करम कर दिया है
बोझ इ़स्यां का सर पे धरा है, बस गुनाहों का ही सिल्सिला है

लूटने को बहारे मदीना, चूमने को ग़ुबारे मदीना
इज़्न से ताजदारे मदीना, तेरे तेरा गदा चल पड़ा है

मुल्तजी तुझ से है इक कमीना, मांगता है येह कुफ़्ले मदीना
दे के दे दो इसे इस्तिक़ामत, पस्त हिम्मत येह कम ह़ौसला है

सूए त़यबा सफ़र करने वालो, लब पे कुफ़्ले मदीना लगा लो
आंख शर्मो ह़या से झुका लो, बस इसी में तुम्हारा भला है

चन्द लम्ह़ात की ह़ाज़िरी है, हाए ! फिर जल्द ही वापसी है
है अ़जब वस्लो फ़ुरक़त का संगम, हिज्र के ग़म में दिल रो रहा है

सय्यिदी मुस्त़फ़ा जाने रह़मत ! कीजिये मुझ पे चश्मे इ़नायत
दूर हो जाए दिल की क़सावत[1] तुझ को सिद्दीक़ का वासित़ा है

या नबी ! मुजरिम आए हुए हैं, बारे इ़स्यां उठाए हुए हैं
आस तुझ पर लगाए हुए हैं, तेरी रह़मत ही का आसरा है

मैं ने जब भी इ़बादत का सोचा, नफ़्स ने फ़ौरन उस दम दबोचा
नेकियों का नहीं सिल्सिला कुछ, बस गुनाहों में ही दिल फंसा है

मालो दौलत की दिल में हवस है, हुब्बे दुन्या ही बस हर न-फ़्स[2] है
अपनी उल्फ़त का साग़र पिला दो, या ह़बीबे ख़ुदा इल्तिजा है

हुब्बे दुन्याए मुर्दार दिल में, कर चुकी घर है सरकार दिल में
तुम जो आ जाओ दिलदार दिल में, बस टली दिल से फिर येह बला है

या नबी ! आप के आ़शिक़ों को, आप की दीद के त़ालिबों को
अपना जल्वा दिखा दीजिये ना, इन बिचारों को अरमां बड़ा है

उ़म्र अ़त्त़ार बावन बरस है, फिर भी दुन्या की तुझ को हवस है
अब तू जी जी के कितना जियेगा, वक़्ते रिह़लत क़रीब आ चुका है

"चल मदीना" का जो क़ाफ़िला है, सूए त़यबा वोह अब चल पड़ा है
तेरे उ़श्शाक़ के पीछे पीछे, तेरा अ़त्त़ार भी आ रहा है

1 : सख़्ती 2 : सांस

मरहबा आज चलेंगे शहे अबरार के पास

(اَلْحَمْدُ لِلّٰہ عَزَّوَجَلَّ सि. 1422 ता सि. 1423 हि. के सफ़रे मदीना में ह़-रमैने त़य्यिबैन में येह कलाम क़लम बन्द किया)

मरहबा आज चलेंगे शहे अबरार के पास اِنْ شَآءَ اللّٰہ पहुंच जाएंगे सरकार के पास

पेश करने के लिये कुछ नहीं बदकार के पास ढेरों इ़स्यां हैं गुनहगारों के सरदार के पास

मिल चुका इ़ज़्न, मुबारक हो मदीने का सफ़र क़ाफ़िले वालो चलो दिलबरो दिलदार के पास

ख़ूब रो रो के वहां ग़म का फ़साना कहना ग़मज़दो आओ चलो अह़मदे मुख़्तार के पास

मैं गुनहगार गुनाहों के सिवा क्या लाता नेकियां होती हैं सरकार निकोकार के पास

सर भी ख़म आंख भी नम, शर्म से पानी पानी क्या करे नज़्र नहीं कुछ भी गुनहगार के पास

आंख जब गुम्बदे ख़ज़रा का नज़ारा कर ले दम निकल जाए मेरा काश ! दरे यार के पास

अ़र्सए ह़श्र में जब रोता बिलकता देखा रह़्म खाते हुए दौड़ आए वोह बदकार के पास

मुजरिमो ! इतना भी घबराओ न महशर में तुम मिल के चलते हैं सभी अपने मददगार के पास

दोनों आ़लम की भलाई का सुवाली बन कर इक भिकारी है खड़ा आप के दरबार के पास

शाहे वाला येह मदीने का बने दीवाना इक भिकारी है खड़ा आप के दरबार के पास

अपना ग़म चश्मे नम और रिक़्क़ते क़ल्बी दीजे इक भिकारी है खड़ा आप के दरबार के पास

उल्फ़्ते नाब[1] मिले और दिले बेताब मिले इक भिकारी है खड़ा आप के दरबार के पास

हुस्ने अख़्लाक़ मिले भीक में इख़्लास मिले इक भिकारी है खड़ा आप के दरबार के पास

अज़ पए ग़ौसो रज़ा "कुफ़्ले मदीना[2]" मिल जाए इक भिकारी है खड़ा आप के दरबार के पास

इस्तिक़ामत इसे ईमां पे अ़ता कर दीजे इक भिकारी है खड़ा आप के दरबार के पास

है मदीने में शहादत का येह मंगता मौला इक भिकारी है खड़ा आप के दरबार के पास

क़ब्रो महशर में अमां का है त़लब गार हुज़ूर इक भिकारी है खड़ा आप के दरबार के पास

नारे दोज़ख़ से रिहाई का मिले परवाना इक भिकारी है खड़ा आप के दरबार के पास

इस को जन्नत में जवार[3] अपना अ़ता हो दाता इक भिकारी है खड़ा आप के दरबार के पास

आप से आप ही का है येह सुवाली आक़ा इक भिकारी है खड़ा आप के दरबार के पास

क़ब्र में यूं ही नकीरो ! नहीं आया उन की

है गुलामी की सनद देख लो अ़त्तार के पास

مدینہ

1 : उल्फ़्ते नाब या'नी ऐसी महब्बत जिस में मिलावट न हो। 2 : येह दा'वते इस्लामी की इस्त़िलाह़ है। इस शे'र में "कुफ़्ले मदीना" से मुराद ख़ामोशी की सआ़दत है। 3 : पड़ोस

सुब्ह़ होती है शाम होती है

(इस कलाम का मत़्लअ़ (पहला शे'र) किसी ना मा'लूम शाइ़र का है इस की बह्र पर कलाम लिखा गया है)

सुब्ह़ होती है शाम होती है
उ़म्र यूंही तमाम होती है

पूरी कब आरज़ू मदीने की
शाहे ख़ैरुल अनाम होती है

मुस्त़फ़ा का है जो भी दीवाना
उस पे रह़मत मुदाम[1] होती है

सुन्नतों का है जो भी शैदाई
उस पे दोज़ख़ ह़राम होती है

बख़्त वर ज़ाइरों की मक्के में
सुब्ह़, त़यबा में शाम होती है

या ह़बीबे ख़ुदा करम कर दो!
दूर कब ग़म की शाम होती है

ख़ूब रुस्वाइयां कराती है
जब ज़बां बे लगाम होती है

गर तकब्बुर हो दिल में ज़र्रा भर
सुन लो जन्नत ह़राम होती है

मालो दौलत के आ़शिक़ों की हर
आरज़ू ना तमाम होती है

या उ़मर! दीने ह़क़्के आ'दा पर
तैग़ कब बे नियाम होती है?

पाए रुत्बा शहीद का ख़ुल्द उस
के लिये दो[2] ही गाम[2] होती है

सुन लो हर एक नेक शख़्सिय्यत
क़ाबिले एह़तिराम होती है

उठ्ठो अ़त्तार त़यबा चलते हैं
उन की रह़मत तो आ़म होती है

1 : हमेशा 2 : क़दम

हम पे नज़रे करम, ताजदारे ह़रम

हम पे नज़रे करम, ताजदारे ह़रम
नेक बन जाएं हम, ताजदारे ह़रम

दर्दे इ़स्यां मिटे, आ़दते बद छुटे
शाहे अ़-रबो अ़जम, ताजदारे ह़रम

नफ़्सो शैत़ान का, आह! ग़-लबा हुवा
या नबी हो करम, ताजदारे ह़रम

यक्सां हों मद्हो ज़म मुझ को कर दो करम
न खुशी हो न ग़म, ताजदारे ह़रम

बद कलामी न हो, यावह गोई न हो
बोलूं मैं कम से कम, ताजदारे ह़रम

रखूं नीची नज़र, न इधर न उधर
देखूं हो येह करम, ताजदारे ह़रम

अश्कबारी करूं, आहो ज़ारी करूं
हो निगाहे करम, ताजदारे ह़रम

हुस्ने अख़्लाक़ दो, बहरे ख़ल्लाक़[1] दो
हो निगाहे करम, ताजदारे ह़रम

ख़ूब मुख़्लिस बनूं, मैं रिया से बचूं
हो निगाहे करम, ताजदारे ह़रम

आफ़्तें जाएं टल, मुश्किलें भी हों ह़ल
कर दो ऐसा करम, ताजदारे ह़रम

हों दुरूदो सलाम, मेरे लब पर मुदाम[2]
हर घड़ी दम बदम, ताजदारे ह़रम

مدینہ

1 : बहुत पैदा करने वाला 2 : हमेशा

बद ख़साइल[1] टलें, सीधे रस्ते चलें कर दो आक़ा करम, ताजदारे ह़रम

हो गया गर अ़ज़ाब, ऐ रिसालत मआब सह सकेंगे न हम, ताजदारे ह़रम

मग़्फ़िरत की सनद, दे दो बहरे समद या शफ़ीए़ उमम, ताजदारे ह़रम

रोज़े मह़शर शहा ! मुझ गुनहगार का आप रखना भरम, ताजदारे ह़रम

ज़ाहिरो बात़िन एक, आक़ा हो कर दो नेक बहरे मुर्शिद करम, ताजदारे ह़रम

अपना दीवाना कर, मस्तो मस्ताना कर शह्र यारे इरम, ताजदारे ह़रम

अब मदीने बुला, सब्ज़ गुम्बद दिखा चूमूं ख़ाके ह़रम, ताजदारे ह़रम

सब्रो हिम्मत मिले, यूं शहादत मिले मेरा सर हो क़लम[2], ताजदारे ह़रम

काश आए वोह पल, रोते रोते निकल जाए क़दमों में दम, ताजदारे ह़रम

काश ! होता शहा, जिस्म अ़त्तार का

ख़ाके त़यबा में ज़म[3], ताजदारे ह़रम

مدینہ

1 : बुरी आ़दतें 2 : कटना 3 : मिलाना, एक चीज़ को दूसरी चीज़ में शामिल करना।

मैं सरापा हूं ग़म, ताजदारे ह़रम

मैं सरापा हूं ग़म, ताजदारे ह़रम
कीजे रह़मो करम, ताजदारे ह़रम

उजड़ा उजड़ा समां, छा गई है ख़ज़ां
बरसे अब्रे करम, ताजदारे ह़रम

ऐ शहे बह़रो बर, आह ! कमज़ोर पर
टूटा कोहे अलम, ताजदारे ह़रम

सदक़ा ह़-सनैन का, क़ल्बे बेचैन का
दूर हो रन्जो ग़म, ताजदारे ह़रम

बिगड़ी क़िस्मत संवर, जाएगी हो नज़र
सूए लौह़ो क़लम, ताजदारे ह़रम

अब बुला लो वहीं, दूर रह कर कहीं
टूट जाए न दम, ताजदारे ह़रम

शाहे जिन्नो बशर, ख़ैर से मेरे घर
तेरे आएं क़दम, ताजदारे ह़रम

दूर हों आफ़तें, दीजिये राह़तें
हो निगाहे करम, ताजदारे ह़रम

अज़ पए चार यार, अब तो बेड़ा हो पार
हो निगाहे करम, ताजदारे ह़रम

ऐ मेरे चारागर[1], अपने बीमार पर
हो निगाहे करम, ताजदारे ह़रम

दो निक़ाब अब उलट, आएं जल्वे सिमट
हो निगाहे करम, ताजदारे ह़रम

मुझ को दे दो बक़ीअ़, अब तो दे दो बक़ीअ़
हो निगाहे करम, ताजदारे ह़रम

आप ह़ाज़िर भी हैं, आप नाज़िर भी हैं
हां ख़ुदा की क़सम, ताजदारे ह़रम

सरवरे दो[2] जहां, आप हैं ग़ैब दां
किब्रिया की क़सम, ताजदारे ह़रम

अपने अ़त्तार को, मालो दौलत न दो
दे दो बस अपना ग़म, ताजदारे ह़रम

1 : त़बीब

सर हो चौखट पे ख़म, ताजदारे ह़रम

सर हो चौखट पे ख़म, ताजदारे ह़रम
येह निकल जाए दम, ताजदारे ह़रम

येह रहा मेरा सर, सीना क़ल्बो जिगर
लिल्लाह रख दो क़दम, ताजदारे ह़रम

ह़ाज़िरी का सबब, दो बना बहरे रब
आएं त़यबा में हम, ताजदारे ह़रम

हर बरस ह़ज करूं, गिर्दे का'बा फिरूं
या शहे मोह़तरम, ताजदारे ह़रम

दे दो ख़स्ता जिगर, कर दो शोरीदा सर[1]
अपना जाने करम, ताजदारे ह़रम

जो के बहती रहे, दर्द कहती रहे
दे दो वोह चश्मे नम, ताजदारे ह़रम

आइये ख़्वाब में, क़ल्बे बेताब में
सरवरे मोह़तरम, ताजदारे ह़रम

कर के अत़वार ठीक, इस्तिक़ामत की भीक
दे दो शाहे ह़रम, ताजदारे ह़रम

सब ख़त़ाएं मुआ़फ़, और नामा[2] हो साफ़
पाऊं बाग़े इरम, ताजदारे ह़रम

مدینہ

1 : दीवाना 2 : नामए आ'माल

पढ़ ले तह़रीर जो, उस की इस्लाह़ हो दे दो एसा क़लम, ताजदारे ह़रम

आमिना के पिसर, ख़ैर से हों बसर ज़ीस्त के पेचो ख़म, ताजदारे ह़रम

मेरे माहे मुबीं जो हैं अन्दौह गरीं उन के हों दूर ग़म, ताजदारे ह़रम

ह़ासिदों के ह़सद, की नहीं कोई ह़द अब तो कर दो करम, ताजदारे ह़रम

या नबी ता ब-के[3], हाए कुफ़्फ़ार के हम सहेंगे सितम, ताजदारे ह़रम

बहरे ग़ौसो रज़ा, ख़त्म हों सरवरा दुश्मनों के सितम, ताजदारे ह़रम

ऐ मेरे ताजवर, दूर हों सारे शर हो निगाहे करम, ताजदारे ह़रम

हूं बड़ा रू सियाह, है गुनह पर गुनाह हो निगाहे करम, ताजदारे ह़रम

खोलो रह़मत के पट, जाए ज़ुल्मत पलट हो निगाहे करम, ताजदारे ह़रम

तेरे अ़त्तार का, है येह अरमां शहा

निकले त़यबा में दम, ताजदारे ह़रम

مدینہ

1 : कब तक

हो अ़ता अपना ग़म, ताजदारे ह़रम

हो अ़ता अपना ग़म, ताजदारे ह़रम
दीजिये आंख नम, ताजदारे ह़रम

कीजिये शादकाम[1], अपना कह के गुलाम
झूम जाएंगे हम, ताजदारे ह़रम

माल भी आल भी, बाल भी खाल भी
सदक़े जानो दिलम, ताजदारे ह़रम

तेरा खाते हैं हम, तेरा पीते हैं हम
तेरे रब की क़सम, ताजदारे ह़रम

ऐसा कर दो सबब, कि उतर जाए अब
दिल में ख़ारे ह़रम, ताजदारे ह़रम

येह चमक येह दमक, येह महक येह लहक
है बहारे क़दम, ताजदारे ह़रम

जो भी मांगा मिला, मरह़बा मरह़बा
शाने जूदो करम, ताजदारे ह़रम

धूम मचाते रहें, और मनाते रहें
ईदे मीलाद हम, ताजदारे ह़रम

ईदे मीलाद में, गाड़ेंगे याद में
सब्ज़ प्यारा अ़लम[2], ताजदारे ह़रम

مدینہ

1 : खुश 2 : परचम

गुनगुनाते रहें गीत गाते रहें उ़म्र भर तेरे हम, ताजदारे ह़रम

तेरे दीवाने सब, आएं सूए अ़रब देखें सारे ह़रम, ताजदारे ह़रम

सीना जलता रहे, दिल मचलता रहे हो निगाहे करम, ताजदारे ह़रम

या रसूले ख़ुदा, सरवरे अम्बिया हो निगाहे करम, ताजदारे ह़रम

ग़म की काली घटा, को शहा दो हटा हो निगाहे करम, ताजदारे ह़रम

महरो माहे मुबीं, है येह अ़र्ज़े ह़ज़ीं[3] हो निगाहे करम, ताजदारे ह़रम

या नबी अल मदद, ऐ रसूल अल मदद हो करम हो करम, ताजदारे ह़रम

जल्वए यार हो, क़ब्रे अ़त्तार हो

काश हो येह करम, ताजदारे ह़रम

मर्द के लिये सब से बड़ा वज़ीफ़ा : तक्बीरे ऊला के साथ पांच वक़्त मस्जिद की पहली सफ़ में नमाज़ पढ़ना।

مدینہ

1: ग़मगीन

मेरे तुम ख़्वाब में आओ मेरे घर रोशनी होगी

मेरे तुम ख़्वाब में आओ मेरे घर रोशनी होगी
मेरी क़िस्मत जगा जाओ इ़नायत येह बड़ी होगी

मदीने मुझ को आना है ग़मे फ़ुरक़त मिटाना है
कब आक़ाए मदीना दर पे मेरी ह़ाज़िरी होगी

शहन्शाहे मदीना दो तड़पने का क़रीना दो
वोह आंख आक़ा इ़नायत हो कि जो अश्कों भरी होगी

बना लो अपना दीवाना बना लो अपना मस्ताना
ख़ज़ाने में तुम्हारे क्या कमी प्यारे नबी होगी

ग़मे दूरी रुलाता है मदीना याद आता है
तसल्ली रख ऐ दीवाने तेरी भी ह़ाज़िरी होगी

मुझे गर दीद हो जाए तो मेरी ईद हो जाए
तेरा दीदार जब होगा मुझे ह़ासिल ख़ुशी होगी

ख़ज़ां का सख़्त पहरा है ग़मों का घुप अंधेरा है
ज़रा सा मुस्करा दोगे तो दिल में रोशनी होगी

इलाही गुम्बदे ख़ज़रा के साए में शहादत दे
मेरी लाश उन के क़दमों में न जाने कब पड़ी होगी

हमें भी इज़्न मिल जाए शहा क़दमों में आने का
न जाने कब मदीने में हमारी हाज़िरी होगी

मदीना मेरा हो मस्कन बक़ीए पाक हो मदफ़न
मेरी उम्मीद की खेती न जाने कब हरी होगी

तड़प कर ग़म के मारो तुम पुकारो या रसूलल्लाह
तुम्हारी हर मुसीबत देखना दम में टली होगी

अगर वोह चांद से चेहरे को चमकाते हुए आए
ग़मों की शाम भी सुब्हे बहारां बन गई होगी

फ़िरिश्ते आ चुके सर पर बचा लो शाफ़ेए महशर
छुपा दामन में लो सरवर सज़ा वरना कड़ी होगी

गुनाहों पर नदामत है और उम्मीदे शफ़ाअत है
करम होगा रिहाई नारे दोज़ख़ से जभी होगी

सरे महशर वोह जिस दम जल्वए ज़ैबा दिखाएंगे
तो हर सू मरहबा या मुस्तफ़ा की धूम मची होगी

वोह जामे कौसर अपने हाथ से भर कर पिलाएंगे
करम से दूर महशर में हमारी तिश्नगी होगी

मैं बन जाऊं सरापा "म-दनी इन्आ़मात" की तस्वीर
बनूंगा नेक या अल्लाह अगर रह़मत तेरी होगी

रहूं हर दम मुसाफ़िर काश "म-दनी क़ाफ़िलों" का मैं
करम हो जाए मौला गर ! इ़नायत येह बड़ी होगी

ज़बां का, आंख का और पेट का क़ुफ़्ले मदीना तुम
लगा लो वरना महशर में पशेमानी बड़ी होगी

मुझे जल्वा दिखा देना मुझे कलिमा पढ़ा देना
अजल जिस वक़्त सर पर या नबी मेरे खड़ी होगी

अंधेरा घुप अंधेरा है शहा वह़शत का डेरा है
करम से क़ब्र में तुम आओगे तो रोशनी होगी

मेरे मरक़द में जब अ़त्तार वोह तशरीफ़ लाएंगे
लबों पे ना'ते शाहे अम्बिया उस दम सजी होगी

बुलावा दोबारा फिर इक बार आए

बुलावा दोबारा फिर इक बार आए मदीने में आक़ा ! गुनहगार आए
मेरे अश्क बहने लगें काश उस दम नज़र जूं ही त़यबा का गुलज़ार आए
दिले मुज़्त़रिब[1] की बढ़े बे क़रारी तड़प कर गिरूं जूं ही दरबार आए
निगाहों में जचता नहीं है गुलिस्तां पसन्द दिल को सह़राए सरकार आए
है अपनी जगह हुस्न फूलों का लेकिन पसन्द दिल को त़यबा ही का ख़ार[2] आए
मह़ल्लात ऊंचे नहीं चाहता मैं मदीने का क़िस्मत में कोहसार आए
अ़क़ीदत से सर झुक गया उस घड़ी जब नज़र सब्ज़ गुम्बद के अन्वार आए
तेरे सब्ज़ गुम्बद पे जाए वोह क़ुरबां मदीने में जो कोई इक बार आए
तुम्हारी शफ़ाअ़त का ह़क़दार ठहरे जो दरबार में बख़्त बेदार आए
तेरे ही करम से हमारा भरम है गुनाहों का सर पे लिये बार[3] आए
अ़त़ा हो सनद मग़्फ़िरत की अ़त़ा हो तेरे दर पे तेरे गुनहगार आए
इधर भी मसीह़ा निगाहे शिफ़ा हो तेरे दर पे इ़स्यां के बीमार आए
गुनाहों की कसरत से घबरा गए जब वोह मह़शर में सूए गुनहगार आए
हुई क़ब्र रोशन हमारी उसी दम लिये जब वोह चेहरा चमकदार आए

مدینہ

1 : बे क़रार 2 : कांटा 3 : बोझ

पए पीरो मुर्शिद हमें अपना कह दो येही आरज़ू ले के दरबार आए
शहा तुझ से तुझ ही को मांगेंगे हम तो तेरे दर पे जिस रोज़ सरकार आए
दवा हर मरज़ की है ख़ाके मदीना शिफ़ा पाए दर पे जो बीमार आए
सरे ह़श्र दामन में लेंगे उसे जो नदामत से रोता गुनहगार आए
तेरे इ़श्क़ में ऐसा हो जाऊं बेख़ुद कभी होश मुझ को न सरकार आए
इशारा मिले काश ! जन्नत का फ़ौरन सरे ह़श्र जिस दम येह बदकार आए
निगाहे करम हो करम जाने आ़लम दिले ग़मज़दा ले के ग़म ख़्वार आए
सदा सुन्नतें आ़म करता रहूं मैं इसी ह़ाल में मौत सरकार आए
पए शाहे कर्बो बला मौत मुझ को मदीने की गलियों में सरकार आए
सब इस्लामी बहनों को पर्दा अ़ता हो न पास इन के इब्लीसे अ़य्यार आए
सब इस्लामी भाई भी फ़ेशन से भागें शहा ! सुन्नतों पे इन्हें प्यार आए
बुला लो मदीने में शाहे मदीना तड़पता हुवा काश ! बदकार आए

तेरे ग़म में बेह़ाल हो जाए आक़ा
पलट के जो त़यबा से अ़त्तार आए

म-दनी मदीने वाले

मुझे दर पे फिर बुलाना म-दनी मदीने वाले
मए इ़श्क़ भी पिलाना म-दनी मदीने वाले
मेरी आंख में समाना म-दनी मदीने वाले
बने दिल तेरा ठिकाना म-दनी मदीने वाले

तेरी जब कि दीद होगी जभी मेरी ईद होगी
मेरे ख़्वाब में तू आना म-दनी मदीने वाले
मुझे ग़म सता रहे हैं मेरी जान खा रहे हैं
तुम्हीं हौसला बढ़ाना म-दनी मदीने वाले

मेरे सब अ़ज़ीज़ छूटें मेरे दोस्त भी गो रूठें
शहा तुम न रूठ जाना म-दनी मदीने वाले
मैं अगर्चे हूं कमीना तेरा हूं शहे मदीना
मुझे क़दमों से लगाना म-दनी मदीने वाले

तेरे दर से शाह बेहतर तेरे आस्तां से बढ़ कर
है भला कोई ठिकाना म-दनी मदीने वाले

तेरा तुझ से हूं सुवाली शहा फैरना न ख़ाली
मुझे अपना तू बनाना म-दनी मदीने वाले

येह मरीज़ मर रहा है तेरे हाथ में शिफ़ा है
ऐ त़बीब ! जल्द आना म-दनी मदीने वाले

तू ही अम्बिया का सरवर तू ही दो[2] जहां का यावर
तू ही रहबरे ज़माना म-दनी मदीने वाले

तू है बे कसों का यावर ऐ मेरे ग़रीब परवर
है सख़ी तेरा घराना म-दनी मदीने वाले

तू खुदा के बा'द बेहतर है सभी से मेरे सरवर
तेरा हाशिमी घराना म-दनी मदीने वाले

तेरी फ़र्श पर हुकूमत तेरी अ़र्श पर हुकूमत
तू शहन्शहे ज़माना म-दनी मदीने वाले

तेरा खुल्क़ सब से बाला तेरा हुस्न सब से आ'ला
फ़िदा तुझ पे सब ज़माना म-दनी मदीने वाले

कहूं किस से आह ! जा कर सुने कौन मेरे दिलबर
मेरे दर्द का फ़साना म-दनी मदीने वाले

ब अ़ताए रब्बे ह़ाकिम तू है रिज़्क़ का भी क़ासिम
है तेरा सब आबो दाना म-दनी मदीने वाले

मैं ग़रीब बे सहारा कहां और है गुज़ारा
मुझे आप ही निभाना म-दनी मदीने वाले

येह करम बड़ा करम है तेरे हाथ में भरम है
सरे ह़श्र बख़्शवाना म-दनी मदीने वाले

कभी जव की मोटी रोटी तो कभी खजूर पानी
तेरा ऐसा सादा खाना म-दनी मदीने वाले

है चटाई का बिछोना कभी ख़ाक ही पे सोना
कभी हाथ का सिरहाना म-दनी मदीने वाले

तेरी सादगी पे लाखों तेरी आ़जिज़ी पे लाखों
हों सलामे आ़जिज़ाना म-दनी मदीने वाले

मेरे शाह ! वक़्ते रुख़्सत मुझे मीठा मीठा शरबत
तेरी दीद का पिलाना म-दनी मदीने वाले

मिले नज़्अ़ में भी राह़त रहूं क़ब्र में सलामत
तू अ़ज़ाब से बचाना म-दनी मदीने वाले

घुप अंधेरी क़ब्र में जब मुझे छोड़ कर चलें सब
मेरी क़ब्र जगमगाना म-दनी मदीने वाले

पसे मर्ग सब्ज़ गुम्बद की हुज़ूर ठन्डी ठन्डी
मुझे छाउं में सुलाना म-दनी मदीने वाले

ऐ शफ़ीए़ रोज़े महशर ! है गुनह का बोझ सर पर
मैं फंसा मुझे बचाना म-दनी मदीने वाले

मेरे वालिदैन महशर में गो भूल जाएं सरवर
मुझे तुम न भूल जाना म-दनी मदीने वाले

शहा ! तिश्नगी बड़ी है यहां धूप भी कड़ी है
शहे हौज़े कौसर आना म-दनी मदीने वाले

मुझे आफ़तों ने घेरा, है मुसीबतों का डेरा
या नबी मदद को आना म-दनी मदीने वाले

तेरे दर की हाज़िरी को जो तड़प रहे हैं उन को
शहा ! जल्द तू बुलाना म-दनी मदीने वाले

कोई इस त़रफ़ भी फेरा हो ग़मों का दूर अंधेरा
ऐ सरापा नूर ! आना म-दनी मदीने वाले

कोई पाए बख़्त वर गर है शरफ़ शही से बढ़ कर
तेरी ना'ले पाक उठाना म-दनी मदीने वाले

मेरा सीना हो मदीना मेरे दिल का आबगीना
भी मदीना ही बनाना म-दनी मदीने वाले

ऐ ह़बीबे रब्बे बारी है गुनह का बोझ भारी
तुम्हीं ह़श्र में छुड़ाना म-दनी मदीने वाले

मेरी आ़दतें हों बेहतर बनूं सुन्नतों का पैकर
मुझे मुत्तक़ी बनाना म-दनी मदीने वाले

शहा ! ऐसा जज़्बा पाऊं कि मैं ख़ूब सीख जाऊं
तेरी सुन्नतें सिखाना म-दनी मदीने वाले

तेरे नाम पे हो क़ुरबां मेरी जान, जाने जानां
हो नसीब सर कटाना म-दनी मदीने वाले

तेरी सुन्नतों पे चल कर मेरी रूह़ जब निकल कर
चले तू गले लगाना म-दनी मदीने वाले

हैं मुबल्लिग़ आक़ा जितने करो दूर उन से फ़ितने
बुरी मौत से बचाना म-दनी मदीने वाले

मेरे ग़ौस का वसीला रहे शाद सब क़बीला
इन्हें ख़ुल्द में बसाना म-दनी मदीने वाले

मेरे जिस क़दर हैं अह़बाब इन्हें कर दें शाह बेताब
मिले इ़श्क़ का ख़ज़ाना म-दनी मदीने वाले

मेरी आने वाली नस्लें तेरे इ़श्क़ ही में मचलें
उन्हें नेक तू बनाना म-दनी मदीने वाले

मिले सुन्नतों का जज़्बा मेरे भाई छोड़ें मौला
सभी दाढ़ियां मुंडाना म-दनी मदीने वाले

मेरी जिस क़दर हैं बहनें सभी म-दनी बुरक़अ़ पहनें
हो करम शहे ज़मामा म-दनी मदीने वाले

दो जहान के ख़ज़ाने दिये हाथ में ख़ुदा ने
तेरा काम है लुटाना म-दनी मदीने वाले

तेरे ग़म में काश ! अ़त्तार रहे हर घड़ी गरिफ़्तार
ग़मे माल से बचाना म-दनी मदीने वाले

सब्ज़ गुम्बद के साए में घर चाहिये

मुझ को दुन्या की दौलत न ज़र चाहिये शाहे कौसर की मीठी नज़र चाहिये
हाथ उठते ही बर आए हर मुद्दआ़ वोह दुआ़ओं में मौला असर चाहिये
आ़शिक़ाने नबी के है दिल की सदा सब्ज़ गुम्बद के साए में घर चाहिये
ज़ौक़ बढ़ता रहे अश्क बहते रहें मुज़्तरिब क़ल्ब और चश्मे तर चाहिये
रात दिन इ़श्क़ में तेरे तड़पा करूं या नबी ! ऐसा सोज़े जिगर चाहिये
या खुदा जिस्म से जान जब हो जुदा जल्वए यार पेशे नज़र चाहिये
बस मदीने में दो गज़ ज़मीं दीजिये और कुछ न शहे बह़रो बर चाहिये
हम ग़रीबों को रौज़े पे बुलवाइये राहे त़यबा का ज़ादे सफ़र चाहिये

अपने अ़त्तार पर हो करम बार बार
इज़्न, त़यबा का बारे दिगर चाहिये

ग़ुस्सा ईमान को ख़राब करता है

ख़ा-तमुल मुर-सलीन, रह़मतुल्लिल आ़-लमीन صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم का फ़रमाने इ़ब्रत निशान है : **ग़ुस्सा** ईमान को इस त़रह़ ख़राब करता है जिस त़रह़ एलवा (या'नी एक कड़वे दरख़्त का जमा हुवा रस) शहद को ख़राब कर देता है।

(شُعَبُ الإيمَان لِلبَيهَقِي ج٦،ص٣١١حديث ٨٢٩٤)

सोज़े बिलाल बस मेरी झोली में डाल दो

जाहो जलाल दो न ही मालो मनाल दो
सोज़े बिलाल बस मेरी झोली में डाल दो

दुन्या के सारे ग़म मेरे दिल से निकाल दो
ग़म अपना या नबी मुझे बहरे बिलाल दो

हिज्रो फ़िराक़ तो मिला दो इज़्तिराब भी
बेताब क़ल्ब अज़ पए सोज़े बिलाल दो

बहती रहे जो हर घड़ी बस याद में शहा!
वोह चश्मे अश्कबार पए ज़ुल जलाल दो

सीना मदीना हो मेरा दिल भी मदीना हो
फ़िक्रे मदीना दो मुझे म-दनी ख़याल दो

हर आन बस तसव्वुरे त़यबा में गुम रहूं
ऐसा बुलन्द शाहे मदीना ! ख़याल दो

दो दर्द सुन्नतों का पए शाहे करबला
उम्मत के दिल से लज़्ज़ते फ़ेशन निकाल दो

ख़ुल्क़े अ़ज़ीम से मुझे हिस्सा अ़त़ा करो!
बे जा हंसी की ख़स्लते बद को निकाल दो

ज़िक्रो दुरूद हर घड़ी विर्दे ज़बां रहे
मेरी फ़ुज़ूल गोई की आ़दत निकाल दो

दोनों जहां की आफ़तें मौला मुसीबतें
सदक़े में मेरे ग़ौस के सरकार ! टाल दो

अ़त्त़ार को बुला के मदीने में दो बक़ीअ़
"दो फूल[1]" के तुफ़ैल हों पूरे सुवाल दो

मदीना

1 : "दो फूल" से यहां ह़-सनैने करीमैन رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا मुराद हैं।

घटाएं ग़म की छाई दिल परेशां या रसूलल्लाह

घटाएं ग़म की छाई दिल परेशां या रसूलल्लाह
तुम्हीं हो मेरे दर्दो दुख का दरमां या रसूलल्लाह

निगाहे लुत्फ़ो रह़मत के हैं ख़्वाहां या रसूलल्लाह
हमारी मुश्किलें हो जाएं आसां या रसूलल्लाह

बजुज़ तू नेस्त मूनिस नेस्त हमदम रह़मते आ़लम
नज़र कुन जानिबे मा बद नसीबां या रसूलल्लाह

सफ़ीने के परख़्चे उड़ चुके हैं ज़ोरे तूफ़ां से
संभालो ! मैं भी डूबा ऐ मेरी जां या रसूलल्लाह

नसीमे त़यबा से कह दो दिले मुज़्त़र को झोंका दे
ग़मों की शाम हो सुब्हे बहारां या रसूलल्लाह

मनाज़िर बे वफ़ा दुन्या के हों सब दूर नज़रों से
तसव्वुर में रहें त़यबा की गलियां या रसूलल्लाह

न मुझ को आज़मा दुन्या का मालो ज़र अ़त़ा कर के
अ़त़ा कर अपना ग़म और चश्मे गिर्यां या रसूलल्लाह

ग़मे फ़ुरक़त रुलाए काश हर दम या रसूलल्लाह

ग़मे फ़ुरक़त रुलाए काश हर दम या रसूलल्लाह
रहूं हर वक़्त मैं बा दीदए नम या रसूलल्लाह

जिगर भी सोख़्ता जां सोख़्ता, दिल चाक सीना चाक
मिले ग़म और ग़म बस आप का ग़म या रसूलल्लाह

नहीं ताजे शही की आरज़ू बस एक अरमां है
निकल जाए तुम्हारे रू बरू दम या रसूलल्लाह

मेरे आक़ा बहाए अश्क जो हिज्रे मदीना में
अ़ता कर दो मुझे वोह चश्मे पुरनम या रसूलल्लाह

मेरी हर धड़कने दिल से मदीने की सदा निकले
रहे ज़िक्रे मदीना लब पे हर दम या रसूलल्लाह

शहा ! चश्मे करम हो तिश्नगाने दीद[1] पर अब तो
तुम्हारी दीद का शरबत पियें हम या रसूलल्लाह

1 : दीदार के प्यासे

तेरे दीदार का त़ालिब लगाए आस बैठा हूं
ख़ुदारा अब दिखा दे रूए ताबां या रसूलल्लाह

मेरा सीना मदीना हो मदीना मेरा सीना हो
रहे सीने में तेरा दर्द पिन्हां[1] या रसूलल्लाह

सुनहरी जालियां हों आप हों और मुझ सा आ़सी हो
वहीं येह जां जुदा हो जाने जानां या रसूलल्लाह

मुझे हरियाले गुम्बद के तले क़दमों में मौत आए
सलामत ले के जाऊं दीनो ईमां या रसूलल्लाह

नहीं हुस्ने अ़मल कोई मेरे आ'माल नामे में
तेरी रह़मत मेरी बख़्शिश का सामां या रसूलल्लाह

पड़ोसी ख़ुल्द में बदकार को अपना बना लीजे
जहां हैं इतने एह़सां और एह़सां या रसूलल्लाह

मदीने में शहा अ़त्त़ार को दो[2] गज़ ज़मीं दे दे
वहीं हो दफ़्न येह तेरा सना ख़्वां या रसूलल्लाह

1. छुपा हुवा

गुनाहों का अंधेरा छा गया है हम कमीनों पर
ख़ुदारा हो करम नूरे मुजस्सम या रसूलल्लाह

जहां जाऊं जिधर जाऊं मदीने की फ़ज़ा पाऊं
मिले लुत्फ़े हुज़ूरी जाने आ़लम या रसूलल्लाह

त़वाफ़े ख़ानए का'बा का तुम मुझ को शरफ़ दे दो
पियूं मक्के में आ कर आबे ज़मज़म या रसूलल्लाह

मदीने जब मैं पहुंचूं तो कलेजा मेरा फट जाए
वहां रो रो के अपना तोड़ दूं दम या रसूलल्लाह

बक़ीए़ पाक में मुझ को जगह सरकार मिल जाए
तुफ़ैले पीरो मुर्शिद ग़ौसे आ'ज़म या रसूलल्लाह

हुसैन इब्ने अ़ली के वासिते़ कर दो करम जिन का
कि है यौमे शहादत दस[10] मुह़र्रम या रसूलल्लाह

वोही उम्मत ख़त़ाओं में पड़ी है रात में जिन के
लिये रोया किये मानिन्दे शबनम या रसूलल्लाह

शहा ! अ़त्त़ार का दिल टूट जाए काश ! दुन्या से
रहे गुम आप की उल्फ़त में हर दम या रसूलल्लाह

ह़ाजियों के बन रहे हैं क़ाफ़िले फिर या नबी

ह़ाजियों के बन रहे हैं क़ाफ़िले फिर या नबी
फिर नज़र में फिर गए ह़ज के मनाज़िर या नबी !

कर रहे हैं जाने वाले ह़ज की अब तय्यारियां
रह न जाऊं मैं कहीं कर दो करम फिर या नबी !

आह ! पल्ले ज़र नहीं रख़्ते सफ़र सरवर नहीं
तुम बुला लो तुम बुलाने पर हो क़ादिर या नबी !

किस क़दर था ख़ुश मुझे जब पेश आया था सफ़र
मुझ को अब की बार भी बुलवाइये फिर या नबी !

दिल मेरा ग़मगीन है और जान भी है मुज़्त़रिब
बहरे पीरो मुर्शिद अब बुलवाइये फिर या नबी !

ग़म के बादल छा रहे हैं आह ! मेरे क़ल्ब पर
ह़ाज़िरी की दो इजाज़त मुझ को तुम फिर या नबी !

गुम्बदे ख़ज़रा के जल्वे देखने कब आऊंगा
कब तक अब तड़पाओगे तुम मुझ को आख़िर या नबी !

आप ही अस्बाब आक़ा फिर मुहय्या कीजिये
फिर दिखा दीजे मदीने के मनाज़िर या नबी !

किस त़रह़ तस्कीन दूंगा मैं दिले ग़मगीन को
रह गया गर ह़ाज़िरी से मैं जो क़ासिर या नबी !

मुझ पे क्या गुज़रेगी आक़ा ! इस बरस गर रह गया
मेरा ह़ाले दिल तो है सब तुम पे ज़ाहिर या नबी !

आह ! त़यबा से अगर मैं दूर रह कर मर गया
रूह़ भी रन्जूर होगी किस क़दर फिर या नबी !

मिस्ले साबिक़ इस बरस भी कीजिये नज़रे करम
मैं गुज़श्ता साल आया था बिल आख़िर या नबी !

जो मदीने के लिये रहते हैं आक़ा बे क़रार
वोह भी हो जाएं तेरे रौज़े पे ह़ाज़िर या नबी !

चाक सीना चाक दिल सोज़े जिगर और चश्मे तर
दीजिये मुझ को तुफ़ैले अ़ब्दे क़ादिर या नबी !

बिल यक़ीं कुरआन अ़-ज़मत पर तुम्हारी है गवाह
शाहिदो क़ासिम हो तुम त़य्यिब हो त़ाहिर या नबी !

तुम को इ़ल्मे ग़ैब मौला ने अ़त़ा फ़रमा दिया
कर दिया हर जा पे ह़ाज़िर और नाज़िर या नबी !

इस्तिक़ामत दीन पर या मुस्त़फ़ा कर दो अ़त़ा
बहरे ख़ब्बाबो बिलालो आले यासिर[1] या नबी !

आप सब नबियों में अफ़्ज़ल और मैं बदकार आह !
आ़सियों में हूं यगाना और नादिर या नबी !

आ़सी व बदकार के अपने ख़ुदाए पाक से
बख़्शवा दो सब सग़ाइर और कबाइर या नबी !

बाल भी बीका न मेरा तो कोई कर पाएगा
क्यूं कि मेरे तुम हो ह़ामी और नासिर या नबी !

तिश्नगाने दीद को हो दीद का शरबत अ़त़ा
अज़् तुफ़ैले ग़ौसे आ'ज़म अ़ब्दे क़ादिर या नबी !

आह ! मेरा क्या बनेगा गर न ह़ज पर जा सका
हो करम अ़त्त़ार पर बहरे रज़ा फिर या नबी !

1 : इन सह़ाबए किराम عَلَيْهِمُ الرِّضْوَان पर ख़ूब ज़ुल्मो सितम के पहाड़ तोड़े गए थे फिर भी येह दीन पर साबित क़दम रहे थे। काश ! इन के तुफ़ैल हमें भी इस्तिक़ामत फ़िद्दीन नसीब हो जाए।

अ़र्शे उ़ला से आ'ला मीठे नबी का रौज़ा

अ़र्शे उ़ला से आ'ला मीठे नबी का रौज़ा[1]
है हर मकां से बाला मीठे नबी का रौज़ा

कैसा है प्यारा प्यारा येह सब्ज़ सब्ज़ गुम्बद
कितना है मीठा मीठा मीठे नबी का रौज़ा

फ़िरदौस की बुलन्दी भी छू सके न इस को
खुल्दे बरीं से ऊंचा मीठे नबी का रौज़ा

मक्के से इस लिये भी अफ़्ज़ल हुवा मदीना
हिस्से में इस के आया मीठे नबी का रौज़ा

का'बे की अ़-ज़-मतों का मुन्किर नहीं हूं लेकिन
का'बे का भी है का'बा मीठे नबी का रौज़ा

مدینہ

1 : रौज़ा के लफ़्ज़ी मा'ना हैं बाग़ ★ शे'र में रौज़ा से मुराद वोह हिस्सए ज़मीन है जिस पर रह़मते आ़लम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم का जिस्मे मुअ़ज़्ज़म तशरीफ़ फ़रमा है। इस की फ़ज़ीलत बयान करते हुए फ़ु-क़हाए किराम رَحِمَهُمُ اللهُ السَّلام फ़रमाते हैं : मह़बूबे दावर صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم के जिस्मे अन्वर से ज़मीन का जो हिस्सा लगा हुवा है वोह का'बा शरीफ़ से बल्कि अ़र्श व कुर्सी से भी अफ़्ज़ल है। (دُرِّمختار معه رَدُّالمحتار ج٤ ص ٦٢)

आंसू छलक पड़े और बेताब हो गया दिल
जिस वक़्त मैं ने देखा मीठे नबी का रौज़ा

होगी शफ़ाअ़त उस की जिस ने मदीने आ कर
ख़्वाह इक नज़र भी देखा मीठे नबी का रौज़ा

बादल घिरे हुए हैं बारिश बरस रही है[1]
लगता है क्या सुहाना मीठे नबी का रौज़ा[2]

हिज्रो फ़िराक़ में जो या रब ! तड़प रहे हैं
उन को दिखा दे मौला मीठे नबी का रौज़ा

हज़्दा हज़ार आ़लम का हुस्न इस पे कुरबां
दोनों[2] जहां का दूल्हा मीठे नबी का रौज़ा

उस आंख पर न क्यूंकर कुरबान मेरी जां हो
जिस आंख ने है देखा मीठे नबी का रौज़ा

जिस वक़्त रूह तन से अ़त्तार की जुदा हो
हो सामने खुदाया मीठे नबी का रौज़ा

مدینہ

1 : मदीनए मुनव्वरह की गली में बरसती बरसात में गुम्बदे ख़ज़रा के जल्वों में एक त़रफ़ खड़े हो कर येह शे'र क़लम बन्द किया था।
2 : आ़म बोलचाल में सब्ज़ गुम्बद को भी रौज़ा कहते हैं और यहां येही मुराद है।

है शहद से भी मीठा सरकार का मदीना

है शहद से भी मीठा सरकार का मदीना
क्या ख़ूब महका महका सरकार का मदीना
हम को पसन्द आया सरकार का मदीना
क्यूं न लगाएं ना'रा "सरकार का मदीना"

हर शहर से है अच्छा सरकार का मदीना
जन्नत से भी सुहाना सरकार का मदीना
बेकस का है सहारा सरकार का मदीना
बे घर का है ठिकाना सरकार का मदीना

कोहसार दिलकुशा हैं सह़रा भी दिलरुबा हैं
हुस्नो जमाल वाला सरकार का मदीना
दोनों[2] जहां से प्यारा, कौनो मकां से प्यारा
हर आंख का है तारा सरकार का मदीना

जन्नत का हुस्न सारा इस में सिमट कर आया
है हुस्न ही सरापा सरकार का मदीना
हर सम्त रह़मतों की बरसात हो रही है
है रह़मतों का दरिया सरकार का मदीना

फ़ुरक़त की आग में जो दिल को जला रहे हैं
उन को दिखा ख़ुदाया सरकार का मदीना
ऐ ज़ाइरे मदीना ! दिल को संभाल लेना !
देख आ गया मदीना सरकार का मदीना
''पेरिस'' पे मरने वाले ! ''पेरिस'' को भूल जाता
तू भी जो देख लेता सरकार का मदीना
है लाख लाख मौला हर आन शुक्र तेरा
इक बार फिर दिखाया सरकार का मदीना
फूलों को चूमता हूं, कांटों को चूमता हूं
लगता है मुझ को प्यारा सरकार का मदीना
जी चाहता है मेरा हर शै यहां की चूमूं
कैसा है मीठा मीठा सरकार का मदीना
मेरी नज़र को भाए दुन्या का हुस्न कैसे ?
आंखों में है समाया सरकार का मदीना
अल्लाह ! मुस्त़फ़ा के क़दमों में मौत दे दे
मदफ़न बने हमारा सरकार का मदीना
तक़्दीर में ख़ुदाया अ़त्तार के मदीना
लिख दे फ़क़त़ मदीना सरकार का मदीना

फिर मुझे आक़ा मदीने में बुलाया शुक्रिया

फिर मुझे आक़ा मदीने में बुलाया शुक्रिया
शुक्रिया फिर गुम्बदे ख़ज़रा दिखाया शुक्रिया

जिस जगह आठों पहर अन्वार की हैं बारिशें
ऐसी नूरानी फ़ज़ाओं में बुलाया शुक्रिया

रौज़ए अन्वर के ज़ाइर के शहा तुम हो शफ़ीअ़
मेरी बख़्शिश का बहाना यूं बनाया शुक्रिया

फिर त़वाफ़े ख़ानए का'बा का बख़्शा है शरफ़
ख़ूब आक़ा आबे ज़मज़म भी पिलाया शुक्रिया

मुझ से आ़सी को शरफ़ ह़ज का अ़त़ा फ़रमा दिया
किस ज़बां से हो अदा तेरा ख़ुदाया शुक्रिया

या इलाही ! अपने प्यारे की विलादत गाह का
मीठे मक्के में मुझे जल्वा दिखाया शुक्रिया

भीक लेने के लिये या रब ह़बीबे पाक का
आस्ताना हम ग़रीबों को दिखाया शुक्रिया

फिर मदीने की ह़सीनो ख़ूब सूरत वादियों
का ह़सीनो दिलकुशा मन्ज़र दिखाया शुक्रिया

मस्जिदे न-बवी के मेह़राब और मिम्बर का शहा !
दिल नवाज़ो दिलरुबा जल्वा दिखाया शुक्रिया

मुंह लगाता था कहां दुन्या में कोई भी मुझे
ऐसे बेकारो निकम्मे को निभाया शुक्रिया

आह ! तुम रोया किये उम्मत के ग़म में या नबी
हौसला हम आ़सियों का यूं बढ़ाया शुक्रिया

खुद रहे भूके शिकम पर अपने पथ्थर बांधे और
प्यार से तुम ने हमें खाना खिलाया शुक्रिया

मुझ ज़लीलो ख़्वार दुन्यादार की औक़ात क्या !
मैं निसार आक़ा मुझे फिर भी निभाया शुक्रिया

या रसूलल्लाह ! लोगों ने मुझे ठुकरा दिया
था मगर तूने मुझे अपना बनाया शुक्रिया

इस क़दर लुत्फ़ो इनायत अपने ना फ़रमान पर
अपने ग़म में अपनी उल्फ़त में रुलाया शुक्रिया

सुन्नतों को आ़म करने का मुझे जज़्बा दिया
अहले सुन्नत का मुझे ख़ादिम बनाया शुक्रिया

शुक्रिया क्यूंकर शहा तेरे करम का हो अदा
मुझ से आ़सी को गुलाम अपना बनाया शुक्रिया

मेरी इ़ज़्ज़त अहले सुन्नत के दिलों में डाल दी
और आ'दा पर मेरा सिक्का बिठाया शुक्रिया

दिल से जिस ने भी अग़्स्नी या रसूलल्लाह ! कहा
आफ़तों से आप ने उस को बचाया शुक्रिया
ख़ातिमा बिलख़ैर हो मेरा मदीने में अगर
बाल बाल उठ्ठे पुकार अपना, ख़ुदाया शुक्रिया
दफ़्न कर के जब मेरे अह़बाब आक़ा चल दिये
लह़ूद को जल्वों से आ कर जगमगाया शुक्रिया
प्यास अभी बढ़ने भी पाई थी न मेरी ह़श्र में
जामे कौसर जल्द रह़मत से पिलाया शुक्रिया
ऐ़ब महशर में खुला ही चाहते थे मैं निसार
ढक के पर्दा अपने दामन का छुपाया शुक्रिया
सूए दोज़ख़ जब मलाइक मुझ को ले कर चल दिये
मैं तेरे सदक़े मुझे आ कर छुड़ाया शुक्रिया
शुक्रिया क्यूंकर अदा हो आप का या मुस्त़फ़ा
कि पड़ोसी ख़ुल्द में अपना बनाया शुक्रिया
गर्चे शैत़ां हर घड़ी ईमान की है घात में
तुम ने थामा, जब कभी मैं डगमगाया शुक्रिया
दौलते ईमां अ़त़ा की अपने दामन में लिया
कुफ़्र से हम बे नवाओं को बचाया शुक्रिया
दे दिया अ़त्तार को मुर्शिद ज़ियाउद्दीन सा
और सगे ग़ौसो रज़ा इस को बनाया शुक्रिया

शुक्रिया आप का सुल्त़ान मदीने वाले

शुक्रिया आप का सुल्त़ान मदीने वाले
मुझ सा आ़सी भी है मेहमान मदीने वाले

मुझ कमीने को मदीने में बुलाया तुम ने
है येह एह़सान पे एह़सान मदीने वाले

ज़ाइरे क़ब्रे मुनव्वर की शफ़ाअ़त होगी
है येही आप का फ़रमान मदीने वाले

मैं भी तो ज़ाइरे रौज़ा हूं रसूले अ़-रबी !
मुझ को मत भूलना सुल्त़ान मदीने वाले

दौलते इ़श्क़ से आक़ा मेरी झोली भर दो
बस येही हो मेरा सामान मदीने वाले

आप के इ़श्क़ में ऐ काश कि रोते रोते
येह निकल जाए मेरी जान मदीने वाले

तेरे दर पे तो अ़दू को भी अमां मिलती है
मैं तेरी शान के क़ुरबान मदीने वाले

अपने क़दमों से ख़ुदारा न जुदा कीजेगा
हो गुनहगार पे एह़सान मदीने वाले

आप भूके रहें और पेट पे पथ्थर बांधें
ने'मतों के दें हमें ख़्वान मदीने वाले

ह़श्र में तुम मेरे ऐ़बों को छुपाए रखना
हूं गुनाहों पे पशेमान मदीने वाले

मैं मदीने की गली का कोई कुत्ता होता
काश ! होता न मैं इन्सान मदीने वाले

मुझ को दीवाना मदीने का बना लो आक़ा
बस येही है मेरा अरमान मदीने वाले

इक झलक चेह्रए अन्वर की दिखा दो अब तो
वक़्ते रुख़्सत है चली जान मदीने वाले

इस गुनहगार को दामन में छुपा लो आक़ा !
येह बिचारा है परेशान मदीने वाले

काश ! अ़त्तार हो आज़ाद ग़मे दुन्या से
बस तुम्हारा ही रहे ध्यान मदीने वाले

मैं जो यूं मदीने जाता तो कुछ और बात होती

मैं जो यूं मदीने जाता तो कुछ और बात होती
कभी लौट कर न आता तो कुछ और बात होती

मैं मदीने तो गया था येह बड़ा शरफ़ था लेकिन
वहीं दम जो टूट जाता तो कुछ और बात होती

ग़मे रूज़गार में तो मेरे अश्क बह रहे हैं
तेरा ग़म अगर रुलाता तो कुछ और बात होती

न फ़ुज़ूल काश ! हंसता तेरी याद में तड़पता
मुझे चैन ही न आता तो कुछ और बात होती

येही आह ! फ़िक्रे दुन्या मेरा दिल जला रही है
ग़मे हिज्र गर सताता तो कुछ और बात होती

यहां क़ब्र में करम से तेरी दीद मुझ को होगी
जो बक़ीए पाक पाता तो कुछ और बात होती

ब ज़बाने ज़ाइरीं तो मैं सलाम भेजता हूं
कभी ख़ुद सलाम लाता तो कुछ और बात होती

अरे ज़ाइरे मदीना ! तू ख़ुशी से हंस रहा है
दिले ग़मज़दा जो लाता तो कुछ और बात होती

मेरी आंख जब भी खुलती तेरी रह़मतों से आक़ा
तुझे सामने ही पाता तो कुछ और बात होती

क्यूं मदीना छोड़ आया तुझे क्या हुवा था अ़त्तार
वहीं घर अगर बसाता तो कुछ और बात होती

बोहतान की ता'रीफ़

किसी शख़्स की मौजूदगी या ग़ैर मौजूदगी में उस पर झूट बांधना बोहतान कहलाता है। (اَلْحَدِیْقَۃُ النَّدِیَّۃ ج۲ ص ۲۰۰) इस को आसान लफ़्ज़ों में यूं समझिये कि **बुराई** न होने के बा वुजूद अगर पीठ पीछे या रू बरू वोह बुराई उस की त़रफ़ मन्सूब कर दी तो येह **बोहतान** हुवा म-सलन पीछे या मुंह के सामने **रियाकार** कह दिया और वोह रियाकार न हो या अगर हो भी तो आप के पास कोई सुबूत न हो क्यूं कि **रियाकारी** का तअ़ल्लुक़ बात़िनी अमराज़ से है लिहाज़ा इस त़रह़ किसी को रियाकार कहना **बोहतान** हुवा।

मुझे बुला लो शहे मदीना

मुझे बुला लो शहे मदीना, येह हिज्र का ग़म सता रहा है
मैं दर पे आऊं येही तो अरमान दिल में तूफ़ां मचा रहा है

है सहना दुश्वार येह जुदाई, मेरी हो दर तक शहा रसाई
नहीं भरोसा है ज़िन्दगी का, येह दिल मेरा डूबा जा रहा है

नहीं तमन्नाए मालो दौलत, नहीं मुझे ख़्वाहिशे हुकूमत
मेरी नज़र में हसीनो दिलकश, वोह सब्ज़ गुम्बद समा रहा है

येही तो हसरत रही है दिल में, मुझे अजल भी वहीं पे आए
जहां पे आक़ा है प्यारा रौज़ा, येही तो अरमां सदा रहा है

है झोली ख़ाली ऐ शाहे आ़ली, खड़ा है दर पे तेरा सुवाली
ग़रीब मंगता मुरादें लेने, को हाथ गन्दे बढ़ा रहा है

ऐ बे नवाओ ! गदाओ आओ !, पसारे दामन सफ़ें बनाओ
ख़ज़ाना रहमत का बांटता वोह, खुदा का महबूब आ रहा है

गदाए दर जां बलब है आक़ा, निक़ाब उठाओ दिखा दो जल्वा
हो तिश्नए दीद पर इ़नायत, जहां से प्यासा ही जा रहा है

मैं गोरे तीरह में आ पड़ा हूं, फ़िरिश्ते भी आ चुके हैं सर पर
चले गए नाज़ उठाने वाले, तेरा ही अब आसरा रहा है

है नफ़्सी नफ़्सी चहार जानिब, निसार जाऊं कहां हो मौला
छुपा लो दामन में प्यारे आक़ा, येह शोरे महशर डरा रहा है

ख़ुदाए ग़फ़्फ़ार बख़्श दे अब, तू लाजे महबूब रख ही ले अब
हमारा ग़म ख़्वार फ़िक्रे उम्मत, में देख आंसू बहा रहा है

सबा जो फैरा हो कूए जानां,तो ग़मज़दा का सलाम कहना
येह अ़र्ज़ करना ग़रीब अ़त्तार कब मदीने को आ रहा है

दिल में नूरे ईमान पाने का एक सबब

ह़दीसे पाक में है जिस शख़्स ने ग़ुस्सा ज़ब्त़ कर लिया बा वुजूद इस के कि वोह ग़ुस्सा नाफ़िज़ करने पर क़ुदरत रखता है **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ उस के दिल को सुकून व ईमान से भर देगा।

(الجامع الصغیر ص ٥٤١ حدیث ٨٩٩٧)

ग़मे फ़ुरक़त दिले उ़श्शाक़ को बेहद रुलाता है

ग़मे फ़ुरक़त दिले उ़श्शाक़ को बेहद रुलाता है
तड़प उठते हैं जब उन को मदीना याद आता है

मुझे उस के मुक़द्दर पर बड़ा ही रश्क आता है
मदीने की त़रफ़ कोई मुसाफ़िर जब भी जाता है

मुझे उस वक़्त दीवाने पे बेहद प्यार आता है
ग़मे हिज्रे मदीना में वोह जब आंसू बहाता है

येह बीमारे मदीना है त़बीबो ! तुम न समझोगे
तड़पता है इसे जिस दम मदीना याद आता है

दिखा दो सब्ज़ गुम्बद की बहारें या रसूलल्लाह
न जाने कब मदीने का बुलावा मुझ को आता है

मदद सरकार फ़रमाते हैं दीवाना अगर कोई
तड़प कर या रसूलल्लाह का ना'रा लगाता है

अ़ता कर दो अ़ता कर दो बक़ीए़ पाक में मदफ़न
मुझे गोरे ग़रीबाने वत़न से ख़ौफ़ आता है

नहीं है चांद सूरज की मदीने को कोई ह़ाजत
वहां दिन रात उन का सब्ज़ गुम्बद जगमगाता है

हुकूमत की त़लब दिल में, न ख़्वाहिश ताजे शाही की
नज़र में आ़शिक़ों के बस मदीना ही समाता है

सख़ावत तेरे घर की है इ़नायत तेरे घर की है
तेरे दर का सुवाली झोलियां भर भर के लाता है

इ़बादत हो तो ऐसी हो, तिलावत हो तो ऐसी हो
सरे शब्बीर तो नेज़े पे भी क़ुरआं सुनाता है

बरसती है ख़ुदा की उस पे रह़मत झूम कर अ़त्त़ार
ग़मे महबूब में जो कोई दो आंसू बहाता है

इज़्न मिल जाए गर मदीने का

इज़्न मिल जाए गर मदीने का काम बन जाएगा कमीने का
जा के उन को दिखाऊंगा मैं तो ज़ख़्मे दिल और दाग़ सीने का
क़ल्बे आ़शिक़ उठा धड़क इक दम ज़िक्र जब छिड़ गया मदीने का
आंख से अश्क हो गए जारी जब चला क़ाफ़िला मदीने का
उस की क़िस्मत पे रश्क आता है जो मुसाफ़िर हुवा मदीने का
तुझ पे रह़मत हो ज़ाइरे त़यबा ! जा, निगह्बां ख़ुदा सफ़ीने का
हम को भी वोह बुलाएंगे इक दिन इज़्न मिल जाएगा मदीने का
हो ग़मे मुस्त़फ़ा अ़त़ा या रब ! दर्द बढ़ता रहे मदीने का
नज़्अ़ में, क़ब्र में, क़ियामत में तुम्हीं रखना भरम कमीने का
दूर रन्जो अलम हों दुन्या के हम को मिल जाए ग़म मदीने का
लुत्फ़ से है तेरे भरम वरना काम कोई नहीं क़रीने का
एक मुद्दत से दिल में अरमां है जामे दीदारे यार पीने का
मौत गर आए तेरे क़दमों में लुत्फ़ आ जाए फिर तो जीने का

अपने अ़त्त़ार पर करम कर दो
सग बना लो इसे मदीने का

क़िस्मत मेरी चमकाइये चमकाइये आक़ा

क़िस्मत मेरी चमकाइये चमकाइये आक़ा! मुझ को भी दरे पाक पे बुलवाइये आक़ा
सीने में हो का'बा तो बसे दिल में मदीना आंखों में मेरी आप समा जाइये आक़ा
बेताब हूं बेचैन हूं दीदार की ख़ातिर लिल्लाह मेरे ख़्वाब में आ जाइये आक़ा
हर सम्त से आफ़तो बलिय्यात ने घेरा मजबूर की इमदाद को अब आइये आक़ा
सकरात का आ़लम है शहा! दम है लबों पर तशरीफ़ सिरहाने मेरे अब लाइये आक़ा
वह़शत है अंधेरा है मेरी क़ब्र के अन्दर आ कर ज़रा रोशन इसे फ़रमाइये आक़ा
मुजरिम को लिये जाते हैं अब सूए जहन्नम लिल्लाह! शफ़ाअ़त मेरी फ़रमाइये आक़ा

अ़त्तार पे हो बहरे रज़ा इतनी इ़नायत
वीरानए दिल आ के बसा जाइये आक़ा

इस्राफ़ की ता'रीफ़

ग़ैरे ह़क़ में सर्फ़ (या'नी ख़र्च) **करना।** (फ़तावा र-ज़विय्या मुख़र्रजा, जि. 1, स. 690, रज़ा फ़ाउन्डेशन, मर्कज़ुल औलिया लाहोर) म-सलन ना फ़रमानी की जगहों पर ख़र्च करना।

आया है बुलावा फिर इक बार मदीने का

आया है बुलावा फिर इक बार मदीने का
फिर जा के मैं देखूंगा दरबार मदीने का

गुलशन से हसीं तर है कोहसार मदीने का
बे मिस्ल जहां में है गुलज़ार मदीने का

मैं फूल को चूमूंगा और धूल को चूमूंगा
जिस वक़्त करूंगा मैं दीदार मदीने का

आंखों से लगा लूंगा और दिल में बसा लूंगा
सीने में उतारूंगा मैं ख़ार[1] मदीने का

सीने में मदीना हो और दिल में मदीना हो
आंखों में भी हो नक़्शा सरकार ! मदीने का

लाती है सरे बालीं[2] रहमत की अदा उन को
जिस वक़्त तड़पता है बीमार मदीने का

1 : कांटा 2 : सिरहाने

रोते हैं जो दीवाने बेताब हैं मस्ताने
उन सब को दिखा दीजे दरबार मदीने का

रोता है जो रातों को उम्मत की महब्बत में
वोह शाफ़ेए महशर है सरदार मदीने का

रातों को जो रोता है और ख़ाक पे सोता है
ग़म ख़्वार है, सादा है मुख़्तार मदीने का

क़ब्ज़े में दो[2] आ़लम हैं पर हाथ का तक्या है
सोता है चटाई पर सरदार मदीने का

दुख दर्द जहां भर के सब दूर शहा कर के
मुझ को तो बना लीजे बीमार मदीने का

इस दर के भिकारी की झोली में दो[2] आ़लम हैं
शाहों से भी बढ़ कर है नादार मदीने का

मक़्बूल जहां भर में हो "दा'वते इस्लामी"
सदक़ा तुझे ऐ रब्बे ग़फ़्फ़ार ! मदीने का

तक़्दीर चमक उठ्ठे क़िस्मत ही तो खुल जाए
बन जाए जो अदना सग, अ़त्तार मदीने का

मीठा मदीना आ गया

बिल यक़ीं उस को तो जीने का क़रीना आ गया
जिस के लब पे हर घड़ी ज़िक्रे मदीना आ गया

साहिले जद्दा पे लो अपना सफ़ीना आ गया
झूम जाओ आ़शिक़ो ! मीठा मदीना आ गया

ख़ूब मचलो झूम लो और ख़ाक उठा कर चूम लो
लो वोह मक्का आ गया देखो मदीना आ गया

ग़म ग़लत़ हो जाएंगे बस मुस्करा के देख लो !
ग़म का मारा दर पे या शाहे मदीना आ गया

पाऊं में जूता अरे ! महबूब का कूचा है येह
होश कर तू होश कर ग़ाफ़िल ! मदीना आ गया

हिज्र के मारों के दिल में हूक सी उठने लगी
क़ाफ़िले त़यबा चले ह़ज का महीना आ गया

मुझ को रोता छोड़ कर सब क़ाफ़िले वाले चले
लौट कर मैं ग़मज़दा, शाहे मदीना आ गया

मौज हर बिफरी हुई है अब ख़ुदारा आइये !
गर्दिशे तूफ़ान में अपना सफ़ीना आ गया

किस क़दर है बा मुक़द्दर वोह मुसल्मां भाइयो !
ख़्वाब में जिस को नज़र शाहे मदीना आ गया

इक तबस्सुम रेज़ होंटों की झलक दिखलाइये
जां बलब[1] के अब तो माथे पर पसीना आ गया

टल गया मुझ से अ़ज़ाब और क़ब्र रोशन हो गई
क़ब्र में मेरी शहन्शाहे मदीना आ गया

शाफ़ेए़ महशर ! मेरी इमदाद को अब आइये !
ह़श्र में बारे गुनह ले कर कमीना आ गया

क्यूं करें न रश्क उस पे येह जहां के ताजदार
हाथ जिस के इ़श्क़े अह़मद का ख़ज़ीना[2] आ गया

अ़र्ज़ रो रो कर करूंगा जब मदीने जाऊंगा
या नबी दर पर गुनहगारो कमीना आ गया

आप के लुत़्फ़ो करम से कह उठे अ़त़्तार काश !
दिल मदीना हो गया दिल में मदीना आ गया

مدینہ

1 : मरने के क़रीब 2 : ख़ज़ाना

नज़्दीक आ रहा है र-मज़ान का महीना

नज़्दीक आ रहा है र-मज़ान का महीना
साहि़ल से ह़ाजियों का फिर आ लगा सफ़ीना
आक़ा ! न टूट जाए येह दिल का आबगीना
अब की बरस भी मौला ! रह जाऊं मैं कहीं ना !

दिल रो रहे हैं जिन के आंसू छलक रहे हैं
उन आ़शिक़ों का सदक़ा ! बुलवाइये मदीना
हिज्रो फ़िराक़ में दिल बेताब हो रहे हैं
उ़श्शाक़ रो रहे हैं लो चल दिया सफ़ीना

बेताब हो रहा है त़यबा की ह़ाज़िरी को
आ़शिक़ तड़प रहा है और फट रहा है सीना
रौज़े को देखने को आंखें तरस रही हैं
ऐ वालिये मदीना ! अब तो बुलाइये ना

नज़्रे करम ख़ुदारा मेरे सियाह दिल पर
बन जाएगा येह दम भर में बे बहा नगीना

रंगीनिये जहां से दिल टूट जाए मेरा
या रब ! मुझे बना दे तू आ़शिक़े मदीना

आंसू न थम रहे हों दिल ख़ूं उगल रहा हो
जिस वक़्त तेरे दर पर आऊं शहे मदीना

बस आरज़ू येही है क़दमों में जान निकले
प्यारे नबी हमारा मदफ़न बने मदीना

ऐ बे कसों के हमदम ! दुन्या के दूर हों ग़म
बस जाए दिल में का'बा सीना बने मदीना

तब्लीग़ सुन्नतों की करता रहूं हमेशा
मरना भी सुन्नतों में हो सुन्नतों में जीना

आक़ा मेरी हुज़ूरी की आरज़ू हो पूरी
हो जाए दूर दूरी ऐ वालिये मदीना

उन के दियार में तू कैसे चले फिरेगा ?
अ़त्तार तेरी जुरअत ! तू जाएगा मदीना ! !

अब बुला लीजिये ना मदीना

अब बुला लीजिये ना मदीना, आ रहा है येह ह़ज का महीना
दिल मेरा टूट जाए कहीं ना, अल मदद ताजदारे मदीना
आंसूओं की लड़ी बन रही हो, और आहों से फटता हो सीना
विर्दे लब हो, "मदीना मदीना" जब चले सूए त़यबा सफ़ीना
मुझ को आक़ा ! मदीने बुला लो ! ह़स्रतें मेरे दिल की निकालो
ग़ौसे आ'ज़म का सदक़ा निभा लो, अब तो कह दो मुझे "चल मदीना"
जब मदीने में हो अपनी आमद, जब मैं देखूं तेरा सब्ज़ गुम्बद
हिचकियां बांध कर रोऊं बेह़द, काश ! आ जाए ऐसा क़रीना
काश ! इस शान से ह़ाज़िरी हो, मुझ पे दीवानगी छा गई हो
हर रुकावट वहां हट गई हो, बस नज़र में हों शाहे मदीना
मुश्किलें, आफ़तें दूर होंगी, ज़ुल्मतें ग़म की काफ़ूर होंगी
मेरी आंखें भी पुरनूर होंगी, इक झलक ! मेरे माहे मदीना

दिल से उल्फ़त जहां की निकालो, इस तबाही से मौला बचा लो
मुझ को दीवाना अपना बना लो, मेरा सीना बना दो मदीना

मुझ पे आक़ा ! निगाहे करम हो, दूर दुन्या का रन्जो अलम हो
और अ़ता अपना ग़म चश्मे नम हो, दीजिये मुझ को पुरसोज़ सीना

मैं मुबल्लिग़ बनूं सुन्नतों का, ख़ूब चरचा करूं सुन्नतों का
या ख़ुदा दर्स दूं सुन्नतों का, हो करम ! बहरे ख़ाके मदीना

आंसूओं की झड़ी लग गई है, याद आक़ा की तड़पा रही है
इस पे दीवानगी छा गई है, याद आया है इस को मदीना

बा'दे मुर्दन येह एह़सान करना, मुंह पे ख़ाके मदीना छिड़कना
और मेरे कफ़न पे लगाना, गर मुयस्सर हो उन का पसीना

है तमन्नाए अ़त्तार या रब ! उन के जल्वों में यूं मौत आए
झूम कर जब गिरे मेरा लाशा, थाम लें बढ़ के शाहे मदीना

ख़ुशा झूमता जा रहा है सफ़ीना

ख़ुशा झूमता जा रहा है सफ़ीना पहुंच जाएंगे اِنْ شَآءَ الله मदीना
अब आया कि अब आया जद्दा का साहिल अब आएगा मक्का चलेंगे मदीना
मैं मक्के में जा कर करूंगा त़वाफ़ और नसीब आबे ज़मज़म मुझे होगा पीना
ख़ुदाया मदीना नज़र आए जूं ही तड़प कर गिरूं दे दे ऐसा क़रीना
न क्यूं मेरी क़िस्मत पे रश्क आए मुझ को कहां वोह मदीना कहां मैं कमीना
रहे विर्दे लब काश ! हर दम इलाही मदीना, मदीना, मदीना, मदीना
नज़र नूर की नूरे रब्बुल उ़ला हो मेरे दिल का चमका दो मैला नगीना
मदीने के वाली ! करम ऐसा कर दो मुझे नफ़्सो शैत़ां दबाएं कभी ना
बचा लीजिये मुझ को फ़ेशन से आक़ा अ़त़ा कीजिये सुन्नतों का ख़ज़ीना
पिला दो मुझे साक़िया ! जाम ऐसा रहूं मस्तो बेख़ुद मैं शाहे मदीना
तेरे इ़श्क़ में काश ! रोता रहूं मैं रहे तेरी उल्फ़त से मा'मूर सीना

तू लिख दे इलाही ! मुक़द्दर में मेरे मदीने में मरना मदीने में जीना
येह तस्लीम, उ़म्दा है ख़ुश्बूए जन्नत मुझे काश मिल जाए उन का पसीना
मरीज़े महब्बत का दम है लबों पर सिरहाने अब आ जाओ शाहे मदीना
बक़ीए़ मुबारक में दो[2] गज़ ज़मीं दो ख़ुदारा करम ताजदारे मदीना
नहीं रोते उ़श्शाक़ दुन्या की ख़ातिर रुलाती है उन को तो यादे मदीना
निगाहों में हर दम मदीना बसा हो मुझे काश मिल जाए वोह चश्मे बीना
तड़पते हैं रोते हैं दीवाने तेरे जहां में जब आता है ह़ज का महीना
तरसते हैं जो दीदे त़यबा की ख़ातिर दिखा दीजिये ना उन्हें भी मदीना
पिला दो हमें जामे दीदार साक़ी ! करम तिश्ना कामों पे शाहे मदीना
बि इज़्ने इलाही तेरी सब ख़ुदाई है मैख़ाना तेरा तेरा जामो मीना
तुम्हें ऐ मुबल्लिग़ ! हमारी दुआ़ है किये जाओ तै़ तुम तरक़्क़ी का ज़ीना

तड़प उठे आक़ा के दीवाने अ़त्तार
मदीने की जानिब चला जब सफ़ीना

अल्लाह अल्लाह तेरा दरबार रसूले अ़-रबी

अल्लाह अल्लाह तेरा दरबार रसूले अ़-रबी
तेरा दरबार करम बार रसूले अ़-रबी

बे कसों के हो मददगार रसूले अ़-रबी
ग़मज़दों के भी हो ग़म ख़्वार रसूले अ़-रबी

कुल खुदाई[1] के हो मुख़्तार रसूले अ़-रबी
तुम रसूलों के भी सरदार रसूले अ़-रबी

इक नज़र या शहे अबरार रसूले अ़-रबी
बस तेरा ही रहूं बीमार रसूले अ़-रबी

फिर दिखा दो मुझे इक बार रसूले अ़-रबी
तुम मदीने का वोह गुलज़ार रसूले अ़-रबी

सामने हों तेरे मीनार रसूले अ़-रबी
गुम्बदे सब्ज़ के अन्वार रसूले अ़-रबी

तेरा सह़रा, तेरा कोहसार रसूले अ़-रबी
और हो येह तेरा बदकार रसूले अ़-रबी

तेरी दीवार को चूमूं तेरा दरवाज़ा भी
धूल भी फूल भी और ख़ार रसूले अ़-रबी

जूं ही रोता हुवा आऊं मैं तेरे रौज़े पर
काश! उसी आन हो दीदार रसूले अ़-रबी

कोई ख़ाली नहीं लौटा कभी दर से आक़ा
है सख़ी आप का दरबार रसूले अ़-रबी

कोई दौलत, कोई सरवत[2], कोई शोहरत चाहे
मैं फ़क़त़ तेरा त़लब गार रसूले अ़-रबी

आ-तशे इ़श्क़ भड़कती ही रहे सीने में
बस तड़पता रहूं सरकार! रसूले अ़-रबी

आप के हिज्र[3] का ग़म काश रुलाए मुझ को
ख़ून रोता रहूं सरकार ! रसूले अ़-रबी

हो "मदीना ही मदीना" मेरे लब पर ऐ काश
हर घड़ी हो येही तकरार रसूले अ़-रबी

मुझ को दीवाना बना बहरे बिलाले ह़बशी
मेरे दिलबर मेरे दिलदार रसूले अ़-रबी

مدینہ

1 : दुन्या, जहान 2 : मालदारी 3 : जुदाई

तेरे दरबारे गुहर बार के सब साइल हैं अग़्निया[1] हों कि हों नादार रसूले अ़-रबी
तेरे दीवाने तड़पते हैं मदीने के लिये वोह भी देखें तेरा दरबार रसूले अ़-रबी
दूर सुन्नत से मुसल्मान हुए जाते हैं आह! फ़ेशन की है यलग़ार[2] रसूले अ़-रबी
सुन्नतों का हो अ़ता दर्द मुसल्मानों को दूर फ़ेशन की हो भरमार रसूले अ़-रबी
मेरा सीना तेरी सुन्नत का मदीना बन जाए सुन्नतों का करूं परचार रसूले अ़-रबी
जामे दीदार पिला दो मेरे आक़ा, अब तो आंख है कब से त़लब गार रसूले अ़-रबी
मुश्किलें मेरी हों आसान बराए मुर्शिद मेरे सरवर, मेरे सरदार रसूले अ़-रबी
वासित़ा ग़ौसो रज़ा का सरे बालीं[3] आ जा जां बलब[4] है तेरा बीमार रसूले अ़-रबी
मुस्कराते हुए उ़श्शाक़ चले दुन्या से क़ब्र में होगा जो दीदार रसूले अ़-रबी
हुब्बे दुन्या में गरिफ़्तार है नफ़्से ज़ालिम अल मदद या शहे अबरार! रसूले अ़-रबी
दिल पे शैत़ान ने आक़ा है जमाया क़ब्ज़ा हूं गुनाहों में गरिफ़्तार रसूले अ़-रबी
आह! बढ़ता ही चला जाता है मरज़े इ़स्यां दो शिफ़ा सय्यिदे अबरार रसूले अ़-रबी
मैं गुनहगार, सियाह कारो ख़त़ाकार सही पर हूं किस का? तेरा सरकार रसूले अ़-रबी
मेरी हर ख़स्लते बद दूर हो जाने आ़लम! नेक बन जाऊं मैं सरकार, रसूले अ़-रबी
गर्मिये ह़श्र से बेताब हूं शाहे कौसर हो नज़र सूए गुनहगार रसूले अ़-रबी
अब तो सरकार ! हो अ़त्तार पे नज़रे रह़मत कह दो अपना सगे दरबार रसूले अ़-रबी

مدینہ

1 : ग़नी की जम्अ़, ग़नी या'नी मालदार 2 : ह़म्ला 3 : सिरहाने 4 : मरने के क़रीब

मदीना मदीना हमारा मदीना

मदीना मदीना हमारा मदीना हमें जानो दिल से है प्यारा मदीना[1]
सुहाना सुहाना दिलआरा मदीना दिवानों की आंखों का तारा मदीना
येह हर आ़शिक़े मुस्त़फ़ा कह रहा है हमें तो है जन्नत से प्यारा मदीना
येह रंगीं फ़ज़ाएं येह महकी हवाएं मुअ़त्त़र मुअ़म्बर है सारा मदीना
मदीने के जल्वों के क़ुरबान जाऊं ख़ुदा ने है कैसा संवारा मदीना
पहाड़ों में भी हुस्न कांटे भी दिलकश बहारों ने कैसा निखारा मदीना
वहां प्यारा का'बा यहां सब्ज़ गुम्बद वोह मक्का भी मीठा तो प्यारा मदीना
बुला लीजिये अपने क़दमों में आक़ा दिखा दीजिये अब तो प्यारा मदीना
फिरूं गिर्दे का'बा पियूं आबे ज़मज़म मैं फिर आ के देखूं तुम्हारा मदीना
टली मुश्किलें हो गई आफ़तें दूर गया जब कोई ग़म का मारा मदीना
है शाहो गदा मुफ़्लिसो अग़्निया का बिला रैब[2] सब का गुज़ारा मदीना
येह दीवाने आक़ा ! मदीने को आएं बुला लो इन्हें अब ख़ुदारा मदीना
ख़ुदा गर क़ियामत में फ़रमाए मांगो लगाएंगे दीवाने ना'रा मदीना
मदीने में आक़ा हमें मौत आए बने काश ! मदफ़न हमारा मदीना
उसे सैरे गुलशन से क्या हो सरोकार किया जिस ने तेरा नज़ारा मदीना
ज़िया पीरो मुर्शिद के सदक़े में येह अ़त्त़ार आए दोबारा मदीना

1 : मत़्लए़ अव्वल (पहला शे'र) किसी ना मा'लूम शाइ़र का है इसी बह़्र (वज़्न) पर अश्आ़र मौज़ूं किये हैं। सगे मदीना عَفِیَ عَنْہُ 2 : बेशक

मुद्दत से मेरे दिल में है अरमाने मदीना

मुद्दत से मेरे दिल में है अरमाने मदीना रौज़े पे बुला लीजिये सुल्त़ाने मदीना
ऐ काश ! पहुंच के दरे जानाने मदीना हो जाऊं मैं सो[100] जान से क़ुरबाने मदीना
आते हैं मुक़द्दर के सिकन्दर तेरे दर पर बे इज़्न हो कैसे कोई मेहमाने मदीना
आग ऐसी लगा दीजिये क़ल्ब और जिगर में रोता रहूं तड़पा करूं ऐ जाने मदीना
गुलज़ार यहां के इसे अच्छे नहीं लगते आंखों में समाए हैं बियाबाने[1] मदीना
अब सिन्ध के जंगल में मेरा जी नहीं लगता बस मुझ को बुला लीजे गुलिस्ताने मदीना
दुन्या के नज़ारे हमें इक आंख न भाएं नज़रों में बसें काश ! बियाबाने मदीना
लन्दन कोई जापान चला माल कमाने दीवाना चला सूए बियाबाने मदीना
जब ख़ुद ही क़सम खाई है क़ुरआने मुबीं ने किस त़रह़ बयां कोई करे शाने मदीना
दुन्या का कोई शहर हो किस त़रह़ मुमासिल[2] ? जब ख़ुल्दे बरीं भी नहीं हम-शाने मदीना
कर दीजिये दीदार से आंखें मेरी ठन्डी ऐ जाने जहां सय्यिदो सुल्त़ाने मदीना
ऐ काश ! मुबल्लिग़ मैं बनूं दीने मुबीं का सरकार ! करम अज़ पए ह़स्साने मदीना
क़दमों में बुला लीजिये बदकार को आक़ा और इस को बना लीजिये मेहमाने मदीना

अ़त्त़ार को दौलत न हुकूमत की त़लब है
दे दीजे बक़ीअ़ इस को तो सुल्त़ाने मदीना

مدینہ

1 : जंगल 2 : मिस्ल

हर दम हो मेरा विर्द मदीना ही मदीना

हर दम हो मेरा विर्द मदीना ही मदीना बन जाए मेरा दिल तेरी उल्फ़त का ख़ज़ीना
वोह लम्हा वोह दिन और वोह आ जाए महीना फिर काश ! तड़पता हुवा पहुंचूं मैं मदीना
त़यबा में बुला कर मुझे सुल्त़ाने मदीना दीदार की ख़ात़िर हो अ़त़ा आंख भी बीना
सीना हो मदीना तो मदीना बने सीना और याद तेरी दिल में रहे शाहे मदीना
आ जाए मुझे काश ! शहन्शाहे मदीना रोने का तड़पने का फड़कने का क़रीना
इस्यां के तलातुम[1] में फंसा मेरा सफ़ीना डूबा मैं संभालो ! मुझे सरकारे मदीना
ऐ नूरे ख़ुदा नूर भरी दिल पे नज़र हो हो नूर से पुरनूर येह बे नूर नगीना[2]
सरकार ! तमन्ना है यूंही उ़म्र बसर हो बस तेरी महब्बत ही में हो मरना व जीना
ग़मगीन तेरे ग़म में रहूं काश ! हमेशा रोती रहें आंखें तो सुलगता रहे सीना
साक़ी ! मुझे जाम ऐसा महब्बत का पिला दो उतरे न नशा इस का कभी शाहे मदीना
तुम ख़ाके मदीना मेरे लाशे पे छिड़कना फिर मलना कफ़न पर जो मिले उन का पसीना

अ़त्त़ार त़लब गार है बस नज़रे करम का
लिल्लाह करम, जाने करम, बहरे मदीना

مدینہ

1 : मौजों के थपेड़े 2 : नगीना या'नी क़ीमती पथ्थर यहां इस के मुरादी मा'ना "दिल" है। इन मा'नों पर "बे नूर नगीना" या'नी तारीक दिल।

यादे शहे बत़्हा में जो अश्क बहाते हैं

यादे शहे बत़्हा में जो अश्क बहाते हैं
घर बैठ के त़यबा का वोह लुत़्फ़ उठाते हैं

जो यादे मदीना को सीनों में बसाते हैं
जीने का मज़ा ऐसे उ़श्शाक़ ही पाते हैं

किस प्यार से उम्मत के वोह नाज़ उठाते हैं
कि इन के गुनाहों को अश्कों से मिटाते हैं

वोह अपने गुलामों को दोज़ख़ से बचाते हैं
अल्लाह की रह़मत से जन्नत में बसाते हैं

सरकार खिलाते हैं सरकार पिलाते हैं
सुल्त़ानो गदा सब को सरकार निभाते हैं

रोते हैं तड़पते हैं येह आप के दीवाने
सरकार मदीने को फिर क़ाफ़िले जाते हैं

बिफरी हुई मौजों में जब उन को पुकारा है
तूफ़ान से किश्ती को वोह पार लगाते हैं

जितने भी हैं दीवाने उन सब को बुला लीजे
अरमान ग़रीबों को त़यबा के रुलाते हैं

येह आप की मरज़ी है जिन पर भी करम कर दें
जन्नत की सनद देने रौज़े पे बुलाते हैं

वोह ह़श्र के मैदां में दामन में छुपाएंगे
हम सब के यहां पर भी जो ऐब छुपाते हैं

ग़म मुझ को मदीने का सरकार अ़त़ा कर दो!
आज़ार ज़माने के बेकार रुलाते हैं

कुरबान! सरे मह़शर हम प्यास के मारों को
भर भर के वोह कौसर के क्या जाम पिलाते हैं!

अ़र्सा हुवा ऐ आक़ा! त़यबा से जुदाई को
अ़त्त़ार को कब जानां! फिर दर पे बुलाते हैं

मुझे उस की क़िस्मत पे रश्क आ रहा है

मुझे उस की क़िस्मत पे रश्क आ रहा है
मदीने का जिस को बुलावा मिला है

येह जो हिचकियां बांध कर रो रहा है
ग़मे हिज्र ने इस को तड़पा दिया है

त़बीबो ! तुम्हारा यहां काम क्या है !
कि येह तो मरीज़े ह़बीबे ख़ुदा है

तेरे आ़शिक़ों को क़रार आए क्यूंकर ?
मदीने से दूरी बड़ी जां गुज़ा है

बुला लो इसी साल आक़ा बुला लो !
शहा ! ह़ज का मौसिम क़रीब आ रहा है

तेरे दर के होते कहां जाएं आक़ा
कि तू ही ग़रीबों का इक आसरा है

हमारी तमन्नाएं बर आएं मौला !
हमारा तो सब ह़ाल तुम पे खुला है

सफ़ीना कभी का मेरा डूब जाता
तेरी रह़मतों ने सहारा दिया है

निगाहे करम ह़ाले ख़स्ता जिगर पर
तसल्सुल गुनह का बढ़ा जा रहा है

शिफ़ा दो गुनाहों के अमराज़ से अब कि बीमारे इ़स्यां मरा जा रहा है
ग़मे दो[2] जहां से छुड़ा के ख़ुदाया ग़मे मुस्त़फ़ा दे येही इल्तिजा है
मदीना हो सीना तो सीना मदीना मेरी ज़िन्दगी का येही मुद्दआ़ है
रहे विर्दे लब बस मदीना मदीना येही आरज़ू या रसूले ख़ुदा है
मुबल्लिग़ बनूं काश ! मैं सुन्नतों का सदा दीं की ख़िदमत करूं येह दुआ़ है
ह़बीबे ख़ुदा आ के चमकाइये अब अंधेरा मेरी क़ब्र में छा रहा है
पए पीरो मुर्शिद बक़ीए़ मुबारक अ़त़ा हो येह टूटे दिलों की सदा है
शहा ! मुस्कराते हुए आ भी जाओ ! कि दिल शोरे मह़शर से घबरा रहा है
शहा ! अपनी जन्नत में क़दमों में रखना येही आ़जिज़ाना मेरी इल्तिजा है

न क़दमों से अ़त्त़ार को दूर करना

येह तेरा गदा है भला या बुरा है

ऐ आ़ज़िमे त़यबा ! मैं त़लब गारे दुआ़ हूं

(28 और 29 ज़ुल क़ा'दतिल ह़राम सि. 1431 को येह कलाम मौज़ूं किया गया)

त़यबा के मुसाफ़िर मुझे तू भूल न जाना
ऐ आ़ज़िमे त़यबा ! मैं त़लब गारे दुआ़ हूं

रो रो के नबी को मेरी रूदाद[1] सुनाना
ऐ आ़ज़िमे त़यबा ! मैं त़लब गारे दुआ़ हूं

हो मुझ पे करम सदक़े में सुल्त़ाने दना के
दिखला दे मनाज़िर मुझे अ़-रफ़ातो मिना के

कहता था फिर अल्लाह मुझे ह़ज पे बुलाना
ऐ आ़ज़िमे त़यबा ! मैं त़लब गारे दुआ़ हूं

बेचारा मदीने से बहुत दूर पड़ा है
बदकार सही पर तेरा दीवाना बड़ा है

कहता था मुझे ह़ाज़िरी का इज़्न दिलाना
ऐ आ़ज़िमे त़यबा ! मैं त़लब गारे दुआ़ हूं

1 : कैफ़िय्यत

कहना बड़ा अ़र्सा हुवा त़यबा नहीं पहुंचा
बरसों से नहीं देख सका गुम्बदे ख़ज़रा
मिस्कीन को अब क़दमों में सरकार बुलाना
ऐ आ़ज़िमे त़यबा ! मैं त़लब गारे दुआ़ हूं

ऐ राहे मदीना के मुसाफ़िर तू ठहर कर
मजबूर की बिपता ज़रा सुन कान को धर कर
कर ह़क़ से दुआ़ रन्जो अलम इस के मिटाना
ऐ आ़ज़िमे त़यबा ! मैं त़लब गारे दुआ़ हूं

तू रब का है मेहमां रहे जानां का है आ़ज़िम[1]
मैं सख़्त गुनहगारो ख़त़ाकार हूं मुजरिम
अल्लाह से कर अ़र्ज़ इसे दोज़ख़ से बचाना
ऐ आ़ज़िमे त़यबा ! मैं त़लब गारे दुआ़ हूं

अल्लाह के घर का जूं ही देखे तू दवारा[2]
जिस वक़्त कि का'बे का करे पहला नज़ारा

1 : मुसाफ़िर 2 : दरवाज़ा

गर होश हों क़ाइम तेरे मुझ को न भुलाना
ऐ आ़ज़िमे त़यबा ! मैं त़लब गारे दुआ़ हूं

रो रो के तू करना मेरे ह़क़ में येह दुआ़एं
बोले न फ़ुज़ूल और रखे नीची निगाहें

कर अ़र्ज़ ख़ुदा से तू इसे नेक बनाना
ऐ आ़ज़िमे त़यबा ! मैं त़लब गारे दुआ़ हूं

बहकाता है शैत़ान तो है नफ़्स सताता
तौबा भी बहुत करता है पर बच नहीं पाता

कर ह़क़ से दुआ़ इस को गुनाहों से बचाना
ऐ आ़ज़िमे त़यबा ! मैं त़लब गारे दुआ़ हूं

सक्रात के सदमे मेरे बस में नहीं सहना
रो रो के येह कहता था तू सरकार से कहना

जल्वा भी दिखाना मुझे कलिमा भी पढ़ाना
ऐ आ़ज़िमे त़यबा ! मैं त़लब गारे दुआ़ हूं

कहता था बुरे ख़ातिमे का ख़ौफ़ बड़ा है
देखा है इसे बारहा येह रो भी पड़ा है
या रब इसे ईमान पे दुन्या से उठाना
ऐ आ़जि़मे त़यबा ! मैं त़लब गारे दुआ़ हूं

शरमिन्दे को अल्लाह तू शरमिन्दा न करना
बे पूछे ही दे बख़्श क़ियामत में न धरना[1]
कर अ़र्ज़ खुदा से इसे जन्नत में बसाना
ऐ आ़जि़मे त़यबा ! मैं त़लब गारे दुआ़ हूं

जब तक हो मदीने में मुयस्सर तुझे रहना
रोज़ाना सलाम मेरा तू सरकार से कहना
खै़रात शफ़ाअ़त की तबर्रुक में ले आना
ऐ आ़जि़मे त़यबा ! मैं त़लब गारे दुआ़ हूं

इख़्लास की अल्लाह इसे कर दे अ़त़ा भीक
और गुस्से की आ़दत टले अख़्लाक़ भी हों ठीक

1 : गरिफ़्तार करना

ह़-सनैन के सदक़े इसे हंसमुख तू बनाना
ऐ आ़ज़िमे त़यबा ! मैं त़लब गारे दुआ़ हूं

छाई है मेरे रुख़ पे गुनाहों की सियाही
मक़्सूम[1] न हो जाए कहीं भाई तबाही
कर अ़र्ज़, इन्हें आता है तक़्दीर बनाना
ऐ आ़ज़िमे त़यबा ! मैं त़लब गारे दुआ़ हूं

कहना कि नदामत इसे इ़स्यां पे बड़ी है
देह्लीज़[2] पे मौत आ के शहा इस के खड़ी है
तुम नज़्अ़ में दीदार का जाम इस को पिलाना
ऐ आ़ज़िमे त़यबा ! मैं त़लब गारे दुआ़ हूं

कहता था कराची में नहीं मुझ को है मरना
रो रो के गुज़ारिश तू येह सरकार से करना
सुल्त़ाने मदीना इसे क़दमों में सुलाना
ऐ आ़ज़िमे त़यबा ! मैं त़लब गारे दुआ़ हूं

1 : हिस्सा, नसीब, मुक़द्दर। 2 : दरवाज़ा

तू दा'वते इस्लामी के ह़क़ में येह दुआ़ दे
इस्लाम का डंका येह ज़माने में बजा दे
फ़रमाएं करम इस पे शहन्शाहे ज़माना
ऐ आ़ज़िमे त़यबा ! मैं त़लब गारे दुआ़ हूं
जब गुम्बदे ख़ज़रा को नज़र झूम के चूमे
जब वज्द में आ कर के तू बे साख़्ता झूमे
कहना : कहें[1], अ़त्तार हमारा है दिवाना
ऐ आ़ज़िमे त़यबा ! मैं त़लब गारे दुआ़ हूं

चुग़ली की ता'रीफ़

किसी की बात ज़रर (या'नी नुक़्सान) पहुंचाने के इरादे से दूसरों को पहुंचाना **चुग़ली** है।

(عمدة القاری ج۲ ص۵۹٤ تحت الحدیث ۲۱٦ دار الفکر بیروت)

مدینہ

1. यहां मुराद है या रसूलल्लाह صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم ईर्शाद फ़रमा दीजिये ।

जिस त़रफ़ देखिये गुलशन में बहार आई है

जिस त़रफ़ देखिये गुलशन में बहार आई है दिल मगर दश्ते मदीना का तमन्नाई है
ख़ुशनुमा फूल गुलिस्तां में खिले हैं लेकिन मेरा दिल ख़ारे मदीना ही का शैदाई है
मुस्त़फ़ा की येह इ़नायत है कि मेरे दिल में गुम्बदे सब्ज़ की तस्वीर[1] उतर आई है
जब कभी जिस ने भी पाई है जहां की ने'मत आप के दस्ते करम ही से शहा पाई है
आह! मजबूर पे लाचार पे रन्जो ग़म की चार जानिब से शहा! काली घटा छाई है
दे दे मौला! ग़मे सुल्त़ाने मदीना दे दे लब पे रह रह के येही एक दुआ़ आई है
जब तड़प कर दिले ग़मगीं ने पुकारा आक़ा! फ़ौरन इमदाद शहा आप ने फ़रमाई है
कर दो सैराब दिले तिश्ना को अब तो साक़ी! शरबते दीद का मुद्दत से तमन्नाई है
घुप अंधेरा था गुनाहों का मैं सदक़े जाऊं लहद ख़ुद आ के मेरी नूर से चमकाई है
नज़्अ़ में, क़ब्र में, मीज़ाने अ़मल और पुल पर हर जगह आप की निस्बत ही तो काम आई है
सुन्नतें शाहे मदीना की तू अपनाए जा दोनों आ़लम की फ़लाह़ इस में मेरे भाई है

मालो दौलत की हवस दिल से मिटा दे या रब
सोज़े सरकार का अ़त्त़ार तमन्नाई है

مدینہ

1 : यहां सब्ज़ गुम्बद शरीफ़ की सचमुच तस्वीर मुराद नहीं, रौज़ए रसूल की महब्बत मुराद है।

अल्लाह की रह़मत से फिर अ़ज़्मे मदीना है

अल्लाह की रह़मत से फिर अ़ज़्मे मदीना है
फिर अ़ज़्मे मदीना है तय्यार सफ़ीना है

चन्द अश्क, नदामत के है ज़ादे सफ़र मेरा
पल्ले में इ़बादत का कोई न ख़ज़ीना है

गो राहे मदीना पर मैं चल तो पड़ा हूं पर
अफ़्सोस सलीक़ा है न कोई क़रीना है

सदक़े में मुह़म्मद के दे बख़्श उसे या रब
मुजरिम है जो आ़सी है बदकारो कमीना है

ऐ नूरे ख़ुदा आ कर चमका दो पए मुर्शिद
सरकार मेरे दिल का बे नूर नगीना है

जिस्मानी मरीज़ों को अल्लाह शिफ़ा दे दे
अच्छा है फ़क़त़ वोह जो बीमारे मदीना है

तुम दा'वते इस्लामी को जानते हो क्या है!

फ़ैज़ाने मदीना है फ़ैज़ाने मदीना है

सरकार की सुन्नत की तब्लीग़ किये जाओ

जाम आप के हाथों से गर ह़श्र में पीना है

हर दम मेरे होंटों पर बस ज़िक्रे मदीना हो

येह मेरी तमन्ना ऐ सुल्त़ाने मदीना है

उ़श्शाक़ तड़पते हैं यादे शहे बत़्ह़ा में

आता है जहां में जब भी ह़ज का महीना है

खुश बख़्त मदीने का दीवाना है कि उस के

दिल में भी मदीना है सीने में मदीना है

ग़म मीठे मदीने का ऐ काश! कि मिल जाए

अरमान येही दिल में ऐ शाहे मदीना है

तू कर दे अ़त़ा मुझ को रोती हुई आंखें और
ग़म में तेरे आक़ा जो जलता हुवा सीना है

अफ़्सोस मरज़ बढ़ता जाता है गुनाहों का
हो नज़रे शिफ़ा अ़र्ज़ ऐ सरकारे मदीना है

दुन्या की तो क्या बल्कि फ़िरदौस की ख़ुश्बू से
बढ़ कर के भी ख़ुश्बूदार आक़ा का पसीना है

रोता हुवा पहुंचा था रोता हुवा लौटा था
हैं वस्ल की दो घड़ियां फिर हिज्रे मदीना है

दौलत की फ़िरावानी है मांगना नादानी
कि अस्ल में दौलत तो उल्फ़त का ख़ज़ीना है

उ़श्शाक़ की नज़रों में वीरान गुलिस्तां हैं
दिल इन का तो शैदाए सह़राए मदीना है

अ़त्तार को गर तू भी ठुकरा दे कहां जाए
तेरा है येह तेरा है गो लाख कमीना है

मुझ को दरपेश है फिर मुबारक सफ़र

मुझ को दरपेश है फिर मुबारक सफ़र क़ाफ़िला अब मदीने का तय्यार है
नेकियों का नहीं कोई तोशा फ़क़त मेरी झोली में अश्कों का इक हार है
कोई सज्दों की सौग़ात है न कोई ज़ोह्दो तक़्वा मेरे पास सरकार है
चल पड़ा हूं मदीने की जानिब मगर हाए सर पर गुनाहों का अम्बार है
जुर्मो इस्यां पे अपने लजाता हुवा और अश्के नदामत बहाता हुवा
तेरी रह़मत पे नज़रें जमाता हुवा दर पे ह़ाज़िर येह तेरा गुनहगार है
तेरा सानी कहां ! शाहे कौनो मकां मुझ सा आ़सी भी उम्मत में होगा कहां !
तेरे अ़फ़्वो करम का शहे दो^{2} जहां ! क्या कोई मुझ से बढ़ कर भी ह़क़दार है ?
या नबी ! तुझ पे लाखों दुरूदो सलाम मुझ को है नाज़ कि मैं हूं तेरा गुलाम
अपनी रह़मत से तू शाहे ख़ैरुल अनाम मुझ से आ़सी का भी नाज़ बरदार है
मुजरिमों को शहा ! बख़्शवाता है तू अपनी उम्मत की बिगड़ी बनाता है तू

ग़म के मारों को सीने लगाता है तू ग़मज़दों बे कसों का तू ग़म ख़्वार है
सरवरे अम्बिया रह़मते दो सरा तू ही मुश्किल कुशा तू ही ह़ाजत रवा
जब भी सर पर मेरे कोई टूटी बला इज़्ने रब से तू मेरा मददगार है
ज़ेरे जिस्मे मुबारक कभी बोरिया[1] हाथ तक्या है बिस्तर कभी ख़ाक का
जानो दिल सादगी पे हों उस की फ़िदा जो कि सारे रसूलों का सरदार है
दो तड़पने का आक़ा क़रीना मुझे दे दो ख़स्ता जिगर चाक सीना मुझे
चश्मे तर दे दो शाहे मदीना मुझे तेरे ग़म का येह बन्दा त़लब गार है
ठोकरें दर बदर कब तलक खाऊं मैं फिर मदीने मुक़द्दर से जब आऊं मैं
काश ! क़दमों में सरकार मर जाऊं मैं या नबी ! येह तमन्नाए बदकार है
सुन्नतें मुस्त़फ़ा की तू अपनाए जा दीन को ख़ूब मेह़नत से फैलाए जा

येह वसिय्यत तू अ़त्त़ार पहुंचाए जा
उस को जो उन के ग़म का त़लब गार है

1 : चटाई

जो भी सरकार का आ़शिक़े ज़ार है

जो भी सरकार का आ़शिक़े ज़ार है उस की ठोकर पे दौलत का अम्बार है
सल्त़नत से उसे क्या सरोकार है वासित़े इक़्तिदार उस के बेकार है
जो कि दीवानए शाहे अबरार है जिस का दिल उन की उल्फ़त से सरशार है
उन की सुन्नत का जो आईना दार है बस वोही तो जहां में समझ दार है
आ-तशे शौक़ में काश ! जलता रहूं और ख़याले मदीना में खोया रहूं
बस "मदीना मदीना" ही करता रहूं येह दुआ़ मेरी ऐ रब्बे ग़फ़्फ़ार है
दूर दुन्या के हो जाएं रन्जो अलम मुझ को मिल जाए मीठे मदीने का ग़म
हो करम हो करम या ख़ुदा हो करम ! वासित़ा उस का जो शाहे अबरार है
आह ! इ़स्यां के त़ूफ़ां में जाने चमन फंस गया है सफ़ीना ऐ शाहे ज़मन
बस तुम्हीं एक उम्मीद की हो किरन तुम जो चाहो तो बेड़ा मेरा पार है
रो रहा है येह जो हिचकियां बांध कर याद आया है इस को नबी का नगर
क्या करोगे त़बीबो ! इसे देख कर छोड़ दो येह मदीने का बीमार है
मीठे मीठे मदीने की महकी फ़ज़ा हर मुसल्मान को या इलाही ! दिखा
उस शहे करबला का तुझे वासित़ा जो जवानाने जन्नत का सरदार है
आह ! रन्जो अलम की नहीं कोई ह़द काम करती नहीं अब तो अ़क़्लो ख़िरद

अल मदद ऐ मेरे रहनुमा अल मदद पाउं ज़ख़्मी हैं और राह पुरख़ार है
मुझ को सोज़े बिलाल और सोज़े रज़ा दे दो सोज़े उवैस सोज़े म-दनी ज़िया
वासिता तुझ को आक़ा उसी ग़ौस का शाहे बग़दाद जो तेरा दिलदार है
भर के जाते हैं मंगते जहां झोलियां भूल जाते हैं ग़म, ग़म के मारे जहां
जिस जगह दुश्मनों ने भी पाई अमां मेरे मीठे नबी का वोह दरबार है
वोह ह़बीबे ख़ुदा सरवरे इन्सो जां जिस के ज़ेरे तसर्रुफ़ हैं दोनों[2] जहां
उस पे क़ुरबान दिल उस पे क़ुरबान जां जो ख़ुदा की ख़ुदाई का मुख़्तार है
ऐ मुक़द्दर की रूठी हवाओ सुनो ! ह़ाले दिल पर न यूं मुस्कराओ सुनो !
आंधियो ! गर्दिशो ! तुम भी आओ सुनो ! मुस्त़फ़ा मेरा ह़ामी व ग़म ख़्वार है
टूटे गो सर पे कोहे बला सब्र कर ऐ मुबल्लिग़ न तू डगमगा सब्र कर
लब पे ह़र्फ़े शिकायत न ला सब्र कर कि येही सुन्नते शाहे अबरार है
या ह़बीबे ख़ुदा मुझ पे चश्मे अ़त़ा कर दो तुम बहरे ग़ौसो रज़ा व ज़िया
ले कर उम्मीदे अ़फ़्वो करम सरवरा दर पे ह़ाज़िर तुम्हारा गुनहगार है
ख़्वाह तू दौलत न दे कोई सरवत[1] न दे चाहे इ़ज़्ज़त न दे कोई शोहरत न दे

तख़्ते शाही न दे और हुकूमत न दे
तुझ से अ़त्त़ार तेरा त़लब गार है

1 : तवंगरी, दौलत मन्दी

ऐ ख़ाके मदीना तेरा कहना क्या है

ऐ ख़ाके मदीना ! तेरा कहना क्या है तुझे कुर्बे शाहे मदीना मिला है
शरफ़ मुस्त़फ़ा के क़दम चूमने का तुझे बारहा ख़ाके त़यबा मिला है
मुअ़त्त़र है कितनी तू ख़ाके मदीना कि ख़ुश्बूओं से ज़र्रा ज़र्रा बसा है
लगाओ तुम आंखों में ख़ाके मदीना कोई इस से बेहतर भी सुरमा भला है !
मरीज़ो ! उठा कर के ख़ाके मदीना को ले जाओ ! इस में यक़ीनन शिफ़ा[1] है
मदीने की मिट्टी ज़रा सी उठा कर पियो घोल कर हर मरज़ की दवा है
अ़क़ीदत से ख़ाके मदीना बदन पर मलो कि हर इक दर्द की येह दवा है
तुझे वासित़ा ख़ाके त़यबा का या रब ! अ़त़ा कर ग़मे मुस्त़फ़ा इल्तिजा है
हमें मौत ख़ाके मदीना पर आए इलाही ! येह तुझ से हमारी दुआ है
मेरी ना'श पर ख़ूब ख़ाके मदीना छिड़कना मेरे साथियो ! इल्तिजा है
पसे मर्ग मौला तू मिट्टी हमारी मिला ख़ाके त़यबा में येह इल्तिजा है

बदन पर है अ़त्त़ार के ख़ाके त़यबा
परे हट जहन्नम तेरा काम क्या है

1 : फ़रमाने मुस्त़फ़ा صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم है : غُبَارُ الْمَدِیْنَۃِ شِفَاءٌ مِنَ الْجُذَامِ या'नी मदीनए मुनव्वरह की ख़ाके पाक जुज़ाम के लिये मूजिबे शिफ़ा है । (اَلْجَامِعُ الصَّغِیر ص۳۵۵ حدیث ۵۷۵۳) ह़ज़रते अ़ल्लामा क़स्त़लानी قدس سرہ النورانی फ़रमाते हैं : मदीनए मुनव्वरह زَادَھَا اللّٰہُ شَرَفًاوَّتَعْظِیْمًا की एक ख़ुसूसिय्यत येह भी है कि इस की मुबारक ख़ाक कोढ़ और सफ़ेद दाग़ की बीमारियों बल्कि हर **बीमारी** से शिफ़ा है । (اَلْمَوَاہِبُ اللَّدُنِّیَّۃ لِلْقَسْطَلَانِی ج۳ ص۴۳۱ دار الکتب العلمیۃ بیروت)

या रसूलल्लाह तेरे चाहने वालों की ख़ैर

या रसूलल्लाह तेरे चाहने वालों की ख़ैर
सब ग़ुलामों का भला हो सब करें त़यबा की सैर

काश कि हिज्रे मदीना मुझ को रख्खे बे क़रार
चैन ही आए न मुझ को यादे त़यबा के बिग़ैर

गुम्बदे ख़ज़रा को देखे एक अ़र्सा हो गया
कब खुलेगी मेरी क़िस्मत अब लगेगी कितनी देर !

या नबी अब तो मदीने में मुझे बुलवाइये
हो मुयस्सर बा अदब फिर आप की गलियों की सैर

काश शहादत का मदीने में अ़त़ा हो जाए जाम
जल्वए महबूब में अन्जाम मेरा हो बख़ैर

फ़ालतू बातों की आ़दत दूर हो जाए हुज़ूर !
हो ज़बां पे मेरी अक्सर आप ही का ज़िक्रे ख़ैर

नफ़्सो शैत़ां पर मुझे ग़-लबा अ़त़ा कर या खुदा
उस अ़ली का वासित़ा देता हूं जो है तेरा शेर

आह ! मीज़ां पर खड़ा हूं शाफ़ेए महशर करम !
नेकियां पल्ले नहीं हैं बस गुनाहों का है ढेर

आ़इद आक़ा फ़र्दे इ़स्यां हो गई कर दे करम
कौन है कि बख़्शवाएगा मुझे तेरे बिग़ैर
तेज़ है तलवार की भी धार से येह पुल सिरात़
तुम संभाला दो कहीं जाए फिसल न मेरा पैर
या नबी तेरी दुहाई आफ़्तों में घिर गया
रुख़ बदल दे मुश्किलों का और बलाएं मुझ से फैर
उम्मते महबूब का या रब बना दे ख़ैर ख़्वाह
नफ़्स की ख़ातिर किसी से दिल में मेरे हो न बैर
नारे दोज़ख़ में न ले जाए कहीं माले ह़राम
कर लो तौबा छोड़ दो ऐ भाइयो सब हैर फैर
सब को मरना ही पड़ेगा याद रख्खो भाइयो !
देर में जाएगा कोई, कोई चल देगा सवेर
या खुदा आ़लम में ऊंचा परचमे इस्लाम हो
दुश्मनाने दीं मुसल्मानों से हों मग़्लूबो ज़ेर
जाम ऐसा अपनी उल्फ़त का पिला दे साक़िया
ना'त सुन कर ह़ालते अ़त्तार हो रो रो के ग़ैर

आज त़यबा का है सफ़र आक़ा

आज त़यबा का है सफ़र आक़ा दे दो तोशे में चश्मे तर आक़ा
ग़मज़दा हूं मैं किस क़दर आक़ा तुम को मेरी है सब ख़बर आक़ा
मैं हूं बीमारे ला दवा मौला आप हैं मेरे चारागर आक़ा
चन्द अश्कों के मा सिवा पल्ले कुछ नहीं तोशए सफ़र आक़ा
ताजे शाही का मैं, नहीं त़ालिब कर दो रह़मत की इक नज़र आक़ा
तेरी उल्फ़त का मैं भिकारी हूं मेरा कश्कोल जाए भर आक़ा
क़ल्बे मुज़्त़र दो चश्मे तर दो और चाक सीना तपां जिगर आक़ा
"चल मदीना" का वोह भी लें मुज़्दा जिन के पल्ले नहीं है ज़र आक़ा
क्या इ़मामे की हो बयां अ़-ज़मत तेरी ना'लैन ताजे सर आक़ा
तेरे होते हुए भला क्यूं हो वार दुश्मन का कारगर आक़ा
इस त़रह़ से छुपा लो दामन में न अ़दू की पड़े नज़र आक़ा
मो'तरिफ़ हूं गुनाह करने में कोई छोड़ी नहीं कसर आक़ा
फंस गया हूं गुनह की दलदल में हो करम शाहे बह़रो बर आक़ा
मैं गुनहगार हूं मगर कुरबां तेरी रह़मत की है नज़र आक़ा

वासिता मेरे ग़ौसे आ'ज़म का हर ख़ता कर दो दर गुज़र आक़ा
तुम उसे भी गले लगाते हो जिस को धुत्कारे हर बशर आक़ा
मैं जहन्नम में गिर गया होता न बचाते मुझे अगर आक़ा
काश ! नीची नज़र रहे, बेकार मैं न देखूं इधर उधर आक़ा
जान छूटे फ़ुज़ूल बातों से बहरे सिद्दीक़ और उ़मर आक़ा
बहरे उ़स्मानो मुर्तज़ा मौला इस्तिक़ामत दो दीन पर आक़ा
अज़ पए मुर्शिदी ज़ियाउद्दीन मेरे दिल में बनाओ घर आक़ा
काश ! इस शान से येह दम निकले तेरी देहलीज़ पे हो सर आक़ा
इज़्न दे दो बक़ीए ग़रक़द का तेरे जल्वों में जाऊं मर आक़ा
क्या बनेगा बजाए त़यबा के सिन्ध में मर गया अगर आक़ा

मौत अ़त्त़ार को मदीने में
आए अब तो न जाए घर आक़ा

मेरे आक़ा का सख़ी दरबार है

(येह कलाम 17,12, 1422 हि. को **मदीनतुल मुनव्वरह** में तह़रीर करने की सआ़दत ह़ासिल हुई)

मांग लो जो कुछ तुम्हें दरकार है मेरे आक़ा का सख़ी दरबार है
ह़ाज़िरे दरबार हूं मेरे त़बीब दर्दे इ़स्यां की दवा दरकार है
कस्रते ख़न्दा[1] से दिल मुर्दा हुवा तुझ से फ़रियाद ऐ शहे अबरार है

1 : हंसी

क़ह्क़हा तुम मत लगाओ भाइयो ! गर लिहाज़े गिर्यए सरकार है
ज़िक्रे ह़क़ में लब को बस मश्ग़ूल रख राह़ते दिल गर तुझे दरकार है
दीजिये "कुफ़्ले मदीना" येह ग़ुलाम आह ! बद अत़्वारो बद गुफ़्तार है
उ़म्र घटती जा रही आह ! नफ़्स ! गर्म इ़स्यां का मगर बाज़ार है
देस का गोरे ग़रीबां[2] आह ! आह ! मौत त़यबा की मुझे दरकार है
लाज रखना ह़श्र में बदकार की तेरा बन्दा[3] है गो बद अत़्वार है

मदीना

1 : क़ब्रिस्तान **2 :** शायद किसी को वस्वसा आए कि इस शे'र में अपने आप को "नबी का बन्दा" ज़ाहिर किया गया है, ह़ालां कि हर शख़्स सिर्फ़ अल्लाह ही का बन्दा है। इस वस्वसे का इ़लाज ह़ाज़िरे ख़िदमत है। चुनान्चे "फ़ीरोज़ुल्लुग़ात" में "बन्दा" के 12 मा'ना लिखे हैं जिन में ग़ुलाम, मुलाज़िम, ख़ाकसार, हुक्म मानने वाला और आदमी वग़ैरा शामिल हैं। आ़म बोलचाल में हमारे यहां लफ़्ज़ "बन्दा" **आदमी** के मा'ना में ब कसरत इस्ति'माल होता है जैसे कि पूछते हैं : हां भई ! आप के कितने "बन्दे" हैं ? जी जनाब ! हमारे बन्दे पूरे हो गए, इस को आने दो येह हमारा बन्दा है, दुकानदार ने अपना "बन्दा" भेज दिया था, फ़ुलां के दो बन्दे आए थे और बता रहे थे वग़ैरा वग़ैरा। जब आ़म आदमी भी एक दूसरे को "अपना बन्दा" कह सकते हैं तो अगर कोई अपने आप को अम्बियाए किराम عَلٰی نَبِیِّنَا وعَلَیۡہِمُ الصَّلٰوۃُ وَالسَّلَام या औलियाए किराम رَحِمَہُمُ اللّٰہُ السَّلَام का "बन्दा" कहे तो भला इस में क्या मुज़ा-यक़ा हो सकता है ! मेरे आक़ा आ'ला ह़ज़रत, इमामे अहले सुन्नत, मौलाना शाह इमाम अह़मद रज़ाख़ान عَلَیۡہِ رَحۡمَۃُ الرَّحۡمٰن "फ़तावा र-ज़विय्या" जिल्द 24 सफ़ह़ा 705 पर नक़्ल करते हैं : अमीरुल मुअमिनीन ह़ज़रते सय्यिदुना **फ़ारूक़े आ'ज़म** رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ ने बर सरे मिम्बर ख़ुत़्बे में फ़रमाया : मैं रसूले अकरम صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیۡہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم के साथ था, और मैं आप صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیۡہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم का अ़ब्द या'नी **बन्दा** और ख़ादिम था। (تاریخ دمشق ج٤٤ص٢٦٤)

जां कनी का वक़्त है या मुस्त़फ़ा जां बलब अब त़ालिबे दीदार है
आप के क़दमों में गिर कर मौत की आरज़ू देरीना ऐ दिलदार है
मग़्फ़िरत फ़रमा दे बहरे मुर्शिदी येह दुआ़ तुझ से मेरे ग़फ़्फ़ार है
बुलबुलो ! तुम को मुबारक फूल हो बस गया त़यबा का दिल में ख़ार है
क्या करूं मैं देख कर रंगे चमन दश्ते त़यबा से मुझे तो प्यार है
सब्ज़ गुम्बद की ज़ियाएं मरह़बा मरह़बा पुरनूर हर मीनार है
जगमगाता है मदीना रात दिन सब्ज़ गुम्बद मम्बए़ अन्वार है
जिस की तुरबत है बक़ीए़ पाक में उस को ह़ासिल क़ुरबते सरकार है
मुस्त़फ़ा इस रोज़ आए इस लिये ईदे मीलादुन्नबी से प्यार है
मरह़बा ! आक़ा की आमद मरह़बा ! हम को इस ना'रे से बेह़द प्यार है
जो कोई गुस्ताख़ है सरकार का वोह हमेशा के लिये फ़िन्नार है
दुश्मनों का तंग घेरा हो गया रह़्म की दर-ख़्वास्त अब सरकार है
आह ! दुश्मन ख़ून का प्यासा हुवा या नबी ! तेरी मदद दरकार है
ह़ासिदों को दे हिदायत या ख़ुदा उस का सदक़ा जो मेरा दिलदार है

ग़ौस के दामन में अ़त्त़ार आ गया
दो[2] जहां में इस का बेड़ा पार है

तेरा शुक्रिया ताजदारे मदीना

(येह कलाम 15 **र-मज़ानुल मुबारक** सि. 1415 हि. को **मदी-नतुल मुनव्वरह** में तह़रीर करने की सआ़दत ह़ासिल हुई)

तेरा शुक्रिया ताजदारे मदीना — मुझे फिर दिखाया दियारे मदीना
ह़सीं पत्ता पत्ता ह़सीं डाली डाली — ह़सीं सब का सब लालाज़ारे मदीना
ख़ुदा ! दिल से दुन्या की उल्फ़त मिटा दे — तू दे उल्फ़ते ताजदारे मदीना
भुला दे चमन के नज़ारों को बेशक — है ऐसा ह़सीं रेगज़ारे मदीना
मैं रिज़्वाने जन्नत को तोह़फ़े में दूंगा — अ़त़ा कीजिये चन्द ख़ारे मदीना
मदीने में घर सब के ग़म ख़्वार का है — जभी तो सभी हैं निसारे मदीना
तुझे वासित़ा या ख़ुदा मुस्त़फ़ा का — बना दे मुझे दिल फ़िगारे मदीना
अगर हो यक़ीं ज़ख़्म भर जाएंगे सब — लगा लो ज़रा सा ग़ुबारे मदीना
तड़पते हैं जो हिज्रो फ़ुरक़त में आक़ा — दिखा दो उन्हें भी बहारे मदीना
इधर से उधर क्यूं भटकता फिरूं मैं — मुक़द्दर से हूं रेज़ा ख़्वारे मदीना
मदीने में मरने का मुझ को शरफ़ दो — करम या नबी ताजदारे मदीना

दो अ़त्त़ार को अश्कबार आंख आक़ा
पए ग़ौस या शह्र यारे मदीना

फिर करम या मुस्त़फ़ा फ़रमाइये

फिर करम या मुस्त़फ़ा फ़रमाइये इज़्न, त़यबा का अ़त़ा फ़रमाइये
या ह़बीबे किब्रिया ह़ज का शरफ़ फिर अ़त़ा इक मर्तबा फ़रमाइये
अब मदीने की सआ़दत पाऊं मैं कुछ करम ऐसा शहा फ़रमाइये
कब तलक तड़पें असीराने क़फ़स[1] क़ैदे ग़म से अब रिहा फ़रमाइये
इ़श्क़ में जो कि बहाए सैले अश्क ऐसी चश्मे नम अ़त़ा फ़रमाइये
दीजिये दर्दे मदीना दीजिये येह करम या मुस्त़फ़ा फ़रमाइये
मेरा सीना हो मदीना या नबी येह करम या मुस्त़फ़ा फ़रमाइये
दीजिये सोज़े रज़ा सोज़े ज़िया येह करम या मुस्त़फ़ा फ़रमाइये
माहे मीलाद आ गया घर घर पर अब नस्ब परचम सब हरा फ़रमाइये
ईद आई ईद, ईदों की भी ईद उठिये सामां, जश्न का फ़रमाइये
ईदे मीलादुन्नबी फिर आ गई शुक्र का सज्दा अदा फ़रमाइये
"या रसूलल्लाह" कहिये ज़ोर से शक़ जिगर इब्लीस का फ़रमाइये

झूम कर अ़त्तार हां अब झूम कर
"मरह़बा या मुस्त़फ़ा" फ़रमाइये

مدینہ

1 : असीरान, असीर की जम्अ़ या'नी क़ैदी। क़फ़स या'नी पिंजरा

क़ल्ब में इ़श्क़े आल रख्खा है

क़ल्ब में इ़श्क़े आल रख्खा है ख़ूब इस को संभाल रख्खा है
ऐसा जूदो नवाल[1] रख्खा है सब गुलामों को पाल रख्खा है
शुक्र तेरा कि उन की उम्मत में मुझ को ऐ जुल जलाल रख्खा है
जम्अ़ कर के कभी न सरवर ने कोई मालो मनाल रख्खा है
हुब्बे दुन्या ने या रसूलल्लाह मुझ को मुश्किल में डाल रख्खा है
जो भी देखे बने वोह दीवाना उन में ऐसा जमाल रख्खा है
जल्द लीजे ख़बर गुनाहों के दर्द ने कर निढाल रख्खा है
ऐसा दो इ़श्क़ सब कहें इस के दिल में सोज़े बिलाल रख्खा है
नारे दोज़ख़ जलाएगी क्यूंकर दिल में इ़श्क़ उन का डाल रख्खा है
हूं गुनहगार पर गुलामों में तुम ने अब भी बहाल रख्खा है
मैं निसार आप ने सदा मेरा हर क़दम पर ख़याल रख्खा है
मैं जहन्नम में गिर गया होता आप ही ने संभाल रख्खा है
मुस्त़फ़ा ने हमारे ऐबों पर पर्दा दामन का डाल रख्खा है
शुक्रिया तुम ने आल का सदक़ा मेरी झोली में डाल रख्खा है
"चल मदीना" की भीक मिल जाए आ़शिक़ों ने सुवाल रख्खा है

مدینہ

1 : बख़्शिश, मेहरबानी

दे दो ज़ादे सफ़र मदीने का साइलों ने सुवाल रख्खा है
देखो दीवानो ! सब्ज़ गुम्बद में कैसा हुस्नो जमाल रख्खा है
क्यूं जहन्नम में जाऊं सीने में इ़श्क़े अस्हाबो आल रख्खा है
मैं कभी का भटक गया होता मुस्त़फ़ा ने संभाल रख्खा है
आ़शिक़े माल इस में सोच आख़िर क्या उ़रूजो कमाल रख्खा है ?
तुझ को मिल जाएगा जो क़िस्मत में तेरी, रिज़्क़े ह़लाल रख्खा है
इस जहां के कमाल में बेशक इक न इक दिन ज़वाल[1] रख्खा है
तुझ से आक़ा तेरे सुवाली ने मग़्फ़िरत का सुवाल रख्खा है
सुन लो शैत़ां ने हर सू शहवत का ख़ूब फैला के जाल रख्खा है
जन्नती है वोह जिस ने सुन्नत के खुद को सांचे में ढाल रख्खा है
जो है गुस्ताख़े मुस्त़फ़ा उस को मैं ने दिल से निकाल रख्खा है
वोह मुसल्मां नसीब वाला है जिस के पास उन का बाल रख्खा है
मुफ़्लिसी का मैं क्यूं करूं शिक्वा ने'मतों से निहाल[2] रख्खा है
माल की ह़िर्स मत करो इस में दो[2] जहां का वबाल रख्खा है

येह करम ही तो उन का है अ़त्तार
तुझ निकम्मे को पाल रख्खा है

مدینہ

1 : तरक़्क़ी जाती रहना 2 : मालामाल, ख़ुशह़ाल

साहिबे इ़ज़्ज़तो जलाल आक़ा

साहिबे इ़ज़्ज़तो जलाल आक़ा तू है बा अ़-ज़-मतो कमाल आक़ा
हर सिफ़त तेरी ला ज़वाल[1] आक़ा बिल यक़ीं तू है बे मिसाल आक़ा
मैं हूं बद खुल्क़ो बद ख़िसाल[2] आक़ा तुम हो खुश खुल्क़ो खुश मक़ाल[3] आक़ा
रन्जो ग़म ने किया निढाल आक़ा आक़ा आक़ा मुझे संभाल आक़ा
मैं हूं बे रूपो बे जमाल आक़ा मुझ में कुछ ढंग न कमाल आक़ा
तेरी रह़मत ही से मिली इ़ज़्ज़त ख़ाक मुझ में है कुछ कमाल आक़ा
क़त्ल करने अ़दू चढ़ आया था बच गया हूं मैं बाल बाल आक़ा
तेरे होते हुए मेरा अब क्यूं कोई बीका[4] करेगा बाल आक़ा
ठोकरें दर बदर की क्यूं खाऊं तेरे दम से हूं मालामाल आक़ा
ह़क़ के प्यारे हैं आप और प्यारा आप का रब्बे जुल जलाल आक़ा
सब ह़सीनों से बिल यक़ीं बढ़ कर हुस्न तेरा तेरा जमाल आक़ा
तुम ने ही सर बुलन्दियां बख़्शीं मुझ में कुछ भी न था कमाल आक़ा
बद ख़साइल[5] निकाल कर सरवर दो बना मुझ को खुश ख़िसाल आक़ा

مدینہ

1. जिस में कभी कमी न आए 2. बुरी आ़दतों वाला 3. उ़म्दा गुफ़्त-गू
4. टेढ़ा 5. ख़स्लत की जम्अ़ ख़साइल या'नी आ़दतें

अपने ग़म में रुलाइये हर दम अज़ पए ह़ज़रते बिलाल आक़ा
मेरा सीना मदीना बन जाए अज़ पए रब्बे जुल जलाल आक़ा
आप ने सिर्फ़ अपनी रह़मत से बख़्शी इ़ज़्ज़त दिया जलाल आक़ा
गन्दे गन्दे वसाविस आते हैं मेरे दिल से इन्हें निकाल आक़ा
यादे त़यबा में गुम रहूं हर दम तेरा हर दम रहे ख़याल आक़ा
अहले इस्लाम ग़ालिब आएं और काफ़िरों को लगे ज़वाल[1] आक़ा
काश ! इस साल मैं मदीने में देखूं र-मज़ान का हिलाल आक़ा
हुस्ने अख़्लाक़ और नरमी दो दूर हो ख़ूए इश्तिआ़ल[2] आक़ा
सब्ज़ गुम्बद के साए में मेरा काश ! हो जाए इन्तिक़ाल आक़ा
लड़खड़ाए मेरे क़दम जब भी तुम ने बढ़ कर लिया संभाल आक़ा
इस मरज़ से भी तुम शिफ़ा दे दो झड़ते रहते हैं मेरे बाल आक़ा
लब खुलें गुल झड़ें फ़ज़ा महके तुम पे कुरबां मैं, खुश मक़ाल आक़ा

काश ! अ़त्तार का हो त़यबा में
तेरे जल्वों में इन्तिक़ाल आक़ा

مدینہ

1 : पस्ती । 2 : ख़ूए इश्तिआ़ल या'नी गुस्से की आ़दत

मेरे मीठे मदीने की क्या बात है

ज़र्रे ज़र्रे पे छाया हुवा नूर है, मेरे मीठे मदीने की क्या बात है
नूर से सब फ़ज़ा इस की मा'मूर है, मेरे मीठे मदीने की क्या बात है

नूर फूलों में है नूर कलियों में है, नूर बाज़ार में नूर गलियों में है
दश्तो कोहसार पर नूर ही नूर है, मेरे मीठे मदीने की क्या बात है

हर त़रफ़ रह़मतों की है छाई घटा, महकी महकी है क्या ख़ूब म-दनी फ़ज़ा
ज़र्रे ज़र्रे पे क़ुरबां यहां त़ूर है, मेरे मीठे मदीने की क्या बात है

क्या बयां दश्ते त़यबा की हों ख़ूबियां, फूल तो फूल कांटे भी दिलकश यहां
पत्ते पत्ते पे छाया हुवा नूर है, मेरे मीठे मदीने की क्या बात है

कैफ़ो मस्ती में डूबे हुए रात दिन, भीनी ख़ुश्बू से महके हुए रात दिन
जिस को देखो यहां आ के मसरूर है, मेरे मीठे मदीने की क्या बात है

बाग़े त़यबा में रहती है हर दम बहार, आ के देखो यहां का समां ख़ुश गवार
सब फ़ज़ा इस की ख़ुश्बू से भरपूर है, मेरे मीठे मदीने की क्या बात है

ग़मज़दा जो भी दरबार में आ गया, शाह की वोह निगाहे करम पा गया
सारा रन्जो अलम उस का काफ़ूर है, मेरे मीठे मदीने की क्या बात है

येह मदीने ही को तो फ़ज़ीलत मिली, कि इसी में बना है मज़ारे नबी
गुम्बदे सब्ज़ हर आंख का नूर है, मेरे मीठे मदीने की क्या बात है

सब्ज़ गुम्बद के जल्वों पे कुरबान जां, बल्कि कुरबान है हुस्ने कौनो मकां
हर मनारे पे छाया हुवा नूर है, मेरे मीठे मदीने की क्या बात है

ख़ाके त़यबा में रख्खी है रब ने शिफ़ा, सारी बीमारियों की है इस में दवा
इस की ब-र-कत से हर इक मरज़ दूर है, मेरे मीठे मदीने की क्या बात है

आस मुझ को तुम्हारे करम की शहा, भीक दे दो मुझे अपने ग़म की शहा !
कह दो आक़ा ! तेरी अ़र्ज़ मन्ज़ूर है, मेरे मीठे मदीने की क्या बात है

फिर मदीने का रंगीन गुलज़ार है और मुक़द्दर से अ़त्तारे बदकार है
गर्चे नामा गुनाहों से भरपूर है, मेरे मीठे मदीने की क्या बात है

मुरतद की ता'रीफ़

जो इस्लाम के बा'द किसी ऐसे अम्र का इन्कार करे जो **ज़रूरिय्याते दीन** से हो। या'नी ज़बान से **कलिमए कुफ़्र** बके जिस में तावीले सह़ीह़ की गुन्जाइश न हो। यूहीं बा'ज़ अफ़्आ़ल (काम) भी ऐसे हैं जिन से काफ़िर हो जाता है म-सलन बुत को सज्दा करना, मुस्ह़फ़ शरीफ़ (कुरआने पाक) को **नजासत की जगह फेंक देना ।** (बहारे शरीअ़त, ह़िस्सा : 9, स. 173, मक-त-बतुल मदीना, बाबुल मदीना,कराची)

वाह ! क्या बात है मदीने की

शाह तुम ने मदीना अपनाया, वाह ! क्या बात है मदीने की
अपना रौज़ा इसी में बनवाया, वाह ! क्या बात है मदीने की

मुजरिमों को भी त़यबा बुलवाया, वाह ! क्या बात है मदीने की
रास्ता मग़्फ़िरत का दिखलाया, वाह ! क्या बात है मदीने की

हर त़रफ़ रह़मतों का है साया, वाह ! क्या बात है मदीने की
ख़ूब रुत्बा अ़ज़ीम है पाया, वाह ! क्या बात है मदीने की

कोई दीवाना जब मदीने में, आया दिल उस का झूमा सीने में
लब पे बे साख़्ता है येह आया, वाह ! क्या बात है मदीने की

अल्लाह अल्लाह गुम्बदे ख़ज़रा, और मेह़राबो मिम्बरे आक़ा
हुस्न में चांद उन से शरमाया, वाह ! क्या बात है मदीने की

ख़ूब दुन्या के हैं ह़सीं बाग़ात, और फूलों के हुस्न की क्या बात
दिल को पर दश्ते त़यबा ही भाया, वाह ! क्या बात है मदीने की

बाग़े त़यबा का हुस्न क्या कहना, जामए नूर जैसे हो पहना
हुस्न सारा यहीं सिमट आया, वाह ! क्या बात है मदीने की

ख़ूब सूरत वहां के सब कोहसार, और हैं धूल के ह़सीं अम्बार
वादियों पर भी नूर का साया, वाह ! क्या बात है मदीने की

हुस्ने पेरिस पे मरने वाले क्या ! दश्ते त़यबा का हुस्न भी देखा ?
बोल उठेगा मदीने गर आया, वाह ! क्या बात है मदीने की

जिस ने हुस्ने अ़क़ीदत अपनाई, उस ने अमराज़ से शिफ़ा पाई
जा के जो ख़ाके त़यबा मल आया, वाह ! क्या बात है मदीने की

जो मुसीबत का आ गया मारा, दूर ग़म उस का हो गया सारा
खिल उठा जो कि दिल था मुरझाया, वाह ! क्या बात है मदीने की

जो सुवाली मदीने आया है, झोलियां भर के अपनी लाया है
कोई ख़ाली न लौट कर आया, वाह ! क्या बात है मदीने की

मेरे आक़ा मदीने जब आए, बच्चियों ने तराने थे गाए
चार सू ख़ूब कैफ़ था छाया, वाह ! क्या बात है मदीने की

क़ल्बे आ़शिक़ ने कैफ़ पाया है, रूह़ को भी सुरूर आया है
लब पे नामे मदीना जब आया, वाह ! क्या बात है मदीने की

शौक़े त़यबा में दिल सुलगता है, हम को अच्छा मदीना लगता है
यादे त़यबा हमारा सरमाया, वाह ! क्या बात है मदीने की

ज़ाइरे रौज़ा को शफ़ाअ़त की, या नबी आप ने बिशारत दी
बा मुक़द्दर है दर पे जो आया, वाह ! क्या बात है मदीने की

कब तलक दर बदर फिरे आक़ा ! अपने कूचे में मौत दे आक़ा !
येह गदा दर पे अ़र्ज़ है लाया, वाह ! क्या बात है मदीने की

खुद को जो इ़श्क़ में रुलाता है, ला जरम[1] वोह सुकून पाता है
उस के अश्क आख़िरत का सरमाया, वाह ! क्या बात है मदीने की

हर त़रफ़ भीनी भीनी है खुश्बू, सोज़ ही सोज़ हर जगह हर सू
फ़र्श ता अ़र्श नूर है छाया, वाह ! क्या बात है मदीने की

बस मदीना मदीना विर्दे लब, काश ! अक्सर रहे मेरे या रब
दिल को नामे मदीना है भाया, वाह ! क्या बात है मदीने की

अपने अ़त्तार को शहे आ़लम, दे दो बहरे बिलाल अपना ग़म
कोई दुन्या का दो न सरमाया, वाह ! क्या बात है मदीने की

مدینہ

1 : बेशक

ठन्डी ठन्डी हवा मदीने की

ठन्डी ठन्डी हवा मदीने की महकी महकी फ़ज़ा मदीने की
आरज़ू है ख़ुदा मदीने की मुझ को गलियां दिखा मदीने की
दिन है कैसा मुनव्वरो रोशन रात रौनक़ फ़ज़ा मदीने की
छाउं तो हर जगह की ठन्डी पर धूप भी वाह वा मदीने की
कैफ़ आवर है मौसिमे सरमा गर्मियां मरहबा मदीने की
फूल तो फूल ख़ार भी दिलकश पत्तियां दिलकुशा मदीने की
है चमन तो हसीन कांटों की झाड़ियां ख़ुशनुमा मदीने की
है पहाड़ों पे नूर की चादर वादियां मरहबा मदीने की
सब्ज़ गुम्बद का हुस्न क्या कहना जालियां दिलकुशा मदीने की
कैफ़ो मस्ती भरा समां है वां कैफ़ आवर फ़ज़ा मदीने की
हर घड़ी रहमतें बरसती हैं है मुबारक हवा मदीने की
ज़र्रा ज़र्रा वहां का नूरानी है मुनव्वर फ़ज़ा मदीने की
ज़ुल्मते शब डराएगी क्यूंकर ! हर तरफ़ है ज़िया मदीने की
ग़मज़दो आंख खोल के देखो छा गई है घटा मदीने की
क्यूं हो मायूस ऐ मरीज़ो ! तुम ले लो ख़ाके शिफ़ा मदीने की
झोलियां भर के तू भी लाएगा राह ले ऐ गदा मदीने की
मेरे मुरझाए दिल को झोंका दे आ के बादे सबा मदीने की

मेरी क़िस्मत में कातिबे तक़्दीर लिख दे लिख दे क़ज़ा मदीने की
क़ाफ़िले ह़ाजियों के हैं तय्यार दे दो रुख़्सत शहा ! मदीने की
है तमन्ना बक़ीए़ ग़रक़द की भाइयो ! दो दुआ़ मदीने की
सल्त़नत की त़लब नहीं आक़ा हो गदाई अ़त़ा मदीने की
क़ाश ! हर आन याद तड़पाए ! हर न–फ़्स[1] हो सदा मदीने की
रात दिन येह तुम्हारे दीवाने मांगते हैं दुआ़ मदीने की
रो रहे हैं ग़रीब कि इन को याद आई शहा ! मदीने की
अपने जूते उतार लेना तुम जब गली देखना मदीने की
चूम के फूल, धूल को भी तुम झूम के चूमना मदीने की
ख़ाके दर का लगा के सुरमा तुम राह़तें लूटना मदीने की
एक मुद्दत हुई जुदाई को हो इजाज़त अ़त़ा मदीने की
ख़ूब झूमेंगे लौट जाएंगे देखते ही फ़ज़ा मदीने की
मुझ को क़दमों में मौत दे कर फिर दे दो थोड़ी सी जा मदीने की
हाए अफ़्सोस ! मैं बना इन्सां ख़ाक क्यूं न बना मदीने की

जा के अ़त्त़ार फिर मदीने में
रह़मतें लूटना मदीने की

مدینہ

1 : सांस

क्या सब्ज़ सब्ज़ गुम्बद का ख़ूब है नज़ारा

क्या सब्ज़ सब्ज़ गुम्बद का ख़ूब है नज़ारा
है किस क़दर सुहाना कैसा है प्यारा प्यारा

होती है यां छमाछम बरसाते नूर पैहम
पुरनूर सब्ज़ गुम्बद पुरनूर हर मनारा

पेशे नज़र हो हर दम बस सब्ज़ सब्ज़ गुम्बद
दिल में बसा रहे बस जल्वा सदा तुम्हारा

साए में सब्ज़ गुम्बद के तोड़ने भी दो दम
चारा गरो ! ख़ुदारा कोई करो न चारा

ग़ौसुल वरा का सदक़ा वोह ग़म मुझे अ़ता हो
रोते हुए ही गुज़रे सरकार ! वक़्त सारा

सीना बने मदीना दिल में बसे मदीना
यादों में अपनी रखिये गुम या नबी ! ख़ुदारा

मत छोड़िये मुझे अब दुन्या की ठोकरों पर
बस आप ही के टुकड़ों पर हो मेरा गुज़ारा
सरकार ! हुब्बे दुन्या दिल से मेरे निकालो
दीवाना अब बना लो ! अपना मुझे ख़ुदारा

तड़पा करूं सदा मैं ऐ काश ! तेरे ग़म में
हाए ! मुझे ज़माने के रन्जो ग़म ने मारा
गिर्या कुनां हैं या रब ! शौक़े मदीना में जो
त़यबा का काश ! वोह भी कर लें कभी नज़ारा

रन्जो अलम के बादल सारे ही छट गए हैं
जब भी तड़प के हम ने सरकार को पुकारा
ठुकरा दे जिस को दुन्या उस को गले लगाना
येह काम है तुम्हारा या मुस्त़फ़ा ! तुम्हारा

त़यबा में अब तो मुझ को दो[2] गज़ ज़मीन दे दो
कब तक फिरूं मैं दर दर सरकार मारा मारा
दे दो बक़ीअ़ दे दो, मुझ को बक़ीअ़ दे दो
कर दो सुवाल पूरा प्यारे नबी ख़ुदारा
हैं मुस्त़फ़ा मददगार ऐ दुश्मनो ख़बरदार !
येह मत समझना ह़ामी कोई नहीं हमारा
है दुश्मनों ने घेरा लिल्लाह कोई फेरा
या मुस्त़फ़ा ख़ुदारा अब आ के दो सहारा
कर दे अ़दू को ग़ारत, ह़ासिद को दे हिदायत
पूरी हो क़ल्बे मुज़्त़र की अ़र्ज़ किर्दिगारा
ज़ालिम डरा रहे हैं, आंखें दिखा रहे हैं
आक़ा ! दो जल्द आ कर अ़त्त़ार को सहारा

इज़्ने त़यबा मुझे सरकारे मदीना दे दो

इज़्ने त़यबा मुझे सरकारे मदीना दे दो ले चले मुझ को जो त़यबा वोह सफ़ीना दे दो
यादे त़यबा में तड़पने का क़रीना दे दो चश्मे तर, सोज़े जिगर शाहे मदीना दे दो
फूंक दे जो मेरी ख़ुशियों[1] का नशेमन आक़ा चाक दिल, चाक जिगर सोज़िशे सीना दे दो
चार यारों का तुम्हें वासित़ा देता हूं शहा ! अपना ग़म मुझ को शहन्शाहे मदीना दे दो
वक़्ते आख़िर है चली जान रसूले अकरम इक झलक ऐ मेरे सुल्त़ाने मदीना दे दो
सदक़ा शहज़ादिये कौनैन का क़दमों में मौत मुझ को दे दो मेरे सुल्त़ाने मदीना दे दो

कस्रते माल की आफ़त से बचा कर आक़ा
अपने अ़त्त़ार को उल्फ़त का ख़ज़ीना दे दो

ग़ीबत से महफ़ूज़ रहने का नुस्ख़ा

ह़ज़रते अ़ल्लामा **मज्दुद्दीन फ़ीरोज़आबादी** رَحْمَةُ اللهِ تَعَالٰى عَلَيْه से **मन्क़ूल** है : जब किसी मजलिस में (या'नी लोगों में) बैठो और कहो : بِسْمِ اللهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ وَصَلَّى اللهُ عَلٰى مُحَمَّد तो **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ तुम पर एक फ़िरिश्ता मुक़र्रर फ़रमा देगा जो तुम को **ग़ीबत** से बाज़ रखेगा । और जब मजलिस से उठो तो कहो : بِسْمِ اللهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ وَصَلَّى اللهُ عَلٰى مُحَمَّد तो फ़िरिश्ता लोगों को तुम्हारी **ग़ीबत** करने से बाज़ रखेगा । (اَلْقَوْلُ الْبَدِيع ص۲۷۸)

مدینہ

1.यहां यादे ख़ुदा व मुस्त़फ़ा से दूर करने वाली ग़फ़्लत भरी ख़ुशियां मुराद हैं । ۱۲ منہ عفی عنہ

लिख रहा हूं ना'ते सरवर सब्ज़ गुम्बद देख कर

लिख रहा हूं ना'ते सरवर सब्ज़ गुम्बद देख कर
कैफ़ तारी है क़लम पर सब्ज़ गुम्बद देख कर

है मुक़द्दर या-वरी पर सब्ज़ गुम्बद देख कर
फिर न क्यूं झूमे सनागर सब्ज़ गुम्बद देख कर

मस्जिदे न-बवी पे पहुंचे मरहबा सल्ले अ़ला
हो गया जारी ज़बां पर सब्ज़ गुम्बद देख कर

जूं ही मैं पहुंचा मदीने की गली में बे क़रार
आंख मेरी हो गई तर सब्ज़ गुम्बद देख कर

रूह को तस्कीन जाने मुज़्तरिब को चैन है
दिल को भी राहत मुयस्सर सब्ज़ गुम्बद देख कर

उन के मंगते, उन के साइल दो जहां की ने'मतें
मांगते हैं हाथ उठा कर सब्ज़ गुम्बद देख कर

आप से बस आप ही को मांगता है या नबी !
आप का अदना गदागर सब्ज़ गुम्बद देख कर

लन्दनो पेरिस का आ़शिक़ भी यक़ीनन मरह़बा !
बोल उठेगा रूह़ परवर सब्ज़ गुम्बद देख कर

धूप रोज़ाना मदीना चूमती है झूम कर
और लिपट जाती है आ कर सब्ज़ गुम्बद देख कर

चूम लेता है मदीना रोज़ आ कर आफ़्ताब
फिर लिपट जाता है आ कर सब्ज़ गुम्बद देख कर

टूट जाए दम मदीने में मेरा या रब ! बक़ीअ़
काश हो जाए मुयस्सर सब्ज़ गुम्बद देख कर

जब जुदाई की घड़ी आती है तो कोहे अलम
टूट पड़ता है दिलों पर सब्ज़ गुम्बद देख कर

आप की गलियों के कुत्ते मुझ से तो अच्छे रहे
है सुकूं उन को मुयस्सर सब्ज़ गुम्बद देख कर

वक़्ते रुख़्सत ख़ून उगलते थे मेरे क़ल्बो जिगर
आंख रो पड़ती थी अक्सर सब्ज़ गुम्बद देख कर

मेरे मुर्शिद ने गुज़ारे हैं मदीने में बरस
उन की रह़मत से सतत्तर सब्ज़ गुम्बद देख कर

या रसूलल्लाह! मुर्शिद पर करम हों बे शुमार
सोए हैं क़दमों में आ कर सब्ज़ गुम्बद देख कर

आह! ऐ अ़त्तार इतना भी न तुझ से हो सका!
जान कर देता निछावर सब्ज़ गुम्बद देख कर

नाबीना को चालीस क़दम चलाने की फ़ज़ीलत

ह़ज़रते सय्यिदुना अनस رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ से मरवी है कि **जो किसी नाबीना को चालीस[40] क़दम हाथ पकड़ कर चलाएगा उस के चेहरे को जहन्नम की आग नहीं छूएगी।**

(تاریخ مدینۃ دمشق لابن عساکر ج ٤٨ ص٣)

अपना ग़म या शहे अम्बिया दीजिये

अपना ग़म या शहे अम्बिया दीजिये
चश्मे नम या ह़बीबे ख़ुदा दीजिये

चाक सीना शहे दो सरा दीजिये
क़ल्बे बेचैन या मुस्त़फ़ा दीजिये

मुझ को आक़ा मदीने बुला लीजिये
और मेहमान अपना बना लीजिये

दर पे बुलवा के जल्वा दिखा दीजिये
मेरा सीना मदीना बना दीजिये

इल्तिजा है मेरी या ह़बीबे ख़ुदा
अश्कबार आंख हो जाए मुझ को अ़त़ा

अज़ तुफ़ैले बिलालो उवैसो रज़ा
आंसूओं का ख़ज़ाना शहा दीजिये

सोज़े उल्फ़त के दिल में जलाए दिये
यादे त़यबा में जो जा रहे हैं जिये

और बेताब हैं ह़ाज़िरी के लिये
उन को मीठा मदीना दिखा दीजिये

मुझ को अह़बाब तन्हा चले छोड़ कर
जल्द लीजे ख़बर आमिना के पिसर !

घुप अंधेरा है या शाहे जिन्नो बशर
नूर से लह़द अब जगमगा दीजिये

है गुनाहों का अम्बार सुल्त़ाने दीं !
नेकियां मेरे पल्ले में कुछ भी नहीं

चाक हो जाए पर्दा न मेरा कहीं
अब ख़ुदा से शहा ! बख़्शवा दीजिये

काश ! नेकी की दा'वत मैं दूं जा बजा
सुन्नतें आ़म करता रहूं जा बजा

गर सितम हो उसे भी सहूं जा बजा
ऐसी हिम्मत ह़बीबे ख़ुदा दीजिये

फिर अ़रब की ह़सीं वादियां देखने
सब्ज़ गुम्बद की हरियालियां देखने

रौज़ए पाक की जालियां देखने
इज़्न बदकार को मुस्त़फ़ा दीजिये

है तमन्नाए अ़त्त़ारे अन्दौह गीं[1]
हो निगाहे करम ऐ शहन्शाहे दीं

बस बक़ीए मुबारक में दो[2] गज़ ज़मीं
इस को बहरे शहे करबला दीजिये

مدینہ

1 : अन्दौह गीं या'नी रन्जीदा

या नबी ! बस मदीने का ग़म चाहिये

या नबी ! बस मदीने का ग़म चाहिये और कुछ न ख़ुदा की क़सम चाहिये[1]
मेरा सीना मदीना बना दीजिये चाक क़ल्बो जिगर चश्मे नम चाहिये
बस मदीने की यादों में खोया रहूं फ़िक्र ऐसी शहे मोहतरम चाहिये
याद में तेरी रोता तड़पता रहूं ऐसा ग़म ताजदारे हरम चाहिये
ताजे शाही न दो, बादशाही न दो बस तुम्हारी निगाहे करम चाहिये
मेरे जीने का सामान है बस येही तेरा लुत्फ़ो करम दम बदम चाहिये
आ-तशे शौक़ आक़ा भड़कती रहे मुझ को ग़म या नबी तेरा ग़म चाहिये

मदीना

1 : अगर हक़ीक़ी मा'नों में किसी को "मदीने का ग़म" या'नी मदीनए मुनव्वरह زَادَهَا اللّٰهُ شَرَفًاوَّتَعْظِيْمًا का कामिल इश्क़ मिल गया वोह सच्चा आशिक़े रसूल बन गया और आशिक़े रसूल वोही होता है जो "आशिक़े इलाही" भी होता है। जब कोई "आशिक़े ख़ुदा व मुस्तफ़ा" का मन्सब पा ले तो उसे अल्लाह عَزَّوَجَلَّ की रिज़ा की मन्ज़िल मिल गई और जिस से अल्लाह عَزَّوَجَلَّ राज़ी हो गया उस का ईमान पर ख़ातिमा होगा और यक़ीनन वोह जन्नत में दाख़िल होगा। इसी लिये अ़र्ज़ किया है कि मुझे "मदीने का ग़म" चाहिये कि येह नसीब हो जाने की सूरत में ख़ुदा की क़सम और कोई मुता-लबा ही नहीं कि ग़मे मदीना के ज़रीए सभी कुछ हासिल हो जाएगा। اِنْ شَآءَاللّٰه عَزَّوَجَلَّ

जां बलब के सिरहाने शहा आइये जामे दीदार, शाहे ह़रम चाहिये
तेरे क़दमों में मौत तेरे क़दमों में मौत ऐ शहन्शाहे अ़-रबो अ़जम चाहिये
दे दो आक़ा बक़ीए़ मुबारक मुझे और कुछ न शहे मोह़तरम चाहिये
मग़्फ़िरत की तुम्हारे करम से मुझे अब सनद या शफ़ीए़ उमम चाहिये
सारे दीवाने आक़ा मदीने चलें इज़्न, त़यबा का शाहे उमम चाहिये
तेरा सरकार हूं गर्चे बदकार हूं तेरी रह़मत मुझे हर क़दम चाहिये
छोड़ें आ़दाते बद भाइयो ! मौत की याद हर आन और दम बदम चाहिये
जो भी सरकार पढ़ ले हमारा कलाम वोह तड़प उठे ऐसा क़लम चाहिये

गर वोह फ़रमाएं अ़त्त़ार क्या चाहिये
मैं कहूंगा मदीने का ग़म चाहिये

इक बार फिर मदीने अ़त्तार जा रहे हैं

इक बार फिर मदीने अ़त्तार जा रहे हैं
आक़ा मदीने वाले दर पे बुला रहे हैं

क़िस्मत को इस तसव्वुर से वज्द आ रहे हैं
रह़मत की भीक देने आक़ा बुला रहे हैं

वोह फ़ैज़ का ख़ज़ाना हर दम लुटा रहे हैं
अन्वार हर त़रफ़ ही त़यबा में छा रहे हैं

जो कोई उन के ग़म में आंसू बहा रहे हैं
जीने का लुत़्फ़ ऐसे उ़श्शाक़ पा रहे हैं

जिस दम मदीने आएं रोएं पछाड़ें खाएं
हम मांग तुम से आक़ा ऐसी अदा रहे हैं

हुस्ने अ़मल हमारे पल्ले में कुछ नहीं है
आहों की आंसूओं की सौग़ात ला रहे हैं

मन्ज़र है रूह़ परवर रौज़े की जालियों पर
उ़श्शाक़ आंसूओं के मोती लुटा रहे हैं

आक़ा बहें येह आंखें बस आप ही के ग़म में
हाए हमें ज़माने के ग़म रुला रहे हैं

इ़ज़्ने खुदा से हो तुम मुख़्तारे हर दो आ़लम
दोनों[2] जहां तुम्हारी ख़ैरात खा रहे हैं

दस्तूर है कि जिस का खाना उसी का गाना
हम जिस का खा रहे हैं गीत उस के गा रहे हैं

मस्कन बने मदीना मदफ़न बने मदीना
अह़मद रज़ा का तुम को दे वासिता रहे हैं

आक़ा ! बुलाओ उन को बेचैन मुज़्त़रिब जो
दिल को जला रहे हैं आंसू बहा रहे हैं

जिन का न भाव कोई दुन्या में पूछता हो
सीने से उन को आक़ा अपने लगा रहे हैं

उम्मत के ह़ाल से वोह आगाह हर घड़ी हैं
ख़्वाबों में आ रहे हैं बिगड़ी बना रहे हैं

दुन्या के ग़म ने मारा लिल्लाह दो सहारा
सरकार ठोकरें हम दर दर की खा रहे हैं

अब घिर चुकी है आक़ा त़ूफ़ां में अपनी नय्या
ऐ नाख़ुदा सहारा मांग आप का रहे हैं

ऐ आमिना के दिलबर नज़्रे करम हो हम पर
अब्रे सियाह दिल पर इ़स्यां के छा रहे हैं

चश्मे करम हो जानां सूए गुनाहगारां
सरकार ! नफ़्सो शैत़ां हर दम दबा रहे हैं

उन सब मुबल्लिग़ों के ख़्वाबों में अब करम हो
आक़ा जो सुन्नतों की ख़िदमत बजा रहे हैं
परवर्द गारे आ़ली दे जज़्बए ग़ज़ाली
कर हम को ख़ुश ख़िसाली[1] कर येह दुआ़ रहे हैं

बीमारिये गुनह से हम को शिफ़ा दे या रब
बन जाएं नेक हम सब कर इल्तिजा रहे हैं
दौलत की ह़िर्स दिल से अल्लाह दूर कर दे
इ़श्क़े रसूल दे दे, कर येह दुआ़ रहे हैं

तक्सीरे[2] मालो ज़र की हरगिज़ नहीं तमन्ना
हम मांग आप से बस ग़म आप का रहे हैं
रुख़्सत की अब घड़ी है सर पर अजल खड़ी है
आ जाओ अब ख़ुदारा हम जां से जा रहे हैं

1 : या'नी अच्छी आ़दतों वाला 2 : ज़ियादती, कसरत

अब लह्द में अ़ज़ीज़ो ! जल्दी उतार भी दो
आहा ! वोह मुस्कराते तशरीफ़ ला रहे हैं

फ़रियाद जाने आ़लम ! कोई नहीं है हमदम
सूए सक़र[1] फ़िरिश्ते ले कर के जा रहे हैं

कुरबान रोज़े महशर दामन का पर्दा ढक कर
ऐबों को मेरे सरवर खुद ही छुपा रहे हैं

महशर में बन्दा परवर लुत्फ़ो करम के पैकर
भर भर के जामे कौसर हम को पिला रहे हैं

बहरे बिलाल हम को सोज़े बिलाल दे दो
येह अ़र्ज़ ले कर आक़ा अ़त्तार आ रहे हैं

उन के करम के सदक़े फ़ज़्लो करम से उन के
अ़त्तार पीछे पीछे जन्नत में जा रहे हैं

مدینہ

1 : जहन्नम के एक त़ब्क़े का नाम

जो सीने को मदीना उन की यादों से बनाते हैं

जो सीने को मदीना उन की यादों से बनाते हैं
वोही तो ज़िन्दगानी का हक़ीक़ी लुत्फ़ उठाते हैं

जो अपनी ज़िन्दगी में सुन्नतें उन की सजाते हैं
उन्हें प्यारा मुहम्मद मुस्तफ़ा अपना बनाते हैं

ग़मे सरवर में रोने का क़रीना या इलाही दे
मुझे अफ़्सोस बे जा ग़म ज़माने के रुलाते हैं

जो दीदारे मुहम्मद की तड़प रखते हैं सीने में
नबिय्ये पाक उन को ख़्वाब में जल्वा दिखाते हैं

ज़माना जिस को ठुकरा दे, हर इक धुत्कार दे ऐसे
निकम्मे से निकम्मे को भी सीने से लगाते हैं

न क्यूं क़ुरबान हो जाऊं मैं उन की शाने रहमत पर
वोह बढ़ कर थाम लेते हैं क़दम जब लड़खड़ाते हैं

जब उन के सामने लाल आमिना का मुस्कराता है
ग़मो आलाम के मारे हुए ग़म भूल जाते हैं
बि इज़्निल्लाह सारी ने'मतों के हैं वोही क़ासिम
हमें आक़ा खिलाते हैं हमें आक़ा पिलाते हैं[1]

मदीना

1 : सरकारे मदीना, राहते क़ल्बो सीना صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم का फ़रमाने आ़लीशान है : "اِنَّمَا اَنَا قَاسِمٌ وَّ اللّٰهُ يُعْطِيْ" या'नी **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ अ़ता करता है और मैं तक़्सीम करता हूं । (صحیح بخاری ج ۱ ص۴۳ حدیث۷۱) इस ह़दीसे पाक के तह़्त ह़ज़रते सय्यिदुना मुफ़्ती अह़मद यार ख़ान عَلَيْهِ رَحْمَةُ الرَّحْمٰن फ़रमाते हैं कि दीन व दुन्या की सारी ने'मतें इ़ल्म, ईमान, माल, औलाद वग़ैरा देता अल्लाह है बांटते हुज़ूर हैं जिसे जो मिला हुज़ूर के हाथों मिला क्यूं कि यहां न अल्लाह की दैन में कोई क़ैद है न हुज़ूर की तक़्सीम में । (मिरआतुल मनाजीह़, जि. 1, स. 187) आ'ला ह़ज़रत رَحْمَةُ اللّٰهِ تَعَالٰى عَلَيْه फ़रमाते हैं :

रब है मुअ़ूती येह हैं क़ासिम रिज़्क़ उस का है खिलाते येह हैं

(ह़दाइक़े बख़्शिश)

मदीने की तमन्ना में जिये जाते हैं दीवाने
कि जाने कब हमें आक़ा मदीने में बुलाते हैं

ह़सद की आग में जल भुन के शैत़ां ख़ाक उड़ाता है
तेरा जश्ने विलादत धूम से जब हम मनाते हैं

ख़ुदा व मुस्त़फ़ा उन से सुनो नाराज़ होते हैं
जो दाढ़ी को मुंडाते हैं या मुठ्ठी से घटाते हैं

ग़ुलामो, मत डरो महशर की गर्मी से चले आओ
वोह कौसर के पियाले भर के प्यासों को पिलाते हैं

गुलिस्तां के नज़ारे उन के आगे हीच होते हैं
जो सह़राए मदीना के मनाज़िर देख आते हैं

नहीं हैं नेकियां पल्ले मगर घबरा न ऐ अ़त्त़ार
ख़त़ाकारों को भी वोह अपने सीने से लगाते हैं

है कभी दुरूदो सलाम तो, कभी ना'त लब पे सजी रही

है कभी दुरूदो सलाम तो, कभी ना'त लब पे सजी रही
ग़मे हिज्र में कभी रो पड़ा, कभी ह़ाज़िरी की ख़ुशी रही

तेरी आंख में जो नमी रही, कली तेरे दिल की खिली रही
कभी दिल में हूक उठी रही, तो निगाह तेरी झुकी रही

मुझे कर दो दीदए तर[1] अ़त़ा, ग़मे इ़श्क़ सोज़े जिगर अ़त़ा
हो अ़त़ा मदीने में घर अ़त़ा, येही आरज़ूए दिली रही

न कसीर माल की आरज़ू, न ही इक़्तिदार की जुस्त–जू
मैं तो साइले ग़मे इ़श्क़ हूं, मेरे आगे हीच शही रही

जिसे मिल गया ग़मे मुस्त़फ़ा, उसे ज़िन्दगी का मज़ा मिला
कभी सैले अश्क रवां हुवा, कभी ''आह'' दिल में दबी रही

येह है ज़िन्दगी कोई ज़िन्दगी, न नमाज़ है न ही बन्दगी
येही हुब्बे जाह की गन्दगी, क्यूं तेरी नज़र में बसी रही

1 : रोने वाली आंख

जो नबी की याद में खो गया, वोह ख़ुदाए पाक का हो गया
दो[2] जहान उस के संवर गए, उसे आख़िरत में ख़ुशी रही

मुझे या नबी ! तेरी दीद हो, तेरी दीद हो मेरी ईद हो
तुझे जिस ने देखा हज़ार बार ! उसे फिर भी तिश्ना लबी[1] रही

न पसन्द आएं चमन उसे, न ही खेत भाए हरे भरे
जो निगाह में है बसी रही, तो मदीने ही की गली रही

मुझे अब मदीने में लो बुला, इसी साल ह़ज भी करूं शहा
हो करम पए शहे करबला येही इल्तिजा म–दनी रही

मेरी जां हो जिस्म से जब जुदा, हो नज़र में जल्वए मुस्त़फ़ा
हो मदीने में मेरा ख़ातिमा, येह दुआ ख़ुदाए ग़नी रही

म–दनी ! गुनाह की आ़दतें, नहीं जातीं, आप ही कुछ करें
मैं ने कोशिशें की बहुत मगर, मेरी ह़ालत आह ! बुरी रही

मुझे शौक़े दीं शबो रोज़ दे, येही वल्वला येह सोज़ दे
तेरी सुन्नतें करूं आ़म मैं, कि इसी में तेरी ख़ुशी रही

तू सगे मदीना को या ख़ुदा, ग़मे रूज़गार से ले बचा
दे ग़मे मदीना पए रज़ा, येही बस दुआ़ए दिली रही

مدینہ

1 : प्यास

जिस को चाहा मीठे मदीने का उस को मेहमान किया

जिस को चाहा मीठे मदीने का उस को मेहमान किया
जिस पर नज़रे करम फ़रमाई उस पर येह एह़सान किया

त़ालिबे दुन्या ने तो त़लब लन्दन है किया जापान किया
और पसन्द दीवानों ने त़यबा का रेगिस्तान किया

जिन का सितारा चमका उन को त़यबा का पैग़ाम मिला
बख़्त वरों ने दर पर आ कर बख़्शिश का सामान किया

शुक्र अदा हो क्यूंकर तेरा कि मह़बूब की उम्मत में
मुझ से निकम्मे को भी पैदा तूने ऐ रह़मान किया

शाहे मदीना दीन की दौलत अपनी उल्फ़त भी दी और
अपनी गुलामी मुझ को अ़त़ा की तूने बड़ा एह़सान किया

दौरे जहालत था हर सू जब कुफ़्र की ज़ुल्मत छाई थी
तुम ने ह़ैवानों जैसे लोगों को भी इन्सान किया

ह़क़ की राह में पथ्थर खाए ख़ूं में नहाए त़ाइफ़ में
दीन का कितनी मेह़नत से काम आप ने ऐ सुल्त़ान किया

जान के दुश्मन ख़ून के प्यासों को भी शहरे मक्का में
आ़म मुआ़फ़ी तुम ने अ़त़ा की कितना बड़ा एह़सान किया

रोना मुसीबत का मत रो तू प्यारे नबी के दीवाने
कर्बो बला वाले शहज़ादों पर भी तूने ध्यान किया

प्यारे मुबल्लिग़ मा'मूली सी मुश्किल पर घबराता है
देख हुसैन ने दीन की ख़ात़िर सारा घर क़ुरबान किया

वोह दुन्या की रंगीनी में खोया रहा बरबाद हुवा
जिस ने इ़श्क़े नबी से दिल को ख़ाली और वीरान किया

शाह को येह मे'राज की शब अ़त्त़ार बड़ा ए'ज़ाज़ मिला
आप ने तो चश्माने सर से दीदारे रह़मान किया

आह ! मुक़द्दर अ़र्सा हुवा अ़त्त़ार मदीने जा न सका
हाए ! इसे ह़ालात ने जकड़ा यूं ख़ूने अरमान किया

ऐ काश ! फिर मदीने में अ़त्तार जा सके

ऐ काश ! फिर मदीने में अ़त्तार जा सके रो रो के ह़ाल शाह को अपना सुना सके
पिछले बरस तो ह़ाज़िरे दर हो गया था आह ! इस साल काश ह़ज का शरफ़ फिर से पा सके
या रब्बे मुस्त़फ़ा ! कोई ऐसा सबब बना साए में मौत गुम्बदे ख़ज़रा के आ सके
त़यबा बुला, या वोह दिले ग़मगीन दे मुझे दिल से न तेरा ग़म कोई मेरे मिटा सके
या रब पए रज़ा मुझे वोह आंख दे कि जो इ़श्क़े रसूले पाक में आंसू बहा सके
वोह आग मेरे सीने में आक़ा लगाइये पथ्थर से सख़्त दिल को भी जो कि जला सके
सरकार चार यार का देता हूं वासित़ा ऐसी बहार दो न ख़ज़ां पास आ सके
दुश्मन अगर्चे घात में है कोई ग़म नहीं उन की मदद रहे तो बिगाड़ अपना क्या सके
चश्मे करम हो ऐसी कि मिट जाए हर ख़त़ा कोई गुनाह मुझ से न शैत़ां करा सके
है सब्र तो ख़ज़ानए फ़िरदौस भाइयो ! आ़शिक़ के लब पे शिक्वा कभी भी न आ सके
जिस वक़्त सुन्नतों का मैं करने लगूं बयां ऐसा असर हो पैदा जो दिल को हिला सके
मेरी ज़बान में वोह असर दे ख़ुदाए पाक जो कि नबी के इ़श्क़ में सब को रुला सके

अ़त्तार तेरे ह़ामी व नासिर हैं मुस्त़फ़ा
किस की मजाल है कि जो तुझ को दबा सके

जिधर देखूं मदीने का ह़रम हो

जिधर देखूं मदीने का ह़रम हो
करम ऐसा शहन्शाहे उमम हो

कहां सरकार दौलत मांगता हूं
मदीने का अ़त़ा मुझ को तो ग़म हो

जब आक़ा आख़िरी वक़्त आए मेरा
मेरा सर हो तेरा बाबे करम हो

करे परवाज़ रूह़े मुज़्त़रिब यूं
तेरे दरबार में सर मेरा ख़म हो

बक़ीए़ पाक की लिल्लाह अब तो
इजाज़त मर्ह़मत शाहे ह़रम हो

जो मीठे मुस्त़फ़ा के ग़म में रोए
न क्यूं मेरी नज़र में मोह़तरम हो

हमारे ह़ाले दिल से तुम तो वाक़िफ़
ख़ुदा वन्दे दो[2] आ़लम की क़सम हो

अंधेरा लह़्द[1] में है आह ! छाया
मेरे नूरे ख़ुदा चश्मे करम हो

उसे क्या ख़ौफ़े मह़्शर हो कि जिस का
तेरे दस्ते शफ़ाअ़त में भरम हो

मिटा सकता नहीं कोई भी उस को
कि ह़ामी जिस का ख़ुद शाहे उमम हो

ग़मे मह़्बूब में रोती रहे जो
मुझे या रब अ़त़ा वोह चश्मे नम हो

आज "क्या क्या" किया ?

ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मरे फ़ारूक़े आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ रोज़ाना अपना एह्तिसाब फ़रमाया करते, और जब रात आती तो अपने पाउं पर दुर्रा मार कर फ़रमाते : बता, आज तूने "**क्या क्या**" किया है ? (اِحیاءُ العُلوم ج٥ ص١٤١)

مدینہ

1 : क़ब्र

शहा जितने भी दीवाने हैं तेरे
किसी का जज़्बए उल्फ़त न कम हो
जो तुम चाहो यक़ीनन दूर मुझ से
शहा उ़क़्बा का हर रन्जो अलम[1] हो
करे आंखों से सैले अश्क जारी
अ़त़ा हिज्रे मदीना का वोह ग़म हो
सदा करता रहूं सुन्नत की ख़िदमत
मेरा जज़्बा किसी सूरत न कम हो
करें इस्लामी बहनें शर-ई़ पर्दा
अ़त़ा इन को ह़या शाहे उमम हो
दिखा दो सब्ज़ गुम्बद की बहारें
शहा अ़त्तार पर अब तो करम हो

1 : ग़म

ग़म के मारों पर करम ऐ दो जहां के ताजदार

ग़म के मारों पर करम ऐ दो[2] जहां के ताजदार
अपने ग़म में अपनी उल्फ़त में रुलाओ ज़ार ज़ार

सदक़े जाऊं मुझ से आ़सी पर शहे कौनो मकां
बे अ़दद तेरी अ़त़ाएं रह़मतें हैं बे शुमार

जो तड़पते हैं मदीने की ज़ियारत के लिये
उन को भी आक़ा दिखा दो तुम मदीने की बहार

हो मेरा सीना मदीना ताजदारे अम्बिया
दिल में बस जाए तेरा जल्वा शहे आ़ली वक़ार

अज़ पए ग़ौसो रज़ा मस्कन मदीना दो बना
काश हो मदफ़न मदीना अज़ तुफ़ैले चार यार

घूमते रहते हो तुम आक़ा की गलियों में सदा
तुम पे हो जाऊं तसद्दुक़ ऐ सगाने कूए यार

बुलबुलो तुम को मुबारक फूल, पर मेरी नज़र
में मदीने की ह़सीं वोह झाड़ियां हैं ख़ारदार

आज के इस सुन्नतों के इज्तिमाए़ पाक में
जो भी आया बख़्श उसे बहरे नबी परवर्द गार[1]

कुछ तो कर एह़सास भाई छोड़ ना फ़रमानियां
कि ग़मे उम्मत में हो जाते हैं आक़ा बे क़रार

मेरे ग़ैरत मन्द भाई मत मुंडा दाढ़ी को तू
याद रख येह दुश्मनाने मुस्त़फ़ा का है शिआ़र[2]

छोड़ इंग्रेज़ी त़रीक़े और फ़ेशन छोड़ दे
भाई कर ले सुन्नतों से ख़ूब रिश्ता उस्तुवार[3]

दे शरफ़ अ़त्त़ार को हर साल ह़ज का या ख़ुदा
हर बरस इस को दिखा मीठे मदीने का दियार[4]

1 : येह कलाम "दा'वते इस्लामी" के सि. 1411 हि. के सालाना इज्तिमाअ़ (मुन्अ़क़िदा बाबुल मदीना कराची) के मौक़अ़ पर पेश किया गया था लिहाज़ा शु-रकाए इज्तिमाअ़ के लिये भी दुआ़इया शे'र शामिल किया गया है। सगे मदीना عُفِیَ عَنْہ ।

2 : त़रीक़ा 3 : मज़बूत़ 4 : शहर, अ़लाक़ा

फिर मदीने की गलियों में ऐ किर्दिगार

फिर मदीने की गलियों में ऐ किर्दिगार काश पहुंचूं मैं रोता हुवा ज़ार ज़ार
काश आ कर मदीने में परवाना वार सब्ज़ गुम्बद पे हो जाऊं आक़ा निसार
मालो दौलत के अम्बार[1] बेशक न दो बस मुक़द्दर में लिख दो मदीने के ख़ार
साक़िया जाम ऐसा पिला दो मुझे बा'दे मुर्दन[2] भी उतरे न जिस का खुमार
चूमता रहता ना'लैन, सरकार की काश होता मैं त़यबा का गर्दो गुबार
आ गया ह़ज का मौसिम क़रीब आ गया हो निगाहे करम बहरे परवर्द गार
सिन्ध के बाग़ आंखों में जचते नहीं अब दिखा दो अ़रब के ह़सीं रेगज़ार
हम सभी उन के दरबारे दुरबार[3] में जाएंगे اِنْ شَآءَاللّٰه ज़रूर एक बार
अज़ तुफ़ैले बिलालो उवैसो रज़ा दो दिले बे क़रार आंख दो अश्कबार
मुझ को आलामे दुन्या से आज़ाद कर मैं तेरे ग़म में रोऊं शहा ज़ार ज़ार

مدینہ

1 : ढेर 2 : मौत 3 : मोती बरसाने वाला

आप का नाम सुनते ही सरकार काश दिल मचलने लगे जान हो बे क़रार
मेरा सीना मदीना बना दीजिये क़ल्ब की हो मदीना मदीना पुकार
गिर पड़ो उन के क़दमों में रोते हुए आ़सियों पर भी उन को तो आता है प्यार
अब तो आ जाइये मुझ को छुड़वाइये हर त़रफ़ से गुनाहों का हूं मैं शिकार
मेरे आक़ा ! सिरहाने चले आइये जां बलब[1] कब तलक अब करे इन्तिज़ार
मेरी आमद हो त़यबा में ऐ काश यूं चाक सीना हो दामन भी हो तार तार
भाइयो, बहनो अपनाओ तुम सुन्नतें तुम से ख़ुश होंगे सरकारे आ़लम मदार
मौत बदकार को आए त़यबा में फिर हो बक़ीए मुबारक में इस का मज़ार

या ख़ुदा बे ह़िसाब बख़्श अ़त्त़ार को
इस को जन्नत में दे दे नबी का जवार[2]

مدینہ

1 : जो मरने के क़रीब हो 2 : पड़ोस

या नबी मुझ को मदीने में बुलाना बार बार

या नबी मुझ को मदीने में बुलाना बार बार
बार बार आऊं बने आख़िर मदीने में मज़ार

हैं हवाएं महकी महकी तो फ़ज़ाएं ख़ुश गवार
ज़र्रा ज़र्रा है मदीने का यक़ीनन नूरबार[1]

काश जब आऊं मदीने ख़ूब त़ारी हो जुनूं[2]
हो गरीबां चाक सीना चाक दामन तार तार

माल की कसरत का तख़्तो ताज का त़ालिब नहीं
हो अ़त़ा ख़स्ता जिगर और आंख दे दो अश्कबार

बहरे शाहे करबला मेरा गुनाहों का मरज़
दूर कर दीजे ख़ुदारा ऐ त़बीबे ज़ी वक़ार

फ़िक्रे नज़्ए़ रूह़ो क़ब्रो ह़श्र से बच जाता गर
काश होता आप की गलियों का मैं गर्दो गुबार

مدینہ

1 : नूर बरसाने वाले 2 : दीवानगी

आह छाया है गुनाहों का अंधेरा चार सू
हो निगाहे नूर मुझ पर या शहे आ़लम मदार
काश यावह गोई बद अख़्लाक़ी व बे जा हंसी
की मेरी सब आ़दतें छूटें मेरे परवर्द गार
मिस्ले बिस्मिल[1] मैं तड़पता ही रहूं सरकार काश !
आप के ग़म में रहूं आक़ा हमेशा दिल फ़िगार
दौलते दुन्या से बे रग़बत मुझे कर दीजिये
मेरी ह़ाजत से मुझे ज़ाइद न करना मालदार
हो मदीना ही मदीना हर घड़ी विर्दे ज़बां
बस मदीना ही की हो तकरार लब पे बार बार
गुम्बदे ख़ज़रा की ठन्डी ठन्डी छाउं में मेरा
ख़ातिमा बिलख़ैर हो ऐ काश ! मेरे किर्दिगार
ऐ मेरे आक़ा अ़ज़ीज़ों ने जिसे ठुकरा दिया
उस को क़दमों से लगा लो ग़मज़दों के ग़म गुसार
अ़र्सए महशर में आक़ा लाज रखना आप ही
दामने अ़त्तार है सरकार बेह़द दाग़दार

1 : ज़ख़्मी, बे क़रार

रू सियाहों पर करम ऐ दो[2] जहां के ताजदार !

रू सियाहों पर करम ऐ दो[2] जहां के ताजदार !
अपने ग़म में अपनी उल्फ़त में रुलाओ ज़ार ज़ार

हुस्ने गुलशन में सरासर है फ़रेब ऐ दोस्तो !
देखना है हुस्न तो देखो अ़रब के रेगज़ार

राह भूला आह ! मन्ज़िल से भटक कर रह गया
साथ ले लो ऐ अ़रब के मेहरबां नाक़ा सुवार[1]

हम ग़रीबों को मदीने में बुला लो या नबी !
वासिता अह़मद रज़ा का दो[2] जहां के ताजदार

गर मुक़द्दर में मेरे दूरी लिखी है या नबी !
काश ! फ़ुरक़त में तेरी रोता रहूं मैं ज़ार ज़ार

उन का दीवाना इ़मामा और ज़ुल्फ़ो रीश[2] में
वाह ! देखो तो सही लगता है कितना शानदार

1 : ऊंटनी सुवार 2 : दाढ़ी

काश ! ख़िदमत सुन्नतों की मैं सदा करता रहूं
अहले सुन्नत का सदा[1] बन के रहूं ख़िदमत गुज़ार
हैं अ़ली मुश्किल कुशा साया कनां सर पर मेरे
لَا فَتٰی اِلَّا عَلِی لَا سَیْفَ اِلَّا ذُوالْفِقَار[2]
या शहीदे करबला ! हो दूर हर रन्जो बला
अब मदद को आओ दश्ते करबला के शह सुवार
अल मदद या ग़ौसे आ'ज़म दस्त गीरे बे कसां
फंस गई है नाउ तूफ़ां में लगा दो आप पार
या मुईनद्दीन ! आओ अब मदद के वासिते
हो करम बदह़ाल पर ऐ चिश्तियों के ताजदार
या इमाम अह़मद रज़ा ! बहरे ज़ियाउद्दीन अब
हो करम की इक नज़र ऐ सुन्नियों के ताजदार
मुस्त़फ़ा वाली तेरे अ़त्त़ार डर किस बात का
कारगर होगा न तुझ पर दुश्मनों का कोई वार

مدینہ

1 : हमेशा 2 : ह़ज़रते अ़ली كَرَّمَ اللّٰهُ تَعَالٰی وَجْهَهُ الْكَرِيْم जैसा कोई बहादुर नहीं और ज़ुल फ़िक़ार जैसी कोई तलवार नहीं।

मिटते हैं जहां भर के आलाम मदीने में

मिटते हैं जहां भर के आलाम मदीने में बिगड़े हुए बनते हैं सब काम मदीने में
आक़ा की इ़नायत है हर गाम[1] मदीने में जाता नहीं कोई भी नाकाम मदीने में
ऐ ह़ाजियो ! रो रो कर कह देना सलाम उन से ले जाओ ग़रीबों का पैग़ाम मदीने में
आ जाओ गुनहगारो बे ख़ौफ़ चले आओ सरकार की रह़मत तो है आ़म मदीने में
वोह शाफ़ेए़ महशर तो बुलवा के गुलामों को देते हैं शफ़ाअ़त का इन्आ़म मदीने में
छेड़ो न त़बीबो तुम बीमारे मदीना को इस को तो मिलेगा बस आराम मदीने में
जितने भी मुबल्लिग़ हैं हो ख़ास करम उन पर सब आएं शहन्शाहे इस्लाम मदीने में
दरबार में जब पहुंचूं ऐ काश ! शहा उस दम दीदार का हो जाए इन्आ़म मदीने में
ऐ काश ! कि रो रो कर दम तोड़ दूं क़दमों में हो जाए मेरा बिलख़ैर अन्जाम मदीने में
अल्लाह क़ियामत तक जिस का न ख़ुमार[2] उतरे उल्फ़त का पियूं ऐसा इक जाम मदीने में
ऐ काश ! तड़प कर मैं सरकार लगूं गिरने और आप मुझे बढ़ कर लें थाम मदीने में
बुलवा के बक़ीअ़ आक़ा ह़-सनैन के सदक़े में ईदी में अ़त़ा कर दो इन्आ़म मदीने में

مدینہ

1 : हर क़दम 2 : नशा

वोह अपने गुलामों को शफ़्क़त से पिलाते हैं भर भर के मए उल्फ़त के जाम मदीने में
इन्सां के बजाए मैं ऐ काश ! मुक़द्दर से होता कोई अदना सग[1] गुमनाम मदीने में
जब शाहे मदीना ने पर्दा किया दुन्या से वल्लाह गया था मच कोहराम मदीने में

अ़त्तार पे अब ऐसा ऐ काश ! करम हो जाए
मक्के में सह़र गुज़रे तो शाम मदीने में

1 : अपने आप को **सगे मदीना** कहना कहलवाना आ़शिक़ाने रसूल का तुर्रए इम्तियाज़ है। चुनान्चे आ़रिफ़ बिल्लाह सय्यिदी इमाम अ़ब्दुर्रह़मान जामी قُدِّسَ سِرُّهُ السَّامِی बारगाहे रिसालत में अ़र्ज़ करते हैं :

سگت راکاش جامی نام بودے کہ آید بر زبانت گاہے گاہے

(या'नी काश आप के कुत्ते का नाम जामी होता ताकि कभी कभी आप की ज़बाने पाक पर आ जाता) बत़ौरे आ़जिज़ी खुद को ग़ैरे इन्सान कहने में अ़-ज़-मते इन्सानी की कोई तौहीन नहीं, ह़ज़रते सय्यिदुना अबू बक्र सिद्दीक़ رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ने फ़रमाया : काश ! मैं किसी रास्ते के कनारे पर कोई दरख़्त होता, वहां से किसी ऊंट का गुज़र होता, वोह मुझे मुंह में डालता चबाता फिर निगल जाता । ऐ काश ! मैं इन्सान न होता । (مصنف ابن ابی شیبۃ ج۸ ص ۱٤٤) ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर फ़ारूक़े आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ने इर्शाद फ़रमाया : काश ! मैं इन्सान न होता । (حلیۃ الاولیاء ج ۱ ص ۸۸ رقم ۱۳۶) ह़ज़रते आ़इशा सिद्दीक़ा رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہَا ने ख़ौफ़े खुदा के बाइ़स बजाए इन्सान के कभी दरख़्त, कभी दरख़्त के एक पत्ते तो कभी घास तो कभी ख़ाक की सूरत में पैदा होने की आरज़ू फ़रमाई ।" (الطبقات الکبری ج ۸ ص ۶۰۵۹ ملخصا) तफ़्सीली मालूमात के लिये मक-त-बतुल मदीना का मत्बूआ़ रिसाला "सगे मदीना कहना कैसा" का मुत़ा-लआ़ फ़रमाइये ।

बुला लो फिर मुझे ऐ शाहे बह़रो बर मदीने में

बुला लो फिर मुझे ऐ शाहे बह़रो बर मदीने में
मैं फिर रोता हुवा आऊं तेरे दर पर मदीने में

मैं पहुंचूं कूए जानां में गरीबां चाक सीना चाक
गिरा दे काश मुझ को शौक़ तड़पा कर मदीने में

मदीने जाने वालो जाओ जाओ फ़ी अमानिल्लाह
कभी तो अपना भी लग जाएगा बिस्तर मदीने में

सलामे शौक़ कहना ह़ाजियो मेरा भी रो रो कर
तुम्हें आए नज़र जब रौज़ए अन्वर मदीने में

पयामे शौक़ लेते जाओ मेरा क़ाफ़िले वालो
सुनाना दास्ताने ग़म मेरी रो कर मदीने में

मेरा ग़म भी तो देखो मैं पड़ा हूं दूर त़यबा से
सुकूं पाएगा बस मेरा दिले मुज़्त़र मदीने में

न हो मायूस दीवानो पुकारे जाओ तुम उन को
बुलाएंगे तुम्हें भी एक दिन सरवर मदीने में

बुला लो हम ग़रीबों को बुला लो या रसूलल्लाह
पए शब्बीरो शब्बर फ़ातिमा हैदर मदीने में

खुदाया वासिता देता हूं मेरे गौसे आ'ज़म का
दिखा दे सब्ज़ गुम्बद का हसीं मन्ज़र मदीने में

वसीला तुझ को बू बक्रो उमर, उस्मानो हैदर का
इलाही तू अता कर दे हमें भी घर मदीने में

मदीने जब मैं पहुंचूं काश ऐसा कैफ़ तारी हो
कि रोते रोते गिर जाऊं मैं ग़श खा कर मदीने में

निक़ाबे रुख़ उलट जाए तेरा जल्वा नज़र आए
जब आए काश ! तेरा साइले बे पर मदीने में

जो तेरी दीद हो जाए तो मेरी ईद हो जाए
ग़म अपना दे मुझे ईदी में बुलवा कर मदीने में

मदीने जूं ही पहुंचा अश्क जारी हो गए मेरे
दमे रुख़्सत भी रोया हिचकियां भर कर मदीने में

मदीने की जुदाई आ़शिक़ों पे शाक़ होती है
वोह रोते हैं तड़प कर हिचकियां भर कर मदीने में

कहीं भी सोज़ है दुन्या के गुलज़ारों में बाग़ों में ?
फ़ज़ा पुरकैफ़ है लो देख लो आ कर मदीने में

वहां इक सांस मिल जाए येही है ज़ीस्त का ह़ासिल
वोह क़िस्मत का धनी है जो गया दम भर मदीने में

मदीना जन्नतुल फ़िरदौस से भी है फ़ुज़ूं तर कि
रसूले पाक का है रौज़ए अन्वर मदीने में

चलो चौखट पे उन की रख के सर क़ुरबान हो जाएं
ह़याते जाविदानी पाएंगे मर कर मदीने में

मदीना मेरा सीना हो मेरा सीना मदीना हो
मदीना दिल के अन्दर हो दिले मुज़्त़र मदीने में

पए नेकी की दा'वत तू जिधर रख्खे मगर ऐ काश !
मैं ख़्वाबों में पहुंचता ही रहूं अक्सर मदीने में

न दौलत दे न सरवत दे मुझे बस येह सआ़दत दे
तेरे क़दमों में मर जाऊं मैं रो रो कर मदीने में

अ़ता कर दो अ़ता कर दो बक़ीए़ पाक में मदफ़न
मेरी बन जाए तुरबत या शहे कौसर मदीने में

मदीना इस लिये अ़त्तार जानो दिल से है प्यारा
कि रहते हैं मेरे आक़ा मेरे दिलबर मदीने में

दय्यूस की ता'रीफ़

जो शख़्स अपनी बीवी या किसी महरम पर ग़ैरत न खाए (वोह "दय्यूस" है) (درمختار ج۱ ص۱۱۳) बा वुजूदे क़ुदरत अपनी ज़ौजा, मां बहनों और जवान बेटियों वग़ैरा को गलियों बाज़ारों, शॉपिंग सेन्टरों और **मख़्लूत** तफ़रीह़ गाहों में बे पर्दा घूमने फिरने, अजनबी पड़ोसियों, ना महरम रिश्तेदारों, ग़ैर महरम मुलाज़िमों, चोकीदारों और ड्राइवरों से बे तकल्लुफ़ी और बे पर्दगी से मन्अ़ न करने वाले **दय्यूस,** जन्नत से महरूम और जहन्नम के ह़क़दार हैं।

या मुस्त़फ़ा बुलाइये अपने दियार में

या मुस्त़फ़ा बुलाइये अपने दियार में
फिर आ के काश देख लूं म-दनी बहार मैं

दिन रात हिज्रे यार में आहें भरा करूं
रोया करूं फ़िराक़ में ज़ारो क़ित़ार मैं

हर साल ह़ाज़िरी हो मदीने की ख़ैर से
हर साल काश आऊं मैं तेरे दियार में

फ़ज़्ले ख़ुदा से मालिके कौनो मकां हैं आप
दोनों[2] जहान आप के हैं इख़्तियार में

जो कि तड़प रहे हैं मदीने की याद में
उन को बुलाइये शहा अपने दियार में

दश्ते ह़रम पे वारी मैं, कुमरी[1] चमन पे तू
तू फूल ले ले त़यबा का लेता हूं ख़ार मैं

या रब ग़मे ह़बीब में रोना नसीब हो
आंसू न राएगां हों ग़मे रूज़गार में

مدینہ

1 : फ़ाख़िता की क़िस्म का एक त़ौक़दार परिन्दा

ज़ोह्दो वरअ़ में या नबी तुम बे मिसाल हो
बेह़द गुनाहगार मैं इ़स्यां शिआ़र मैं

तुझ को ह़सन हुसैन का देता हूं वासिता़
या रब तू मौत दे दे मुझे कूए यार में

अफ़्सोस घटती जा रही है रोज़ ज़िन्दगी
पर मैं दबा ही जाता हूं इ़स्यां के बार में

कर मग़्फ़िरत मेरी तेरी रह़मत के सामने
मेरे गुनाह या ख़ुदा हैं किस शुमार में

गुम हो के इ़श्क़े मुस्त़फ़ा में ऐ ख़ुदाए पाक
करता रहूं बयान सदा अश्कबार मैं

वोह दीने ह़क़ के वासिते त़ाइफ़ में ज़ख़्म खाएं
अफ़्सोस हम फंसे रहें बस कारोबार में

तब्लीगे़ दीन के लिये दर दर फिरूं ऐ काश !
त़ालिब हूं ऐसे वल्वले का किर्दिगार मैं

अ़त्त़ारे ना बकार का ईमान या नबी
मह़फ़ूज़ रखना आप के है इख़्तियार में

दिल को सुकूं चमन में है न लालाज़ार में

दिल को सुकूं चमन में है न लालाज़ार[1] में
सोज़ो गुदाज़ है फ़क़त उन के दियार[2] में

पाऊं ख़ुदा से आंख ऐसी अश्कबार मैं
रोता रहूं ग़मे नबी में ज़ार ज़ार मैं

सोज़े बिलाल दो मुझे सोज़े बिलाल दो
दे सकते हो तुम्हारे तो है इख़्तियार में

हर साल या इलाही मुझे ह़ज नसीब हो
जब तक जियूं मैं आ़लमे ना पाएदार में

कुछ रोज़ पहले तो मैं, मदीने में था अब आह!
आ कर वत़न में फंस गया फिर कारोबार में

कहना न ह़ज मुबारक ऐ अहले वत़न मुझे
हाए फ़िराक़े त़यबा से हूं दिल फ़िगार मैं

दागे़ मुफ़ा-रक़त[3] तो मिला काश! अब ऐसा हो
रोया करूं फ़िराक़[4] में ज़ारो क़ित़ार मैं

नामे में नेकियों का निशां दूर तक न था
ले कर गया था दर पे बस अश्कों का हार मैं

सीना तपां अ़त़ा हो मिले क़ल्बे मुज़्त़रिब
ग़म में तुम्हारे काश रहूं बे क़रार मैं

जूं ही मुझे ह़बीब का जल्वा नसीब हो
काश! अपनी जान क़दमों पे कर दूं निसार मैं

फ़ेशन को छोड़ो भाइयो! अपनाओ सुन्नतें
कब तक जियोगे आ़लमे ना पाएदार में

करते रहो येह दिल से दुआ़ मेरे भाइयो!
अ़त्त़ार को दे मौत ख़ुदा कूए यार में

مدینہ

1 : बाग़, गुलज़ार 2 : शहर 3 : जुदाई 4 : जुदाई

काश ! दश्ते त़यबा में मैं भटक के मर जाता

काश ! दश्ते त़यबा में, मैं भटक के मर जाता
फिर बक़ीए़ ग़रक़द में दफ़्न कोई कर जाता

काश ! जानिबे त़यबा आह ! यूं अगर जाता
चाक चाक मैं ले कर सीना व जिगर जाता

काश ! गुम्बदे ख़ज़रा पर निगाह पड़ते ही
खा के ग़श मैं गिर जाता फिर तड़प के मर जाता

ज़ाहिदीने दुन्या भी रश्क करते आ़सी पर
मुस्त़फ़ा के क़दमों में दफ़्न हो अगर जाता

या नबिय्ये रह़मत येह मेरे दिल की ह़सरत है
ख़ाक बन के त़यबा की काश ! मैं बिखर जाता

काश ! ऐसा मिल जाता इ़श्क़ नाम सुनते ही
आंख भी उमंड आती दिल भी ग़म से भर जाता

दिल से उल्फ़ते दुन्या बिल यक़ीं निकल जाती
ख़ार उन के सह्रा का दिल में गर उतर जाता

जज़्बए ग़ज़ाली दो चाहते बिलाली दो
काश कि रज़ा जैसा मिल तपां जिगर जाता

ज़ाइरे मदीना तू चल रहा है हंस हंस कर
काश ! ले के मुज़्तर क़ल्ब और चश्मे तर जाता

बे धड़क मदीने में दाख़िला हुवा तेरा
काश ! पाउं के बदले सर के बल अगर जाता

रोते रोते मर जाता वक़्ते रुख़्सते त़यबा
काश ! मैं मदीने से लौट कर न घर जाता

काश ! फ़ुरक़ते त़यबा से मैं रहता रन्जीदा
हर ख़ुशी का लम्ह़ा भी रोते ही गुज़र जाता

काम मेरा बन जाता जो तेरी नज़र होती
मेरा डूबा बेड़ा भी या नबी उभर जाता

लाज़िमी है हर सूरत छोड़ना गुनाहों का
भाई मौत से पहले काश ! तू सुधर जाता

ग़ैर के तू फ़ेशन को छोड़ दे मेरे भाई
उन की सुन्नतें अपना क्यूं है दर बदर जाता

बे अ़दद ग़ुलाम आक़ा ख़ुल्द जा रहे हैं साथ
पीछे पीछे मैं भी काश शाहे बह़रो बर जाता

या ख़ुदा ! मुबल्लिग़ मैं सुन्नतों का होता काश !
तेरे दीन की ख़िदमत कुछ जहां में कर जाता

उन का आ गया अ़त्तार उन का आ गया अ़त्तार
शोर था येह हर जानिब ह़श्र में जिधर जाता

अफ़्सोस वक़्ते रुख़्सत नज़्दीक आ रहा है

अफ़्सोस वक़्ते रुख़्सत नज़्दीक आ रहा है
इक हूक उठ रही है दिल बैठा जा रहा है

दिल में ख़ुशी थी कैसी जब मैं चला था घर से
दिल ग़म के गहरे दरिया में डूबा जा रहा है

है फ़ुरक़ते मदीना से चाक चाक सीना
अब्रे सियाह ग़म का अब दिल पे छा रहा है

आंख अश्कबार है अब दिल बे क़रार है अब
दिल को जुदाई का ग़म अब ख़ूं रुला रहा है

क्यूं सब्ज़ सब्ज़ गुम्बद पर हो गया न कुरबां
ऐ ज़ाइरे मदीना ! तू भूल खा रहा है

अफ़्सोस चन्द घड़ियां त़यबा की रह गई हैं
दिल में जुदाई का ग़म त़ूफ़ां मचा रहा है

कुछ भी न कर सका हूं हाए अदब यहां का
येह ग़म मेरे कलेजे को काट खा रहा है
अब रूह़ भी है मग़मूम और जान भी है ह़ैरां
बादल ग़मो अलम का हर सम्त छा रहा है
मौत आप की गली की बेहतर है ज़िन्दगी से
हाए मुक़द्दर उन का दर क्यूं छुड़ा रहा है
अफ़्सोस चल दिया है अब क़ाफ़िला हमारा
हर एक ग़म का मारा आंसू बहा रहा है
दिल ख़ून रो रहा है आंसू छलक रहे हैं
मेरी नज़र से त़यबा अब छुपता जा रहा है
ले लो सलामे आख़िर रुख़्सत मुझे दो आक़ा
ख़िदमत बजाने दीं की अ़त्त़ार जा रहा है
आह ! अल फ़िराक़ आक़ा ! आह ! अल वदाअ़ मौला !
अब छोड़ कर मदीना अ़त्त़ार जा रहा है

ह़सरत भरे दिलों से हम आए हैं लौट कर

ह़सरत भरे दिलों से हम आए हैं लौट कर
है चाक चाक हिज्र में येह सीना व जिगर
अच्छा लगेगा अब हमें कैसे वत़न में घर
अफ़्सोस छोड़ आए मुह़म्मद का पाक दर
मुझ को तो इस लिये है मदीना अ़ज़ीज़ तर
कि इस में मेरे मीठे मुह़म्मद हैं जल्वा गर
ऐसा सुकून जा के मैं ढूंडूंगा अब किधर !
जैसा सुकून था मुझे रौज़े को देख कर
अफ़्सोस सब्ज़ गुम्बदो मीनार छुट गए
सरकार का मदीना हम आए हैं छोड़ कर
मीठा मदीना हाए ! निगाहों से छुप गया
ऐ आंख ! ख़ून रो ले तू रोना है जिस क़दर
दिल ख़ून उगल रहा था मेरा हिज्रे यार में
जब चल पड़ा था शहरे मदीना को छोड़ कर

अल वदाअ़ आह शाहे मदीना

(मदीनए त़य्यिबा की पहली बार ह़ाज़िरी की सआ़दते उ़ज़्मा सि. 1400 हि. में ह़ासिल हुई येह अल वदाई़ कलाम रुख़्सत के वक़्त सुनहरी जालियों के सामने ऐन मुवा-जहा शरीफ़ के क़रीब पेश किया गया ।)

आह अब वक़्ते रुख़्सत है आया अल वदाअ़ आह शाहे मदीना
सद्मए हिज्र कैसे सहूंगा अल वदाअ़ आह शाहे मदीना
बे क़रारी बढ़ी जा रही है हिज्र की अब घड़ी आ रही है
दिल हुवा जाता है पारा पारा अल वदाअ़ आह शाहे मदीना
किस त़रह़ शौक़ से मैं चला था दिल का गुन्चा ख़ुशी से खिला था
आह ! अब छूटता है मदीना अल वदाअ़ आह शाहे मदीना
कूए जानां की रंगीं फ़ज़ाओ ! ऐ मुअ़त्त़र मुअ़म्बर हवाओ !
लो सलाम आख़िरी अब हमारा अल वदाअ़ आह शाहे मदीना
काश ! क़िस्मत मेरा साथ देती मौत भी या-वरी मेरी करती
जान क़दमों पे क़ुरबान करता अल वदाअ़ आह शाहे मदीना
सोज़े उल्फ़त से जलता रहूं मैं इ़श्क़ में तेरे घुलता रहूं मैं

अश्कों की लग गई थी झड़ी मेरी आंख से
छूटा था जब मदीना मैं रोया था फूट कर
कूचे में शाहे कौनो मकां के सुकून था
आता था लुत्फ़ गुम्बदे ख़ज़रा को देख कर
बेहतर है मौत फ़ुरक़ते त़यबा से बिल यक़ीं
मर जाता काश ! आक़ा मदीने की ख़ाक पर
रोता रहूं, तड़पता रहूं चैन ही न आए
ग़म अपना ऐसा दो मुझे ऐ शाहे बह़रो बर
सोज़ो गुदाज़ इस की फ़ज़ाओं में चार सू
पुरकैफ़ो पुर सुकून है सरकार का नगर
मुझ को बक़ीए़ पाक में दो[2] गज़ ज़मीन दो
बहरे ह़सन हुसैन, मदीने के ताजवर
दुन्या के रन्ज मैट के ग़म अपना दे इसे
बदकार पर हो ऐसी मेरे मुस्त़फ़ा नज़र
अ़त्तार कर रहा है येह रो रो के इल्तिजा
फिर से बुलाइयेगा मदीने में जल्द तर

चाहे दीवाना समझे ज़माना अल वदाअ़ आह शाहे मदीना
मैं जहा भी रहूं मेरे आक़ा हो नज़र में मदीने का जल्वा
इल्तिजा मेरी मक़्बूल फ़रमा अल वदाअ़ आह शाहे मदीना
कुछ न हुस्ने अ़मल कर सका हूं नज़्र चन्द अश्क मैं कर रहा हूं
बस येही है मेरा कुल असासा अल वदाअ़ आह शाहे मदीना
आंख से अब हुवा ख़ून जारी[1] रूह़ पर भी हुवा रन्ज त़ारी

जल्द अ़त्त़ार को फिर बुलाना
अल वदाअ़ आह शाहे मदीना

शुमातत की ता'रीफ़

दूसरों की तक्लीफ़ों और मुसीबतों पर ख़ुशी का इज़्हार करने को शुमातत कहते हैं।

(حدیقه ندیه شرح طریقه محمدیه ج ۱ ص ٦٣١)

مدینہ

1 : "ख़ून के आंसू रोना" मुह़ावरा है इस के मा'ना हैं "ग़म से रोना।"

ह़स्रता वा ह़स्रता शाहे मदीना अल वदाअ़

ह़स्रता वा ह़स्रता शाहे मदीना अल वदाअ़
फट रहा है आप के ग़म में येह सीना अल वदाअ़

ख़ूब आता था सुरूर आक़ा मदीने में मुझे
छूटता है हाए अब मीठा मदीना अल वदाअ़

तेरी गलियों से बिछड़ कर भी है कोई ज़िन्दगी
दूर रह कर हाए मरना हाए जीना अल वदाअ़

आंख रोती है तड़पता है दिले ग़मगीन अब
लुट रहा है हाए कुरबत का ख़ज़ीना अल वदाअ़

दिल मेरा ग़मनाक फ़ुरक़त से कलेजा चाक चाक
फट रहा है तेरे ग़म में हाए ! सीना अल वदाअ़

मैं शिकस्ता दिल लिये बोझल क़दम रखता हुवा
चल पड़ा हूं या शहन्शाहे मदीना अल वदाअ़

ख़ून रोता है दिले मग़मूम हिज्रे शाह में
चाक है मेरा कलेजा चाक सीना अल वदाअ़

क़ाफ़िला चलने को है सब रो रहे हैं ज़ार ज़ार
टूटता है हाए ! दिल का आबगीना अल वदाअ़

जाने कब फिर आएगा मीठा मदीना देखने
कब सफ़र पाएगा बदकारो कमीना अल वदाअ़

नाम सुनते ही मदीने का मैं आक़ा रो पड़ूं
काश ! आ जाए मुझे ऐसा क़रीना अल वदाअ़

आप की यादों के सदक़े वोह मिले सन्जीदगी
मुझ को काश ! आए हंसी बे जा कभी ना अल वदाअ़

माल का त़ालिब नहीं, दे दो फ़क़त़ सोज़े बिलाल
हो अ़त़ा बहरे रज़ा बस येह ख़ज़ीना अल वदाअ़

वोह मए उल्फ़त पिला दो या रसूले हाशिमी
होश मुझ को या नबी ! आए कभी ना अल वदाअ़

काश ! मैं जाऊं जिधर देखूं मदीने की बहार
हो अ़ता आक़ा मुझे वोह चश्मे बीना अल वदाअ़

गो बुरा हूं, बे अ़मल हूं पर नहीं हूं बे अदब
आप का हूं, आप का, गो हूं कमीना अल वदाअ़

अल फ़िराक़ो वल फ़िराक़ ऐ प्यारे आक़ा अल फ़िराक़
फिर बुला लो जल्द आक़ाए मदीना अल वदाअ़

या रसूलल्लाह ! अब ले लो सलामे आख़िरी
चलने वाला है कराची को सफ़ीना अल वदाअ़

आह ! अब अ़त्तार जाता है मदीने से वत़न
हाए मजबूरी ! सुकूने क़ल्ब छीना अल वदाअ़

मैं मदीना छोड़ आया

(काश ! मेरे भी येह जज़्बात होते, येह सिर्फ़ आ़शिक़े रसूल की मदीने से जुदाई के जज़्बात की तरजुमानी है)

आह ! शाहे बह़रो बर ! मैं मदीना छोड़ आया
कोहे ग़म पड़ा सर पर, मैं मदीना छोड़ आया

आह ! मस्जिदे न-बवी, हाए गुम्बदे ख़ज़रा
आह ! रौज़ए अन्वर, मैं मदीना छोड़ आया

ग़म के छा गए बादल, दिल में मच गई हलचल
आह ! ऐ मेरे यावर ! मैं मदीना छोड़ आया

जब चला था त़यबा को, थी ख़ुशी मेरे दिल को
आह ! अब है दिल मुज़्त़र, मैं मदीना छोड़ आया

दिल में बे क़रारी है और गिर्या त़ारी है
बह रही है चश्मे तर, मैं मदीना छोड़ आया

छुप गया निगाहों से, आह ! सब मदीने का
दिलकशो हसीं मन्ज़र, मैं मदीना छोड़ आया

क़ल्ब पारा पारा है, हिज्रे शह ने मारा है
आह ! मेरे चारागर ! मैं मदीना छोड़ आया

अब ग़मे मदीना से, चाक चाक सीना है
क्यूं कहूं न रो रो कर, मैं मदीना छोड़ आया

लुत्फ़ जो है त़यबा में वोह कहां वत़न में है
क्या करूंगा जा कर घर, मैं मदीना छोड़ आया

लौट कर न मैं आता, काश ! जान दे देता
गिर के ख़ाके त़यबा पर, मैं मदीना छोड़ आया

आह ! दिन मदीने के, जल्द जल्द गुज़रे थे
हाए जल्द छूटा दर, मैं मदीना छोड़ आया

दिन को भी सुरूर आता, शब को भी ज़रूर आता
क्या फ़ज़ा थी कैफ़ आवर, मैं मदीना छोड़ आया
था वहां समां नूरी, रन्जो ग़म से थी दूरी
आह ! नूर के पैकर ! मैं मदीना छोड़ आया
वक़्ते हिज्र जब आया, फूट फूट कर रोया
दर्दनाक था मन्ज़र, मैं मदीना छोड़ आया
हिज्र का है सदमा और सीना व जिगर मेरे
रख के क़ल्ब पर पथ्थर, मैं मदीना छोड़ आया
हिज्र के मैं सदमों से, चूर चूर ज़ख़्मों से
चल रहा था रो रो कर, मैं मदीना छोड़ आया
जब मदीना छूटा था ग़म का कोह[1] टूटा था
जानो दिल लिये मुज़्तर, मैं मदीना छोड़ आया
सब्ज़ गुम्बदो मीनार, आह ! छुट गए सरकार
फिर बुलाइये सरवर, मैं मदीना छोड़ आया

1.पहाड़

था ग़मे मदीना में, फ़ुरक़ते मदीना में
दिल मेरा बहुत मुज़्तर, मैं मदीना छोड़ आया

मेरे ह़ामी व हमदम ! दूर हों जहां के ग़म
दे दो अपना ग़म सरवर ! मैं मदीना छोड़ आया

दिल में है परेशानी, हो करम ऐ सुल्त़ानी
आओ ख़्वाब में दिलबर ! मैं मदीना छोड़ आया

दिल की है अ़जब ह़ालत, सदमा व ग़मे फ़ुरक़त
अल फ़िराक़ ऐ सरवर ! मैं मदीना छोड़ आया

चल दिया सफ़ीना है, छुट गया मदीना है
हाए ! क्या करूं सरवर, मैं मदीना छोड़ आया

ग़म की हो गया तस्वीर, आह ! हिज्र है तक़्दीर
चुप हुवा हूं रो रो कर ! मैं मदीना छोड़ आया

दूर हो गया सरकार ! आह ! ग़मज़दा अ़त्त़ार
जल्द आऊं फिर दर पर, मैं मदीना छोड़ आया

मदीने में कैसा सुरूर आ रहा था

(4 मुह़र्रमुल ह़राम सि. 1416 हि. को सफ़रे मदीना से वापसी हुई, 7 मुह़र्रमुल ह़राम सि. 1416 हि. को अपने जज़्बात को अश्आ़र के सांचे में ढाला)

मदीने हमें ले गया था मुक़द्दर मदीने में कैसा सुरूर आ रहा था
न हम काश ! आते यहां लौट कर घर मदीने में कैसा सुरूर आ रहा था
वहां बारिशे नूर होती थी पैहम न दुन्या की झन्जट ज़माने का था ग़म
मिला था हमें क़ुर्बे मह़बूबे दावर मदीने में कैसा सुरूर आ रहा था
ख़ुशी भी ख़ुशी से वहां झूमती थी मुसर्रत मेरे चौ त़रफ़ घूमती थी
मज़ा भी मज़े ले रहा था वहां पर मदीने में कैसा सुरूर आ रहा था
कभी रू बरू सब्ज़ गुम्बद का मन्ज़र कभी तकते हम उन के दीवार और दर
कभी सामने होते मेह़राबो मिम्बर मदीने में कैसा सुरूर आ रहा था
वहां राह चलते थे हम दस्त बस्ता दुरूद उन पे पढ़ते कभी सारा रस्ता
कभी ना'त पढ़ते थे हम रास्ते भर मदीने में कैसा सुरूर आ रहा था
कभी बैठते उन की मस्जिद में जा कर कभी दूर से तकते मेह़राबो मिम्बर
नमाज़ों का भी लुत्फ़ था क्या वहां पर मदीने में कैसा सुरूर आ रहा था

फ़ज़ाएं मुनव्वर हवाएं मुअ़त्तर समां था वहां किस क़दर कैफ़ आवर
जहां में कहीं भी नहीं ऐसा मन्ज़र मदीने में कैसा सुरूर आ रहा था
मदीने का सह़रा भी रश्के गुलिस्तां तसद्दुक़ मुग़ीलां[1] पे बादे बहारां
तनी थी पहाड़ों पे नूरानी चादर मदीने में कैसा सुरूर आ रहा था
कभी मस्त हो कर शजर झूमते थे तो झड़ झड़ के पत्ते ज़मीं चूमते थे
उठा लेते उन को कभी हम भी बढ़ कर मदीने में कैसा सुरूर आ रहा था
वहां तो अंधेरे में भी रोशनी है यहां पर उजाले में भी ती-रगी[2] है
वहां दिन थे रोशन तो शब भी मुनव्वर मदीने में कैसा सुरूर आ रहा था
ख़ुशा ! धूप थी ठन्डी ठन्डी वहां पर थी क्या छाउं भी महकी महकी वहां पर
वहां ज़र्रा ज़र्रा है सद रश्के गौहर मदीने में कैसा सुरूर आ रहा था
यक़ीनन मदीना है सद रश्के जन्नत मदीने में है मीठे आक़ा की तुरबत

क्यूं अ़त्तार तुम छोड़ कर आए वोह दर
मदीने में कैसा सुरूर आ रहा था

مدینہ

1 : कांटेदार झाड़ी या कांटेदार दरख़्त 2 : अंधेरा

मदीने की जानिब चला क़ाफ़िला है

(मक्कए मुकर्रमा से 4 मुहर्रमुल हराम सि. 1422 हि. को मदीनए मुनव्वरह की हाज़िरी के लिये "क़ाफ़िलए चल मदीना" की बस में सुवार होने के बा'द اَلْحَمْدُ لِلّٰه عَزَّوَجَلَّ राहे मदीना में येह अश्आ़र तहरीर करने की सआ़दत हासिल हुई)

तुम्हारा करम या हबीबे ख़ुदा है मदीने की जानिब चला क़ाफ़िला है
मैं राहे मदीना के क़ुरबान जाऊं कि इस में सुरूरो मज़ा ही मज़ा है
मदीने में "क़ुफ़्ले मदीना" लगाऊं करम आप कीजे इरादा मेरा है
इबादत से ख़ाली है आ'माल नामा सिवा आंसूओं के मेरे पास क्या है
न क्यूं तुम पे इतराए मुजरिम तुम्हारा यहां तो अ़दू भी अमां पा रहा है
नहीं जानता येह मदीने के आदाब येह तेरा है तेरा भला या बुरा है
मुझे दीजिये अश्कबार आंख आक़ा येह दिल सख़्त, पथ्थर से भी हो गया है
पिला दे छलकता हुवा जामे उल्फ़त नज़र तेरी जानिब लगी साक़िया है
मदद के लिये नाख़ुदा आइये अब सफ़ीना हमारा भंवर में फंसा है
शहा क़ाफ़िले के सभी ज़ाइरों ने मेरे साथ अ़हदे वफ़ा कर लिया है[1]
तुम्हीं लाज अ़हदे वफ़ा की रखोगे कि इब्लीसे मरदूद पीछे लगा है

शफ़ाअ़त की ख़ैरात लेने को अ़त्तार
लिये क़ाफ़िला अ़न्क़रीब आ रहा है

मदीना

1 : क़ाफ़िलए चल मदीना के बा'ज़ इस्लामी भाइयों की ख़्वाहिश पर सब ने राहे मदीना में सगे मदीना عُفِیَ عَنْهُ के हाथ पर बैअ़त कर के ता दमे ज़ीस्त **दा'वते इस्लामी** की मर्कज़ी **मजलिसे शूरा** के साथ वफ़ादारी का अ़हद किया।

मैं मदीने में हूं

(اَلْحَمْدُ لِلّٰہ عَزَّوَجَلَّ मदीनए मुनव्वरह (मुहर्रमुल हराम सि. 1422 हि.) की हाज़िरी के पुरकैफ़ लम्हात में येह कलाम क़लम बन्द किया)

है येह फ़ज़्ले खुदा, मैं मदीने में हूं है उसी की अ़ता मैं मदीने में हूं
या रसूले खुदा मैं मदीने में हूं तुम ने बुलवा लिया मैं मदीने में हूं
गो गुनहगार हूं, मैं बद अत्वार हूं पर करम है तेरा मैं मदीने में हूं
सर पे इस्यां का बार, आह ! है नामदार पर करम है तेरा मैं मदीने में हूं
जुर्म की ह़द नहीं, शाहे दुन्या व दीं पर करम है तेरा मैं मदीने में हूं
कोई ख़ूबी नहीं, पास नेकी नहीं पर करम है तेरा मैं मदीने में हूं
सख़्त बदकार हूं, मा'सियत कार हूं पर करम है तेरा मैं मदीने में हूं
मेरा क़ल्बे सियह, दीजिये जगमगा अब तो नूरे खुदा मैं मदीने में हूं
ज़ंग काफ़ूर हो, क़ल्ब पुरनूर हो कर दो चश्मे अ़ता मैं मदीने में हूं
है येह रह़मत तेरी, और इ़नायत तेरी साथ है क़ाफ़िला मैं मदीने में हूं
जानते हो मैं क्यूं, आया त़यबा में हूं हैं यहां मुस्त़फ़ा मैं मदीने में हूं

मुर्शिदी ने कहा, तू नहीं जा रहा बल्कि है आ रहा मैं मदीने में हूं[1]
अपने मेहमान को ग़म मदीने का दो सरवरे अम्बिया मैं मदीने में हूं
आंख रोया करे, क़ल्ब तड़पा करे कर दो ऐसी अ़ता मैं मदीने में हूं
शाहे ख़ैरुल अनाम अपनी उल्फ़त का जाम इक छलकता पिला मैं मदीने में हूं
दे दो सीना फ़िगार आंख भी अश्कबार दिल तड़पता हुवा मैं मदीने में हूं
आमिना के पिसर मुझ को ख़स्ता जिगर अब तो कर दो अ़ता मैं मदीने में हूं
ऐसी मस्ती मिले होश जाता रहे ऐसा मुझ को गुमा मैं मदीने में हूं
बे क़रारी मिले आहो ज़ारी मिले हो करम मुस्तफ़ा मैं मदीने में हूं
अपना दीवाना कर मुझ को मस्ताना कर मस्तो बेख़ुद बना मैं मदीने में हूं
झूमता झूमता ख़ाक को चूमता मैं फिरूं जा बजा मैं मदीने में हूं

مدینہ

1 : इस शे'र का पस मन्ज़र येह है कि जब पहली बार (1400 हि. ब मुताबिक़ 1980 ई.) हाज़िरिये मदीनए मुनव्वरह के बा'द वतन वापसी का वक़्त आया, बारगाहे रिसालत में अल वदाई हाज़िरी दे कर सय्यिदी मुर्शिदी कुत्बे मदीना की बारगाह में हाज़िर हुवा और रो रो कर अ़र्ज़ की, कि मैं वतन जा रहा हूं तो मुर्शिद की ज़बान से निकला "तुम जा नहीं, आ रहे हो" उस वक़्त तो येह इर्शाद मेरी मोटी अ़क़्ल में न आया मगर बा'द में समझ में आ गया क्यूं कि फ़ैज़े मुर्शिद से اَلْحَمْدُ لِلّٰہ عَزَّوَجَلَّ बे शुमार बार सफ़रे मदीना दरपेश आया कि मुर्शिदी ने जो फ़रमाया था कि "तुम जा नहीं, आ रहे हो।"

काश ! रोता फिरूं इक तमाशा बनूं बेख़ुदी हो अ़ता मैं मदीने में हूं
अपने ग़म में शहा मुझ को ऐसा गुमा हो न अपना पता मैं मदीने में हूं
अपना कह दीजिये मुझ को दे दीजिये मुज़्दए जां फ़िज़ा मैं मदीने में हूं
काश ! शफ़ाअ़त की मुझ को सनद हो अ़ता या शफ़ीअ़ल वरा मैं मदीने में हूं
धूप ठन्डी यहां छाउं महकी यहां है मुअ़त्तर फ़ज़ा मैं मदीने में हूं
शब मुनव्वर यहां दिन मुअ़म्बर यहां ठन्डी ठन्डी हवा मैं मदीने में हूं
है समां नूर नूर आ रहा है सुरूर है मुनव्वर फ़ज़ा मैं मदीने में हूं
मुझ पे एह़सान हो पूरा अरमान हो आप की दीद का मैं मदीने में हूं
ख़ूब ह़ैरान हूं और परेशान हूं दूर कर दो बला मैं मदीने में हूं
जल्वए यार का उन के दीदार का मौला शरबत पिला मैं मदीने में हूं
काश ! शहादत का जाम पी लूं शाहे अनाम हो करम हो अ़ता मैं मदीने में हूं
झूमते हैं शजर[1] वज्द में हैं ह़जर[2] हर सू है कैफ़ सा मैं मदीने में हूं
गुम्बदे सब्ज़ पर हर मनारे पे है नूर छाया हुवा मैं मदीने में हूं

1 : दरख़्त 2 : पथ्थर

दश्तो कोहसार पर खेतो गुलज़ार पर हर सू छाई ज़िया मैं मदीने में हूं
चूमूं अश्जार[1] को फूल को ख़ार[2] को ऐसा बेख़ुद बना मैं मदीने में हूं
कोई चारा[3] न कर मरने दे चारागर[4] लूं मज़ा मौत का मैं मदीने में हूं
चूमूं हरियालियां चूम लूं डालियां बोसा लूं ख़ार का मैं मदीने में हूं
मेरी ईद आज है मेरी मे'राज है मैं यहां आ गया मैं मदीने में हूं
उन के दरबारो दर और दीवार पर नूर है छा रहा मैं मदीने में हूं
है करम ही करम हां ख़ुदा की क़सम खा के हूं कह रहा मैं मदीने में हूं
ख़ूब उमंड आई है हर त़रफ़ छाई है रह़मतों की घटा मैं मदीने में हूं
आंख में है सजी तन पे भी है लगी मेरे ख़ाके शिफ़ा मैं मदीने में हूं
मुझ को तक़्दीर पर इस की तन्वीर[5] पर रश्क है आ रहा मैं मदीने में हूं
दो बक़ीए़ मुबारक में दो[2] गज़ ज़मीं तुम से है इल्तिजा मैं मदीने में हूं

मौत क़दमों में दो अपने अ़त्तार को
हो करम सरवरा मैं मदीने में हूं

مدینہ

1 : शजर की जम्अ़ 2 : कांटा 3 : इ़लाज 4 : डॉक्टर, त़बीब
5 : रोशनी, नूरानिय्यत चमक

करम हो जान को है सख़्त ख़त़रा या रसूलल्लाह

करम हो जान को है सख़्त ख़त़रा या रसूलल्लाह
न पिस जाए कहीं नाचीज़ ज़र्रा या रसूलल्लाह

बुलाऊं किस त़रह़ मैं अपनी कुटिया में तुम्हें दिलबर
कि इस क़ाबिल नहीं है मेरा हुजरा या रसूलल्लाह

अगर चश्मे करम हो तो तलातुम ख़ैज़ मौजों से
अभी हो पार मेरा डूबा बजरा या रसूलल्लाह

मैं इस दुन्याए फ़ानी में भी क़ब्रो ह़श्रो जन्नत में
हर इक जा पर लगाऊंगा येह ना'रा या रसूलल्लाह

यक़ीनन जिस के आगे चौदहवीं का चांद शरमाए
तुम्हारा है वोह चेहरा निखरा निखरा या रसूलल्लाह

करम से तुम बुलाते हो करम ही से तुम आते हो
तुम्हारे ही करम से बख़्त संवरा या रसूलल्लाह

मैं बन जाऊंगा दीवाना मैं हो जाऊंगा मस्ताना
अ़ता हो इ़श्क़ का गर एक ज़र्रा या रसूलल्लाह

तुम्हारी याद में रोया करूं तड़पा करूं कर दो
इ़नायत अपने ग़म का ज़ख़्म गहरा या रसूलल्लाह

रुलाए तेरा ग़म, दुन्या के ग़म में मेरे आंसू का
न हो बरबाद आक़ा कोई क़त़रा या रसूलल्लाह

बुला लो गुम्बदे ख़ज़रा की ठन्डी ठन्डी छाउं में
मदीने का दिखा दो मुझ को सह़रा या रसूलल्लाह

सआ़दत करबला की ह़ाज़िरी की भी इ़नायत हो
दिखा दीजे मुझे बग़दादो बसरा या रसूलल्लाह

निकलने वाली है अब रूहे़ मुज़्त़र जिस्म से जानां
करम ! ईमां को है शैत़ां से ख़त़रा या रसूलल्लाह

हुई जाती है हाए उ़म्र ज़ाएअ़ जानता हूं मैं
नहीं आएगा हरगिज़ वक़्त गुज़रा या रसूलल्लाह

करम ! अ़त्त़ारे बद अत़्वार के गुलज़ार पर आक़ा
लगाया है ख़ज़ां ने सख़्त पहरा या रसूलल्लाह

मीठा मदीना मुझ को दिखा दीजिये हुज़ूर

सोया हुवा नसीब जगा दीजिये हुज़ूर मीठा मदीना मुझ को दिखा दीजिये हुज़ूर

अब "चल मदीना" का मुझे मुज़्दा सुनाइये रोते हुए को अब तो हंसा दीजिये हुज़ूर

फिर सब्ज़ सब्ज़ गुम्बदो मीनार की बहार ग़ौसो रज़ा का सदक़ा दिखा दीजिये हुज़ूर

मिस्कीन हूं, ग़रीब हूं पल्ले नहीं है कुछ ख़र्चा सफ़र का दीजिये ना दीजिये हुज़ूर

अ़-रफ़ात और मुज़्दलिफ़ा और मिना चलूं ह़ज कर लूं ह़क़ से इज़्न दिला दीजिये हुज़ूर

ख़ु-लफ़ाए राशिदीन के सदक़े में या नबी ख़्वाबों में अपना जल्वा दिखा दीजिये हुज़ूर

साइल ग़मे मदीना का हूं शाहे बह़रो बर मुझ को ग़मे मदीना शहा दीजिये हुज़ूर

अह़मद रज़ा का वासित़ा उल्फ़त का साक़िया मुझ को छलकता जाम पिला दीजिये हुज़ूर

हर वक़्त सोज़े इ़श्क़ में तड़पा करूं शहा आग ऐसी मेरे दिल में लगा दीजिये हुज़ूर

ज़हरा के लाडलों का वसीला मैं लाया हूं पज़मुर्दा दिल को मेरे खिला दीजिये हुज़ूर

बहरे शहीदे करबला या शाहे अम्बिया दीवानए मदीना बना दीजिये हुज़ूर
या मुस्त़फ़ा मैं उल्फ़ते दुन्या में फंस गया इस क़ैद से ख़ुदारा छुड़ा दीजिये हुज़ूर
पुरख़ार वादियों में भटक के मैं रह गया भूले हुए को राह दिखा दीजिये हुज़ूर
तौबा निबाह मैं नहीं पाता हूं या नबी! अब इस्तिक़ामत आप शहा दीजिये हुज़ूर
डर लग रहा है आह! जहन्नम की आग से बख़्शिश का मुझ को मुज़्दा सुना दीजिये हुज़ूर
"क़ुफ़्ले मदीना" दीजिये मुर्शिद का वासित़ा ख़ामोश रहना मुझ को सिखा दीजिये हुज़ूर

अत़्त़ारे बद ख़िसाल का इस्यां शिआ़र का
दिल मुर्दा हो चुका है जिला दीजिये हुज़ूर

मुअ़ज़्ज़ज़ कौन ?

ह़ज़रते सय्यिदुना मूसा कलीमुल्लाह عَلٰی نَبِیِّنَا وَعَلَیْہِ الصَّلٰوۃُ وَالسَّلَام ने अ़र्ज़ की : ऐ रब्बे आ'ला عَزَّوَجَلَّ ! तेरे नज़्दीक कौन सा बन्दा इ़ज़्ज़त वाला है ? फ़रमाया : वोह जो बदला लेने की क़ुदरत के बा वुजूद मुआ़फ़ कर दे।

(شعب الایمان ج۶ص۳۱۹حدیث۸۳۲۷دارالکتب العلمیہ بیروت)

अल्लाह अ़त़ा हो मुझे दीदारे मदीना

(12 शव्वालुल मुकर्रम 1431 हि. को येह कलाम क़लम बन्द किया गया)

अल्लाह अ़त़ा हो मुझे दीदारे मदीना
हो जाऊं मैं फिर ह़ाज़िरे दरबारे मदीना
आंखें मेरी मह़रूम हैं मुद्दत से इलाही
अ़र्सा हुवा देखा नहीं गुलज़ारे मदीना
फिर देख लूं सह़राए मदीना की बहारें
फिर पेशे नज़र काश ! हों कोह्सारे मदीना
फिर गुम्बदे ख़ज़रा के नज़ारे हों मुयस्सर
अल्लाह दिखा दे मुझे मीनारे मदीना
ख़ाक आंखों में मह़बूब के कूचे की सजा[1] कर
देने को सलामी चलूं दरबारे मदीना

1: اَلْحَمْدُلِلّٰہ बारहा आंखों में ख़ाके मदीना लगा कर सलाम के लिये ह़ाज़िर होने की सआ़दत पाई है, इस के लिये सुरमे की सलाई अक्सर जेब में रहती थी येह सआ़दत फिर पाने की आरज़ू है।

क्या कैफ़ो सुरूर आता था अफ़्सोस वोह मेरे
ख़्वाब बन गए गोया सभी अस्फ़ारे मदीना[1]

ता'ज़ीम को उठ जाते सभी क़ाफ़िले वाले
जूं ही नज़र आते उन्हें आसारे[2] मदीना

पढ़ पढ़ के सुनाया है इन्हें कलिमए तौहीद[3]
ईमां पे गवाह हैं मेरे अश्जारे मदीना

शादाबिये जन्नत का मैं मुन्किर नहीं लेकिन
है हुस्न में बे मिस्ल चमन ज़ारे मदीना

मदीना

1: मु-तअ़द्दद बार पै दर पै सफ़रे मदीना नसीब हुवा मगर ता दमे तह़रीर 8 साल से मह़रूमी है। इस शे'र में उसी की त़रफ़ इशारा है।

2: मक्कए मुकर्रमा زَادَهَااللّٰهُ شَرَفًاوَّ تَعظِیمًا से मदीनए मुनव्वरह زَادَهَااللّٰهُ شَرَفًاوَّ تَعظِیمًا जाते हुए जब दूर से मदीनए पाक के आसार नज़र आते तो हमारा "क़ाफ़िलए चल मदीना" बस के अन्दर खड़ा हो जाता और रो रो कर दुरूदो सलाम अ़र्ज़ करता, उस पुरसोज़ मन्ज़र का शे'र में इशारा किया गया है। **3 :** اَلْحَمْدُ لِلّٰه बारहा मदीनए मुनव्वरह के दरख़्तों को कलिमा शरीफ़ सुना कर अपने ईमान का गवाह करने का शरफ़ हासिल किया है। सगे मदीना عُفِیَ عَنْه

अफ़्सोस ! मेरे नफ़्स को फूलों की त़लब है
आ दिल में, रहे आंख से ऐ ख़ारे मदीना
कसरत से दुरूद उन पे पढ़ो रब ने जो चाहा
सीने में उतर आएंगे अन्वारे मदीना
सरकार बुलाते हैं मदीने में करम से
उस को कि जो हो दिल से त़लब गारे मदीना
रिह़लत की घड़ी है मेरे अल्लाह दिखा दे
सिर्फ़ एक झलक जल्वए सरकारे मदीना
अल्लाह मुझे बख़्श, न हो ह़श्र में पुरसिश
कर लुत़्फ़ो करम अज़ पए सरकारे मदीना
या रब दिले अ़त्त़ार पे छाई है उदासी
कर शाद दिखा कर इसे गुलज़ारे मदीना

महबूबे रब्बे अक्बर तशरीफ़ ला रहे हैं

महबूबे रब्बे अक्बर तशरीफ़ ला रहे हैं
आज अम्बिया के सरवर तशरीफ़ ला रहे हैं

क्यूं है फ़ज़ा मुअत्तर ! क्यूं रोशनी है घर घर
अच्छा ! हबीबे दावर तशरीफ़ ला रहे हैं

ईदों की ईद आई रहमत खुदा की लाई
जूदो सख़ा के पैकर तशरीफ़ ला रहे हैं

हूरें लगीं तराने ना'तों के गुनगुनाने
हूरो मलक के अफ़्सर तशरीफ़ ला रहे हैं

जो शाहे बहरो बर हैं नबियों के ताजवर हैं
वोह आमिना तेरे घर तशरीफ़ ला रहे हैं

ऐ फ़र्शियो मुबारक ऐ अर्शियो मुबारक
दोनों[2] जहां के सरवर तशरीफ़ ला रहे हैं

ऐ बे कसो मुबारक ऐ बे बसो मुबारक
अब ग़मज़दों के यावर तशरीफ़ ला रहे हैं

झूमो ऐ बद नसीबो ! हो जाओ ख़ुश ग़रीबो !
देखो ग़रीब परवर तशरीफ़ ला रहे हैं

कैसा है प्यारा मन्ज़र रंगीनो रूह़ परवर
हर एक से ह़सीं तर तशरीफ़ ला रहे हैं

रह़मत बरस रही है हर सम्त रोशनी है
देखो महे मुनव्वर तशरीफ़ ला रहे हैं

ऐ बे नवाओ आओ, आओ गदाओ आओ
वोह आमिना के घर पर तशरीफ़ ला रहे हैं

तेरी ह़लीमा दाई तक़्दीर मुस्कराई
महबूबे ह़क़ तेरे घर तशरीफ़ ला रहे हैं

उम्मत के नाज़ उठाने उम्मत को बख़्शवाने
अल्लाह के पयम्बर तशरीफ़ ला रहे हैं

आज अज़ पए विलादत जी हां मिलेगी जन्नत
मुख़्तारे खुल्दो कौसर तशरीफ़ ला रहे हैं

खुद चल के मन्ज़िल आए आ कर गले लगाए
भटके हुओं के रहबर तशरीफ़ ला रहे हैं

वक़्ते विलादत आया है शोर मरहबा का
आज आमिना के दिलबर तशरीफ़ ला रहे हैं

शैतां की आई शामत क्यूं दूर हो न जुल्मत
हां हां अरब के खावर तशरीफ़ ला रहे हैं

किस्रा का क़स्र शक़ है शैतां का रंग फ़क़ है
क्यूं कि रसूले अन्वर तशरीफ़ ला रहे हैं

ता'ज़ीम के लिये अब ऐ मोमिनो उठो सब
आरामे जाने मुज़्तर तशरीफ़ ला रहे हैं

अपना गुलाम कहने, इस उजड़े दिल में रहने
कब ऐ ग़रीब परवर तशरीफ़ ला रहे हैं

उफ़ ! हाए घुप अंधेरा चमकाने गोरे तीरा
कब ऐ महे मुनव्वर तशरीफ़ ला रहे हैं

ऐ तिश्नगाने महशर देखो करम के पैकर
कौसर का ले के साग़र तशरीफ़ ला रहे हैं

बदकारो ! रख्खो हिम्मत फ़रमाएंगे शफ़ाअ़त
देखो शफ़ीए़ महशर तशरीफ़ ला रहे हैं

अ़त्तार अब खुशी से फूले नहीं समाते
दुन्या में इन के दिलबर तशरीफ़ ला रहे हैं

मुबारक हो ह़बीबे रब्बे अक्बर आने वाला है

मुबारक हो ह़बीबे रब्बे अक्बर आने वाला है
मुबारक ! अम्बिया का आज अफ़्सर आने वाला है

अंधेरों में भटकते फिरने वालों को मुबारक हो
तुम्हें ह़क़ से मिलाने आज रहबर आने वाला है

मुबारक बद नसीबों को मुबारक हो ग़रीबों को
जहां में बे बसों का साया गुस्तर[1] आने वाला है

गुनहगारो न घबराओ सियह कारो न ग़म खाओ
सुनो मुज़्दा[2] शफ़ीए रोज़े मह़शर आने वाला है

लिये परचम उतर आए हैं जिब्रील आस्मां से आज
जहां में आमिना बीबी का दिलबर आने वाला है

करो घर घर चराग़ां सब्ज़ परचम आज लहराओ
मचाओ मरह़बा की धूम दिलबर आने वाला है

1 : साया करने वाला 2 : ख़ुश ख़बरी

अगर न आज झूमोगे तो कब झूमोगे दीवानो
मचल जाओ तुम्हारा आज यावर आने वाला है

तरावत[1] क्यूं न हो ह़ासिल मेरे क़ल्बो जिगर को आज
जहां में बह़रे रह़मत का शनावर आने वाला है

दिले ग़मगीन को मिल जाएगा सामान राह़त का
सुरूरे दिल, क़रारे जाने मुज़्त़र आने वाला है

जो है सरदार, आ़लम के सभी सज्दा गुज़ारों का
ख़ुदा का आज वोह सच्चा सनागर आने वाला है

मुबारक ग़म के मारो ! ग़म ग़लत़ हो जाएंगे सारे
ह़बीबे ह़क़ मुदावा[2] ग़म का ले कर आने वाला है

जहां में ज़ुल्मतों का चाक होगा आज से सीना
ख़ुदा के फ़ज़्ल से माहे मुनव्वर आने वाला है

1 : ताज़गी, ठन्डक 2 : इ़लाज

بِحَمْدِاللّٰه ईमां अब तू मेरा ले नहीं सकता
अरे चल भाग शैत़ां मेरा यावर आने वाला है

ख़बर है अब्रे रह़मत आज क्यूं दुन्या पे छाए हैं
जहां में रह़मतों का आज पैकर आने वाला है

मुबारक हो ह़लीमा सा'दिया तुझ को मुबारक हो
तेरी गोदी में कुल आ़लम का सरवर आने वाला है

उठो ता'ज़ीम की ख़ात़िर कि घर में आमिना के अब
विलादत का वोह लम्ह़ा कैफ़ आवर आने वाला है

उठाओ सब्ज़ परचम और चलो सब आमिना के घर
लुटाने रह़मतें ह़क़ का पयम्बर आने वाला है

तसल्ली तो रखो सैराब भी हो जाओगे अ़त्त़ार
छलकता जाम ले कर शाहे कौसर आने वाला है

मरह़बा सद मरह़बा सल्ले अ़ला ख़ुश आ–मदीद

(16 स–फ़रुल मुज़फ़्फ़र 1426 हि.)

मरह़बा सद मरह़बा सल्ले अ़ला ख़ुश आ–मदीद
आमदे नूरे ख़ुदा सल्ले अ़ला ख़ुश आ–मदीद
या ह़बीबे किब्रिया सल्ले अ़ला ख़ुश आ–मदीद
ताजदारे अम्बिया सल्ले अ़ला ख़ुश आ–मदीद
ऐ मेरे मुश्किल कुशा सल्ले अ़ला ख़ुश आ–मदीद
जानो दिल तुम पर फ़िदा सल्ले अ़ला ख़ुश आ–मदीद
सरवरे अर्ज़ो समा सल्ले अ़ला ख़ुश आ–मदीद
ऐ शहे हर दो सरा सल्ले अ़ला ख़ुश आ–मदीद
शम्स में तेरी ज़िया सल्ले अ़ला ख़ुश आ–मदीद
मह में तेरा चांदना सल्ले अ़ला ख़ुश आ–मदीद
क्यूं येह घर घर रोशनी है आज किस का जश्न है ?
आमिना के लाल का सल्ले अ़ला ख़ुश आ–मदीद

आज क्यूं चारों त़रफ़ येह मरह़बा की धूम है
क्यूं है हर सू गुलगुला सल्ले अ़ला खुश आ-मदीद

बात येह है आज दुन्या में हुए हैं जल्वा गर
मीठे मीठे मुस्त़फ़ा सल्ले अ़ला खुश आ-मदीद

मरह़बा जश्ने विलादत मरह़बा सद मरह़बा
नूरे ऐ़ने आमिना सल्ले अ़ला खुश आ-मदीद

जश्ने मीलादुन्नबी की धूम है चारों त़रफ़
हर कोई है कह रहा सल्ले अ़ला खुश आ-मदीद

रह़मतुल्लिल अ़ा-लमीं की हो गई जल्वा गरी
बाबे रह़मत वा हुवा सल्ले अ़ला खुश आ-मदीद

चश्मे मा रोशन दिले मा शाद ऐ जाने चमन
ऐ खुशा माहे लिक़ा सल्ले अ़ला खुश आ-मदीद

छट गए जुल्मत के बादल दूर अंधेरा हो गया
नूर वाला आ गया सल्ले अ़ला खुश आ-मदीद

ख़ानए का'बा में जो बुत थे सब औंधे गिर पड़े
दबदबा आमद का था सल्ले अ़ला ख़ुश आ–मदीद

अम्बिया व मुर–सलीं सब की इमामत का तेरे
सर पे है सेहरा सजा सल्ले अ़ला ख़ुश आ–मदीद

आमिना के घर में जब आमद मुह़म्मद की हुई
चार सू येह शोर उठा सल्ले अ़ला ख़ुश आ–मदीद

ख़ूब सदक़ा बट रहा है आमिना के घर पे आज
आए शाहे अस्ख़िया सल्ले अ़ला ख़ुश आ–मदीद

हम ग़रीबों के तो बस वारे ही न्यारे हो गए
दर तुम्हारा मिल गया सल्ले अ़ला ख़ुश आ–मदीद

भर दो सीने में सुरूर और आंख कर दो नूर नूर
दिल मेरा दो जगमगा सल्ले अ़ला ख़ुश आ–मदीद

क़ब्र में जल्वा नबी का देख कर अ़त्तार काश !
बोल उठे बे साख़्ता सल्ले अ़ला ख़ुश आ–मदीद

आ गए हैं मुस्त़फ़ा सल्ले अ़ला ख़ुश आ-मदीद

(16 स-फ़रुल मुज़फ़्फ़र 1426 हि.)

आ गए हैं मुस्त़फ़ा सल्ले अ़ला ख़ुश आ-मदीद
हो गए जल्वा नुमा सल्ले अ़ला ख़ुश आ-मदीद

सय्यिदो सरदारे मा सल्ले अ़ला ख़ुश आ-मदीद
मालिको मुख़्तारे मा सल्ले अ़ला ख़ुश आ-मदीद

राज़दारे किब्रिया सल्ले अ़ला ख़ुश आ-मदीद
नाइबे रब्बुल उ़ला सल्ले अ़ला ख़ुश आ-मदीद

आमिना के दिलरुबा सल्ले अ़ला ख़ुश आ-मदीद
ऐ हमारे रहनुमा सल्ले अ़ला ख़ुश आ-मदीद

मुस्कराती फूल बरसाती और इठलाती हुई
गुनगुनाती है सबा सल्ले अ़ला ख़ुश आ-मदीद

बुलबुलें हैं नग़्मा ख़्वां और पढ़ रही हैं कुमरियां
ना'ते पाके मुस्त़फ़ा सल्ले अ़ला ख़ुश आ-मदीद

सब्ज़ परचम चार सू लहरा रहे हैं जश्न है
आमदे मह़बूब का सल्ले अ़ला ख़ुश आ-मदीद

ग़मज़दो ग़म खाओ मत ऐ बे कसो घबराओ मत
आ गए मुश्किल कुशा सल्ले अ़ला ख़ुश आ-मदीद

झूम जाओ बे कसो इमदाद करने आ गए
ख़ल्क़ के ह़ाजत रवा सल्ले अ़ला ख़ुश आ-मदीद

बे नवाओ आओ तुम, आओ गदाओ आओ तुम
सदक़ा ले लो नूर का सल्ले अ़ला ख़ुश आ-मदीद

आमिना के घर पे चलते हैं सब आओ मिल के साथ
और लगाते हैं सदा सल्ले अ़ला ख़ुश आ-मदीद
बे कसों के दादरस ऐ ख़ल्क़ के फ़रियाद रस
दूर कर रन्जो बला सल्ले अ़ला ख़ुश आ-मदीद
चश्मे रह़मत कीजिये अपनी मह़ब्बत दीजिये
दर पे ह़ाज़िर है गदा सल्ले अ़ला ख़ुश आ-मदीद
अपना ग़म दे दीजिये और चश्मे नम दे दीजिये
दर पे ह़ाज़िर है गदा सल्ले अ़ला ख़ुश आ-मदीद
दर्दे इ़स्यां की दवा, दो बहरे मुर्शिद दो शिफ़ा
दर पे ह़ाज़िर है गदा सल्ले अ़ला ख़ुश आ-मदीद
गुम्बदे ख़ज़रा के जल्वों से येह दिल आबाद हो
दर पे ह़ाज़िर है गदा सल्ले अ़ला ख़ुश आ-मदीद
आप के क़दमों में मेरा ख़ातिमा बिलख़ैर हो
दर पे ह़ाज़िर है गदा सल्ले अ़ला ख़ुश आ-मदीद
अब बक़ीए़ पाक में दो[2] गज़ ज़मीं दे दीजिये
दर पे ह़ाज़िर है गदा सल्ले अ़ला ख़ुश आ-मदीद
झूम कर हां झूम कर अ़त्तार लब को चूम कर
मस्त हो कर दो सदा सल्ले अ़ला ख़ुश आ-मदीद

ताजदारे अम्बिया, अह्लंव व सह्लन मरह़बा

ताजदारे अम्बिया, अह्लंव व सह्लन मरह़बा
राज़दारे किब्रिया, अह्लंव व सह्लन मरह़बा

आ गए ख़ैरुल वरा, अह्लंव व सह्लन मरह़बा
आए शाहे अम्बिया, अह्लंव व सह्लन मरह़बा

मज़्हरे रब्बुल उ़ला, अह्लंव व सह्लन मरह़बा
मुस्त़फ़ा व मुज्तबा, अह्लंव व सह्लन मरह़बा

आमिना के दिलरुबा, अह्लंव व सह्लन मरह़बा
हैं ह़लीमा के पिया, अह्लंव व सह्लन मरह़बा

पेशवाए अम्बिया, अह्लंव व सह्लन मरह़बा
मुर-सलीं के मुक़्तदा, अह्लंव व सह्लन मरह़बा

सय्यिदे अर्जो समा, अह्लंव व सह्लन मरह़बा
सरवरे हर दो सरा, अह्लंव व सह्लन मरह़बा

ख़ल्क़ के ह़ाजत रवा, अह्लंव व सह्लन मरह़बा
दाफ़ेए़ रन्जो बला, अह्लंव व सह्लन मरह़बा

सय्यिदो सरदारे मा, अह्लंव व सह्लन मरह़बा
मालिको मुख़्तारे मा, अह्लंव व सह्लन मरह़बा

बे कसों का आसरा, अह्लंव व सह्लन मरह़बा
ह़ामिये हर बे नवा, अह्लंव व सह्लन मरह़बा

बैते अक़्सा बामे का'बा बर मकाने आमिना
नस्ब परचम हो गया, अह्लंव व सह्लन मरह़बा

चांद सा चमकाते चेहरा नूर बरसाते हुए
आ गए बदरुद्दुजा, अह्लंव व सह्लन मरह़बा

आमिना के घर में आक़ा की विलादत हो गई
मरह़बा सल्ले अ़ला, अह्लंव व सह्लन मरह़बा

झुक गया का'बा सभी बुत मुंह के बल औंधे गिरे

दबदबा आमद का था, अह्लंव व सह्लन मरह़बा

चौदह[14] कंगूरे गिरे आतश कदा ठन्डा हुवा

सटपटा शैत़ां गया, अह्लंव व सह्लन मरह़बा

सोई क़िस्मत जाग उठी और सब की बिगड़ी बन गई

बाबे रह़मत वा हुवा, अह्लंव व सह्लन मरह़बा

आते ही सज्दा किया और رَبِّ هَبْ لِیْ اُمَّتِیْ[1]

की ज़बां पर थी दुआ़, अह्लंव व सह्लन मरह़बा

ख़ूब झूमो आ़सियो ! वोह मुस्कराते आ गए

शाफ़ेए़ रोज़े जज़ा, अह्लंव व सह्लन मरह़बा

मदीना

1 : आ'ला ह़ज़रत رَحْمَةُ اللهِ تَعَالٰی عَلَيْه लिखते हैं : दुन्या में तशरीफ़ लाते ही आप صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने बारगाहे इलाही में सज्दा किया। उस वक़्त होंटों पर येह दुआ़ जारी थी : رَبِّ هَبْ لِیْ اُمَّتِیْ या'नी परवर्द गार ! मेरी उम्मत मुझे हिबा कर दे। (फ़तावा र-ज़विय्या, जि. 30, स. 717)

ईदे मीलादुन्नबी है चार जानिब रोशनी
हर त़रफ़ है गुलगुला, अह्लंव व सह्लन मरह़बा

छट गए ज़ुल्मत के बादल नूर हर सू छा गया
आ गए नूरे ख़ुदा, अह्लंव व सह्लन मरह़बा

जिन के परतौ से है जगमग सब का सब येह कह्कशां
आए वोह शम्सुद्दुह़ा, अह्लंव व सह्लन मरह़बा

आस्मानों पर गए और ख़ुल्द की भी सैर की
शाह का येह मर्तबा, अह्लंव व सह्लन मरह़बा

ह़ाज़िरो नाज़िर भी हैं और बात़िनो ज़ाहिर भी हैं
कुछ नहीं उन से छुपा, अह्लंव व सह्लन मरह़बा

क़ब्र में अ़त्त़ार की, आमद हो जब सरकार की
हो ज़बां पर या ख़ुदा, अह्लंव व सह्लन मरह़बा

ह़श्र में अ़त्त़ार उन को देखते ही बोल उठा
मरह़बा या मुस्त़फ़ा, अह्लंव व सह्लन मरह़बा

ऐ अ़रब के ताजदार अह्लंव व सह्लन मरह़बा

ऐ अ़रब के ताजदार अह्लंव व सह्लन मरह़बा
ऐ रसूले शानदार अह्लंव व सह्लन मरह़बा

आए शाहे नामदार अह्लंव व सह्लन मरह़बा
सब पुकारो बार बार अह्लंव व सह्लन मरह़बा

ऐ ह़बीबे किर्दिगार अह्लंव व सह्लन मरह़बा
ऐ खुदा के शाहकार अह्लंव व सह्लन मरह़बा

आमिना के गुल अ़ज़ार अह्लंव व सह्लन मरह़बा
ऐ हमारे शह्र यार अह्लंव व सह्लन मरह़बा

अम्बिया के ताजदार अह्लंव व सह्लन मरह़बा
त़यबा के नाक़ा सुवार अह्लंव व सह्लन मरह़बा

बहरे उम्मत अश्कबार अह्लंव व सह्लन मरह़बा
शाफ़ेए़ रोज़े शुमार अह्लंव व सह्लन मरह़बा
रह़मते परवर्द गार अह्लंव व सह्लन मरह़बा
ह़क़ के तुम आईना दार अह्लंव व सह्लन मरह़बा
अपने रब के राज़दार अह्लंव व सह्लन मरह़बा
ग़ैब तुम पर आशकार अह्लंव व सह्लन मरह़बा
या शहे आ़ली वक़ार अह्लंव व सह्लन मरह़बा
बादशाहे नामदार अह्लंव व सह्लन मरह़बा
ग़मज़दों के ग़म गुसार अह्लंव व सह्लन मरह़बा
बे क़रारों के क़रार अह्लंव व सह्लन मरह़बा
दो[2] जहां के ताजदार अह्लंव व सह्लन मरह़बा
सरवरे बा इख़्तियार अह्लंव व सह्लन मरह़बा

मर्हमे क़ल्बे फ़िगार अह्लंव व सह्लन मरह़बा
मेरा बिगड़ा दिल संवार अह्लंव व सह्लन मरह़बा

इ़ज़्ज़ते रुस्वा व ज़ार अह्लंव व सह्लन मरह़बा
कुव्वते ज़ारो नज़ार अह्लंव व सह्लन मरह़बा

आ गए दुन्या में यार अह्लंव व सह्लन मरह़बा
आया हर शै पर निखार अह्लंव व सह्लन मरह़बा

कर मुनव्वर क़ल्बे तार अह्लंव व सह्लन मरह़बा
दूर हो दिल का गुबार अह्लंव व सह्लन मरह़बा

सब से बढ़ कर कामगार अह्लंव व सह्लन मरह़बा
बाइसे बाग़ो बहार अह्लंव व सह्लन मरह़बा

जल्वा कर दे आशकार अह्लंव व सह्लन मरह़बा
हो फ़िदा अ़त्तारे ज़ार अह्लंव व सह्लन मरह़बा

आमदे मुस्त़फ़ा मरह़बा मरह़बा

आमदे मुस्त़फ़ा मरह़बा मरह़बा
अह़मदे मुज्तबा मरह़बा मरह़बा
या शफ़ीअ़ल वरा मरह़बा मरह़बा
ख़ा-तमुल अम्बिया मरह़बा मरह़बा
या रसूले ख़ुदा मरह़बा मरह़बा
ऐ मेरे दिलरुबा मरह़बा मरह़बा
आए शम्सुदुह़ा मरह़बा मरह़बा
शाहे बदरुदुजा मरह़बा मरह़बा
आए नूरुल हुदा मरह़बा मरह़बा
शाहे ख़ैरुल वरा मरह़बा मरह़बा
आए मुश्किल कुशा मरह़बा मरह़बा
मेरे ह़ाजत रवा मरह़बा मरह़बा
रहबरो रहनुमा मरह़बा मरह़बा
शाहे हर दो सरा मरह़बा मरह़बा
रह़मते किब्रिया मरह़बा मरह़बा
शाहे अर्ज़ो समा मरह़बा मरह़बा
या ह़बीबे ख़ुदा मरह़बा मरह़बा
सय्यिदुल अत्क़िया मरह़बा मरह़बा
दिलबरे आमिना मरह़बा मरह़बा
वालिदे फ़ात़िमा मरह़बा मरह़बा
आए सदरुल उ़ला मरह़बा मरह़बा
सब लगाओ सदा मरह़बा मरह़बा
ऐ सिराजे मुनीर ऐ अ़लीमो ख़बीर
सरवरे अम्बिया मरह़बा मरह़बा
आमिना के यहां शाहे कौनो मकां
आए गुल पड़ गया मरह़बा मरह़बा
है शफ़ाअ़त का ताज जिन के सर पर वोह आज
आ गए मरह़बा मरह़बा मरह़बा
आए प्यारे नबी हर त़रफ़ थी ख़ुशी
चार सू शोर था मरह़बा मरह़बा

ठन्डी ठन्डी हवा महकी महकी फ़ज़ा गुनगुनाती सबा मरहबा मरहबा
फूल खिलने लगे ना'त कहने लगे हर शजर झूम उठा मरहबा मरहबा
अब्रे रह़मत उठा और बरसने लगा कैफ़ सा छा गया मरहबा मरहबा
चार सू चांदनी हर त़रफ़ रोशनी जा बजा नूर था मरहबा मरहबा
थी हवा मुश्कबार आई हर सू बहार निखरी निखरी फ़ज़ा मरहबा मरहबा
वाइ़ज़े ख़ुश बयां उन का हर ना'त ख़्वां कहता है कहता था मरहबा मरहबा
है बड़ा मर्तबा माहे मीलाद का इस में आए पिया मरहबा मरहबा
मुंह उजाला हुवा बोलबाला हुवा हर मुसल्मान का मरहबा मरहबा
हर सनम[1] गिर पड़ा का'बा कहने लगा आ गए मुस्त़फ़ा मरहबा मरहबा
दूर अंधेरा हुवा लो सवेरा हुवा आ गए मुस्त़फ़ा मरहबा मरहबा
धूम सल्ले अ़ला की मची हर जगह आ गए मुस्त़फ़ा मरहबा मरहबा
बे क़रारो सुनो दिल फ़िगारो[2] सुनो आ गए मुस्त़फ़ा मरहबा मरहबा
मर्ग़ ज़ारो[3] सुनो रेगज़ारो सुनो आ गए मुस्त़फ़ा मरहबा मरहबा
गुल अ़ज़ारो[4] सुनो माह पारो सुनो आ गए मुस्त़फ़ा मरहबा मरहबा
शानदारो सुनो जानदारो सुनो आ गए मुस्त़फ़ा मरहबा मरहबा

مدینہ

1 : बुत 2 : ज़ख़्मी दिल वालो 3 : मर्ग़ या'नी हरी घास "मर्ग़ ज़ार" या'नी जहां हरी घास फैली हुई हो। 4 : फूल जैसे गाल वाला बच्चा, ख़ूब सूरत बच्चा

ऐ दुलारो सुनो मेरे प्यारो सुनो आ गए मुस्त़फ़ा मरह़बा मरह़बा
मेरे यारो सुनो दोस्त दारो सुनो आ गए मुस्त़फ़ा मरह़बा मरह़बा
आबशारो सुनो तेज़ धारो सुनो आ गए मुस्त़फ़ा मरह़बा मरह़बा
शाख़सारो[1] सुनो ख़ारज़ारो[2] सुनो आ गए मुस्त़फ़ा मरह़बा मरह़बा
ऐ बहारो सुनो तुम नज़ारो सुनो आ गए मुस्त़फ़ा मरह़बा मरह़बा
चांद तारो सुनो तुम भी ग़ारो सुनो आ गए मुस्त़फ़ा मरह़बा मरह़बा
लालाज़ारो[3] सुनो मन्जधारो[4] सुनो आ गए मुस्त़फ़ा मरह़बा मरह़बा
ताजदारो सुनो मालदारो सुनो आ गए मुस्त़फ़ा मरह़बा मरह़बा
ऐ कहारो[5] सुनो तुम सुनारो सुनो आ गए मुस्त़फ़ा मरह़बा मरह़बा
हो-नहारो सुनो होशियारो सुनो आ गए मुस्त़फ़ा मरह़बा मरह़बा
राज़दारो सुनो रोज़ादारो सुनो आ गए मुस्त़फ़ा मरह़बा मरह़बा
कामदारो[6] सुनो कामगारो[7] सुनो आ गए मुस्त़फ़ा मरह़बा मरह़बा
शह सुवारो[8] सुनो नामदारो[9] सुनो आ गए मुस्त़फ़ा मरह़बा मरह़बा
ईदे मीलाद है किस क़दर शाद है क़ल्ब, अ़त्तार का मरह़बा मरह़बा

مدینہ

1 : दरख़्तों का झुन्ड 2 : कांटों भरा जंगल 3 : या'नी गुलज़ार 4 : दरिया के बीच की धार 5 : पालकी उठाने वाला 6 : कारकुन ओ़हदे दार 7 : खुश नसीब 8 : घोड़े सुवार 9 : आ़ली जनाब

हो मुबारक अहले ईमां ईदे मीलादुन्नबी

हो मुबारक अहले ईमां ईदे मीलादुन्नबी
हो गई क़िस्मत दरख़्शां ईदे मीलादुन्नबी

ख़ूब ख़ुश हैं हूरो ग़िल्मां ईदे मीलादुन्नबी
हर मलक शादां व फ़रहां ईदे मीलादुन्नबी

चार सू हैं क्या छमाछम रहमतों की बारिशें
झूमते हैं अब्रे बारां ईदे मीलादुन्नबी

नूर की फूहार बरसी चार सू है रोशनी
हो गया घर घर चराग़ां ईदे मीलादुन्नबी

चार जानिब धूम है सरकार के मीलाद की
झूमता है हर मुसल्मां ईदे मीलादुन्नबी

अ़र्श पर चारों त़रफ़ सल्ले अ़ला की धूम है
आ गए हैं नूरे यज़्दां ईदे मीलादुन्नबी

गुन्चे चटके, फूल महके हर त़रफ़ आई बहार
हो गई सुब्हे बहारां ईदे मीलादुन्नबी
जानते हो क्यूं है रोशन आस्मां पर कह्कशां
है किया ह़क़ ने चराग़ां ईदे मीलादुन्नबी
हम न क्यूं रोशन करें घर घर दिये मीलाद के
खुद करे जब ह़क़ चराग़ां ईदे मीलादुन्नबी
ईदे मीलादुन्नबी तो ईद की भी ईद है
बिल यक़ीं है ईदे ईदां ईदे मीलादुन्नबी
ईदे मीलादुन्नबी पर जो भी करता है खुशी
उस पे गुर्राता है शैत़ां ईदे मीलादुन्नबी
आमिना के घर मुह़म्मद की विलादत हो गई
ख़ूब झूमो अहले ईमां ईदे मीलादुन्नबी
आओ दीवानो ! चलो सब आमिना के घर चलें
नूर से भर लाएं दामां ईदे मीलादुन्नबी
ख़ूब झूमो ऐ गुनहगारो ! तुम्हारी ईद है
हो गया बख़्शिश का सामां ईदे मीलादुन्नबी

ग़म के मारो ! बे सहारो ! बस तुम्हारी ईद है
हो गया राहत का सामां ईदे मीलादुन्नबी

बे क़रारो ! दिल फ़िगारो ! बस तुम्हारी ईद है
क्यूं हो हैरानो परेशां ईदे मीलादुन्नबी

ग़म नसीबो ! अब ग़मों का दूर अंधेरा हो गया
तुम मनाओ ख़ूब ख़ुशियां ईदे मीलादुन्नबी

खिल उठे मुरझाए दिल और जान में जान आ गई
आ गए हैं जाने जानां ईदे मीलादुन्नबी

बे कसों के दिन फिरे और ग़म के मारे हंस पड़े
हो गया ख़ुशियों का सामां ईदे मीलादुन्नबी

اِنْ شَآءَاللّٰه आज "ईदी" में मिलेगी मग़्फ़िरत
है जभी शैतां परेशां ईदे मीलादुन्नबी

या नबी ! अपनी विलादत की ख़ुशी में अपना ग़म
दीजिये तयबा के सुल्तां ईदे मीलादुन्नबी

ईदे मीलादुन्नबी का वासिता अत्तार को
बख़्श दे ऐ रब्बे रहमां ईदे मीलादुन्नबी

ख़ुशियां मनाओ भाइयो ! सरकार आ गए

ख़ुशियां मनाओ भाइयो ! सरकार आ गए सरकार आ गए, शहे अबरार आ गए
सब झूम झूम कर कहो सरकार आ गए दोनों[2] जहां के मालिको मुख़्तार आ गए
वोह ग़मज़दों के हामी व ग़म ख़्वार आ गए दुखियों के बे कसों के मददगार आ गए
वोह मुस्कराते ख़ल्क़ के सरदार आ गए चमकाते अपना चेहरा चमकदार आ गए
है चार जानिब आज जश्ने आमदे रसूल दुन्या में आज नबियों के सालार आ गए
ख़ुशियों के लम्हात आ गए दीवाने झूम उठे ईदों की ईद आ गई सरकार आ गए
दाई हलीमा मैं तेरी तक़्दीर पर निसार गोदी में तेरी अहमदे मुख़्तार आ गए
पढ़ते हुए दुरूद अब ता'ज़ीम को उठो उठ कर पढ़ो सलाम सब सरकार आ गए
दीवानो ! आओ आमिना बीबी के घर चलें सुब्हे बहारां हो गई सरकार आ गए
परचम कुशाई के लिये लो आमिना के घर रूहुल अमीं मलाइक के सरदार आ गए
लहराओ सब्ज़ परचम ऐ इस्लामी भाइयो ! घर घर करो चराग़ां सब सरकार आ गए

होते ही पैदा رَبِّ هَبْلِیْ اُمَّتِی कहा उम्मत की मग़्फ़िरत के त़लब गार आ गए
रख्खो गुनाहगारो न अब ख़ौफ़ ह़श्र का ऐ मुजरिमो ! तुम्हारे त़रफ़ दार आ गए
ऐ ग़मज़दो ! तुम्हारी तो बस ईद हो गई आफ़त ज़दो ! तुम्हारे मददगार आ गए
या रब ! करम हो अज़ पए मीलादे मुस्त़फ़ा बख़्शिश की आस ले के गुनहगार आ गए
सदक़ा हुज़ूर ! आप के मीलादे पाक का दे दो शिफ़ा गुनाहों के बीमार आ गए
सदक़ा बटेगा आज बीबी आमिना के घर कश्कोल ले के दौड़ते नादार आ गए

फूले नहीं समाते हैं अ़त्तार आज तो
दुन्या में आज आक़ाए अ़त्तार आ गए
उन के करम से ह़श्र में येह शोर मच गया
देखो वोह झूमते हुए **अ़त्तार** आ गए

फ़रमाने मुस्त़फ़ा صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم : जिस ने मुझ पर रोज़े **जुमुआ** दो सो बार दुरूदे पाक पढ़ा उस के **दो सो** साल के गुनाह मुआ़फ़ होंगे । (کَنْزُ الْعُمّال ج ۱ ص ۲۵۶ حدیث ۲۲۳۸)

झूम कर सारे पुकारो मरह़बा या मुस्त़फ़ा

झूम कर सारे पुकारो **मरह़बा या मुस्त़फ़ा** चूम कर लब कह दो यारो मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

कह कर ऐ इ़स्यां शिआ़रो **मरह़बा या मुस्त़फ़ा** **बिगड़ी क़िस्मत को संवारो मरह़बा या मुस्त़फ़ा**

मुफ़्लिसो, ग़ुरबत के मारो **मरह़बा या मुस्त़फ़ा** कह के दामन को पसारो मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

तुम भी कह दो मालदारो मरह़बा **या मुस्त़फ़ा** **बादशाहो, नामदारो मरह़बा या मुस्त़फ़ा**

सब पुकारो बे क़रारो मरह़बा **या मुस्त़फ़ा** कह दो ऐ फ़ुरक़त के मारो मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

कह दो रन्जो ग़म के मारो मरह़बा **या मुस्त़फ़ा** आओ हिम्मत अब न हारो मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

सब पुकारो दिल फ़िगारो मरह़बा **या मुस्त़फ़ा** ऐ यतीमो ! बे सहारो मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

कह दो ऐ सज्दा गुज़ारो मरह़बा **या मुस्त़फ़ा** तुम भी कह दो रोज़ादारो मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

सब पुकारो राज़दारो मरह़बा **या मुस्त़फ़ा** तुम भी कह दो पर्दादारो मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

कह दो का'बे के मनारो मरह़बा **या मुस्त़फ़ा** सब्ज़ गुम्बद के नज़ारो मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

तुम भी कह दो ख़ारज़ारो मरह़बा **या मुस्त़फ़ा** बाग़े आ़लम की बहारो मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

सब पुकारो आबशारो मरह़बा **या मुस्त़फ़ा** वादियो और कोहसारो मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

तुम भी कह दो मर्ग़ ज़ारो मरह़बा **या मुस्त़फ़ा** बाग़ के रंगीं नज़ारो मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

कह दो तुम भी चांद तारो मरहबा **या मुस्तफ़ा** पन्छियों की उड़ती डारो मरहबा **या मुस्तफ़ा**

बोल उठो ऐ शीर ख़्वारो मरहबा **या मुस्तफ़ा** माहपारो गुल अ़ज़ारो मरहबा **या मुस्तफ़ा**

क्यूं नहीं कहते हो प्यारो मरहबा **या मुस्तफ़ा** कह भी दो ना अब दुलारो मरहबा **या मुस्तफ़ा**

चलते चलते ही पुकारो मरहबा **या मुस्तफ़ा** ऐ पियादो और सुवारो मरहबा **या मुस्तफ़ा**

सब पुकारो चौबदारो मरहबा **या मुस्तफ़ा** ऐ जहां के ताजदारो मरहबा **या मुस्तफ़ा**

तुम भी कह दो रेगज़ारो मरहबा **या मुस्तफ़ा** महके फूलो और ख़ारो मरहबा **या मुस्तफ़ा**

कह दो दरिया के कनारो मरहबा **या मुस्तफ़ा** बहूर की ऐ तेज़ धारो मरहबा **या मुस्तफ़ा**

तुम भी कह दो शाख़सारो मरहबा **या मुस्तफ़ा** ऐ पहाड़ों की क़ितारो मरहबा **या मुस्तफ़ा**

धूम है अ़त्तार हर सू शाह के मीलाद की

झूम कर तुम भी पुकारो मरहबा **या मुस्तफ़ा**

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : मुझ पर दुरूदे पाक की कसरत करो बेशक येह तुम्हारे लिये तहारत है।

(ابویَعْلٰی ج ٥ ص ٤٥٨ حدیث ٦٣٨٣)

आज है जश्ने विलादत मरह़बा या मुस्त़फ़ा

आज है जश्ने विलादत मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**
आज आए जाने रह़मत मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

मरह़बा महरे रिसालत मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**
मरह़बा माहे नुबुव्वत मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

आमदे शाहे मदीना मरह़बा सद मरह़बा
मरह़बा ऐ जाने रह़मत मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

मरह़बा आक़ा की आमद मरह़बा नूरे ख़ुदा
हो गई काफ़ूर ज़ुल्मत मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

आज दुन्या में विलादत मुस्त़फ़ा की हो गई
ख़ूब चमकी अपनी क़िस्मत मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

का'बा सज्दे को झुका बुत सारे औंधे गिर पड़े
आ गई शैत़ां की शामत मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

आ गए सरकार हर सू बारिशे अन्वार है
झूमते हैं अब्रे रह़मत मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

चार सू हैं रह़मतों की क्या छमाछम बारिशें !
आए लम्ह़ाते मुसर्रत मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

मरह़बा की धूम मचाओ सब पुकारो मरह़बा
झूम कर अहले मह़ब्बत मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

आज घर घर रोशनी है सब्ज़ परचम हैं बुलन्द
झूमते हैं अहले सुन्नत मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

ईदे मीलादुन्नबी तो ईद की भी ईद है
शादमां है ख़ुद मुसर्रत मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

जश्ने मीलादुन्नबी की धूम है चारों त़रफ़
मस्त हैं अहले मह़ब्बत मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

ख़ूब गाती थीं तराने दफ़ बजा कर बच्चियां
हर त़रफ़ कहती थी ख़ल्क़त मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

आ गई उठ्ठो सुवारी आमिना के लाल की
उन से मांगो उन की उल्फ़त मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

ले के कश्कोल ऐ फ़क़ीरो आमिना के घर चलो
मांग लो जो चाहो ने'मत मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

या नबी ! अपनी विलादत की ख़ुशी में दीजिये
खुल्द में अपनी रफ़ाक़त मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

वासित़ा तुम को विलादत का मदीने में जगह
मुझ को दे दो बहरे तुरबत मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

दे दो तुम **अ़त्त़ार** को ईदी में चश्मे अश्कबार
अपना ग़म दो अपनी उल्फ़त मरह़बा **या मुस्त़फ़ा**

क्यूं बारहवीं पे है सभी को प्यार आ गया

क्यूं बारहवीं पे है सभी को प्यार आ गया
आया इसी दिन अह़मदे मुख़्तार आ गया
घर आमिना के सय्यिदे अबरार आ गया
ख़ुशियां मनाओ ग़मज़दो ग़म ख़्वार आ गया
जिस वक़्त कोई मरह़ला दुश्वार आ गया
काम आमिना का दिलबरो दिलदार आ गया
बरसीं घटाएं रह़मतों की झूम झूम कर
रह़मत सरापा जब मेरा सरदार आ गया
अ़र्सा जुदाई को हुवा अब तो बुलाइये
फिर काश ! रो रो कर कहूं सरकार आ गया
आऊंगा जब मदीने तो रो कर कहूंगा मैं
भागा हुवा येह तेरा गुनहगार आ गया
बारे गुनाह सर पर है आंखों में अश्क हैं
बख़्शिश की आस ले के गुनहगार आ गया
मुझ को शिफ़ा दो या नबी म-रज़े गुनाह से
दर पे तुम्हारे इ़स्यां का बीमार आ गया
बीमार अपने इ़श्क़ का मुझ को बनाइये
येह अ़र्ज़ ले के दर पे मैं सरकार आ गया

कासा लिये उम्मीद का सुल्त़ाने दो जहां
दर पे तुम्हारा त़ालिबे दीदार आ गया
ख़ाली न लौटा कोई भी दरबार से कभी
सुल्त़ान आया या कोई नादार आ गया
मुझ को भी अब तो शरबते दीदार हो अ़त़ा
कि दम लबों पे या शहे अबरार आ गया
ग़ौसो रज़ा का वासित़ा हम को बुलाइये
त़यबा पहुंच कर सब कहें दरबार आ गया
जूते उतार लो चलो बा होश बा अदब
देखो मदीने का ह़सीं गुलज़ार आ गया
अब सर झुकाए बा अदब पढ़ते हुए दुरूद
रोते हुए आगे बढ़ो दरबार आ गया
अश्कों के मोती अब निछावर ज़ाइरो करो
वोह सब्ज़ गुम्बद मम्बए अन्वार आ गया
ऐ आ़सियो ! अब दौड़ कर क़दमों में जा पड़ो
वोह बे कसों का या-वरो ग़म ख़्वार आ गया
अब मुस्कराते आइये सूए गुनाहगार
आक़ा अंधेरी क़ब्र में अ़त्त़ार आ गया
अ़त्त़ार को जो देखा उठा ह़श्र में येह शोर
देखो गुलामे सय्यिदे अबरार आ गया

ईदे मीलादुन्नबी है दिल बड़ा मसरूर है

ईदे मीलादुन्नबी है दिल बड़ा मसरूर है
ईद दीवानों की तो बारह रबीउ़न्नूर है

इस त़रफ़ जो नूर है तो उस त़रफ़ भी नूर है
ज़र्रा ज़र्रा सब जहां का नूर से मा'मूर है

हर मलक है शादमां ख़ुश आज हर इक हूर है
हां ! मगर शैत़ान मअ़ रु-फ़क़ा बड़ा रन्जूर है

आमदे सरकार से ज़ुल्मत हुई काफ़ूर है
क्या ज़मीं क्या आस्मां हर सम्त छाया नूर है

जश्ने मीलादुन्नबी है क्यूं न झूमें आज हम
मुस्कराती हैं बहारें सब फ़ज़ा पुरनूर है

ग़म के बादल छट गए हर ग़म का मारा झूम उठा
आ गया ख़ुशियां लिये माहे रबीउ़न्नूर है

ख़ूब दीवानो ! पढ़ो तुम सब दुरूद अब झूम झूम
आज वोह आया जहां में जो सरापा नूर है

आमिना तुझ को मुबारक शाह का मीलाद हो
तेरा आंगन नूर बल्कि घर का घर सब नूर है

ग़मज़दो ! तुम को मुबारक ! ग़म ग़लत़ हो जाएंगे
आ गया वोह जिस के सदक़े हर बला काफ़ूर है

आज दीवाने मदीने के सभी हैं शादमां
मीठे आक़ा की विलादत से हर इक मसरूर है

बख़्श दे मुझ को इलाही बहरे मीलादुन्नबी
नामए आ'माल इस्यां से मेरा भरपूर है

गुम्बदे ख़ज़रा का उस को भी तो अब दीदार हो
या इलाही ! जो मदीने से अभी तक दूर है

आप की नज़रे करम से काम बनते ही गए
वरना आक़ा येह गदा तो बे बसो मजबूर है

या इलाही ! अपने प्यारे का अ़ता हो ग़म मुझे
खुश नसीबी उस की उन के ग़म में जो रन्जूर है

शान क्या प्यारे इमामे की बयां हो या नबी
तेरी ना'ले पाक का हर ज़र्रा रश्के तूर है

सद करोड़ अफ़्सोस ! फ़ेशन की नुहूसत छा गई
आह ! इक ता'दाद उन की सुन्नतों से दूर है

''हूं गुलामे मुस्त़फ़ा'' अ़त्तार का दा'वा है येह
काश ! आक़ा भी येह फ़रमा दें हमें मन्ज़ूर है

वोह पिला मै अहले महशर देखते ही बोल उठें
आ गया अ़त्तार देखो इश्क़ में मख़्मूर है

न क्यूं आज झूमें कि सरकार आए

न क्यूं आज झूमें कि सरकार आए खुदा की खुदाई के मुख़्तार आए
न क्यूं बारहवीं पे हमें प्यार आए कि आए इसी रोज़ सरकार आए
वोह आए दो[2] आ़लम के मुख़्तार आए लो आज आए उम्मत के ग़म ख़्वार आए
मुसर्रत से हम क्यूं न धूमें मचाएं हमारे शहन्शाहो सरदार आए
मुसल्मानो ! सुब्हे़ बहारां मुबारक वोह बरसाते अन्वार सरकार आए
मुबारक तुझे आमिना हो मुबारक तेरे घर शहन्शाहे अबरार आए
मुबारक ह़लीमा तुझे भी मुबारक तेरे घर में नबियों के सरदार आए
मुबारक तुम्हें ग़म के मारो मुबारक मुदावाए ग़म बन के ग़म ख़्वार आए
सुवाल अपनी उम्मत की बख़्शिश का करते वोह हम आ़सियों के त़रफ़दार आए
यतीमों के वाली ग़रीबों के ह़ामी वोह आफ़त ज़दों के मददगार आए
मुसीबत के मारों की ढारस बंधाने शिकस्ता दिलों के वोह दिलदार आए

सियाही हमारे गुनाहों की धोने बहाते हुए अश्क सरकार आए
जहां में वोह सिक्का बिठाने को दीं का मिटाने वोह बातिल के आसार आए
न क्यूं आज जश्ने विलादत मनाएं नज़र रब की रहमत के आसार आए
अ़दद हम को बारह का क्यूं हो न प्यारा कि बारह थी तारीख़ जब यार आए
घटा छा गई हर त़रफ़ रह़मतों की वोह लहराते गेसूए ख़मदार आए
चलो ऐ गदाओ, चलो बे नवाओ लुटाते वोह ने'मत के अम्बार आए
दुरूदों के गजरे लिये अब बढ़ो तुम वोह आए रसूलों के सालार आए
"नहीं" जिन की प्यारी ज़बां पर नहीं है वोह मक्के में सख़ियों के सरदार आए
विलादत का सदक़ा जियूं मैं जहां तक न नज़दीक दुन्याए बेकार आए
विलादत का सदक़ा हमें अपना ग़म दो शहा चश्मे नम के त़लब गार आए
विलादत का सदक़ा हो अख़्लाक़ अच्छा कभी न हंसी हम को बेकार आए
विलादत का सदक़ा गुनाहों से नफ़रत हो, अच्छाइयों से मुझे प्यार आए

विलादत का सदक़ा बक़ीए मुबारक की दो[2] गज़ ज़मीं के तलब गार आए
विलादत का सदक़ा हों पाबन्दे सुन्नत हमें आ़र फ़ेशन से सरकार आए
विलादत का सदक़ा बयां में असर दो हो इस्लाह़ उस की जो बदकार आए
विलादत का सदक़ा मदीने में आक़ा मुझे मौत ऐ मेरे सरकार आए
विलादत का सदक़ा निक़ाब अब उठा दो लिये हम सब उम्मीदे दीदार आए
विलादत का सदक़ा जगह बहरे मर्कज़[1] मिले येह लिये अ़र्ज़ सरकार आए
विलादत का सदक़ा पड़ोसी बनाना शहा ख़ुल्द में जब येह बदकार आए

विलादत का सदक़ा शहा ज़िन्दगी भर
मदीने में हर साल अ़त्तार आए

مدینہ

1 : اَلْحَمْدُ لِلّٰہ عَزَّوَجَلَّ विलादते पाक के सदक़े बाबुल मदीना कराची में पुरानी सब्ज़ी मन्डी के पास दा'वते इस्लामी के लिये तक़रीबन दस हज़ार गज़ जगह मिली और अब वहां आ़लमी म-दनी मर्कज़ फ़ैज़ाने मदीना और जामिअ़तुल मदीना की आ़लीशान इ़मारत क़ाइम है।

है आज जश्ने विलादत नबी की आमद है

(14 स-फ़रुल मुज़फ़्फ़र सि. 1428 हि. को येह कलाम क़लम बन्द किया गया)

है आज जश्ने विलादत नबी की आमद है जलाओ शम्ए महब्बत नबी की आमद है
जहां में बजती है नौबत नबी की आमद है सुनाओ सब को बिशारत नबी की आमद है
हुई खुदा की इनायत नबी की आमद है सजाए ताजे शफ़ाअत नबी की आमद है
गुलों पे छा गई नुज़्हत नबी की आमद है चमन में फैली है नक्हत नबी की आमद है
है इक अजीब सी फ़रहत नबीकी आमद है दिलों पे तारी मुसर्रत नबी की आमद है
न क्यूं हो वज्द में क़िस्मत नबी की आमद है नहीं खुशी की निहायत नबी की आमद है
इलाही ! कर लूं ज़ियारत नबीकी आमद है अता हो चश्मे बसीरत नबी की आमद है
है खूब बारिशे रहमत नबी की आमद है नहा लो पाओगे ब-र-क्त नबी की आमद है
हुवा है वा दरे रहमत नबी की आमद है खुदा से मांग लो जन्नत नबी की आमद है
बराए रुश्दो हिदायत नबी की आमद है सुनाने नेकी की दा'वत नबी की आमद है
अदू पे छाई है हैबत नबी की आमद है मिली है खाक में नख़्वत नबी की आमद है
बुतों की आ गई शामत नबी की आमद है मिटेगी कुफ़्र की जुल्मत नबी की आमद है

खुशी की आ गई साअ़त नबी की आमद है मनाओ जश्ने विलादत नबी की आमद है

सजाओ घर को चराग़ां करो महल्ले में मनाओ जश्ने विलादत नबी की आमद है

मचाओ धूम सभी मरहबा के ना'रों की मनाओ जश्ने विलादत नबी की आमद है

सजा दो कूचा व बाज़ार सब्ज़ झन्डों से मनाओ जश्ने विलादत नबी की आमद है

पुकारो ज़ोर से दीवानो! **या रसूलल्लाह** मिलेगी क़ल्ब को राहत नबी की आमद है

उठो अदब से सलातो सलाम पढ़ते हैं अब आया वक़्ते विलादत नबी की आमद है

पढ़ो सलाम करो डूब कर महब्बत में दुरूदे पाक की कसरत नबी की आमद है

करम के दर हैं खुले झूम कर बरसती है खुदाए पाक की रहमत नबी की आमद है

करो खुदा से दुआ़एं न होगी मायूसी खुला है बाबे इजाबत नबी की आमद है

है शाद शाद मुसल्मां मगर अ़दू नाखुश है टूटी उस पे क़ियामत नबी की आमद है

जुलूसे जश्ने विलादत में ना'त की धूमें मचाओ है येह सआ़दत नबी की आमद है

खुशी से आज तो लोटूंगा खूब मचलूंगा जहां में माहे रिसालत नबी की आमद है

घर आमिना के चलो चल के अ़र्ज़ करते हैं हमें हो भीक इनायत नबी की आमद है

ऐ ग़मज़दो ! हो मुबारक कि ग़म ग़लत़ होंगे मिलेगी अब तुम्हें राह़त नबी की आमद है
ख़ुशी से फूले समाते नहीं हैं उ़श्शाक़ आज है छाई रुख़ पे बशाशत नबी की आमद है
करो गुनाहों से तौबा तो ख़ुश ख़ुदा होगा बहाओ अश्के नदामत नबी की आमद है
इलाही ! जश्ने विलादत का वासित़ा हम को अ़ज़ाब से दे बराअत नबी की आमद है
बढ़ा के कासए दिल आज मांग लो मंगतो तुम उन से उन की मह़ब्बत नबी की आमद है
न मांगने में कसर साइलो कोई रखना जो चाहो मांग लो ने'मत नबी की आमद है
सभी नबी सफ़ें बांधे खड़े हैं अक़्सा में हुई बराए इमामत नबी की आमद है
अंधेरी गोर में घबराओ मत गुनहगारो लो कर लो तुम भी ज़ियारत नबी की आमद है
जो ख़ुश नसीब हैं वोह अपने रब की रह़मत से पियेंगे दीद का शरबत नबी की आमद है
गुनाहगारो लिपट जाओ आज क़दमों से करम से पाओगे जन्नत नबी की आमद है
अंधेरा घुप था चकाचौंद हो गई यकदम बि फ़ज़्लिही मेरी तुरबत नबी की आमद है
करम की बारिशें होंगी ऐ मुजरिमो तुम पर ज़रा भी आज डरो मत नबी की आमद है
फ़िरिश्तगाने अ़ज़ाब अब तो छोड़ दो मुझ को हुई बराए शफ़ाअ़त नबी की आमद है

लिपट के दामने रह़मत से क़ब्र में अ़त्तार
निकालो आज तो ह़सरत नबी की आमद है

जब तलक येह चांद तारे झिलमिलाते जाएंगे

जब तलक येह चांद तारे झिलमिलाते जाएंगे
तब तलक जश्ने विलादत हम मनाते जाएंगे

उन के आ़शिक़ नूर की शम्एं जलाते जाएंगे
जब कि ह़ासिद दिल जलाते सटपटाते जाएंगे

ना'ते महबूबे ख़ुदा सुनते सुनाते जाएंगे
या रसूलल्लाह का ना'रा लगाते जाएंगे

ह़श्र तक जश्ने विलादत हम मनाते जाएंगे
"मरह़बा या मुस्त़फ़ा" की धूम मचाते जाएंगे

चार जानिब हम दिये घी[1] के जलाते जाएंगे
घर तो घर सारे, महल्ले को सजाते जाएंगे

مدینہ

1 : "घी के दिये जलाना" मुह़ावरा है इस के मा'ना हैं, "बहुत ज़ियादा ख़ुशी मनाना।" (हो सके तो ना'त ख़्वान साह़िबान वज़ाह़त फ़रमा दिया करें)

हम रबीउ़न्नूर में झन्डे हरे लहराएंगे
सारी गलियां रोशनी से जगमगाते जाएंगे
ईदे मीलादुन्नबी की शब चराग़ां कर के हम
क़ब्र नूरे मुस्त़फ़ा से जगमगाते जाएंगे
हम जुलूसे जश्ने मीलादुन्नबी में झूम कर
रास्ते भर मरह़बा की धूम मचाते जाएंगे
लाख शैत़ां हम को रोके फ़ज़्ले रब से ता अबद
जश्न आक़ा की विलादत का मनाते जाएंगे
झूम कर सारे कहो, आक़ा की आमद मरह़बा
ह़श्र में भी हम येही ना'रा लगाते जाएंगे
या रसूलल्लाह का ना'रा लगाओ ज़ोर से
उन के दुश्मन मुंह फुलाते बुड़बुड़ाते जाएंगे

तुम करो जश्ने विलादत की ख़ुशी में रोशनी
वोह तुम्हारी गोरे तीरह जगमगाते जाएंगे

दो[2] जहां के शाह की शाही सुवारी आ गई
रह़मतों के वोह ख़ज़ाने अब लुटाते जाएंगे

आ रहे हैं शाफ़ेए़ महशर उठो ऐ आ़सियो !
हम गुनहगारों को ह़क़ से बख़्शवाते जाएंगे

हो गई सुब्हे़ बहारां कैफ़ आवर है समां
ख़ुश नसीबों को वोह अब जल्वा दिखाते जाएंगे

सुब्हे़ सादिक़ हो गई सब आमिना के घर चलें
नूर की बरसात होगी हम नहाते जाएंगे

ज़िक्रे मीलादे मुबारक कैसे छोड़ें हम भला
जिन का खाते हैं उन्हीं के गीत गाते जाएंगे

मुन्अ़क़िद करते रहेंगे इज्तिमाए़ ज़िक्रो ना'त
धूम उन की ना'त ख़्वानी की मचाते जाएंगे

कर लो निय्यत ख़ूब कोशिश कर के हम अपना अ़मल
''म-दनी इन्आ़मात'' पर हर दम बढ़ाते जाएंगे

कर लो निय्यत सुन्नतों की तरबिय्यत के वासिते़
क़ाफ़िलों में हम सफ़र करते कराते जाएंगे

ख़ूब बरसेंगी जनाज़े़ पर ख़ुदा की रह़मतें
क़ब्र तक सरकार की ना'तें सुनाते जाएंगे

ह़श्र में ज़ेरे लिवाए ह़म्द ऐ अ़त्तार हम
ना'ते सुल्त़ाने मदीना गुनगुनाते जाएंगे

इमाम अह़मद रज़ा ख़ान عَلَيْهِ رَحْمَةُ الرَّحْمٰن फ़रमाते हैं : हमेशा बा वुज़ू रहना मुस्तह़ब है।

मनाना जश्ने मीलादुन्नबी हरगिज़ न छोड़ेंगे

मनाना जश्ने मीलादुन्नबी हरगिज़ न छोड़ेंगे
जुलूसे पाक में जाना कभी हरगिज़ न छोड़ेंगे
खुदा के दोस्तों से दोस्ती हरगिज़ न छोड़ेंगे
नबी के दुश्मनों की दुश्मनी हरगिज़ न छोड़ेंगे
खुदाए पाक की रस्सी कभी हरगिज़ न छोड़ेंगे
नहीं छोड़ेंगे दामाने नबी हरगिज़ न छोड़ेंगे
लगाते जाएंगे हम या रसूलल्लाह के ना'रे
मचाना मरहबा की धूम भी हरगिज़ न छोड़ेंगे
जो चाहो मांग लो दरवाज़ए रहमत खुला है आज
तुम्हें ख़ाली विलादत की घड़ी हरगिज़ न छोड़ेंगे
खुशी हम हश्र तक जश्ने विलादत की मनाएंगे
सजावट और करना रोशनी हरगिज़ न छोड़ेंगे
अगर्चे जान भी देनी पड़ी तो शौक़ से देंगे
मगर ना'ते नबी पढ़ना कभी हरगिज़ न छोड़ेंगे

नबी के नाम पर सो जान से क़ुरबान हो जाएं
गुलामाने नबी ज़िक्रे नबी हरगिज़ न छोड़ेंगे
जो कोई जिस का खाता है उसी के गीत गाता है
नबी के गीत गाना हम कभी हरगिज़ न छोड़ेंगे
अगर्चे रास्ते में लाख रोड़े कोई अटकाए
रहे उल्फ़त पे चलना हम कभी हरगिज़ न छोड़ेंगे
कमाने मालो ज़र दर दर फिरे अपनी बला हम तो
न छोड़ेंगे मदीने की गली हरगिज़ न छोड़ेंगे
ऐ मेरे भाइयो ! है तुम से म-दनी इल्तिजा मेरी
पुकारो हम रज़ा की पैरवी हरगिज़ न छोड़ेंगे
सहाबा और वलियों की महब्बत दिल में डाली है
लिहाज़ा दा'वते इस्लामी भी हरगिज़ न छोड़ेंगे
हमारा अ़ह्द है कि दा'वते इस्लामी को हरगिज़
कभी भी हम न छोड़ेंगे कभी हरगिज़ न छोड़ेंगे
तसल्ली रख न हो मायूस क़ब्रो ह़श्र में अ़त्तार
तुझे तन्हा रसूले हाशिमी हरगिज़ न छोड़ेंगे

आ़शिक़ाने रसूल

(18 मुह़र्रमुल ह़राम सि. 1432 हि. को येह कलाम मौज़ूं किया गया)

आज हैं हर जगह आ़शिक़ाने रसूल महूवे ना'तो सना आ़शिक़ाने रसूल
जश्न, मीलाद का सब रहे हैं मना बन्दगाने ख़ुदा आ़शिक़ाने रसूल
जश्ने मीलाद से इ़श्क़ है प्यार है हैं मनाते सदा आ़शिक़ाने रसूल
माहे मीलाद में ख़ूब लहराइये घर पे झन्डा हरा आ़शिक़ाने रसूल
आमदे मुस्त़फ़ा मरह़बा मरह़बा सब लगाओ सदा आ़शिक़ाने रसूल
सीखने सुन्नतें, मस्जिद आओ चलें लाए हैं क़ाफ़िला आ़शिक़ाने रसूल
याद रखना सभी छोड़ना मत कभी दामने मुस्त़फ़ा आ़शिक़ाने रसूल
रह़मते किब्रिया तुम पे हो दाइमा है हमारी दुआ़ आ़शिक़ाने रसूल
तुम पे फ़ज़्ले ख़ुदा, रह़मते मुस्त़फ़ा हो बरोज़े जज़ा आ़शिक़ाने रसूल
काश ! दुन्या में तुम दो ब फ़ज़्ले ख़ुदा दीं का डंका बजा आ़शिक़ाने रसूल
तुम पे हो क़ब्र में हर जगह ह़श्र में सायए मुस्त़फ़ा आ़शिक़ाने रसूल
जो नमाज़ें पढ़ें, न ही रोज़े रखें उन को किस ने कहा ? आ़शिक़ाने रसूल
आ़लिमों पर हंसें, फब्तियां भी कसें उन को किस ने कहा ? आ़शिक़ाने रसूल

जो कि गाने सुनें, फ़िल्म बीनी करें उन को किस ने कहा ? आ़शिक़ाने रसूल
बद निगाही करें, बद कलामी करें उन को किस ने कहा ? आ़शिक़ाने रसूल
खाएं रिज़्क़े ह़राम, ऐसे हैं बद लगाम उन को किस ने कहा ? आ़शिक़ाने रसूल
अ़ह्द तोड़ा करें, झूट बोला करें उन को किस ने कहा ? आ़शिक़ाने रसूल
जो सताते रहें दिल दुखाते रहें उन को किस ने कहा ? आ़शिक़ाने रसूल
ग़ीबतों तोह्मतों, में जो मश्ग़ूल हों उन को किस ने कहा ? आ़शिक़ाने रसूल
गालियां जो बकें ऐ़ब भी न ढकें उन को किस ने कहा ? आ़शिक़ाने रसूल
न रखें दाढ़ियां, खाएं जो चुग़्लियां उन को किस ने कहा ? आ़शिक़ाने रसूल
काश ! अ़त्तार का त़यबा में ख़ातिमा हो करो येह दुआ़ आ़शिक़ाने रसूल

बुख़्ल की ता'रीफ़

هُوَ مَلَكَةُ اِمْسَاكِ الْمَالِ حَيْثُ يَجِبُ بَذْلُهٗ بِحُكْمِ الشَّرْعِ اَوِالْمُرُوْءَةِ या'नी जिस चीज़ को ख़र्च करना शरअ़न या मुरुव्वतन ज़रूरी हो वहां ख़र्च न करना। (حدیقہ ندیہ شرح طریقہ محمدیہ ج ۲ ص ۲۷)

ग़ीबत की ता'रीफ़

किसी (ज़िन्दा या मुर्दा) **शख़्स के पोशीदा ऐ़ब को** (जिस को वोह दूसरों के सामने ज़ाहिर होना, पसन्द न करता हो) **उस की बुराई करने के त़ौर पर ज़िक्र करना ।**

(बहारे शरीअ़त, हिस्सा : 16, स. 175, मक-त-बतुल मदीना, बाबुल मदीना कराची)

नौह़ा की ता'रीफ़

मय्यित के औसाफ़ मुबा-लग़ा के साथ (या'नी मय्यित की बढ़ा चढ़ा कर ता'रीफ़) **बयान कर के आवाज़ से रोना ।**

(बहारे शरीअ़त, जि. अव्वल, स. 584, मक-त-बतुल मदीना बाबुल मदीना)

जश्ने विलादत के मौक़अ़ पर लगाए जाने वाले "दा'वते इस्लामी" के मक़्बूल ना'रे

सरकार की आमद मरह़बा रसूल की आमद मरह़बा
सरदार की आमद मरह़बा अच्छे की आमद मरह़बा
सालार की आमद मरह़बा सच्चे की आमद मरह़बा
मुख़्तार की आमद मरह़बा सोहने की आमद मरह़बा
मन्ठार की आमद मरह़बा मोहने की आमद मरह़बा
दिलदार की आमद मरह़बा बशीर की आमद मरह़बा
ग़म ख़्वार की आमद मरह़बा नज़ीर की आमद मरह़बा
ताजदार की आमद मरह़बा मुनीर की आमद मरह़बा
शानदार की आमद मरह़बा बसीर की आमद मरह़बा
शह्र यार की आमद मरह़बा शहीर की आमद मरह़बा
शहे अबरार की आमद मरह़बा ख़बीर की आमद मरह़बा
मम्बए़ अन्वार की आमद मरह़बा ज़हीर की आमद मरह़बा
हुज़ूर की आमद मरह़बा रऊफ़ की आमद मरह़बा
पुरनूर की आमद मरह़बा रह़ीम की आमद मरह़बा
ग़यूर की आमद मरह़बा करीम की आमद मरह़बा
उस नूर की आमद मरह़बा नईम की आमद मरह़बा

मक़्बूल की आमद मरह़बा
आमिना के फूल की आमद मरह़बा
यासीन की आमद मरह़बा
त़ाहा की आमद मरह़बा
मुज़्ज़म्मिल की आमद मरह़बा
मुद्दस्सिर की आमद मरह़बा
प्यारे की आमद मरह़बा
औला की आमद मरह़बा
आ'ला की आमद मरह़बा
वाला की आमद मरह़बा
बाला की आमद मरह़बा
पेशवा की आमद मरह़बा
दिलबर की आमद मरह़बा
रहबर की आमद मरह़बा
अफ़्सर की आमद मरह़बा
सरवर की आमद मरह़बा

अ़लीम की आमद मरह़बा
ह़लीम की आमद मरह़बा
ह़कीम की आमद मरह़बा
अ़ज़ीम की आमद मरह़बा
आक़ा की आमद मरह़बा
दाता की आमद मरह़बा
मौला की आमद मरह़बा
जाने जानां की आमद मरह़बा
सय्याहे ला मकां की आमद मरह़बा
महबूबे रह़मां की आमद मरह़बा
सरवरे दो[2] जहां की आमद मरह़बा
शहे कौनो मकां की आमद मरह़बा
महबूबे रब की आमद मरह़बा
सुल्त़ाने अ़रब की आमद मरह़बा
रसूले अकरम की आमद मरह़बा
नूरे मुजस्सम की आमद मरह़बा

ताजवर की आमद मरह़बा शाहे बनी आदम की आमद मरह़बा
पयम्बर की आमद मरह़बा नबिय्ये मुह़्तशम की आमद मरह़बा
मुनव्वर की आमद मरह़बा शाहे अ़-रबो अ़जम की आमद मरह़बा
मुअ़त्त़र की आमद मरह़बा शाफ़ेए़ उमम की आमद मरह़बा
शाहे बह़रो बर की आमद मरह़बा सरापा जूदो करम की आमद मरह़बा
रसूले अन्वर की आमद मरह़बा दाफ़ेए़ रन्जो अलम की आमद मरह़बा
ह़बीबे दावर की आमद मरह़बा सय्यिद की आमद मरह़बा
साक़िये कौसर की आमद मरह़बा जय्यिद की आमद मरह़बा
मक्की की आमद मरह़बा त़य्यिब की आमद मरह़बा
म-दनी की आमद मरह़बा त़ाहिर की आमद मरह़बा
अ़-रबी की आमद मरह़बा ह़ाज़िर की आमद मरह़बा
क़-रशी की आमद मरह़बा नाज़िर की आमद मरह़बा
हाशिमी की आमद मरह़बा नासिर की आमद मरह़बा
मुत्त़लिबी की आमद मरह़बा ज़ाहिर की आमद मरह़बा
सुल्त़ां की आमद मरह़बा बात़िन की आमद मरह़बा
ज़ीशां की आमद मरह़बा ह़ामी की आमद मरह़बा
ग़ैब दां की आमद मरह़बा आक़ाए अ़त्त़ार की आमद मरह़बा

यक़ीनन मम्बए ख़ौफ़े ख़ुदा सिद्दीक़े अक्बर हैं

यक़ीनन मम्बए ख़ौफ़े ख़ुदा सिद्दीक़े अक्बर हैं
ह़क़ीक़ी आ़शिक़े ख़ैरुल वरा सिद्दीक़े अक्बर हैं

बिला शक पैकरे सब्रो रिज़ा सिद्दीक़े अक्बर हैं
यक़ीनन मख़्ज़ने सिद्क़ो वफ़ा सिद्दीक़े अक्बर हैं

निहायत मुत्तक़ी व पारसा सिद्दीक़े अक्बर हैं
तक़ी हैं बल्कि शाहे अत्क़िया सिद्दीक़े अक्बर हैं

जो यारे ग़ारे महबूबे ख़ुदा सिद्दीक़े अक्बर हैं
वोही यारे मज़ारे मुस्त़फ़ा सिद्दीक़े अक्बर हैं

त़बीबे हर मरीज़े ला दवा सिद्दीक़े अक्बर हैं
ग़रीबों बे कसों का आसरा सिद्दीक़े अक्बर हैं

अमीरुल मुअमिनीं हैं आप इमामुल मुस्लिमीं हैं आप
नबी ने जन्नती जिन को कहा सिद्दीक़े अक्बर हैं

सभी अस्हाब से बढ़ कर मुक़र्रब ज़ात है उन की
रफ़ीक़े सरवरे अर्ज़ो समा सिद्दीक़े अक्बर हैं

उ़मर से भी वोह अफ़्ज़ल हैं वोह उ़स्मां से भी आ'ला हैं
यक़ीनन पेशवाए मुर्तज़ा सिद्दीक़े अक्बर हैं

इमामे अह़मदो मालिक, इमामे बू ह़नीफ़ा और
इमामे शाफ़ेई़ के पेशवा सिद्दीक़े अक्बर हैं

तमामी औलियाउल्लाह के सरदार हैं जो उस
हमारे ग़ौस के भी पेशवा सिद्दीक़े अक्बर हैं

सभी उ़-लमाए उम्मत के, इमामो पेशवा हैं आप
बिला शक पेशवाए अस्फ़िया सिद्दीक़े अक्बर हैं

खुदाए पाक की रह़मत से इन्सानों में हर इक से
फ़ुज़ूं तर बा'दे अज़ कुल अम्बिया सिद्दीक़े अक्बर हैं

हलाकत ख़ैज़ तुग़्यानी हो या हों मौजें तूफ़ानी
क्यूं डूबे अपना बेड़ा नाख़ुदा सिद्दीक़े अक्बर हैं

भटक सकते नहीं हम अपनी मन्ज़िल ठोकरों में है
नबी का है करम और रहनुमा सिद्दीक़े अक्बर हैं

गुनाहों के मरज़ ने नीम जां है कर दिया मुझ को
त़बीब अब बस मेरे तो आप या सिद्दीक़े अक्बर हैं

न घबराओ गुनहगारो तुम्हारे ह़श्र में ह़ामी
मुह़िब्बे शाफ़ेए़ रोज़े जज़ा सिद्दीक़े अक्बर हैं

न डर अ़त्त़ार आफ़त से, ख़ुदा की ख़ास रह़मत से
नबी वाली तेरे, मुश्किल कुशा सिद्दीक़े अक्बर हैं

मिली तक़्दीर से मुझ को सह़ाबा की सना ख़्वानी

मिली तक़्दीर से मुझ को सह़ाबा की सना ख़्वानी
मिला है फ़ैज़े उ़स्मानी मिला है फ़ैज़े उ़स्मानी

कई दिन तक रहे मह़सूर बे दाना व बे पानी
शहादत ह़ज़रते उ़स्मान की बेशक है लासानी

नबी के नूर दो[2] ले कर वोह ज़ुन्नूरैन कहलाए
उन्हें ह़ासिल हुई यूं क़ुरबते मह़बूबे रह़मानी

नबी ने तेरे बदले ''बैअ़ते रिज़्वां'' में की बैअ़त
कहा क़ुरआन ने दस्ते नबी को दस्ते यज़्दानी

तुम्हीं को जामेए़ क़ुरआन का ह़क़ ने दिया मन्सब
जम्अ़ क़ुरआं को कर के की अ़त़ा उम्मत को आसानी

ख़ुदा भी और नबी भी ख़ुद अ़ली भी उस से हैं नाराज़
अ़दू उन का उठाएगा क़ियामत में परेशानी

अ़दावत और कीना उन से जो रखता है सीने में
वोही बद बख़्त है मल्ऊ़न है मरदूद शैत़ानी
हम उन की याद की धूमें मचाएंगे क़ियामत तक
पड़े हो जाएं जल कर ख़ाक सब आ'दाए उ़स्मानी
इमामुल अस्ख़िया ! कर दो अ़त़ा ह़िस्सा सख़ावत का
क़नाअ़त हो इनायत, दें न दौलत की फ़िरावानी
मुझे अपनी सख़ावत के समुन्दर से कोई क़त़रा
अ़त़ा कर दो नहीं दरकार मुझ को ताजे सुल्त़ानी
उ़लूए शान का क्यूंकर बयां हो आप की प्यारे
ह़या करती है मौला आप से मख़्लूक़े नूरानी
सुख़न आ कर यहां अ़त्त़ार का इत्माम को पहुंचा
तेरी अ़-ज़मत पे नात़िक़ अब भी हैं आयाते क़ुरआनी

फिर बुला करबला, या शहे करबला

फिर बुला करबला, या शहे करबला अपना रौज़ा दिखा, या शहे करबला

तेरे दरबार को, उस के अन्वार को आह ! कब पाऊंगा, या शहे करबला

मैं ने चूमी नहीं, करबला की ज़मीं एक अ़र्सा हुवा, या शहे करबला

कूचए पाक को, ख़स को ख़ाशाक को चूमूं आ कर पिया, या शहे करबला

ऐसा पाऊं जुनूं[1], धड़कनों में सुनूं करबला करबला, या शहे करबला

अज़ पए चार यार, ऐ शहे ज़ी वक़ार अपना शैदा बना, या शहे करबला

चश्मे नम दीजिये अपना ग़म दीजिये बहरे ग़ौसो रज़ा, या शहे करबला

ख़्वाब में आइये, जल्वा दिखलाइये अज़ पए मुस्त़फ़ा, या शहे करबला

इस गुनहगार को, ख़्वारो बदकार को जैसा भी है निभा, या शहे करबला

इब्ने शाहे अ़रब ! म-रज़े इ़स्यां से अब दे दो मुझ को शिफ़ा, या शहे करबला

1 : दीवानगी

एक मज़्लूम को अपने मग़्मूम को आफ़तों से छुड़ा, या शहे करबला
मेरे उजड़े चमन पर करम की भरन[1] अब तो बरसा शहा, या शहे करबला
दिल को मिल जाए चैन अल मदद या हुसैन हूं बहुत ग़मज़दा, या शहे करबला
अब हो रुख़्सत ख़ज़ां, खिल उठे गुलसितां वोह चला दो हवा, या शहे करबला
जुल फ़िक़ारे अ़ली, जब अ़दू पे चली क़हर सा छा गया, या शहे करबला
आह ! दुश्मन मेरे, ख़ूं के प्यासे हुए ले के तलवार आ, या शहे करबला
सुन लो फ़रियाद को आओ इमदाद को इब्ने मुश्किल कुशा, या शहे करबला
काश ! शहादत का जाम मैं पियूं या इमाम कर दो ह़क़ से दुआ़, या शहे करबला

काश ! अ़त्तार का जानिबे करबला
चल पड़े क़ाफ़िला, या शहे करबला

जो **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ और क़ियामत पर ईमान रखता है उसे चाहिये कि भलाई की बात करे या ख़ामोश रहे।
(بخاری ص٦٠١٨)

مدینہ

1 : ज़ोर शोर की बारिश जो जलथल कर दे।

या शहीदे करबला फ़रियाद है

या शहीदे करबला फ़रियाद है जाने बीबी फ़ातिमा फ़रियाद है
आह ! सिब्ते मुस्तफ़ा फ़रियाद है हाए ! इब्ने मुर्तज़ा फ़रियाद है
बेड़ा अम्वाजे तलातुम में फंसा आह ! मेरे नाखुदा फ़रियाद है
उस अ़ली अक्बर का सदक़ा जो कि हैं हम शबीहे मुस्तफ़ा फ़रियाद है
है येही ह़ाजत कि त़यबा में मरूं ऐ मेरे ह़ाजत रवा फ़रियाद है
मुझ को दीवाना मदीने का बना नूरे चश्मे मुस्तफ़ा फ़रियाद है
साक़िये कौसर का सदक़ा साक़िया जाम, उल्फ़त का पिला फ़रियाद है
दुश्मनों की दुश्मनी से तंग हूं शह सुवारे करबला फ़रियाद है
ह़ासिदों का बढ़ गया ह़द से ह़सद और सुलूके ना रवा फ़रियाद है
थरथराता है कलेजा ख़ौफ़ से दूर हो ख़ौफ़ आ भी जा फ़रियाद है
रास्ते ही में भटक कर रह गया रहबरी कर रहनुमा फ़रियाद है
दे दिया सारे त़बीबों ने जवाब बहरे ज़हरा दे शिफ़ा फ़रियाद है

मैं निकम्मा हूं निकम्मे को निभा कौन है तेरे सिवा फ़रियाद है
नफ़्सो शैत़ां की पकड़ में आ गया ज़ोरे इस्यां बढ़ चला फ़रियाद है
दे अ़ली अस्ग़र का सदक़ा सरवरा पैकरे जूदो सख़ा फ़रियाद है
जां कनी में सख़्तियों पर सख़्तियां बढ़ रही हैं सय्यिदा फ़रियाद है
पार उतार ऐ राकिबे दौशे नबी बह्रे ग़म से नाख़ुदा फ़रियाद है
बे वफ़ा दुन्या की उल्फ़त दूर हो पैकरे सिद्क़ो वफ़ा फ़रियाद है
बहरे ज़ैनब बे ह़याई का हुज़ूर ख़ातिमा हो ख़ातिमा फ़रियाद है
उम्मते नाना की बहनों को बना पैकरे शर्मो ह़या फ़रियाद है
हर त़रफ़ से है बलाओं का हुजूम दाफ़ेए़ कर्बो बला फ़रियाद है
सब्र का पैमाना अब लबरेज़ है पैकरे सब्रो रिज़ा फ़रियाद है
मुफ़्लिसो लाचारो ख़स्ता ह़ाल हूं मख़्ज़ने जूदो अ़त़ा फ़रियाद है
छा गई दिल पर ख़ज़ां प्यारे हुसैन ! दे बहारे जां फ़िज़ा फ़रियाद है

हुब्बे सादात ऐ ख़ुदा दे वासिता़ अहले बैते पाक का फ़रियाद है
आफ़तों पर आफ़तें हैं अल मदद दिलबरे मुश्किल कुशा फ़रियाद है
दीन की ख़िदमत का जज़्बा दीजिये सदक़ा नानाजान का फ़रियाद है
सुन्नतों की हर त़रफ़ आए बहार सदक़ा मेरे ग़ौस का फ़रियाद है
चल गई बादे मुख़ालिफ़ अल ग़ियास ऐ हुसैने बा वफ़ा फ़रियाद है
काश ! हो जाऊं मदीने में शहीद आप फ़रमा दें दुआ फ़रियाद है
बख़्त की हैं जिस क़दर भी गुथ्थियां सारी सुलझा दो शहा फ़रियाद है
करबला की ह़ाज़िरी हो फिर नसीब बख़्ते ख़्वाबीदा जगा फ़रियाद है

ह़ाल है बेह़ाल शाहे करबला
आप के अ़त्त़ार का फ़रियाद है

तजस्सुस की ता'रीफ़

मुसल्मानों के ऊ़यूब और उन की छुपी बातों का खोज लगाना तजस्सुस कहलाता है ।

(حدیقہ ندیہ شرح طریقۃ محمدیہ ج۲ ص ۳۰۰ نوریہ رضویہ سردارآباد)

हो नाइबे सरवरे दो आ़लम, इमामे आ'ज़म अबू ह़नीफ़ा

हो नाइबे सरवरे दो आ़लम, इमामे आ'ज़म अबू ह़नीफ़ा
सिराजे उम्मत फ़क़ीहे अफ़्ख़म, इमामे आ'ज़म अबू ह़नीफ़ा

है नाम नो'मान इब्ने साबित, अबू ह़नीफ़ा है उन की कुन्यत
पुकारता है येह कह के आ़लम, इमामे आ'ज़म अबू ह़नीफ़ा

जो बे मिसाल आप का है तक़्वा, तो बे मिसाल आप का है फ़तवा
हैं इ़ल्मो तक़्वा के आप संगम, इमामे आ'ज़म अबू ह़नीफ़ा

गुनह के दलदल में फंस गया हूं, गले गले तक मैं धंस गया हूं
निकालिये बहरे नूह़ो आदम, इमामे आ'ज़म अबू ह़नीफ़ा

ह़सद की बीमारी बढ़ चली है, लड़ाई आपस में ठन गई है
शहा मुसल्मान हों मुनज़्ज़म, इमामे आ'ज़म अबू ह़नीफ़ा

दियारे बग़्दाद में बुला कर, मज़ार अपना दिखा जहां पर
हैं नूर की बारिशें छमाछम, इमामे आ'ज़म अबू ह़नीफ़ा

अ़त़ा हो ख़ौफ़े ख़ुदा ख़ुदारा, दो उल्फ़ते मुस्त़फ़ा ख़ुदारा
करूं अ़मल सुन्नतों पे हर दम, इमामे आ'ज़म अबू ह़नीफ़ा

तेरी सख़ावत की धूम मची है, मुराद मुंह मांगी मिल रही है
अ़त़ा हो मुझ को मदीने का ग़म, इमामे आ'ज़म अबू ह़नीफ़ा

तुम्हारे दरबार का गदा हूं, मैं साइले इ़श्क़े मुस्त़फ़ा हूं
करो करम बहरे ग़ौसे आ'ज़म, इमामे आ'ज़म अबू ह़नीफ़ा

फ़ुज़ूल गोई की निकले आ़दत, हो दूर बे जा हंसी की ख़स्लत
दुरूद पढ़ता रहूं मैं हर दम, इमामे आ'ज़म अबू ह़नीफ़ा

बला का पहरा लगा हुवा है, मुसीबतों में घिरा हुवा है
तेरा मुक़ल्लिद इमामे आ'ज़म, इमामे आ'ज़म अबू ह़नीफ़ा

शहा ! अ़दू का सितम है पैहम, मदद को आओ इमामे आ'ज़म
सिवा तुम्हारे है कौन हमदम, इमामे आ'ज़म अबू ह़नीफ़ा

न जीते जी मुझ पे आए आफ़त, मैं क़ब्र में भी रहूं सलामत
बरोज़े महशर भी रखना बे ग़म, इमामे आ'ज़म अबू ह़नीफ़ा

मरूं शहा ज़ेरे सब्ज़ गुम्बद, हो मदफ़न आक़ा बक़ीए ग़रक़द
करम हो बहरे रसूले अकरम, इमामे आ'ज़म अबू ह़नीफ़ा

हुई शहा फ़र्दे जुर्म आ़इद, बचा फंसा है तेरा मुक़ल्लिद
फ़िरिश्ते ले के चले जहन्नम, इमामे आ'ज़म अबू ह़नीफ़ा

जिगर भी ज़ख़्मी है दिल भी घाइल, हज़ार[1000] फ़िक्रें हैं सो[100] मसाइल
दुखों का अ़त्तार को दो मरहम, इमामे आ'ज़म अबू ह़नीफ़ा

हो मदीने का टिकट मुझ को अ़ता दाता पिया

हो मदीने का टिकट मुझ को अ़ता दाता पिया
आप को ख़्वाजा पिया का वासिता दाता पिया

मुझ को र-मज़ाने मदीना की ज़ियारत हो नसीब
ख़र्च हो राहे मदीना का अ़ता दाता पिया

दो न दो मरज़ी तुम्हारी तुम मदीने का टिकट
मैं पुकारे जाऊंगा दाता पिया दाता पिया

दौलते दुन्या का साइल बन के मैं आया नहीं
मुझ को दीवाना मदीने का बना दाता पिया

काश मैं रोया करूं इ़श्क़े रसूले पाक में
ऐसा आ़शिक़ दो बना बहरे रज़ा दाता पिया

ग़म मुझे मीठे मदीने का अ़ता कर दो शहा
मेरा सीना भी मदीना दो बना दाता पिया

मीठे मीठे मुस्त़फ़ा की बारगाहे पाक में
कीजिये मेरी सिफ़ारिश आप या दाता पिया

गो ज़लीलो ख़्वार हूं मैं पापी व बदकार हूं
आप का हूं आप का हूं आप का दाता पिया

आरज़ू है मौत आए गुम्बदे ख़ज़रा तले
हाथ उठा कर कीजिये ह़क़ से दुआ़ दाता पिया

मैं गुनाहों का मरीज़ और तुम त़बीबे आ़सियां
हो इलाज अब बहरे ह़क़ बीमार का दाता पिया

आप की चश्मे करम हो जाए गर बदह़ाल पर
दूर हो ग़म की अभी काली घटा दाता पिया

क्या ग़रज़ दर दर फिरूं मैं भीक लेने के लिये
है सलामत आस्ताना आप का दाता पिया

झोलियां भर भर के ले जाते हैं मंगते रात दिन
हो मेरी उम्मीद का गुलशन हरा दाता पिया

मुझ को दाता ! ताजदाराने जहां से क्या ग़रज़
मैं तो हूं मंगता तेरे दरबार का दाता पिया

उजड़े घर आबाद हों और ग़म के मारे शाद हों
हो तेरे हर एक मंगता का भला दाता पिया

दुम दबा कर भाग जाए शेर भी गर देख ले
आप के दरबार का कुत्ता शहा दाता पिया

काश ! फिर लाहोर में नेकी की दा'वत आ़म हो
फ़ैज़ का दरिया बहा दो सरवरा दाता पिया

मस्जिदें आबाद हों और सुन्नतें भी आ़म हों
फ़ैज़ का दरिया बहा दो सरवरा दाता पिया

सारे मंगते अपने चेहरे पर सजाएं दाढ़ियां
फ़ैज़ का दरिया बहा दो सरवरा दाता पिया

तख़्ते शाही की नहीं है आरज़ू अ़त्तार को
इस को बस कुत्ता बना लो अपना या दाता पिया

या ग़ौस ! बुलाओ

या ग़ौस ! बुलाओ मुझे बग़दाद बुलाओ
बग़दाद बुला कर मुझे जल्वा भी दिखाओ
दुन्या की महब्बत से मेरी जान छुड़ाओ
दीवाना मुझे शाहे मदीना का बनाओ
चमका दो सितारा मेरी तक़्दीर का मुर्शिद !
मदफ़न को मदीने में जगह मुझ को दिलाओ
नय्या मेरी मंजधार[1] में सरकार फंसी है
इमदाद को आओ ! मेरी इमदाद को आओ
हों बहरे अ़ली मुश्किलें आसान हमारी
आफ़ातो बलिय्यात[2] से या ग़ौस ! बचाओ

1 : समुन्दर के बीच की धार 2 : बला की जम्अ़, बलाएं

या पीर ! मैं इस्यां के तलातुम[1] में फंसा हूं
लिल्लाह गुनाहों की तबाही से बचाओ
अच्छों के ख़रीदार तो हर जा पे हैं मुर्शिद !
बदकार कहां जाएं जो तुम भी न निभाओ
अह़कामे शरीअ़त रहें मल्हूज़[2] हमेशा
मुर्शिद ! मुझे सुन्नत का भी पाबन्द बनाओ
अ़त्तार जहन्नम से बहुत ख़ौफ़ज़दा है
या ग़ौस ! इसे दामने रह़मत में छुपाओ

ग़ैरत की ता'रीफ़

किसी शख़्स के पास ने'मत देख कर इस लिये ज़वाल (या'नी ज़ाएअ़ होने) **की तमन्ना करना कि वोह ने'मत दुन्या या आख़िरत में उस शख़्स के लिये नुक़्सान देह और गुनाह का बाइ़स हो।** (طریقۂ محمدیہ ج۱ ص ٦١١)

مدینہ

1 : मौजों के थपेड़े 2 : लिह़ाज़ किया गया। ख़याल किया गया

शुक्रिया आप का बग़दाद बुलाया या ग़ौस

(इस मन्क़बत के अक्सर अश्आ़र बग़दादे मुअ़ल्ला में लिख कर ग़ौसे पाक के दरबार में पेश किये गए)

शुक्रिया आप का बग़दाद बुलाया या ग़ौस
मुझ गुनहगार को मेहमान बनाया या ग़ौस

मर्तबा यूं तेरा ख़ालिक़ ने बढ़ाया या ग़ौस
औलिया का तुझे सुल्त़ान बनाया या ग़ौस

यादे त़यबा से बसा दीजिये सीना मेरा
मैं ''कराची'' से येही अ़र्ज़ हूं लाया या ग़ौस

मैं निकम्मा तो किसी काम के क़ाबिल ही न था
मुझ से बेकार को तुम ने ही निभाया या ग़ौस

क़ाबिले रश्क है वल्लाह वोह क़िस्मत वाला
अपने दर का जिसे कुत्ता है बनाया या ग़ौस

क़ल्बे मुर्दा को भी ठोकर से जिला दो मुर्शिद
बिल यक़ीं तुम ने तो मुर्दों को जिलाया या ग़ौस

आफ़तों में हूं गरिफ़्तार, मदद को आओ
आह ! दुन्या के ग़मों ने है सताया या ग़ौस

"ला तख़फ़[1]" ह़श्र में कहते हुए आ जाना तुम
जैसे दुन्या में येह इर्शाद सुनाया या ग़ौस

तेरे दामन से लिपट कर मैं मचल जाऊंगा
मुझ को जिस दम सरे महशर नज़र आया या ग़ौस

मैं जहन्नम में न अब जाऊंगा اِنْ شَآءَاللّٰه
रहनुमा तुम को जो मैं ने है बनाया या ग़ौस

शाहे बग़दाद ! हो अ़त्तार पे नज़रे रह़मत !
ख़ाली कासा लिये है दूर से आया या ग़ौस

مدینہ

1 : "ला तख़फ़" से ग़ौसे पाक के इस इर्शाद : مُرِیْدِیْ لَا تَخَفْ اَللّٰهُ رَبِّیْ (या'नी मेरे मुरीद मत डर अल्लाह عَزَّوَجَلَّ मेरा परवर्द गार है) की त़रफ़ इशारा है।

वाह क्या बात ग़ौसे आ'ज़म की

शाहे बत्ह़ा का माहपारा है, वाह क्या बात ग़ौसे आ'ज़म की
सय्यिदह फ़ातिमा का प्यारा है, वाह क्या बात ग़ौसे आ'ज़म की

येह तो सब औलिया का है अफ़्सर, येह अ़ली मुर्तज़ा का है दिलबर
और ह़-सनैन का दुलारा है, वाह क्या बात ग़ौसे आ'ज़म की

ग़ौसे आ'ज़म हैं शाहे जीलानी, पीरे लासानी कुत्बे रब्बानी
उन के उ़श्शाक़ का येह ना'रा है, वाह क्या बात ग़ौसे आ'ज़म की

शहरे बग़्दाद मुझ को है प्यारा, ख़ूब दिलकश वहां का नज़्ज़ारा
मेरा मुर्शिद जो जल्वा आरा है, वाह क्या बात ग़ौसे आ'ज़म की

मिल गया मुझ को ग़ौस का दामन, फ़ज़्ले रब्बे करीम से रोशन
मेरी तक़्दीर का सितारा है, वाह क्या बात ग़ौसे आ'ज़म की

जब कि दुन्या में मुर्शिदी आए, बत्ने मादर से ही वली आए
जानो दिल उन पे सब निसारा है, वाह क्या बात ग़ौसे आ'ज़म की

मेरे मुर्शिद ने "ला तख़फ़[1]" कह कर, दूर सब कर दिया है ख़ौफ़ो डर
उन का महशर में भी सहारा है, वाह क्या बात ग़ौसे आ'ज़म की

लुत्फ़ से दर्दो दुख मिटाते हैं, उस को सीने से भी लगाते हैं
आ गया जो भी ग़म का मारा है, वाह क्या बात ग़ौसे आ'ज़म की

ग़ौस पीरों के पीर हैं बेशक, और रोशन ज़मीर हैं बेशक
हाले दिल उन पे आशकारा है, वाह क्या बात ग़ौसे आ'ज़म की

क्यूं न जाऊं मैं ग़ौस पर वारी, आफ़तें दूर हो गईं सारी
जब तड़प कर उन्हें पुकारा है, वाह क्या बात ग़ौसे आ'ज़म की

उस को मन की मुराद मिलती है, उस की बिगड़ी ज़रूर बनती है
जिस ने दामन यहां पसारा है, वाह क्या बात ग़ौसे आ'ज़म की

मदीना

1 : या'नी "ख़ौफ़ न कर" येह "क़सीदए ग़ौसिया" के इस शे'र की तरफ़ इशारा है : مُرِیْدِیْ "لَاتَخَفْ" اَللّٰہُ رَبِّیْ तरजमा : ऐ मेरे मुरीद ! ख़ौफ़ न कर, अल्लाह عَزَّوَجَلَّ मेरा परवर्द गार है,

जी उठे मुर्दे ह़क़ की क़ुदरत से, हुक्मे वालाए रब्बे रह़मत से
रब को जब ग़ौस ने पुकारा है, वाह क्या बात ग़ौसे आ'ज़म की

दर्दो आलाम जब रुलाते हैं, ग़ौसे आ'ज़म मदद को आते हैं
हर जगह ग़ौस का सहारा है, वाह क्या बात ग़ौसे आ'ज़म की

उन का दुश्मन ख़ुदा का है मक़्हूर, रब की रह़मत से हो गया वोह दूर
बुग़्ज़ में जिस ने सर उभारा है, वाह क्या बात ग़ौसे आ'ज़म की

ग़ौस पर तो क़दम नबी का है, उन के ज़ेरे क़दम वली सारे
हर वली ने येही पुकारा है, वाह क्या बात ग़ौसे आ'ज़म की

हम को "ग्यारह" का है अ़दद प्यारा, उन की तारीख़े उ़र्स है ग्यारा
यूं अ़दद हम को प्यारा ग्यारा है, वाह क्या बात ग़ौसे आ'ज़म की

ख़ूब सूरत हैं गुम्बदो मीनार, उन पे रह़मत बरसती है अ़त्तार
ख़ूब दरबार का नज़ारा है, वाह क्या बात ग़ौसे आ'ज़म की

हो बग़दाद का फिर सफ़र ग़ौसे आ'ज़म

हो बग़दाद का फिर सफ़र ग़ौसे आ'ज़म मुहय्या वसाइल वोह कर ग़ौसे आ'ज़म
शहन्शाहे जिन्नो बशर ग़ौसे आ'ज़म हो वलियों के भी ताजवर ग़ौसे आ'ज़म
मैं पहले भी बग़दाद हाज़िर हुवा था इजाज़त दो बारे दिगर ग़ौसे आ'ज़म
मैं गलियों में बिस्तर जमा दूं फिर आ कर दो बग़दाद में मुझ को घर ग़ौसे आ'ज़म
दिखा दो मज़ारे मुनव्वर के जल्वे दिखा दो फिर अपना नगर ग़ौसे आ'ज़म
खुदा व नबी की जो उल्फ़त में रोए अ़ता कर दो वोह चश्मे तर ग़ौसे आ'ज़म
दो ख़ौफ़े खुदा बहरे सिद्दीक़ो फ़ारूक़ दो इश्क़े शहे बहरो बर ग़ौसे आ'ज़म
मेरे मीठे मुर्शिद मुझे फिर शरफ़ दे येह सर हो तेरा संगे दर ग़ौसे आ'ज़म
मिला सिल्सिला क़ादिरी फ़ज़्ले रब से मैं हूं किस क़दर बख़्त वर ग़ौसे आ'ज़म
हमेशा तेरा इश्क़ बेचैन रख्खे अ़ता हो वोह सोज़े जिगर ग़ौसे आ'ज़म
मुझे अपनी उल्फ़त की ख़ैरात दे दो मेरी ख़ाली झोली दो भर ग़ौसे आ'ज़म
मेरी डूबती नाउ को दो सहारा ज़रा जल्द आओ इधर ग़ौसे आ'ज़म

यहां भी सहारा वहां भी सहारा इधर ग़ौसे आ'ज़म उधर ग़ौसे आ'ज़म
मुझे दुश्मनों ने कहीं का न छोड़ा है फ़रियाद ! टूटी कमर ग़ौसे आ'ज़म
अ़दू के मुक़ाबिल वोह हिम्मत अ़ता हो रहूं काश ! सीना सिपर ग़ौसे आ'ज़म
मदद अल मदद मुर्शिदी वरना दुश्मन चला जान से मार कर ग़ौसे आ'ज़म
ज़बां पर रहे मेरी या पीरो मुर्शिद तेरा ज़िक्र आठों पहर ग़ौसे आ'ज़म
मेरा हुब्बे दुन्या से पीछा छुड़ा दे अ़ता अपनी उल्फ़त तू कर ग़ौसे आ'ज़म
शहा नफ़्से अम्मारा मग़्लूब हो अब हो शैतान का दूर शर ग़ौसे आ'ज़म
है इस्यां के बीमार का दम लबों पर ख़ुदारा लो जल्दी ख़बर ग़ौसे आ'ज़म
तुम्हें मेरे ह़ालात की सब ख़बर है परेशां हूं मैं किस क़दर ग़ौसे आ'ज़म
शहा ! काश क़ुफ़्ले मदीना लगा लूं ज़बां पर भी और आंख पर ग़ौसे आ'ज़म
बयां सुन के तौबा गुनहगार कर ले ज़बां में वोह दे दो असर ग़ौसे आ'ज़म
मैं बग़दाद का कोई सग होता और काश ! मुझे रखते तुम बांध कर ग़ौसे आ'ज़म

शहीदे मदीना हो अ़त्तारे आ़सी
मुराद इस की येह आए बर ग़ौसे आ'ज़म

मज़्हरे अ़-ज़-मते ग़फ़्फ़ार हैं ग़ौसे आ'ज़म

मज़्हरे[1] अ़-ज़-मते ग़फ़्फ़ार हैं ग़ौसे आ'ज़म
मुज़्हिरे[2] रिफ़्अ़ते जब्बार हैं ग़ौसे आ'ज़म

वाक़िफ़े हिक्मतो असरार हैं ग़ौसे आ'ज़म
दिल के भेदों से ख़बरदार हैं ग़ौसे आ'ज़म

नाइबे अह़मदे मुख़्तार हैं ग़ौसे आ'ज़म
और सब वलियों के सरदार हैं ग़ौसे आ'ज़म

गर फ़क़त़ आप के अख़्यार हैं ग़ौसे आ'ज़म
वोह कहां जाएं जो बदकार हैं ग़ौसे आ'ज़म

मेरे मुर्शिद मेरी सरकार हैं ग़ौसे आ'ज़म
मेरे दिलबर मेरे दिलदार हैं ग़ौसे आ'ज़म

न मुख़ालिफ़ फ़क़त़ अग़्यार हैं ग़ौसे आ'ज़म
दोस्त भी दे रहे आज़ार हैं ग़ौसे आ'ज़म

1 : जाए ज़ुहूर, ज़ाहिर होने की जगह 2 : इज़्हार दिहिन्दा, इज़्हार करने वाला

ह़श्र तक गाएंगे हम गीत तुम्हारे मुर्शिद
हम तुम्हारे जो नमक ख़्वार हैं ग़ौसे आ'ज़म

दूध मां का न पिया आप ने र-मज़ानों में
आप बचपन से समझ दार हैं ग़ौसे आ'ज़म

तुम ने मुर्दों को जिलाया है हमारे दिल भी
कर दो ज़िन्दा कि येह मुर्दार हैं ग़ौसे आ'ज़म

मुंह लगाता नहीं दुन्या में जिसे कोई भी
बिल यक़ीं उस के त़रफ़ दार हैं ग़ौसे आ'ज़म

खोटे सिक्के जहां चल जाते हैं वोह है बग़्दाद
वां निकम्मों के ख़रीदार हैं ग़ौसे आ'ज़म

मालो दौलत की त़लब हम को नहीं है मुर्शिद
हम फ़क़त़ तेरे त़लब गार हैं ग़ौसे आ'ज़म

राह भूला, मुझे या ग़ौस ! सहारा दे दो
थक गया पाउं भी अफ़्गार[1] हैं ग़ौसे आ'ज़म

1 : ज़ख़्मी

शाहे बग़्दाद इधर भी ज़रा चश्मे रह़मत
हम बलाओं में गरिफ़्तार हैं ग़ौसे आ'ज़म

चार जानिब से गुनाहों ने हमें घेरा है
तेरे होते हुए क्यूं ख़्वार हैं ग़ौसे आ'ज़म

अब दुआ़ के लिये हाथ अपने उठा दो मुर्शिद !
पल में इस पार से उस पार हैं ग़ौसे आ'ज़म

अब उठा भी दो निक़ाब अपने रुख़े अन्वर से
कब से हम त़ालिबे दीदार हैं ग़ौसे आ'ज़म

हो करम ! हुस्ने अ़मल आह ! नहीं है कोई
न वज़ाइफ़ हैं न अज़्कार हैं ग़ौसे आ'ज़म

ह़श्र के रोज़ हमारी भी शफ़ाअ़त करना
आह ! हम सख़्त गुनहगार हैं ग़ौसे आ'ज़म

अपने अ़त्त़ार को चुमकार के टुकड़ा दे दे
दर पे ह़ाज़िर तेरे अ़त्त़ार हैं ग़ौसे आ'ज़म

रौनक़े कुल औलिया या ग़ौसे आ'ज़म दस्त गीर

रौनक़े कुल औलिया या ग़ौसे आ'ज़म दस्त गीर
पेशवाए अस्फ़िया या ग़ौसे आ'ज़म दस्त गीर[1]

आप हैं पीरों के पीर और आप हैं रोशन ज़मीर
आप शाहे अत्क़िया या ग़ौसे आ'ज़म दस्त गीर

औलिया की गरदनें हैं आप के ज़ेरे क़दम
या इमामल औलिया या ग़ौसे आ'ज़म दस्त गीर

थरथराते हैं सभी जिन्नात तेरे नाम से
है तेरा वोह दबदबा या ग़ौसे आ'ज़म दस्त गीर

पैदा होते ही महे र-मज़ान में रोज़े रखे
दूध दिन में न पिया, या ग़ौसे आ'ज़म दस्त गीर

जिस त़रह़ मुर्दे जिलाए इस त़रह़ मुर्शिद मेरे
मुर्दा दिल को भी जिला,या ग़ौसे आ'ज़म दस्त गीर

1 : दस्त या'नी हाथ, गीर या'नी थामने वाला, मददगार। दस्त-गीर पढ़िये अक्सर दस-तगीर पढ़ते हैं जो कि दुरुस्त नहीं।

अहले महशर देखते ही हश्र में यूं बोल उठे
मरहबा सद मरहबा या ग़ौसे आ'ज़म दस्त गीर

आप जैसा पीर होते क्या ग़रज़ दर दर फिरूं
आप से सब कुछ मिला या ग़ौसे आ'ज़म दस्त गीर

गो ज़लीलो ख़्वार हूं बदकारो बद किरदार हूं
आप का हूं आप का, या ग़ौसे आ'ज़म दस्त गीर

रास्ता पुरख़ार, मन्ज़िल दूर, बन सुनसान है
अल मदद ऐ रहनुमा ! या ग़ौसे आ'ज़म दस्त गीर

ग़ौसे आ'ज़म ! आइये मेरी मदद के वासिते
दुश्मनों में हूं घिरा या ग़ौसे आ'ज़म दस्त गीर

आफ़तें भी दूर हों, रन्जो बला काफ़ूर हों
बहरे शाहे करबला या ग़ौसे आ'ज़म दस्त गीर

इज़्न दो बग़दाद का हर इक अक़ीदत मन्द को
ग्यारहवीं वाले पिया या ग़ौसे आ'ज़म दस्त गीर

मीठे मुर्शिद हाज़िरी को इक ज़माना हो गया
दर पे फिर मुझ को बुला, या ग़ौसे आ'ज़म दस्त गीर

मेरे मीठे मीठे मुर्शिद आइये ना ख़्वाब में
वासिता सरकार का, या ग़ौसे आ'ज़म दस्त गीर

अपनी उल्फ़त की पिला कर मै मुझे या मुर्शिदी
मस्त और बेखुद बना या ग़ौसे आ'ज़म दस्त गीर

लम्हा लम्हा बढ़ रहा है हाए इस्यां का मरज़
दीजिये मुझ को शिफ़ा, या ग़ौसे आ'ज़म दस्त गीर

मुर्शिदी मुझ को बना दे तू मरीज़े मुस्तफ़ा
अज़ पए अहमद रज़ा ! या ग़ौसे आ'ज़म दस्त गीर

अपने रब से मुस्तफ़ा का ग़म दिला दे मुर्शिदी
हाथ उठा के कर दुआ या ग़ौसे आ'ज़म दस्त गीर

अब सिरहाने आओ मुर्शिद और मुझे कलिमा पढ़ाओ
दम लबों पर आ गया या ग़ौसे आ'ज़म दस्त गीर

है येही अत्तार की हाजत मदीने में मरे
हो करम बहरे ज़िया, या ग़ौसे आ'ज़म दस्त गीर

मेरे ख़्वाब में आ भी जा ग़ौसे आ'ज़म

मेरे ख़्वाब में आ भी जा ग़ौसे आ'ज़म
पिला जामे दीदार या ग़ौसे आ'ज़म

कभी तो ग़रीबों के घर कोई फेरा !
हमारी भी क़िस्मत जगा ग़ौसे आ'ज़म

कुछ ऐसी पिला दो शराबे महब्बत
न उतरे कभी भी नशा ग़ौसे आ'ज़म

हैं ज़ेरे क़दम गरदनें औलिया की
तुम्हारा है वोह मर्तबा ग़ौसे आ'ज़म

हैं सारे वली तेरे ज़ेरे नगीं[1] और
है तू सय्यिदुल औलिया ग़ौसे आ'ज़म

मदद कीजिये आह ! चारों त़रफ़ से
मैं आफ़ात में हूं घिरा ग़ौसे आ'ज़म

1 : मा तहूत

बहार आए मेरे भी उजड़े चमन में
चला कोई ऐसी हवा ग़ौसे आ'ज़म
रहे शादो आबाद मेरा घराना
करम अज़ पए मुस्त़फ़ा ग़ौसे आ'ज़म
दमे नज़्अ़ शैत़ां न ईमान ले ले
हि़फ़ाज़त की फ़रमा दुआ़ ग़ौसे आ'ज़म
मुरीदीन की मौत तौबा पे होगी
है येह आप ही का कहा ग़ौसे आ'ज़म
मेरी मौत भी आए तौबा पे मुर्शिद!
हूं मैं भी मुरीद आप का ग़ौसे आ'ज़म
करम आप का गर हुवा तो यक़ीनन
न होगा बुरा ख़ातिमा ग़ौसे आ'ज़म
मेरी क़ब्र में "ला तख़फ़" कहते आओ
अंधेरा रहा है डरा ग़ौसे आ'ज़म
गो अ़त्त़ार बद है बदों का भी सरदार
येह तेरा है तेरा, तेरा ग़ौसे आ'ज़म

नज़ारा हो दरबार का ग़ौसे आ'ज़म

नज़ारा हो दरबार का ग़ौसे आ'ज़म दिखा नीला गुम्बद दिखा ग़ौसे आ'ज़म

मुझे जामे उल्फ़त पिला ग़ौसे आ'ज़म रहूं मस्तो बेख़ुद सदा ग़ौसे आ'ज़म

करम कीजिये फिर मैं बग़दाद आऊं मेरे पीर का वासिता ग़ौसे आ'ज़म

मुझे अपनी चौखट का कुत्ता बना लो हमेशा रहूं बा वफ़ा ग़ौसे आ'ज़म

तेरे आस्तां का हूं मंगता गुज़ारा है टुकड़ों पे तेरे मेरा ग़ौसे आ'ज़म

गुनाहों का बार अपने सर पर उठा कर फिरूं कब तलक जा बजा ग़ौसे आ'ज़म

इलाज आख़िर ऐ मुर्शिदी कब करेंगे ! गुनाहों के बीमार का ग़ौसे आ'ज़म

गुनहगार हूं गर अ़ज़ाबों ने घेरा तो होगा मेरा हाए ! क्या ग़ौसे आ'ज़म

नज़र मुर्शिदी तेरी जानिब लगी है अ़ज़ाबों से लेना बचा ग़ौसे आ'ज़म

जहां में जियूं सुन्नतों के मुताबिक़ मदीने में हो ख़ातिमा ग़ौसे आ'ज़म

हो अ़त्तार की बे हिसाब बख़्शिश आक़ा

येह फ़रमाएं हक़ से दुआ ग़ौसे आ'ज़म

मुझे अपना जल्वा दिखा ग़ौसे आ'ज़म

निक़ाब अपने रुख़ से उठा ग़ौसे आ'ज़म मुझे अपना जल्वा दिखा ग़ौसे आ'ज़म
मुझे ऐसा शैदा बना ग़ौसे आ'ज़म कि हो जाऊं तुझ पे फ़िदा ग़ौसे आ'ज़म
मेरे पीर रोशन ज़मीर आप को तो मेरे ह़ाल का है पता ग़ौसे आ'ज़म
तुम्हारे हैं जितने मुरीद उन सभी में बुरा हूं, बना दो भला ग़ौसे आ'ज़म
बरोज़े क़ियामत हमें अपने झन्डे तले दीजियेगा जगह ग़ौसे आ'ज़म
जो बीमारियों में घिरे हैं उन्हें तुम दिला दो ख़ुदा से शिफ़ा ग़ौसे आ'ज़म
मुरीदीन को जो सताते हैं जिन्नात ख़ुदारा उन्हें दो भगा ग़ौसे आ'ज़म
"नज़र" से या "जादू" से जो हैं परेशां हो उन पर भी चश्मे अ़त़ा ग़ौसे आ'ज़म
कलेजा शयात़ीं का थर्रा उठेगा पुकारो सभी मिल के या ग़ौसे आ'ज़म
सजाएं इ़मामा बढ़ाएं जो दाढ़ी उन्हें ह़श्र में बख़्शवा ग़ौसे आ'ज़म
वोह बहनें जो पहनें सदा "म-दनी बुरक़अ़" उन्हें ह़श्र में बख़्शवा ग़ौसे आ'ज़म
जो हैं वक़्फ़, सुन्नत की ख़िदमत की ख़ात़िर उन्हें ह़श्र में बख़्शवा ग़ौसे आ'ज़म
जो रोज़ाना देते हैं नेकी की दा'वत उन्हें ह़श्र में बख़्शवा ग़ौसे आ'ज़म

सफ़र क़ाफ़िले में जो करते हैं हर माह उन्हें ह़श्र में बख़्शवा ग़ौसे आ'ज़म

जो दें राहे मौला में बारह महीने उन्हें ह़श्र में बख़्शवा ग़ौसे आ'ज़म

जो अपनाते हैं "म-दनी इन्आ़म" अक्सर उन्हें ह़श्र में बख़्शवा ग़ौसे आ'ज़म

दमे नज़्अ़ पानी उतरता नहीं है पिला शरबते दीद या ग़ौसे आ'ज़म

है अ़त्तार को सल्बे ईमां का धड़का

बचा इस का ईमां बचा ग़ौसे आ'ज़म

हर कलिमे पर साल भर की इ़बादत का सवाब

एक बार ह़ज़रते सय्यिदुना मूसा कलीमुल्लाह عَلٰی نَبِیِّنَا وَعَلَیْہِ الصَّلٰوۃُ وَالسَّلَام ने बारगाहे ख़ुदा वन्दी عَزَّوَجَلَّ में अ़र्ज़ की : **या अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ जो अपने भाई को नेकी का हुक्म करे और बुराई से रोके उस की जज़ा क्या है ? **अल्लाह** तबा-र-क व तआ़ला ने इर्शाद फ़रमाया : मैं उस के हर हर कलिमे के बदले **एक एक साल की इ़बादत का सवाब** लिखता हूं और उसे जहन्नम की सज़ा देने में मुझे ह़या आती है।

(مُکاشَفَۃُ الْقُلوب ص٤٨ دارالکتب العلمیۃ بیروت)

शहन्शाहे बग़्दाद या ग़ौसे आ'ज़म

शहन्शाहे बग़्दाद या ग़ौसे आ'ज़म सुनो मेरी फ़रियाद या ग़ौसे आ'ज़म
बुला लीजे बग़्दाद या ग़ौसे आ'ज़म सुनानी है रूदाद या ग़ौसे आ'ज़म
लगा कर मुझे अपने क़दमों से मुर्शिद मेरा दिल करो शाद या ग़ौसे आ'ज़म
तेरे पाक जल्वों से या पीरो मुर्शिद मेरा दिल हो आबाद या ग़ौसे आ'ज़म
पिला जाम ऐसा सिवा तेरे आक़ा न कुछ भी रहे याद या ग़ौसे आ'ज़म
मेरे क़ल्ब से हुब्बे दुन्या की मुर्शिद उखड़ जाए बुन्याद या ग़ौसे आ'ज़म
रहे मुझ पे मीठी नज़र मुर्शिदी गर पड़े कुछ न उफ़्ताद[1] या ग़ौसे आ'ज़म
तेरे होते या पीर ! रन्जो अलम की करूं किस से फ़रियाद या ग़ौसे आ'ज़म
तेरे दर के मंगता सब अग़्वासो अक़्ताब और अब्दालो अवताद या ग़ौसे आ'ज़म
मुकर्रम शहा तेरे सारे के सारे हैं आबाओ अजदाद या ग़ौसे आ'ज़म
शहा काश ! दर का बना लेती कुत्ता मुझे तेरी औलाद या ग़ौसे आ'ज़म
रहें शादो आबाद दो आ़लम में मेरे सभी घर के अफ़्राद या ग़ौसे आ'ज़म
मुझे प्यारे ग्यारह व बारह व पच्चीस के लगते हैं आ'दाद या ग़ौसे आ'ज़म
अ़दू क़त्ल करने के दर पै हुवा है मदद शाहे बग़्दाद या ग़ौसे आ'ज़म

مدینہ

1 : मुसीबत

अ़दू तो मुख़ालिफ़ थे पहले ही से अब बढ़ा ज़ोरे हुस्साद[1] या ग़ौसे आ'ज़म
गुनाहों ने मुझ को कहीं का न छोड़ा न हो जाऊं बरबाद या ग़ौसे आ'ज़म
मुझे नफ़्से ज़ालिम पे कर दीजे ग़ालिब हो नाकाम हमज़ाद[2] या ग़ौसे आ'ज़म
दमे नज़्अ़ दीदार की भीक देना चले जां मेरी शाद या ग़ौसे आ'ज़म
गरिफ़्तारे रन्जो बला है येह अ़त्तार करो आ कर आज़ाद या ग़ौसे आ'ज़म

"येह अ़त्तार मेरा है" मुर्शिद ख़ुदारा
सुना दो येह इर्शाद या ग़ौसे आ'ज़म

ग़िब्ता की ता'रीफ़

ग़िब्ता से मुराद येह है कि इन्सान दूसरे की ने'मत का ज़वाल (या'नी ज़ाएअ़ हो जाना) न चाहे बल्कि वैसी ही ने'मत की अपने लिये तमन्ना करे तो येह **ग़िब्ता** (या'नी रश्क) कहलाता है, न येह **ह़सद** में दाख़िल और न ही ह़राम। (طریقہ محمدیہ ج ۱ ص ۶۱۰)

مدینہ

1 : ह़ासिद की जम्अ़ 2 : इन्सान के बच्चे के हमराह पैदा होने वाला शैत़ान जो कि बहकाने के लिये हर वक़्त साथ रहता है।

तेरे दर से है मंगतों का गुज़ारा या शहे बग़दाद

तेरे दर से है मंगतों का गुज़ारा या शहे बग़दाद
येह सुन कर मैं ने भी दामन पसारा या शहे बग़दाद

मेरी क़िस्मत का चमका दो सितारा या शहे बग़दाद
दिखा दो अपना चेहरा प्यारा प्यारा या शहे बग़दाद

इजाज़त दो कि मैं बग़दाद ह़ाज़िर हो के फिर कर लूं
तुम्हारे नीले गुम्बद का नज़ारा या शहे बग़दाद

ग़मे शाहे मदीना मुझ को तुम ऐसा अ़त़ा कर दो
जिगर टुकड़े हो दिल भी पारा पारा या शहे बग़दाद

मदीने का बना दो तुम मुझे कुछ ऐसा दीवाना
फिरूं दीवानगी में मारा मारा या शहे बग़दाद

ख़ुदा के ख़ौफ़ से रोए नबी के इ़श्क़ में रोए
अ़ता कर दो वोह चश्मे तर ख़ुदारा या शहे बग़्दाद

गुनाहों के मरज़ ने कर दिया है नीम जां मुझ को
तुम्हीं आ के करो अब कोई चारा या शहे बग़्दाद

मुझे अच्छा बना दो मीठे मुर्शिद कि यक़ीनन हैं
मेरे ह़ालात तुम पर आश्कारा या शहे बग़्दाद

सुधारो मेरे मुर्शिद मुझ गुनहगारो कमीने को
न जाने तुम ने कितनों को सुधारा या शहे बग़्दाद

हुई जाती है ऊजड़ अब मेरी उम्मीद की खेती
भरन बरसा दो रह़मत की ख़ुदारा या शहे बग़्दाद

करम मीरां ! मेरे उजड़े गुलिस्तां में बहार आए
ख़ज़ां का रुख़ फिरा दो अब ख़ुदारा या शहे बग़्दाद

शहा ! ख़ैरात लेने को सलातीने ज़माना ने
तेरे दरबार में दामन पसारा या शहे बग़दाद
गरजते बादलों का शोर चलती आंधियों का ज़ोर
लरज़ता है कलेजा दो सहारा या शहे बग़दाद
बचा लो दुश्मनों के वार से या ग़ौसे जीलानी
बड़ी उम्मीद से तुम को पुकारा या शहे बग़दाद
ख़ुदा से बख़्शवा दो बे हिसाब बहरे अ़ली हैदर
करम कर दो करम कर दो ख़ुदारा या शहे बग़दाद
अगर्चे लाख पापी है मगर अ़त्तार किस का है
तुम्हारा है तुम्हारा है तुम्हारा या शहे बग़दाद

निफ़ाक़े ए'तिक़ाद की ता'रीफ़

ज़बान से इस्लाम का दा'वा करना और दिल में इस्लाम से इन्कार करना निफ़ाक़ है।

(बहारे शरीअ़त, जि. 1, स. 182, मक-त-बतुल मदीना बाबुल मदीना (कराची))

अजमेर बुलाया मुझे अजमेर बुलाया

अजमेर बुलाया मुझे अजमेर बुलाया
अजमेर बुला कर मुझे मेहमान बनाया
हो शुक्र अदा कैसे कि मुझ पापी को ख़्वाजा
अजमेर बुला कर मुझे दरबार दिखाया
सुल्त़ाने मदीना की महब्बत का भिकारी
बन कर मैं शहा ! आप के दरबार में आया
दुन्या की हुकूमत दो न दौलत दो न सरवत
हर चीज़ मिली जामे महब्बत जो पिलाया
क़दमों से लगा लो मुझे क़दमों से लगा लो
ख़्वाजा है ज़माने ने बड़ा मुझ को सताया
डूबा अभी डूबा मुझे लिल्लाह संभालो
सैलाब गुनाहों का बड़े ज़ोर से आया
अब चश्मे शिफ़ा बहरे खुदा सूए मरीज़ां
इस्यां के मरज़ ने है बड़ा ज़ोर दिखाया
सरकारे मदीना का बना दीजिये आशिक़
येह अर्ज़ लिये शाह कराची से मैं आया
या ख़्वाजा करम कीजिये हों जुल्मतें काफ़ूर
बातिल ने बड़े ज़ोर से सर अपना उठाया
अत्त़ार करम ही से तेरे जम के खड़ा है
दुश्मन ने गिराने को बड़ा ज़ोर लगाया

या ख़्वाजा मेरी झोली भर दो

मैं हूं साइल मैं हूं मंगता या ख़्वाजा मेरी झोली भर दो
हाथ बढ़ा कर डाल दो टुकड़ा या ख़्वाजा मेरी झोली भर दो
जो भी साइल आ जाता है मन की मुरादें पा जाता है
मैं ने भी दामन है पसारा या ख़्वाजा मेरी झोली भर दो
सुल्ताने कौनैन का सदक़ा मौला अ़ली ह़-सनैन का सदक़ा
सदक़ा ख़ातूने जन्नत का या ख़्वाजा मेरी झोली भर दो
मुझ को इ़श्क़े रसूल अ़ता हो ख़्वाजा नज़रे करम से बना दो
शाहे मदीना का दीवाना या ख़्वाजा मेरी झोली भर दो
रब की इबादत की दुश्वारी और गुनाहों की बीमारी
दोनों[2] आफ़तें दूर हों ख़्वाजा या ख़्वाजा मेरी झोली भर दो

दे दो तुम अ़त्तार को ख़्वाजा
सुन्नत की ख़िदमत का जज़्बा
हर सू दीं का बजा दे डंका
या ख़्वाजा मेरी झोली भर दो

तूने बातिल को मिटाया ऐ इमाम अह़मद रज़ा

तूने बातिल को मिटाया ऐ इमाम अह़मद रज़ा
दीन का डंका बजाया ऐ इमाम अह़मद रज़ा

दौरे बातिल और ज़लालत हिन्द में था जिस घड़ी
तू मुजद्दिद बन के आया ऐ इमाम अह़मद रज़ा

अहले सुन्नत का चमन सर सब्ज़ था शादाब था
और रंग तुम ने चढ़ाया ऐ इमाम अह़मद रज़ा

तूने बातिल को मिटा कर दीन को बख़्शी जिला
सुन्नतों को फिर जिलाया ऐ इमाम अह़मद रज़ा

ऐ इमामे अहले सुन्नत नाइबे शाहे उमम
कीजिये हम पर भी साया ऐ इमाम अह़मद रज़ा

इल्म का चश्मा हुवा है मोजज़न तह़रीर में
जब क़लम तूने उठाया ऐ इमाम अह़मद रज़ा

ह़श्र तक जारी रहेगा फ़ैज़ मुर्शिद आप का
फ़ैज़ का दरिया बहाया ऐ इमाम अह़मद रज़ा

है ब दरगाहे ख़ुदा अ़त्तारे आ़जिज़ की दुआ़
तुझ पे हो रह़मत का साया ऐ इमाम अह़मद रज़ा

वाह क्या बात आ'ला ह़ज़रत की

मुस्त़फ़ा का वोह लाडला प्यारा वाह क्या बात आ'ला ह़ज़रत की
ग़ौसे आ'ज़म की आंख का तारा वाह क्या बात आ'ला ह़ज़रत की
सुन्नियों के दिलों में जिस ने थी शम्ए़ इ़श्क़े रसूल रोशन की
वोह ह़बीबे ख़ुदा का दीवाना वाह क्या बात आ'ला ह़ज़रत की
अल्लाह अल्लाह तबह़्हुरे इ़ल्मी[1] अब भी बाक़ी है ख़िदमते क़-लमी
अहले सुन्नत का है जो सरमाया वाह क्या बात आ'ला ह़ज़रत की
इ़ल्मो इ़रफ़ां का जो कि सागर[2] था ख़ैर से ह़ाफ़िज़ा क़वी तर था
ह़क़ पे मब्नी था जिस का हर फ़तवा वाह क्या बात आ'ला ह़ज़रत की
उस की हस्ती में था अ़मल जौहर सुन्नते मुस्त़फ़ा का वोह पैकर
आ़लिमे दीन, साह़िबे तक़्वा वाह क्या बात आ'ला ह़ज़रत की
जिस ने देखा उन्हें अ़क़ीदत से क़ल्ब की आंख से मह़ब्बत से
मरह़बा मरह़बा पुकार उठ्ठा वाह क्या बात आ'ला ह़ज़रत की
सुन्नतों को जिला दिया जिस ने दीं का डंका बजा दिया जिस ने

مدینہ

1 : निहायत वुस्अ़ते इ़ल्मी, 2 : समुन्दर

वोह मुजद्दिद है दीनो मिल्लत का वाह क्या बात आ'ला ह़ज़रत की
जो है अल्लाह का वली बेशक आ़शिक़े सादिक़े नबी बेशक
ग़ौसे आ'ज़म का जो है मतवाला वाह क्या बात आ'ला ह़ज़रत की
जिस ने एह़क़ाक़े ह़क़ किया खुल कर रद्दे बात़िल किया सदा खुल कर
जो किसी से कभी न घबराया वाह क्या बात आ'ला ह़ज़रत की
सुन लो किल्के[1] रज़ा है वोह ख़न्जर आज भी जिस से लरज़ां अहले शर
बोलबाला है अहले सुन्नत का वाह क्या बात आ'ला ह़ज़रत की
फिर बरेली शरीफ़ जाऊं मैं ब-र-कतें मुर्शिदी की पाऊं मैं
कर लूं रौज़े का ख़ूब नज़्ज़ारा वाह क्या बात आ'ला ह़ज़रत की
या रब बहरे "ह़दाइक़े बख़्शिश" बख़्श अ़त्तार को बिला पुरसिश

खुल्द में कहता कहता जाएगा
वाह क्या बात आ'ला ह़ज़रत की

مدینہ

1 : क़लम

मुफ़्तिये आ'ज़म बड़ी सरकार है

मुफ़्तिये आ'ज़म बड़ी सरकार है जब कि अदना सा गदा अ़त्तार है
मुफ़्तिये आ'ज़म से हम को प्यार है اِنْ شَآءَاللّٰه अपना बेड़ा पार है
मुफ़्तिये आ'ज़म की निस्बत मरह़बा वोह रज़ा का दिलबरो दिलदार है
आ़लिमो मुफ़्ती, फ़क़ीहे बे बदल ख़ूब ख़ुश अख़्लाक़ो बा किरदार है
ताजदारे अहले सुन्नत अल मदद बन्दए दर बे कसो लाचार है
तख़्ते शाही क्या करूं मेरे लिये ताजे इ़ज़्ज़त आप की पैज़ार[1] है
आ'ला ह़ज़रत का रहूं मैं बा वफ़ा इस्तिक़ामत की दुआ़ दरकार है
आस्ताने पर खड़ा है इक गदा त़ालिबे इ़श्क़े शहे अबरार है
मुस्करा कर इक नज़र गर देख लो मेरी शामे ग़म अभी गुलज़ार है
मेरे दिल को शाद फ़रमा दीजिये रन्जो ग़म की क़ल्ब पर यलग़ार है
सय्यिदी अह़मद रज़ा का वासित़ा तेरा मंगता त़ालिबे दीदार है
हूं गुनाहों के मरज़ से नीम जां दर्दे इ़स्यां की दवा दरकार है

1 : जूती शरीफ़

हाथ फैला कर मुरादें मांग लो साइलो इन का सख़ी दरबार है
اِنْ شَآءَاللّٰه मग़्फ़िरत हो जाएगी ऐ वली ! तेरी दुआ़ दरकार है
ख़ूब ख़िदमत सुन्नतों की मैं करूं सय्यिदी तेरी दुआ़ दरकार है

काश ! नूरी[1] के सगों में हो शुमार
येह तमन्नाए दिले अ़त्तार है

तोरिया की ता'रीफ़

''तोरिया'' या'नी लफ़्ज़ के जो ज़ाहिर मा'ना हैं वोह ग़लत़ हैं मगर इस ने दूसरे मा'ना मुराद लिये जो सह़ीह़ हैं । म–सलन आप ने किसी को खाने के लिये कहा वोह बोला : मैं ने खाना खा लिया । इस के ज़ाहिर मा'ना येह हैं कि इस वक़्त का खाना खा लिया है मगर वोह येह मुराद लेता है कि कल खाया है येह भी झूट में दाख़िल है । **हुक्म :** ऐसा करना बिला ह़ाजत जाइज़ नहीं और ह़ाजत हो तो जाइज़ है ।

(فتاوی عالمگیری ج۵ ص۳۵۲دارالفکر بیروت)

مدینہ

1 : ताजदारे अहले सुन्नत, शहज़ादए आ'ला ह़ज़रत, हुज़ूर मुफ़्तिये आ'ज़मे हिन्द मौलाना मुस्त़फ़ा रज़ा ख़ान عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْمَنَّان का तख़ल्लुस ''नूरी'' है ।

आ़शिक़े मुस्त़फ़ा ज़ियाउद्दीन

आ़शिक़े मुस्त़फ़ा ज़ियाउद्दीन ज़ाहिदो पारसा ज़ियाउद्दीन
दिलबरो दिलरुबा ज़ियाउद्दीन मेरे दिल की ज़िया, ज़ियाउद्दीन
तुम को कुत़्बे मदीना या मुर्शिद ! उ़-लमा ने कहा ज़ियाउद्दीन
येह शरफ़ कम नहीं शरफ़ कि मैं हूं मुरीद आप का ज़ियाउद्दीन
मुझ को अपना बनाओ दीवाना बहरे ग़ौसुल वरा ज़ियाउद्दीन
चश्मे रह़मत बसूए मन[1] मुर्शिद बहरे अह़मद रज़ा ज़ियाउद्दीन
ऐसा कर दे करम रहें या रब ! मुझ से राज़ी सदा ज़ियाउद्दीन
कैसे भटकूंगा कि हैं मेरे तो रहबरो रहनुमा ज़ियाउद्दीन
एक मुद्दत से आंख प्यासी है अपना जल्वा दिखा ज़ियाउद्दीन
मरज़े इस्यां से नीम जां हूं मैं मुझ को दे दो शिफ़ा ज़ियाउद्दीन
चश्मे तर और क़ल्बे मुज़्त़र दो बहरे ह़म्ज़ा शहा ज़ियाउद्दीन
मेरी सब मुश्किलें हों ह़ल मुर्शिद मेरे मुश्किल कुशा ज़ियाउद्दीन

مدینہ

1 : बसूए मन या'नी मेरी त़रफ़

पौन सो साल तक मदीने में तुम ने बांटी ज़िया, ज़ियाउद्दीन
जामे इ़श्क़े नबी पिला ऐसा होश में आऊं ना ज़ियाउद्दीन
मेरे दुश्मन हैं ख़ून के प्यासे मुझ को उन से बचा ज़ियाउद्दीन
आह ! तूफ़ां में है घिरी नय्या ऐ मेरे नाख़ुदा ज़ियाउद्दीन
मौत आए मुझे मदीने में कर दो ह़क़ से दुआ ज़ियाउद्दीन
मुझ को दे दो बक़ीए़ ग़रक़द में अपने क़दमों में जा ज़ियाउद्दीन
ह़श्र में देख कर पुकारूंगा मरह़बा मरह़बा ज़ियाउद्दीन

मुस्त़फ़ा का पड़ोस जन्नत में
मुझ को ह़क़ से दिला ज़ियाउद्दीन
बे अ़मल ही सही मगर अ़त्त़ार
किस का है? आप का ज़ियाउद्दीन

''ज़िया पीरो मुर्शिद''

ज़िया पीरो मुर्शिद मेरे रहनुमा हैं सुरूरे दिलो जां मेरे दिलरुबा हैं
कली हैं गुलिस्ताने ग़ौसुल वरा की येह बाग़े रज़ा के गुले खुशनुमा हैं
शरीअ़त त़रीक़त हो कि मा'रिफ़त हो येह ह़क़ है ह़क़ीक़त में ह़क़ आशना हैं
सहारे हैं बेकस के, दुखियों के वाली सख़ा के हैं मख़्ज़न तो काने अ़त़ा हैं
खुदा की मह़ब्बत से सरशार हैं वोह दिलो जान से मुस्त़फ़ा पर फ़िदा हैं
मिला सब्ज़ गुम्बद का क़िस्मत से साया दियारे मुह़म्मद में जल्वा नुमा हैं
बुला लो मुझे अपने क़दमों में अब तो येह अय्यामे फ़ुरक़त बड़े जां गुज़ा हैं
मुझे रूए ज़ैबा ज़रा फिर दिखा दो ज़ियारत के लम्ह़े बड़े जां फ़िज़ा हैं
तसव्वुर जमाऊं तो मौजूद पाऊं करूं बन्द आंखें तो जल्वा नुमा हैं
न क्यूं अहले सुन्नत करें नाज़ उन पर कि वोह नाइबे ग़ौसो अह़मद रज़ा हैं

मुनव्वर करें क़ल्बे अ़त्त़ार को भी
शहा आप दीने मुबीं की ज़िया हैं

तेरे दर से है मंगतों का गुज़ारा या मुह़म्मह शाह

तेरे दर से है मंगतों का गुज़ारा या मुह़म्मह शाह
येह सुन कर मैं ने भी दामन पसारा या मुह़म्मह शाह

मेरी क़िस्मत का चमका दो सितारा या मुह़म्मह शाह
दिखा दो अपना चेहरा प्यारा प्यारा या मुह़म्मह शाह

गुनाहों के मरज़ ने कर दिया है नीम जां मुझ को
तुम्हीं आ कर करो अब कोई चारा या मुह़म्मह शाह

ग़मे शाहे मदीना मुझ को तुम ऐसा अ़त़ा कर दो
जिगर टुकड़े हो दिल भी पारा पारा या मुह़म्मह शाह

हुई जाती है ऊजड़ अब मेरी उम्मीद की खेती
भरन[1] बरसा दो रह़मत की ख़ुदारा या मुह़म्मह शाह

मेरे दूल्हा मेरे उजड़े गुलिस्तां में बहार आए
ख़ज़ां का रुख़ फिरा दो अब ख़ुदारा या मुह़म्मह शाह

مدینہ

1: बारिश

मदीने का बना दो ऐसा दीवाना मुझे दूल्हा
फिरूं दीवानगी में मारा मारा या मुह़म्मह शाह

गरजते बादलों का शोर चलती आंधियों का ज़ोर
लरज़ता है कलेजा दो सहारा या मुह़म्मह शाह

मेरी कश्ती भंवर में फंस गई है हाए बरबादी
मैं डूबा तुम बचा लो अब ख़ुदारा या मुह़म्मह शाह

बचा लो दुश्मनों के वार से लिल्लाह मैं ने है
बड़ी उम्मीद से तुम को पुकारा या मुह़म्मह शाह

शहा ! ख़ैरात लेने को सलात़ीने ज़माना ने
तेरे दरबार में दामन पसारा या मुह़म्मह शाह

सुधारो मेरे दूल्हा मुझ गुनहगारो कमीने को
न जाने तुम ने कितनों को सुधारा या मुह़म्मह शाह

ख़ुदा के ख़ौफ़ से रोए नबी के इ़श्क़ में रोए
अ़त़ा कर दो वोह चश्मे तर ख़ुदारा या मुह़म्मह शाह

अगर्चे लाख पापी है मगर अ़त्त़ार किस का है
तुम्हारा है तुम्हारा है तुम्हारा या मुह़म्मह शाह

सुन्नियों के दिल में है इ़ज़्ज़त ''वक़ारुद्दीन''[1] की

सुन्नियों के दिल में है इ़ज़्ज़त ''वक़ारुद्दीन'' की
आज भी मम्नून है मिल्लत ''वक़ारुद्दीन'' की

आप अ़ल्लामा व मुफ़्ती और थे शैख़ुल ह़दीस
आज भी है क़ल्ब में अ़-ज़मत ''वक़ारुद्दीन'' की

सिर्फ़ आ़लिम ही नहीं थे आप आ़लिम गर भी थे
मरह़बा थी ख़ूब इ़ल्मिय्यत ''वक़ारुद्दीन'' की

बे अ़दद उ़-लमा ने ज़ानूए तलम्मुज़[2] तह किया
क्या बयां हो शाने इ़ल्मिय्यत ''वक़ारुद्दीन'' की

इِنْ شَآءَاللّٰه काम आएगी मुझे रोज़े जज़ा
क़द्रदानी इ़ल्म की उल्फ़त ''वक़ारुद्दीन'' की

इِنْ شَآءَاللّٰه वोह बरोज़े ह़श्र बख़्शा जाएगा
जिस को ह़ासिल हो गई निस्बत ''वक़ारुद्दीन'' की

मदीना

1 : ह़ज़रत वक़ारुल मिल्लत मुफ़्ती वक़ारुद्दीन क़ादिरी र-ज़वी عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْقَوِى का यौमे उ़र्स 20 रबीउ़न्नूर है लिहाज़ा बीसवीं की मुना-सबत से इस मन्क़बत में 20 अश्आ़र हैं। 2 : शागिर्दी

वोह मुजस्सम आ़जिज़ी थे और सरापा सादगी
इस लिये तो दिल में है हैबत ''वक़ारुद्दीन'' की

चारपाई और तक्या और लोटा जा नमाज़
थी सरापा सादा ही त़ीनत[1] ''वक़ारुद्दीन'' की

चारपाई पर वोह होते और हम भी रू बरू
याद आती है हमें सोह़बत ''वक़ारुद्दीन'' की

आए दिन ख़िदमत में आ कर हम मसाइल पूछते
याद आती है हमें सोह़बत ''वक़ारुद्दीन'' की

नुक्ता दानी, मू शिगाफ़ी[2] और गुल अफ़्शानियां
याद आती है हमें सोह़बत ''वक़ारुद्दीन'' की

ख़न्दा पेशानी तबस्सुम रेज़ मीठी गुफ़्त-गू
याद आती है हमें सोह़बत ''वक़ारुद्दीन'' की

1 : त़बीअ़त 2 : बारीक बीनी

उन को सीने से लगाया मुस्त़फ़ा ने ख़्वाब[1] में
क़ाबिले सद रश्क है क़िस्मत "वक़ारुद्दीन" की
बन्दए बदकार हूं ! अफ़्सोस मैं बेकार हूं
कुछ न मुझ से हो सकी ख़िदमत "वक़ारुद्दीन" की
सब मुरीदों के लिये सारे मुह़िब्बों के लिये
सानिह़ा जां सोज़ था रिह़लत "वक़ारुद्दीन" की

मदीना

1 : एक बार हम चन्द इस्लामी भाई **ह़ज़रते सय्यिदी वक़ारुल मिल्लत** رَحْمَةُاللهِ تَعَالٰی عَلَيْه के साथ कार में कहीं जा रहे थे, सिल्सिलए गुफ़्त–गू जारी था। मैं ने अ़र्ज़ की : हुज़ूर ! आप ने कभी ख़्वाब में **सरकारे नामदार** صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم का दीदार किया हो तो इर्शाद फ़रमा कर हमारी ज़ौक़ अफ़्ज़ाई कीजिये। इर्शाद फ़रमाया : "एक बार मैं ने ख़्वाब में अपने आप को **सरकारे मदीना** صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم के रौज़ए पुर अन्वार पर ह़ाज़िर पाया, इतने में क़ब्रे अन्वर से **प्यारे प्यारे आक़ा मीठे मीठे मुस्त़फ़ा** صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم बाहर तशरीफ़ ले आए और..... और..... **मुझे सीने से लगा लिया ।**"

आख़िरी दीदार के वक़्त आंख मेरी रो पड़ी
देख कर ज़ेरे कफ़न सूरत "वक़ारुद्दीन" की

या इलाही ! वासित़ा तुझ को रसूले पाक का
नूर से मा'मूर कर तुरबत "वक़ारुद्दीन" की

वासित़ा ग़ौसो रज़ा का ऐ ख़ुदाए मुस्त़फ़ा
ख़्वाब में मुझ को दिखा सूरत "वक़ारुद्दीन" की

उन के फ़ैज़े ख़ास से अ़त्त़ार भी है फ़ैज़याब[1]
इस पे कुछ ज़ियादा ही थी शफ़्क़त "वक़ारुद्दीन" की

तू तो है अ़त्त़ार बद अत्वार, वोह आ़ली वक़ार
क्या लिखेगा मन्क़बत ह़ज़रत वक़ारुद्दीन की

مدینہ

1 : اَلْحَمْدُ لِلّٰہِ عَزَّوَجَلَّ **वक़ारुल मिल्लत** رَحْمَۃُاللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیْہ ने मुझे अपनी ख़िलाफ़त से नवाज़ा। बत़ौर तह़दीसे ने'मत मज़्कूरा शे'र में इस त़रफ़ इशारा किया है। सगे मदीना

मेरे मुश्ताक़ को कोई दवा दो या रसूलल्लाह

(दा'वते इस्लामी की मर्कज़ी मजलिसे शूरा के मर्हूम निगरान ह़ाजी मुश्ताक़ अ़त्तारी عَلَيْهِ رَحْمَةُ الْبَارِى की सख़्त अ़लालत के अय्याम में बारगाहे रिसालत صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم में येह इस्तिग़ासा पेश किया गया)

मेरे मुश्ताक़ को कोई दवा दो या रसूलल्लाह
दवा दे कर शिफ़ाए कामिला दो या रसूलल्लाह

त़बीबों ने मरीज़े ला दवा कह कह के टाला है
बना, नाकाम इन का इन्दिया[1] दो या रसूलल्लाह

मेरा मुश्ताक़ मौला कब तलक तड़पेगा बेचारा
दुआ़ भी दो दवा भी दो शिफ़ा दो या रसूलल्लाह

मेरे मुश्ताक़ के उजड़े चमन में फिर बहार आए
कली पज़मुर्दा दिल की तुम खिला दो या रसूलल्लाह

मेरे मुश्ताक़े रन्जीदा पे हो चश्मे करम आक़ा
बिचारे ग़म के मारे को हंसा दो या रसूलल्लाह

مدینہ

1 : राय

करम से अब सरे बालीं शहा तशरीफ़ ले आओ
इसे दीदार का शरबत पिला दो या रसूलल्लाह

शिफ़ा पा कर येह ना'तें पढ़ के फिर तड़पाने लग जाए
लुआ़ब अपना इसे आ कर चटा दो या रसूलल्लाह

शहा मुश्ताक़ कब तक दर बदर की ठोकरें खाए
कहां जाए बिचारा तुम बता दो या रसूलल्लाह

करम कर दो तरस खाओ दुखी दिल की सदा सुन लो
बला मुश्ताक़ से हर इक हटा दो या रसूलल्लाह

सुनो या मत सुनो येह रट लगाए जाएंगे हम तो
शिफ़ा दो या रसूलल्लाह शिफ़ा दो या रसूलल्लाह

फ़क़त़ अमराज़े जिस्मानी की ही करता नहीं फ़रियाद
गुनाहों के मरज़ से भी शिफ़ा दो या रसूलल्लाह

पए नेकी की दा'वत दौड़ता फिरता नज़र आए
मेरे मुश्ताक़ को ऐसा बना दो या रसूलल्लाह

शहा मुश्ताक़ को ह़ज की सआ़दत फिर अ़त़ा कर दो
बुला कर सब्ज़ गुम्बद भी दिखा दो या रसूलल्लाह

रिज़ा पर रब की राज़ी हैं तुम्हारे हम भिकारी हैं
हमारी आख़िरत बेहतर बना दो या रसूलल्लाह
गुनाहों से मैं तौबा कर रहा हूं तुम गवाह रहना
शहा ! अपने ख़ुदा से बख़्शवा दो या रसूलल्लाह
मुझे सकरात में कलिमा पढ़ा कर मीठी मीठी नींद
करम से अपने क़दमों में सुला दो या रसूलल्लाह
तुम्हारी याद में हर दम तड़पता ही रहूं आक़ा !
मेरे सीने में इश्क़ ऐसा रचा दो या रसूलल्लाह
मुझे इज़्ने मदीना दो तुम्हें सदक़ा नवासों का
दिखा दो गुम्बदे ख़ज़रा दिखा दो या रसूलल्लाह
मेरी तारीक रातें जगमगा दो अज़ पए शैख़ैन
मुझे तुम जल्वए ज़ैबा दिखा दो या रसूलल्लाह
शहा अ़त्तार का प्यारा है येह मुश्ताक़ अ़त्तारी
येही मुज़्दा इसे भी तुम सुना दो या रसूलल्लाह
अंधेरी क़ब्र में अ़त्तार पर अब ख़ौफ़ त़ारी है
पए कुत़्बे मदीना जगमगा दो या रसूलल्लाह

फिर आमदे र-मज़ान है

मरह़बा सद मरह़बा ! फिर आमदे र-मज़ान है
खिल उठे मुरझाए दिल ताज़ा हुवा ईमान है
या ख़ुदा हम आ़सियों पर येह बड़ा एह़सान है
ज़िन्दगी में फिर अ़त़ा हम को किया र-मज़ान है
तुझ पे सदक़े जाऊं र-मज़ां ! तू अ़ज़ीमुश्शान है
कि ख़ुदा ने तुझ में ही नाज़िल किया क़ुरआन है
अब्रे रह़मत छा गया है और समां है नूर नूर
फ़ज़्ले रब से मग़्फ़िरत का हो गया सामान है
हर घड़ी रह़मत भरी है हर त़रफ़ हैं ब-र-कतें
माहे र-मज़ां रह़मतों और ब-र-कतों की कान है
आ गया र-मज़ां इ़बादत पर कमर अब बांध लो
फ़ैज़ ले लो जल्द कि दिन तीस[30] का मेहमान है

आ़सियों की मग़्फ़िरत का ले कर आया है पयाम
झूम जाओ मुजरिमो ! र-मज़ां महे ग़ुफ़्रान[1] है

भाइयो बहनो ! करो सब नेकियों पर नेकियां
पड़ गए दोज़ख़ पे ताले क़ैद में शैत़ान है

भाइयो बहनो ! गुनाहों से सभी तौबा करो
खुल्द के दर खुल गए हैं दाख़िला आसान है

कम हुवा ज़ोरे गुनह और मस्जिदें आबाद हैं
माहे र-मज़ानुल मुबारक का येह सब फ़ैज़ान है

रोज़ादारो ! झूम जाओ क्यूं कि दीदारे खुदा
खुल्द में होगा तुम्हें येह वा'दए रह़मान है

दो[2] जहां की ने'मतें मिलती हैं रोज़ादार को
जो नहीं रखता है रोज़ा वोह बड़ा नादान है

या इलाही ! तू मदीने में कभी र-मज़ां दिखा
मुद्दतों से दिल में येह अ़त्त़ार के अरमान है

1 : मग़्फ़िरत, बख़्शिश, मग़्फ़िरत करना

ह़स्रता वा ह़स्रता अब चल दिया र-मज़ान है

आख़िरी रोज़े हैं दिल ग़मनाक मुज़्त़र जान है
ह़स्रता वा ह़स्रता अब चल दिया र-मज़ान है

आ़शिक़ाने माहे र-मज़ां रो रहे हैं फूट कर
दिल बड़ा बेचैन है अफ़्सुर्दा रूह़ो जान है

दर्दो रिक़्क़त से पछाड़ें खा के रोता है कोई
तो कोई तस्वीरे ग़म बन कर खड़ा ह़ैरान है

अल फ़िराक़ो वल फ़िराक़ ऐ रब के मेहमां अल फ़िराक़ !
अल वदाओ़ वल वदाअ़ तुझ को महे र-मज़ान है

दास्ताने ग़म सुनाएं किस को जा कर आह ! हम
या रसूलल्लाह देखो चल दिया र-मज़ान है

ख़ूब रोता है तड़पता है ग़मे र-मज़ान में
जो मुसल्मां क़द्रदानो आ़शिक़े र-मज़ान है

रोते रोते हिचकियां बंध जाती हैं उ़श्शाक़ की
तुझ में कैसा सोज़ ऐ अल्लाह के मेहमान है
तेरी फ़ुरक़त में दिले उ़श्शाक़ टुकड़े हो गया
और सीना चाक तेरे हिज्र में र-मज़ान है
वक़्ते इफ़्तारो सह़र की रौनकें होंगी कहां !
चन्द दिन के बा'द येह सारा समां सुनसान है
तेरी आमद से दिले पज़मुर्दा खिल उठ्ठे मगर
जल्द तड़पा कर हमें तू चल दिया र-मज़ान है
हाए सद अफ़्सोस ! र-मज़ां की न हम ने क़द्र की
बे सबब ही बख़्श दे या रब कि तू रह़मान है
माहे र-मज़ां तुझ में जो रोज़े नहीं रखता कोई
वोह बड़ा मह़रूम है बद बख़्त है नादान है

कर रहे हैं तुझ को रो रो कर मुसल्मां अल वदाअ़

आह ! चंद घड़ियों का अब तू रह गया मेहमान है

रोक सकते ही नहीं हाए तुझे अब क्या करें !

सब को रोता छोड़ कर तू चल दिया र-मज़ान है

अस्सलाम ऐ माहे र-मज़ां तुझ पे हों लाखों सलाम

हिज्र में अब तेरा हर आ़शिक़ हुवा बे जान है

चन्द आंसू नज़्र हैं बस और कुछ पल्ले नहीं

नेकियों से आह ! येह ख़ाली मेरा दामान है

वासित़ा र-मज़ान का या रब ! हमें तू बख़्श दे

नेकियों का अपने पल्ले कुछ नहीं सामान है

माहे र-मज़ां हम से राज़ी हो के जा बहरे खुदा

बख़्शवाना ह़श्र में कि तू महे गुफ़्रान है

काश ! आते साल हो अ़त्त़ार को र-मज़ां नसीब

या नबी ! मीठे मदीने में बड़ा अरमान है

क़ल्बे आ़शिक़ है अब पारा पारा
अल वदाअ़ अल वदाअ़ माहे र-मज़ां

(इस कलाम में मक़्तअ़ और बीच में कहीं कहीं मिस्रए़ किसी ना मा'लूम शाइ़र के हैं, कलाम निहायत पुरसोज़ था इस लिये किसी की फ़रमाइश पर उसी कलाम की मदद से अपने मु-तलातिम जज़्बात को अल्फ़ाज़ के क़ालिब में ढालने की सअ़ी की है)

क़ल्बे आ़शिक़ है अब पारा पारा — अल वदाअ़ अल वदाअ़ माहे र-मज़ां
कुल्फ़ते[1] हिज्रो फ़ुरक़त ने मारा — अल वदाअ़ अल वदाअ़ माहे र-मज़ां
तेरे आने से दिल ख़ुश हुवा था — और ज़ौक़े इबादत बढ़ा था
आह! अब दिल पे है ग़म का ग़-लबा — अल वदाअ़ अल वदाअ़ माहे र-मज़ां
मस्जिदों में बहार आ गई थी — जूक़ दर जूक़ आते नमाज़ी
हो गया कम नमाज़ों का जज़्बा — अल वदाअ़ अल वदाअ़ माहे र-मज़ां
बज़्मे इफ़्तार सजती थी कैसी! — ख़ूब स-ह़री की रौनक़ भी होती
सब समां हो गया सूना सूना — अल वदाअ़ अल वदाअ़ माहे र-मज़ां
तेरे दीवाने अब रो रहे हैं — मुज़्तरिब सब के सब हो रहे हैं
हाए अब वक़्ते रुख़्सत है आया — अल वदाअ़ अल वदाअ़ माहे र-मज़ां
तेरा ग़म हम को तड़पा रहा है — आ-तशे शौक़ भड़का रहा है

1: रन्ज, तक्लीफ़

फट रहा है तेरे ग़म में सीना अल वदाअ़ अल वदाअ़ माहे र-मज़ां
याद, र-मज़ां की तड़पा रही है आंसूओं की झड़ी लग गई है
कह रहा है येह हर एक क़त़रा अल वदाअ़ अल वदाअ़ माहे र-मज़ां
दिल के टुकड़े हुए जा रहे हैं तेरे आ़शिक़ मरे जा रहे हैं
रो रो कहता है हर इक बिचारा अल वदाअ़ अल वदाअ़ माहे र-मज़ां
ह़स्रता माहे र-मज़ां की रुख़्सत क़ल्बे उ़श्शाक़ पर है क़ियामत
कौन देगा इन्हें अब दिलासा अल वदाअ़ अल वदाअ़ माहे र-मज़ां
कोहे ग़म आ़शिक़ों पर पड़ा है हर कोई ख़ून अब रो रहा है
कह रहा है येह हर ग़म का मारा अल वदाअ़ अल वदाअ़ माहे र-मज़ां
तुम पे लाखों सलाम माहे र-मज़ां तुम पे लाखों सलाम माहे गुफ़्रां
जाओ ह़ाफ़िज़ ख़ुदा अब तुम्हारा अल वदाअ़ अल वदाअ़ माहे र-मज़ां
नेकियां कुछ न हम कर सके हैं आह ! इ़स्यां में ही दिन कटे हैं
हाए ! ग़फ़्लत में तुझ को गुज़ारा अल वदाअ़ अल वदाअ़ माहे र-मज़ां
वासिता तुझ को मीठे नबी का ह़श्र में हम को मत भूल जाना

रोज़े महशर हमें बख़्शवाना अल वदाअ़ अल वदाअ़ माहे र-मज़ां
जब गुज़र जाएंगे माह ग्यारह तेरी आमद का फिर शोर होगा
क्या मेरी ज़िन्दगी का भरोसा अल वदाअ़ अल वदाअ़ माहे र-मज़ां
माहे र-मज़ां की रंगीं फ़ज़ाओ ! अब्रे रहमत से मम्लू हवाओ
लो सलाम आख़िरी अब हमारा अल वदाअ़ अल वदाअ़ माहे र-मज़ां
कुछ न हुस्ने अ़मल कर सका हूं नज़्र चन्द अश्क मैं कर रहा हूं
बस येही है मेरा कुल असासा अल वदाअ़ अल वदाअ़ माहे र-मज़ां
हाए अ़त्तारे बदकार काहिल रह गया येह इ़बादत से ग़ाफ़िल
इस से खुश हो के होना रवाना अल वदाअ़ अल वदाअ़ माहे र-मज़ां

साले आइन्दा शाहे हरम तुम
करना अ़त्तार पर येह करम तुम
तुम मदीने में र-मज़ां दिखाना
अल वदाअ़ अल वदाअ़ माहे र-मज़ां

हाए तड़पा के र-मज़ां चला है

आह ! र-मज़ान अब जा रहा है हाए तड़पा के र-मज़ां चला है
टुकड़े टुकड़े मेरा दिल हुवा है हाए तड़पा के र-मज़ां चला है
आंख चांद देख कर रो पड़ी थी साथ आमद के रुख़्सत खड़ी थी
जल्द ही वक़्ते हिज्र आ गया है हाए तड़पा के र-मज़ां चला है
अश्क आंखों से अब बह रहे हैं हिज्र का ग़म जो हम सह रहे हैं
वोह दिले ग़मज़दा जानता है हाए तड़पा के र-मज़ां चला है
ग़म जुदाई का कैसे सहूंगा किस से ग़म का फ़साना कहूंगा
आंख पुरनम है दिल रो रहा है हाए तड़पा के र-मज़ां चला है
जां फ़िदा तुझ पे नानाए ह़-सनैन क़ल्ब है मेरा ग़मगीनो बेचैन
दिल पे सदमा बढ़ा जा रहा है हाए तड़पा के र-मज़ां चला है
कर के तक़्सीम बख़्शिश की अस्नाद आह ! रन्जीदा दिल कर के तू शाद
सब को रोता हुवा छोड़ता है हाए तड़पा के र-मज़ां चला है
तू येह करना ख़ुदा से सिफ़ारिश, इस गुनहगार की कर दे बख़्शिश

तुझ से अ़त्तार की इल्तिजा है
हाए तड़पा के र-मज़ां चला है

हुवा जाता है रुख़्सत माहे र-मज़ां या रसूलल्लाह

हुवा जाता है रुख़्सत माहे र-मज़ां या रसूलल्लाह
रहा अब चन्द घड़ियों का येह मेहमां या रसूलल्लाह

ख़ुशी की लह्र दौड़ी हर त़रफ़ र-मज़ान जब आया
है अब रन्जीदा रन्जीदा मुसल्मां या रसूलल्लाह

मुसर्रत ही मुसर्रत और ख़ुशी ही थी ख़ुशी जिस दम
नज़र आया हिलाले माहे र-मज़ां या रसूलल्लाह

शहा ! अब ग़म के मारे ख़ून के आंसू बहाते हैं
चला तड़पा के हाए माहे र-मज़ां या रसूलल्लाह

चला अब जल्द येह र-मज़ां सताईस[27] आ गई तारीख़
फ़क़त़ दो[2] दिन का अब र-मज़ां है मेहमां या रसूलल्लाह

फ़ज़ाएं नूर बरसातीं हवाएं मुस्कराती थीं
समां अब हो गया सुनसानो वीरां या रसूलल्लाह

रियाज़त कुछ न की हम ने इबादत कुछ न की हम ने
रहे बस हर घड़ी मश्ग़ूले इस्यां या रसूलल्लाह
मैं हाए जी चुराता ही रहा रब की इबादत से
गुज़ारा ग़फ़्लतों में सारा र-मज़ां या रसूलल्लाह
मैं सोता रह गया ग़फ़्लत की चादर तान कर अफ़्सोस
खुदारा मेरी बख़्शिश का हो सामां या रसूलल्लाह
जुदाई की घड़ी जां सोज़ है उ़श्शाक़े र-मज़ां पर
चला इन को रुला कर माहे र-मज़ां या रसूलल्लाह
तड़पते हैं बिलकते हैं क़रार आता नहीं इन को
बहुत बेचैन हैं उ़श्शाक़े र-मज़ां या रसूलल्लाह
गुनाहों की सियाही छा रही है रुख़ पे महशर में
मेरा चेहरा पए र-मज़ां हो ताबां या रसूलल्लाह
महे र-मज़ां की रुख़्सत जाने आ़शिक़ पर क़ियामत है
गदा तेरे हैं हैरानो परेशां या रसूलल्लाह
खुदा के नेक बन्दे नेकियों में लग गए लेकिन
गुनह करता रहा अ़त्तारे नादां या रसूलल्लाह

मज़ा ख़ूब र-मज़ान में आ रहा था

(येह कलाम 5 शव्वालुल मुकर्रम 1431 हि. को कम्पोज़ किया गया)

मसर्रत से सीना मदीना बना था
मज़ा ख़ूब र-मज़ान में आ रहा था
परे रन्जो ग़म का अंधेरा हुवा था
मज़ा ख़ूब र-मज़ान में आ रहा था

ख़बर जब कि र-मज़ां की आमद की आई
तो मुरझाए दिल की कली मुस्कराई
क्या अब्रे करम नूर बरसा रहा था
मज़ा ख़ूब र-मज़ान में आ रहा था

नज़र चांद र-मज़ां का जिस वक़्त आया
हुवा रह़मतों का ज़माने पे साया
उफ़ुक़ पर भी अब्रे करम छा गया था
मज़ा ख़ूब र-मज़ान में आ रहा था

खुले बाबे जन्नत, जहन्नम को ताले
पड़े, हर त़रफ़ थे उजाले उजाले
वोह मरदूद शैत़ान क़ैदी बना था
मज़ा ख़ूब र-मज़ान में आ रहा था

तराने ख़ुशी के फ़ज़ा गुनगुनाती
हवा भी मसर्रत के नग़्मे सुनाती
जिधर देखिये मरह़बा मरह़बा था
मज़ा ख़ूब र-मज़ान में आ रहा था

फ़ज़ाएं भी क्या नूर बरसा रही थीं
हवाएं मसर्रत से इठला रही थीं
समां हर त़रफ़ कैफ़ो मस्ती भरा था
मज़ा ख़ूब र-मज़ान में आ रहा था

शबो रोज़ रह़मत की बरसात होती
अ़त़ाओं की झोली में ख़ैरात होती
मुसल्मां का दामन करम से भरा था
मज़ा ख़ूब र-मज़ान में आ रहा था

जो उल्फ़त के पैमाने तक़्सीम होते
तो बख़्शिश के परवाने तरक़ीम[1] होते
ख़ुशा ! बह़्रे रह़मत को जोश आ गया था
मज़ा ख़ूब र-मज़ान में आ रहा था

मसाजिद में हर सू बहार आ गई थी
ख़ुदा के करम की घटा छा गई थी
जिसे देखो सज्दे में आ कर गिरा था
मज़ा ख़ूब र-मज़ान में आ रहा था

مدینہ

1 : लिखे जाते, तह़रीर

फ़ज़ाएं मुनव्वर हवाएं मुअ़त्तर
ख़ुदा की क़सम था समां कैफ़ आवर
दिलों पर भी इक वज्द सा छा गया था
मज़ा ख़ूब र-मज़ान में आ रहा था

कलेजे में ठन्डक थी, चेहरे पे पानी
दिलों में भी थी किस क़दर शादमानी
सुकूं माहे र-मज़ां में कैसा मिला था
मज़ा ख़ूब र-मज़ान में आ रहा था

मुसल्मां थे ख़ुश रुख़ पे रौनक़ बड़ी थी
ख़ुदा के करम की बरसती झड़ी थी
इबादत में दिल किस क़दर लग गया था
मज़ा ख़ूब र-मज़ान में आ रहा था

सरे शाम इफ़्तार की रौनक़ें थीं
ब वक़्ते सह़र किस क़दर ब-र-कतें थीं
सुरूर आ रहा था मज़ा आ रहा था
मज़ा ख़ूब र-मज़ान में आ रहा था

मुक़द्दर ने की या-वरी साथ जिन के
मसाजिद में वोह मो'तकिफ़ हो गए थे
इबादत का क्या ख़ूब जज़्बा मिला था
मज़ा ख़ूब र-मज़ान में आ रहा था

इबादत में उ़श्शाक़ लज़्ज़त थे पाते
अदब से तिलावत में सर को झुकाते
नमाज़ों का रोज़ों का भी इक मज़ा था
मज़ा ख़ूब र-मज़ान में आ रहा था

मुनाजाते इफ़्तार में रिक़्क़तें थीं
दुआ़ओं में भी किस क़दर लज़्ज़तें थीं
जिसे देखो वोह महवे यादे ख़ुदा था
मज़ा ख़ूब र-मज़ान में आ रहा था

सना ख़्वान जिस वक़्त ना'तें सुनाते
तो उ़श्शाक़ सुन कर के आंसू बहाते
नशा ख़ूब इ़श्क़े नबी का चढ़ा था
मज़ा ख़ूब र-मज़ान में आ रहा था

मुबल्लिग़ अ़ज़ाबों से जिस दम डराता
कोई कप-कपाता कोई थर-थराता
कोई गिड़-गिड़ाता कोई चीख़ता था
मज़ा ख़ूब र-मज़ान में आ रहा था

घड़ी जब कि र–मज़ां की रुख़्सत की आई
तड़पते थे सदमे से इस्लामी भाई
बिलक्ता था कोई, कोई ग़मज़दा था
मज़ा ख़ूब र–मज़ान में आ रहा था

दमे रुख़्सते माहे र–मज़ां मुसल्मां
थे ग़मगीनो हैरां, परेशां परेशां
शबे ईद देखो जिसे रो रहा था
मज़ा ख़ूब र–मज़ान में आ रहा था

मुझे माहे र–मज़ां का ग़म दे इलाही
मिटा हुब्बे दुन्या की दिल से सियाही
मज़ा फ़ानी सन्सार में क्या रखा था
मज़ा ख़ूब र–मज़ान में आ रहा था

जो थे मो'तकिफ़ ''म–दनी मर्कज़'' के अन्दर
बिचारे थे अ़त्तार ह़द द–रजे मुज़्त़र
दमे अल वदाअ़ उन का दिल जल रहा था
मज़ा ख़ूब र–मज़ान में आ रहा था

ईद मुबारक

बा'दे र-मज़ान ईद होती है रब की रह़मत मज़ीद होती है
जिस को आक़ा की दीद होती है उस पे क़ुरबान "ईद" होती है
ईद तुझ को मुबारक ऐ साइम[1] ! रोज़ादारों की ईद होती है
रोज़ाख़ोरो ! ख़ुदा की नाराज़ी सुन लो ! तुम पर शदीद होती है
तेरी शैत़ान ! माहे र-मज़ां में कैसी मिट्टी पलीद होती है !
रोज़ादारों के वासित़े वल्लाह मग़्फ़िरत की नवीद[2] होती है
ईद के दिन उ़मर येह रो रो कर बोले "नेकों की ईद होती है"
जो कोई रब को करते हैं नाराज़ उन से रह़मत बई़द[3] होती है
फ़िल्म बीनों[4] के ह़क़ में सुन लो येह ईद यौमे वई़द[5] होती है
बे नमाज़ों की रोज़ाख़ोरों की कौन कहता है ईद होती है !
जिस को आक़ा मदीने बुलवाएं उस मुसल्मां की ईद होती है
मुझ को "ईदी" में दो बक़ीअ़ आक़ा जाने कब मेरी ई़द होती है !
जो बिछड़ जाए उन की गलियों से क्या भला उस की ई़द होती है !

ई़द अ़त्तार उस की है जिस को
ख़्वाब में उन की दीद होती है

1 : रोज़ादार 2 : ख़ुश ख़बरी 3 : दूर 4 : फ़िल्म देखने वाले 5 : सज़ा देने की धमकी, सज़ा देने का वा'दा

यानबी सलामٌ अलैकَ

یانبی سلامٌ علیكَ یارسول سلامٌ علیكَ

یاحبیب سلامٌ علیكَ صَلَوٰۃُ اللّٰہِ علیكَ

हो मुबारक अहले इस्यां, हो गया बख़्शिश का सामां
आ गई सुब्हे बहारां, हो गया घर घर चराग़ां
یانبی سلامٌ علیكَ یارسول سلامٌ علیكَ

یاحبیب سلامٌ علیكَ صَلَوٰۃُ اللّٰہِ علیكَ

जश्ने मीलादुन्नबी है, नूर की चादर तनी है
रोशनी ही रोशनी है, धूम हर जानिब मची है
یانبی سلامٌ علیكَ یارسول سلامٌ علیكَ

یاحبیب سلامٌ علیكَ صَلَوٰۃُ اللّٰہِ علیكَ

आज है सुब्हे बहारां, झूमते हैं सब मुसल्मां
घिर चुका है अब्रे बारां, रह़मतों से भर लो दामां
یانبی سلامٌ علیكَ یارسول سلامٌ علیكَ

یاحبیب سلامٌ علیكَ صَلَوٰۃُ اللّٰہِ علیكَ

आमिना बीबी के घर पर,आ गया नबियों का अफ़्सर
झुक गया है कुफ़्र का सर, पड़ गई है धूम घर घर
يانبى سلامٌ عليكَ يارسول سلامٌ عليكَ
يا حبيب سلامٌ عليكَ صَلَوٰةُ اللّٰهِ عليكَ

आमिना बी के दुलारे, ऐ दुखी दिल के सहारे
कौन है जो कि संवारे, मेरे बिगड़े काम सारे
يانبى سلامٌ عليكَ يارسول سلامٌ عليكَ
يا حبيب سلامٌ عليكَ صَلَوٰةُ اللّٰهِ عليكَ

तुम मकीने ला मकां हो, और ह़क़ के राज़ दां हो
इज़्ने रब से ग़ैब दां हो, क्या है जो तुम से निहां[1] हो
يانبى سلامٌ عليكَ يارسول سلامٌ عليكَ
يا حبيب سلامٌ عليكَ صَلَوٰةُ اللّٰهِ عليكَ

अव्वलो आख़िर तुम आक़ा, बाति़नो ज़ाहिर तुम आक़ा
ह़ाज़िरो नाज़िर तुम आक़ा, त़य्यिबो त़ाहिर तुम आक़ा
يانبى سلامٌ عليكَ يارسول سلامٌ عليكَ
يا حبيب سلامٌ عليكَ صَلَوٰةُ اللّٰهِ عليكَ

1 : छुपा हुवा, पोशीदा

आप सुल्त़ाने जहां हैं, दर्द मन्दे बे कसां हैं
चारए बे चारगां हैं, बे अमानों की अमां हैं
یانبی سلامٌ علیکَ یارسول سلامٌ علیکَ
یاحبیب سلامٌ علیکَ صَلَوٰۃُ اللّٰہِ علیکَ

तुम ह़बीबे किब्रिया हो, और इमामुल अम्बिया हो
दो[2] जहां के पेशवा हो, शाफ़ेए रोज़े जज़ा हो
یانبی سلامٌ علیکَ یارسول سلامٌ علیکَ
یاحبیب سلامٌ علیکَ صَلَوٰۃُ اللّٰہِ علیکَ

या ह़बीबे रब्बे दावर, अज़ पए सिद्दीक़े अक्बर
और उ़मर उ़स्मानो ह़ैदर, चश्मे तर दो क़ल्बे मुज़्त़र
یانبی سلامٌ علیکَ یارسول سلامٌ علیکَ
یاحبیب سلامٌ علیکَ صَلَوٰۃُ اللّٰہِ علیکَ

वासित़ा ग़ौसुल वरा का, ह़ज़रते अह़मद रज़ा का
और मेरे मुर्शिद पिया का, रुख़ बदल दो हर बला का
یانبی سلامٌ علیکَ یارسول سلامٌ علیکَ
یاحبیب سلامٌ علیکَ صَلَوٰۃُ اللّٰہِ علیکَ

हुब्बे दुन्या से बचा लो, मुझ निकम्मे को निभा लो
दिल से शैतां को निकालो, अपना दीवाना बना लो
یانبی سلامٌ علیکَ یارسول سلامٌ علیکَ
یاحبیب سلامٌ علیکَ صَلَوٰۃُ اللّٰہِ علیکَ

दर्दे इ़स्यां को मिटाना, नेक मुझ को तुम बनाना
राहे सुन्नत पर चलाना, अपनी उल्फ़त में गुमाना
یانبی سلامٌ علیکَ یارسول سلامٌ علیکَ
یاحبیب سلامٌ علیکَ صَلَوٰۃُ اللّٰہِ علیکَ

सल्त़नत दो न हुकूमत, दो न तुम दुन्या की दौलत
दो फ़क़त़ अपनी मह़ब्बत, ऐ शहन्शाहे रिसालत
یانبی سلامٌ علیکَ یارسول سلامٌ علیکَ
یاحبیب سلامٌ علیکَ صَلَوٰۃُ اللّٰہِ علیکَ

रह़मतुल्लिल आ़–लमीं हो, और शफ़ीउ़ल मुज़्निबीं हो
फ़ज़्ले रब से क्या नहीं हो, बा'दे रब के बस तुम्हीं हो
یانبی سلامٌ علیکَ یارسول سلامٌ علیکَ
یاحبیب سلامٌ علیکَ صَلَوٰۃُ اللّٰہِ علیکَ

तुम मदीने में बुलाना, अपना जल्वा भी दिखाना
कलिमए त़य्यिब पढ़ाना, अपने क़दमों में सुलाना
یانبی سلامٌ علیكَ یارسول سلامٌ علیكَ
یاحبیب سلامٌ علیكَ صَلَوٰۃُ اللّٰہِ علیكَ

ऐ शहन्शाहे मदीना, इ़श्क़ का देदो ख़ज़ीना
हो मेरा सीना मदीना, अ़र्ज़ करता है कमीना
یانبی سلامٌ علیكَ یارسول سلامٌ علیكَ
یاحبیب سلامٌ علیكَ صَلَوٰۃُ اللّٰہِ علیكَ

रह़्मतल्लिल आ़-लमीना, हो अ़त़ा ऐसा क़रीना
देख कर मीठा मदीना, इ़श्क़ में फट जाए सीना
یانبی سلامٌ علیكَ یارسول سلامٌ علیكَ
یاحبیب سلامٌ علیكَ صَلَوٰۃُ اللّٰہِ علیكَ

जां कनी के वक़्त दिलबर, काश ! देखूं रूए अन्वर
देखते ही जां निछावर, तुम पे कर दूं काश ! सरवर
یانبی سلامٌ علیكَ یارسول سلامٌ علیكَ
یاحبیب سلامٌ علیكَ صَلَوٰۃُ اللّٰہِ علیكَ

ऐ मदीने वाले आक़ा, जितने हैं मतवाले आक़ा
सब के सुन ले नाले आक़ा, सब को तू बुलवा ले आक़ा
یانبی سلامٌ علیكَ یارسول سلامٌ علیكَ
یاحبیب سلامٌ علیكَ صَلَوٰۃُ اللّٰہِ علیكَ

आख़िरी लम्हे जब आएं, काश ! वोह तशरीफ़ लाएं
अपने जल्वों में गुमाएं, झूम कर हम गुनगुनाएं
یانبی سلامٌ علیكَ یارسول سلامٌ علیكَ
یاحبیب سلامٌ علیكَ صَلَوٰۃُ اللّٰہِ علیكَ

गुम्बदे ख़ज़रा तुम्हारा, किस क़दर है प्यारा प्यारा
काश ! करते ही नज़ारा, जानो दिल कर दूं निसारा
یانبی سلامٌ علیكَ یارسول سلامٌ علیكَ
یاحبیب سلامٌ علیكَ صَلَوٰۃُ اللّٰہِ علیكَ

क़ब्र में हो जब कि आना, तुम वहां तशरीफ़ लाना
चेहरए रोशन दिखाना, गोरे तीरह जगमगाना
یانبی سلامٌ علیكَ یارسول سلامٌ علیكَ
یاحبیب سلامٌ علیكَ صَلَوٰۃُ اللّٰہِ علیكَ

अल अमां ! हंगामे महशर, प्यास की शिद्दत से सरवर
जब ज़बानें आएं बाहर, तुम पिलाना जामे कौसर
یانبی سلامٌ علیکَ یارسول سلامٌ علیکَ
یاحبیب سلامٌ علیکَ صَلَوٰۃُ اللّٰہِ علیکَ

हश्र में सरकार आना, मेरे ऐबों को छुपाना
अपने रब से बख़्शवाना, साथ जन्नत में बसाना
یانبی سلامٌ علیکَ یارسول سلامٌ علیکَ
یاحبیب سلامٌ علیکَ صَلَوٰۃُ اللّٰہِ علیکَ

काश ! अत्तारे हज़ीं हो, और मदीने की ज़मीं हो
उस का वक़्ते वा-पसीं हो, और सिरहाने तुम्हीं हो
یانبی سلامٌ علیکَ یارسول سلامٌ علیکَ
یاحبیب سلامٌ علیکَ صَلَوٰۃُ اللّٰہِ علیکَ

हश्र में अत्तार आएं, आप उन पे रहम खाएं
अपने दामन में छुपाएं, और रब से बख़्शवाएं
یانبی سلامٌ علیکَ یارسول سلامٌ علیکَ
یاحبیب سلامٌ علیکَ صَلَوٰۃُ اللّٰہِ علیکَ

आमिना के दिलबरो दिलदार पर लाखों सलाम

आमिना के दिलबरो दिलदार पर लाखों सलाम
अम्बिया के सरवरो सरदार पर लाखों सलाम
झूम कर सारे कहो सरकार पर लाखों सलाम
रब के महबूब अहमदे मुख़्तार पर लाखों सलाम
दोनों[2] आ़लम के ख़ज़ाने कर दिये हक़ ने अ़ता
दो[2] जहां के मालिको मुख़्तार पर लाखों सलाम
पुर ज़िया[1] पुरनूर प्यारी प्यारी दाढ़ी पर दुरूद
मुस्त़फ़ा के गेसूए ख़मदार[2] पर लाखों सलाम
जुब्बए अक़्दस पे चादर पर इमामे पर दुरूद
जाने आ़लम ! आप की पैज़ार[3] पर लाखों सलाम
रहमतें लाखों अबू बक्रो उ़मर उ़स्मान पर
मेरे मौला हैदरे कर्रार पर लाखों सलाम
करबला के हर शहीदे बा वफ़ा पर हो दुरूद
बीबियों पर, आ़बिदे बीमार पर लाखों सलाम
है यक़ीनन हर सहाबी जां निसारे मुस्त़फ़ा
हर मुहाजिर और हर अन्सार पर लाखों सलाम
मस्जिदे न-बवी के मेहराब और मिम्बर पर दुरूद
सब्ज़ गुम्बद और हर मीनार पर लाखों सलाम
चारए बे चारगां पर हों दुरूदें सद हज़ार
बे कसों के हामी व ग़म ख़्वार पर लाखों सलाम
दश्तो कोहसारे मदीना, ख़ाके त़यबा पर दुरूद
श-जरो ह़-जरो फूल पर हर ख़ार पर लाखों सलाम

مدینہ

1.रोशन 2. मुड़े हुए, बल खाए हुए 3.ना'ले पाक, जूती शरीफ़

महकी महकी भीनी भीनी है मदीने की फ़ज़ा
उस फ़ज़ाए पाक ख़ुश्बूदार पर लाखों सलाम
ख़ूब भेजो मिल के दीवानो ! अदब से झूम कर
तुम मदीने के हसीं गुलज़ार पर लाखों सलाम
क़ब्र में लहराएंगे जिस वक़्त जल्वे नूर के
हम पढ़ेंगे रूए पुर अन्वार पर लाखों सलाम
ऐ मदीने के मुसाफ़िर ! ले के जा मेरा पयाम
भेजना रो रो के तू सरकार पर लाखों सलाम
या नबी जितने भी दीवाने यहां मौजूद हैं
काश ! सब आ कर पढ़ें दरबार पर लाखों सलाम
मेरे प्यारे पीरो मुर्शिद सय्यिदी ग़ौसुल वरा
औलियाउल्लाह के सरदार पर लाखों सलाम
जो गया अजमेर में दिल की मुरादें पा गया
मेरे ख़्वाजा के सख़ी दरबार पर लाखों सलाम
सय्यिदी अहमद रज़ा ने ख़ूब लिख्खा है कलाम
उन के सारे ना'तिया अश्आ़र पर लाखों सलाम
हो चुके होंगे जहां में जिस क़दर भी औलिया
उन पे, हर इक उन के ख़िदमत गार पर लाखों सलाम
मग़्फ़िरत कर ऐ ख़ुदा अ़त्तारे बद अत्वार की
भेज या रब उम्मते सरकार पर लाखों सलाम
मीठे मुर्शिद ने बक़ीए़ पाक में पाया मज़ार
सारे भेजो मुर्शिदे अ़त्तार पर लाखों सलाम

ऐ बियाबाने अ़रब तेरी बहारों को सलाम

(येह कलाम सि. 1414 हि. के मुबारक सफ़र में मक्काए मुकर्रमा زَادَهَا اللّٰهُ شَرَفًاوَّتَعْظِيْمًا में लिखा गया)

ऐ बियाबाने अ़रब तेरी बहारों को सलाम
तेरे फूलों को तेरे पाकीज़ा ख़ारों को सलाम

ज–बले नूरो ज–बले सौर और उन के ग़ारों को सलाम
नूर बरसाते पहाड़ों की क़ितारों को सलाम

झूमते हैं मुस्कराते हैं मुग़ीलाने[1] अ़रब
ख़ूब सूरत वादियों को रेगज़ारों को सलाम

रात दिन रह़मत बरसती है जहां पर झूम कर
उन त़वाफ़े का'बा के रंगीं नज़ारों को सलाम

दौड़ कर दीवारे का'बा से जो लिपटे हैं वहां
उन सभी दीवानों सारे बे क़रारों को सलाम

مدینہ

1. कांटे का दरख़्त

ह़-जरे अस्वद, बाबो मीज़ाबो मक़ामो मुल्तज़म
और ग़िलाफ़े का'बा के रंगीं नज़ारों को सलाम

मुस्तजारो मुस्तजाबो बीरे ज़मज़म और मत़ाफ़
और ह़त़ीमे पाक के दोनों[2] कनारों को सलाम

रुक्ने शामी और इराक़ी और यमानी पर दुरूद
जगमगाते नूर बरसाते मनारों को सलाम

जो मुसल्मां ख़ानए का'बा का करते हैं त़वाफ़
उन को बल्कि सारे ही सज्दा गुज़ारों को सलाम

ख़ूब चूमे हैं क़दम सौरो ह़िरा ने शाह के
महके महके प्यारे प्यारे दोनों[2] ग़ारों को सलाम

म-दनी मुन्नों का भी ह़म्ला ख़ूब था बू जह्ल पर
बद्र के उन दोनों[2] नन्हे जां निसारों को सलाम

जगमगाते गुम्बदे ख़ज़रा पे हों रोशन दुरूद
मस्जिदे न-बवी के नूरानी मनारों को सलाम

मिम्बरो मेह़राबे जानां और सुनहरी जालियां
सब्ज़ गुम्बद के मकीं को दोनों[2] प्यारों को सलाम

सय्यिदी ह़म्ज़ा को, और जुम्ला शहीदाने उहुद
को भी और सब ग़ाज़ियों को शह सुवारों को सलाम

जिस क़दर जिन्नो बशर में थे सह़ाबा शाह के
सब को भी बेशक ख़ुसूसन चार यारों को सलाम

जिस जगह पर आ के सोए हैं सह़ाबा दस हज़ार
उस बक़ीए पाक के सारे मज़ारों को सलाम

शौक़े दीदारे मदीना में तड़पते हैं जो, उन
बे क़रारों, दिल फ़िगारों, अश्कबारों को सलाम

गुस्ले का'बा[1] का भी मन्ज़र किस क़दर पुर कैफ़ है
झूम कर कहता है अ़त्तार उन नज़ारों को सलाम

مدینہ

1 : गुस्ले का'बा उ़मूमन यकुम जुल ह़िज्जतिल ह़राम को होता है। येह सि. 1414 हि. की ह़ाज़िरी का गुस्ले का'बा के वक़्त का मक़्तअ़ है।

ऐ मदीने के ताजदार तुझे अहले ईमां सलाम कहते हैं

ऐ मदीने के ताजदार तुझे अहले ईमां सलाम कहते हैं
तेरे उ़श्शाक़ तेरे दीवाने जाने जानां सलाम कहते हैं
जो मदीने से दूर रहते हैं हिज्रो[1] फ़ुरक़त का रन्ज सहते हैं
वोह त़लब गारे दीद रो रो कर ऐ मेरी जां सलाम कहते हैं
जिन को दुन्या के ग़म सताते हैं ठोकरें दर बदर की खाते हैं
ग़म नसीबों के चारागर तुम को वोह परेशां सलाम कहते हैं
दूर दुन्या के रन्जो ग़म कर दो और सीने में अपना ग़म भर दो
उन को चश्माने तर अ़त़ा कर दो जो भी सुल्त़ां सलाम कहते हैं
जो तेरे इ़श्क़ में तड़पते हैं ह़ाज़िरी के लिये तरसते हैं
इज़्ने त़यबा की आस में आक़ा वोह पुर अरमां सलाम कहते हैं

1 : जुदाई

तेरे रौज़े की जालियों के पास साथ रह़मो करम की ले कर आस
कितने दुखियारे रोज़ आ आ के शाहे ज़ीशां सलाम कहते हैं

आरज़ूए ह़रम है सीने में अब तो बुलवाइये मदीने में
तुझ से तुझ ही को मांगते हैं जो वोह मुसल्मां सलाम कहते हैं

रुख़ से पर्दे को अब उठा दीजे अपने क़दमों से अब लगा लीजे
आह ! जो नेकियों से हैं यक्सर[1] ख़ाली दामां सलाम कहते हैं

आप अ़त्तार क्यूं परेशां हैं ?
बद से बदतर भी ज़ेरे दामां हैं
उन पे रह़मत वोह ख़ास करते हैं
जो मुसल्मां सलाम कहते हैं

مدینہ

1 : बिल्कुल, मुकम्मल तौ़र पर

तुम पे हर दम करोड़ों दुरूदो सलाम

ताजदारे ह़रम ऐ शहन्शाहे दीं तुम पे हर दम करोड़ों दुरूदो सलाम
हो निगाहे करम मुझ पे सुल्त़ाने दीं तुम पे हर दम करोड़ों दुरूदो सलाम
दूर रह कर न दम टूट जाए कहीं काश ! त़यबा में ऐ मेरे माहे मुबीं
दफ़्न होने को मिल जाए दो[2] गज़ ज़मीं तुम पे हर दम करोड़ों दुरूदो सलाम
कोई हुस्ने अ़मल पास मेरे नहीं फंस न जाऊं क़ियामत में मौला कहीं
ऐ शफ़ीए़ उमम लाज रखना तुम्हीं तुम पे हर दम करोड़ों दुरूदो सलाम
दोनों[2] आ़लम में कोई भी तुम सा नहीं सब ह़सीनों से बढ़ कर के तुम हो ह़सीं
क़ासिमे रिज़्क़े रब्बुल उ़ला हो तुम्हीं तुम पे हर दम करोड़ों दुरूदो सलाम
फ़िक्रे उम्मत में रातों को रोते रहे आ़सियों के गुनाहों को धोते रहे
तुम पे क़ुरबान जाऊं मेरे मह जबीं ! तुम पे हर दम करोड़ों दुरूदो सलाम
फूल रह़मत के हर दम लुटाते रहे यां ग़रीबों की बिगड़ी बनाते रहे
ह़ौज़े कौसर पे मत भूल जाना कहीं तुम पे हर दम करोड़ों दुरूदो सलाम
ज़ुल्म, कुफ़्फ़ार के हंस के सहते रहे फिर भी हर आन ह़क़ बात कहते रहे

कितनी मेह़नत से की तुम ने तब्लीग़ दीं तुम पे हर दम करोड़ों दुरूदो सलाम
मौत के वक़्त कर दो निगाहे करम काश इस शान से येह निकल जाए दम
संगे दर पे तुम्हारे हो मेरी जबीं[1] तुम पे हर दम करोड़ों दुरूदो सलाम
अब मदीने में हम को बुला लीजिये और सीना मदीना बना दीजिये
अज़ पए ग़ौसे आ'ज़म इमामे मुबीं तुम पे हर दम करोड़ों दुरूदो सलाम
इ़श्क़ से तेरे मा'मूर सीना रहे लब पे हर दम "मदीना मदीना" रहे
बस मैं दीवाना बन जाऊं सुल्त़ाने दीं तुम पे हर दम करोड़ों दुरूदो सलाम
दूर हो जाएं दुन्या के रन्जो अलम[2] हो अ़त़ा अपना ग़म दीजिये चश्मे नम
मालो दौलत की कसरत का त़ालिब नहीं तुम पे हर दम करोड़ों दुरूदो सलाम

अब बुला लो मदीने में अ़त्त़ार को
अपने क़दमों में रख लो गुनहगार को
कोई इस के सिवा आरज़ू ही नहीं
तुम पे हर दम करोड़ों दुरूदो सलाम

مدینہ

1 : पेशानी 2 : ग़म

तू सलाम मेरा रो रो के कहना

ज़ाइरे त़यबा ! रौज़े पे जा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना
मेरे ग़म का फ़साना सुना कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

तेरी क़िस्मत पे रश्क आ रहा है, कि मदीने को तू जा रहा है
आह ! जाता है मुझ को रुला कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

जब पहुंच जाए तेरा सफ़ीना, जब नज़र आए मीठा मदीना
बा अदब अपने सर को झुका कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

जब कि आए नज़र प्यारा मक्का, चूम लेना नज़र से तू का'बा
हो सके गर तो हर जा पे जा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

तू अ़रब की ह़सीं वादियों को, रेगज़ारों को आबादियों को
मेरी जानिब से पलकें बिछा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

जब कि पेशे नज़र जालियां हों, तेरी आंखों से आंसू रवां हों
मेरे ग़म की कहानी सुना कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

आमिना के दुलारे को पहले, बा'द शैख़ैन को भी तू कह ले
फिर बक़ीए़ मुबारक पे जा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

मांगना मत तू दुन्या की दौलत, मांगना उन से बस उन की उल्फ़त
ख़ूब दीवाने दिल को लगा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

मेरे आक़ा के मेह़राबो मिम्बर उन की मस्जिद के दीवार और दर
क़ल्ब की आंख उन पर जमा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

प्यारी प्यारी वोह जन्नत की क्यारी, चूम लेना निगाहों से सारी
बह़रे रह़मत में ग़ोता़ लगा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

सब्ज़ गुम्बद के दिलकश नज़ारे, रूह़ परवर वहां के मनारे
उन के जल्वों में खुद को गुमा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

वोह शहीदों के सरदार ह़म्ज़ा , और जितने उहुद के हैं शु-हदा
तू सभी के मज़ारों पे जा कर तू सलाम मेरा रो रो के कहना

तू नमाज़ों का पाबन्द बन जा और सरकार की सुन्नतों का
इन्क़िलाब अपने अन्दर बपा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

कूए महबूब की बकरियों को, मुर्ग़ियों, ककड़ियों, लकड़ियों को
बल्कि तिन्के वहां के उठा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

बिल्लियां जब मदीने की देखे, ख़ूब अदब से उन्हें प्यार कर के
हाथ नरमी से उन पे फिरा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

सुन मदीने में बादल घिरें जब, उन से बेताब क़तरे गिरें जब
बारिशे नूर में तू नहा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

अश्के उल्फ़त की महकी लड़ी से, रहमतों की बरसती झड़ी से
अपना सीना मदीना बना कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

ज़ाइरे तयबा ! मेरा फ़साना, ख़ूब रो रो के उन को सुनाना
सोज़े उल्फ़त से दिल को जला कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

संगरेज़ों को और पथ्थरों को, ऊंट, घोड़ों, ख़रों, ख़च्चरों को
और परिन्दों पे नज़रें जमा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

रो रहा है हर इक ग़म का मारा, अर्ज़ करता है तुझ से बिचारा
मेरी भी हाज़िरी की दुआ कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

बागे़ त़यबा की महकी फ़ज़ा को, ठन्डी ठन्डी वहां की हवा को
हाथ लहरा के सर को झुका कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

चूम लेना मदीने की गलियां, पत्तियां और फूलों की कलियां
सब को आंखों से अपनी लगा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

जब मदीने के सह़रा से गुज़रे, भूलना मत, ज़रा याद कर के
ख़ाके त़यबा ज़रा सी उठा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

तू मदीने के कोहसार को भी, ख़स को ख़ाशाक को ख़ार को भी
ज़र्रे ज़र्रे पे आंखें बिछा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

उन का दीदार हो गर मुयस्सर, होश भी तेरा क़ाइम रहे गर
जोड़ कर हाथ सर को झुका कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

वोह मदीने के म-दनी नज़ारे, दिलकुशा दिलरुबा प्यारे प्यारे
उन नज़ारों पे कुरबान जा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

उन का देखे जो नक़्शे कफ़े पा, ख़ूब आंसू वहां पर बहाना
और पलकों से झाड़ू लगा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

बे बसों, ग़म के मारों को कहना, बे कसों, दिल फ़िगारों को कहना
खुद भी रो कर, उन्हें भी रुला कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

अश्कबार आंख वालों को कहना, उन की आहों को नालों को कहना
उन के ग़म में मज़ीद और रुला कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

तू मदीने की हरियालियों को, और फलों से लदी डालियों को
मीठी मीठी खजूरें मंगा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना
वोह मदीने के प्यारे कबूतर, जब नज़र आएं तुझ को बिरादर
उन को थोड़े से दाने खिला कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

तू दरख़्तों को और झाड़ियों को, उन की गलियों की सब गाड़ियों को
हाथ अपना अदब से लगा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना
बोतलों बल्कि तू ढक्कनों को, दाल, गन्दुम के दानों, चनों को
चूम कर आंख से भी लगा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

बेंगनों, भिन्डियों, तूरियों को, गोबियों, गाजरों, मूलियों को
आंख से लोकियों को लगा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना
कहना सेबों को और आड़ूओं को, और केलों को ज़र्द आलूओं को
और तरबूज़ सर पर उठा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

तू क़नादील को कुमकुमों को, तारो स्विच, और तू कूलरों को
ठन्डा पानी किसी को पिला कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

च्यूंटियों, खूंटियों, टूंटियों को, हर त़रह़ की जड़ी बूटियों को
बार बार उन पे नज़रे जमा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

चावलों, रोटियों बोटियों को, मुर्ग़, अन्डों को और मछलियों को
सब्ज़ियों को वहां की पका कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

थालियों को पियालों को कहना, मिर्च को और मसालों को कहना
चाय की केतली को उठा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

ठन्डे पंखों को और हीटरों को बल्कि तारों को और मीटरों को
बत्तियों को वहां की जला कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

जिस क़दर भी हैं पानी के नलके, फल तो फल बल्कि बीज और छिलके
हाथ उन की त़रफ़ भी बढ़ा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

तू मकानों को भी खिड़कियों को और दीवारो दर सीढ़ियों को
हां अ़क़ीदत से दिल में बिठा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

रस्सियों, क़ैंचियों और छुरियों, चादरों, सूई धागों को दरियों
सब को सीने से अपने लगा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

काश होता मैं सग सय्यिदों का, बन के दरबान पहरा भी देता
रब ने भेजा है इन्सां बना कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

मस्जिदे पाक के मुस्ह़फ़ों को, ख़ूब सूरत वहां की सफ़ों को
ख़ाक आंखों में अपनी लगा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

जब मदीने से तू होगा रुख़्सत, ग़म से होगी अ़जब तेरी ह़ालत
अपनी पलकों पे मोती सजा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

उन की ख़िदमत में कहते थे कहना,सब को बुलवाओ रौज़े पे कहना
सब की जानिब से येह इल्तिजा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

अ़र्ज़ करना येह बेचारे बेबस, कहते थे सब येह रो रो के बेकस
हम को क़दमों में मदफ़न अ़ता कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

तू गुलामों पे कहना करम कर, या नबी दूर रन्जो अलम कर
इन को अपनी मह़ब्बत अ़ता कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

कहना अ़त्तार ऐ शाहे आ़ली ! है फ़क़त़ तुझ से तेरा सुवाली
तू सुवाल इस का पूरा शहा कर, तू सलाम मेरा रो रो के कहना

करबला के जां निसारों को सलाम

करबला के जां निसारों को सलाम
फ़ातिमा ज़हरा के प्यारों को सलाम

मुस्तफ़ा के माहपारों को सलाम
नौ जवानों गुल अ़ज़ारों[1] को सलाम

करबला तेरी बहारों को सलाम
जां निसारी के नज़ारों को सलाम

या हुसैन इब्ने अ़ली मुश्किल कुशा
आप के सब जां निसारों को सलाम

अक्बरो अस्ग़र पे जां कुरबान हो
मेरे दिल के ताजदारों को सलाम

क़ासिमो अ़ब्बास पर लाखों दुरूद
करबला के शह सुवारों[2] को सलाम

مدینہ

1 : फूल जैसे रुख़्सार वाले 2 : माहिर घोड़े सुवार

जिस किसी ने करबला में जान दी
उन सभी ईमान दारों को सलाम
भूकी प्यासी बीबियों पर हों दुरूद
भूके प्यासे गुल अ़ज़ारों को सलाम
भेद क्या जाने शहादत का कोई
उन ख़ुदा के राज़दारों को सलाम
बे बसी में भी ह़या बाक़ी रही
सब हुसैनी पर्दादारों को सलाम
रह़मतें हों हर सह़ाबी पर मुदाम[1]
और ख़ुसूसन चार यारों को सलाम
बीबियों को आ़बिदे बीमार को
बे कसों को सब बिचारों को सलाम

1 : हमेशा

हो गए क़ुरबां मुहम्मद और औ़न
सय्यिदह ज़ैनब के प्यारों को सलाम

करबला में ज़ुल्म के टूटे पहाड़
जिन पे उन सब दिल फ़िगारों[1] को सलाम

आलो अस्हाबे नबी के जिस क़दर
चाहने वाले हैं सारों को सलाम

या ख़ुदा ! ऐ काश ! जा कर फिर करूं
करबला के सब मज़ारों को सलाम

तीन[3] दिन के भूके प्यासे या नबी !
आप की आंखों के तारों को सलाम

जो हुसैनी क़ाफ़िले में थे शरीक
कहते हैं अ़त्तार सारों को सलाम

1 : ज़ख़्मी दिल, दुखियारे

सुल्ताने औलिया को हमारा सलाम हो

सुल्ताने औलिया को हमारा सलाम हो जीलां के पेशवा को हमारा सलाम हो
प्यारे हसन हुसैन के हैं दिलबरे अ़ली महबूबे मुस्तफ़ा को हमारा सलाम हो
वोह ग़ौस जिस के ख़ौफ़ से जिन्नात कांप उठें उस दाफ़ेए़ बला को हमारा सलाम हो
छोड़ा है मां का दूध भी माहे सियाम[1] में सरताजे अत्क़िया को हमारा सलाम हो
सब औलिया की गरदनें ज़ेरे क़दम हैं ख़म सरदारे अस्फ़िया को हमारा सलाम हो
दिल की जो बात जान ले रोशन ज़मीर है उस मर्दे बा सफ़ा को हमारा सलाम हो
भटके हुओं को रास्ता सीधा दिखा दिया आ़लम के रहनुमा को हमारा सलाम हो
गिरते संभालें, डूबती किश्ती बचाएं जो ग़म ख़्वारे ग़मज़दा को हमारा सलाम हो
पूरी मुराद जो करे और झोलियां भरे उस मख़्ज़ने अ़ता को हमारा सलाम हो
इज़्ने खुदाए पाक से मुर्दे जिलाए जो उस मज़्हरे खुदा को हमारा सलाम हो
कह कर के "ला तख़फ़" हमें बे ख़ौफ़ कर दिया उस रहमते खुदा को हमारा सलाम हो

पढ़ते रहो मुदाम[2] येह अ़त्तार क़ादिरी
सुल्ताने औलिया को हमारा सलाम हो

मदीना

1 : रोज़ों का महीना, र-मज़ानुल मुबारक 2 : हमेशा

हो गया फ़ज़्ले ख़ुदा मूए मुबारक आ गए

हो गया फ़ज़्ले खुदा मूए मुबारक आ गए दिल खुशी से झूम उठा मूए मुबारक आ गए
ऐ खुशा सल्ले अ़ला मूए मुबारक आ गए मरह़बा सद मरह़बा मूए मुबारक आ गए
मुस्त़फ़ा के मूए अक़्दस और मेरा गुरबत कदा मरह़बा सद मरह़बा मूए मुबारक आ गए
हम ग़रीबों के मुक़द्दर को जगाने के लिये मरह़बा सद मरह़बा मूए मुबारक आ गए
मुझ ज़लीलो ख़्वार पर और पापी व बदकार पर है करम सरकार का मूए मुबारक आ गए
नूर की बरसात होगी अ़न्क़रीब अब ज़ोरदार अब्रे रह़मत छा गया मूए मुबारक आ गए
दूर होंगे ग़मज़दों के रन्जो ग़म कि इस की है दीद में ग़म की दवा मूए मुबारक आ गए
जो करे ता'ज़ीम दिल से दो[2] जहां में काम्याब हो गया हां हो गया मूए मुबारक आ गए
अपने रब से मांग लो दोनों[2] जहां की ने'मतें रह़मतों का दर खुला मूए मुबारक आ गए
اِنْ شَآءَاللّٰه आरज़ूएं आएंगी बर रू बरू मांग लो आ कर दुआ मूए मुबारक आ गए
आओ दीवानो! तुम आओ ले के चश्मे अश्कबार उन से उन को मांगना मूए मुबारक आ गए

नज़्अ़ रूह़ो क़ब्र में और ह़श्र के मैदां में काम
बन गया अ़त्तार का मूए मुबारक आ गए

हम को अल्लाह और नबी से प्यार है

हम को अल्लाह और नबी से प्यार है اِنْ شَآءَاللّٰه अपना बेड़ा पार है
उम्महातुल मुअमिनीनो चार यार सब सह़ाबा से हमें तो प्यार है
ग़ौसो ख़्वाजा दाता और अह़मद रज़ा से भी और हर इक वली से प्यार है
يَارَسُوْلَ اللّٰهِ اُنْظُرْحَالَنَا त़ालिबे नज़रे करम बदकार है
يَاحَبِيْبَ اللّٰهِ اِسْمَعْ قَالَنَا इल्तिजा या सय्यिदल अबरार है
اِنَّنِیْ فِیْ بَحْرِ هَمٍّ مُّغْرَقٌ नाउ डांवांडोल दर मंजधार है
خُذْيَدِیْ سَهِّلْ لَنَا اَشْكَالَنَا नाख़ुदा आओ तो बेड़ा पार है
दुश्मनों को कर दे ग़ारत वासित़ा उस का जो कि तेरा यारे ग़ार है
दुश्मनों की जो उड़ा दे गरदनें या उ़मर ! दरकार वोह तलवार है
बहरे उ़स्मां अल मदद या मुस्त़फ़ा दुश्मनों ने मुझ पे की यलग़ार है

दुश्मनाने दीन को कर दो तबाह अ़र्ज़ तुम से हैदरे कर्रार है
दामने अह़मद रज़ा मुझ को मिला हां येह इन्आ़मे शहे अबरार है
हूं ज़ियाउद्दीन का अदना गदा मेरे मुर्शिद का सख़ी दरबार है
भाइयो ! तुम जानते हो कि मुझे दा'वते इस्लामी से क्यूं प्यार है
है करम इस पर ख़ुदाए पाक का दा'वते इस्लामी से यूं प्यार है
इस पे है नज़रे करम सरकार की दा'वते इस्लामी से यूं प्यार है
बे अ़दद काफ़िर मुसल्मां हो गए दा'वते इस्लामी से यूं प्यार है
बे नमाज़ी भी नमाज़ी हो गए दा'वते इस्लामी से यूं प्यार है
चोर डाकू आए और ताइब हुए दा'वते इस्लामी से यूं प्यार है
ज़ानी व क़ातिल भी ताइब हो गए दा'वते इस्लामी से यूं प्यार है
और शराबी आए ताइब हो गए दा'वते इस्लामी से यूं प्यार है
सुन्नतों की हर त़रफ़ आई बहार दा'वते इस्लामी से यूं प्यार है

बख़्शवाना आप ही अ़त्तार को
सब गुनहगारों का येह सरदार है

तेरा शुक्र मौला दिया म-दनी माह़ोल

(दा'वते इस्लामी के सुन्नतों भरे और नेकियों से लबरेज़ माह़ोल को "म-दनी माह़ौल" कहा जाता है)

तेरा शुक्र मौला दिया म-दनी माह़ोल न छूटे कभी भी खुदा म-दनी माह़ोल

सलामत रहे या खुदा म-दनी माह़ोल बचे बद नज़र से सदा म-दनी माह़ोल

खुदा के करम से खुदा की अ़त़ा से न दुश्मन सकेगा छुड़ा म-दनी माह़ोल

दुआ़ है येह तुझ से दिल ऐसा लगा दे न छूटे कभी भी खुदा म-दनी माह़ोल

हमें आ़लिमों और बुज़ुर्गों के आदाब सिखाता है हर दम सदा म-दनी माह़ोल

हैं इस्लामी भाई सभी भाई भाई है बेह़द मह़ब्बत भरा म-दनी माह़ोल

यक़ीनन मुक़द्दर का वोह है सिकन्दर जिसे ख़ैर से मिल गया म-दनी माह़ोल

यहां सुन्नतें सीखने को मिलेंगी दिलाएगा ख़ौफ़े खुदा म-दनी माह़ोल

तू आ बे नमाज़ी, है देता नमाज़ी खुदा के करम से बना म-दनी माह़ोल

गर आए शराबी मिटे हर ख़राबी चढ़ाएगा ऐसा नशा म-दनी माह़ोल

अगर चोर डाकू भी आ जाएंगे तो सुधर जाएंगे गर मिला म-दनी माहोल
ऐ बीमारे इ़स्यां तू आ जा यहां पर गुनाहों की देगा दवा म-दनी माहोल
अगर दर्दे सर हो, कहीं केन्सर हो दिलाएगा तुम को शिफ़ा म-दनी माहोल
शिफ़ाएं मिलेंगी, बलाएं टलेंगी यक़ीनन है ब-र-कत भरा म-दनी माहोल
गुनहगारो आओ, सीयह कारो आओ गुनाहों को देगा छुड़ा म-दनी माहोल
पिला कर मए इ़श्क़ देगा बना येह तुम्हें आ़शिक़े मुस्त़फ़ा म-दनी माहोल
ऐ इस्लामी बहनो ! तुम्हारे लिये भी सुनो है बहुत काम का म-दनी माहोल

तुम्हें सुन्नतों और पर्दे के अह़काम
येह ता'लीम फ़रमाएगा म-दनी माहोल
क़ियामत तलक या इलाही सलामत
रहे तेरे अ़त्तार का म-दनी माहोल

अ़त़ाए ह़बीबे ख़ुदा म-दनी माह़ोल

अ़त़ाए ह़बीबे ख़ुदा म-दनी माह़ोल है फ़ैज़ाने ग़ौसो रज़ा म-दनी माह़ोल
ब फ़ैज़ाने अह़मद रज़ा اِنْ شَآءَاللّٰه येह फूले फलेगा सदा म-दनी माह़ोल
अगर सुन्नतें सीखने का है जज़्बा तुम आ जाओ देगा सिखा म-दनी माह़ोल
तू दाढ़ी बढ़ा ले इ़मामा सजा ले नहीं है येह हरगिज़ बुरा म-दनी माह़ोल
बुरी सोह़बतों से कनारा कशी कर के अच्छों के पास आ के पा म-दनी माह़ोल
तनज़्ज़ुल[1]के गहरे गढ़े में थे उन की तरक़्क़ी का बाइ़स बना म-दनी माह़ोल
तुम्हें लुत़्फ़ आ जाएगा ज़िन्दगी का क़रीब आ के देखो ज़रा म-दनी माह़ोल
नबी की मह़ब्बत में रोने का अन्दाज़ चले आओ सिखलाएगा म-दनी माह़ोल
तू नरमी को अपनाना झगड़े मिटाना रहेगा सदा ख़ुशनुमा म-दनी माह़ोल
तू ग़ुस्से झिड़कने से बचना वगर्ना येह बदनाम होगा तेरा म-दनी माह़ोल
ऐ इस्लामी भाई न करना लड़ाई कि हो जाएगा बदनुमा म-दनी माह़ोल
जो कोई "मजालिस[2]" का होगा वफ़ादार उसी को ही रास[3]आएगा म-दनी माह़ोल
संवर जाएगी आख़िरत اِنْ شَآءَاللّٰه तुम अपनाए रख्खो सदा म-दनी माह़ोल
बहुत सख़्त पछताओगे याद रख्खो न अ़त़्त़ार तुम छोड़ना म-दनी माह़ोल

مدینہ

1 : तरक़्क़ी की ज़िद, कमी, घटाव 2 : यहां दा'वते इस्लामी के म-दनी कामों के मुख़्तलिफ़ शो'बाजात की "मजालिस" मुराद हैं। 3 : मुवाफ़िक़

म-दनी चेनल सुन्नतों की लाएगा घर घर बहार

म-दनी चेनल सुन्नतों की लाएगा घर घर बहार
म-दनी चेनल से हमें क्यूं वालिहाना हो न प्यार
म-दनी चेनल से जिसे भी वालिहाना प्यार है
اِنْ شَآءَاللّٰه दो[2] जहां में उस का बेड़ा पार है
नाच गानों और फ़िल्मों से येह चेनल पाक है
म-दनी चेनल ह़क़ बयां करने में भी बेबाक है
म-दनी चेनल की मुहिम है नफ़्सो शैत़ां के ख़िलाफ़
जो भी देखेगा करेगा اِنْ شَآءَاللّٰه ए'तिराफ़
नफ़्से अम्मारा पे ज़र्ब ऐसी लगेगी ज़ोरदार
कि नदामत के सबब होगा गुनहगार अश्कबार
राहे सुन्नत पर चला कर सब को जन्नत की त़रफ़
ले चले बस इक येही है म-दनी चेनल का हदफ़

इस में मूसीक़ी न तुम हरगिज़ सुनोगे सामिईं
येह गुनह का काम है इस की इजाज़त है नहीं

छोड़ दो फ़िल्में डिरामे देखना तुम छोड़ दो
तोड़ दो इब्लीस से सब रिश्ता नाता तोड़ दो

इस में है फ़ैज़ाने क़ुरआं इस में फ़ैज़ाने ह़दीस
जल मरे और ख़ाक डाले सर पे शैत़ाने ख़बीस

ऐ गुनाहों के मरीज़ो ! चाहते हो गर शिफ़ा
ऑन करते ही रहो तुम म-दनी चेनल को सदा

इस में इस्यां से ह़िफ़ाज़त का बहुत सामान है
इन شآءالله ख़ुल्द में भी दाख़िला आसान है

म-दनी चेनल तुम को घर बैठे सिखाएगा नमाज़
और नमाज़ी दोनों[2] आ़लम में रहेगा सरफ़राज़

म-दनी चेनल में नबी की सुन्नतों की धूम है
और शैत़ाने लईं रन्जूर है मग़्मूम है

म-दनी चेनल ह़ुब्बे अह़मद में रुलाता है तुम्हें
और शराब, इ़श्क़े मुह़म्मद की पिलाता है तुम्हें

ख़ूब तड़पाता है येह ख़ौफ़े ख़ुदाए पाक में
और मिलाता है तकब्बुर का नशा भी ख़ाक में

म-दनी चेनल नारे दोज़ख़ से अमां दिलवाएगा
اِنْ شَآءَاللّٰه आप को बाग़े जिनां दिलवाएगा

म-दनी चेनल म-दनी मुन्नों को भी हां दिखलाइये
दीन की बातें अभी से इन को भी सिखलाइये

कुफ़्र के ऐवां में मौला डाल दे येह ज़ल्ज़ला
या इलाही ! ता अबद जारी रहे येह सिल्सिला

म-दनी चेनल के सबब नेकी की दा'वत आ़म हो
आ़म दुन्या भर में या रब दीन का पैग़ाम हो

म-दनी चेनल के मुबल्लिग़, ना'त ख़्वां, ख़िदमत गुज़ार
जिस क़दर भी हैं सभी की मग़्फ़िरत हो किर्दिगार

म-दनी चेनल के लिये जो साथ दे अ़त्तार का
उस पे हो रह़मत ख़ुदा की और करम सरकार का

आओ म-दनी क़ाफ़िले में हम करें मिल कर सफ़र

आओ म-दनी क़ाफ़िले में हम करें मिल कर सफ़र
सुन्नतें सीखेंगे इस में اِنْشَآءَاللّٰه सर बसर

तीस[30] तीस[30] और बारह[12] बारह[12] दिन के म-दनी क़ाफ़िले
में सफ़र करते रहो जब भी तुम्हें मौक़अ़ मिले
मुझ को जज़्बा दे सफ़र करता रहूं परवर्द गार
सुन्नतों की तरबिय्यत के क़ाफ़िले में बार बार

झूट ग़ीबत और चुग़ली से जो बचना चाहे वोह
ख़ूब म-दनी क़ाफ़िलों में दिल लगा कर जाए वोह
जो भी शैदाई है म-दनी क़ाफ़िलों का या ख़ुदा
दो जहां में उस का बेड़ा पार हो बहरे रज़ा

तीन[3] दिन हर माह जो अपनाए म-दनी क़ाफ़िला
बे हिसाब उस का ख़ुदाया ! ख़ुल्द में हो दाख़िला
तू वली अपना बना ले उस को रब्बे लम यज़ल
''म-दनी इन्आ़मात'' पर करता है जो कोई अ़मल

जो गुनाहों के मरज़ से तंग है बेज़ार है
क़ाफ़िला अ़त्तार उस के वासिते तय्यार है

सीखने सुन्नतें क़ाफ़िले में चलो

लूटने रह़मतें क़ाफ़िले में चलो सीखने सुन्नतें क़ाफ़िले में चलो
चाहो गर ब-र-कतें क़ाफ़िले में चलो पाओगे अ़-ज़-मतें क़ाफ़िले में चलो
होंगी ह़ल मुश्किलें क़ाफ़िले में चलो ख़त्म हों शामतें क़ाफ़िले में चलो
त़यबा की जुस्त-जू ह़ज की गर आरज़ू है बता दूं तुम्हें क़ाफ़िले में चलो
उल्फ़ते मुस्त़फ़ा और ख़ौफ़े ख़ुदा चाहिये गर तुम्हें क़ाफ़िले में चलो
गर मदीने का ग़म चाहिये चश्मे नम लेने येह ने'मतें क़ाफ़िले में चलो
क़र्ज़ होगा अदा आ के मांगो दुआ़ पाओगे ब-र-कतें क़ाफ़िले में चलो
दुख का दरमां मिले आएंगे दिन भले ख़त्म हों गर्दिशें क़ाफ़िले में चलो
ग़म के बादल छटें ख़ूब ख़ुशियां मिलें दिल की कलियां खिलें क़ाफ़िले में चलो
हो क़वी ह़ाफ़िज़ा ठीक हो हाज़िमा काम सारे बनें क़ाफ़िले में चलो
इ़ल्म ह़ासिल करो जह्ल ज़ाइल करो पाओगे राह़तें क़ाफ़िले में चलो
गो क़रज़ दार हो या कि बीमार हो चाहो गर राह़तें क़ाफ़िले में चलो
गर्चे हों गर्मियां या कि हों सर्दियां चाहें हों बारिशें क़ाफ़िले में चलो
कूंदें गर बिजलियां या चलें आंधियां चाहे ओले पड़ें क़ाफ़िले में चलो
बारह[12] मह के लिये तीस[30] दिन के लिये बारह[12] दिन दे ही दें क़ाफ़िले में चलो
सुन्नतें सीखने तीन[3] दिन के लिये हर महीने चलें क़ाफ़िले में चलो

ऐ मेरे भाइयो ! रट लगाते रहो क़ाफ़िले में चलें क़ाफ़िले में चलो
फ़ोन पर बात हो या मुलाक़ात हो सब से कहते रहें क़ाफ़िले में चलो
आप बाज़ार में हों या दफ़्तर में हों सब से कहते रहें क़ाफ़िले में चलो
दर्स दें या सुनें या बयां जो करें उस में येह भी कहें क़ाफ़िले में चलो
आ़शिक़ाने रसूल[1] उन से हम म-दनी फूल आओ लेने चलें क़ाफ़िले में चलो
आ़शिक़ाने रसूल आए लेने दुआ़ आओ मिल कर चलें क़ाफ़िले में चलो
आ़शिक़ाने रसूल आए हैं मरह़बा ख़ैर ख़्वाही[2] करें क़ाफ़िले में चलो
आ़शिक़ाने रसूल लाएं जब क़ाफ़िला ख़ैर ख़्वाही करें क़ाफ़िले में चलो
खाना ले के चलें ठन्डा शरबत भी लें ख़ैर ख़्वाही करें क़ाफ़िले में चलो
उन पे हों रह़मतें क़ाफ़िले का सुनें ख़ैर ख़्वाही करें क़ाफ़िले में चलो
बख़्श दे मेरे मौला तू उन को कि जो ख़ैर ख़्वाही करें क़ाफ़िले में चलो
या ख़ुदा हर घड़ी रट हो अ़त्तार की क़ाफ़िले में चलें क़ाफ़िले में चलो

مدینہ

1 : **दा'वते इस्लामी** के म-दनी माह़ोल में इस्लामी भाइयों को बिल ख़ुसूस म-दनी क़ाफ़िले वालों को "**आ़शिक़ाने रसूल**" कहते हैं। 2 : म-दनी मर्कज़ की हिदायत है कि जब आप के अ़लाक़े में आ़शिक़ाने रसूल का म-दनी क़ाफ़िला तशरीफ़ लाए तो उन की ख़िदमत में ह़ाज़िर हो कर दुआ़ के त़ालिब हों। अगर हैसिय्यत हो तो खाना, चाय वग़ैरा वरना सादा पानी ही पेश करें। इस त़रह़ ख़ात़िर मदारत करने को दा'वते इस्लामी के म-दनी माह़ोल में "**ख़ैर ख़्वाही**" कहते हैं।

पाओगे बख़्शिशें क़ाफ़िले में चलो

पाओगे बख़्शिशें क़ाफ़िले में चलो जन्नतें भी मिलें, क़ाफ़िले में चलो
रिज़्क़ के दर खुलें, क़ाफ़िले में चलो ब-र-कतें भी मिलें, क़ाफ़िले में चलो
ज़ख़्म बिगड़े भरें, फोड़े फुन्सी मिटें गर हों मस्से झड़ें, क़ाफ़िले में चलो
काले यरक़ान में, क्यूं परेशान हैं पाएंगे सिह्हतें, क़ाफ़िले में चलो
टेढ़ी हों हड्डियां, होंगी सीधी मियां दर्द सारे मिटें, क़ाफ़िले में चलो
दर्द गम्भीर हो, कोई दिलगीर हो होंगी ह़ल मुश्किलें, क़ाफ़िले में चलो
गर्चे बीमारियां, हों कहीं पथरियां पाओगे सिह्हतें, क़ाफ़िले में चलो
घर में ना चाक़ियां, हों या तंग दस्तियां आएंगी ब-र-कतें, क़ाफ़िले में चलो
जो कि मफ़्क़ूद[1] हो वोह भी मौजूद हो اِنْ شَآءَاللّٰه चलें, क़ाफ़िले में चलो
दूर होंगे अलम होगा रब का करम ग़म के मारे सुनें क़ाफ़िले में चलो
दर्दे सर हो अगर दुख रही हो कमर दर्द दोनों[2] मिटें, क़ाफ़िले में चलो
बाप बीमार हो, सख़्त बेज़ार हो पाएगा सिह्हतें, क़ाफ़िले में चलो
मां जो बीमार हो, क़र्ज़ का बार हो रन्जो ग़म मत करें, क़ाफ़िले में चलो
वा[2] हो बाबे करम, दूर हों रन्जो ग़म फिर से ख़ुशियां मिलें, क़ाफ़िले में चलो

मदीना

1 : ग़ाइब, गुमशुदा 2 : वा होना या'नी खुलना

ज़ल्ज़ला आए गर, आ के छा जाए गर सिर्फ़ हक़ से डरें क़ाफ़िले में चलो
ज़ल्ज़ला आ़म था हर सू कोहराम था इस से लो इ़ब्रतें क़ाफ़िले में चलो[1]
ज़ल्ज़ले से अमां, देगा रब्बे जहां सब दुआ़एं करें, क़ाफ़िले में चलो
हों बपा ज़ल्ज़ले, गर्चे आंधी चले सब्र करते रहें, क़ाफ़िले में चलो
है शिफ़ा ही शिफ़ा, मरह़बा ! मरह़बा ! आ के ख़ुद देख लें, क़ाफ़िले में चलो
पेट में दर्द हो रंग भी ज़र्द हो आ के लो सिह़्ह़तें क़ाफ़िले में चलो
है त़लब दीद की, दीद की ईद की क्या अ़जब वोह दिखें क़ाफ़िले में चलो
दिल में गर दर्द हो, डर से रुख़ ज़र्द हो पाओगे फ़रह़तें क़ाफ़िले में चलो
आफ़तों से न डर, रख करम पर नज़र लेने आसाइशें, क़ाफ़िले में चलो
आप को चारागर[2],ने गो मायूस कर भी दिया मत डरें, क़ाफ़िले में चलो
घर में अनबन न हो, कोई उलझन न हो ग़म के साए ढलें, क़ाफ़िले में चलो
बीवी बच्चे सभी, ख़ूब पाएं ख़ुशी ख़ैरियत से रहें, क़ाफ़िले में चलो

मदीना

1 : 3 र-मज़ानुल मुबारक 1426 हि. (8-10-05) बरोज़ ह़फ़्ता मश्रिक़ी पाकिस्तान (कश्मीर, ख़ैबर पख़्तून ख़्वाह) वग़ैरा में आने वाले ख़ौफ़नाक ज़ल्ज़ले की त़रफ़ इस शे'र में इशारा है। इस ज़ल्ज़ले में लाखों अफ़राद फ़ौत हुए थे। ज़ख़्मियों, बिछड़ने वालों और माली नुक़्सानों का तो कोई शुमार ही नहीं। 2 : या'नी त़बीब, डॉक्टर

ज़ौजा बीमार है, क़र्ज़ का बार है ग़म तुम्हारे मिटें, क़ाफ़िले में चलो
नोकरी चाहिये, आइये आइये क़ाफ़िले में चलें, क़ाफ़िले में चलो
ग़म से रोते हुए, जान खोते हुए मरहबा ! हंस पड़ें, क़ाफ़िले में चलो
क़ल्ब भी शाद हो, घर भी आबाद हो शादियां भी रचें, क़ाफ़िले में चलो
क़र्ज़ उतर जाएगा, ख़ूब रिज़्क़ आएगा सब बलाएं टलें, क़ाफ़िले में चलो
गर हो इर्क़ुन्निसा[1], आ़रिज़ा[2] कोई सा दे ख़ुदा सिह़्ह़तें, क़ाफ़िले में चलो
घर में "उम्मीद[3]" हो, इस की तम्हीद[4] हो जल्द ही चल पडें, क़ाफ़िले में चलो
ज़च्चा[5] की ख़ैर हो, बच्चा बिलख़ैर हो उठिये हिम्मत करें, क़ाफ़िले में चलो
दूर बीमारियां, और परेशानियां होंगी बस चल पड़ें, क़ाफ़िले में चलो
आ के तुम बा अदब, देख लो फ़ज़्ले रब म-दनी मुन्ने मिलें, क़ाफ़िले में चलो
खोटी क़िस्मत खरी, गोद होगी हरी मुन्ना मुन्नी मिलें, क़ाफ़िले में चलो

जा रहे हो कहां, आओ ले लो दुआ़
देते अ़त्तार हैं, क़ाफ़िले में चलो

مدینہ

1 : चड्डे या'नी रान के ऊपर के जोड़ से ले कर टख़्ने तक पहुंचने वाला दर्द।
2 : बीमारी 3 : ह़म्ल 4 : किसी बात का आग़ाज़ 5 : वोह औ़रत जिस ने बच्चा जना हो 40 दिन तक "ज़च्चा" कहलाती है।

दिल की कलियां खिलें क़ाफ़िले में चलो

दिल की कलियां खिलें क़ाफ़िले में चलो रन्जो ग़म भी मिटें, क़ाफ़िले में चलो

फ़ज़्ल की बारिशें, रह़मतें ने'मतें गर तुम्हें चाहिएं, क़ाफ़िले में चलो

काफ़िरों को चलें, मुश्रिकों को चलें दा'वते दीन दें, क़ाफ़िले में चलो

आइये आ़लिमो ! दीं की तब्लीग़ को मिल के सारे चलें, क़ाफ़िले में चलो

आओ ऐ आ़शिक़ीं, मिल के तब्लीगे़ दीं काफ़िरों को करें, क़ाफ़िले में चलो

काफ़िर आ जाएंगे, राहे ह़क़ पाएंगे اِنْ شَآءَاللّٰه चलें, क़ाफ़िले में चलो

कुफ़्र का सर झुके, दीं का डंका बजे اِنْ شَآءَاللّٰه चलें, क़ाफ़िले में चलो

चश्मे बीना मिले सुख से जीना मिले आओ सारे चलें, क़ाफ़िले में चलो

दिल की कालक धुले, दर्दे इ़स्यां टले आओ सब चल पड़ें, क़ाफ़िले में चलो

ख़ूब ख़ुद दारियां, और ख़ुश अख़्लाक़ियां आइये सीख लें, क़ाफ़िले में चलो

आ़शिक़ाने रसूल उन से ले लो जो फूल तुम को सुन्नत के दें, क़ाफ़िले में चलो

क़हत साली टले, फ़स्ल फूले फले ख़ूब हों बारिशें, क़ाफ़िले में चलो
क़ाफ़िले में ज़रा, मांगो आ कर दुआ पाओगे ने'मतें, क़ाफ़िले में चलो
छोड़ें मै नोशियां, मत बकें गालियां आएं तौबा करें, क़ाफ़िले में चलो
ऐ शराबी तू आ, आ जूआरी तू आ छूटें बद आ़दतें, क़ाफ़िले में चलो
होगा लुत्फ़े ख़ुदा, आओ भाई दुआ मिल के सारे करें, क़ाफ़िले में चलो
दूर बीमारियां, और परेशानियां होंगी बस चल पड़ें, क़ाफ़िले में चलो
अल्सरो केन्सर या हो दर्दे कमर चलिये हिम्मत करें, क़ाफ़िले में चलो
दर्द गर्चे तुम्हारे मसाने में है कहते फ़ारूक़[1] हैं क़ाफ़िले में चलो
फ़ाएदा आख़िरत के बनाने में है सब मुबल्लिग़ कहें क़ाफ़िले में चलो

दीन फैलाइये, सब चले आइये
कहते अ़त्तार हैं, क़ाफ़िले में चलो

مدینہ

1 : या'नी मुफ़्तिये दा'वते इस्लामी अलहाज मुहम्मद फ़ारूक़ अ़त्तारी म-दनी عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْغَنِى । इस शे'र में एक "म-दनी बहार" की त़रफ़ इशारा है, मुला-हज़ा फ़रमाइये : "फ़ैज़ाने सुन्नत" जि. अव्वल, स. 1200

ग़म के बादल छटें क़ाफ़िले में चलो

ग़म के बादल छटें क़ाफ़िले में चलो ख़ूब ख़ुशियां मिलें, क़ाफ़िले में चलो

फ़ौतगी हो गई, गुम गया है कोई मांगने रह़मतें, क़ाफ़िले में चलो

मांगो आ कर दुआ़, पाओगे मुद्दआ़ दर करम के खुलें, क़ाफ़िले में चलो

अच्छी सोह़बत मिले, ख़ूब ब-र-क़त मिले चल पड़ो चल पड़ें, क़ाफ़िले में चलो

लूट लें रह़मतें, ख़ूब लें ब-र-कतें ख़्वाब अच्छे दिखें, क़ाफ़िले में चलो

कुफ़्र की का-लकें, दूर हों ज़ुल्मतें आओ कोशिश करें, क़ाफ़िले में चलो

रब के दर पर झुकें, इल्तिजाएं करें बाबे रह़मत खुलें, क़ाफ़िले में चलो

है नबी की नज़र, क़ाफ़िले वालों पर पाओगे राह़तें, क़ाफ़िले में चलो

सादगी चाहिये, आ़जिज़ी चाहिये लेने येह ने'मतें, क़ाफ़िले में चलो

आ़शिक़ाने रसूल, लाए सुन्नत के फूल आओ लेने चलें, क़ाफ़िले में चलो

देते हैं फ़ैज़ आ़म, औलियाए किराम लूटने सब चलें, क़ाफ़िले में चलो

औलिया का करम, तुम पे हो ला जरम ख़ूब जल्वे मिलें, क़ाफ़िले में चलो
ख़्वाब में डर लगे, बोझ दिल पर लगे आइये चल पड़ें, क़ाफ़िले में चलो
ग़ैबी इमदाद हो, घर भी आबाद हो लुत्फ़े ह़क़ देख लें, क़ाफ़िले में चलो
तंगदस्ती मिटे, दूर आफ़त हटे लेने को ब-र-कतें, क़ाफ़िले में चलो
बे अ़मल बा अ़मल बन गए ख़ास कर आप भी देख लें, क़ाफ़िले में चलो
ख़ूब होगा सवाब, और टलेगा अ़ज़ाब पाओगे बख़्शिशें, क़ाफ़िले में चलो
आप आ'माले बद, और अफ़्आ़ले बद से जो बेज़ार हैं, क़ाफ़िले में चलो
कर सफ़र आएंगे, तो सुधर जाएंगे अब न सुस्ती करें, क़ाफ़िले में चलो
दिल पे गर ज़ंग हो, सारा घर तंग हो दाग़ सारे धुलें, क़ाफ़िले में चलो
ऐसा फ़ैज़ान हो, ह़िफ़्ज़ क़ुरआन हो ख़ूब खुशियां मिलें, क़ाफ़िले में चलो

आ़शिक़े क़ाफ़िला बन के घर लो बना
क़ल्बे अ़त्तार में, क़ाफ़िले में चलो

आह ! म-दनी क़ाफ़िला अब जा रहा है लौट कर

(येह नज़्म दा'वते इस्लामी के सुन्नतों की तरबिय्यत के लिये म-दनी क़ाफ़िले की सफ़र से वापसी का वक़्त क़रीब आने पर सुन्नतों की तड़प रखने वाले हुस्सास आ़शिक़ाने रसूल के वल्वला अंगेज़ जज़्बात की अ़क्कास है)

आह ! म-दनी क़ाफ़िला अब जा रहा है लौट कर
कोई दिल थामे खड़ा है कोई है बा चश्मे तर

सुन्नतों की तरबिय्यत के क़ाफ़िलों के क़द्र दां
जब पलटते हैं घरों को रोते हैं वोह फूट कर

किस क़दर ख़ुश थे निकल कर चल दिये थे घर से जब
अब उदासी छा रही है हाए ! अपने क़ल्ब पर

फ़िक्र थी घरबार की न फ़िक्र कारोबार की
लुत्फ़ ख़ूब आता था हम को मस्जिदों में बैठ कर

जाते ही दुन्या के झगड़े फिर गले पड़ जाएंगे
क्या करें लाचार हैं क़ाबू नहीं ह़ालात पर

बा जमाअ़त सब नमाज़ें और तहज्जुद के मज़े

इतनी आसानी से फिर मिल जाएंगे क्या जा के घर ?

या ख़ुदा ! निकलूं मैं म-दनी क़ाफ़िलों के साथ काश !

सुन्नतों की तरबिय्यत के वासिते फिर जल्द तर ! !

हाए ! सारा वक़्त मेरा ग़फ़्लतों में कट गया

आह ! कब होगा मुयस्सर फिर मुबारक येह सफ़र

म-दनी माहौ़ल और म-दनी क़ाफ़िले वालों की कुछ

भी न की है क़द्र हाए ! हूं मैं नादां किस क़दर

मस्जिदों का कुछ अदब हाए ! न मुझ से हो सका

दर गुज़र फ़रमा इलाही बहरे शाहे बह़रो बर

आह ! शैतां हर घड़ी हर वक़्त ग़ालिब ही रहा

आ़दते इ़स्यां ने रख दी तोड़ कर हाए ! कमर

ख़ूब ख़िदमत सुन्नतों की हम सदा करते रहें
म-दनी माहोल ऐ ख़ुदा हम से न छूटे उ़म्र भर

इस अ़लाक़े वाले सारे भाइयों का शुक्रिया
साथ जो देते रहे हैं क़ाफ़िले का सर बसर

सुन्नतों की तरबिय्यत के वासिते़ निकला था मैं
हाए पर सोता रहा ग़फ़्लत की चादर तान कर

या रसूलल्लाह अपने दर पे अब बुलवाइये
हो नसीब आक़ा हमें मीठे मदीने का सफ़र

अपनी सारी नेकियां अ़त्तार ने कीं उस के नाम
बारह[12] म-दनी क़ाफ़िलों के साथ जो कर ले सफ़र

ला'नत की ता'रीफ़

"**अल्लाह** तआ़ला की रह़मत से दूरी और मह़रूमी।" ख़याल रहे कि **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की ला'नत के मा'ना हैं : "रह़मत से दूर करना।" बन्दों की ला'नत के मा'ना हैं : "इस दूरी की बद दुआ़ करना।" (मिरआत, जि. 6, स. 450)

म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़

येह बा क़ाइ़दा नज़्म नहीं, फ़ैज़ाने सुन्नत जिल्द अव्वल के बाब "फ़ैज़ाने र-मज़ान" के जुज़ "फ़ैज़ाने ए'तिकाफ़" की मुख़्तलिफ़ "म-दनी बहारों" वग़ैरा के आख़िर में लिखे हुए अश्आ़र कहीं कहीं तरमीम के साथ यक्जा किये गए हैं।

आएंगी सुन्नतें जाएंगी फ़ेशनें, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
तुम सुधर जाओगे, पाओगे ब-र-कतें, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
जल्वए यार की आरज़ू है अगर, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
मीठे आक़ा करेंगे करम की नज़र, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
मरज़े इ़स्यां से छुटकारा चाहो अगर, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
आओ आओ इधर आ भी जाओ इधर, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
चोट खा जाएगा इक न इक रोज़ दिल, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
फ़ज़्ले रब से हिदायत भी जाएगी मिल, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
फ़ज़्ले रब से गुनाहों की कालक धुले, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
नेकियों का तुम्हें ख़ूब जज़्बा मिले, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
गर्चे दिल में है फ़ेशन की उल्फ़त भरी, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
उ़म्र आइन्दा गुज़रेगी सुन्नत भरी, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़

भाई गर चाहते हो "नमाज़ें पढ़ूं", म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
नेकियों में तमन्ना है आगे बढ़ूं, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
तुम को राह़त की ने'मत अगर चाहिये, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
बन्दगी की भी लज़्ज़त अगर चाहिये, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
मौत फ़ज़्ले ख़ुदा से हो ईमान पर, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
रब की रह़मत से जन्नत में पाओगे घर, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
रह़मतें लूटने के लिये आओ तुम, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
सुन्नतें सीखने के लिये आओ तुम, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
गर तमन्ना है आक़ा के दीदार की, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
होगी मीठी नज़र तुम पे सरकार की, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
आओ आ कर गुनाहों से तौबा करो, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
रह़मते ह़क़ से दामन तुम आ कर भरो, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
ख़त्म होगी शरारत की आ़दत चलो, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
दूर होगी गुनाहों की शामत चलो, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
बिगड़े अख़्लाक़ सारे संवर जाएंगे, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़

बस मज़ा क्या मज़े को मज़े आएंगे, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
वल्वला दीं की तब्लीग़ का पाओगे, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
फ़ज़्ले रब से ज़माने पे छा जाओगे, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
हुब्बे दुन्या से दिल पाक हो जाएगा, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
जामे इ़श्क़े मुह़म्मद भी हाथ आएगा, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
सुन्नतें खाना खाने की तुम जान लो, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
मान लो बात अब तो मेरी मान लो, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
लेने ख़ैरात तुम रह़मतों की चलो, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
लूटने ब-र-कतें सुन्नतों की चलो, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
प्यारे इस्लामी भाई चले आओ तुम, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
ख़ाली दामन मुरादों से भर जाओ तुम, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
मीठे आक़ा की उल्फ़त का जज़्बा मिले, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
दाढ़ी रखने की सुन्नत का जज़्बा मिले, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
اِنْ شَآءَاللّٰه हर काम होगा भला, म-दनी माह़ोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़

दूर होगी ब फ़ज़्ले ख़ुदा हर बला, म-दनी माहौल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
सीखने को मिलेंगी तुम्हें सुन्नतें, म-दनी माहौल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
लूट लो आ कर अल्लाह की रह़मतें, म-दनी माहौल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
गीत गाने की आ़दत निकल जाएगी, म-दनी माहौल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
बे जा बक बक की ख़स्लत भी टल जाएगी, म-दनी माहौल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
सारी फ़ेशन की मस्ती उतर जाएगी, म-दनी माहौल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
ज़िन्दगी सुन्नतों से निखर जाएगी, म-दनी माहौल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
गर मदीने का ग़म चश्मे नम चाहिये, म-दनी माहौल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
म-दनी आक़ा की नज़रे करम चाहिये म-दनी माहौल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
सुन्नतें सीख लो रह़मतें लूट लो, म-दनी माहौल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
दीन के इ़ल्म की ब-र-कतें लूट लो, म-दनी माहौल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
तुम गुनाहों से अपने जो बेज़ार हो, म-दनी माहौल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
तुम पे फ़ज़्ले ख़ुदा, लुत्फ़े सरकार हो, म-दनी माहौल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
ज़िक्र करना ख़ुदा का यहां सुब्हो शाम, म-दनी माहौल में कर लो तुम ए'तिकाफ़

पाओगे ना'ते महबूब की धूमधाम, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
कर के हिम्मत मुसल्मानो आ जाओ तुम, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
उख़वी दौलत आओ कमा जाओ तुम, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
दर्द टांगों में हो, दर्द घुटनों में हो, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
पेट में दर्द हो या कि टख़्नों में हो, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
सुन्नतों की तुम आ कर के सौग़ात लो, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
आओ बटती है रहमत की ख़ैरात लो, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
गोरे तीरह को तुम जगमगाने चलो, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
राहतें रोज़े महशर की पाने चलो, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
छूट जाएगी फ़िल्मों डिरामों की लत, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
ख़ुश ख़ुदा होगा बन जाएगी आख़िरत, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
फ़ाक़ा मस्ती का हल भी निकल आएगा, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
रूज़गार اِنْ شَآءَاللّٰه मिल जाएगा, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
आशिक़ाने रसूल आओ देंगे बयां, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
दूर होंगी इबादात की ख़ामियां, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़

बा जमाअ़त नमाज़ों का जज़्बा मिले, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
दिल का पज़मुर्दा गुन्चा खुशी से खिले, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
सीखने ज़िन्दगी का क़रीना चलो, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
देखना है जो मीठा मदीना चलो, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
اِنْ شَآءَاللّٰه भाई सुधर जाओगे, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
मरज़े इ़स्यां से छुटकारा तुम पाओगे, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
दिल में बस जाएं आक़ा के जल्वे मुदाम, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
देखो मक्के मदीने के तुम सुब्हो शाम, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
सोहबते बद में रहने की आ़दत छुटे, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
ख़स्लते जुर्मो इ़स्यां तुम्हारी मिटे, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
आओ इ़श्क़े मुहम्मद के पीने को जाम, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
मस्त हो कर करो ख़ूब तुम म-दनी काम, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
ज़िन्दगी का क़रीना मिलेगा तुम्हें, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
आओ दर्दे मदीना मिलेगा तुम्हें, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
आओ सुन्नत का फ़ैज़ान पाओगे तुम, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़

اِنْ شَآءَاللّٰه जन्नत में जाओगे तुम, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
तुम को तड़पा के रख दे गो दर्दे कमर, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
पाओगे तुम सुकूं होगा ठन्डा जिगर, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
रंग रलियां मनाने का चस्का मिटे, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
रक़्स की महफ़िलों की नुहूसत छुटे, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
ढोल बाजों को सुनने से बाज़ आओ तुम, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
फ़िल्मी गाने न हरगिज़ कभी गाओ तुम, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
छोड़ दो छोड़ दो भाई रिज़्क़े ह़राम, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
आओ करने लगोगे बहुत नेक काम, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
फ़ज़्ले रब से हो दीदारे सुल्त़ाने दीं, म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
राह़तो चैन पाएगा क़ल्बे ह़ज़ीं[1], म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़

मान भी जाओ अ़त्त़ार की इल्तिजा
म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़
होगा राज़ी ख़ुदा ख़ुश शहे अम्बिया,
म-दनी माहोल में कर लो तुम ए'तिकाफ़

1 : ग़मगीन

ऐ मेरे भाइयो सब सुनो धर के कां

ऐ मेरे भाइयो सब सुनो धर के कां ऐ़शो इ़शरत की उड़ जाएंगी धज्जियां
आख़िरत की करो जल्द तय्यारियां मौत आ कर रहेगी तुम्हें बे गुमां
मौत का देखो ए'लान करता हुवा सूए गोरे ग़रीबां[1] जनाज़ा चला
कहता है, जामे हस्ती[2] को जिस ने पिया वोह भी मेरी त़रह़ क़ब्र में जाएगा
तुम ऐ बूढ़ो सुनो ! नौ जवानो सुनो ऐ ज़ईफ़ो सुनो ! पहलवानो सुनो !
मौत को हर घड़ी सर पे जानो सुनो जल्द तौबा करो मेरी मानो सुनो !
जिस ने दुन्या में ख़ुशियों का पाया है गन्ज और ग़फ़लत से है हर घड़ी नग़्मा सन्ज
मौत के बा'द होगा उसे सख़्त रन्ज उस को बरज़ख़ में रन्ज उस को दोज़ख़ में रन्ज
फ़िल्म बीनी का तुम मश्ग़ला छोड़ दो सारे आलाते लह्वो लइ़ब तोड़ दो
भाइयो ! सब गुनाहों से मुंह मोड़ दो नाता़[3] तुम नेकियों ही से बस जोड़ दो
एक दिन मौत आ कर रहेगी ज़रूर मुजरिमो ! सुन लो इस को समझना न दूर
बा'दे मुर्दन[4] न पाओगे कोई सुरूर ख़ाक हो जाएगा सब तुम्हारा ग़ुरूर

مدینہ

1 : क़ब्रिस्तान 2 : ज़िन्दगी का जाम 3 : रिश्ता 4 : मौत

कब तलक तुम हुकूमत पे इतराओगे
कब तक आख़िर ग़रीबों को तड़पाओगे

ज़ालिमो ! बा'द मरने के पछताओगे
याद रखखो ! जहन्नम में तुम जाओगे

जब कि पैके अजल[1] रूह़ ले जाएगा
जिस्मे बे जां तड़प कर ठहर जाएगा

लहूद में कोई तेरी नहीं आएगा
तुझ को दफ़्ना के हर इक पलट जाएगा

बादशाहों की बिखरी हुई हड्डियां
कह रही हैं न बनना कभी हुक्मरां

एह़तिसाब[2] इस का गुज़रेगा तुम पर गिरां
ह़श्र में जब कि जाओगे मर कर मियां

मौत का जानवर को हो इदराक[3] गर
गोश्त अच्छा न खाने को पाए बशर

ग़ाफ़िल इन्सान से बढ़ गया जानवर
मौत से आ–गही[4] है मगर बे ख़बर

छोड़ो आ़दत गुनाहों की जाओ सुधर
वरना फंस जाओगे क़ब्र में सर बसर

गर अ़ज़ाबों को देखोगे जाओगे डर
तुम बताओ कहां जाओगे भाग कर

जो दुकानें ख़ियानत से चमकाएंगे
क्या उन्हें ज़र[5] के अम्बार काम आएंगे ?

क़हरे क़हहार से क्या बचा पाएंगे ?
जी नहीं, नारे दोज़ख़ में ले जाएंगे

माले दुन्या है दोनों[2] जहां में वबाल
आप दौलत की कसरत का छोड़ें ख़याल

1 : मौत का फ़िरिश्ता 2 : ह़िसाब किताब 3 : समझ 4 : वाक़िफ़िय्यत 5 : सोना, दौलत

क़ब्र में साथ आएगा हरगिज़ न माल हश्र में ज़र्रे ज़र्रे का होगा सुवाल
ग़ाफ़िलो ! क़ब्र में जिस घड़ी जाओगे सांप बिच्छू जो देखोगे चिल्लाओगे
सर पछाड़ोगे पर कुछ न कर पाओगे बेहद अपने गुनाहों पे पछताओगे
क़ब्र में शक्ल तेरी बिगड़ जाएगी पीप में लाश तेरी लिथड़ जाएगी
बाल झड़ जाएंगे खाल उधड़ जाएगी कीड़े पड़ जाएंगे ना'श सड़ जाएगी
मत गुनाहों पे हो भाई बेबाक तू भूल मत येह हक़ीक़त कि है ख़ाक तू
थाम ले दामने शाहे लौलाक तू सच्ची तौबा से हो जाएगा पाक तू
जो भी दुन्या से आक़ा का ग़म ले गया वोह तो बाज़ी ख़ुदा की क़सम ले गया
साथ में मुस्तफ़ा का करम ले गया खुल्द की वोह सनद ला जरम[1] ले गया
जो मुसल्मान बन्दा निकोकार है रब के महबूब का आशिक़े ज़ार है
क़ब्र भी उस की जन्नत का गुलज़ार है बागे़ फ़िरदौस का भी वोह हक़दार है
क़ल्ब में जिस के रासिख़ है ख़ौफ़े ख़ुदा जो मुक़द्दर से है आशिक़े मुस्तफ़ा
उस को नारे जहन्नम से क्या वासिता मरते ही बिल यक़ीं सूए जन्नत गया

1 : यक़ीनन

है अ़मल जिस का हर "म-दनी इन्आ़म[1]" पर "क़ाफ़िलों[2]" में मुयस्सर है जिस को सफ़र
जो भी "नेकी की दा'वत" पे बांधे कमर उस पे चश्मे करम या शहे बह़रो बर !
ह़ौसला रख क्यूं घबराता अ़त्तार है तू गुलामे शहन्शाहे अबरार है
हर क़दम पर मुह़म्मद मददगार है اِنْ شَآءَاللّٰه बेड़ा तेरा पार है

"क़ाफ़िले" को जो हर वक़्त तय्यार है
मरह़बा उस पे अ़त्तार को प्यार है
उस के ह़क़ में दुआ़ करता अ़त्तार है
इस को जन्नत में साथ उस का दरकार है

मदीना

1 : दा'वते इस्लामी के म-दनी माह़ोल में अपनी इस्लाह़े ह़ाल के लिये दीनी त़-लबा को (92) दीनी त़ालिबात को (82) इस्लामी भाइयों को (72) और इस्लामी बहनों को (63) खुसूसी (गूंगे बहरे) इस्लामी भाइयों को (27) "म-दनी इन्आ़मात" सुवालात की सूरत में पेश किये जाते हैं और तरग़ीब दी जाती है कि "फ़िक्रे मदीना" (या'नी अपना मुह़ा-सबा करने) के ज़रीए़ रोज़ाना इन सुवालात का रिसाला पुर करें और हर म-दनी माह की (10 तारीख़) तक जम्अ़ करवा दें।

2 : हर इस्लामी भाई को हर माह कम अज़ कम तीन दिन के लिये म-दनी क़ाफ़िले में सफ़र करने की रग़बत दिलाई जाती है और कई ख़ुश नसीब ऐसे भी होते हैं जो अपने घरबार के हुक़ूक़ निभाते हुए दा'वते इस्लामी के लिये वक़्फ़ हो जाते और हर वक़्त म-दनी क़ाफ़िलों में सफ़र करते रहते हैं।

सुन्नत की बहार आई फ़ैज़ाने मदीना में

(हैदरआबाद बाबुल इस्लाम सिन्ध में "दा'वते इस्लामी" के म-दनी मर्कज़ "फ़ैज़ाने मदीना" में होने वाले इफ़्तिताही इज्तिमाअ़ (शबे जुमुआ़ 7 जुमादिल ऊला 1413 हि.) के पुर मुसर्रत मौक़अ़ पर येह कलाम पेश किया गया।)

सुन्नत की बहार आई फ़ैज़ाने मदीना में
रह़मत की घटा छाई फ़ैज़ाने मदीना में

इस शहर के आए हैं बाहर से भी आए हैं
सरकार के शैदाई फ़ैज़ाने मदीना में

दाढ़ी है इ़मामे हैं, ज़ुल्फ़ों की बहारें हैं
शैत़ान को शर्म आई फ़ैज़ाने मदीना में

लम्ह़ाते मुसर्रत हैं दीवाने बड़े ख़ुश हैं
क्यूं झूमे न हर भाई फ़ैज़ाने मदीना में

सुन्नत की बहारों का कुछ ऐसा समां छाया
फ़ेशन को ह़या आई फ़ैज़ाने मदीना में

उल्फ़त के उख़ुव्वत के क्या ख़ूब मनाज़िर हैं
गोया हैं सगे भाई फ़ैज़ाने मदीना में

वोह लोग ही आते हैं और फ़ैज़ उठाते हैं
तक़्दीर जिन्हें लाई फ़ैज़ाने मदीना में
अपने हों या बेगाने यूं मिलते हैं दीवाने
जैसे हों शनासाई फ़ैज़ाने मदीना में
दर्द अपने दिलों में जो इस्लाम का रखते हैं
है उन की पज़ीराई फ़ैज़ाने मदीना में
अल्लाह करम कर दे तू बख़्श दे उन सब को
मौजूद हैं जो भाई फ़ैज़ाने मदीना में
सुन्नत का लिये जज़्बा आए जो यहां उस की
है हौसला अफ़्ज़ाई फ़ैज़ाने मदीना में
इब्लीसे ख़सीस सुन ले अब ख़ैर नहीं तेरी
शामत तेरी है आई फ़ैज़ाने मदीना में
''फ़ैज़ाने मदीना'' में ''फ़ैज़ाने मदीना'' है
फ़ैज़ान है आक़ाई फ़ैज़ाने मदीना में

फ़ैज़ाने मदीना ही है ''दा'वते इस्लामी''

फ़ैज़ान है मौलाई, फ़ैज़ाने मदीना में

मक़्बूल जहां भर में, हो ''दा'वते इस्लामी''

हर लब पे दुआ आई फ़ैज़ाने मदीना में

आक़ा हो करम सब पर बुलवाओ मदीने में

आए हैं तमन्नाई फ़ैज़ाने मदीना में

सरकार अ़ता कर दो ग़म सब को मदीने का

जितने हैं यहां भाई फ़ैज़ाने मदीना में

क़िस्मत का सिकन्दर है ज़ोरों पे मुक़द्दर है

जिस ने भी जगह पाई फ़ैज़ाने मदीना में

आज आक़ा के दीवाने क्या मस्त हैं मस्ताने

अ़त्तार है ईद आई फ़ैज़ाने मदीना में

तीन रोज़ा इज्तिमाए़ पाक है मुलतान में

तीन रोज़ा इज्तिमाए़ पाक है मुलतान में
हर त़रफ़ से आ रहे हैं क़ाफ़िले मुलतान में

आज "सह़राए मदीना" में है क्या आई बहार
चार सू हैं रह़मतों के गुल खिले मुलतान में

बैनल अक़्वामी हमारा इज्तिमाए़ पाक है
हैं कई मुल्कों से आए क़ाफ़िले मुलतान में

इज्तिमाए़ पाक या रब ! इब्तिदा ता इन्तिहा
ख़ैर से हो ख़ैर से हो ख़ैर से मुलतान में

मैले मन्सूबे अ़दू के ख़ाक में मिल जाएं सब
दे तह़फ़्फ़ुज़ या ख़ुदा अशरार[1] से मुलतान में

1 : शरीर की जम्अ़

या रसूलल्लाह के ना'रों की हर सू धूम है
"अल्लाह अल्लाह" की सदा की गूंज है मुलतान में

दरगहो दरबार में हर कूचा व बाज़ार में
जिस त़रफ़ देखो इमामे हैं हरे मुलतान में

घर में चूहे भी तो घुसते हैं ठगों से होशियार !
अपनी चीज़ों की ह़िफ़ाज़त भी रहे मुलतान में

निखरा निखरा है समां हर सम्त है छाई बहार
यां ख़ज़ां का काम क्या कैसे रहे मुलतान में

औलिया का है मदीना रह़मतें हैं हर क़दम
कोई भी मह़रूम फिर क्यूंकर रहे मुलतान में

اِنْ شَآءَاللّٰه मैं भी जाऊंगा मेरे अह़बाब भी
तुम नहीं चलते हो क्यूं भाई अरे मुलतान में

हर त़रफ़ कहते फिरो इक एक को दा'वत येह दो
इज्तिमाए़ पाक में आप आइये मुलतान में

निय्यतें कर लो, करेंगे इन्फ़िरादी कोशिशें
और मिलेंगे बढ़ के खुद हर एक से मुलतान में

सब करो निय्यत, करेंगे क़ाफ़िलों में हम सफ़र
ख़ूब बनेंगे अब तो म-दनी क़ाफ़िले मुलतान में

"मजलिसे शूरा" का जो भी है वफ़ादार ऐ खुदा
अब्रे रह़मत उस पे बरसा ज़ोर से मुलतान में

या खुदा वोह ह़ज करे मीठा मदीना देख ले
ग़ौर से हर इक बयां जो भी सुने मुलतान में

चोर डाकू आ गए आ कर हिदायत पा गए
बे नमाज़ आ कर नमाज़ी बन गए मुलतान में

सुन्नतों से सब के चेहरे जगमगाएंगे यहां
اِنْ شَآءَاللّٰه मुस्त़फ़ा के फ़ैज़ से मुलतान में

सुन्नतों की तरबिय्यत के ख़ूब म-दनी क़ाफ़िले
हर त़रफ़ होंगे रवाना ख़ैर से मुलतान में
"म-दनी इन्आ़मात" की धूमें मचाते जाएंगे
सुन्नतों की तरबिय्यत के क़ाफ़िले मुलतान में

बा'द, ह़ज के अहले ह़क़ का हां येही सब से बड़ा
फ़ज़्ले रब से इज्तिमाए़ पाक है मुलतान में
या इलाही हर मुसल्मां की तू फ़रमा मग़्फ़िरत
जो शरीके इज्तिमाए़ पाक है मुलतान में

काश ! इ़श्क़े मुस्त़फ़ा में या ख़ुदा तड़पा करूं
आंख तेरे ख़ौफ़ से रोती रहे मुलतान में
रुक्ने आ़लम और बहाउद्दीन के सदक़े ख़ुदा
हो क़बूल उस की दुआ़ जो भी करे मुलतान में

اِنْ شَآءَاللّٰه हर दुआ़ अ़त्त़ार अब मक़्बूल है
हैं ख़ुदा की रह़मतों के दर खुले मुलतान में

फ़ज्र में जगाने के लिये

(गली वग़ैरा के अन्दर आवाज़ें लगा कर या फ़ोन कर के नमाज़े फ़ज्र के लिये जगाने को दा'वते इस्लामी के म-दनी माहोल में "सदाए मदीना" लगाना कहते हैं। गली में "सदाए मदीना" लगाने में मेगाफ़ोन इस्ति'माल न कीजिये, आवाज़ लगाने में येह भी एह़तियात़ कीजिये कि छोटे बच्चों, मरीज़ों और जो इस्लामी बहनें नमाज़ पढ़ कर सोई हों या तिलावत वग़ैरा में मश्ग़ूल हों उन्हें परेशानी न हो। मरीज़ या बच्चे वग़ैरा की तक्लीफ़ के उ़ज़्र के सबब कोई शख़्स "सदाए मदीना" की आवाज़ धीमी रखने का कहे तो फ़ौरन उस की बात मान लीजिये)

गली में सदाए मदीना का त़रीक़ा

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡم पढ़ कर दुरूदो सलाम के ज़ैल में दिये हुए सीगे़ पढ़ कर इस के बा'द वाला मज़मून दोहराते रहिये :

اَلصَّلٰوۃُ وَالسَّلَامُ علیکَ یارسولَ اللّٰہ وَعلٰی اٰلِکَ وَاَصحٰبِکَ یاحبیبَ اللّٰہ

اَلصَّلٰوۃُ وَالسَّلَامُ علیکَ یانبیَّ اللّٰہ وَعلٰی اٰلِکَ وَاَصحٰبِکَ یانورَ اللّٰہ

मीठे मीठे इस्लामी भाइयो ! और **इस्लामी बहनो !** फ़ज्र की नमाज़ का वक़्त हो गया है, सोने से नमाज़ बेहतर है, जल्दी जल्दी उठिये और नमाज़ की तय्यारी कीजिये। **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ आप को बार बार ह़ज नसीब करे और बार बार मीठा मीठा मदीना दिखाए, (मौक़ए की मुना-सबत से नीचे दी हुई नज़्म में से मुन्तख़ब अश्आ़र भी पढ़िये।)

(र-**मज़ानुल मुबारक** में **स-ह़री** के लिये उठाएं तो तहज्जुद की भी तरग़ीब दिलाएं)

फ़ज्र का वक़्त हो गया उठ्ठो !

फ़ज्र का वक़्त हो गया उठ्ठो ! ऐ गुलामाने मुस्त़फ़ा उठ्ठो !
जागो जागो ऐ भाइयो, बहनो ! छोड़ो छोड़ो अब बिस्तरा उठ्ठो !
तुम को ह़ज की ख़ुदा सआ़दत दे जल्वा देखो मदीने का उठ्ठो !
उठ्ठो ज़िक्रे ख़ुदा करो उठ कर ! दिल से लो नामे मुस्त़फ़ा उठ्ठो !
फ़ज्र की हो चुकीं अज़ानें वक़्त हो गया है नमाज़ का उठ्ठो !
भाइयो ! उठ कर अब वुज़ू कर लो ! और चलो ख़ानए ख़ुदा उठ्ठो !
नींद से तो नमाज़ बेहतर है अब न मुत़्लक़ भी लेटना उठ्ठो !
उठ चुको अब खड़े भी हो जाओ ! आंख शैत़ां न दे लगा उठ्ठो !
जागो जागो नमाज़ ग़फ़्लत से कर न बैठो कहीं क़ज़ा उठ्ठो !
अब "जो सोए नमाज़ खोए" वक़्त सोने का अब नहीं रहा उठ्ठो !

याद रखखो ! नमाज़ गर छोड़ी क़ब्र में पाओगे सज़ा उठ्ठो !
बे नमाज़ी फंसेगा महशर में होगा नाराज़ किब्रिया उठ्ठो !
मैं "सदाए मदीना" देता हूं तुम को त़यबा का वासित़ा उठ्ठो !
मैं भिकारी नहीं हूं दर दर का मैं हूं सरकार का गदा उठ्ठो !
मुझ को देना न पाई पैसा तुम ! मैं हूं त़ालिब सवाब का उठ्ठो !

तुम को देता है येह दुआ अ़त्त़ार
फ़ज़्ल तुम पर करे ख़ुदा उठ्ठो !

सदाए मदीना बराए स-ह़री

(**र-मज़ानुल मुबारक** में सुब्हे सादिक़ से तक़्रीबन एक घन्टा क़ब्ल (अगर कोई मानेए़ शर-ई न हो तो) मसाजिद में माईक पर मिल कर इस "सदाए मदीना" की धूम मचाइये । अगर एक शख़्स भी नमाज़ पढ़ या तिलावत कर रहा हो या किसी सोते को तक्लीफ़ होती हो तो माईक चलाने बल्कि आवाज़ बुलन्द करने की भी इजाज़त नहीं)

वक़्त स-ह़री का हो गया जागो नूर हर सम्त छा गया जागो
उठ्ठो स-ह़री की कर लो तय्यारी रोज़ा रखना है आज का जागो
माहे र-मज़ां के फ़र्ज़ हैं रोज़े एक भी तुम न छोड़ना जागो

उठो उठो वुज़ू भी कर लो और तुम तहज्जुद करो अदा जागो
चुस्कियां गर्म चाय की भर लो खा लो हलकी सी कुछ ग़िज़ा जागो
होगी मक़्बूल फ़ज़्ले मौला से खा के स-ह़री करो दुआ जागो
माहे र-मज़ां की ब-र-कतें लूटो लूट लो रह़मते ख़ुदा जागो
खा के स-ह़री उठो अदा कर लो सुन्नते शाहे अम्बिया जागो
तुम को मौला मदीना दिखलाए और ह़ज भी करो अदा जागो
बहरे र-मज़ान तुम को मौला दे उल्फ़तो इ़श्क़े मुस्त़फ़ा जागो
तुम को र-मज़ान का मदीने में दे शरफ़ रब्बे मुस्त़फ़ा जागो
कैसी प्यारी फ़ज़ा है र-मज़ां की देख लो कर के आंख वा जागो
रह़मतों की झड़ी बरसती है जल्द उठ कर के लो नहा जागो

तुम को दीदारे मुस्त़फ़ा हो जाए
है येह अ़त्तार की दुआ जागो

"दर्से निज़ामी" से फ़ारिग़ होने वालों के लिये 25 अश्आ़र

मरह़बा **साक़िब** के सर पर क्या सजी दस्तार है
है करम अल्लाह का और रह़मते सरकार है

तहनियत दस्तार बन्दी की करो भाई क़बूल
पेश करता हूं तुम्हें मैं तोह़्फ़तन कुछ "म-दनी फूल"

गर्चे दस्तारे फ़ज़ीलत को है तुम ने पा लिया
बारगाहे ह़क़ में क्या मा'लूम कि है ह़ाल क्या

इ़ल्म जो पाया है तुम ने उ़म्र भर बाक़ी रखो !
तुम पढ़ाते भी रहो कि भूल जाने से बचो

जो भुला दे इ़ल्म को वोह किस त़रह़ आ़लिम रहे !
येह सनद किस काम की है, इ़ल्मे दीं दरकार है

आ'ला ह़ज़रत के न मस्लक को कभी भी छोड़ना
इन के आ'दा से न हरगिज़ कोई रिश्ता जोड़ना

सल्बे ईमां पुरसिशे क़ब्रो क़ियामत से डरो
इल्म को काफ़ी न समझो नेकियां करते रहो
इल्मे दीं से हो फ़क़त़ मक़्सूद मौला की रिज़ा
दूर रहना भाई नज़्रानों के लालच से सदा
सुन्नी आ़लिम की सदा तजहील से बचते रहो
ख़्वाह म ख़्वाह तग़्लीत़ और तन्क़ीद भी तुम मत करो
देखना मत तुम ह़क़ारत से किसी अनपढ़ को भी
क्या ख़बर पेशे ख़ुदा मक़्बूल बन्दा हो वोही
इल्म पर आने लगे तुझ को तकब्बुर भाई गर
दर्स ह़ासिल बद नसीब इब्ने सिक़ा जैसों से कर
क़ह्क़हे और यावह गोई में तेरा नुक़्सान है
ग़ैर सन्जीदा व बक्की सुन बड़ा नादान है

भागते हैं सुन ले बद अख़्लाक़ इन्सां से सभी
मुस्करा कर सब से मिलना ख़ूब करना आ़जिज़ी

भाइयो ! हर दम बचो तुम हुब्बे जाहो माल से
हर घड़ी चोकस रहो शैत़ान की इस चाल से

मालदारों की ख़ुशामद में हलाकत है बड़ी
तू गुनाहों में पड़ेगा आएगी शामत तेरी

कान धर के सुन ! न बनना तू ह़रीसे मालो ज़र !
कर क़नाअ़त इख़्तियार ऐ भाई थोड़े रिज़्क़ पर

दिल में येह ख़्वाहिश न रखना सब करें मेरा अदब
डर कहीं नाराज़ हो जाए न तुझ से तेरा रब

क़ल्ब में ख़ौफ़े ख़ुदा रख कर तू सारे काम कर
काम्याबी होगी तेरी اِنْ شَآءَاللّٰه हर डगर

दिल को इश्क़े मुस्त़फ़ा से भाई तू आबाद कर
तुझ पे होगी सरवरे कौनैन की मीठी नज़र
ख़ूब ख़िदमत सुन्नतों की रात दिन करते रहो
तुम रिसाला **म-दनी इन्आ़मात** का भरते रहो
जाइये **नेकी की दा'वत** दीजिये जा जा के घर
कीजिये हर माह **म-दनी क़ाफ़िलों** में भी सफ़र
तू कमर बस्ता रहा कर ख़िदमते इस्लाम पर
राहे मौला में जो आफ़त आए उस पर सब्र कर
मालिकी हो ह़म्बली हो ह़-नफ़ी हो कि शाफ़ेई
उन से करना मत तअ़स्सुब और न करना दुश्मनी
सारे सुन्नी आ़लिमों से तू बना कर रख सदा
कर अदब हर एक का, होना न तू उन से जुदा
मुझ को ऐ अ़त्त़ार सुन्नी आ़लिमों से प्यार है
اِنْ شَآءَاللّٰه दो[2] जहां में मेरा बेड़ा पार है

दुआ़इया नज़्म

(दा'वते इस्लामी के ''मद्र-सतुल मदीना'' में हि़फ़्ज़े क़ुरआन मुकम्मल करने वाले त़ालिबे इ़ल्म को मत़्लअ़ में उस का नाम डाल कर 12 अश्आ़र पर मुश्तमिल येह दुआ़इया नज़्म बत़ौरे सौग़ात पेश की जाती है।)

फ़ज़्ल से मौला के ख़ुर्रम ह़ाफ़िज़े क़ुरआं बना
अहले ख़ाना की शफ़ाअ़त के लिये सामां बना
ह़ाफ़िज़े क़ुरआं हुवा अब आ़मिले क़ुरआं बना
दीं पे चलना या ख़ुदा ! इस के लिये आसां बना
सुन्नतों पर इस्तिक़ामत दे पए अह़मद रज़ा
या इलाही ! इस को पुख़्ता साह़िबे ईमां बना
या इलाही ! इस के दिल में अपनी उल्फ़त डाल दे
अपना मस्ताना बना दीवानए जानां बना
मुर्शिदो उस्ताद का या रब बना इस को मुत़ीअ़[1]
और इसे मां बाप का भी ताबेए़ फ़रमां बना

1. फरमां बरदार

इस को रोज़ाना तिलावत की भी तू तौफ़ीक़ दे
क़ारिये क़ुरआं बना और ख़ादिमे क़ुरआं बना
इस को मौला तू गुनाहों से बचाना हर घड़ी
इस को बा अख़्लाक़ बा किरदार नेक इन्सां बना
बा जमाअ़त येह अदा करता रहे हर इक नमाज़
सुन्नतों का हो मुबल्लिग़ क़हर बर शैतां बना
या इलाही ! सुन्नतों की ख़ूब येह ख़िदमत करे
वासिते़ नेकी की दा'वत इस के तू आसां बना
दे शरफ़ इस को ख़ुदाए पाक ह़ज का बार बार
बार बार इस को मदीने का भी तू मेहमां बना
या इलाही ! इस को फ़ेशन की नुहूसत से बचा
इस को पैकर सुन्नतों का अज़ पए ह़स्सां बना
तुझ से है अ़त्तार की ऐ म-दनी मुन्ने ! इल्तिजा
कर के क़ुरआं पर अ़मल जन्नत का तू सामां बना

मो'तमिर के लिये दुआ़ओं और नसीह़तों का गुलदस्ता

(मुसाफ़िरे मदीनए मुनव्वरह, आ़ज़िमे मक्कए मुकर्रमा मुह़म्मद यूनुस रज़ा नूरी की ख़िदमत में दुआ़ओं और पन्दो नसाइह़ की ख़ुश्बूओं से महक्ता म-दनी गुलदस्ता)

पाएगा यूनुस रज़ा उ़म्रे की ख़ैर उम्मीद है
गुम्बदे ख़ज़रा की दीद इस की बिलाशक ईद है

मरह़बा ! तुम को मुबारक हो मदीने का सफ़र
फ़ज़्ले रब से तुम पे नाज़िल रह़मतें हों हर डगर[1]

या ख़ुदा ! आसान हो इस के लिये प्यारा सफ़र
ज़ौक़ बढ़ता ही रहे इस का ख़ुदाए बह़रो बर

रोने वाली आंख दे और चाक सीना कर अ़त़ा
या रब ! इस को उल्फ़ते शाहे मदीना कर अ़त़ा

مدینہ

1 : रास्ता

ज़र्रे ज़र्रे का अदब ऐ काश ! हो जाए नसीब
इस को बहरे सय्यिदी अह़मद रज़ा रब्बे मुजीब !

इम्तिहां दरपेश हो राहे मदीना में अगर
सब्र कर तू सब्र कर हां सब्र कर बस सब्र कर
कोई धुत्कारे या झाड़े बल्कि मारे सब्र कर
बुड़बुड़ा कर या झगड़ कर ज़ाएअ़ मत तू अज्र कर

राहे जानां का हर इक कांटा भी रश्के फूल है
जो कोई शिक्वा करे उस की यक़ीनन भूल है
तुम ज़बानो आंख का "कुफ़्ले मदीना" लो लगा
वरना बढ़ सकता है इस्यां का वहां भी सिल्सिला

तुम से सादिर बात न बेकार हो एह़राम में
लब पे बस लब्बैक की तकरार हो एह़राम में

जब करे तू ख़ानए का'बा का रो रो कर त़वाफ़
येह दुआ़ करना ख़ुदा मेरे गुनह कर दे मुआ़फ़

हा़ज़िरी हो जब मदीने में तुम्हारी ज़ाइरो !
इ़श्क़े शह में ख़ूब करना आहो ज़ारी ज़ाइरो !

ऐ मदीने के मुसाफ़िर दर पे ले के मेरा नाम
दस्त बस्ता अ़र्ज़ करना उन से रो रो कर सलाम

रो के करना मेरे ईमां की ह़िफ़ाज़त की दुआ़
काश ! शहादत का शरफ़ त़यबा में दे मुझ को ख़ुदा

हो मदीने का सफ़र तुम को मुयस्सर बार बार
और बक़ीए़ पाक में मदफ़न बने अन्जामे कार

करना तुम अ़त्तार के ह़क़ में दुआ़ए मग़्फ़िरत
इस जहां में आ़फ़ियत हो उस जहां में आ़फ़ियत

ह़ाजी के लिये दुआ़ओं और नसीह़तों का गुलदस्ता

(गुलाम ज़ादा ह़ाजी बिलाल रज़ा इब्ने अ़त्तार سَلَّمَهُ الْغَفَّار के सफ़रे ह़ज मुबारक के पुर मुसर्रत मौक़अ़ पर पन्दो नसाइह़ पर मब्नी गुलदस्ता)

ह़ज का पाएगा शरफ़ मेरा बिलाल उम्मीद है
गुम्बदे ख़ज़रा की दीद इस की बिलाशक ईद है

मरह़बा तुम को मुबारक हो मदीने का सफ़र
फ़ज़्ले रब से तुम पे नाज़िल रह़मतें हों हर डगर[1]

या ख़ुदा ! आसान हो इस के लिये ह़ज का सफ़र
ज़ौक़ बढ़ता ही रहे इस का ख़ुदाए बह़रो बर

रोने वाली आंख दे और चाक सीना कर अ़त़ा
या रब ! इस को उल्फ़ते शाहे मदीना कर अ़त़ा

ज़र्रे ज़र्रे का अदब ऐ काश ! हो जाए नसीब
इस को बहरे सय्यिदी अह़मद रज़ा रब्बे मुजीब !

مدینہ

1 : रास्ता

इम्तिहां दरपेश हो राहे मदीना में अगर
सब्र कर तू सब्र कर हां सब्र कर बस सब्र कर
कोई धुत्कारे या झाड़े बल्कि मारे सब्र कर
बुड़बुड़ा कर या झगड़ कर ज़ाएअ़ मत तू अज्र कर
राहे जानां का हर इक कांटा भी रश्के फूल है
जो कोई शिक्वा करे उस की यक़ीनन भूल है
तुम ज़बानो आंख का "कुफ़्ले मदीना" लो लगा
वरना बढ़ सकता है इस्यां का वहां भी सिल्सिला
तुम से सादिर बात न बेकार हो एह़राम में
लब पे बस लब्बैक की तकरार हो एह़राम में
जब करे तू ख़ानए का'बा का रो रो कर त़वाफ़
येह दुआ़ करना ख़ुदा मेरे गुनह कर दे मुआ़फ़

प्यारे ह़ाजी ! जब हो तेरा दाख़िला अ़-रफ़ात में
करना नादिम हो के तू आहो बुका[1] अ़-रफ़ात में

ह़ालते एह़राम में यादे कफ़न और क़ब्र हो
याद कर अ़-रफ़ात में तू ह़श्र के मैदान को

नव[9] को जब अ़-रफ़ात में ह़ाजी इकठ्ठे हों सभी
भूल मत जाना दुआ़ओं में मुझे तू उस घड़ी

जिस घड़ी करने लगे क़ुरबां मिना में जानवर
तू तसव्वुर ही में अपने नफ़्स को भी ज़ब्ह़ कर

ह़ाज़िरी हो जब मदीने में तुम्हारी ह़ाजियो !
इ़श्क़े शह में ख़ूब करना आहो ज़ारी ह़ाजियो !

झूट की ता'रीफ़

ख़िलाफ़े वाक़ेअ़ बात करना ख़्वाह जान बूझ कर हो या ग़-लत़ी से । (فتح الباری ج۱ ص۱۸۲ تحت الحدیث۱۰۷)

مدینہ

1 : रोना

ऐ मदीने के मुसाफ़िर दर पे ले के मेरा नाम
दस्त बस्ता अ़र्ज़ करना उन से रो रो कर सलाम
रो के करना मेरे ईमां की ह़िफ़ाज़त की दुआ़
काश ! शहादत का शरफ़ त़यबा में दे मुझ को ख़ुदा
इस का ह़ज या रब ! नबी का वासित़ा कर ले क़बूल
दो[2] जहां में इस पे बरसा या ख़ुदा रह़मत के फूल
अपने मुंह से ख़ुद को "ह़ाजी" भाई तुम कहना नहीं
अपने लब से अपनी नेकी का बयां अच्छा नहीं
हर बरस ह़ज का शरफ़ पाओ मदीने जाओ तुम
और बक़ीए़ पाक में आख़िर में मदफ़न पाओ तुम
करना तुम अ़त्त़ार के ह़क़ में दुआ़ए मग़्फ़िरत
इस जहां में आ़फ़ियत हो उस जहां में आ़फ़ियत

ह़ज्जन के लिये दुआ़ओं और नसीह़तों का गुलदस्ता

आमिना अ़त्तारिया ह़ज को चले उम्मीद है
गुम्बदे ख़ज़रा की दीद इस की बिलाशक ईद है

मरह़बा तुम को मुबारक हो मदीने का सफ़र
फ़ज़्ले रब से तुम पे नाज़िल रह़मतें हों हर डगर[1]

या ख़ुदा ! आसान हो इस के लिये ह़ज का सफ़र
ज़ौक़ बढ़ता ही रहे इस का ख़ुदाए बह़रो बर

रोने वाली आंख दे और चाक सीना कर अ़त़ा
या रब ! इस को उल्फ़ते शाहे मदीना कर अ़त़ा

ज़र्रे ज़र्रे का अदब ऐ काश ! हो जाए नसीब
इस को बहरे सय्यिदी अह़मद रज़ा रब्बे मुजीब !

इम्तिह़ां दरपेश हो राहे मदीना में अगर
सब्र कर तू सब्र कर हां सब्र कर बस सब्र कर

कोई धुत्कारे या झाड़े बल्कि मारे सब्र कर
बुड़बुड़ा कर या झगड़ कर ज़ाएअ़ मत तू अज्र कर

1 : रास्ता

राहे जानां का हर इक कांटा भी रश्के फूल है
जो कोई शिक्वा करे उस की यक़ीनन भूल है

तुम ज़बानो आंख का "कुफ़्ले मदीना" लो लगा
वरना बढ़ सकता है इस्यां का वहां भी सिल्सिला

तुम से सादिर बात न बेकार हो एह़राम में
लब पे बस लब्बैक की तकरार हो एह़राम में

जब करे तू ख़ानए का'बा का रो रो कर त़वाफ़
येह दुआ़ करना ख़ुदा मेरे गुनह कर दे मुआ़फ़

ह़ाजियानी ! जब तेरा हो दाख़िला अ़-रफ़ात में
करना नादिम हो के तू आहो बुका[1] अ़-रफ़ात में

ह़ालते एह़राम में यादे कफ़न और क़ब्र हो
याद कर अ़-रफ़ात में तू ह़श्र के मैदान को

नव[9] को जब अ़-रफ़ात में ह़ाजी इकठ्ठे हों सभी
भूल मत जाना दुआ़ओं में मुझे तू उस घड़ी

1 : रोना

जिस घड़ी करने लगे क़ुरबां मिना में जानवर
तू तसव्वुर ही में अपने नफ़्स को भी ज़ब्ह कर
हाज़िरी हो जब मदीने में तुम्हारी ह़ज्जनो !
इश्क़े शह में ख़ूब करना आहो ज़ारी ह़ज्जनो !
ह़ाजियानी ! तू दरे अह़मद पे ले के मेरा नाम
दस्त बस्ता अ़र्ज़ करना उन से रो रो कर सलाम
रो के करना मेरे ईमां की ह़िफ़ाज़त की दुआ़
काश ! शहादत का शरफ़ त़यबा में दे मुझ को ख़ुदा
इस का ह़ज या रब ! नबी का वासित़ा कर ले क़बूल
दो[2] जहां में इस पे बरसा या ख़ुदा रह़मत के फूल
अपने मुंह से "ह़ाजियानी" ख़ुद को तू कहना नहीं
अपने लब से अपनी नेकी का बयां अच्छा नहीं
हर बरस ह़ज का शरफ़ पाओ मदीने जाओ तुम
और बक़ीए़ पाक में आख़िर में मदफ़न पाओ तुम
करना तुम अ़त्त़ार के ह़क़ में दुआ़ए मग़्फ़िरत
इस जहां में आ़फ़ियत हो उस जहां में आ़फ़ियत

इस्लामी भाई का म-दनी सेहरा

(मुबल्लिगे़ दा'वते इस्लामी मौला बख़्श अ़त्तारी سَلَّمَہُ الْبَارِی की शादी के पुर मुसर्रत मौक़अ़ पर उन्ही की फ़रमाइश पर 12 अश्आ़र पर मुश्तमिल दुआ़ओं भरा सेहरा लिखा गया था इस में ह़स्बे ज़रूरत तरमीम की गई है)

आज मौला बख़्श फ़ज़्ले रब से है दूल्हा बना
ख़ुशनुमा फूलों का इस के सर पे है सेहरा सजा

इस की शादी ख़ाना आबादी हो रब्बे मुस्त़फ़ा
अज़ पए ग़ौसुल वरा बहरे इमाम अह़मद रज़ा

इन की ज़ौजा या ख़ुदा करती रहे पर्दा सदा
अज़ तुफ़ैले ह़ज़रते उ़स्मां ग़निय्ये बा ह़या

तू सदा रखना सलामत इन का जोड़ा किर्दिगार
इन को क़ज़ियों से बचाना अज़ तुफ़ैले चार यार

इन को ख़ुशियां दो[2] जहां में तू अ़त़ा कर किब्रिया
इन पे रन्जो ग़म की ना छाए कभी काली घटा

आफ़ते फ़ेशन से हर दम इन को तू मौला बचा
सुन्नतों पर येह अ़मल करते रहें या रब सदा
नेक औलाद आ़फ़ियत के साथ हो इन को अ़ता
वासिता़ या रब मदीने की मुबारक ख़ाक का
या इलाही जब तलक दोनों[2] यहां जीते रहें
सुन्नतों की ख़ूब ख़िदमत येह सदा करते रहें
इस त़रह़ महका करे येह घर का घर सब या ख़ुदा
फूल जैसा कि महक्ते हैं मदीने के सदा
या इलाही ! दे सआ़दत इन को ह़ज की बार बार
बार बार इन को दिखा मीठे मुह़म्मद का दियार
हो बक़ीए़ पाक में दोनों[2] को मदफ़न भी अ़ता
सब्ज़ गुम्बद का तुझे देता हूं मौला वासिता़
येह मियां बीवी रहें जन्नत में यक्जा ऐ ख़ुदा
या इलाही तुझ से है अ़त्तारे आ़जिज़ की दुआ़

इस्लामी बहन का म-दनी सेहरा

दुआ़ओं और नसीह़तों भरा म-दनी सेहरा अपनी म-दनी बेटी बिन्ते..... के नाम

फ़ज़्ले रब से बिन्ते..... दुल्हन बनी
फूल सेहरे के खिले चादर ह़या की है तनी
तुझ को हो शादी मुबारक हो रही है रुख़्सती
रुख़्सती में तेरी पिन्हां[1] क़ब्र की है रुख़्सती
घर तेरा हो मुश्कबार और ज़िन्दगी भी पुर बहार
रब हो राज़ी ख़ुश हों तुझ से दो[2] जहां के ताजदार
म-दनी बेटी का ख़ुदाया घर सदा आबाद रख
फ़ातिमा ज़हरा का सदक़ा दो[2] जहां में शाद[2] रख
येह मियां बीवी इलाही मक्रे शैत़ां से बचें
येह नमाज़ें भी पढ़ें और सुन्नतों पर भी चलें
येह मियां बीवी चलें ह़ज को इलाही ! बार बार
बार बार इन को मदीना भी दिखा परवर्द गार

1 : पोशीदा 2 : खुश

मयका व सुसराल तेरे दोनों[2] ही ख़ुशहाल हों
दो[2] जहां की ने'मतों से ख़ूब मालामाल हों
अपने शोहर की इताअ़त से न ग़फ़्लत करना तू
ह़श्र में पछताएगी ऐ म-दनी बेटी वरना तू
म-दनी बेटी या इलाही ! ना बने गुस्से की तेज़
येह करे सुसराल में हर दम लड़ाई से गुरेज़
याद रख ! तू आज से बस तेरा घर सुसराल है
नफ़रते सुसराल सुन ले आफ़तों का जाल है
मां समझ कर सास की ख़िदमत जो करती है बहू
राज सारे ही घराने पर वोह करती है बहू
सास नन्दों की तू ख़िदमत कर के हो जा काम्याब
इन की ग़ीबत कर के मत कर बैठना ख़ाना ख़राब

सास और नन्दें अगर सख़्ती करें तो सब्र कर
सब्र कर बस सब्र कर चलता रहेगा तेरा घर

सास और नन्दों का शिक्वा अपने मयके में न कर
इस त़रह़ बरबाद हो सकता है बेटी तेरा घर

मयके के मत कर फ़ज़ाइल तू बयां सुसराल में
अब तू इस घर को समझ अपना ही घर हर ह़ाल में

याद रख तूने ज़बां खोली अगर सुसराल में
फंस के तू क़ज़ियों के सुन रह जाएगी जन्जाल में

सास चीख़ी तू भी बिफरी और लड़ाई ठन गई
है कहां भूल एक की दो[2] हाथ से ताली बजी

मेरी म-दनी बेटी सुन "फ़ैज़ाने सुन्नत" पढ़ के तू
इल्तिजा है रोज़ देना दर्स अपने घर पे तू

गर नसीह़त पर अ़मल अ़त्त़ार की होगा तेरा
اِنْ شَآءَاللّٰه अपने घर में तू सुखी होगी सदा

मस्नविये अ़त्तार (1)

हम्दे रब्बे मुस्त़फ़ा से इब्तिदा हो दुरूद उम्मी नबी पर दाइमा

इस जहां में हर त़रफ़ हैं मुश्किलें हर जगह हैं आफ़तें ही आफ़तें

कुछ घिरे ग़म में तो कुछ बीमार हैं तो कई क़र्ज़े के ज़ेरे बार हैं

हैं बहुत कम लोग दुन्या में सुखी अक्सर अफ़राद इस जहां में हैं दुखी

चल दिये दुन्या से सब शाहो गदा कोई भी दुन्या में कब बाक़ी रहा !

जीतने दुन्या सिकन्दर था चला जब गया दुन्या से ख़ाली हाथ था

लह-लहाते खेत होंगे सब फ़ना खुशनुमा बाग़ात को है कब बक़ा ?

तू खुशी के फूल लेगा कब तलक ? तू यहां ज़िन्दा रहेगा कब तलक ?

दौलते दुन्या के पीछे तू न जा आख़िरत में माल का है काम क्या ?

माले दुन्या दो[2] जहां में है वबाल काम आएगा न पेशे जुल जलाल
रिज़्क़ में ब-र-कत की तो है जुस्त-जू आह ! नेकी की करे कौन आरज़ू !
मत लगा तू दिल यहां पछताएगा किस त़रह़ जन्नत में भाई जाएगा ?
लन्दनो पेरिस के सपने छोड़ दे बस मदीने ही से रिश्ता जोड़ ले
दिल से दुन्या की महब्बत दूर कर दिल नबी के इ़श्क़ से मा'मूर कर
अश्क मत दुन्या के ग़म में तू बहा हां नबी के ग़म में ख़ूब आंसू बहा

हो अ़त़ा या रब ! हमें सोज़े बिलाल
माल के जन्जाल से हम को निकाल
या इलाही ! कर करम अ़त़्त़ार पर
हुब्बे दुन्या इस के दिल से दूर कर

बिग़ैर इ़ल्म के फ़तवा देना कैसा ?

जिस ने बिग़ैर इ़ल्म के फ़तवा दिया इस का गुनाह फ़तवा देने वाले पर है । (سُنَنِ ابوداوٗدج۳ ص۴۴۹ حدیث۳۶۵۷)

मस्नविये अ़त्तार (2)

बे वफ़ा दुन्या पे मत कर ए'तिबार तू अचानक मौत का होगा शिकार

मौत आ कर ही रहेगी याद रख ! जान जा कर ही रहेगी याद रख !

गर जहां में सो[100] बरस तू जी भी ले क़ब्र में तन्हा क़ियामत तक रहे

जब फ़िरिश्ता मौत का छा जाएगा फिर बचा कोई न तुझ को पाएगा

मौत आई पहलवां भी चल दिये ख़ूब सूरत नौ जवां भी चल दिये

दबदबा दुन्या ही में रह जाएगा ज़ोर तेरा ख़ाक में मिल जाएगा

तेरी त़ाक़त तेरा फ़न औ़हदा तेरा कुछ न काम आएगा सरमाया तेरा

क़ब्र रोज़ाना येह करती है पुकार मुझ में हैं कीड़े मकोड़े बे शुमार

याद रख मैं हूं अंधेरी कोठड़ी तुझ को होगी मुझ में सुन वह़शत बड़ी

मेरे अन्दर तू अकेला आएगा हां मगर आ'माल लेता आएगा

नर्म बिस्तर घर पे ही रह जाएंगे तुझ को फ़र्शे ख़ाक पर दफ़्नाएंगे
घुप अंधेरी क़ब्र में जब जाएगा बे अ़मल ! बे इन्तिहा घबराएगा
काम मालो ज़र वहां न आएगा ग़ाफ़िल इन्सां याद रख पछताएगा
जब तेरे साथी तुझे छोड़ आएंगे क़ब्र में कीड़े तुझे खा जाएंगे
क़ब्र में तेरा कफ़न फट जाएगा याद रख नाज़ुक बदन फट जाएगा
तेरा इक इक बाल तक झड़ जाएगा ख़ूब सूरत जिस्म सब सड़ जाएगा
आह ! उबल कर आंख भी बह जाएगी खाल उधड़ कर क़ब्र में रह जाएगी
सांप बिच्छू क़ब्र में गर आ गए ! क्या करेगा बे अ़मल गर छा गए !
गोरे नेकां बाग़ होगी ख़ुल्द का मुजरिमों की क़ब्र दोज़ख़ का गढ़ा
खिलखिला कर हंस रहा है बे ख़बर ! क़ब्र में रोएगा चीख़ें मार कर
कर ले तौबा रब की रह़मत है बड़ी क़ब्र में वरना सज़ा होगी कड़ी

वक़्ते आख़िर या ख़ुदा ! अ़त्तार को
ख़ैर से सरकार का दीदार हो

मस्नविये अ़त्तार (3)

हो गया तुझ से ख़ुदा नाराज़ अगर क़ब्र सुन ले आग से जाएगी भर

बे नमाज़ी तेरी शामत आएगी क़ब्र की दीवार बस मिल जाएगी

तोड़ देगी क़ब्र तेरी पस्लियां दोनों[2] हाथों की मिलें जूं उंग्लियां

उ़म्र में छूटी है गर कोई नमाज़ जल्द अदा कर ले तू आ ग़फ़्लत से बाज़

ऐ जूआरी तू जूए से बाज़ आ वरना फंस जाएगा जिस दिन तू मरा

ऐ मिलावट करने वाले मान जा ख़ौफ़ कर भाई अ़ज़ाबे नार का

छोड़ दो ऐ ताजिरो ! कम तोलना झूट छोड़ो बेचने में बोलना

भाइयों का दिल दुखाना छोड़ दो और तमस्ख़ुर[1] भी उड़ाना छोड़ दो

सूदो रिश्वत में नुहूसत है बड़ी नीज़ दोज़ख़ में सज़ा होगी कड़ी

दिल दुखाना छोड़ दें मां बाप का वरना है इस में ख़सारा[2] आप का

1 : मज़ाक़ 2 नुक़्सान

बद गुमानी, झूट, ग़ीबत चुग़्लियां छोड़ दे तू रब की ना फ़रमानियां
मत निकालो गन्दी गन्दी गालियां येह गुनह का काम है सुन लो मियां
तू नशे से बाज़ आ मत पी शराब दो[2] जहां हो जाएंगे वरना ख़राब
फ़िल्म बीं की आंख में महशर में आग आह ! भर जाएगी तू फ़िल्मों से भाग
बेंड बाजों से तू कोसों दूर भाग वरना दोज़ख़ की तुझे खाएगी आग
मत बजाओ भाइयो ! तुम तालियां इस त़रह़ की छोड़ दो नादानियां
ऐ मेरी बहनो ! सदा पर्दा करो तुम गली कूचों में मत फिरती रहो
अपने देवर जेठ से पर्दा करो इन से हरगिज़ बे तकल्लुफ़ मत बनो
वरना सुन लो क़ब्र में जब जाओगी सांप बिच्छू देख कर चिल्लाओगी
ऐ बहन अपने मियां को मत सता जब मरेगी पाएगी इस की सज़ा
भाई ह़क़ मत मारना घरबार का वरना होगा मुस्तह़िक़ तू नार का

या इलाही नेक कर अ़त्तार को
बख़्श दे बहरे नबी बदकार को

मस्नविये अ़त्तार (4)

सुन्नतों से भाई रिश्ता जोड़ तू नित नए फ़ेशन से मुंह को मोड़ तू
शादियों में मत गुनह नादान कर ख़ाना बरबादी का मत सामान कर
सादगी शादी में हो सादा जहेज़ जैसा बीबी फ़ातिमा का था जहेज़
नेकियां कर जल्द तू बदियों से भाग क़ब्र में वरना भड़क उठेगी आग
कीनए मुस्लिम से सीना पाक कर इत्तिबाए साहिबे लौलाक कर
छोड़ दे दाढ़ी मुंडाना है ह़राम एक मुठ्ठी से घटाना है ह़राम
सुन्नतों पर जो ह़क़ारत से हंसे वोह अ़ज़ाबे दाइमी[1] में जा फंसे
छोड़ दे सारे ग़लत़ रस्मो रवाज सुन्नतों पे चलने का कर अ़ह्द आज
ख़ूब कर ज़िक्रे ख़ुदा व मुस्त़फ़ा दिल मदीना याद से उन की बना
कर अ़त़ा या रब ग़मे शाहे उमम भूल जाएं रन्जो ग़म दुन्या के हम
सुन्नतों की लूटना जा के मताअ़[2] हो जहां भी सुन्नतों का इज्तिमाअ़
अज़ तुफ़ैले ग़ौसे आ'ज़म या ग़फ़ूर बख़्श दे हम आ़सियों के सब क़ुसूर
या ख़ुदा है इल्तिजा अ़त्तार की सुन्नतें अपनाएं सब सरकार की

या इलाही ! अज़ पए शाहे उमम
ह़श्र में अ़त्तार का रखना भरम

مدینہ

1 : हमेशा का अ़ज़ाब क्यूं कि सुन्नत की तौहीन सरीह़ कुफ़्र है। 2 : दौलत